SANSKṚIT-HINDI-ENGLISH DICTIONARY

संस्कृत-हिन्दी-इंगलिश कोष

SOME OTHER BOOKS BY THE SAME AUTHOR

A History of Hindi Literature, Lahore, 1930

A Critical Edition of 'Padumāvatī' of Malik Muhammad Jaisi, Lahore, 1933

Ṛktantra, A Prātiśākhya of the Sāmaveda, Delhi, reprinted, 1970

Index Verborum to Tulasīdāsa's 'Rāmāyaṇa', Delhi, reprinted, 1973

Sāhitya-Mīmāṁsā, Lahore, 1935

Kāṭhaka-Brāhmaṇa-Saṁkalana, Lahore, 1938

Atharva-Prātiśākhya, Delhi, reprinted, 1968

The Flood Legend in Sanskrit Literature, Delhi, 1950

Kauthuma-Gṛhya-sūtra, Calcutta, 1958

A Grammatical Dictionary of Vedic, Vārāṇasī, 1958

Kālidāsa's Vision of Kumāra-Saṁbhava, Delhi, 1958

Vedic Koṣa, Vārāṇasī, 1964

Vedic Devaśāstra, Delhi, 1965

Atharva-Veda and Gopatha Brāhmaṇa, Vārāṇasī, 1966

Vedic Dharma evaṁ Darśana, 2 vols., Delhi, 1964

and

Sanskrit Vāṅmaya kā Vivecanātmaka Itihāsa, published by Orient Longman, New Delhi, 1973

Sanskrit-Hindi-English Dictionary

संस्कृत-हिन्दी-इंग्लिश कोष

SŪRYAKĀNTA

सूर्यकान्त

भूतपूर्व संस्कृत-पालि-प्राकृत-विभागाध्यक्ष
लाहौर, बनारस, अलीगढ़, कुरुक्षेत्र
विश्वविद्यालय



Orient Longman

BOMBAY - CALCUTTA - MADRAS - NEW DELHI
PATNA - BANGALORE - HYDERABAD

ORIENT LONGMAN LIMITED

Registered Office
3/5 ASAF ALI ROAD, NEW DELHI 110001

Other Offices
KAMANI MARG, BALLARD ESTATE, BOMBAY 400038
17 CHITTARANJAN AVENUE, CALCUTTA 700072
36A MOUNT ROAD, MADRAS 600002
1/24 ASAF ALI ROAD, NEW DELHI 110001
80/1 MAHATMA GANDHI ROAD, BANGALORE 560001
3-5-820 HYDERGUDA, HYDERABAD 500001

Orient Longman Ltd.

First Published 1975

Published by
Sujit Mukherjee
Orient Longman Limited
3/5 Asaf Ali Road, New Delhi 110001
and
Printed by
Shri Bharat Bharati Pvt. Ltd.,
1 Ansari Road, Daryaganj, New Delhi 110002

To

Mrs. INDIRA GANDHI

Prime Minister of India

who has, through her passionate devotion to public duty, become the only voice, the only effective gesture and the only countenance of the Indian people.

PREFACE

This work is aimed mainly at students, teachers and research-workers, and seeks to provide them with a handy volume which will answer their immediate needs while they are engaged in the study of Sanskrit.

In 1965, as chairman of the Sanskrit Panel of the NCERT, I had the pleasure of preparing a textbook of Sanskrit for Higher Secondary classes. It was entitled *Saṁskṛtodaya*, and in it I adopted the method of explaining Sanskrit words in Hindi as well as in English, in order to make the material useful to those students who could read Hindi and those whose medium of instruction was English. That method has been utilised in the present work.

Words have invariably been provided with their derivative roots (occasionally I found myself differing from traditional as well as modern authorities), supported by *vyutpatti* [चष्टे इति चक्षुः] and supplemented with *vigraha* (analysis of compounds), exemplifying the formation and sense of the word for which cp. याज्ञवल्क्य. At places, after recording the meaning, I have offered an exposition in Sanskrit, thereby investing a word with a meaning not easily proceeding from the root it derives from. I have done this in order to emphasize the fact that Sanskrit roots have many more meanings than the ones listed under them in the extant *Dhātupāṭha*, a fact made vivid by the famous saying अनेकार्था धातवः. A critical edition of the *Dhātupāṭha* is more than ever necessary at this time.

Sanskrit diction is so rich in derivatives that I would have needed many more volumes than this one to deal with all the quotable words. To avoid this, I have recorded, for example : विघ्नराज पुं० गणेश ; averter of obstacles, and have subjoined विघ्नेश, विघ्नेशान, विघ्नेश्वर, विघ्ननायक, विघ्ननाशक, विघ्नविनायक, विघ्नहारिन् as synonyms. This device has enabled me to record these derivatives without using up too much space.

A word on the method of presentation : *vyutpatti* and *vigraha* [analysis of compounds] have been placed within parenthesis : चक्षुस् [चष्टे इति चक्षुः], [श्रोत्रम्शृणोत्यनेन] and so on. For *vigraha* cp. प्रदक्षिणावृत्क [प्रदक्षिणा आवृत् अनुष्ठानपद्धतिर्यस्य], प्रतीत्यसमुत्पाद [प्रति इत्य प्राप्य इदमुत्पद्यत इति कारणे सति तत् प्रतीत्य प्राप्य समुत्पादः], प्रद्यु [प्रकृष्टा द्यौर्यस्मिन् तद् दिनम्] and so on. This is followed by the abbreviations denoting the part of speech to which a vocable belongs. But if a word is used both as a noun and adjective it is numbered (1) and (2) for which cf. एकपद. Adverbs have been set apart by the abbreviation क्रिवि० followed by —म् in general, while roots have been singled out by the root-mark √ ; but if a root is listed in the *Dhātupāṭha* in more than one *Gaṇa* and in meanings more than one, it is numbered (1), (2), (3), (4) and so on ; and the meanings given in the *Dhātupāṭha* have been repeated, along with modifications in form within parenthesis, for which cf. √यम्, √लड्, √वद्, √वश् and a large number of other roots falling under this head.

In listing the meanings colon has been placed before the illustrative example, for which cf. प्रसृत and वल ; but as these examples are meant to establish the sense of the term by appeal not to external authority, but to the reader's own consciousness, the source of the quotation has often been left out. Quotations cited to emphasize some important semantic development have been generally drawn from the *Rāmāyaṇa* and the *Mahābhārata* and they have been given with full reference for which cf. वर्जयेद्दुशतीं वाचम् under √वश् and ततो वत्स्यति मे सुताम् under

√वस्. At places the reference has shrunk to mere Kāṇḍas and Parvans, while at some only to the name of the work concerned.

In recording meanings, preference has generally been given to the meaning in Hindi, which is followed by the meaning in English. At places, however, the meaning has been given in either Sanskrit or English for reasons of economy. This has been done when the vocable under reference is either an epithet of some god or a word of some special significance.

I have recorded choice idioms in order to give some idea of the semantic development of a word. I have also been rather liberal in listing compounds which show that, like the electrons, belóved of physicists, words are capable of learning new tricks and assuming new meanings depending on what company they keep.

Soon after I began this work, it occurred to me that the utility of such a volume would be enhanced if I were to explain in detail important terms in Sanskrit relating to geography, history, legend, philosophy, literature and grammar. I have included relevant information, keeping in view the kind of person who, I hope, will be using this dictionary.

For two reasons, a fairly large number of words listed by Monier-Williams in his famous dictionary have not been included here. Firstly, many of these words are not to be found in the *Rāmāyaṇa* or the *Mahābhārata*, nor have they been used by Bhāsa or Kālidāsa. They have been used only once or twice by craftmasters indulging in verbal acrobatics as in *Śiśupālavadha* and *Naiṣadha.* Secondly, many of the meanings provided do not appear to be the meanings as understood by standard commentators. Obviously Monier-Williams has taken such words from lexicons, a practice quite alien to the spirit of the present work, which is based on words actually used in Sanskrit texts.

Similarly, a number of technical terms coined by the Navya Naiyāyikas have been avoided; so also many obscure medical terms used in ancient medical treatises, and a number of subtle astronomical terms to be found only in the *Bṛhat-Saṁhitā.*

There are bound to be other omissions, not all deliberate and planned. As any dictionary-maker knows, the selection of material ultimately depends upon personal idiosyncracy, taste and fancy, which differ from person to person. I have done my best to maintain the functional character of this compilation and will consider my labours amply rewarded if students and teachers and research-workers find the volume useful as well as necessary.

The material has taken ten years to compile. It would have taken nearly as long to put into print, had it not been for the personal intervention of Shri P. H. Patwardhan, formerly Executive Director of Orient Longman Limited. The printing began at a well-known press of Calcutta which, unfortunately, underwent a lock-out. The manuscript was withdrawn and transferred to a press in Bombay which was ultimately unable to fulfil any production schedule whatsoever. The work was finally entrusted to my young friend, Sudarshan Kumar of Delhi. In all these decisions, Shri Patwardhan took a personal interest and expedited matters whenever they came to a standstill.

November 3, 1975
F-75, Green Park,
New Delhi

Sūryakānta

संस्कृत कोष : एक विहंगम दृष्टि

ऋग्वेदादि संहिताओं का व्याख्यान ब्राह्मणों में मिलता है; किंतु यह व्याख्यान यज्ञप्रक्रिया के निर्वहण को सामने रखकर किया गया है और इसमें मानवीय परिसीमित यज्ञ को असीम ब्रह्मन् का रूप देकर उसका विश्वात्मक यज्ञ के रूप में उद्भावन किया गया है। ब्रह्मन् शब्द से बने ब्राह्मण शब्द का यथार्थ रहस्य इसी तत्त्व में है। आरण्यकों एवं उपनिषदों में ब्राह्मणों की यज्ञप्रक्रिया सूक्ष्मातिसूक्ष्म रूप धारण करती गई, यहाँ तक कि उपनिषदों में पहुंच कर ब्रह्मीभाव के साधनरूप यज्ञ का स्वयं पर-ब्रह्म में पर्यवसान हो गया। यह हुआ दिग्दर्शन वेदों के विषय के व्याख्यान का।

वेदों में आये शब्दभण्डार की व्याख्या के लिये भी अनेकानेक ग्रन्थ रचे गये होंगे, जिनका नमूना निघण्टु के रूप में बच रहा है। निघण्टु में पांच अध्याय हैं : प्रथम अध्याय में गौ, ग्मा, पृथिवी, हिरण्य, अन्तरिक्ष, साधारण, रश्मि, दिक्, रात्रि आदि 17 के पर्याय हैं; द्वितीय में कर्म, अपत्य, मनुष्य, बाहु, अङ्गुलि, कान्ति, अन्न आदि 22 के पर्याय हैं; तृतीय में बहु, ह्रस्व, महत्, गृह आदि 30 के पर्याय हैं; चतुर्थ में 62 पद, 84 पद, और 153 पदों का संकलन है, जबकि पांचवें में 3 पद, 13 पद, 36 पद, 32 पद, 36 पद और 31 पदों का संकलन हुआ है।

पहले तीन अध्यायों में एकार्थक शब्दों का संकलन है और उनमें एक तारतम्य है। किंतु चतुर्थ एवं पञ्चम अध्याय में संकलित पद-संदोह का आपस में किसी भी प्रकार का संबन्ध नहीं है। फिर इनमें से अनेक शब्द अति स्पष्ट हैं, जबकि कतिपय अत्यन्त अस्पष्ट। किस आधार पर इन पदों का संकलन किया गया या यह विषय मार्मिक विचार की अपेक्षा रखता है। निश्चय ही वर्तमान निघण्टु में संकलित पद-जात की व्याख्या हृदयंगम कर लेने पर भी वैदिक वाङ्मय का अर्थावभास नहीं हो पाता; फलतः संभव है कि प्रस्तुत निघण्टु से कहीं विपुलतर निघण्टु बने हों, और उनका अपने समय में चलन रहा हो। किंतु आज उनमें से एक भी सामने नहीं है—इसका कारण है।

वर्तमान निघण्टु का सौभाग्य था कि इस पर यास्क ने निरुक्त रचकर इसमें आये शब्दों की वैदिक मन्त्रों के उद्धरण देकर व्याख्या की और अपनी व्याख्या-प्रणाली में एक ऐसी दिशा अपनाई, जिस पर चलकर एक प्रबुद्ध व्यक्ति वैदिक पदार्थ को समझ सकता है। फल इसका यह हुआ कि प्राचीन निघण्टु काल-कवलित हो गये और एकमात्र निरुक्तोपबृंहित निघण्टु चलन में आ गया। यास्क का काल पाणिनि से पूर्व छठी शती के लगभग है। निघण्टु इससे पहले की रचना हो सकती है।

निरुक्त का आरम्भ ध्यान देने योग्य है :

समाम्नायः समाम्नातः। स व्याख्यातव्यः। तमिमं समाम्नायं निघण्टव इत्याचक्षते······आदि-आदि।

समाम्नाय कहा जा चुका। अब उसकी व्याख्या करनी है। इस समाम्नाय का नाम निघण्टु है। अत्यधिक संभव है कि यह समाम्नाय स्वयं यास्क की अपनी रचना रही हो, और उस पर स्वयं उन्होंने अपनी शैली से निरुक्त के रूप में व्याख्या लिखी हो।

एक बात ध्यान देने योग्य है : निघण्टु के प्रथम तीन अध्यायों में 406 के लगभग समानार्थक शब्दों की तालिका है, जबकि उसके चतुर्थ एवं पञ्चम अध्याय में 899 के लगभग स्वतन्त्र शब्दों का संकलन है। इन शब्दों का परस्पर किसी भी प्रकार का संबन्ध नहीं है।

कुछ-कुछ इसी प्रकार की प्रक्रिया बाद के कोषकारों ने अपनाई है।

अमरकोष का द्वितीय श्लोक यों है :

समाहृत्यान्यतन्त्राणि संक्षिप्तैः प्रतिसंस्कृतैः।
संपूर्णमुच्यते वर्गैर्नामलिङ्गानुशासनम् ॥

अमरकोष के ख्यातनामा टीकाकार सर्वानन्द के शब्दों में अमरसिंह ने अपने कोष के संकलन में व्याडि, मागुरि, धन्वन्तरि, वररुचि एवं अन्य कोषकारों के तन्त्रों से सहायता ली है और त्रिकाण्ड, उत्पलिनी, रत्नकोष एवं

मालानामक कोष उनके संमुख उपस्थित थे। पुरुषोत्तमदेव, महेश्वर एवं हेमचन्द्र के अनुसार कात्य अथवा कात्यायन और वाचस्पति की रचनाओं का उपयोग भी अमरसिंह ने किया था।

पुरुषोत्तमदेव-रचित हारावली में एक श्लोक आता है जिसके अनुसार शब्दार्णव, उत्पलिनी एवं संसारावर्त-नामक कोष क्रमशः वाचस्पति, व्याडि और विक्रमादित्य की रचनाएं हैं। रायमुकुट अमरकोष I.I.22 पर शब्दार्णव से एक उद्धरण देते हैं, जिसे रमानाथ अपने त्रिकाण्डशेष में वाचस्पतिकोष से उद्धृत बताते हैं। अमरचन्द्र ने अपने काव्य-कल्पलता-परिमल में 'व्याडिकृतोत्पलिनी-मध्यात्' यह कह कर एक उद्धरण दिया है।

संभवतः व्याडिकृत कोष का निर्माण-प्रकार वैसा ही रहा हो जैसाकि अमरकोष का है। हेमचन्द्र ने जो उद्धरण व्याडिरचित कोष से अपनी रचना अभिधान-चिन्तामणि की स्वोपज्ञ टीका में दिये हैं उनसे विदित होता है कि व्याडि की रचना विपुलकाय थी, क्योंकि उन्होंने 'किरण' के प्रकरण में इस प्रकार के तथ्यों पर भी ध्यान दिलाया था कि सूर्य की किरणें विभिन्न ऋतुओं में घटती-बढ़ती क्यों हैं, चन्द्रमा के अश्व कितने हैं और अप्सराओं का उद्भव कैसे हुआ था इत्यादि। साथ ही उन्होंने बौद्ध धर्म के कतिपय पहलुओं पर भी तीव्र प्रकाश डाला था। हो सकता है कि व्याडि बौद्ध रहे हों अथवा उन्होंने बौद्धधर्म के विषय में व्यापक अध्ययन किया हो।

पुरुषोत्तमदेव-रचित त्रिकाण्डशेष [ii. 7. 25] के अनुसार कात्य, कात्यायन और वररुचि एक ही व्यक्ति के नाम हैं; किंतु कात्य, जिन्होंने कि एक समग्र कोष का संकलन किया था लिङ्गानुशासन—जिसका अपर नाम लिङ्ग-शेष-विधि है—के रचयिता वररुचि से भिन्न प्रतीत होते हैं; क्योंकि प्राचीन लेखक हर्षवर्धन, वामन और सर्वानन्द एक स्वर से लिङ्गानुशासन को वररुचि की रचना बताते हैं, जबकि क्षीरस्वामी एवं हेमचन्द्र कात्य से उद्धरण देते हैं—न कि वररुचि से—जो उद्धरण कि प्रपूर्ण कोष से लिये प्रतीत होते हैं न कि लिङ्गानुशासन से।

कात्य-रचित कोष में एकार्थ एवं अनेकार्थ दोनों प्रकार के शब्द रहे होंगे और उनके कोष का नाम नाममाला रहा होगा, क्योंकि क्षीरस्वामी ने [अमर० iii. 3. 312] *नाममाला के एक भाग को कात्य की रचना बताया है।*

सायण ने अपनी धातुवृत्ति में [भू धातु पृ० 30] भागुरि के कोष का एक पूरा श्लोक दिया है। सर्वानन्द, रायमुकुट आदि अमरकोष के टीकाकारों ने अपनी टीकाओं में भागुरिरचित त्रिकाण्डकोष से अनेक उद्धरण दिये हैं। निश्चय ही यह 'त्रिकाण्ड' अमरकोष से—जिसका नाम भी त्रिकाण्ड है—भिन्न रचना थी।

सर्वानन्द के अनुसार [ननु रत्नकोशादिवत् स्त्रीपुंनपुंसककाण्डविधानेनैव वचनमुचितम्] रत्नकोष का विभाजन लिङ्गों के आधार पर हुआ होगा।

क्षीरस्वामी एवं हेमचन्द्र ने 'माला' और 'माला' के लेखक को अनेक वार याद किया है। हो सकता है कि यह 'माला' 'अमरमाला'-नामक कोष से अभिन्न रही हो जिसके उद्धरण एक-दो वार क्षीरस्वामी एवं हेमचन्द्र ने दिये हैं। रायमुकुट ने अमरकोष *ii. 5. 15* पर एक और त्रिकाण्डचिन्तामणि ने i.9.9 पर दूसरा उद्धरण 'अमरमाला' से दिया है, जो क्षीरस्वामी के उन्हीं स्थलों पर दिये विवेचन के अनुसार 'माला' से लिये गये हैं।

संभवतः माला अपर नाम 'अमरमाला' का लेखक कोई अमरदत्त रहा हो जो कि अमरकोष के कर्ता अमरसिंह से भिन्न था और जिसे हलायुध प्रामाणिक कह कर याद करते हैं।

वाचस्पति की रचना संभवतः 'शब्दार्णव' रही हो, जोकि एकार्थक शब्दों का अच्छा-खासा भण्डार था और जिसमें कतिपय शब्दों के अक्षर-विन्यास पर भी विचार किया गया था। हेमचन्द्र ने अभिधानचिन्तामणि पर लिखी अपनी टीका के आमुख में वाचस्पति का प्रमाणरूपेण चिन्तन किया है।

धन्वंतरि ने—जो कि अमरसिंह का पूर्ववर्ती था—वनस्पति-वर्ग पर एक निघण्टु लिखा था। किंतु अब तक जिन कोषकारों की चर्चा की गई है वे, उनका समय, एवं उनकी रचनाएं संभावना के स्तर पर हैं; निश्चय के साथ के विषय में कुछ भी कह सकना दुष्कर है।

किंतु अब हम आते हैं अमरसिंह पर, जिसकी रचना अमरकोष अपनी कोटि की रचनाओं में सर्वोत्तम है और जिसके सर्वातिशायी प्रचलन के कारण पूर्ववर्ती रचनाएं काल-कवलित हो गईं।

अमरकोष में तीन काण्ड हैं और प्रत्येक काण्ड में अनेक वर्ग हैं। रचना के विषय में अमरसिंह स्वयं

कहते हैं :

समाहृत्यान्यतन्त्राणि संक्षिप्तैः प्रतिसंस्कृतैः ।
संपूर्णमुच्यते वर्गैर्नामलिङ्गानुशासनम् ।।

पूर्ववर्ती तन्त्रों का इसमें समाहरण है, पूर्वतन्त्रों का इसमें संक्षेपण है, पूर्वतन्त्रोक्त शब्दों को इसमें संस्कार करके अर्थात् पूरी तरह जाँच करके उत्कृष्ट रूप में रखा गया है; यह संपूर्ण है [जबकि त्रिकाण्ड, उत्पलिनी आदि नाम-मात्र-प्रतिपादक हैं, वररुच्यादि की रचनाएं लिङ्गमात्रप्रतिपादक हैं]; वर्गों में विभक्त है : इसमें नाम एवं लिङ्ग दोनों ही का अनुशासन है । स्पष्ट है कि ऐसे संक्षिप्त एवं परिपूर्ण कोष के उदय हो जाने पर जनता ने पूर्ववर्ती एकाङ्गी कोषों का परित्याग कर दिया और अष्टाध्यायी के समान अमरकोष का दैनिक पाठ भी संस्कृत की आरम्भिक कक्षाओं में अनिवार्य बन गया। हम स्वयं बचपन में अष्टाध्यायी के सूत्रों का एवं अमरकोष के श्लोकों का आदि से अन्त तक और अन्त से आदि तक पारायण कर लिया करते थे ।

अमरकोष के प्रथम काण्ड में स्वर्, व्योमन्, दिश्, काल, धी, शब्दादि, नाट्य, पातालभोगिन्, नरक और वारिवर्ग ये दस वर्ग हैं । नमूना देखिये :

स्वरव्ययं स्वर्ग-नाक-त्रिदिव-त्रिदशालयाः ।
सुरलोको द्यो-दिवौ द्वे स्त्रियां क्लीबे त्रिविष्टपम् ।। i. 1.7.

सप्तम श्लोक से ३३वें श्लोक तक व्योमवर्ग है, जिसमें सभी देव-देवियों के नाम आ जाते हैं ।

द्वितीय काण्ड में भूमि, पुर्, शैल, वनौषधि, सिंहादि, मनुष्य, ब्रह्मन्, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र, ये दस वर्ग हैं, जबकि तृतीय काण्ड में विशेष्यनिघ्न, संकीर्ण, नानार्थ, अव्यय और लिङ्गादि संग्रह-वर्ग हैं । तृतीय काण्ड का तृतीय श्लोक यों है :

सुकृती पुण्यवान् धन्यः महेच्छस्तु महाशयः ।
हृदयालुः सुहृदयः महोत्साहो महोद्यमः ।।

संकीर्ण-वर्ग का आरम्भ यों है :

प्रकृतिप्रत्ययार्थाद्यैः संकीर्णे लिङ्गमुन्नयेत् ।
कर्म क्रिया तत्सातत्ये गम्ये स्युरपरस्पराः ।।
साकल्यासङ्गवचने पारायणतुरायणे ।
यदृच्छा स्वैरिता हेतुशून्या त्वास्था विलक्षणम् ।।

कोष के किसी भी घटक की दृष्टि से अमरकोष को परखिये, आप उसे सर्वोत्तम पाएंगे, सर्वकला-समन्वित पाएंगे । स्वाभाविक था कि सब तालों को खोल देने वाली ऐसी रजत-कुञ्जी हाथ में आ जाने पर शास्त्रागार में प्रवेश के इच्छुक पुरानी कुञ्जियों के गुच्छों को फेंक देते—और फिर हुआ भी तो ऐसा ही ।

अमरसिंह बौद्धधर्मानुयायी थे । कहा जाता है कि आप विक्रमादित्य के नौ रत्नों में एक थे । किंवदन्ती सत्य हो या असत्य छठी शती से पूर्व ही आपकी रचना इतनी प्रथित हो चुकी थी कि छठी शती में ही इसका अनुवाद चीनी भाषा में हो गया था । रचना की चातुरी अपूर्व थी । रचना का सौष्ठव अनुपम था—अमरसिंह के कोषचन्द्र के उदय हो जाने पर व्याडि, भागुरि एवं कात्य आदि सभी के कोषनक्षत्र सदा के लिये बुझ गये ।

चौखम्बा से प्रकाशित अमरकोष की भूमिका में ग्रन्थ की 41 टीकाएं गिनाई गई हैं और इनमें भानुजी-दीक्षित रचित व्याख्यासुधा [रामाश्रमी] की श्रेष्ठता ख्यापित की गई है । किंतु क्षीरस्वामी की अमरकोपोद्घाटन एक प्रामाणिक रचना है, जो कि 920-1140 के मध्य लिखी गई थी, क्योंकि उसमें भोज से [1018-1060] उद्धरण लिये गये हैं और वर्धमान [1140] ने अपनी गणरत्नमहोदधि में क्षीरस्वामी से उद्धरण दिया है । क्षीरस्वामी ने अपनी टीका में गौड, उपाध्याय एवं श्रीभोज-नामक व्याख्याकारों की ओर संकेत किया है, किन्तु ये टीकाएं आज उपलब्ध नहीं हैं । 1159 में बंगाल के सर्वानन्द वन्द्यघटीय ने अपनी प्रसिद्ध टीका-सर्वस्व लिखी, जिसमें आपने 10 टीकाओं से सहायता ली थी । रायमुकुट ने अपनी पदचन्द्रिका में सर्वानन्द से प्रचुर सहायता ली है ।

शरणदेव [1173] ने अपनी दुर्घटवृत्ति में सुभूति अथवा सुभूतिचन्द्रनामक बौद्ध टीकाकार की ओर संकेत किया है, जिसकी रचना तिब्बतन में सुरक्षित है।

बृहस्पति—अपर नाम रायमुकुटमणि अथवा रायमुकुट—ने 1431 में अपनी विदग्ध पदचन्द्रिका लिखी, जिसमें उन्होंने सोलह टीकाओं से सहायता ली थी।

भट्टोजिदीक्षित के पुत्र भानुजीदीक्षित ने अपनी व्याख्यासुधा 7वीं शती में रची, जो पाण्डित्य एवं उपयोगिता की दृष्टि से सर्वातिशायी साबित हुई।

नारायणशर्मा ने अपनी पदार्थकौमुदी—अपर नाम अमरकोषपञ्जिका—1619 में लिखी, जबकि रमानाथ विद्यावाचस्पति ने अपनी त्रिकाण्डविवेक-नामक टीका 1633 में प्रकाशित की।

भरतमल्लिक—अपर नाम भरतसेन—ने अपनी मुग्धबोध-नामक टीका 18वीं शती के आसपास लिखी, जोकि वैदग्ध्य की दृष्टि से फुलझड़ी सी दीख पड़ी और जिसमें व्युत्पत्तियों का आधार वोपदेव के व्याकरण को बनाया गया।

मथुरेश विद्यालंकार ने अपनी सारसुन्दरी 1666 में रची, जिसमें व्युत्पत्तियों का आधार सुपद्म व्याकरण को बनाया गया।

कोलब्रुक ने अपने अमरकोष के संस्करण में इन टीकाकारों के अतिरिक्त अन्य 40 टीकाकारों का सहारा लिया है।

अग्निपुराण में भी एक कोष का संकलन मिलता है जो, हो-न-हो, अमरकोष ही का परिवर्तित रूप है। हाँ, वर्गों का विभाजन अग्निपुराण ने यों किया है : (1) स्वर्गपातालादिवर्ग, (2) अव्ययवर्ग, (3) नामार्थवर्ग, (4) भूमिवनौषध्यादिवर्ग, (5-7) ब्रह्मक्षत्रविट्शूद्रादिवर्ग, और (8) सामान्यनामलिङ्गानि।

पुरुषोत्तमदेव रचित त्रिकाण्डशेष, हारावली एवं वर्णदेशना-नामक कोष सर्वानन्द [1159] से पहले लिखे जा चुके थे; क्योंकि सर्वानन्द ने इन तीनों ही में से उद्धरण दिये हैं। अमरसिंह की न्याईं पुरुषोत्तमदेव भी बौद्धधर्मानुयायी थे। पुरुषोत्तमदेव का त्रिकाण्डशेष अमरकोष का पूरक है। अमरकोष के समान त्रिकाण्डशेष का विभाजन भी काण्डों और वर्गों में है। अमरकोष ने बुद्धों के 17 नाम दिये हैं; त्रिकाण्डशेष ने इनमें 37 और जोड़ दिये हैं गौतमबुद्ध के नाम अमरकोष में 7 हैं; त्रिकाण्डशेष ने इनमें 3 और जोड़ दिये हैं।

हारावली के 270 पद्यों में लेखक ने अप्रचलित शब्दों का संकलन किया है। वर्णदेशना गद्य में है और इसमें शब्दों के अक्षर-विन्यास [spelling] पर प्रकाश डाला गया है, यथा : खुर—क्षुर, शिंहाणक—शिङ्घाणक।

शाश्वत के अनेकार्थसमुच्चय में 800 अनुष्टुप् पद्य हैं। इसके 6 खण्ड हैं, किंतु शब्दों के चयन में विवेक नहीं बरता गया। अनेकार्थसमुच्चय एवं अमरकोष में समानता प्रस्फुट है; और हो सकता है कि अनेकार्थसमुच्चय का संकलन अमरकोष के बाद हुआ हो। क्षीरस्वामी ने शाश्वत से उद्धरण दिये हैं; फलतः संभव है कि शाश्वत ने छठी शती में अनेकार्थसमुच्चय का संकलन किया हो।

भट्ट हलायुध की अभिधानरत्नमाला में 5 काण्ड हैं : स्वर्, भूमि, पाताल, सामान्य एवं अनेकार्थकाण्ड। इसमें 900 के लगभग पद्य हैं जोकि विभिन्न छन्दों में हैं। हलायुध ने अमरदत्त, वररुचि, भागुरि एवं वोपालित को प्रमाण माना है, और वोपालित एवं हलायुध से उद्धरण 12वीं शती से आगे आम हो जाते हैं। वोपालित का नाम महेश्वर [1111] ने आदर से लिया है और हलायुध को मंख ने [1150] प्रमाणरूपेण उद्धृत किया है। संभव है हलायुध 10वीं शती के मध्य हुए हों, जैसी कि लुडविग हेलर एवं आर. जी. भण्डारकर ने संभावना की है।

यादवप्रकाश-रचित वैजयन्तीकोष के दो भाग हैं : एकार्थक एवं अनेकार्थक। एकार्थक शब्दों के पांच काण्ड : स्वर्ग, अन्तरिक्ष, भूमि, पाताल, सामान्य। अनेकार्थक शब्दों के तीन : द्व्यक्षर, त्र्यक्षर, शेष। प्रत्येक काण्ड अध्यायों विभक्त है। एकार्थक और अनेकार्थक दोनों ही खण्ड वैजयन्ती के अमरकोष की अपेक्षा अधिक समृद्ध हैं। प्रत्येक ... का विभाजन लिङ्गों के आधार पर है : पुंल्लिङ्गाध्याय, स्त्रीलिङ्गाध्याय, नपुंसकलिङ्गाध्याय, अर्थवल्लिङ्गाध्याय एवं नानालिङ्गाध्याय। वैजयन्ती में वैदिक शब्दों को भी स्थान मिला है।

कहा जाता है कि यादवप्रकाश स्वामी रामानुज के शिष्य थे जिनका समय 1017-1137 बताया जाता है। फलतः वैजयन्ती का संकलन 11वीं शती के मध्य हुआ होगा। यादवप्रकाश का जन्म-स्थान कंजीवरम के समीप तिरुप्पुट्टकुली बताया जाता है।

महेश्वर-रचित विश्वप्रकाश में शब्दों के अन्तिम व्यञ्जन के आधार पर अनुष्टुप् में नानार्थक शब्दों का संचयन है; इनमें प्रथम कैकक रखे गये हैं, फिर कद्विक और बाद में कत्रिक—इसी प्रकार आगे भी। महेश्वर ने अपनी रचना के आमुख में भोगीन्द्र, कात्यायन, साहसाङ्क, वाचस्पति, व्याडि, विश्वरूप, अमर, मङ्गल [अथवा अमर-मङ्गल], शुभाङ्क [अथवा शुभाङ्ग], वोपालित एवं भागुरि का अभिनन्दन किया है।

अपनी रचना-शती ही में विश्वप्रकाश की किरणें देश भर में फैल गई थीं; तभी तो सर्वानन्द [1159] ने बंगाल में और हेमचन्द्र [1088-1170] ने गुजरात में अपनी रचनाओं में इसमें से उद्धरण दिये हैं।

मङ्ख ने अपने अनेकार्थकोष की रचना भागुरि, कात्य, हलायुध, हुग्ग, अमरसिंह, शाश्वत एवं धन्वंतरि की रचनाओं के आधार पर की है। विश्वप्रकाश के समान अनेकार्थकोष का विभाजन भी शब्दों के अन्तिम व्यञ्जनों के आधार पर हुआ है, और इसमें भी पहले एक क वाले शब्द, फिर दो क वाले शब्द और फिर तीन क वाले शब्द सजाये गये हैं। विश्वप्रकाश के समान अनेकार्थकोष भी च् को ह् के बाद रखता है और अव्ययों को सबके बाद में। इसमें 1007 पद्य हैं।

कहा जाता है कि मङ्ख एवं श्रीकण्ठ-चरित के लेखक दोनों अभिन्न थे—जोकि कश्मीर के राजा जयसिंह के काल [1128-1149] में हुए थे।

कोषकार अजयपाल, तारपाल, दुर्ग, धनंजय, धरणि, धर्म, मुनि, रन्तिदेव, रभसपाल, रुद्र, विश्वरूप, वोपालित और शुभाङ्ग के नाम 11वीं-12वीं शती के ग्रन्थों में यत्र-तत्र पढ़ने को मिल जाते हैं, और इसी काल की रचनाओं में निगमाभिधान एवं नाममाला आदि कोषों के नाम भी सामने आते हैं।

अजयपाल की रचना नानार्थसंग्रह में—जिसमें से सर्वानन्द एवं केशवस्वामी ने पर्याप्त उद्धरण दिये हैं—1730 के लगभग पद्य हैं, जिनमें से अधिकतर शाश्वतकोष में आ गये हैं। इसका विभाजन शब्दों के आद्य अक्षरों के आधार पर हुआ है। नानार्थसंग्रह ने च् को स्वतन्त्र अक्षर माना है और अव्ययों को एक स्थान पर एकत्र न करके हर अध्याय के अन्त में कुछ-कुछ करके सजाया है।

तारपाल का रचा कोई भी कोष इस समय सामने नहीं है। दुर्ग से क्षीरस्वामी एवं हेमचन्द्र दोनों ने पर्याप्त उद्धरण दिये हैं। हो सकता है कि उनका रचा कोष अमरकोष के समान रहा हो और उसका विभाजन भी एकार्थक एवं नानार्थक शब्दों के आधार पर ही हुआ हो। संभव यह भी है कि वे एवं वैयाकरण दुर्गसिंह दोनों एक रहे हों, जिनकी कातन्त्र पर टीका प्रसिद्ध है।

धनंजय-रचित नाममाला में तीन अध्याय हैं : शब्दसंकीर्णरूपण, शब्दसंकीर्णप्ररूपण और शब्दविस्तीर्ण-रूपण-परिच्छेद। धनंजय दिगम्बर जैन थे और वे कर्णाट के थे। उन्होंने द्विसंधान-काव्य की रचना भी की थी जिसके चार जगह उद्धरण गणरत्नमहोदधि में मिलते हैं। पता नहीं क्यों धनंजय के कोष से विद्वानों ने उद्धरण नहीं के तुल्य दिये हैं।

धरणिदास ने अपने अनेकार्थ-कोष—अपरनाम धरणिकोष अथवा धरणि—का विभाजन शब्दों के अन्तिम व्यञ्जनों के, और फिर उनकी संख्या एक, दो, तीन आदि के आधार पर किया है। अजयकोष के समान अनेकार्थ-कोष ने भी च् को स्वतन्त्र अक्षर माना है। धरणिदास संभवतः 12वीं शती में हुए थे। आप की रचना में से सर्वानन्द ने अनेक उद्धरण दिये हैं।

धर्म का संकेत मेदिनी में अनेक स्थानों पर मिलता है। मुनि—जिनका नाम क्षीरस्वामी एवं हेमचन्द्र ने अनेक स्थानों पर आदर के साथ लिया है—संभवतः कात्य से अभिन्न रहे हों, जबकि कुछ विद्वान् उन्हें व्याडि से अभिन्न बताते हैं। कोष इनका भी अप्राप्य है।

रन्तिदेव की रचना रन्तिकोष से सर्वानन्द ने दो उद्धरण दिये हैं। इनके कोष में भी एकार्थक एवं नानार्थक

दोनों कोटि के शब्द रहे होंगे।

रभस अथवा रभसपाल, जिनके उद्धरण क्षीरस्वामी की टीका में पर्याप्त संख्या में मिलते हैं, संभवतः अमरसिंह से बाद के हैं।

रुद्र के उद्धरण सर्वानन्द, मल्लिनाथ और मेदिनीकोष में यत्र-तत्र मिलते हैं। इनके कोष में भी एकार्थक एवं अनेकार्थक शब्दों का संचयन शब्दों के अन्तिम व्यञ्जनों के आधार पर किया गया होगा।

वोपालित [गोपालित] का नाम हलायुध, महेश्वर एवं मेदिनीकार ने आदर से लिया है। प्रतीत होता है कि उनके कोष का आधार शब्दों का लिङ्ग रहा था, और उस कोष का कुछ भाग आर्या छन्द में लिखा गया था।

शुभाङ्क अथवा शुभाङ्ग को महेश्वर एवं मेदिनीकार ने प्रमाण माना है। सर्वानन्द ने इनकी रचना से तीन उद्धरण दिये हैं। इनके कोष का नाम उत्पलिनी था।

प्रख्यातनामा जैनमुनि हेमचन्द्र [1088-1175], जिन्हें कलिकालसर्वज्ञ कह कर पुकारा जाता है, राजा जयसिंह और कुमारपाल के समय में हुए थे। आपने चार कोषों की रचना की थी : अभिधान-चिन्तामणि, अनेकार्थ-संग्रह, निघण्टु-शेष, एवं देशीनाम-माला। इनमें प्रथम समानार्थक शब्दों का कोष है, दूसरा अनेकार्थक शब्दों का, तीसरा ओषधि-नामों का, और चतुर्थ प्राकृत-कोष है।

अभिधान-चिन्तामणि में 6 काण्ड हैं : देवाधिदेव, देव, मर्त्य, भूमि अथवा तिर्यक्, नारक, और सामान्य। प्रथम काण्ड में जैन देवता एवं जैन परिभाषावलि है, द्वितीय में हिन्दू एवं बौद्धधर्म के देवता एवं तत्संबन्धी पारिभाषिक शब्द, तृतीय में मानव अपने विभिन्न संबन्धों में, चतुर्थ में तिर्यक् जगत्, पञ्चम में पातालवासी जगत्, और षष्ठ में भाववाचक नाम, विशेषण और अव्यय संकलित हैं। 1542 पद्यों के इस कोष में विभिन्न छन्द अपनाये गये हैं।

अभिधान-चिन्तामणि पर स्वयं हेमचन्द्र ने टीका लिखी है, और इसमें 80 से अधिक प्रामाणिक लेखकों के नाम आये हैं, जिनमें 30 से अधिक कोषकार हैं। वासुकि, व्याडि, धनपाल, और वाचस्पति का नाम आरम्भ में आया है। इसमें अमर, कात्य, दुर्ग, धन्वंतरि, भागुरि, भोज, शाश्वत, हलायुध और यादव से उद्धरण लिये गये हैं; इन सभी का उपयोग हेमचन्द्र ने अपनी टीका के निर्माण में किया होगा।

अभिधान-चिन्तामणि को आदर्श मान कर शुभशीलगणि ने [15वीं का द्वितीयार्ध] पञ्चवर्गनाम-संग्रह, भानुचन्द्रगणि ने [1605 अकबरयुग] विविक्तनाम-संग्रह, साधुसुन्दरगणि ने [17वीं का आरम्भ] शब्दरत्नाकर, और जिनदेव मुनीश्वर ने अभिधान-चिन्तामणि-शिलोञ्छ की रचना की।

हेमचन्द्र के अनेकार्थसंग्रह में 1829 पद्य हैं, और इसका विभाजन अक्षरों की संख्या के आधार पर 6 काण्डों में हुआ है; सातवां परिशिष्ट-काण्ड अव्ययों पर है। प्रथम काण्ड में एकाक्षर शब्द [कः, कम् आदि], द्वितीय में द्वि-स्वर, तृतीय में त्रि-स्वर [अणुक आदि], चतुर्थ में चतुः-स्वर [अङ्गारक आदि], पञ्चम में पञ्च-स्वर [आच्छुरितक, हिरण्यरेतस्], और षष्ठ में षट्-स्वर [ग्राममद्गुरिका—विष्वक्सेनप्रिया] शब्दों का संग्रह है। सप्तम परिशिष्ट-काण्ड में पहले काण्डों की तरह स्वरसंख्याक्रम से अव्ययों का संचयन है।

केशवस्वामि-रचित नानार्थार्णवसंक्षेप के 5800 पद्यों में नानार्थक शब्दों का विदग्ध संकलन है। इसमें 6 काण्ड हैं और प्रत्येक काण्ड में स्त्रीलिङ्ग, पुंल्लिङ्ग, नपुंसकलिङ्ग, वाच्यलिङ्ग, एवं नानालिङ्ग शब्दों के आधार पर 5 अध्याय हैं, प्रत्येक अध्याय में शब्दों का संकलन उनके आद्य अक्षर के आधार पर है। यह सभी विशेषताएं वैजयन्ती कोष में भी हैं, जिसके समान ही नानार्थार्णवसंक्षेप में भी वैदिक शब्दों की पर्याप्त संख्या है। प्रस्तुत कोष में अजय, अमरदत्त, अमरसिंह, भागवृत्ति, भागुरि, भट्टि, भोजराज, धनंजय, हलायुध, हर्षनन्दी, जयादित्य, कात्य, क्षीरस्वामी, माधवाचार्य, माघ, निरुक्त, मङ्गल, रभस, सज्जन, शाकटायन, समाम्नाय, शाश्वत, स्कन्दस्वामी, सुश्रुत, वैजयन्ती, वाक्पति, वररुचि आदि को प्रामाणिकरूपेण याद किया है।

केशवस्वामी ने नानार्थार्णवसंक्षेप के आदि में अपने अभिभावक चोलराजा राजराज का अभिनन्दन किया है। राजराज का समय 13वीं शती है।

प्राणकर के सुपुत्र मेदिनीकर द्वारा रचित मेदिनी-कोष का निर्माण विश्वप्रकाश के आधार पर हुआ है। इसमें

कैकक, क-द्विक, क-त्रिक, क-चतुष्क, क-पञ्चक, क-षट्क [ग्राममद्गुरिका] आदि शब्दों का संकलन करके खैकक, ख-द्विक, ख-त्रिक, ख-चतुष्क, ख-पञ्चक [मलिनमुख] शब्दों का, फिर गैकक, ग-द्विक, ग-त्रिक, ग-चतुष्क, ग-पञ्चक [नाड़ीतरङ्ग] आदि शब्दों का संग्रह करते हुए ह-पञ्चक [प्रपितामह] तक के शब्दों को लिया गया है। बाद में पूर्वोक्त क्रम से ही अव्ययों का संकलन है। ग्रन्थ की समाप्ति मेदिनिकर ने इन शब्दों में की है :

उत्पलिनी-शब्दार्णव-संसारावर्त-नाममालाख्यान् ।
भागुरि-वररुचि-शाश्वत-वोपालित-रन्तिदेव-हर-कोषान् ।।
अमर-शुभाङ्क-हलायुध-गोवर्धन-रभसपाल-कृतकोषान् ।
रुद्रामरदत्ताजय-गङ्गाधर-धरणिकोषांश्च ।।
हारावल्यभिधानं त्रिकाण्डशेषं च रत्नमालां च ।
अपि बहुदोषं विश्वप्रकाशकोषं च सुविचार्य ।।
वाग्भट-माधव-वाचस्पति-धर्म-व्याडि-तारपालाख्यान् ।
अपि विश्वरूप-विक्रमादित्य-नामलिङ्गानि सुविचार्य ।।
कात्यायन-वामन-चन्द्रगोमि-रचितानि लिङ्गशास्त्राणि ।
पाणिनिपदानुशासनपुराणकाव्यादिकं च सुनिरूप्य ।।
षट्शत-गाथा-कोष-प्रणयन-विख्यात-कौशलेनायम् ।
मेदिनिकरेण कोषः प्राणकरसूनुना रचितः ।।

मेदिनिकर-संकेतित आचार्यों का समय 1159 से पहले है। पद्मनाभदत्त ने अपनी पृषोदरादिवृत्ति 1375 ईसवी में लिखी और उसने अपने रचे भूरिप्रयोग में मेदिनिकर को उद्धृत किया, जबकि मल्लिनाथ ने माघटीका [II.65] में मेदिनिकर को स्मरण किया है। हो सकता है मेदिनिकर 12वीं शती में हुए हों।

पांच काण्डों में प्रस्तुत शब्दरत्नप्रदीप से सुमतिगणि ने अपनी गणधरसार्धशतकवृत्ति में—जिसका रचनाकाल 1295 है—अनेकानेक उद्धरण दिये हैं। संभवतः यह कल्याणमल्ल-रचित शब्दरत्नदीप का ही दूसरा नाम रहा हो।

अपवर्गनाममाला—अपरनाम पञ्चवर्गपरिहारनाममाला—के प्रणेता जिनभद्रसूरि थे और इनकी रचना 12वीं शती में निर्मित हुई थी।

महीप ने शब्दरत्नाकार की रचना 1374 में की थी और इसमें नानार्थक शब्दों को अपनाया था।

पद्मनाभदत्त के भूरिप्रयोग की रचना 1375 में हुई थी। इसमें एकार्थक शब्दों की संख्या अनेकार्थक शब्दों से न्यून थी।

भूरिप्रयोग के समान ही रामेश्वर शर्मा की शब्दमाला है। आप का समय अनिर्धारित है।

इरुपगदण्डाधिनाथ अथवा भास्कर की नानार्थरत्नमाला एक अच्छा खासा कोष है। भास्कर [14वीं शती के अपरार्ध में] विजयनगर के राजा हरिहर द्वितीय के समाश्रित थे।

जटाधर ने अपने अभिधानतन्त्र का निर्माण अमरकोष के आधार पर किया है। आप बंगाल में चिटगांव के निवासी थे और राममुकुट से पहले हुए थे।

गदसिंह-रचित नानार्थध्वनिमञ्जरी में 88 श्लोक हैं। गदसिंह ने रुद्र, गङ्गाधर, धरणि एवं रत्नकोष का नाम लिया है। 16वीं शती में हुए रघुनन्दन ने गदसिंह से उद्धरण दिये हैं।

रूपचन्द्र की रूपमञ्जरीनाममाला का प्रणयन 1588 में हुआ था। इसी काल अकबर के समसामयिक पुण्डरीक विट्ठल ने अपनी शीघ्रबोधनाममाला का निर्माण किया और पद्मसुन्दर ने अपने सुन्दरप्रकाशशब्दार्णव की रचना की।

16वीं शती के अन्तिम भाग में हर्षकीर्ति ने अपनी शारदीयाख्यनाममाला का संकलन किया। वामन भट्टबाण-प्रणीत शब्दचन्द्रिका एवं शब्दरत्नाकर की रचना—जिसमें 3 काण्ड हैं—संभवतः 15वीं शती के आदि में हुई थी।

अप्पयदीक्षित-रचित नामसंग्रहमाला में एकार्थक शब्दों का समुच्चयन है। सहजकीर्ति का नामकोष—जिसमें 6 काण्ड हैं, और जिसमें लिङ्ग के निर्धारक नियम भी दिये हैं—1675 के आसपास लिखा गया था। आप ने संवत् 1683 में लोद्रपुर के पार्श्वजिन की वन्दना में एक कविता भी लिखी थी।

केशव की रचना कल्पद्रुकोष में 4000 पद्य हैं, और एकार्थक शब्दों का यह सबसे विपुल उपलब्ध आकर है। भूमि के लिये इसमें 64 शब्द हैं और अग्नि के लिये 114। इसमें 3 स्कन्ध हैं [भूमि, भुवस्, स्वर्ग] और हर स्कन्ध के अनेक प्रकाण्ड हैं। प्रथम प्रकाण्ड की समाप्ति यों है—कल्पद्रौ केशवकृते भूमिस्कन्धप्ररोहके। देशप्रकाण्डः प्रथमः साङ्गोऽयं सिद्धिमागतः ॥ दशम वनौषधि प्रकाण्ड में 600 श्लोक हैं और इसमें वनौषधि-नामों का सबसे प्रचुर विस्तार मिलता है।

कल्पद्रु का द्वितीय श्लोक यों है :

कात्य-वाचस्पति-व्याडि-भागुर्यमरमङ्गलाः। साहसाङ्क-महेशाद्या विजयन्ते जिनान्तिमाः॥

प्रत्यक्षतः केशव ने अपनी रचना में कात्य, वाचस्पति, व्याडि, भागुरि, अमर, मङ्गल [अथवा अमरमङ्गल] के कोषों से सहायता ली थी और उसके अनेक श्लोक अमरकोष से अक्षरशः मिलते हैं। इसकी रचना 1660 में हुई थी।

मथुरेश विद्यालंकार—जिसने 1668 में अमरकोष पर सारसुन्दरी-नामक टीका लिखी थी—की रचना शब्दरत्नावलि अमरकोष से बहुत कुछ मिलती है। इसी शती में ज्योतिष [फलित एवं गणित दोनों] के शब्दों को लेकर वेदाङ्गराघव ने पारसीक-प्रकाश-नामक कोष लिखा।

नारायण के सुपुत्र विश्वनाथ की रचना कोषकल्पतरु में एकार्थक एवं नानार्थक दोनों प्रकार के शब्दों का संकलन है। विश्वनाथ ने महेश, हैम एवं मेदिनी की ओर संकेत किया है।

सुजन-रचित नानार्थपदपेटिका एवं शब्दलिङ्गार्थचन्द्रिका में नानार्थक शब्दों का संग्रह है। प्रथम का विभाजन शब्दों के अन्तिम व्यञ्जनों के आधार पर हुआ है, जबकि दूसरा एकलिङ्ग, द्विलिङ्ग, त्रिलिङ्ग शब्दों के आधार पर तीन काण्डों में विभक्त है।

विद्याद्वंवीर मिश्र की रचना पर्यायपदमञ्जरी में केवल पर्याय शब्दों का और उनकी शब्दशब्दार्थमञ्जूषा में एकार्थक एवं नानार्थक दोनों कोटि के शब्दों का संकलन है। महेश्वर की कृति पर्यायरत्नमाला में तीन परिच्छेद हैं; इसमें केवल समानार्थक पदों का समावेश है। धनंजय भट्टाचार्य की रचना पर्यायशब्दरत्नाकर में तीन तरङ्ग हैं। आपने नागेश की रचना शब्देन्दुशेखर की ओर संकेत किया है।

महादेव के सुपुत्र सारस्वत मिश्र की विश्वमेदिनी में तीन काण्ड हैं; इनमें क्रमशः नानार्थक, एकार्थक एवं अव्ययों का संकलन है।

विश्वकविविरचित विश्वनिघण्टु के तीन आश्वासों में नानार्थक नामों का सुन्दर समुच्चयन है। इनके अतिरिक्त श्रीमल्लभट्ट का आख्यातचिन्तामणि-नामक क्रियाकोष, महादेव वेदान्ती का अनादिकोष, सौरभी की एकार्थनाममाला, द्वयक्षरनाममाला, राघव कवि का कोषावतंस, भोज की नाममाला, त्र्यम्बक मिश्र का विशेषामृत, सहाजी का शब्दरत्नसमुच्चय, कर्णपूर का संस्कृतपारसीकप्रकाश और शिवदत्त का विश्वकोष भी कोष-परंपरा में स्मरणीय हैं।

राजा राधाकान्तदेव के शब्दकल्पद्रुम कोष का प्रकाशन 1822-58 में हुआ। संस्कृत की कोषमन्दाकिनी को आधुनिक प्रणाली में प्रवाहित करने का यह प्रथम प्रयास है, और स्तुत्य प्रयास है। कोष होने के साथ-साथ यह विश्व-कोष का भी काम देता है; क्योंकि इसमें शब्दों की व्याख्या में समग्र उपलब्ध संस्कृत साहित्य का उपयोग किया गया है। हाँ, शब्दकल्पद्रुम ने वैदिक शब्द छोड़ दिये हैं।

शब्दकल्पद्रुम के आदर्श पर ही सुखानन्द ने अपना शब्दार्थचिन्तामणि [4 खण्ड, आगरा-उदयपुर 1864-1885] प्रकाशित किया और उसी को नमूना बनाकर तारानाथ तर्कवाचस्पति ने अपने वाचस्पत्य [20 खण्ड, 1873-84] की रचना की। वाचस्पत्य में वैदिक शब्द भी लिये गये हैं। किंतु उनकी व्युत्पत्ति में खींचातानी बरती गई है। संभवतः वाचस्पति ने अपने महान् कोष के संकलन में गेथ-बोहट्लिंग्क के महान् कोष [सेण्टपीटर्सबर्ग 1852-75] से सहायता ली है।

कतिपय कोष एकाक्षरों पर भी हैं। पुरुषोत्तमदेव का एकाक्षरकोष अभिधानसंग्रह के प्रथम खण्ड में प्रकाशित हुआ है। वररुचिप्रणीत एकाक्षराभिधान इसी प्रकार का कोष है। विश्वशंभु-रचित एकाक्षरनूतननाममाला 1867 में कराची के 'संस्कृतकोषयुग्म' में छपी थी।

सुधाकलश-प्रणीत एकाक्षरनाममाला 14वीं शती के प्रथमार्ध में बनी थी। राजा हरिहर [1350] के मन्त्री माधव की बनाई एकाक्षरनाममाला का विभाजन स्वर, व्यञ्जन एवं संयुक्ताक्षर इन तीन के आधार पर तीन काण्डों में हुआ था। 16वीं शती में चमके भरतसेन ने एकवर्णार्थसंग्रह-नामक कोष रचा था।

कतिपय कोषों में अक्षरविन्यास [spelling] के वैविध्य पर प्रकाश डाला गया है, जैसे: महेश्वर-रचित शब्दभेद-प्रकाश, वर्णदेशना, और पुरुषोत्तमदेव-रचित द्विरूपकोष। एक द्विरूपकोष की रचना नैषधलेखक श्रीहर्ष ने भी की थी। गदसिंह का ऊष्मविवेक 112 पद्यों में उन शब्दों का संकलन करता है जिनमें ऊष्मवर्णों का विपर्यास मिलता है।

17वीं शती में साधुसुन्दरगणि-रचित 1000 पद्यों के श्रीशब्दरत्नाकर में अभिधानचिन्तामणि की विभाजन-पद्धति अपनाई गई है। कृष्णकविरचित [1768] वैभाषिककोष के 11 सर्गों में 1111 पद्य हैं। 1781 में कृष्णकवि ने स्वयं अपनी रचना पर टीका लिखी थी।

आधुनिक कोषों में ग्लेनियन देमेत्रियस गेलेनोस की रचना दि सिनोनिमस संस्कृत ग्लॉस्सरी [1786-1833] बनारस में प्रकाशित हुई। इसमें शब्दों के षष्ठ्यन्त रूप देकर उनके आगे उनके पर्यायों की तालिका दी है। बोह्ट्लिंग्क के छोटे कोष में गेलेनोस से अनेक उद्धरण दिये गये हैं।

विभिन्न योरपीय भाषाओं में प्रकाशित अनेकानेक संस्कृत कोषों की ओर संकेत न करके कोषपरंपरा की सर्वश्रेष्ठ रचना संस्कृत वोर्टेरबूख [1852-1875, 1889] की ओर ध्यान दिलाना आवश्यक है। सात खण्डों में प्रकाशित इस महाकोष के प्रणयन का श्रेय प्रो. रुडेल्फ रॉथ एवं प्रो. ओट्टो बोह्ट्लिंग्क् को है, जिन्होंने हस्तलिखित ग्रन्थों के आधार पर इस अनुपम कोष का संकलन किया और इसे उस रूप में प्रकाशित किया जो अपनी पर्याप्तता, विदग्धता एवं प्रामाणिकता के लिये आज भी सर्वथा अनवद्य है। इस महाकोष के प्रकाशन का सेहरा सेण्ट पीटर्सबर्ग की एकेडमी आफ फाइन आर्ट्स ऐण्ड साइंसेज़ को है। वोर्टेरबूख को सामने रख कर अनेकानेक कोषों की रचना हुई, किंतु जो खूबी वोर्टेरबूख की थी वह आजतक उसकी अपनी ही बनी रही।

ऑक्सफर्ड विश्वविद्यालय के बोडन प्रोफेसर ऑफ संस्कृत सर मोनियर विलियम्स ने वोर्टेरबूख को आदर्श बनाकर, किंतु उससे भिन्न प्रणाली पर, अपने विशद संस्कृत-इंग्लिश कोष का संकलन किया, जिसे 1872 में ऑक्स-फर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने प्रकाशित किया। इंग्लिश जगत् में यह कोष एक क्रान्तिकारी घटना थी: जनता ने इसका मुक्तकण्ठ गुणगान किया। प्रो० लियोमान एवं प्रो. कापेल्लर ने दृढ़ अध्यवसाय के साथ इस कोष का परिबृंहण एवं उपोद्बलन किया; परिणाम इसका आज हमारे सामने विपुलकाय संस्कृत-इंग्लिश कोष है, जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाय थोड़ी है।

कर्नल वोडन की विल को ध्यान में रखकर प्रो. ए. ए. मैकडानल ने भी एक प्रैक्टिकल संस्कृत-इंग्लिश कोष की रचना की; इसका प्रकाशन भी ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने ही किया है।

इसी युग में पूना के ख्यातनामा प्रो. वामन शिवराम आप्टे ने अपने विपुलकाय संस्कृत-इंग्लिश कोष की रचना की, जिसका भारतीय जनता ने खुले हाथों स्वागत किया।

इन्हीं कोषों की परंपरा में वर्तमान कोष भी प्रस्तुत है। इसमें वैदिक शब्दों का संकलन नहीं है; उनके लिये इसी प्रकार का एक दूसरा कोष शीघ्र ही प्रकाशित होगा।

प्रस्तुत कोष में शब्दों का संचयन कोषों से न करके हमने प्रामाणिक ग्रन्थों से उन्हें स्वयं पढ़कर किया है और दुरूह शब्दों के अर्थ-विवरण में प्रामाणिक टीकाकारों का अनुगमन किया है।

इस कोष की विशेषताओं के विषय में न कह कर हम अन्त में यही कहेंगे:

भ्रान्तेः पुरुषधर्मत्वं पांसुमत्त्वं क्षितेरिव ।
तच्छोध्यं सर्वयत्नेन स्वागारमिव पण्डितैः ॥

सूर्यकान्त

संक्षेप-सूची

APr. = अथर्वप्रातिशाख्यम्
Amara. = अमरकोषः
Artha. = अर्थशास्त्रम्, कौटलीयम्
AV. = अथर्ववेदः
Aśā. or Śā. = अभिज्ञानशाकुन्तलम्
Asa. = अलंकारसर्वस्वम्
Āpdh. = आपस्तम्बधर्मसूत्रम्
Uttara. = उत्तररामचरितम्
ṚV. = ऋग्वेदः
KPr. = काव्यप्रकाशः
Ki. or Kirāta. = किरातार्जुनीयम्
Ku. = कुल्लूकभट्टः, मनुस्मृति-व्याख्याता
KS. or Ku. = कुमारसंभवम्
Cā. = चारुदत्त-नाटकम्, भासनाटकचक्रे प्रकाशितम्
Tattva. = तत्त्वबोधिनी [सिद्धान्त-कौमुदी-टीका]
DKC. = दशकुमारचरितम्
Daśa. = दशरूपकम्
Dhvani. = ध्वन्यालोकः
Nala. = नलोपाख्यानम्
Nir. = निरुक्तम्
Nīti. = नीतिशतकम्
Nīla. = नीलकण्ठो महाभारतटीकाकारः
Naiṣadha. = नैषधीयचरितम्
Pa. = पञ्चरात्रम्, भासनाटकचक्रे प्रकाशितम्
Pañca. = पञ्चतन्त्रम्
Pat. = पतञ्जलिः, महाभाष्यकारः
P or Pā. = पाणिनिः
Prayau. = प्रतिज्ञायौगन्धरायणम्, भासनाटकचक्रे
Pratimā. = प्रतिमानाटकम्, भासनाटकचक्रे
Prabodha. = प्रबोधचन्द्रोदयम्
Bhagī. = भगवद्गीता
BK. or Bhaṭṭi. = भट्टिकाव्यम्
Bharata. = भरतमुनिः नाट्यशास्त्रप्रणेता
Bhāvapra. = भावप्रकाशः, वैद्यकग्रन्थः
Madhyama. = मध्यमव्यायोगः, भासनाटकचक्रे
Malli. = मल्लिनाथः रघुवंशादिटीकाकारः
Manu. = मनुस्मृतिः
MBh. = महाभारतम्, नीलकण्ठीसहितम्
Māgha. or Śiśu. = शिशुपालवधम्, माघप्रणीतम्
Mudrā = मुद्राराक्षसम्
Mṛc. = मृच्छकटिकम्
Megha. = मेघदूतम्
Yā = याज्ञवल्क्यस्मृतिः
Yogadar. = योगदर्शनम्
Yogavā. = योगवासिष्ठम्
Rag. or Raghu. = रघुवंशम्
Rati. = रतिमञ्जरी
Rām. = Rāmāyaṇa with Govinda etc. in three volumes
Vāca. = वाचस्पतिमिश्रः, भामतीकारः
Vikrama. = विक्रमोर्वशीयम्
ŚBr. = शतपथब्राह्मणम्
Sṛṅgāra. = शृङ्गारशतकम्
Sāṁkhya. = सांख्यकारिका
SD. = साहित्यदर्पणः
Suś. = Suśrutam
Hari = हरिवंशः
Harṣa. = हर्षचरितम्

अ

अंश (√अंश्) पुं० टुकड़ा, भाग, हिस्सा ; portion, part, share. अंशम् न० दुःख ; pain. तु० 'शंकेऽशं केन ताम्यति', किरात० 15. 10.

अंशक पुं० वैवाहिक लग्न, सुत ; propitious time for marriage, son.

अंशु (√अंश्) पुं० किरण, सोम की डण्ठल ; ray, shoot or stem of the Soma plant.

अंशुक न० महीन कपड़ा, पत्ता ; fine cloth, leaf.

अंशमत् पुं० किरणवाला, सूर्य ; radiant, sun.

अंशुमालिन् पुं० सूर्य ; sun.

अंस पुं० कन्धा ; shoulder.

अंसद्वयस वि० कन्धे तक ; reaching shoulder.

अंसल वि० मांसल, बलवान् ; powerful, strong.

अंहस् (√अंह्) न० कष्ट, चिन्ता, पाप ; distress, anxiety, sin.

अ-कद्वद वि० साधुवादी, प्रियभाषी ; just in speech, applauding.

अ-कम्प वि० निश्चल, स्थिर ; motionless, firm.

अ-कम्प्र वि० दे० 'अ-कम्प'.

अ-कर्तव्य वि० अकार्य, अनुचित कर्म ; not to be done, improper act.

अ-कर्मक वि० बिना कर्म का (धातु) ; objectless.

अ-कल्क वि० निर्मल ; pure.

अ-कल्प वि० (1) अस्वस्थ, बीमार ; not healthy, ill. (2) अविचार्य ; not to be guessed.

अ-कस्मात् क्रिवि० क्यों और कहां से के बिना, अचानक, एकाएक ; unexpectedly, accidentally, suddenly.

अ-काण्ड वि० जिसका विचार तक न हो, एकाएक ; unexpected, sudden.

—ण्डम् क्रिवि० अकारण ; without cause.

—ण्डे क्रिवि० असमय ; unexpectedly.

अ-कातर वि० निडर ; undaunted.

अ-काम वि० इच्छारहित, अनभिलाषी, प्रेम से अछूता ; one without desire, uneffected by love.

—मम् क्रिवि० बिना इच्छा के ; unwillingly.

अ-कामतस क्रिवि० बिना इच्छा के ; involuntarily.

अ-कामता स्त्री० काम का अभाव ; freedom from desire.

अ-कारण वि० कारणरहित ; without a cause.

—म् क्रिवि० कारण के बिना ; causelessly.

—णात् क्रिवि० बिना कारण ; without a cause, for no reason.

अ-कार्य वि० न करने योग्य ; not to be done.

—म् न० बुरा काम ; misdeed.

अ-कार्यकारिन् वि० बुरा काम करनेवाला ; an evil-doer.

अ-काल पुं० बुरा समय, खोटे दिन, दुर्भिक्ष ; a wrong or bad time, not a high time, famine.

अ-कालक्षेप -म् क्रिवि० बिना देर के ; without delay.

अ-कालज्ञ वि० समय को न जाननेवाला, समय को न परखनेवाला ; not knowing or appreciating time.

अ-किंचन वि० जिसके पास कुछ न हो, निपट गरीब ; utterly destitute, poor.

अ-किंचिज्ज्ञ वि० जो कुछ न जानता हो ; knowing nothing.

अ-किंचित्कर वि० कुछ न करनेवाला ; effecting nothing.

अ-कीर्तन न० अकथन ; lack of mention.

अ-कीर्ति स्त्री० बदनामी, अपयश ; non-fame, disgrace.

अ-कीर्तिकर वि० बदनामी करनेवाला ; bringing disgrace.

अ-कुञ्चित वि० जो टेढ़ा न हो, सीधा ; not crooked, straight.

अ-कुटिल वि० जो टेढ़ा न हो, सीधा, ईमानदार ; not crooked, straight, honest.

अ-कुण्ठित वि० जो खुंडा न हो, तेज ; not blunted, sharp.

—मति वि० तीव्र मति वाला ; quick-witted.

अ-कुतश्चिद्भय वि० जिसे कहीं से भय न हो ; afraid of nothing.

अ-कुतोभय वि० दे० 'अ-कुतश्चिद्भय'.

अ-कुप्य न० सोना-चांदी ; gold and silver. (कुप्य— √कुप 'to be weak' का विपरीत).

अ-कुर्वत् वि० न करता हुआ ; not doing.

अ-कुल वि० ओछे कुल का ; low-born.

अ-कुलीन वि० ओछे कुल का ; low-born.

अ-कुशल वि० अभागा, अचतुर ; unlucky, unskilled.

अ-कुसीद वि० अगृध्नु, निःस्पृह ; free from avarice or attachment.

अ-कूटात्म वि० निर्व्याज-हृदय, सीधा ; straightforward.

अकूपार (1) पुं०. सं० समुद्र ; ocean. (2) वि० असीम ; boundless.

अ-कृच्छ्र वि० दुःखाभाव वाला ; having no pain.

—म् न० दुर्भाग्य, बुराई ; evil.

अ-कृत वि० न किया हुआ, न तैयार, न पका, अपूर्ण ; not done, unprepared, uncooked, incomplete.

अ-कृतक वि० स्वाभाविक ; natural.

अ-कृतज्ञ वि० कृतघ्न ; ungrateful.

अ-कृतबुद्धि वि० कच्ची समझ का (=पाक) ; of unripe understanding.

अ-कृतविद्य वि० जिसने पढ़ा न हो ; uninstructed.

अ-कृतश्रम वि० जिसने मेहनत न की हो ; having undergone no trouble.

अ-कृतात्मन् [-त+आ-] वि० अपरिष्कृत मन वाला ; of unformed mind.

अ-कृतार्थ [-त+अ-] वि० कार्य में विफल ; one having not accomplished the mission, a failure.

अ-कृष्ट वि० विना खेत जोते पैदा हुआ ; growing wild.

अ-कृष्टपच्य वि० विना हल चलाये पका ; ripe (grown) without ploughing (the field).

—म् न० विना जुता खेत ; untilled soil.

अ-कृष्टरोहिन् दे० 'अ-कृष्टपच्य'.

अक्त (√अञ्ज्) वि० आंखों में अञ्जन डाले हुए ; with collyrium in the eyes.

अ-क्रूर वि० जो क्रूर अथवा कर्कश न हो, नरम, मुलायम ; not hard, tender, gentle.

अ-क्रोध (1) पुं० क्रोध का अभाव, शान्ति, समाई ; negation of anger or wrath, serenity or equanimity. (2) वि० क्रोध न करनेवाला ; not given to anger.

अ-क्रोधन वि० क्रोध से रहित, शान्त ; free from anger, calm.

अ-क्लिष्ट वि० न थका हुआ, क्लेश-रहित, आसान ; unwearied, not difficult, easy.

अ-क्लीव वि० नर, बहादुर ; manly, heroic.

अ-क्लेद्य (√क्लिद्) वि० जो गीला न हो ; not to be moistened.

अक्ष -क्षाः पुं० बहु० जुए के पासे ; dice for playing.

—क्षः पुं० धुरी ; axle.

—क्षम् न० इन्द्रिय ; organ of sense.

अक्ष-ज्ञ वि० जुए में चतुर ; skilled in dice.

अ-क्षत (√क्षण्) वि० जिसे चोट न लगी हो ; uninjured.

—ताः पुं० बहु० धान ; unhusked grain.

—ता स्त्री० कुमारी ; virgin.

अक्षत-केशर वि० जिसके गले के बाल न टूटे हों ; having an uninjured mane.

अक्षन् (=अक्षि) न० आंख ; eye.

अक्षनैपुण -नैपुण्य न० जुए में चातुर्य ; skill in dice.

अक्षप्रिय वि० जुए का शौकीन, जुए में जीतनेवाला ; fond of dice, lucky at play.

अ-क्षम वि० असमर्थ, अशक्त ; unable, incompetent to endure, unfit.

अ-क्षमा स्त्री० ईर्ष्या ; jealousy.

अक्षमाला स्त्री० माला ; rosary.

अ-क्षमिन् वि० निर्दय ; pitiless.

अ-क्षय वि० जिसका क्षय या नाश न हो ; imperishable. तु० 'अक्षयो जलधिः'.

अ-क्षयाम्भस् [-य+अ-] वि० नहीं समाप्त होता है जल जिसका ; possessing inexhaustible water.

अ-क्षर वि० जिसका नाश न हो ; imperishable.

—म् न० वर्ण, परब्रह्म ; a letter, Supreme deity.

अक्षर-न्यास पुं० लिखावट ; writing.

अक्षर-भूमिका स्त्री० पट्टी, स्लेट ; writing tablet, slate. तु० 'न्यस्ताक्षरामक्षरभूमिकायाम्', रघु० 18. 46.

अक्षसूत्र न० रुद्राक्षमाला ; rosary of Rudrākṣas.

अ-क्षार वि० जो खारा न हो ; not pungent.

अ-क्षारलवण वि० जो खारा एवं नमकीन न हो ; not pungent and salty.

अक्षि न० आंख ; eye.

अक्षिकूट न० आंख का कोना ; edge of the eye-socket.

अ-क्षित वि० जो नष्ट न हुआ हो अथवा जो समाप्त न हो ; not destroyed, inexhaustible.

अक्षिनिकाणम् [√कण् बन्द करना] क्रिवि० आंख बन्द करके ; closing the eyes. (अक्षिनिकाणं जल्पति).

अक्षिश्रवस् पुं० सांप ; serpent.

अ-क्षीण वि० स्वस्थ ; sound. तु० अक्षीणं मां कुरु.

अ-क्षुण्ण वि० जिसे चोट न लगी हो, नया, विशिष्ट ; uninjured, new, peculiar.

अ-क्षेत्र न० न जुता खेत या जमीन ; untilled soil.

अ-क्षेत्रिन् वि० जिसके पास खेत न हो ; owning no field.

अक्षोट न० पुं० अखरोट का फल या पेड़ ; a walnut (fruit) or tree.

अ-क्षोभ्य वि० जिसमें क्षोभ न हो, अचल, शान्त ; not to be shaken, imperturbable.

अक्षौहिणी [-क्ष+ऊहिनी] स्त्री० परिपूर्ण सेना (जिसमें २१८७० हाथी हों, २१८७० रथ हों, ६५६१० घोड़े हों, १०९३५० पैदल सिपाही हों); a complete army (consisting of 21870 elephants, 21870 chariots, 65610 horses, 109350 infantry).

अ-खण्ड वि० जिसके टुकड़े न हों, पूर्ण ; indivisible, entire.

अ-खण्डमण्डल वि० पूर्ण मण्डल वाला ; of complete disc.

अ-खण्डित वि० जो टूटा न हो, जिसे चोट न लगी हो ; unbroken, uninjured.

अ-खर्व वि० विशाल ; large.

अ-खिल वि० जिसमें व्यवधान न हो, पूर्ण, सारा ; without a gap, complete.

अ-ग पुं० अचल, पर्वत ; not moving, mountain.

अ-गण्यता स्त्री० असंख्येयता, अनगिनतपन ; countlessness.

—ण्यम् न० सब कुछ ; everything.

अ-गति (1) सं० स्त्री० रास्ता या चारा नहीं, लाचारी ; no way, helplessness. (2) वि० वह जिसकी गति न हो ; one without a shift.

अ-गतिक वि० जिसका चारा न हो ; having no resource left.

—का गतिः, आखिरी चारा ; very last resource.

अ-गद (1) पुं० स्वास्थ्य, दवा, काट ; health, medicine, antidote. (2) वि० रोग-रहित, स्वस्थ ; healthy, wholesome. तु० अगदतन्त्र ; toxicology.

अ-गदकार पुं० वैद्य ; physician.

अ-गम्य वि० जिसके पास न पहुंचा जा सके, जिसके पास नहीं जाना चाहिये, अबोध्य ; inaccessible, that should not be approached (another's wife), unintelligible.

अ-गम्या-गमन न० अगमनीय स्त्री से संबन्ध ; illicit intercourse.

अ-गर्व वि० अभिमान-रहित ; free from pride.

अगस्त्य पुं० एक वैदिक ऋषि। इसी ने दक्षिण में आर्य-सभ्यता का प्रचार किया था ; a Vedic sage. He introduced Aryan civilization into South India.

अगस्त्य-आश्रम पुं० नासिक के पूरब में अकोल्ह के पास ; was situated at Akolha to the east of Nāsik.

अ-गाध वि० जिसकी थाह न हो, अथाह, बहुत गहरा ; not shallow, unfathomable, very deep.

अगार पुं० न० घर, मकान, पंडाल ; house, abode.

अ-गुण (1) पुं० गुणों का अभाव, बुराई, दोष काम क्रोध आदि ; lack of virtue, demerit, defect, vice, vices like lust and anger. (2) वि० निर्गुण, नाचीज, खराब ; void of qualities, worthless, vicious.

अ-गुणीभूत वि० जो गौण न बन गया हो ; not become subordinate.

अ-गुण्य वि० गुणरहित ; worthless.

अ-गुरु वि० [स्त्री-र्वी] जो भारी या दीर्घ न हो, हलका ; not heavy or elongated, light.

—रु, अगरु न० अगर ; aloe wood.

अ-गृध्नु वि० निर्लोभ, उदार; free from avarice, liberal.

अग्नि (√अञ्ज्) पुं० आग, अग्निदेवता, ऋग्वेद का प्रधान देवता ; इसके तीन रूप हैं : सूर्य, विद्युत् एवं यज्ञिय अग्नि ; इसके तीन आवास हैं : आकाश, पृथ्वी एवं जल ; इन्द्र, सूर्य, अग्नि यह त्रयी अत्यन्त पावन है ; Fire, god of fire, the chief god of the Ṛgveda. His three forms are known: sun, lightning and sacrificial fire. Three-fold also is his dwelling: heaven, earth and waters. With Indra and Sūrya, Agni formed a triad of deities, lords respectively of wind, sun, and fire.

अ-गोचर वि० अविषय ; what is beyond reach. अगोचरो वाचाम्=वाणी का अविषय ; beyond description.

अ-गोह्य (√गुह्) जो छिपाया न जाय ; not to be hidden.

अग्निकण पुं० आग की चिनगारी, spark of fire.

अग्निकुण्ड न० हवन की आग के लिये चौखूंटा पात्र या धरती में खोदा गढ़ा ; a square vessel or a pit in the earth for sacrificial fire.

अग्निक्रिया स्त्री० पवित्र अग्नि का परिचरण ; attendance on sacred fire.

अग्निगर्भ वि० अग्नि जिसके भीतर है ; containing fire within.

अग्निगृह न० पवित्र अग्नि का स्थान ; sacred fire-place.

अग्निचय [√चि] पुं० कुण्ड में समिधाओं का चयन ; heaping up the fire-altar with fuels.

अग्नित्रय न० तीन अग्नि (गार्हपत्य, आहवनीय, दक्षिण); the three sacred fires : Gārhapatya, Āhavanīya, Dakṣiṇa.

अग्नि-त्रेता दे० 'अग्नित्रय'.

अग्निध् [-ग्नि √धा] आग जलानेवाला ; fire-kindler.

अग्निमत् वि० [स्त्री -मती] अग्निहोत्र की आग को प्रतिष्ठित करनेवाला ; a twice-born maintaining sacrificial fire.

अग्निवेला स्त्री० यज्ञिय अग्नि को प्रज्वलित करने का समय ; time for kindling sacrificial fire.

अग्निसंस्कार पुं० मृत्यु के उपरान्त शव का दाहकर्म ; burning of the dead.

अग्निहोत्र न० अग्नि में आहुति देना ; fire-sacrifice, an oblation to Agni.

अग्निहोत्रिन् वि० अग्निहोत्र करनेवाला ; offering fire-sacrifice.

अग्न्यगार [-ग्नि+अ-] पुं० अग्निगृह, यज्ञशाला ; place of sacrificial fire.

अग्न्याधान [-ग्नि+आ-] न० दे० 'अग्न्याधेय'.

अग्न्याधेय [-ग्नि+आ-] न० यज्ञिय अग्नि की स्थापना ; placing or setting up of the sacred fire.

अग्न्याहित वि० जिसने अग्नि का आधान किया है ; he who has established fire.

अग्र न० आरम्भ, नोक, चोटी, मुख्य ; front, beginning, tip, top, main.

—म् क्रिवि० पहले ; before.

अग्रजन्मन् वि० बड़ा भाई, ब्राह्मण ; elder brother, a Brahman.

अग्रणी [√नी] -णीः पुं० आगे चलनेवाला, नेता, सबसे अगला ; going in front, leader, foremost. तु० 'अभ्यग्रणीर्मशकृतामृषीणाम्', रघु० 5. 4.

अग्रतः क्रिवि० आगे, आगे को, आरम्भ में, सबसे पहले ; in front, forward, in the beginning, at the head of all.

अग्रदूती स्त्री० आगे संदेश ले जानेवाली ; she-messenger, taking message before or in front.

अग्रद्वीप न० नदिया जिले में बहनेवाली भागीरथी के मध्य एक छोटा-सा टापू ; an island in the Bhāgīrathī in the Nadiā district.

अनवच्छिन्न [अन्- अ- √छिद्] वि० जो पहचाना न गया हो, अलक्षित, निर्बाध ; undistinguished, undefined, uninterrupted.

अनवद्य [अन्- अ-] वि० अनिन्द्य, निर्दोष, सुन्दर ; irreproachable, blameless, faultless, beautiful. तु० अनवद्याङ्गी वनिता.

अनवद्याङ्ग [अन्- अ-] वि० सुन्दर शरीर वाला ; one having faultless or comely body.

अनवन [अन्- अ] वि० मारनेवाला ; killer.

अनवम [अन्- अ-] वि० अनून, अन्यून ; not inferior. तु० 'सुधर्मानवमां सभाम्', रघु० 17. 27.

अनवर [अन्- अ-] वि० श्रेष्ठ ; best.

अनवरत -म् [अन्- अ-] क्रिवि० लगातार ; constantly.

अनवलेप [अन्- अ-] (1) पुं० अभिमान का अभाव, विनय, शालीनता ; lack of pride, humility, nobility. (2) वि० निरभिमान ; humble.

अनवशेष -म् [अन्- अ-] क्रिवि० कुछ न बचा कर ; not keeping anything for future.

अनवसर [अन्- अ-] पुं० असमय, बेमौके ; out of place, improper time.

अनवस्था [अन्- अ-] स्त्री० अव्यवस्थित दशा, असमाप्ति ; unsettled condition, endlessness of statements.

अनवस्थित [अन्- अ-] वि० चञ्चल, डांवाडोल, नास्तिक ; unstable, wavering, faithless, changing.

अनवहित [अन्-अव √धा] वि० जिस का ध्यान बंटा हो ; inattentive.

—**म्** क्रिवि० विना ध्यान के ; inattentively.

अनवाप्त [अन्- अ-] वि० अप्राप्त ; not acquired.

अनवेक्ष [अन्-अव √ईक्ष्] वि० अवेक्षा अथवा ध्यान से रहित ; regardless.

—**म्** क्रिवि० ध्यान से न देखते हुए ; without looking with care.

अनशन [अन्- अ-] (1) न० भोजनाभाव ; abstinence from food. (2) वि० न खाने वाला ; having no food.

अनश्रु [अन्- अ-, स्त्री० -श्रवी -श्रुः] वि० आंसू-रहित, प्रसन्न tearless, happy.

अनस् न० शकट, गाड़ी ; cart. तु० अनड्वाह्.

अनसूय [अन् -अ] वि० असूया-रहित ; not envious.

अनसूया [अन्- अ-] सं० असूया का अभाव, दूसरे के गुणों का अभिमोदन ; lack of envy, appreciation of other's virtues.

अनसूयु [अन्- अ-] वि० अद्वेष्टा ; nonhater.

अनहंवादिन् [अन्- अ-] वि० 'मैं' से ऊपर, घमण्ड से रहित ; free from egotism, free from pride.

अनाकुल [अन्- आ-] वि० जो उलझन में न हो, सुलझा हुआ ; not confused, calm.

अनाकृष्ट [अन्- आ-] वि० न खिंचा हुआ ; not attracted, not drawn towards. तु० 'विषयैरनाकृष्टः'.

अनाख्य [अन्- आ-] वि० नाम-रहित ; divested of name.

अनागत [अन्- आ-] वि० न आया हुआ, भविष्य ; not come, future.—**वती** नहीं आई, भविष्यकालीन ; lying in the womb of future.

अनागतविधातृ [अन्- आ-, -धाता, -धात्री] वि० भविष्य का या न आये का प्रबन्ध कर लेने वाला ; arranging for the future.

अनागस् [अन्- आ-] वि० निष्पाप, निर्दोष ; sinless, blameless.

अनाचार [अन्- आ-] (1) पुं० खोटा आचरण ; bad behaviour. (2) वि० आचार-रहित ; devoid of customary observances, improper in behaviour.

अनातप [अन्- आ-] वि० छायादार, जहां धूप न हो ; shady, free from sun's heat.

अनातुर [अन्- आ-] वि० अनामय, स्वस्थ ; free from suffering, in good health.

अनात्मवत् [अन्- आ- -वती स्त्री] वि० असंयत ; not self-possessed.

अनात्मसंपन्न [अन्-आ-] वि० निरात्मक, मूर्ख, उद्दण्ड ; soul-less, stupid, uncontrolled.

अनात्म्य [अन्- आ-] अजितेन्द्रियता ; lack of discipline, want of affection for family.

अनात्यय (=अनत्यय, अन्-आ-अति √इ) पुं० अनतिक्रम ; nontransgression.

अ-नाथ वि० जिसका रक्षक न हो, असहाय ; with no protector, helpless.

—**थम्** न० क्रिवि० रक्षण का अभाव ; want of protection.

अनादि [अन्-आ-] वि० आदि-रहित ; without beginning, existing from eternity.

अनादिष्ट [अन्-आ √दिश्] वि० आज्ञा न पाया हुआ, अविहित ; unordered, not prescribed.

अनादीनव [अन्- आदी-] वि० दोष (=आदीनव) से रहित, निर्दोष ; blameless.

अनादृत [अन्-आ-] वि० अपमानित ; despised, disregarded.

अनाद्यनन्त [अन्-आ-] वि० जिसका आदि और अन्त न हो ; without beginning and without end.

अनाधि [अन्-आ-] वि० चिन्ता-रहित, बेफिक्र ; free from mental troubles, free from anxiety.

अनाधृष्य [अन्-आ-] वि० जिसका घर्षन न किया जा सके, जिस तक पहुँचा न जा सके ; unconquerable, unapproachable.

अनाप्ति [अन- आ-] स्त्री० न पाना ; failure to obtain.

अनामय [अन्- आ-] वि० नीरोग ; free from disease.

—**यम्** न० आमय का अभाव, स्वास्थ्य ; health.

अनामय-प्रश्न [अन्- आ-] पुं० स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ, कुशल-प्रश्न ; enquiring after health.

अ-नामिका जिसका कोई विशिष्ट नाम न हो ऐसी अंगुली, अंगूठी वाली अंगुली ; ring-finger.

अनामुक्त [अन्-आ- √मुच्] वि० न पहरा ; not worn.

अनामृष्ट [अन्- आ- √मृश] वि० न छुआ हुआ ; untouched.

अनाम्नाय [अन्- आ-] पुं० परंपरा का अभाव : lack of tradition.

अ-नायक वि० विना नेता का ; having no leader.

अनायत्त [अन्- आ-] वि० अवश, स्वतन्त्र ; not dependent, independent.

अनायास -म् [अन्- आ-] क्रिवि० आसानी से, विना तकलीफ, जल्दी ; without difficulty, easily, readily.

अनायासित-कार्मुक [अन्- आ-] वि० अपने धनुष् पर जोर न डालता हुआ ; not plying his bow strenuously.

अनायुध [अन्- आ-] वि० शस्त्र-रहित ; weaponless, defenceless.

अनायुष्य [अन्- आ-] वि० आयु को घटाने या कम करने वाला ; shortening life.

अनारत [अन्- आ √रम्-त] वि० अश्रान्त, सतत, अटूट ; continuous, unbroken.

—**तम्** (=अश्रान्तम्) क्रिवि० विना टूटे, लगातार ; continuously, constantly.

अनारुह्य [अन्- आ √रुह्] (खतरे) में पड़े विना ; without going into (danger or difficult situation).

अनार्य [अन्- आ-] वि० अभद्र, कमीना, आर्य का विपरीत ; ignoble, dishonourable, non-Aryan.

अनार्य-कर्मिन् [अन्- आ-] वि० खोटे काम करनेवाला ; performing the works of a non-Aryan.

अनार्यव [अन्- आ-] न० आर्यों के लिये अनुचित कर्म ; an action unbecoming of an Aryan.

अनार्य-वृत्त [अन्- आ-] वि० खोटा वर्ताव करनेवाला ; behaving dishonourably.

अनार्ष [अन्- आ-] वि० ऋषियों से असंबद्ध ; not belonging to the sages.

अनालोकन [अन्- आ-] न० अज्ञान ; ignorance.

अनाविद्ध [अन्- आ √व्यध्+त] वि० न छिदा हुआ (रत्न) ; not pierced through.

अनाविल [अन्- आ-] वि० साफ-सुथरा ; not dim, clear through.

—**म्** क्रिवि० असंदिग्ध ; without doubt.

अनावृत [अन्- आ-] वि० जो बन्द या घिरा न हो, खुला ; unclosed, open.

अनावृष्टि [अन्- आ-] स्त्री० वर्षा का अभाव, सूखा ; want of rain, drought.

अनाशय [अन्- आ √शी] वि० वासना-रहित, राग-रहित ; free from thought or intentions, expectation, desire or imprints of previous thoughts and actions.

अनाशास्य [अन्- आ-] वि० जिसकी आशंसा या आशा न की जाय ; unwished for.

अनाश्रय [अन्- आ-] (1) वि० निराश्रय, असहाय ; defenceless. (2) पुं० आश्रयाभाव ; non-support.

अनाश्रव [अन्- आ √श्रु] वि० न सुनने वाला ; not lending ear to. तु० 'भिषजामनाश्रवः', रघु० 19. 49.

अनाश्रित [अन्- आ-] आसरे न रहने वाला, परवाह न करने वाला ; not depending upon, not caring for.

अनाश्वस् [अन्- आ √अश् पुं० -श्वान्] वि० न खाया हुआ, जिसने खाया नहीं है ; one who has not eaten.

अनासन्न [अन्- आ-] वि० असमीप, दूरवर्ती ; not near, distant.

अनास्था [अन्- आ-] स्त्री० अश्रद्धा, विमुखता ; indifference.

अनाहत [अन्- आ √हन्] वि० जिसे चोट नहीं लगी है, अनधुला, नया ; not struck, uninjured, unwashed, unbleached, new.

अनाहार [अन्- आ √हृ] (1) पुं० भोजनाभाव ; abstinence from food. (2) वि० भोजन जिसने नहीं किया है ; one who has not eaten.

अनाहिताग्नि [अन- आ-] वि० जिसने पवित्र अग्नि का आधान नहीं किया है ; who has not established sacred fire.

अनाहूत [अन्- आ- √ह्वे] वि० अनबुलाया ; uncalled.

अ-निकेत वि० बेघर, घर-रहित ; homeless.

अ-निगूढ [√गुह्-त] वि० जो छिपा नहीं है ; not concealed.

अ-निग्रह (1) पुं० रोक का अभाव ; lack of restraint. (2) वि० बेरोक ; unrestrained.

अनिच्छा [अन्- इ-] स्त्री० इच्छाभाव, लापरवाही ; indifference.

अनित्यताशनि [-ता+अ-] स्त्री० अनित्यतारूपी वज्र ; thunderbolt of impermanence.

अ-निद्र वि० उनींदा, जागा ; sleepless, wakeful.

अ-निद्रा स्त्री० नींद न आने का रोग ; insomnia.

अ-निन्दित वि० निर्दोष ; faultless, blameless.

अ-निबन्धन-बान्धव वि० अकारणमित्र ; natural friend.

अ-निभृत वि० चपल, संक्षुब्ध ; unsteady, agitated. (अनिभृता वायवः).

अ-निमित्त न० अशकुन ; bad omen.

अ-निमिष वि० आँख न बन्द करने वाला ; not closing the eye-lashes, not winking.

—षम् क्रिवि० आँख बन्द किये बिना ; without closing the eyes.

अ-नियत वि० असंयत, असीमित, अनिश्चित ; unrestrained, unlimited, uncertain.

अ-नियतवेल -म् क्रिवि० अनिश्चित समय पर ; at an uncertain time.

अ-नियतात्मन् वि० असंयत मन ; not having one's mind controlled.

अ-नियन्त्रण वि० न रुका हुआ ; unconstrained.

—णम् क्रिवि० रोक का अभाव, बिना रोक ; no check, without check, freely.

अ-नियम पुं० नियम का अभाव ; lack of rule, lack of limitation.

अ-नियुक्त वि० अनायुक्त, नहीं लगा ; not commissioned, not appointed.

अ-निरूपित वि० नहीं देखा गया, अनिर्दिष्ट ; not viewed, not defined.

अ-निरोध पुं० अप्रतिबन्ध, सीमाका अभाव ; want of restraint, no limit.

अ-निर्णिक्त [√णिज्] वि० पवित्र न किया गया ; not purified, not washed.

अ-निर्दशा वि० (-शा) ब्याने के दस दिन के भीतर की (गौ) ; within ten days of impurity after delivery.

अ-निर्दिष्ट [√दिश्] वि० न दिखाया गया ; unindicated, unspecified.

अ-निर्देशाधर वि० 'अस्तिनास्ति' यह कह कर जिसका निर्देश नहीं किया जा सकता ; which cannot be defined as 'is' or 'is not'.

अ-निर्देश्य वि० दिखाने के अयोग्य ; not to be specified, or explained.

अ-निर्बन्धन वि० अहेतुक ; without a cause.

अ-निर्बन्धरुष् वि० अटूट क्रोध वाला; persistent in anger.

अ-निर्भिन्न [√भिद्] बाहर अप्रकाशित, न फूटा ; not clear outside, not burst out.

अ-निर्वचनीय वि० जो बताया न जा सके ; not to be defined or described.

अ-निर्वाच्य वि० जो बताया न जा सके ; inexpressible, indescribable.

अ-निर्वाण [√वा -ण=त] वि० न ढला हुआ, मज्जन या स्नान रहित (हाथी) ; not yet set, (an elephant) deprived of the plunge in water. तु० 'अनिर्वाणो दिवसः', शा० 3. 19. (prose), 'अनिर्वाणस्य दन्तिनः', रघु० 1. 71.

अ-निर्विण्ण [√विद् -न=त] वि० निर्विषाद, अखिन्न, प्रसन्न ; not despondent, not dejected, happy.

अ-निर्विद् [√विद्] वि० अखिन्न ; not depressed or dejected.

अ-निर्वृत वि० सचिन्त, चिन्ता में पड़ा ; anxious.

अ-निर्वेद पुं० निर्वेद गम या शोक का अभाव, प्रसन्नता ; non-grief, exultation.

अ-निर्वेद-प्राप्य वि० लगातार प्रयत्न से प्राप्त करने योग्य ; to be obtained by ceaseless effort. तु० 'अनिर्वेदप्राप्याणि श्रेयांसि', वि० 4. 55. (prose). Fortunes are not to be obtained by sorrowing.

अनिल [√अन्] पुं० वायु ; air. (तु० अनल=अग्नि).

अनिल-वेग वि० हवा जैसा तेज, तीव्र गति वाला ; speedy or swift like wind.

अ-निविशमान [√विश्] वि० आराम न करता हुआ ; not resting.

अ-निवेशन वि० बेघर ; having no resting place.

अ-निश -म् क्रिवि० लगातार ; continuously.

अ-निशान्त वि० अनिर्वाण, न बुझा हुआ ; not extinguished.

अनिष्ट [अन्- इ-] वि० अनचाहा, बुरा ; unwished, bad.

—ष्टम् न० बुराई, मुसीबत ; evil, calamity.

अनिष्ट-चिन्तन [अन्- इ-] न० बुरा सोचना ; thinking undesirable (about someone).

अ-निसृष्ट वि० अनियुक्त, अनाज्ञप्त ; not ordered, not asked to do something.

अनिह [अन्- इह] वि० इहलोक से उपरत ; detached from this world. (इहार्थाः कृष्यादयो यस्य न सन्ति).

अनीक [√अन्] न० मुख, सामना, नोक, फौज ; face, front, point, army.

अनीकिनी (अनीक-) स्त्री० फौज ; army.

अ-नीचानुवर्तिन् वि० जो नीच के पीछे न चलता हो ; not following a mean person.

अनीजान [अन्- ई- √यज्] वि० जिसने यज्ञ नहीं किया है ; one who has not performed a sacrifice.

अ-नीति स्त्री० खोटी नीति, अदूरदर्शिता, मूर्खता का काम ; bad policy, imprudence, foolish act.

अनीप्सित [अन्- ई- √आप्] अनचाहा, अरुचिकर, मन को न भाता ; unwished for, disagreeable, unpleasant.

अनीश [अन्- ई-] वि० जिसके ऊपर मालिक न हो, असमर्थ, अशक्त ; one who has no superior, powerless, unable.

-शा स्त्री० असमर्थता ; powerlessness.

अनीश्वर [अन्- ई-] वि० नास्तिक, जो ईश्वर को नहीं मानता ; one who does not believe in God.

अनु क्रिवि० पश्चात्, बाद में, तब, फिर, साथ, -की तरफ, पर, -के अनुसार ; afterwards, then, again, along, towards, over, according to.

अनु √अञ्च् (अन्वञ्चति, -ञ्चित) -के पीछे चलना ; to follow in the direction of, go after.

अनु √इ (अन्वेति, अन्वित) पीछे चलना, पीछा करना, नकल करना ; to go after, follow, imitate.

अनु √इष् (अन्विच्छति, अन्विष्ट) ढूंढना, खोजना, चाहना ; to search after, seek, wish.

अनु √इष् (अन्विष्यति, अन्वि अन्वेषित) पीछे जाना, चाहना, ढूंढना ; to follow, seek, search.

अनु √ईक्ष् (अन्वीक्षते, अन्वीक्षित) निगाह से पीछा करना, देखते रहना ; to follow with looks, keep looking.

अनुकच्छ -म् क्रिवि० तट के बराबर-बराबर ; along the bank.

अनुकम्पा स्त्री० दया, अनुक्रोश, करुणा, ; compassion, pity (a sentiment).

अनुकम्पिन् वि० दयालु, कृपालु ; compassionate, pitying.

अनुकम्प्य वि० दयालु, कृपालु ; compassionate.

अनुकर [√कृ] वि० नकल करनेवाला, अनुकरण करनेवाला ; imitating. (तु० 'अनुचर', 'अनुसर' आदि).

अनुकल्प पुं० प्रतिनिधि ; representative.

अनुका स्त्री० कामिनी, कामुका ; passionate woman.

अनुकाङ्क्षिन् वि० चाह वाला ; striving after, eager.

अनुकामीनता यथेच्छकारिता ; the condition of working at will.

अनुकार पुं० नृत्य ; dance.

अनुकारिन् वि० अनुकरण करनेवाला ; imitating.

अनुकीर्ण [√कॄ] वि० भरा, व्याप्त ; crowded, full, pervaded.

अनुकीर्तन न० जिक्र करना, चर्चा करना ; mentioning, proclaiming.

अनुकुष्णाति [√कुष्] सुजाता है, फाड़ता है ; rubs, tears. (तूलेनानुकुष्णाति).

अनुकूल वि० तट पर, अभिमत, मन की करनेवाला, अनुरूप ; on the shore or bank, favourably disposed, agreeable, accordant.

अनु √कृ (अनुकरोति, -कुरुते, -कृत) नकल करना ; imitate.

अनुकृति स्त्री० अनुकरण, साम्य ; imitation, similarity.

अनुक्रम पुं० सिलसिला, तरतीब, तरीका, सूची, तालिका ; succession, order, method, list. तु. 'विस्तरेण त्वनुक्रमः', the list in detail, बृहद्दे० 1. 79.

—मम् क्रिवि० क्रम से ; in due order.

अनुक्रम-ज्ञ वि० सिलसिले या क्रम को जाननेवाला ; one who knows succession, method or order.

अनुक्रमणिका स्त्री० सूची ; table of contents.

अनुक्रमतः क्रिवि० क्रम से ; in succession.

अनुक्रोश [√क्रुश्] पुं० दया, करुणा, कारुण्य, स्यापा ; compassion, pity, the joining in lamenting.

अनुक्षण -म् क्रिवि० हर घड़ी, प्रतिक्षण, लगातार ; every instant, perpetually.

अनुग [√गा or गम्] वि० पीछे चलनेवाला, अनुचर ; follower, a servant.

अनुगति स्त्री० अनुगमन ; following.

अनुगन्तु-मनस् वि० पीछे चलने की इच्छा वाला, पीछे चलने का इच्छुक ; desirous of following, one whose mind is inclined to follow.

अनु √गम् (अनुगच्छति, -गत) पीछे चलना, अनुकरण करना ; to go after, imitate.

अनुगवीन वि० गौ के पीछे-पीछे चलनेवाला ; carefully following a cow. (अनुगवीनो गोपालः).

अनु √ग्रह् (अनुगृह्णाति, अनुगृहीत) मृदु व्यवहार करना, मेहरबानी करना, सहारा देना ; to treat with kindness, favour, oblige, support.

अनुग्रह पुं० मेहरबानी, दया ; favour, kindness.

अनुचर पं० दे० 'अनुग'.

अनुचित [अन- उ-] वि० जो ठीक न हो ; unseemly, improper.

अनु √चिन्त् [-यति] -पर विचार करना ; to reflect upon.

अनुज [√जन्] वि० बाद में जन्म लेनेवाला, छोटा भाई ; born after, a younger brother.

—जा स्त्री० छोटी बहन ; a younger sister.

अनुजात न० जातकर्म के बाद ; after the birth-ceremony (of a child).

अनुजीविन् वि० -परजीनेवाला, आश्रित, अवलम्बी ; living by, dependent or serving.

अनु √ज्ञा [-जानाति, -ज्ञात] अनुमति देना, क्षमा करना, विदा करना, जाने के लिये इजाजत देना ; to permit, forgive, bid farewell, allow one to leave.

अनुज्ञा स्त्री० सहमति, अनुमति ; consent, permission.

अनुज्ञेषणा [-ज्ञा+ए-] स्त्री० अनुज्ञा की प्रार्थना ; request for permission.

अनुतट -म् क्रिवि० तीर पर ; on the bank.
अनुतर्ष [√तृष्] पुं० न० मद्य, तृष्णा ; wine, desire, greed.
अनुताप पुं० पश्चात्ताप ; repentance.
अनुतीर -म् क्रिवि० तीर पर ; along the bank.
अनुत्तम [अन्- उ-] वि० जिससे अच्छा कोई न हो, सर्वश्रेष्ठ ; having no superior or higher, unsurpassed, exceeding all.
अनुत्तर [अन्- उ-] वि० अलङ्घित, उत्तररहित ; unsurpassed.
अनुत्साह [अन्- उ-] पुं० उत्साह का अभाव, दब्बूपन ; want of energy, weakness.
अनुत्सूत्रपदन्यास -सा [अन्- उ-, स्त्री०] वि० नियम के विरुद्ध एक भी कदम या पद जिसमें नहीं है ; without a step against the rules of policy, without a word against grammatical rules.
अनुत्सेक [अन्- उ- √सिच्] पुं० अभिमानराहित्य, विनम्रता ; absence of pride or arrogance. ('अनुत्सेकः खलु विक्रमालङ्कारः').
अनुदक [अन्- उ-] वि० जलहीन, सूखी धरती ; waterless, dry land.
अनुदित [अन्- उ- √इ, √वद्] वि० न उगा हुआ, न कहा गया ; not risen (sun), not said. (अनुदिते जुहोति).
अनुदिन -म् क्रिवि० प्रतिदिन, हर रोज ; every day.
अनुदिवस -म् क्रिवि० दे० 'अनुदिनम्'.
अनुदीर्णवर्ण -म् क्रिवि० (=अनुच्चारिताक्षरम्) विना बोले ; without speaking.
अनुदेश्य [अनु √दिश्] न० श्राद्ध या देवतार्थ भोजन ; food meant for Śrāddha or a deity.
अनुद्घात [अन्- उ-] वि० धक्के से रहित, साफ़-सुथरा ; free from jolts. 'ययावनुद्घातसुखेन मार्गम्', रघु० 2. 72. -तः पु० धक्के का अभाव ; absence of jolts.
अनुद्धत [अन्- उद् √हन्- त] वि० विनत, शालीन ; humble.
अनुद्यम [अन्- उद्-] पुं० परिश्रम का अभाव, हाथ पर हाथ धरे बैठ रहना ; absence of exertion.
अनुद्योग [अन्- उद्-] पुं० उद्योग का अभाव, पड़े रहना ; non-exertion, laziness.
अनुद्वेग [अन्- उद्-] पुं० घबड़ाहट का अभाव, शान्ति ; absence of excitement, calmness.
अनुद्वेजक [अन्- उ-] वि० उत्तेजना न पैदा करनेवाला ; causing no excitement.
अनुध्यान न० चिन्तन, अनुचिन्तन ; thought.
अनुनय [अनु √नी] पुं० मिथ्यतसमाजत, कोपापनयन, प्रार्थना, भद्रता ; supplication, request, courtesy, civility.
अनुनाथन न० प्रार्थना ; requesting.
अनुनादिन् वि० प्रतिध्वनित होनेवाला, गुंजनेवाला ; resounding.
अनुनासिक वि० नाक में बोला जानेवाला (वर्ण) ; a nasal sound. तु० 'मुखनासिकवचनोऽनुनासिकः', P. I. 1. 8.
अनुनिशीथ -म् क्रिवि० आधी रात को ; at midnight.
अनुनीति दे० 'अनुनय'.
अनुपकारिन् [अन्- उ-] वि० उपकार या भलाई न करनेवाला ; not doing a friendly service.
अनुपतन न० पीछा करना ; falling on, following.
अनुपद -म् क्रिवि० पदे-पदे, पीछे-पीछे, सद्यः, जल्दी ; at every step, closely after, quickly.
अनुपदिन् वि० पैड़ देखकर ढूंढनेवाला, पीछा करनेवाला, अन्वेष्टा ; searching by foot-prints, one who searches.
अनुपदीन वि० पैर के नाप की ; fitting the foot. (अनुपदीना उपानत्=पद्प्रमाणा).
अनुपधि [अन्-उप √धा] वि० निश्छल, निर्व्याज ; straight.
अनुपपत्ति [अन्-उप √पद्] स्त्री० सत्ता में न आना, असंभवता, असिद्धि, असंगति ; not coming to pass, impossibility, non-proof, no conclusive argument.
अनुपपन्न [अन्- उप-] वि० अनुपयुक्त, असंगत, अमान्य ; unsuitable, unproved inadmissible.
अनुपप्लव [अन्- उ] पुं० उच्छेद-रहित, बाधारहित ; free from obstruction or calamity.
अनुपप्लुत [अन्- उ-] वि० दोष-रहित, शान्त ; without blemish, serene.
अनुपभोग्य [अन्- उ-] वि० भोग के अयोग्य, खराब ; not fit for enjoyment, bad.
अनुपम [अन्- उ-] वि० अतुल, श्रेष्ठ ; unequalled, best.
अनुपयन् [अन्-उप √इ] पास न जाता हुआ, (स्त्री का) संभोग न करता हुआ ; not approaching sexually.
अनु-परि √क्रम् [अनुपरिक्रामति -क्राम्यति] पीछे चलना ; to follow.
अनुपरोध [अन्- उ-] पुं० अविरोध ; non-opposition.
अनु √पश्य् *or* दृश् [अनुपश्यति, अनुदृष्ट] -पर गौर करना या देखना, विचारना ; to look on or at, consider.
अनुपस्कार [अन्- उप-] वि० अध्याहार-रहित वाक्य ; (a sentence) not requiring supplementing.
अनुपस्कृत [अन्- उ-] वि० अविगर्हित, श्रेष्ठ ; uncensured, best. तु० 'एषोऽनुपस्कृतः प्रोक्तो योगधर्मः सनातनः', मनु० 3. 98.
अनुपहत [अन्- उ-] वि० अक्षत, अदूषित ; uninjured, not made impure.
अनुपाकृत [अन्- उ-] वि० यज्ञ में (मन्त्र बोल कर) न छुआ गया (पशु) ; (an animal) not touched in a sacrifice.

अनुपाख्य [अन्- उ-] वि० अनिर्वाच्य ; not to be explained.

अनुपात पुं० पीछे जाना, झपट्टा, निस्वत ; going after, descending upon in succession, proportion.

अनुपात्यय पुं० अनल्लङ्घन, परिपाटी, वारी ; nontransgression, turn.

अनुपूर्व वि० पहले के सिलसिले में आनेवाला, सिलसिलेवार ; following the one preceding, regular.
—र्वम् क्रिवि० नियत क्रम में ; in regular order.
—र्वशः क्रिवि० (क्रमेण), क्रम में ; in successive order.

अनुपृष्ठ -म् क्रिवि० पीछे-पीछे ; behind, at the back.

अनुपेक्षणीय [अन्-उप √ईक्ष्] उपेक्षा के अयोग्य ; not to be neglected or overlooked.

अनुपेत [अन्-उप √इ] वि० जो गुरु के समीप नहीं पहुंचा है ; one not yet gone to (ones teacher).

अनु -प्र- √अन् (अनुप्राणिति, -प्राणित) पीछे सांस लेना ; breathe after.

अनुप्रदान न० अन्तर्वेदि एवं बहिर्वेदि दान, वृद्धि ; giving gifts (at sacrifice and also otherwise), increase.

अनुप्रवेश पुं० भीतर प्रवेश ; entering into.

अनुप्रश्न पुं० -बारे में पूछताछ ; enquiring after.

अनुप्रहित वि० पीछे-पीछे भेजा ; sent after.

अनुप्राप्त वि० आया हुआ ; come.

अनुप्लव [√प्लु] अनुचर ; attendant. तु० 'सानुप्लवः प्रभुरपि क्षणदाचराणाम्', रघु० 13. 75.

अनुबध्यमान [अनु √बन्ध्, कर्म०] अनुगत ; followed.

अनुबद्ध [√बन्ध्-त] वि० अनुयात, अनुगत ; followed. तु० 'स्वजनानुबद्धः', प्रतिमा० 7. 13. prose.

अनु √बन्ध् (अनुबध्नाति, -बद्ध) अनुसरण करना, देख-भाल करना, बाँधना ; to follow, attend upon, tie.

अनुबन्ध पुं० लगाव, बन्धन, संबन्ध, परिणाम, अन्त, प्रवाह, व्याकरण में इत्संज्ञक वर्ण ; attachment, binding or bond, connection, result, indicative letter called it.

अनुबन्धिन् वि० पीछे बंधा, संबद्ध, परिणामतः प्राप्त ; tied after, connected with, coming or accruing as a result.

अनु-बल न० सेना का पिछला भाग (=पार्ष्णि) ; rear of an army.

अनुबिम्ब पुं० प्रतिबिम्ब ; reflection.

अनुबिम्बन न० प्रतिबिम्बन ; reflection.

अनुभाव [√भू] पुं० तेज, धाक, प्रभाव, मतिनिश्चय, भाव-बोधक गुणक्रियादि अथवा चेष्टा (नाटक में) ; splendour, lustre, influence, fixed mind, sign or indication of feeling (in drama).

अनुभाव-संपद् स्त्री० सामर्थ्यातिशय, प्रबल शक्ति, प्रभावातिशय ; abundance of energy or influence.

अनुभाविन् वि० मृतकों के पश्चात् उत्पन्न, मृतों से छोटा ; younger to those who are dead.

अनु √भू (अनुभवति, -भूत) पाना, निर्णय करना, जानना, सुनना, भोगना ; to achieve, judge, know, hear, enjoy.

अनुभूत वि० अनुभव किया हुआ, देखा ; experienced, perceived.

अनुमत [√मन्] वि० संमत, स्वीकृत ; assented to, approved.

अनुमति [√मन्] स्त्री० सहमति, रजामन्दी, स्वीकृति, वह पूर्णिमा जिस में चन्द्रमा को कला कुछ क्षीण हो ; assent, agreement, permission, that Pūrṇimā in which a digit of the moon is on the wane.

अनु √मन् (अनुमन्यते, -मत) मान लेना, स्वीकार करना, इजाजत देना ; to assent, approve, permit.

अनु √मन्त्र् (अनुमन्त्रयते, -मन्त्रित) (किसी बात पर) कुछ कहना, (किसी से) विदाई मांगना, अनुमति लेना ; accompany (anything) with words, ask (any one) for leave, take permission.

अनुमान न० [√मा] न० (A) विचार, अंदाजा, अटकल, कयास, परिणाम निकालना ; consideration, reflection, guess, conjecture. (B) प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द इन चार प्रमाणों में से एक ; तर्क का साधन। इसके तीन भेद हैं ; one of the four pramāṇas, the means of inferring or drawing conclusion from given premise ; it is of three kinds : पूर्ववत् : is that in which out of two things as perceived on some previous occasion, the one that is not perceived (at the time of inference) is inferred from the perception of the other (as fire is inferred from smoke). शेषवत् : is that in which the cause is inferred from effect. सामान्यतोदृष्ट : is that in which the inference is based upon a general observation.

अनुमा दे० 'अनुमान'.

अनुमार्दव [मृदु-] न० दया, नरमी ; pity.

अनुमित [√मा] वि० अन्दाजे में आया, तर्कित ; inferred.

अनुमिति [√मा] दे० 'अनुमान'.

अनु √मुद् [अनुमोदते -मोदित -मोदयति] खुश होना, समर्थन करना ; to rejoice, approve.

अनुमेय [√मा] वि० अनुमान के योग्य ; inferable, to be inferred,

अनुमोदन न० समर्थन, सराहना; supporting, applauding.

अनु √या (अनुयाति, -यात) पीछे चलना, साथ चलना, पाना, बराबर होना; to go after, accompany, attain, be equal.

अनुयात्र -म् न० पीछे-पीछे चलनेवाला; retinue. तु० 'आश्रमपदद्वारमात्रमपि भरतस्यानुयात्रं भविष्यामः', प्रतिमा० 4. p. 293.

अनुयात्रिक वि० अनुयायी; follower, retinue.

अनुयायिन् वि० दे० 'अनुग'.

अनुयुग -म् क्रिवि० चार युगों के अनुसार; according to the four ages: Kṛta, Tretā, Dvāpara and Kali.

अनुयोग पुं० प्रश्न, पूछताछ; प्रतिपक्षी के मत का आविष्करण, विधि; question, enquiry to clarify opponent's point of view, injunction.

अनुरक्त [√रञ्ज्-त] वि० अनुराग-पूर्ण, प्रणयी, प्रियतम; loving, beloved.

अनुरक्ति [√रञ्ज्] स्त्री० अनुराग, लगी याद; attachment, fondness.

अनु √रञ्ज् (अनुरज्यति) लाल हो जाना, प्रेम में रंग जाना; to become red, be enamoured of.

अनुरथ्या स्त्री० सड़क; footpath, road.

अनुरसित न० प्रतिध्वनि; echo.

अनुरहस -म् क्रिवि० एकान्त में; in privacy, in a lonely place.

अनुराग [√रञ्ज] पुं० अनुरक्ति, प्रेम, स्नेह, लगन; love, attachment.

अनुरात्र -म् क्रिवि० रात में; by night.

अनु √रुध् [कामे -रुध्यते,] पालना, -पर चलना, वश में करना; to follow, cultivate, act according to, control.

अनुरूप वि० सदृश, मुताबिक, जैसा; following the form, conformable, like.

—पम्, —तः क्रिवि० -के अनुरूप या -के अनुपात में; in proportion to, conforming to.

अनुरोध [अनु √रुध्] पुं० प्रार्थना, जोर देकर कहना; earnest asking, consideration.

अनुरोधिन् वि० अनुरोध या प्रार्थना करनेवाला; one who asks earnestly.

अनुलाप पुं० मुहुर्मुहुः कथन, बार-बार कथन; repetition of what has been said.

अनुलेप [√लिप्] पुं० लेपन, लेप; anointing, ointment.

अनुलोम -म् क्रिवि० नियमानुकूल; according to rules.

अनुल्बण [अन्-उ- or -वणा] वि० अधिक नहीं, मामूली; moderate, not excessive.

अनुल्लङ्घनीय वि० न उल्लङ्घन योग्य; not to be infringed.

अनुवंश पुं० वंशावलि; genealogical table.

—शम् क्रिवि० जन्म से, कुल से; by birth.

अनु √वच् (अनुवक्ति, अनूक्त) बांचना, दुहराना, पढ़ना, सहमति देना; to recite, repeat, study, assent.

अनु √वद् (अनुवदति, अनूदित) दूसरी बार कहना, दुहराना, अनुवाद करना; to say again, repeat, translate.

अनुवन -म् क्रिवि० हर वन में; in every forest, in the forest.

अनुवप्र -म् क्रिवि० तट पर; on the bank.

अनुवर्तिन् वि० पीछे चलनेवाला, आज्ञापालक, विधेय; following, obedient.

अनुवश (1) पुं० आज्ञाकारिता; obedience. (2) वि० आज्ञाकारी; obedient.

अनुवाक [√वच्] पुं० पीछे बोला जानेवाला, आवृत्त, अध्याय अथवा वेद का उपभाग; repetition, saying after, a chapter or subdivision of the Veda.

अनुवाक्या (अनूच्यत इति) देवताह्वानो ऋचा; stanzas meant for inviting gods.

अनुवादिन् [अनु √वद्] वि० पीछे बोलनेवाला, सदृश, अनुरूप, अनुवाद करनेवाला; speaking after, in conformity (तु० 'तदनुवादिगुणः कुसुमोद्गमः', रघु० 9. 30.), like, resembling, translator.

अनुवासर -म् क्रिवि० दिन प्रतिदिन; day by by.

अनुवित्तयज्ञ वि० लब्धयज्ञ; one who has obtained (the fruits of) sacrifice.

अनु √विद् [लाभे; —विन्दति —ते, —वेदित] पा लेना, खोज लेना; to find, discover.

अनुविद्ध [√व्यध्+त] वि० छिदा, पिरोया, जड़ा हुआ, आवृत; pierced, strung, set, covered.

अनु- वि √नश् (अनुविनश्यति, -नष्ट) साथ या बाद में नष्ट हो जाना, साथ या बाद में गायब हो जाना; to be destroyed with or after, to disappear with or after.

अनु- √वृत् (अनुवर्तते, —वृत्त, -वर्तयति, -वर्तित) पीछे चलना, साथ रहा, कहा मानना, नकल करना; to go after, follow, attend, obey, imitate.

अनुवृत्ति स्त्री० चालू रहना, आज्ञापालन, चित्तानुरञ्जन, एक सूत्र से शब्द को आगे आनेवाले सूत्र में ले आना; continuance, obedience, showing regard or respect to, carrying on a word from one sūtra to the following sūtra or sūtras.

अनुवेल -म् क्रिवि० मुहुर्मुहुः, हर घड़ी, प्रतिक्षण, लगातार ; every moment, constantly.

अनुवेश्य वि० पड़ोसी के पास घर वाला ; immediate neighbour of the neighbour.

अनु √व्यध् (अनुविध्यति -विद्ध) आर-पार बींध देना, भरना, भीतर घुस जाना; to pierce through, fill, penetrate.

अनुव्याध पुं० संसर्ग ; contact.

अनुव्याहार [अनु- वि- आ √हृ] पुं० शाप ; curse.

अनु √व्रज् (अनुव्रजति, -व्रजित) साथ देना, पीछे चलना ; to go along, accompany.

अनुव्रज वि० अनुगामी ; follower.

अनुव्रज्या स्त्री० अनुव्रजन, अनुगमन ; going after, following.

अनुव्रत वि० श्रद्धावान, संलग्न ; devoted to, attached to.

अनुशय [√शी] पुं० पश्चात्ताप, कोप, खेद, द्वेष ; repentance, anger, enmity, jealousy.

अनु √शास् (अनुशास्ति, -शिष्ट) शिक्षा देना, पढ़ाना ; to instruct, teach.

अनुशासन न० उपदेश, आदेश, सिद्धान्त ; instruction, command, precept, doctrine. तु० 'तन्मनोरनुशासनम्', मनु० 8. 139.

अनुशासितृ [स्त्री० —त्री] वि० अध्यापक ; teacher.

अनुशिष्ट [√शास्] वि० आज्ञप्त, अध्यापित, उपदिष्ट ; ordered, taught, instructed.

अनु √शुच् (शोके, अनुशोचति, —शोचित) पछताना, शोक मनाना ; to repent, mourn over.

अनुशुश्रूषा [√श्रु] आज्ञाकारिता ; obedience.

अनुशोचन [√शुच] न० शोकमनाना ; lamentation.

अनुशोभिन् वि० शोभायमान, शानदार ; splendid.

अनुश्रव [√श्रु] पुं० श्रुति, वेद ; Veda.

अनु √श्रु (अनुश्रृणोति, -श्रुत, -श्रावयति, -श्रावित, -शुश्रूषति) बारबार सुनना, कर्मवाचक, यह सुना जाता है, ऐसी खबर है ; to hear repeatedly, passive: it is rumoured.

अनुषङ्ग [√सञ्ज्] पुं० लगाव, अभिलाष, परिणाम ; attachment, longing, consequence.

अनुष्ठान [√स्था] न० कार्य, कृत्य ; practice, observance.

अनुष्ठि [√स्था स्त्री० -ष्ठ्या तृतीया], प्रयत्नविशेष, उपाय, क्रम ; effort, means, order. (यदैव अनुष्ठ्या चक्षुषा जानाति).

अनुष्ठेय [√स्था] वि० करणीय, अनुष्ठानयोग्य ; to be accomplished, fit to be performed.

अनुष्ण [अन्- उ-] वि० ठण्डा, जो गर्म न हो, उदासीन ; not hot, cold, apathetic.

अनुसंस्थित [√स्था] वि० पीछे चल बसामृत, ; dead. तु० 'प्रमदामनुसंस्थितः शुचा', रघु० 8. 72.

अनु-सम् √वद् [-वदति] साथ बोलना, हां करना ; to speak together, consent.

अनुसंततिपातिन् वि० अविच्छेदवर्ती, लगातार गिरनेवाले ; incessantly hurled (arrows).

अनुसंधान न० ध्यान देना, जांच, खोज ; careful attention, scrutiny, research.

अनुसंधि (1) पुं० अन्वेषण, संयोजन ; search, joining. (2) वि० अविरुद्ध ; not opposed.

अनुसरण [√सृ] न० पीछे चलना, रीति-रिवाज ; going after, custom, usage.

अनुसाय -म् क्रिवि० हरसंध्या (काल) की ; each evening.

अनुसार [√सृ] पुं० पीछे जाना, पीछा करना, रिवाज, परिणाम ; following, custom, consequence. तु० 'शब्दानुसारेण अवलोक्य', शा० 7. 13 ; 'व्याघ्रानुसारचकितः', प० p. 422.

—रम् क्रिवि० अनुकूल, मुताबिक ; according to.

अनुसारिन् वि० पीछे चलनेवाला, अनुगामी ; following, going after, attendant on.

अनुस्तनित न० मेघगर्जित ; rumbling of the thunderclouds.

अनु √स्था (अनुतिष्ठति) पास खड़ा होना, करना, पालना, पूरा करना, शासन करना, उपासना करना ; to stand near, execute, perform, carry out, rule, worship.

अनुहरते [√हृ] -के समान है ; resembles.

अनुहार [√हृ] पुं० सादृश्य ; resemblance.

अनूक्ति [अनु- उ-] स्त्री० अनुवचन ; repetition.

अनूचान [√वच्] वि० साङ्ग वेद का अध्येता एवं प्रवक्ता, विद्वान् ; one who studies the Veda along with subsidiaries, learned.

अनून [अन्- ऊन] वि० जो कम न हो, अन्यून, पूरा ; not less, not inferior, full, great. तु० अनवम=न अवमः.

अनून-कन्धर [अन्- ऊन-] वि० स्थूलग्रीव ; having a massive neck.

अनूप [अनु- अप्-] (1) न० जलप्राय स्थान, जल के निकट का स्थान, तट, डावर, दहर की जमीन ; place near water, bank of river, marshy place, moorland. (2) पु० अनूप नामक जनपद, जिसकी राजधानी माहिष्मती थी ; the ancient Anūpa Janapada with its capital at Māhiṣmatī.

अनूरु [अन्- ऊरु] पुं० सूर्य का सारथि, अरुण (=उषा); the thighless (dawn), sun's charioteer.

अनृच [अन्- ऋ-] वि० जिसने ऋग्वेद नहीं पढ़ा है ; one who has not studied the Ṛgveda.

अनृण [अन्- ऋ-] वि० अनृणी ; free from debt.

अनृत [अन्- ऋ-] वि० असत्य, मिथ्या, झूठ ; untrue, false. —तम् सं० धोखा, झूठ ; deceiving, lie.

अनृत-संगर वि० प्रतिज्ञा को तोड़ देने वाला ; one breaking one's promise.

अनृत-संहित [-हिता] वि० समझौते या वायदे को तोड़ देने वाला ; not keeping engagement, attached to falsehood.

अनृताभियोग पुं० मिथ्याभिशंसन, झूठा आरोप ; false accusation.

अनेक [अन्- एक] वि० एक नहीं, कई, विविध ; not one, many, various.

अनेकत्व न० बहुत्व ; plurality.

अनेकधा क्रिवि० बहुत हिस्सों में, अनेक प्रकार से, कई बार ; into many parts, in many ways, on many occasions.

अनेक-प [अन्- एक √पा] पुं० जो एक से नहीं पीता, (द्विप=) हाथी ; elephant.

अनेक-युद्धविजयिन् [अन्- एक-] वि० अनेक युद्धों में जीतने वाला ; victorious in many battles.

अनेक-रूप [अन्-एक-] वि० अनेक रूपों वाला ; multiform.

अनेक-विध [अन्- एक-] वि० बहुविध, अनेक प्रकार का ; manifold.

अनेकशः [अन्- एक-] क्रिवि० एक से अधिक संख्या में, कई वार, विविध प्रकार से ; in large numbers, several times, by several methods.

अनेकसंख्य [अन्- एक-] वि० बहुत अधिक (संख्या में) ; very numerous.

अनेकसंशयोच्छेदिन् [अन्- एक-] वि० अनेक संशयों को काट देने वाला ; dispelling many doubts.

अनेकार्थ [अन्- ए-] वि० एक से अधिक अर्थों वाला (शब्द); (a word) having more than one meaning.

अनेनस् [अन्- ए-] वि० निष्पाप, निर्दोष ; sinless, blameless.

अनेहस् [अन्- ए-] पुं० अविनाशी, काल ; not to be destroyed, time.

अनोकह [अन्- ओकस् √हा] जो घर को न छोड़ता हो, पेड़ ; a tree (which does not leave its home, i.e. place).

अनोजस् [अन्- ओ-] वि० अशक्त, निर्बल, बिना पानी या ओज का ; powerless, feeble.

अनौचित्य [अन्- औ-] औचित्य या औचिती का अभाव ; inappropriateness.

अनौषध [अन्- औ-] (1) न० दवा नहीं ; no remedy. (2) वि० असाध्य ; incurable.

अन्त (1) पुं० स्वरूप, छोर, किनारा, सीमा, सामीप्य, खात्मा, मृत्यु, अन्तिम अक्षर (व्याक०), परिणाम, हल, फैसला ; form or shape, border, edge, limit, proximity, end, death, final letter (gr.), conclusion, solution, settlement. (2) वि० रमणीय ; beautiful.

अन्तःकरण न० भीतरी इन्द्रिय, मन, हृदय ; the internal organ, the seat of thought, mind, heart.

अन्तःपुर (पुरस्यान्तः) न० रनवास ; harem.

अन्तःपुरिका स्त्री० रनवास की स्त्री ; a woman of the harem.

अन्तःसंज्ञ वि० भीतरी चेतना वाला ; internally conscious.

अन्तःसार पुं० भीतरी सार ; inner content.

अन्तःस्तम्भ पुं० मध्य स्तम्भ ; the middle pillar.

अन्तःस्थ वि० बीच का (=य र ल व वर्ण ; स्वर और व्यञ्जनों के बीच) ; interior, semi-vowels.

अन्तः √स्था (अन्तस्तिष्ठति) रास्ते में खड़ा होना, रोकना-टोकना ; to stand in the way of, stop.

अन्तःस्वस्तिकद न० चतुरङ्ग का वह क्रीडाचक्र जिसके मध्य बहुत से स्वस्तिकचिह्न रहते हैं ; four-handed dice-chess-board within which are many svastikas (crosses).

अन्तक (1) वि० अन्त करने वाला ; one who ends, one who kills. (2) पुं० मृत्यु, यम (मृत्यु का देवता) ; death, Yama (the god of death).

अन्तकर वि० अन्त करने वाला ; end-making, killer.

अन्तकाल पुं० मौत की घड़ी ; hour of death.

अन्तकृत् पुं० मृत्यु, यम ; death, Yama.

अन्ततः क्रिवि० समाप्ति से, अन्त में ; from the end, at the end, finally.

अन्तता अन्त करना, नाश का कारण बनना ; condition of being the cause of destruction.

अन्तपाल पुं० सीमा का सन्तरी ; boundary watchman.

अन्तर् क्रिवि० भीतर, अन्दर में ; within, inwards.

अन्तर [अन्त- तर] वि० (a) भीतरी, समीप, पड़ौस या पास का, दिली, दूसरा या बाह्य (अन्तरे अन्तरा वा गृहाः= बाह्याः), परिधानीय (तु० अन्तरे अन्तरा वा शाटकाः) ; inner, near, hearty, exterior.

अन्तर वि० (b) भिन्न, दूसरा ; different, other.
—रम् न० भीतर, अन्तराल (बीचका), दूरी, प्रवेश, समय, मौका, छिद्र, भेद, विशेषता ; the inside, interval, distance, entrance, time, opportunity, weak point, difference.
—रा, -रेण, -रे क्रिवि० बीच में ; in the middle.

अन्तरङ्ग वि० भीतरी, दिली, संबन्धी ; inner, interior, intimate, akin.

—ङ्गम् न० भीतरी इन्द्रिय, अन्तःकरण ; internal organ, heart.

अन्तर-ज्ञ वि० भेद जानने वाला, विवेकी ; discriminating.

अन्तरतम वि० सदृशतम ; most resembling. तु० 'स्थानेऽन्तरतमः, P. 1. 1. 50.

अन्तर-प्रभव वि० संकरजाति ; mixed caste.

अन्तर-प्रेप्सु वि० मौके की ताक में रहने वाला ; wishing to obtain an opportunity.

अन्तरयति छिपाता है ; conceals.

अन्तरस्थ (1) वि० भीतरी ; inner. (2) पुं० जामिन, गवाह ; surety, witness.

अन्तरागार [-र- आ-] न० घर का भीतरी भाग, अन्तःपुर ; interior of a house, harem.

अन्तरात् क्रिवि० बाहर से, पश्चात् ; out of, after.

अन्तरात्मन् पुं० हृदय, आत्मा, तत्त्व ; heart, soul, substance.

अन्तरान्वेषिन् [-र- अ-] मौके की ढूंढ में ; seeking a proper opportunity. तु० 'यावत्त्वामिन्द्रगुरवे निवेदयितुमन्तरान्वेषी भवामि', शा० 7. 120.

अन्तराय [अन्तर √इ] पुं० बीच में आने वाला, रुकावट, बाधा, विघ्न ; obstacle, hindrance, hurdle.

अन्तराल (क) न० बीच का स्थान, मध्यवर्ती समय ; intermediate space, intermediate time. तु० 'दक्षिणस्याः पूर्वस्याश्च दिशोऽन्तरालं दक्षिण-पूर्वम्', सिद्धान्त० on P. 2. 2. 26.

—ले इसी बीच ; meanwhile.

अन्तरावेदि स्त्री० दे० वरण्डक.

अन्तरिक्ष [अन्तरि √क्षि] न० आकाश ; mid-region, sky.

अन्तरित [√इ] वि० निवृत्त, अलग किया, बीच में पड़ा, छिपा ; retired, separated, intervening, distant, hidden, concealed.

अन्तरीप -म् न० वह स्थान जिसके तीन ओर जल हो (दे० 'द्वीप') ; an island, promontory, head land.

अन्तर्गत वि० भीतर या अन्दर गया हुआ, भीतरी, गुप्त ; gone in, inner, concealed, included.

अन्तर्गिरि पुं० संताल परगना के राजमहल पहाड़ में ; in the Rājamahal hills in the district of Santāl Parganas.

अन्तर् √धा (अन्तर्दधाति) बीच में रखना, ढक देना, (भाव०) गायब हो जाना ; to put between, cover, (Pass.) to disappear.

अन्तर्धा स्त्री० व्यवधान, छिपाना ; intervention, concealing.

अन्तर्धान [√धा] न० लुप्त हो जाना, गायब हो जाना ; hiding, disappearance.

अन्तर्धि [√धा] पुं० व्यवधान, मारण, अदर्शन ; intervention, interposition, killing, disappearance.

अन्तर्धिन् (√धा) पुं० दास ; slave.

अन्तर्नगर न० राजमहल ; palace of a king.

अन्तर्बाष्प (1) पुं० रुकी आंसू, रुंधा रुदन ; suppressed tears. (2) वि० आंसुओं को रोकनेवाला ; retaining tears.

—ष्पम् क्रिवि० आंसू रोकते हुए ; suppressing tears.

अन्तर्भाव पुं० अन्दर आ जाना ; inclusion.

अन्तर्भूमि स्त्री० भूमि का भीतरी भाग ; interior of earth.

अन्तर्मुख वि० प्रत्यग्दर्शी, बाह्यासक्तिशून्य ; looking inside, not attracted by external things.

अन्तर्य वि० भीतरी ; inner.

अन्तर्वत्नी [अन्तर्- वत्] स्त्री० पेट वाली, गर्भवती ; pregnant, big with child.

अन्तर्वेदि क्रिवि० वेदि में ; situated within the sacrificial ground.

अन्तर्वेदी गङ्गा तथा यमुना का मध्यवर्ती प्रदेश ; the region between the Ganges and the Yamunā and between Prayāga and Haradvāra.

अन्तर्हित [√धा] वि० छिपा हुआ, गुप्त, मन की बात ; concealed, placed in the heart, secret.

अन्त-विरस वि० अन्त में विनाशी, गत्वर ; momentary.

अन्तश्चर पुं० अन्तेवासी ; pupil.

अन्ति क्रिवि० संमुख, सामने, पास ; opposite, before, near.

अन्तिक (तु० नेदीयस्, नेदिष्ठ) (1) न० सामीप्य, सांमुख्य ; vicinity, presence. (2) वि० समीप ; near.

—कम् क्रिवि० समीप, तक, तरफ ; near, up to, towards.

—कात् क्रिवि० पास से ; from near. —के पास, उसकी उपस्थिति में ; near, in the presence of.

अन्तिम [अन्ति- तम=अन्तम] वि० अन्त का, आख़िरी ; last, final.

अन्तिमाशा [-मा+आ-] पश्चिम दिशा ; west.

अन्तेवास पुं० पड़ोसी, साथी ; neighbour, companion.

अन्तेवासिन् वि० पास रहने वाला, शिष्य ; pupil, who dwells near his master=pupil.

अन्त्य वि० अन्त का, आख़िरी, निम्नतम, निकृष्ट, चाण्डालादि ; being at the end, lowest, Cāṇḍāla etc.

—न्त्यः निचली जात का ; of the lowest caste.

अन्त्य-ज [√जन्] वि० निचली जाति में पैदा हुआ ; born in the lowest caste.

अन्त्य-जाति (1) वि० नीच जात का ; having lowest caste. (2) स्त्री नीच जाति ; lowest caste.

अन्त्य-योनि दे० 'अन्त्य-ज'.

अन्त्य-स्त्री नीच जाति की स्त्री ; woman of the lowest caste.

अन्त्यावसायिन् [अन्त्य+अव-] चाण्डाल से निषाद स्त्री मे उत्पन्न ; a man born of a Cāṇḍāla in a Niṣāda woman.

अन्त्येष्टि [अन्त्या+इष्टि, √यज्] स्त्री० अन्तिम संस्कार ; funeral rites.

अन्त्र [√अन्] न० आन्त्र, आंत ; entrails.

अन्दू स्त्री० हाथी के पैर की जंजीर ; chain for an elephant's foot.

अन्ध (1) वि० अन्धा, अंधेरा, गहरा, पंकिल (जल) ; blind, dark, deep, muddy (water). (2) न० अन्धकार ; darkness.

अन्धकवर्तकीय (-न्यायः) पुं० अन्धे के हाथ में बटेर, अतर्कितोपतन, अचानक ; a quail in a blind man's hand, accidental.

अन्धकार (1) वि० धुंधला ; dim. (2) -रम् न० अंधेरा, अज्ञान ; darkness, ignorance.

अन्धकूप पुं० छिपा कूप ; hidden well.

अन्धतमस न० गाढ ध्वान्त, घना अंधेरा ; thick darkness.

अन्धतामिस्र न० गहन अन्धकार ; blind gloom.

अन्धस् न० अन्न ; food.

अन्धिका स्त्री० रात्रि ; night.

अन्धु पुं० कूप ; well.

अन्ध्र पुं० तैलङ्गाना ; region of Telangana.
—न्ध्राः यहाँ के निवासी ; inhabitants of Telangana.

अन्न [√अद्] न० भोज्य ; food (specially rice).

अन्नदोष पुं० निषिद्ध अन्न को खाना ; eating forbidden food.

अन्नपक्ति स्त्री० अन्न का पकाना ; cooking of food.

अन्नपति पुं० भोजन का स्वामी, महानसाध्यक्ष ; the lord of food or kitchen.

अन्नपान-परिच्छद [-दा स्त्री] वि० भोज्य, पेय एवं वस्त्र आदि से संपन्न ; having food, drink and dress.

अन्नप्राशन [अन्न- प्र+अ-] न० एक संस्कार, जिसमें पहले-पहल शिशु को अन्न खिलाया जाता है ; rice-feeding ceremony.

अन्नभाग पुं० भोजन का भाग ; a share of food.

अन्नमय (1) वि० अन्न से बना ; made from food. (2) -यम् न० अन्न की अधिकता ; excess of food.

अन्नरस पुं० भोज्य और पेय, अन्न का सत ; food and drink, essence of food.

अन्नवत् वि० अन्न वाला, प्रभूत अन्नसंपन्न ; provided with food, rich in food.

अन्नसंस्कार पुं० भोजन बनाना ; dressing viands or preparation of food.

अन्नाद्य [-न्न+अ-] न० तिल, यव, व्रीहि आदि भोज्य ; food, nutritious food.

अन्य वि० दूसरा, भिन्न, अतिरिक्त, विशेष ; other, different, else, particular.

अन्य-अन्य वि० परस्पर ; mutual, one another, the one the other.

अन्यतः क्रिवि० दूसरी तरफ से, दूसरी ओर, एक ओर ; from elsewhere, from another direction, on the other side, on the one side.

अन्यतम वि० बहुतों में से एक, कोई एक ; one in many, some one.

अन्यतर वि० दो में से एक ; either of the two.

अन्यत्र क्रिवि० और जगह, दूसरे समय में, अन्य अवसर पर, अन्य विषय में, सिवाय, विना ; elsewhere, at other time, on another occasion, in the other case, except, without.

अन्यथा क्रिवि० नहीं तो, अन्य प्रकार से ; otherwise, in a different way.

अन्यथा गृह्णाति गलत लेता है ; mistakes.

अन्यथा-प्रथा स्त्री० विपरीत मान ; appearing different.

अन्यथा-भाव पुं० परिवर्तन ; change.

अन्यथा-वादिन् वि० झूठी गवाही देने वाला ; giving false evidence.

अन्यथा-वृत्ति वि० बदला हुआ, बदली हुई है वृत्ति जिसकी ; changed, of altered disposition.

अन्यथा-सिद्ध वि० गलत तरह से सिद्ध किया, दूसरे प्रकार से सिद्ध, असार ; wrongly proved or established otherwise, unessential.

अन्यदा क्रिवि० दूसरे समय पर, एक दिन, एक बार, कभी ; at another time, one day, once, sometimes.

अन्य-पुष्ट पुं० कोयल ; cuckoo (reared by others).

अन्येद्युः क्रिवि० दूसरे दिन, आने वाले दिन, एक बार ; on the other day, on the following day, once.

अन्योदर्य [-न्य+उ-] (1) वि० दूसरे पेट से पैदा ; born from another womb. (2) -र्यः पुं० सौतेला भाई ; step-brother.

अन्योन्य दे० 'अन्य-अन्य'.

अन्योन्य-कलह पुं० आपसी झगड़ा ; quarrelling together.

अन्योन्याभाव पुं० एक दूसरे का अभाव ; mutual non-existence.

अन्वक्-स्थानिन् वि० पिछले या निचले स्थान वाला ; of lower stand.

अन्वञ्च् [अनु √अञ्च्] (1) वि० पीछे चलने वाला ; going after. (2) सं० पीछे होना ; being behind. (3) —क् क्रिवि० पीछे, बाद में ; behind, after.

अन्वय [अनु √इ] पुं० संतान, वंश, संबन्ध, (वाक्य में) पद-संबन्ध ; progeny, family, connection, (logical) connection between words (in a sentence).

अन्वय-ज्ञ [√ज्ञा] वि० वंशावलि को जानने वाला, अन्वय को जानने वाला ; one who knows the lineage, one who knows the logical connection of words in a sentence.

अन्वयव्यतिरेकिन् वि० संबन्ध एवं व्यतिरेक वाला ; connected with and excluded from a thing.

अन्वयिन् [अनु √इ] वि० अनुचर ; attendant.

अन्वर्थ-संज्ञा स्त्री० वह संज्ञा, जिसका अर्थ स्पष्ट हो, सार्थक नाम; term whose meaning is clear, suitable name.

अन्ववसर्ग पुं० मनचाहा करने की अनुज्ञा ; permission to act at will (P. 1. 4. 96.).

अन्ववसित [अनु -अव √सा] वि० संबद्ध, -तक पड़ी हुई ; connected. (नदीमन्ववसिता सेना).

अन्ववस्येद् [अनु- अव √सा=अवसीदेत्] काम छोड़ दे, विरत हो जाय ; should give up work.

अन्ववाय पुं० वंश ; family.

अन्वष्टका कृष्णपक्ष की नवमी ; Navamī of the dark half.

अन्वहम् क्रिवि० प्रतिदिन ; every day.

अन्वादिष्ट वि० फिर से कहा गया ; mentioned again referring to the previous.

अन्वाधेय [√धा, -यम् धनम्], विवाहोपरान्त पति से प्राप्त धन ; wealth coming from husband after marriage.

अन्वाहार्यपचन पुं० वह अग्नि जिस पर भोजन पकाया जाता है ; fire used for cooking.

अन्वित [√इ] वि० अनुगत, सहित ; accompanied by.

अन्वेषिन् [अनु+एष-] वि० खोजने वाला, अन्वेषण करने वाला; one who seeks, one who inquires or investigates, searching.

अप् स्त्री० जल ; water. (आपः, केवल बहुवचन में).

अप क्रिवि० दूर, -से दूर, -के बिना ; away, forth off, away from, without or except.

अप √अन् (अपानिति) सांस बाहर निकालना ; to exhale.

अप √अस् (अपास्यति, अपास्त) त्याग देना, फेंकना ; to abandon, throw.

अप- आ- √कृ (अपाकरोति, -कृत) दूर करना, हटाना, नष्ट कर देना ; to drive away, remove, destroy.

अप -आ √वृ (अपावृणोति, -वृत) खोलना ; to uncover, open.

अप √इ (अपैति, अपेत) परे जाना, हट जाना, अदृश्य हो जाना ; to go away, get away, disappear.

अप √ईक्ष् (अपेक्षते, -पेक्षित) चहुँ ओर निहारना, निगाह डालना, लिहाज करना ; *to look around, have* regard to.

अपकर्षण [√कृष्] न० हटाना, नीचे को ओर खींचना, (वस्त्र) उतारना ; taking away, drawing down, taking off (garments).

अपकल्मष वि० पाप से दूर ; free from sin.

अपकार पुं० दूसरे का बुरा करना, हानि, चोट, ओछा काम ; doing evil unto others, loss, damage, mean or hostile act.

अपकारगिर् स्त्री० भर्त्सन ; threatening.

अपकारिन् वि० क्षति पहुंचानेवाला, बुरा करनेवाला ; causing injury, evil-doer.

अप √कृ (अपकरोति, अपकृत) हटाना, बुरा करना ; to remove, hurt.

अपकृत न० हानि ; injury.

अपकृष्ट वि० नीचे खींचा गया, नीच, अधम ; brought down, taken down, low, vile ; तु० 'न कश्चिद्वर्णानामपथमपकृष्टोऽपि भजते', शा० 5. 10.

अपकृष्य [अप √कृष्] हटा कर ; removing. 'अपकृष्य च लज्जां सा-', नलो० वन० 69. 33.

अप √क्रम् (अपक्रमते, अपक्रान्त) दूर हो जाना ; to go away.

अपक्रमण न० अलग चले जाना, पीछे लौटना, परे जाना ; going away, turning back, going off.

अपक्रिया स्त्री० अपकार ; injury, wrong, wrong use.

अ-पक्व (√पच्) वि० कच्चा, न हजम हुआ ; unripe, undigested.

अपक्षतित्व न० निर्बाधता ; non-obstruction.

अपक्षय [√क्षि] पुं० ह्रास ; decrease.

अपगतासु [-गत+असु] वि० प्राण-हीन ; lifeless, dead.

अप √गम् (अपगच्छति, अपगत) दूर जाना, दूर हो जाना, गायब हो जाना ; to go away, be away, disappear.

अपगम पुं० बिछुड़ाव, प्रस्थान, बीत जाना, मृत्यु ; separation, departure, passing away, death.

अप √गा (√गाङ्) दूर हो जाना, चल बसना ; to go away, pass away.

अप √ग्रह् (अपगृह्णाति, अपगृहीत) ले लेना, अलग कर देना ; to take away, separate.

अपघन -नाः (1) पुं॰ अङ्ग ; limb. (2) वि॰ बादलों से रहित ; cloudless.

अपचय (√चि) पुं॰ घटती (उपचय का विपरीत) ; decrease.

अप √चर् (अपचरति, -चरित) गलती करना ; to act wrongly.

अपचार [√चर्] पुं॰ बुराई या कमी, अपराध, खोटा या विरुद्ध आचरण ; defect, fault, improper conduct.

अपचारिणी स्त्री॰ व्यभिचारिणी ; unchaste.

अपचित₁ वि॰ पूजित, कृश ; honoured, slender.

अपचिति₂ (1) [अप √चि] स्त्री॰ पूजा, संमान ; honour, reverence. (2) हानि, व्यय, निष्कृति ; loss, expenditure, redress. तु॰ 'अवमानस्यापचितिमन्विष्यामि', प्रयौ॰ iii. p. 92.

अपची स्त्री॰ कण्ठमाला ; enlargement of glands of the neck.

अप-च्छाय वि॰ विना छाया का ; unshadowed.

अ-पतिघ्नी वि॰ पति को न मारनेवाली ; not killing her husband.

अ-पतिव्रता वि॰ पतिव्रत को न पालनेवाली, दुराचारिणी ; an unfaithful wife, faithless woman.

अप-त्य [अप- त्य] न॰ अपने से विसृष्ट, संतति ; offspring, child.

अपत्य-कृतिका स्त्री॰ गोद ली पुत्री ; adopted daughter.

अप-त्रप वि॰ निर्लज्ज ; shameless.

अ-पथ (1) न॰ मार्ग का अभाव, खोटी राह, अमार्ग (अपथानि गाहते मूढः), अविषय ; lack of way, improper way, beyond path, not subject to. (2) वि॰ विना रास्ते का ; without way (अपथो देशः).

अ-पथ-प्रपन्न वि॰ खोटी राह पर पड़ा ; gone to a wrong path.

अ-पथिन् (अपन्थाः) पुं॰ मार्ग का अभाव ; lack of way.

अ-पथ्य न॰ कुपथ्य, रोगी के लिये हानिकर ; unwholesome, unsuitable.

अप-दान न॰ वीरकर्म, उचित कर्म, पूर्वचरित ; heroic deed, work properly done, work done before.

अ-पदान्तर वि॰ संसक्त, सटा हुआ, व्यवधानरहित, ; close, without interstices.

अपदिश न॰ अवान्तर दिशा ; intermediate quarter.

अपदिश्य [अप- √दिश्+ल्यप्] लक्ष्य करके ; aiming at.

अपदृष्टि स्त्री॰ अनादर दिखाना, न देखना ; looking with disrespect, not looking.

अपदेश पुं॰ व्याज, बहाना, मिस, लक्ष्य ; pretext, aim.

अप-दोष वि॰ निर्दोष ; faultless.

अप √धाव् (अपधावति, -धावित) कहे से हट जाता है ; deviates from what he said before.

अपध्वंस पुं॰ पतन ; falling away, degradation.

अपनय पुं॰ हटा लेना, निकाल देना, अपकार ; taking away, expulsion, hurt, injury. तु॰ 'ततः सपत्नापनयस्मरणानुशयस्फुरा', माघ॰ 2. 14.

अपनिद्र वि॰ जागा, विकसित ; awakened, blooming.

अप √नी [अपनयति, -नीत] परे ले जाना, उठा रखना, हटा लेना, परे हांक ले जाना ; to lead away, put off, remove, drive away.

अपनीत वि॰ हटाया हुआ, दूर किया हुआ ; taken away or taken off, removed.

अपपर्यावर्तेत [अप- परि- आ √वृत्, Opt.] बाईं ओर से हो कर जावे ; should go by the left side.

अपपात्र वि॰ धोबी आदि निम्न लोग, जिनके बरतन छूने निषिद्ध हैं ; washermen etc. (in whose vessel a Brahmacārin should not eat).

अपभ्रंश पुं॰ अपशब्द, प्राकृतों के बाद की संस्कृत की स्टेज ; wrong expression, Indo-Aryan speech at the stage succeeding that of the Prakrits.

अपभ्रष्ट [√भ्रंश्] वि॰ गिरा हुआ ; fallen off.

अप √मन् (अपमन्यते, —मत) तिरस्कार करना ; to despise.

अपमान पुं॰ अवमान बेइज्जती, तिरस्कार ; disrespect, humiliation.

अप √मृज् [-मार्ष्टि,-मृष्ट] मांजना, दूर करना, धो डालना, शोध देना ; to cleanse, purify.

अपमार्जन [√मृज् णि॰] न॰ साफ करना ; cleansing.

अपमृत्यु स्त्री॰ बेसमय मौत ; untimely death.

अपयशस् -शः न॰ बेइज्जती, कुख्याति ; dishonour.

अपयान न॰ प्रयाण ; departure.

अपर वि॰ पिछला, बाद का, पीछे आने वाला, पश्चिमी, -के पश्चिम में, हाथी का पिछला पैर, घटिया, दूसरा, -से भिन्न ; hinder, later, following, western, to the west of, the hind foot of elephant, inferior, other, different from. —रा (आशा) पश्चिम दिशा ; western quarter.

—रम् क्रिवि॰ बाद में, भविष्य में, पीछे ; subsequently, in the future, after.

अपर-ज (√जन्) वि॰ बाद में पैदा हुआ ; born later, younger brother.

अपर-जलधि पुं॰ पश्चिमी समुद्र ; western ocean.

अपरतस् क्रिवि॰ और जगह ; elsewhere.

अपरथा क्रिवि॰ अन्यथा, अन्य प्रकार से ; otherwise, in a different manner.

अपर-पक्ष पुं॰ दूसरा पखवाड़ा, महीने का पिछला पक्ष, विरोध

पक्ष ; the latter half of the month, the opposite side.

अपरपर्यन्त पुं० नाश ; destruction.

अपर -म् क्रिवि० आगे, इसके अतिरिक्त, और भी ; further, moreover, besides.

अपररात्र पुं० रात्रि (त्रियामा) का पश्चिम याम ; the latter part of the night.

अपराग पुं० अप्रीति, शत्रुता ; enmity.
—ता दे० 'पेशानी'.

अ-पराङ्मुख [अ-पराच्+मुख] जिसका मुंह न मुड़ा हो, जो पराङ्मुख न हो ; not turning the back (lit. the face), not withdrawing.

अ-पराजित वि० न हराया गया ; not conquered.

अपराद्ध [अप √राध्+त] वि० (A) जिसने गलती की है, अपराधी ; having erred, guilty. —द्ध (B) व्यतीत, अतिक्रान्त, चूका, स्खलित ; trespassed, gone astray. 'अपराद्धा अभिषेकवेला', विक्रम० 3 (prose) ; 'निमित्ताद-पराद्धेषोः', माघ० 2. 27. —द्धम् सं० अपराध ; guilt, fault. तु० 'न तु ग्रीष्मस्यैवं सुभगमपराद्धं युवतिषु', शा० 3. 7.

अपराद्धेषु वि० च्युतसायक; whose arrow has gone astray, gone astray.

अप √राध् [-राध्यति -राद्ध] गलती करना, नाराज कर देना, पाप करना ; to be at fault, offend, commit sin.

अपराध पुं० बुरा कर्म, पाप, दोष, उल्लङ्घन ; evil deed, offence, fault, sin, transgression.

अपरान्त (1) वि० पश्चिमी, पश्चिम तट के निवासी ; living at the western border. तु० 'अपरान्तजयोद्यतैः', रघु० iv 53. (2) (A) पुं० पश्चिमी तट, पश्चिमी प्रदेश अथवा वहां के निवासी ; the western extremity, the country or the inhabitants of the western border. (B) हाथी की पिछली टांग ; the hind legs of elephant. (C) मृत्यु ; death.

अपरापर वि० दूसरा दूसरे के पीछे ; another after another.

अ-परिग्रह (1) पुं० गरीबी ; poverty. (2) वि० गरीब, विना पत्नीका ; poor, without a wife.

अ-परिच्छद वि० अनुचर अथवा सामान से रहित ; destitute of retinue or luggage.

अ-परिच्छिन्न [अ- परि- √छिद्+न] असीम, अटूट, अबाध, अलक्षित ; unlimited, unbroken, continuous, undistinguished. तु० 'अपरिच्छिन्ना ते संततिर्भविष्यति', शा० 6. 24.

अ-परिच्छेदाकुल [-द+आ-] वि० अनिर्णय या उलझन से व्याकुल ; disturbed due to indecision or doubt.

अ-परिवृढ [√बृह्+त] वि० असमर्थ ; incapable.

अ-परिश्लथ -म् क्रिवि० (=गाढम्) जोर से, बल से ; closely, vigorously.

अ-परुष वि० मृदु, नरम ; not harsh, not rough, soft.

अपरेद्यु: क्रिवि० दूसरे दिन ; on the following day.

अ-पर्णा स्त्री० पार्वती (जिसने तपस्या में पत्ते तक त्याग दिये थे) ; Pārvati, not taking even leaves.

अपर्तु [अप- ऋ-] वि० गैरमौसम ; untimely, unseasonable, not the right time.

अ-पर्याप्त वि० नाकाफी, जो पूरा न पड़े ; insufficient.

अ-पर्यासित वि० अपर्यावर्तित, न फेंका गया, नष्ट न किया गया ; not overthrown, not destroyed.

अ-पर्वन् न० बुरा जोड़, नरम स्थान ; bad joint ('अप्यपर्वणि भज्येत').

अपलाप पुं० अपह्नव, बात काट जाना, असल बात को छिपाने के लिये मुकर जाना, बहाना, प्रेम ; evasion, excuse, affection.

अपलापयति धोखा देता है ; deceives.

अपवरक पुं० भीतरी घर, शयन-कक्ष, घूंघट ; inner apartment, lying-in-chamber, veil.

अपवर्जन न० छोड़ना, विवाह में कन्या देना ; abandoning, giving away daughter in marriage.

अपवर्जित वि० त्यागा हुआ, काटा, फेंका, चुकाया (कर्ज) ; abandoned, cut, cast off, discharged (debt).

अपवर्त पुं० परे हट जाना ; turning away.

अपवर्तन न० हट जाना, हटा देना ; removal.

अपवर्तितत्रिक -त्रिकाः, वि० चल रहे हैं नितम्ब जिनके (दूध विलोते समय) ; with their hips moving (women churning curd).

औदर्चिष (उदर्चिस्-) वि० आग्नेय; fiery, belonging to fire.

औदश्वित (उदश्वित्-) वि० मठे में बना या मठे से संस्कृत; seasoned with butter-milk.

औदार्य (उदार-) न० उदारता, दाक्षिण्य; liberality: 'दानमभ्यवपत्तिश्च तथा च प्रतिभाषणम्। स्वजने वा परे वापि तदौदार्यं प्रकीर्तितम्' ॥.

औदासीन्य (also औदास्य, उदासीन-) न० उदासीनता, उपेक्षा; indifference, lack of interest.

औदुम्बर (उदुम्बर-) पुं० यम, रोगविशेष, कुष्ठ; Yama, god of death, a disease, a variety of leprosy.

औद्धत्य (उद्धत-) न० उद्दण्डता, उच्छृङ्खलता; insolence; arrogance, lack of restraint or discipline.

औद्धारिक (उद्धार-) न० जद्दी जायदाद, कुल-क्रमागत संपत्ति; inheritance.

औद्भिद्य (उद्भिद्-) न० पौधों की उत्पत्ति, पौधा-जगत्; birth of plants, the plant-world.

औद्वाहिक (उद्वाह-) वि० विवाह में प्राप्त; obtained in marriage.

औधस (ऊधस्-) वि० थांक में छिपा, दूध; contained in udder, milk.

औधस्य (ऊधस्-ऊधन्-) न० थांक में छिपा, दूध; contained in or got from udder, milk.

औपकर्णिक (उपकर्ण-) वि० कान तक पहुंचने वाली; reaching ears: औपकर्णिकी भार्या यष्टिर्वा.

औपकारिक (उपकार-) वि० उपकार करने वाला; serviceable, helpful.

औपग्रस्तिक (उपग्रस्त-) पुं० ग्रहण, ग्रस्त चन्द्र-सूर्य; eclipse, eclipsed moon or sun.

औपचारिक (उपचार-) वि० लाक्षणिक, गौण, आलंकारिक, रिवाजी; secondary, metaphorical, figurative, formal.

औपच्छन्दसिक न० एक छन्द; name of a metre.

औपजानुक (उपजानु-) वि० गोड़े तक पहुंचने वाला; reaching knees (garment).

औपदेशिक (उपदेश-) वि० उपदेश पर जीने वाला; one living by preaching (=उपदेशक).

औपद्रविक (उपद्रव-) वि० रोग में उठने वाले उपद्रवों से संबद्ध; relating to or treating of symptoms or complications of diseases.

औपधिक (उपधा-) वि० घूस लेने वाला, कपटी; one extorting bribe, cheat, deceitful.

औपनायनिक (उपनयन-) वि० उपनयन-संबन्धी; pertaining to the Upanayana ceremony.

औपनिधिक (उपनिधि-) वि० बक्स आदि में मुहरबन्द करके रक्षार्थ दूसरे के पास (lockers आदि में) रखा धन; sealed deposit.

औपनिषदिक (उपनिषद्-) (1) वि० उपनिषत्संबन्धी; belonging to the Upaniṣads. (2) न० वाजीकरण-तन्त्र; science of producing virility.

औपनीविक (उपनीवि-) वि० नीवि तक पहुंचने वाला (वस्त्र); a cloth reaching the nīvi, with which women cover their loins.

औपपातिक (उपपात-) वि० उपपातक करने वाला; one committing an upapātaka or a minor sin.

औपपादुक (उपपादुक-) वि० आत्मा का शरीरान्तर से संबन्ध कराने वाला तत्त्व या सूक्ष्म शरीर; that which brings about contact of soul with another body.

औपभृत (उपभृत्-) वि० कड़छी का या कड़छी में; contained in the ladle.

औपम्य (उपमा-) न० समानता, साम्य; likeness.

औपयिक (उपाय-) वि० उपायभूत; serving as means, means.

औपराजिक (उपराज-) वि० वायसराय से संबद्ध; relating to or belonging to a viceroy.

औपवसथ्य (उपवसथ-) न० अनाहार दिवस; day of fast (when the yajamāna stays beside the fire).

औपवस्त (उपवस्त-) न० उपवास; fast.

औपवास्य (उपवास-) न० उपवास; fast.

औपवाह्य (1) वि० सवारी के लिये; meant for riding. (2) —ह्यः पुं० राजा की सवारी का हाथी; king's elephant.

औपश्लेषिक वि० उपश्लेष-जन्य; produced from close contact.

औपसंख्यानिक (उपसंख्यान-) वि० परिशिष्ट में कहा, परिशिष्ट-गत; mentioned in supplement, supplementary.

औपसर्गिक (उपसर्ग-) (1) वि० औत्पातिक, रोग में उठा रोग, आपत्ति का सामना करने वाला; portentous, superinduced as disease, able to cope with adversity. (2) —कः पुं० वात, पित्त, कफ का संनिपात; irregular working or disturbance of the three humours of the body.

औपस्थानिक (उपस्थान-) वि० सेवक, भक्त; one who waits on or worships.

औपस्थिक (उपस्थ-) व्यभिचार पर जीने वाला; one living on fornication.

औपहारिक (उपहार-) न० उपहार, आहुति; offering, oblation.

औपाधिक (उपाधि-) वि० उपाधि-जन्य ; conditional, conditioned by.

औपानह्य (उपानह्-) वि० जूता बनाने के लिये (चर्म); (leather) for making shoes or sandals.

औपासन (प्रतिदिनमुपास्यते इति उपासनो गृह्याग्निः तत्र भवा सायंप्रातर्होमक्रिया). सायंप्रातराहुति ; morning and evening libations.

औरग (उरग-) वि० सांप से संबद्ध ; serpentine.

औरभ्रक (उरभ्र-) न० भेड़ बकरियों की डार ; flock of sheep.

औरभ्रिक (उरभ्र-) पुं० भेड़ बकरियों पर जीने वाला, गडरिया ; living on goats and rams, a shepherd.

औरस (उरसा निर्मितः) वि० यथाविधि परिणीता पत्नी से उत्पादित पुत्र, अपना जाया ; legitimate son.

औरस्क वि० उत्तम, आला ; excellent.

और्जित्य (ऊर्जित-) न० बड़प्पन, श्रेष्ठता, आधिक्य, उद्रेक ; greatness, excellence, excess, abundance.

और्णिक (ऊर्णा-) वि० ऊनी ; woollen.

और्ध्वकालिक (ऊर्ध्वकाल-) वि० ऊर्ध्वकाल से संबद्ध ; relating to later times.

और्ध्वदेहिक (ऊर्ध्वदेह-) वि० मृतार्थ, अन्तिम संस्कार ; relating to a deceased person, funeral, performed in honour of the dead (rite).

और्ध्वस्रोतसिक (ऊर्ध्वस्रोतस्-] पुं० शैव, यती ; Śaiva, the devotee of Śiva, the supreme celibate.

और्व (1) वि० ऊरु से उत्पन्न, born of the thigh. (2) पुं० बडवानल, एक प्रख्यात ऋषि, कार्तवीर्य वंश का शत्रु ; submarine fire, a celebrated sage, son of Cyavana and grand son of Bhṛgu. The sons of Kārtavīrya, with the desire of exterminating the descendants of Bhṛgu, killed even the children in the womb. Fearing the death of her son in the womb, Aurva's mother secreted the essence in her thigh, whence arose, in time, this famous sage. Beholding him the sons of Kārtavīrya became blind; and his wrath burnt into a column of flame that was deposited in the ocean, where it remained hidden with the face of a horse. This Aurva was the teacher of king Sagara of Ayodhyā. For different account cp. Harivaṁśa 45.

और्वर (उर्वरा-) वि० भू-संबन्धी ; relating to earth.

और्वशेय (उर्वशी-) पुं० उर्वशीपुत्र अगस्त्य ; Agastya, son of *Urvaśī*.

और्वाग्नि पुं० बडवानल ; submarine fire.

औलूक (उलूक-) न० वैशेषिकदर्शन ; Vaiśeṣika philosophy, propounded by Ulūka = Kaṇāda.

औशीर (उशीर-) न० चामर-दण्ड, शय्या, सोना-बैठना ; the handle of chowrie, bed, sitting and sleeping : औशीरे 'कामचारः कृतोऽभूत्', DKC.

औषध (ओषधि-) न० जड़ीबूटी से बनी दवा, दवा, इलाज ; medicine made of herbs, medicine, medicament.

औषधि स्त्री० = ओषधि.

औषस (उषस्-) उषा से संबद्ध ; relating to dawn, of the dawn.

औषसिक (उषस्-) वि० प्रातः उत्पन्न ; produced at dawn.

औष्ट्रक (उष्ट्र-) न० ऊंटों का समूह ; herd of camels.

औष्ण्य (उष्ण-) न० गरमी ; heat.

औष्म्य (ऊष्मन्-) न० गरमी ; heat.

क

क पुं० विष्णु, प्रजापति, कामदेव, अग्नि, वायु, यम, पक्षी, शरीर, समय, शब्द, बाल ; Viṣṇu, Prajāpati, Kāmadeva, Agni, air or wind, Yama, bird, body, time, sound, hair. —म् न० खुशी, प्रसन्नता, जल, सिर ; joy, happiness, water, head.

क सर्व० कौन, क्या, कौन-सा ; who ? what ? which ?

कंस पुंन० कांसा, कांस्यपात्र, पानभाजन, आबखोरा, मानविशेष ; bell-metal, metallic vessel, drinking vessel, goblet, a measure. —सः पुं० मथुरा का एक प्राचीन राजा जिसे कृष्ण ने मारा था ; name of an ancient king af Mathurā, who was killed by Kṛṣṇa.

कंसक न० कांसा ; bell-metal.

कंसिक (कंस-) वि० कांसे का बना ; made of bell-metal.

कंसीय (कंस-) न० कांसा ; bell-metal.

ककुद् (1) स्त्री० शिखर, चोटी, कूब, राजचिह्न ; peak of a mountain, hump, symbol of royalty. (2) वि० मुख्य, प्रमुख ; chief, head.

ककुदावर्तिन् [-द्+आ-] वि० शरीर पर रोमावलि-विशेष वाला घोड़ा ; a horse having a particular curl on his coat.

ककुद (1) न० पर्वत-शिखर, सांड की कूब, ऊपरी भाग ; peak of mountain, hump (of an animal), upper part. (2) वि० मुख्य, प्रधान ; chief, head.

ककुद्मत् (1) वि० कूब वाला ; furnished with a hump. (2) —मान् पुं० पर्वत, भैंसा ; mountain, buffalo. —ती नितम्ब ; the hip and the loins.

ककुद्मिन् (1) वि० शिखर वाला, कूब वाला ; peaked, furnished with a hump. (2) —न् पुं० पर्वत, कूब वाला सांड ; mountain, humped bull.

ककुद्मिकन्या स्त्री० बलराम की पत्नी रेवती ; name of Balarāma's wife.

ककुन्दर दे० 'कुकुन्दर'.

ककुभ (also -भा) स्त्री० दिशा, सौन्दर्य ; quarter, beauty.

ककुभ पुं० वीणा की तुम्बी, (=वीणा-प्रसेव), रागविशेष, अर्जुन-वृक्ष ; the crooked piece of wood at the end of a lute, particular rāga, Arjuna tree.

ककेरुक पुं० पेट का कीड़ा ; worm in the stomach.

कक्ष [√कक् 'लौल्ये'] पुंन० बगल (=दोर्मूलम्), शुष्कवन, घास, पाप, तराजू का पलड़ा (=शिक्यतलम्) ; arm-pit, dry wood, forest of dead trees, grass, weed, sin, that part of a balance in which things are placed for weighing.

कक्षा स्त्री० करधनी या काञ्ची, हाथी की रस्सी (=इभरज्जुः), इमारत की बगल का कमरा, आंगन (=गेह-प्रकोष्ठकम्), चार दीवारी, रथ का भागविशेष, अन्तरीय या गाती की गांठ (अन्तरीय-पश्चिमाञ्चलम्), समता, उद्ग्राहिणी (शास्त्रार्थ में उत्तर), श्रेणी, उत्कर्ष ; girdle, the rope for elephant, secluded room in a building, court-yard, surrounding wall, particular part of a vehicle, knot at the lower end of a garment, equality, objection or reply in argument.

कक्षावेक्षक पुं० रनिवास की देखरेख करने वाला, दरवान, उद्यानपाल, कवि, रङ्गाजीव ; overseer of the inner apartment, door-keeper, keeper of a royal garden, poet, painter.

कक्षीवत् पुं० एक पर्वत का नाम ; name of a mountain.

कक्ष्या स्त्री० करधनी, मेखला, घोड़े या हाथी का तंग (इभनाडी), मध्यबन्धन या कमरकस, चार-दीवारी, घेरा, सादृश्य, उद्योग ; girdle, girth (of an animal), the rope for a horse or elephant for tightening breast, surrounding wall, enclosure of an edifice, similarity, enterprise.

कक्ष्यावबन्ध पुं० कौपीन ; cloth passed between legs to cover privities.

कङ्क पुं० श्वेत चील, बगला, मायागलिङ्गी ; white vulture, heron, man in the guise of a Brāhmaṇa.

कङ्कट पुंन० लोहे का कवच, अङ्कुश ; armour, hook to goad an elephant with.

कङ्कण [√कण् 'शब्दे'] पुंन० करभूषण, कंगन, हस्तसूत्र, शेखर ; bracelet, chaplet, a band or ribbon put round the wrist of a bride, chaplet worn on the head.

कङ्कणिका स्त्री० घण्टिका, घूंघरू ; ornament furnished with bells.

कङ्कत पुंनस्त्री० कंघा ; comb. —तिका कंघी : कङ्कतिकया केशान् संमार्ष्टि or अवलिखति.

कङ्काल पुंन० पंजर, शव ; skeleton, dead body.

कङ्कालय पुं० शरीर ; body.

√कच् (1) ['बन्धने', कचते] बांधना ; to bind. (2) —कच् ('दीप्तिबन्धनयोः', कञ्चते) चमकना, बांधना ; to shine, bind.

कच पुं० बाल, शुष्क व्रण, बन्ध, कपड़े का छोर, बृहस्पति का पुत्र ; hair, dry sore, band, hem of a garment, son of Bṛhaspati.

कच-कच वि० अत्यन्त चमकदार ; exceedingly shining.

कचपल्लव पुं० केशबन्ध ; braid of hair.

कचभार पुं० घने बाल ; wealth of hair.

कचा स्त्री० करेणु या हथिनी, सौन्दर्य ; female elephant, beauty.

कच्चर न० पानी-भरा मठा ; butter-milk diluted with water.

कच्चिद् [=कद्+चिद्] प्रश्नवाचक अव्यय, क्या, कभी ; interrogative particle : कच्चिद् दृष्टा त्वया दमयन्ती ? व्याधिर्न कच्चित् ते शरीरं प्रतिबाधते ; I hope no illness afflicts your body.

कच्छ पुंन० जलप्राय देश, अनूप, तट, दलदली जगह, सिन्ध के दक्षिण की ओर का प्रदेश ; marshy land, bank, region south of Sindh. —च्छा स्त्री० परिधान अथवा कपड़े का अपराञ्चल ; the hem of a lower garment.

कच्छप पुं० कछुआ, पहलवानी का एक दांव (मल्लबन्धनम्) ; tortoise, a posture in wrestling. —पी स्त्री० कछुई, सरस्वती की वीणा ; female tortoise, lute of Saraswati.

कच्छाटी (or कच्छाटिका) स्त्री० कच्छा ; lower garment.

कच्छु (or -च्छू) स्त्री० खाज ; itch, scab.

कच्छुर वि० खाज वाला, दुश्चरित्र (पुंश्चल) ; afflicted with itch, libidinous.

कज्जल न० काजल ; lamp-black or soot used as collyrium.

कज्जलरोचक पुंन० दीवट ; wooden lamp-stand.

कञ्चुक पुं० चोगा, कुर्ता, केंचुली (=निर्मोक), कवच ; shirt, slough, armour.

कञ्चुकालु पुं० सांप ; snake.

कञ्चुकिन् पु० रनवास में नियुक्त वृद्ध, महल्ल अथवा हीजड़ा, विट, पन्नग ; old man working in the palace, unchaste man, snake.

कञ्चुलिका (or कञ्चुली) स्त्री० वॉडी ; bodice.

कञ्ज पुं० वेधस् अथवा ब्रह्मा, बाल ; Brahmā, hair. —म् न० अमृत, पद्म ; nectar, lotus.

कञ्जन पुं० कामदेव ; Cupid.

कञ्जार पुं० कुञ्जर, सूर्य, मुनि, मयूर ; elephant, sun, hermit, peacock.

कट [√कृत्] हाथी की कनपटी (=गजगण्ड), चटाई, श्रोणि, कटि, भूंज की रस्सी, मुर्दा, शवरथ अथवा अरथी ; temples of an elephant, mat, the hip and the loins, woman's buttocks, rope made of kāśa and the like, dead body, hearse.

कटक पुंन० कड़ा (=बाहुभूषणम्), तगड़ी, घाटी, अद्रिनितम्ब, पहाड़ का दर्रा, समूह, सेना, शाही, खेमा (=स्कन्धावार), राजधानी ; bracelet, girdle, valley, collection, army, royal camp, camp, capital.

कटखादक (1) वि० मांस खाने वाला ; eating meat. (2) पुं० काचकलश, सियार, कौआ ; glass vessel, jackal, crow.

कटकजन पुं० पुरवासी जन ; people living in the town.

कटकिन् पुं० पर्वत ; mountain.

कटन न० छप्पर, छत ; roof.

कटपल न० उत्कोच, उपदा, घूस, शवमांस ; bribe, corpse-flesh.

कटपूतन पुं० निशाचर ; demon. —ना स्त्री० निशाचरी ; demoness.

कटप्र [√प्रा 'पूरणे'] पु० चटाई बुनने वाला ; one who makes mats.

कटप्रभेद पुं० हाथी के गण्डस्थल का फूटना या उसमें से मद चूना ; opening of the temples of an elephant.

कटप्रू पुं० चटबुना, जुआरी, विद्याधर, राक्षस (=असुपः), रुद्र ; mat-maker, gambler, Vidyādhara, demon, Rudra.

कटभङ्ग पुं० राजा का नाश, नाजकी बालों में से हाथ से अनाज निकालना ; destruction of a king, gleaning corn with hands.

कटंभरा स्त्री० हथिनी ; female elephant.

कटाक्ष [कट+अ-] पुं० अपाङ्ग-प्रेक्षण, तिरछी चितवन ; side-glance or look.

कटाह पुं० कड़ाहा (=कर्पर), कूर्मपृष्ठ, (भैंस का बच्चा या) कटड़ा ; frying pan, pan, back of a tortoise, young of a buffalo.

कटि [√कृत्, -टी well-cut, curvy] स्त्री० कमर, नितम्ब ; hips.

कटित्र न० कटीवस्त्र, रशना ; cloth tied round loins, girdle.

कटिप्रोथ पुं० कूल्हा, स्त्रियों के नितम्ब का पार्श्व-भाग ; the buttocks.

कटिबद्ध वि० कमर-कसा, तैयार, सज्ज ; ready, girded.

कटिबन्ध पुं० दे० 'कामकटिबन्ध'.

कटीर (or कटीरकस्थली) पुंन० कन्दर, जघन ; cave, glen, hips and loins.

कटु [√कृत् ; स्त्री -ट्वी] (1) वि० कड़ुआ, काटने वाला, तीखा, चरपरा, तेज, अप्रिय ; bitter, cutting, sharp, pungent, unpleasant. (2) न० अकार्य, मत्सर, दूषण ; improper action, envy, blaming, reviling.

कटुक वि० कटु ; bitter.

कटुकन्द पुं० शृङ्गवेर अथवा अदरक, लहसुन ; ginger, garlic.

कट्फल पुं० कायफल ; a medicinal plant.

कट्यावरण न० घघरा ; petticoat.

कट्वर (1) वि० कुत्सित ; censurable. (2) न० स्नेहयुक्त तक्र ; butter-milk with a touch of ghee.

कठ (कठेन प्रोक्तमधीते) वि० कठशाखाध्यायी ; follower of the Kaṭhaśākhā, one who studies Kaṭha-Saṁhitā.

कठमर्द पुं० शिव ; epithet of Śiva.

कठिन [√कठ 'कृच्छ्रजीवने'] वि० मुश्किल, कठोर, क्रूर, निष्ठुर ; hard, stiff, cruel. —ना स्त्री० गुडशर्करा ; lumped sugar. —नी खड़िया ; chalk.

कठिनिका स्त्री० धातूपल, चाक ; chalk.

कठिन्नी स्त्री० छोटी अंगुली ; the little finger.

कठिल्लक पुंन० करेला ; bitter gourd.

कठेर वि० क्लिष्ट ; distressed. —रः पुं० अकिंचन ; pauper.

कठोर वि० कठिन, सख्त, क्रूर, पूर्ण ; hard, cruel, full, कठोरताराधिपः=full moon, कठोर-गर्भा=advanced in pregnancy.

कठोरीभूत वि० पूरा हो आया है ; is far advanced: कठोरीभूतस्तु दिवसः.

कड [√कड् 'मदे'] (1) पुं० मस्ती ; inebriety, intoxication, passion. (2) वि० गूंगा, मूर्ख ; dumb, foolish.

कडक न० समुद्री नमक ; sea-salt.

कडंकर (कडं मदं करोतीति) पुं० माषमुद्गादि तृण, भुस ; straw.

कडंकरीय पुं० घास-भुस पर जीने वाला, पशु, ढंगर ; cattle.

कडार (1) वि० जिसके दांत आगे को निकले हों, पिङ्गल, कपिल ; having projected teeth (cp. कराल), tan

coloured. (2) पुं० पीला रंग, दास ; yellow colour, slave.

√कण् (1) ('गतौ') चलना, जाना ; to go, walk. (2) ('शब्दे'—कणति) शब्द करना, क्लेश में कराहना ; to sound, moan. (3) ('निमीलने', काणयति) आंख मीचना ; to wink. Cp. काण.

कण पुं० दाना, अणु, बूंद, चिनगारी, अंश, टुकड़ा ; grain, atom, drop, spark, particle, part. —णा स्त्री० काला जीरा, पिप्पली ; black jīrā, long pepper. —णी परमाणु ; atom.

कणप पुं० लोहस्तम्भ ; iron pillar.

कणशस् क्रिवि० थोड़ा-थोड़ा करके, दाना-दाना करके ; little by little, grain by grain.

कणाद [कण-√अद्] वैशेषिक दर्शन के रचयिता मुनि ; name of the philosopher who propounded the Vaiśeṣika system of philosophy=doctrine of atoms.

कणिक (कण-) पुं० दाना, भुने गेहूं का खाजा ; grain, meal of parched wheat.

कणिश न० अनाज की बाल ; ear of corn.

कणीची स्त्री० गुञ्जन, पुष्पित लता ; humming sound, creeper in flower.

कणेरु स्त्री० वेश्या, हथिनी ; courtesan, female elephant.

कणेहत्य (अत्यन्तमभिलप्य तन्निवृत्तिपर्यन्तम्) भरपेट, मुंहछूट, छककर ; to one's entire satisfaction.

कण्ट (1) पुं० कांटा ; thorn. (2) वि० कांटेदार ; thorny.

कण्टक पुंन० कांटा, चोर, मछली की हड्डी, वेणु, चोर साहसिक आदि, क्षुद्र-शत्रु, रोमाञ्च, बाधा, उपद्रव ; thorn, thief, fish-bone, bamboo, robber, small enemy, erection of hair in emotion, obstacle, nuisance.

कण्टकमर्दन न० उत्पात को दबाना ; suppressing disturbance.

कण्टकयोग पुं० रोमाञ्चाविर्भाव ; manifestation of horripilation.

कण्टकिन् वि० कांटेदार ; thorny.

कण्टकिफला स्त्री० कटहल ; jacktree.

कण्टकिल पुं० कांटेदार बांस ; a thorny bamboo.

√कण्ठ् ['आध्याने', उत्कण्ठते] उत्कण्ठित होना ; to be anxious.

कण्ठ पुं० गला, ध्वनि, शब्द (महता कण्ठेन=उच्चैः शब्देन), सान्निध्य ; throat, tone, word, proximity. —ण्ठी गला, एकलड़ी कण्ठी ; neck, necklace of a single string or row.

कण्ठक पुं० गले का हार, तौक ; necklace.

कण्ठग्रह पुं० आलिङ्गन, गले मिलना, शिरश्छेद ; embracing, cutting of the neck.

कण्ठतलासिका स्त्री० घोड़े के गले की पट्टी ; strap passing round the neck of a horse.

कण्ठनीडक पुं० पतंग ; kite.

कण्ठभूषा स्त्री० कण्ठी ; necklace.

कण्ठशुण्डी स्त्री० कागवा सूज जाना ; swelling of tonsils.

कण्ठसूत्र न० गले लिपटना ; a close embrace.

कण्ठस्थ वि० जबानी याद ; committed to memory.

कण्ठीरव पुं० शेर, हाथी, कबूतर ; lion, elephant, pigeon.

कण्ठील पुं० ऊंट ; camel.

कण्ठेकाल पुं० शिव ; epithet of Śiva : black in throat.

कण्ठ्य (कण्ठ-) वि० गले में उत्पन्न वर्ण ; gutturals : अ, क्, ख्, ग्, घ्, ङ्, visargas.

कण्डन [√कड् भेदने=वितुषीकरणे] कूटना या खोटना ; threshing, unhusking, separating chaff from grain.

कण्डनी (-न्यौ) ओखली और मूसल ; mortar and pestle.

कण्डरा स्त्री० बड़ी स्नायु ; tendons.

कण्डिका स्त्री० छोटा खण्ड ; short sections (as in Śukla Yajurveda).

कण्डितसंधि वि० दुखते या टूटते जोड़ों वाला ; with joints pained.

कण्डू (कण्डूञ् 'गात्रविघर्षणे', कण्डयति, -यते) स्त्री० खाज ; itching.

कण्डूति स्त्री० खाज ; itching.

कण्डूयन न० खुजाना, रगड़ना, खरोंचना ; itching, rubbing, scratching.

कण्डूया स्त्री० दे० 'कण्डूयन'.

कण्डूल वि० खाज वाला, खुजाने वाला ; having a desire to scratch.

कण्व पुं० एक मुनि ; name of a sage. —म् न० कल्मष, पाप ; evil, sin.

क-तम वि० कौन, कौन-सा, कौन (बहुतों में) ; who, which (of many).

क-तर वि० कौन-सा (दो में) ; who, which (of two).

क-ति (का संख्या येषां ते) कितने ; how many. Cp. त-ति.

कतिचिद् कई, कुछ ; several, some.

कतिधा क्रिवि० कितनी बार ? कितनी तरह ? ; how often ? in how many places or parts ?.

कतिपय वि० कई, कुछ ; several, some.

कतिविध वि० कितने प्रकार का ? ; of how many kinds ?

कत्-तृण न० खुशबूदार घास ; fragrant grass.

√कत्थ् ['श्लाघायाम्', कत्थते] शेखी बघारना, डींग मारना ; to boast, praise oneself.

कत्थन वि० शेखीखोरा ; boastful.

कत्थना स्त्री० शेखी ; boasting.

√कथ् ['वाक्यप्रबन्धे', कथयति, कथित] कहना, बात करना, बताना, कथा कहना, वर्णन करना ; to say, talk, report, relate.

कथक वि० कथा कहने या बांचने वाला, पौराणिक ; one who publicly reads and expounds the Purāṇas, narrator.

कथम् (केन प्रकारेण) क्रिवि० कैसे, किस प्रकार, कहां से ? ; how ? in what manner ? whence ?.

कथम् चिद् (or -चन) जैसे-तैसे ; somehow, a little.

कथा स्त्री० कहानी, वार्तालाप, संलाप, विवरण ; story, talk, conversation, account.

कथाच्छल न० कहानी का बहाना ; cover or guise of a tale.

कथानक न० छोटी कहानी, किस्सा ; small tale.

कथाप्रसङ्ग (1) वि० वातूल या बावला, गप्पी, विष का चिकित्सक ; half-witted, talking much, dealer in antidotes. (2) पुं० बातचीत ; conversation.

कथावतार [कथा+अव-√तॄ] पुं० कहानी का आरम्भ ; beginning of a story, introduction to a kathā.

कथासरित्सागर पुं० 1070 ईसवी में हुए कश्मीरी कवि सोमदेव द्वारा रचित, 224 तरंगों में विभक्त, 22000 के लगभग श्लोकों वाला विशाल ग्रन्थ, गुणाढ्य-रचित बृहत्कथा पर, जो कि पैशाची में थी—आधृत है ; Ocean of the rivers of stories, containing about 22000 ślokas and divided into 224 Taraṅgas, was composed by a Kashmiri poet Somadeva (A.D. 1070), a virtual recast of Bṛhatkathā of Guṇāḍhya composed in Paiśācī Prākṛt. A somewhat earlier recast of the Bṛhatkathā was made about A.D. 1037 by Kṣemendra under the title 'बृहत्कथामञ्जरी'.

कथीकृत वि० केवल कहानी में बचा, मृत ; remaining in narration only, dead.

कद् क्रिवि० कहां ? ; where ?.

कदध्वन् [=कु+अ-] बुरा मार्ग ; bad road.

कदन [√कद् 'आह्वाने, रोदने, वैक्लव्ये, वैकल्ये च', कन्दति] न० वध, हत्या, विनाश, निर्मथन, विकलता ; slaughter, destruction, paining, pang.

कदम्ब (1) पुं० वृक्षविशेष=कदम ; a particular tree called 'kadam' in Hindī. —म् न० झुण्ड, समूह ; multitude ('तापसानां कदम्बकैः', शा० 6. 17), mass. (2) वि० सुन्दर, श्रेष्ठ ; beautiful, best.

कदम्बक न० समूह, तिलका पौधा, एक प्रकार की घास ; mass, sesamum, kind of grass.

कदर पुं० सफेद कत्था, पैर पर गांठ ; white sort of Mimosa, corn caused on foot by friction. —रम् न० जमा दूध ; coagulated milk.

कदर्थ न० क्लेश ; pain.

कदर्थन न० खेदन, पीडन, यातना ; troubling, afflicting, pain, torturing.

कदर्थना स्त्री० अल्प फल वाला विपुल प्रयास, क्लेश, कटूक्ति या दुरुक्ति ; great effort with insignificant fruit, pain, unpleasant speech.

कदर्थयति (=पीडयति) सताता है : oppresses.

कदर्य वि० लुब्ध, कृपण, कंजूस, पापी, कुत्सित, निन्द्य ; greedy, sinful, avaricious, miserly, censurable.

कदल पुं० केले का पौधा ; plantain tree. —ली स्त्री० केला, हरिणविशेष, वैजयन्ती ; plantain tree and fruit, a kind of deer, banner, flag.

कदलीसुता स्त्री० सुन्दर स्त्री ; beautiful woman.

क-दा क्रिवि० कब ?, किस समय ? ; when ?, at what time ?. —चिद् कभी, एक बार ; sometimes, once. —अपि कभी, जब-तब ; sometimes, now and then.

कदुष्ण [=कु+उ-] वि० कुछ गरम, नीम गरम ; a bit warm.

कद्-चिद् (=कच्चिद्) क्रिवि० क्या ?, हो सकता है, मैं समझता हूं कि ; I hope. कच्चिद् दृष्टा राजन् त्वया दमयन्ती ; I hope you have seen Damayantī, O King. 'न' के साथ : मैं नहीं समझता कि : I hope not : कच्चिन्नु नापराधं ते कृतवान् अस्मि : I have not done you any injury, I hope.

कद्रथ पुं० (अनुगव से) छोटा रथ या यान ; a small chariot (smaller than 'anugava').

कद्रीची (कुत्सितमञ्चति) स्त्री० गन्दी या भोंडी चाल वाली ; with a defective gait.

कद्रु वि० सुनहरा पीला (=कनकपिङ्ग) ; tawny, brown.

कद्रू स्त्री० दक्षपुत्री, कश्यप की पत्नी और नागों की माता ; name of the mother of Nāgas.

कद्वद वि० गर्ह्यवाक्, खोटे बोल वाला ; speaking ill.

कनक [√कन् 'दीप्तिकान्तिगतिषु', कनति] न० सोना ; gold. —कः पुं० धतूरा, नागकेसर ; the white thorn apple.

कनकनिकषस्निग्धा स्त्री० कसौटी पर कसे सोने की रेखा के समान सलोनी ; bright like a streak of gold on a touchstone.

कनकनिष्यन्द पुं० पिघला सोना ; molten gold.

कनकसूत्र न० सोने की लड़ी ; gold-chain.

कनकाध्यक्ष पुं० खजानची ; treasurer.
कनकालुका स्त्री० दे० 'भृङ्गार'.
कनखल न० हरद्वार से डेढ़ मील दक्षिण की ओर गङ्गा के तट पर बसा प्राचीन नगर जहां दक्ष ने यज्ञ रचा था ; an ancient town situated about 1½ miles south of Haradvāra, mentioned by Kālidāsa in his Meghadūta.
कनड (or कन्नड) कर्नाटक देश अथवा कुन्तल देश। मैसूर भी कभी कर्नाटक कहाता था ; this is Karnāṭa country, a portion of the Carnatic between Rāmnād and Seringapatan. Mysore also was called Karnāṭaka.
कनिष्ठ वि० सबसे छोटा (=अनुज), अल्प, आयु में सब से कम ; younger brother, the smallest, least, youngest. —ष्ठा स्त्री० अन्तिम अंगुली ; the last finger.
कनिष्ठप्रथम वि० सबसे छोटा है प्रथम जिनका ; having the youngest as the first.
कनी स्त्री० लड़की ; girl.
कनीचि स्त्री० छकड़ा, गाड़ी ; a cart.
कनीनिका स्त्री० नेत्रतारा (=अक्षितारकम्), निक्की अंगुली ; pupil of the eye, the little finger.
कनीयस् (कनीयान्, -यसी, -यः) वि० अपेक्षाकृत छोटा, अनुज, बहुत छोटा ; younger, younger brother, very young.
कनेरा स्त्री० वेश्या ; harlot.
कन्तु [√कम्] पुं० कन्दर्प, चित्त, कुसूल या कुठला ; Cupid, mind, granary.
कन्था स्त्री० गुदड़ी, नगर या पुर, कच्ची दीवार ; patched garment, worn out cloth, town, earthen wall.
कन्थाचीर न० जीर्णवस्त्र ; tattered cloth.
कन्द पुं० सूरन, सस्यमूल, जमीकन्द, गुह्येन्द्रिय की बीमारी ; Amorphophallus, campanulatus, root, a kind of vegetable, affection of the male or female organ.
कन्दमूल न० मूली ; radish.
कन्दर (-रा) पुंस्त्री० अङ्कुश, दरी, विवर ; hook to drive elephant, cave, hollow.
कन्दराल वि० मुड़ा-तुड़ा वृक्ष ; twisted tree.
कन्दर्प पुं० कामदेव ; the god of love.
कन्दल पुंन० नवाङ्कुर, केले का पुष्प, कलध्वनि, वल्ली, उपराग, मृगभेद, कपाल ; new sprout, flower of plantain, a low soft tone, creeper, a portent, a kind of deer, skull.
कन्दली स्त्री० केले का पेड़, कलध्वनि, एक प्रकार का हिरण, कमल ; plantain tree, sweet sound, a kind of deer, lotus.
कन्दलीकन्द पुं० अङ्कुरमूल, बीजभूत ; root of the new sprout, seed.
कन्दु पुं० तलने का बरतन, भट्ठी, भाड़ ; frying pan, oven.
कन्दुक पुंन० गेंद ; ball.
कंधर पुं० गरदन, बादल ; neck, cloud. —रा स्त्री० शिरोधि, गरदन ; neck.
कंधरातोरण न० कण्ठी ; necklace.
कंधि पुं० समुद्र ; ocean. स्त्री० गरदन ; neck.
कन्यका स्त्री० कुमारी ; virgin.
कन्यस वि० सबसे छोटा भाई ; the youngest brother. —सा छोटी अंगुली ; the little finger. —सी सबसे छोटी बहिन ; youngest sister.
कन्या [√कन् 'दीप्तिकान्तिगतिषु'] स्त्री० कुमारी, नारी, नक्षत्र ; a girl, woman, the sign of the zodiac Virgo.
कन्यादान न० विवाह में पुत्री का दान ; giving daughter in marriage.
कन्यादर्श -म् क्रिवि० जिस जिस कन्या को देखता है ; all the girls he sees : कन्यादर्शं वरयति.
कन्याराशि पुं० कन्यानामक राशि ; the sign Virgo.
कन्यावेदिन् पुं० जामाता, दामाद, जंवाई ; son-in-law.
कन्याशुल्क न० विवाहार्थ कन्या लेने पर उसके पिता को दिया जाने वाला धन ; money given to the bride's father as her price.
कपट [√कम्प्] पुंन० व्याज, दम्भ ; fraud, deceit.
कपटकुड्य न० चावलों के मांड आदि से लिप्त चित्रमय वस्त्र ; a painted piece of cloth smeared with scum of rice.
कपटप्रबन्ध पुं० छल का तांता ; continued series of fraud ; fraudulent contrivance.
कपटलेख्य न० जाली कागज ; forged document.
कपटिन् वि० छली, ठग ; fraudulent, deceitful.
कपर्द पुं० कौड़ी, वराटक, शिव का जटा-जूट ; a small shell, braided hair of Śiva.
कपर्दिका स्त्री० दे० 'कपर्द'.
कपर्दिन् पुं० जटाधारी, शिव ; wearing knotted or braided hair, epithet of Śiva.
कपाट न० किवाड़, दर का एक कपाट ; panel of door, door.
कपाटघ्न [√हन्] वि० किवाड़ तोड़ देने वाला ; house-breaker.
कपाटवक्षस् वि० चौड़ी छाती वाला ; broad-chested.
कपाल न० खोपड़ी, खप्पर, मिट्टी का कर्पर आदि भिक्षापात्र, मृन्मय भाण्ड के टुकड़े, प्याला, कुष्ठभेद skull, head,

forehead, beggar's bowl, bits of earthen pot, cup, a kind of leprosy.

कपालचूर्ण न० मिट्टी के बरतन के टुकड़ों का चूर्ण ; powdered bits of earthen pots.

कपालनालिका स्त्री० तकुआ ; spindle.

कपालभृत् पुं० शिव ; epithet of Śiva.

कपालमालिन् पुं० शिव ; epithet of Śiva : wearing garland of skulls.

कपालिन्=कपालभृत्.

कपि [√कम्प्] पुं० बन्दर, लंगूर ; ape, monkey.

कपिकच्छू स्त्री० कुत्ता-नामक पौधा, खाज पैदा कर देने वाला पौधा ; a plant causing itch.

कपिकन्दुक न० कपाल ; skull.

कपित्थ न० कैथ ; the fruit of kapittha tree.

कपिध्वज पुं० अर्जुन जिसकी ध्वजा पर वानर का चिह्न था ; Arjuna, who had the sign of monkey on his flag.

कपिल वि० पिङ्ग अथवा भूरा, बन्दर के रंग का ; monkey-coloured. —ला स्त्री० भूरी गौ, रेणुका करिणी, शीशम ; tawny cow, Reṇukā (consort of Puṇḍarīka, a quarter-elephant), the śiśam tree.

कपिल [√कप्, कम्प्] पुं० प्रतिमानवान् मुनि [तु० विप्र √विप्] जिसने क्रोध में आकर सगर के 60000 पुत्रों को जला दिया था। सांख्य सिद्धान्त की स्थापना इसी ने की थी ; the famous inspired sage who reduced to ashes 60000 sons of Sagara, who, while searching for the sacrificial horse taken away by Indra, fell in with him and accused him of stealing the horse. He reduced the multiplicity of elements to three, i.e. Sattva, Rajas and Tamas and saw the distinction between Prakṛti (=matter) and Puruṣa, who activates it and is yet quite distinct from it. —लः वह्नि, कुक्कुर ; fire, dog.

कपिलधारा स्त्री० देवनदी, तीर्थविशेष ; celestial river, a particular tīrtha.

कपिलवस्तु शाक्यों की राजधानी जहां बुद्ध जन्मे थे ; capital of the Śākyas among whom the Buddha was born, perhaps Piprāvā in the north of the Bastī district on Nepāl frontier.

कपिश (1) वि० श्याव, सुनहरा, भूरा, बन्दर के रंग का ; golden, brown, monkey-coloured. —शा स्त्री० माधवी सुरा, एक नदी ; a sort of rum, name of a river. —शम् न० मद्य ; wine. (2) काबुल से उत्तर-पूर्व में 155 मील परे एक नगर, जहां के घोड़े प्रसिद्ध थे ; a town situated 155 miles north-east from Kābul.

कपिष्ठल पुंन० कुरुक्षेत्र के समीप कैथल नगर ; ancient name of Kaithal near Pehowā (and Kurukṣetra) in the Karnāl district.

कपीतन पुं० गर्दभाण्ड, सिरस, पीपल ; Ficus infectoria, Acacia Sirissa, the sacred fig tree.

कपोत [√कम्प् or क-पोत] पुं० पारावत, कबूतर ; dove, pigeon. —ती स्त्री०.

कपोतकर्बुर वि० कबूतर की तरह कबरा ; spotted or variegated like a pigeon.

कपोतपालिका (or -पाली) स्त्री० कपोत-घर ; pigeon-house, dove-cot.

कपोतहस्तक न० विशेष प्रकार से हाथ जोड़ना ; a mode of folding hands in supplication.

कपोतान्ध वि० जिसे दिन में सब कुछ काला ही दीख पड़े ; one who sees everything as black in the day. (विप० नकुलान्धः).

कपोल पुं० गण्ड, गाल ; cheek.

कपोलपाली स्त्री० कपोलफलक ; cheek-bone.

कपोलराग पुं० गाल की गुलाबी ; flush in the cheek.

कफ पुं० कफ, रेशा ; phlegm (one of the three humours of the body, the other two being Vāta and Pitta).

कफविरोधिन् पुं० पीपल ; long pepper.

कफोणि (-णी) स्त्री० कूर्पर, कुहनी ; elbow.

कबन्ध पुं० रुद्र, राहु, एक राक्षस, सलिल ; Rudra, Rāhu, a demon, water. —म् न० अपमूर्ध कलेवर अथवा सिरहीन धड़, जल ; headless body, water.

कबर न० नमक, अम्ल ; salt, sourness, acidity. —री स्त्री० वेणी, केशपाश, केशविन्यास, केशवेश, मांगपट्टी ; braid of hair.

कबराक्ष न० अंधोटा (जुते घोड़े, बैल, या ऊंट की आंख पर बंधा) ; a cover over the eyes of a horse or camel or ox.

कबुलि स्त्री० पशु का पछवाड़ा ; hinder part of an animal.

√कम् ['कान्तौ'=इच्छायाम्, कामयते, कान्त, चिकमिषति] चाहना, प्यार करना ; to wish, desire, love.

कम् प्रश्नसूचक अथवा बलाधायक अव्यय ; an interrogative or emphasising particle.

कमठ पुं० कच्छप, दैत्यविशेष ; a tortoise, a particular demon. —म् न० मुनिकमण्डलु ; water jar used by ascetics. —ठी स्त्री० कच्छपी ; female tortoise.

कमण्डलु पुंन० कमण्डल ; water-pot (of ascetics).

कमन (1) वि० कामी, अभिरूप ; lustful, beautiful. —नी स्त्री०. (2) —नः पुं० कामदेव, अशोकवृक्ष ; god of love, Jonesia Asoka.

कमनीय वि० मनोहर, सुन्दर, सुथरा, सुहावना, दिलचस्प ; pleasant, lovely, beautiful, pleasing.

कमर वि० कामुक ; lustful.

कमल न० गुलाबी रंग का कमल, जल ; rose-coloured lotus, water. —लः पुं० मृगविशेष ; a species of deer. —ला स्त्री० लक्ष्मी, सुन्दर वनिता ; Lakṣmī, beautiful woman.

कमलखण्ड [or -षण्ड] न० कमलवन ; assemblage of lotuses.

कमलापति पुं० विष्णु ; Viṣṇu.

कमलासन पुं० ब्रह्मा ; Brahmā.

कमलिनी स्त्री० कमल का पौधा, कमलवन ; lotus plant, assemblage of lotuses.

कमा स्त्री० सौन्दर्य ; beauty.

कमितृ [√कम्] दे० 'कमन'.

√कम्प् ['चलने', कम्पते] कांपना, हिलना ; to tremble, shake.

कम्प पुं० कम्पन, भूचाल ; tremour, shaking, earthquake. —म् न० कंपकंपी ; shaking.

कम्पन वि० कांपनेवाला ; trembling. —नः पुं० शिशिर, सांनिपातिक ज्वरविशेष ; November-December, particular fever.

कम्पाक पुं० वायु ; wind.

कम्प्र वि० चञ्चल, कांपनेवाला, अस्थिर ; shaking, unsteady.

कम्बल न० कंबल, ऊनी उत्तरीय, जल ; blanket, woollen upper garment, water. —लः पुं० सास्ना, कृमि, नागभेद, कम्बल ; dew-lap, small worm, name of a Nāga, blanket (=प्रावारवैकक्षम्).

कम्बलदाय वि० कंबल देने या शोधनेवाला ; one who gives or cleans a blanket.

कम्बलिन् पुं० बैल ; ox.

कम्बलिवाह्यक न० शकटी, सग्गड़ ; cart.

कम्बल्य (कम्बल-) न० कम्बलार्थ १०० पल ऊन ; 100 palas of wool required for making a blanket. —ल्या स्त्री० पांच सेर के कंबल के लिये ऊन ; wool for a blanket of 5 seers.

कम्बि स्त्री० वंशलता, दर्वी ; shoot of bamboo, ladle.

कम्बु पुं० सीपी, शंख, कड़ा अथवा वलय, ग्रीवा, हाथी, सियार, हलदी ; shell, conch, bracelet, neck, elephant, jackal, turmeric.

कम्बुग्रीवा वि० शंख जैसी गर्दन वाली, तीन रेखाओं से सजी गर्दन वाली ; having shell-like neck, having neck marked with three lines.

कम्बुच्छवि वि० शंख-सी चिट्टी ; white as conch.

कम्बोज (=कंबोज) आधुनिक पामीर बदख्शां ; प्राचीन सोलह महाजनपदों में एक जो गंधार के पास या सिन्ध के उत्तर-दक्षिण में था। यहां के घोड़े प्रसिद्ध थे ; one of the sixteen mahājanapadas known for its fine horses. —जाः कम्बोज के निवासी जो पहले आर्य थे किन्तु बाद में छेक दिये गये थे ; the inhabitants of Kamboja, who lost their Aryan-hood and became barbarous.

कर [√कृ] (1) पुं० हाथ, सूंड, किरण, ओला या वर्षोपल, टैक्स ; hand, elephant's trunk, ray, hail, tax. करं विनयते=राज्ञे देयं मार्गं परिशोधयति. (2) वि० करनेवाला ; doer.

करक [√कृ 'विक्षेपे'] पुं० कमण्डलु, करवा, मधुकलश ; water-pot, pot, wine-jar. —म् न० अनार, pomegranate. —कः पुं० हाथ ; hand. —का स्त्री० ओले, मेघ-पाषाण ; hail shower : अकालकरकावृष्टिः.

करकोष पुं० ओक ; hands hollowed to drink water.

करग्राह पुं० पति ; husband.

करघर्षिन् पुं० मथानी ; churning stick.

करङ्क न० अस्थि ; bone. —कः पुं० अस्थिपंजर ; skeleton.

करच्छद पुं० टीक का पेड़ ; the teak tree.

करज पुं० नाखून, वृक्ष ; nail, tree. —मुख न० नाखून का अग्रभाग ; tip of the nail.

करञ्ज पुं० रक्त लशुन ; red garlic.

करञ्जक पुं० करञ्जुए का पेड़ ; the tree Pangamia Glabera.

करट (1) पुं० कौआ, हस्तिकुम्भ, ग्यारहवें दिन का श्राद्ध, ढोलविशेष ; crow, temple of an elephant, eleventh day of Śrāddha, a kind of drum. (2) वि० भ्रष्टचरित्र अथवा निन्द्यजीवन व्यक्ति, नास्तिक ; a man of low character, atheist.

करण (1) न० करना, कार्य, कृत्य, व्यवसाय, द्रव्यों का अभिसंस्कार, अङ्गहार-संवेश (=अभिनय, नृत्य), इन्द्रिय, साधन, उपाय, क्षेत्र, शरीर, गारंटी, भिक्षुओं अथवा कायस्थों की जमात, वर्णों की स्पष्टता, तृतीया विभक्ति का आधार ; doing, acting, function, business, refinement of herbs etc., dance, organ of sense, instrument, means, field, body, guarantor (promissory note etc.), assembly of beggars or Kāyasthas, distinctness of sounds. —णः पुं० लेखक (=अक्षर-जीवनः), शूद्रा में वैश्य का पुत्र ; a clerk, a

man born of a Vaiśya in a Śūdra woman. (2) दे० 'मल्ल'.

करणप्राप्त वि० उपकरण बनाने में प्रवीण ; skilled in making instruments.

करणीय वि० कर्तव्य ; to be done.

करण्ड(क) पुंन० डलिया, टोकरी, कण्डी, मधुमक्खियों का छत्ता, बालटी आदि पात्र ; box, basket, bee-hive, kettle and other pots. —**ण्डी** स्त्री० टोकरी ; basket.

करतलामलक न० हाथ में रखा आंवला, अर्थात् उसकी तरह स्पष्ट ; an āmalaka in the hand, expresses ease and clarity of perception.

करताली स्त्री० हथेली या ताली बजाना ; clapping the hands.

करतोया स्त्री० सदानीरा (=पार्वती के विवाह पर कन्यादान से प्रसूत नदी) ; Sadānīrā.

करपत्र न० आरा ; saw.

करपत्रिका स्त्री० स्नान के समय पानी उछाल-उछाल कर खेलना ; splashing water while bathing (for sport).

करपाल (also **करवाल** and **करवाल**) पुं० तलवार ; sword. —**पालिका** स्त्री० खांडा ; a small sword.

करपीडन न० विवाह ; marriage (=करग्रहः).

करभ पुं० छोटा हाथी, हाथी की सूंड, छोटा ऊंट, मृग, वानर-विशेष, मणिवन्ध अर्थात् कलाई से कनिष्ठ अंगुली तक का हाथ ; young elephant, trunk of an elephant, young camel, deer, species of monkey, hand in between wrist and little finger. —**भी** स्त्री० मल्लूकी (जो सांप को सांस द्वारा बिल में से खींच लेती है) ; female bear.

करभिन् पुं० हाथी ; elephant.

करभीर पुं० शेर ; lion.

करभोरू [-भ+ऊ-] स्त्री० सूंड़ जैसी सुन्दर उतार वाली जंघाओं वाली ; a woman whose thighs resemble the trunk of an elephant (=symmetrical).

करम्ब वि० व्यामिश्र, मिलित ; mixed, variegated.

करम्बिताङ्ग वि० घने-सटे अङ्गों वाला; having solidly set limbs.

करम्भ पुं० दहीमिला सत्तू, कीचड़ ; curd and barley meal, mud.

करयुग्म न० अञ्जलि ; two open hands held together.

करर (1) पुं० पक्षी, करील, आरा ; bird, a particular thorny tree, saw. (2) वि० दीन ; poor.

कररुह पुं० नाखून ; nail.

करवालिका स्त्री० छुरी ; dagger, knife.

करवीर पुं० कृपाण, एक दैत्य, कमिस्तान ; sword, name of a Daitya, cemetery. —**रा** हड़ताल ; red arsenic. —**री** स्त्री० पुत्र जननेवाली स्त्री, श्रेष्ठ गौ, अदिति ; a woman who has born a son, excellent cow, Aditī.

करशाखा स्त्री० अंगुली ; finger.

करशाला स्त्री० चुंगीघर आदि ; octroi and the like.

करशीकर पुं० हाथी की सूंड से छूटा फव्वारा ; water thrown out by an elephant through his trunk.

करशूक पुं० नाखून ; nail.

करहाट पुं० कमल की जड़ ; root of the lotus (=शिफाकन्द).

कराल [√कॄ] वि० चौड़ा खुला, रौद्र, तुङ्ग, बाहर निकले दांतों वाला ; opening wide, terrible, high, ugly, having projected teeth (=कडार).

कराल [√कृ] वि० कुशल, प्रगल्भ ; clever, efficient.

करालित वि० भीषित, पीडित, दन्तुरित ; frightened, pained, bristling.

करिका स्त्री० नखरेखिका, नखक्षत ; nail-scratches on the body of the beloved made by her lover or husband.

करिदारक पुं० शेर ; lion.

करिन् पुं० हाथी ; elephant. —**णी** हथिनी, अभिप्राय ; female elephant, meaning.

करिप [√पा] पुं० महावत ; elephant-driver.

करिमुख पुं० गणेश ; epithet of Gajānana.

करिष्ठ वि० अतिशयेन कर्ता ; doing most.

करिस्कन्ध पुं० हाथियों का झुण्ड ; herd of elephants.

करीर पुं० कलश, वंशाङ्कुर, करील का पेड़ ; jar, root of bamboo, scion of a family, Karīla tree. —**रा** or —**री** हाथियों का दन्तमूल ; the root of an elephant's tusk.

करीरक न० युद्ध ; battle, fight.

करीष पुंन० गोस्सा, सूखा गोबर ; dung cake, dry dung.

करीषंकषा स्त्रीवि० गोबर को उड़ा ले जाने वाली (वात्या) ; sweeping dry dung (strong wind or gale).

करुण [√कृ or √कॄ] वि० हृदय को आवर्जित कर देने वाला रस, कविता का स्रोत ; the pathetic sentiment (one of the nine Rasas), that which causes compassion or pity.

करुणविप्रलम्भ पुं० वियोग में प्रेम ; feeling of love in separation.

करुणवेदिता स्त्री० कृपालुत्व, दया ; compassion, pity.

करुणा स्त्री० अनुकम्पा, दया ; compassion, pity.

करुणापर वि० दयाप्रवण ; disposed to pity.

करुणायतन [-णा+आ-] वि० दया का सागर ; home of pity or compassion.

करुणार्द्र [-णा+आ-] वि० दया से भीना ; bedewed with pity.

करुणावृत्ति वि० दयाप्रवण ; disposed to pity.

करूष पुं० करूष लोगों का जनपद, बिहार का शाहाबाद जिला ; the southern region of the Śāhābād district was called Karūṣadeśa. Karūṣas fought with the Pāṇḍavas in the Great War.

करेणु (-णू) पुंस्त्री० हाथी, हथिनी ; elephant, female elephant.

करोटि (also -रोटम्) स्त्री० खोपड़ी ; skull.

करोत्कर [कर+उ-] पुं० करतल ; palm.

करोदरप्रहित वि० पाणितलास्फालित ; struck with the hollow of hands.

कर्क (1) पुं० वह्नि, श्वेत अश्व, दर्पण, घट, कर्कराशि, केकड़ा ; fire, white horse, looking glass, pitcher, cancer, fourth sign of the zodiac, crab. (2) वि० श्वेत, भव्य ; white, excellent.

कर्कट(क) पुं० केकड़ा, कर्कराशि, वन्द हाथ, तराजू की डंडी के किनारे जहां रस्सी बंधती है, रतिवन्धविशेष, कंपस ; crab, cancer, the fourth sign of the zodiac, closed hand, that part of a balance where strings are tied to hold the kakṣa.

कर्कटि (or -टिका) स्त्री० ककड़ी ; sort of cucumber.

कर्कतरु पुं० कुम्हड़ा, कूष्माण्ड ; a kind of pumpkin, gourd.

कर्कन्धु (-न्धू) स्त्री० बेरी ; jujube tree.

कर्कर वि० कठोर, स्थिर ; hard, firm. —री दे० 'गलन्तिका'.

कर्कराल पुं० जुल्फ ; curl of hair, ringlet.

कर्कश वि० सख्त, क्रूर, कठिन, रूक्ष ; hard, cruel.

कर्कारुक न० खरबूजा ; cucumis melo.

कर्कोट पुं० फणियर सांप के आठ प्रकारों में एक, गन्ना ; one of the eight varieties of cobra, sugar-cane.

कर्ण पुं० कान, बरतन का काना, नौका या पोत की पतवार, सूर्य द्वारा कुन्ती से उत्पादित पुत्र जिसका नाम कर्ण था और जो दान देने के लिये पूजा जाता था ; ear, handle of a vessel, rudder of a ship, name of the son born of Sūrya in Kuntī, the eldest brother of the Pāṇḍavas and a prince of unparalleled disposition to charity.

कर्णक पुं० पेड़ के शाख-पत्ते, श्वेत बाल ; leaves and branches of a tree, white hair.

कर्णकण्डू स्त्री० कान में खाज ; (fanciful) itching of the ear.

कर्णकीटा स्त्री० कान-खजूरा ; a worm with countless feet and of reddish colour, a small centipede.

कर्णक्ष्वेड पुं० कान में लगातार आवाज (आना) ; constant noise in the ear (a disease).

कर्णगूथक पुं० कान का मैल ; dirt in the ear.

कर्णग्राह (or -धार) पुं० नाविक, चालक, नायक, कर्ता-धर्ता ; helmsman, sailor, leader.

कर्णजलौका स्त्री० शतपदी, कान-खजूरा ; a small centipede.

कर्णजाह न० कर्णमूल ; ear-root.

कर्णताल पुं० हाथी के कानों की फड़फड़ाहट ; noise made by the ears of an elephant.

कर्णदर्पण पुं० कान की बाली ; ear-ring.

कर्णधारिणी स्त्री० हथिनी ; female elephant.

कर्णपरंपरा स्त्री० कानोंकानी ; from ear to ear, hearsay.

कर्णपाली (or -पालिका) स्त्री० कान की झूमकी ; ear-ornament.

कर्णपाश पुं० सुन्दर कान ; beautiful ear.

कर्णपुट न० कान का छिद्र ; ear-passage.

कर्णपूर(क) पुं० कान की बाली ; ear-ring.

कर्णयोनि वि० कर्णजात ; having the ear as source.

कर्णवेध पुं० कनछेदन (संस्कार) ; ceremony of piercing the ears.

कर्णवेधनी स्त्री० कान बींधने की सलाई या बाली ; needle for piercing the ear.

कर्णवेष्ट पुं० कान की बाली ; ear-ring.

कर्णशष्कुली स्त्री० कान का बाह्य भाग ; outer part of the ear.

कर्णशूल पुंन० कान का दर्द ; ear-ache.

कर्णश्रव वि० सुनाई पड़ने वाला ; audible.

कर्णस्रव (or -स्राव) पुं० कान बहना ; discharge from the ear.

कर्णाकर्णि क्रिवि० कानोंकान ; from ear to ear.

कर्णाट पुं० कर्नाटक ; Karṇāṭaka country of ancient India.

कर्णान्दू स्त्री० दे० 'कर्णपाली'.

कर्णाहि पुं० कान ; ear.

कर्णिक वि० कान वाला ; having ears. —कः पुं० कर्णधार ; steersman.

कर्णिका स्त्री० कर्णभूषण, पद्मबीज कोश, कर की मध्यांगुलि, कुट्टिनी, हाथी की सूंड का अग्रभाग ; ear-ring, pericarp of a lotus, middle finger of hand, bawd, tip of the elephant's trunk.

कर्णिल (विवृद्धौ कर्णौ यस्य) वि० बड़े कानों वाला ; having large ears.

कर्णिशर पुं० पंख वाला तीर ; winged arrow.

कर्णीरथ पुं० प्रवहण या पीनस, बहल, स्वयंवर-मञ्च ; vehicle meant for women, platform in a svayaṁvara.

कर्णजप पुं० चुगलखोर, कान भरने वाला, निन्दक ; back-biter.

कर्णोत्तंस [कर्ण+उ-] पुं० कान का गहना ; ear-ornament.

कर्णोपकर्णिका स्त्री० कानाफूसी ; rumour.

कर्त (=गर्त) पुं० खाई ; ditch.

कर्तन न० काटना, कातना ; cutting, spinning cotton. —नी कैंची ; scissors.

कर्तपत्य [√पत्] वि० गढ़े या नरक में गिराने वाला ; leading to ditch or hell.

कर्तरी (-रिका) दे० 'कर्तनी'.

कर्तव्य [√कृ] (1) वि० करने योग्य, अनुष्ठेय ; what ought to be done, duty. [√कृत्] (2) काटने या नष्ट करने योग्य ; what ought to be cut or destroyed: पुत्रः सखा वा भ्राता वा पिता वा यदि वा गुरुः । रिपुस्थानेषु वर्तन्तः कर्तव्या भूतिमिच्छता ॥ MBh.

कर्तृ [√कृ] वि० करने वाला, रचने वाला, निर्माता, लेखक, पुरोहित, एजण्ट ; doer, maker, creator, author, one who acts in a ceremony (priest), agent.

कर्दन न० पेट की गुड़गुड़ाहट ; rumbling of the bowels.

कर्दम पुं० कीचड़, गन्द, दलदल ; mud, dirt, mire. —म् न० मांस ; flesh.

कर्पट पुंन० कपड़ा ; cloth, garment.

कर्पर पुं० कड़ाहा, बरतन, फूटा घड़ा, शरावाकार एक अस्त्र ; frying pan, pan, any vessel, piece of broken jar (घटकर्परः), weapon formed like a platter. —री टूटे घड़े के टुकड़े ; bits of a broken carthen jar.

कर्पराल पुं० अखोट ; Pilu tree.

कर्पूर पुंन० कपूर ; camphor.

कर्पूरपादप पुं० कदलीतरु ; plantain tree.

कर्बुर (=कर्वर) वि० कर्वर, कबरा, धूसर, चितकबरा ; variegated, spotted, whitish, grey. —रः चित्र वर्ण, राक्षस ; variegated colour, demon. —री दुर्गा ; epithet of Durgā. —रम् सोना, जल ; gold, water.

कर्बुरित वि० चित्रवर्ण वाला, चितकबरा ; of variegated colour.

कर्मकर पुं० काम करने वाला, नौकर, शिल्पी ; doing work, servant, artisan : कर्मकरानुपनयते=दानेन स्वसमीपं प्रापयति.

कर्मकाण्ड न० कर्म से संबद्ध वैदिक भाग ; that part of the Veda which relates to sacrifice.

कर्मकार पुं० विना उजरत काम करने वाला ; working without wages.

कर्मकीलक पुं० धोबी ; washerman.

कर्मचाण्डाल वि० गंदे कामों में रत ; base in deed : असूयक पिशुन, कृतघ्न and दीर्घरोषी.

कर्मचेष्टा स्त्री० कार्य ; action.

कर्मचोदना स्त्री० कर्म के लिये विधि ; injunction for action.

कर्मठ (कर्मणि घटते) वि० कर्मशूर ; devoted to action.

कर्मण्य न० शूरता ; heroism. —ण्या मजदूरी ; wages.

कर्मदोष पुं० पापमय कर्म ; sinful deed.

कर्मधारय पुं० तत्पुरुष का एक भेद ; a subdivision of Tatpuruṣa in which the members of compound are in apposition.

कर्मन् न० काम, कृत्य, कर्म (उत्क्षेपण, अपक्षेपण, आकुञ्चन, प्रसारण, गमन), धार्मिक अनुष्ठान, भाग्य, कर्म कारक, इन्द्रिय ; deed, act, action, religious rite, fate, accusative case (कर्तुरीप्सिततमं कर्म), organ of sense.

कर्मनाशा स्त्री० एक नदी ; a river between Kāśī and Vihāra.

कर्मन्दिन् (कर्मन्देन प्रोक्तमधीते) पुं० भिक्षु ; mendicant.

कर्मप्रवचनीय (कर्म क्रियां प्रोक्तवन्तः संप्रति क्रियां न द्योतयन्ति) अनु आदि की संज्ञा ; a technical term used for *anu* etc. as in japam anu prāvarsat=हेतुभूतजपोपलक्षितं वर्षणम् : cp. "क्रियाया द्योतको नायं संबन्धस्य न वाचकः । नापि क्रियापदापेक्षी संबन्धस्य तु बोधकः" ॥, Vākya.

कर्मफलहेतु वि० फल को ध्यानमें रख कर काम करने वाला ; acting with a view to the results of deeds.

कर्मयुग न० कलियुग ; Kali age.

कर्मयोग पुं० खेती और व्यापार, निष्काम कर्म करना ; agriculture and business, doing actions without expectation of their results.

कर्मवचन न० कृत्यजात ; the ritual.

कर्मवज्र पुं० शूद्र ; a Śūdra.

कर्मवत् वि० काम करने वाला, काम में लगा ; doing, employed in work.

कर्मवाटी स्त्री० तिथि ; lunar day.

कर्मवृत्त वि० दे० 'कर्मठ'.

कर्मव्यतीहार पुं० क्रियाविनिमय ; exchange of activity : अन्योन्यं विप्रा नमन्ति.

कर्मशाला स्त्री० वर्क-शॉप ; workshop.

कर्मशौच न० विनय ; humility.

कर्मसङ्ग पुं० कर्म में फंस जाना ; attachment to actions and their results.

कर्मस्थान न० दफ्तर, कार्यालय ; public office.

कर्मातिशय पुं० महान् कार्य ; great deed, excellent work.

कर्मान्त पुं० इक्षुधान्यादि-संग्रह-स्थान ; place where taxable things are collected.

कर्मार पुं० सुनार आदि ; goldsmith etc.

कर्माराम वि० कर्म में है प्रसन्नता जिसकी ; delighting in work.

कर्माशय पुं० कर्मजन्य वासना ; impressions on the mind of actions.

कर्मिक (कर्मन्-) वि० करने वाला, एजण्ट ; acting, agent.

कर्मिन् (1) पुं० कमेरा, नट, नर्तक, तक्षा आदि ; a worker, like an actor, carpenter. (2) वि० क्रियाशील ; active.

कर्मीर वि० कवरा ; variegated.

कर्मेन्द्रिय न० पायु, उपस्थ, पाणि, पाद, वाक् ये पाँच इन्द्रियां ; organs of action : organ of excretion, organ of generation, hand, foot, organ of voice.

कर्मोपकरण वि० कर्म द्वारा उपकारक ; doing good through service (Śūdra).

कर्शित [√कृश् 'तनूकरणे'] वि० दुवलाया, पतला ; emaciated, thin.

कर्षक [√कृष् 'विलेखने'] पुं० किसान ; farmer.

कर्षकष पुं० कसौटी, निकषोपल ; touchstone.

कर्षण (1) न० इधर उधर खींचना, घसीटना, हल जोतना, सताना ; pulling to and fro, dragging, ploughing, tormenting. (2) वि० नाशक (शत्रुओं का) ; harasser (of enemies).

कर्षणि स्त्री० पुंश्चली ; unchaste woman.

कर्षफल दे० 'विभीदक'.

कर्षिन् [√कृष्] (1) वि० खींचने वाला, आकर्षक ; drawer, attractive. (2) पुं० हाली ; ploughman.

कर्षू स्त्री० जीविका, करसी की आग, छोटी नदी, नहर, खाई, वहस ; livelihood, cowdung-fire, small river, canal, trench, discussion.

क-र्हि क्रिवि० कब ; when.

√कल् ['गतौ संख्याने च', कलयति] (1) हांकना ; to drive (क्षेपे, कालयति). (2) फेंकना, निकालना, खदेड़ना ; to throw, drive away : गाः कालयति. (शब्द-संख्यानयोः, कलते). (3) शब्द करना, गूंजना ; to make sound, coo.

कल (1) वि० अव्यक्त-मधुर (ध्वनि), निम्न-मृदु-मधुर (राग), रम्य शब्द करने वाला ; sweet and indistinct (sound), low, soft, sweet, melodious (note), making noise. —लः पुं० निम्न-मृदु ध्वनि, चार मात्राओं के वरावर काल ; soft and inarticulate tone, time equal to four mātrās. —म् न० वीर्य ; semen.

कलकण्ठ (1) वि० मीठे सुर वाला ; having a sweet voice. —ण्ठः (2) पुं० कोकिल, हंस, पारावत ; cuckoo, swan, pigeon.

कलकल पुं० कोलाहल, शोर ; any confused sound, noise, cry.

कलघोष पुं० कोकिल ; cuckoo.

कलङ्क पुं० धब्बा, बट्टा, दाग ; stain, blame.

कलत वि० गंजा ; bald-headed.

कलतूलिका स्त्री० वदचलन स्त्री ; wanton woman.

कलत्र न० पत्नी, मादा, श्रोणि ; wife, female of any animal, hips or buttocks of a woman.

कलधूत न० चांदी ; silver.

कलधौत न० सुवर्ण, चांदी ; gold, silver.

कलन न० पकड़ना, चिह्न, समझना ; seizing, mark, understanding. —नः पुं० एक प्रकार का गन्ना ; a variety of sugar-cane.

कलना स्त्री० कल्पना, भ्रम, संकल्प, गिनना ; thought, illusion, intention, counting.

कलनापद न० सविकल्पक वुद्धि का विषय ; subject to the idea of distinctions and doubts.

कलन्दिका स्त्री० समझदारी ; wisdom.

कलभ पुं० तीस वरस का हाथी (=करिपोतक) ; elephant of thirty years, young elephant.

कलम पुं० मई-जून में वोया जानेवाला धान (शालि), जो दिसम्बर-जनवरी में पकता है ; rice sown in May-June and matured in December-January.

कलमगोपी (or -गोपिका) स्त्री० शालिगोप्त्री, शालिगोपिका, धान की रखवालन ; female watcher of rice-fields.

कलम्ब पुं० तीर, नाल ; arrow, stalk.

कलम्बिका स्त्री० गुद्दी ; nape of the neck.

कलल पुंन० गर्भाधान के वाद एक रात्रि में वीर्य और रज मिलकर जो वनता है ; embryo germ.

कललिपि स्त्री० हस्तलिखित पुस्तक पर सोना फेरना ; illumination of a manuscript with gold.

कलविङ्क पु० (गृह-)चटक, गोरैया पक्षी ; sparrow, cuckoo.

कलश (or -स) पु० कलसा, मन्दिर का ऊपरी बुर्ज या मीनार ; water-pot, rounded pinnacle on top of a temple.

कलशि स्त्री० दधिधानी, कछाली, गगरी ; churning pot, pitcher, jar.

कलहंस पुं० वत्तख ; a kind of duck, ganofer.

कलह पुं० (शारीरिक) लड़ाई-झगड़ा, टण्टा, राड़ ; (bodily) quarrel (cp. कलि), strife.

कलहकार वि० झगड़ालू ; quarrelsome.

कलहान्तरिता स्त्री० कलह के कारण प्रियतम से बिछुड़ी; separated from her lover by a quarrel.

कलहाय् (कलह का नाम-धातु) झगड़ना ; to quarrel.

कलहिन् दे० 'कलहकार'.

क्वाथित वि० पकाया ; boiled.

√क्षण् [हिंसायाम्, क्षणोति, क्षणुते, क्षत] घायल कर देना, चोट पहुंचाना ; to wound, injure.

क्षण पुंन० निमेष, पल कमर, तीसक लाओं का समूह, उत्सव, निमन्त्रण ; twinkling of an eye, moment, joyful occasion, invitation.

क्षणक्षेप पुं० क्षण भर का विलम्ब ; delay of a moment. 'क्षणेन, क्षणात्' क्रिवि० पल भर में, तुरन्त ; in a moment, soon.

क्षणद पुं० गणक ; astrologer. —**दा** स्त्री० रात्रि ; night affording revelry. —**दम्**, जल, रात्र्यन्धकार ; water, night-blindness.

क्षणन न० मारना ; killing.

क्षणप्रभा स्त्री० बिजली ; thunder.

क्षणिक (क्षण-) वि० क्षण भर टिकने वाला ; momentary.

क्षत [√क्षण्] (1) वि० कृत्त, घायल, चोट खाया ; wounded, injured. (2) —**तम्** न० घाव, चोट, तिमिर ; wound, injury, darkness.

क्षतज न० रक्त ; blood.

क्षतसेतुबन्धन वि० तोड़ दिया है पुल का बन्धन जिस ने ; who has broken the structure of the bridge.

क्षति [√क्षण्] स्त्री० चोट, हानि, घाटा ; injury, damage, loss.

क्षत्तृ वि० क्षत्रिय स्त्री में शूद्र से उत्पन्न पुत्र ; one born of a Śūdra in a Kṣatriya woman.

क्षत्र [√क्षि] न० शक्ति, आधिपत्य, राज्य ; might, supremacy, dominion. —**त्रः** पुं० क्षत्रिय ; a Kṣatriya.

क्षत्रज [- √जन्] वि० क्षत्र अर्थात् शक्ति से उत्पन्न ; emanating from power.

क्षत्रबन्धु पुं० द्वितीय वर्ण का ; one who belongs to the Kṣatriya or second class.

क्षत्रिय [-या, -याणी स्त्री०] पुं० दूसरे वर्ण का, राजन्य ; a member of the second class (i.e. the warrior).

क्षपण पुं० जैन या बौद्ध साधु ; naked Jain, a Buddhist monk. —**णम्** न० हिंसन ; killing.

क्षपणकविहार पुं० बौद्ध अथवा जैन मन्दिर ; Buddhist or Jaina temple.

क्षपा [√क्षप्] स्त्री० रात ; night.

क्षपाकर पुं० चन्द्रमा ; moon.

क्षपाट [क्षपा+अट] =रात्रिचर.

क्षपाह [क्षपा+अहन्] न० रात और दिन ; night and day.

√क्षम् [सहने, क्षमते, क्षाम्यति, क्षान्त, णि० क्षमयति] शान्त रहना, सहजाना, समर्थ होना, माफ कर देना ; to be quiet, endure, be able, forgive.

क्षम वि० धैर्यवान्, सहिष्णु, योग्य, उपयुक्त ; enduring, patient, able, fit.

क्षमा स्त्री० धैर्य, सहनशीलता, पृथिवी ; patience, indulgence, earth.

क्षमिन् वि० सहने वाला, क्षमावान् ; indulgent, forgiving.

क्षय [√क्षि] पुं० निवास, रहने का स्थान, मकान, विनाश ; residing, dwelling-place, house, destruction.

क्षयावह [-य+आ-] वि० नाश की ओर ले जाने वाला ; tending to destruction.

क्षयिष्णु वि० क्षीण होने वाला ; that which perishes.

√क्षर् [प्रस्रवणे, क्षरति -ते, क्षरित, क्षारयति] बहना, झरना, पिघलना ; to flow, liquefy.

क्षर वि० नाशवान्, बह जाने वाला ; perishing, melting away.

क्षरण न० टपकना, टपकता पसीना, प्रकटन, प्रकाशन ; dripping, dripping perspiration : 'अङ्गुली-क्षरणसन्नवर्तिकः', रघु० 19.19, exposure, disclosing : रहस्यक्षरणम्, Dkc.

√क्षल् [क्षलति, क्षालयति] बहना, धोना ; to flow, wash.

क्षवथु [√क्षु शब्दे, क्षौति] पुं० छींक ; sneeze. दे० 'क्षुत'.

√क्षा [क्षायति, क्षाण] जलाना, आग लगा देना ; to burn, set on fire.

क्षात्र (क्षत्र-) न० क्षत्रिय से संबद्ध ; belonging to Kṣatriya, of Kṣatriya.

क्षान्त [√क्षम] वि० सह जाने वाला ; patient.

क्षान्ति स्त्री० क्षमा, तितिक्षा ; forgiveness.

क्षान्तु [√क्षम] पुं० मशक ; mosquito.

क्षाम [√क्षा] वि० झुलसा हुआ, सूखा, म्लान, तान्त, पतला-दुबला, कृश, सामान्य, रहित ; scorched, dried up, harsh (sound), emaciated, slim, unimportant, lacking.

क्षामता स्त्री० परिक्षीणता, दुर्बलता ; emaciation.

क्षार (1) वि० काट करने वाला, तीखा, नमकीन, खारा, बहने वाला ; corrosive, pungent, saline, flowing. (2) पुं० खार, सज्जी आदि घाव को बहाने वाली दवा, राख, ऊसर ; medicine to clear away impurities, ashes, barren land.

क्षारक पुंन० नई कली या कलियों का समूह ; young bud or bunch of buds.

क्षारपाक पुं० (धोबी का) भट्टी चढ़ाना ; to boil the clothes in a pungent mixture (by washermen).

क्षारित वि० चोरी के दाग वाला ; one defiled by theft.

क्षालक पुं० धोबी ; washerman.

क्षालन न० धोना ; washing.

√क्षि ['हिंसायाम्' क्षिणोति, क्षित, क्षीण] हिंसा करना, मारना, गन्दा कर देना ; to destroy, kill, corrupt.

√क्षि ['क्षये' क्षयति] (1) कम होते जाना, क्षीण होते जाना, नष्ट हो जाना ; to waste away, perish. (2) सक० नष्ट कर देना ; to destroy : 'ज्वरः क्षयति रोगिणम् ; णि० क्षययति, क्षाययति.

√क्षि [निवासगत्योः, क्षियति] बसना, रहना, ठहरना, चलना ; to dwell, move.

क्षिति स्त्री० नाश, प्रलय-काल, निवास, धरती, लोग (बहु०), बस्तियां (=विशः); destruction, period of destruction of the world, abode, earth, men (pl.), settlements.

क्षितिक्षित् पुं० राजा ; king=ruling over the earth.

क्षितिगर्भ पुं० पाताल ; nether world.

क्षितिप पुं० राजा ; king=क्षितिपाल.

क्षितिसुत पुं० नरकासुर ; the demon Naraka.

क्षितीश [क्षिति+ई-] पुं =क्षितिक्षित्=क्षितीश्वर.

क्षितेः क्षोदः धूलि ; dust.

√क्षिप् [प्रेरणे, क्षिपति -ते, क्षिप्स्यति, क्षिप्त, क्षेपयति] फेंकना, (दृष्टि) डालना, रखना, निरादर करना, नष्ट करना, (समय) गुजारना ; to cast, throw a glance, put, insult, destroy, pass time.

क्षिपणी स्त्री० नौकादण्ड, किश्ती चलाने का डण्डा, बांस या बल्ली ; bamboo (for rowing a boat).

क्षिपणु पुं० वायु ; air, wind.

क्षिपयु पुं० देह, वसन्त ; body, spring season.

क्षिपा स्त्री० फेंकना, आज्ञा देना ; act of throwing, command.

क्षिप्णु वि० फेंकने वाला ; throwing.

क्षिप्नु वि० प्रेरक, प्रतारक, क्षेपणशील, त्यक्तुकाम ; impeller, deceiver, wishing to throw away.

क्षिप्र वि० तेज, जल्दबाज ; quick, speedy. **-प्रम्** क्रिवि० जल्दी ; quickly : 'क्षिप्रं जरां गच्छति'=शीघ्र पच जाता है (भोजन) ; is quickly digested (food, Caraka).

क्षिया [√क्षि] स्त्री० धर्मव्यतिक्रम, आचारोल्लङ्घन, आचारभङ्ग ; transgression of propriety.

क्षीण [also क्षित √क्षै=क्षा क्षये, क्षायति] वि० नष्ट, कमजोर, समाप्त, समाप्ति की ओर झुका ; worn away, feeble, finished, going to an end.

क्षीव [√क्षीव् मदे, क्षीवते] वि० मदिरा से मत्त, उत्तेजित ; drunk, excited.

क्षीर न० दूध ; milk. तु० 'क्षीरस्यति बालः' ; child longs for milk.

क्षीरदधिन्याय पुं० संपूर्ण दूध से दही बनता है, संपूर्ण दही से मक्खन और संपूर्ण मक्खन से घी इस प्रकार का क्रम परिणाम ; modification or change in succession.

क्षीरपाक पुं० चाक ; chalk.

क्षीरपाण [क्षीरं पानं यस्य] वि० दूध पीने वाला ; one who is fond of taking milk : क्षीरपाणा उशीनराः.

क्षीरिका स्त्री० खिरनी का पेड़=राजादनः.

क्षीरिन् वि० दूध वाला ; milky or yielding milk.

क्षीरोद पुं० क्षीरसमुद्र ; milk-ocean.

क्षीरोदक न० दूध और जल ; milk and water.

क्षुण्ण [√क्षुद्] वि० टूक-टूक हुआ, कुचला, घिसा-पिटा (मार्ग) ; crushed, trampled down, trodden (path).

क्षुत [√क्षु] न० छींक ; sneezing. तु० क्षुतादि-प्रयोगेषु प्रयो०, II. P. 81=क्षवथुः.

क्षुत्क्षाम वि० क्षुधा से दुबलाया ; emaciated by hunger.

क्षुत्ताप पुं० भूख की जलन ; pain of hunger.

क्षुत्परिक्लान्त वि० क्षुधा से परेशान या व्याकुल ; distressed with hunger.

√क्षुद् [संपेषणे, क्षुणत्ति, क्षुन्ते, क्षुण्ण] कुचलना, पीस डालना ; to trample upon, crush.

क्षुदुत्तप्त [क्षुद्+उद् √तप्] वि० भूख से सताया ; afflicted with hunger.

क्षुद्र [√क्षुद्, क्षोदीयस्, क्षोदिष्ठ, क्षोदिमन्] वि० तुच्छ, अल्प, सूक्ष्म, बुरा, दयनीय, बिचारा ; insignificant, little, minute, bad, miserable.
—**द्रा** स्त्री० वेश्या, नटी, सरघा, मधुमक्खी ; courtesan, actress, bee.

क्षुद्व्याधि (-धी द्वि.) भूख और रोग ; hunger and disease.

√क्षुध् [बुभुक्षायाम्, क्षुध्यति, क्षुधित] भूखा होना ; to be hungry.

क्षुधार्त वि० क्षुधातुर, भूख से सताया ; distressed with hunger.

क्षुधाविधुर वि० =क्षुधार्त.

क्षुधित वि० भूखा ; hungry.

क्षुप(क) पुं० अतिबाल वृक्ष, सरलप्राय करवीरादि, झुंपा ; very young tree, trees going up straight as Karavīra, bush.

क्षुब्ध [√क्षुभ्] वि० व्याकुल ; agitated. —म् न० मन्थ, द्रवद्रव्यसंपृक्त सत्तू ; mixed beverage ; cp. मन्थ.

√क्षुभ् [संचलने=कम्पने, क्षुभ्यते, क्षोभते, क्षुभ्नाति, क्षुब्ध, क्षुभित णि० क्षोभयति] कांपना, थरथराना, उत्तेजित हो उठना ; to tremble, shake, be agitated.

क्षुमा स्त्री० अतसी, अलसी ; linseed. तु० क्षौम.

√क्षुर [विलेखने: क्षुरति केशान्] काटना ; to cut or shave.

क्षुर [√क्षुर्] पुं० छुरा, उस्तरा ; sharp knife, razor.

क्षुरक पुं० तिलकवृक्ष ; particular tree with beautiful flowers.

क्षुरभाण्ड न० उस्तरा आदि राछ रखने की 'किस्मत' ; razor-case.

क्षुरिन् पुं० नाई ; barber.

क्षुल्ल [=क्षुद्र √क्षुद्] क्षुद्र, छोटा ; small, insignificant.

क्षेत्र [√क्षि] न० निवास, धरती, खेत, स्थान, प्रदेश, उत्पत्ति-स्थान, योनि, गर्भ, पत्नी ; dwelling-place, piece of ground, field, ground, place, region, place of origin, vagina, womb, wife.

क्षेत्रकर पुं० खेतों की नापजोख करने वाला, खेतों में जरीब डालने वाला (पटवारी) ; officer in charge of measuring fields.

क्षेत्रज पुं० पति के मर जाने पर या उसके क्लीब हो जाने पर पत्नी से देवर द्वारा नियोग से उत्पादित पुत्र ; offspring of the wife of an impotent or sick person now dead by a kinsman duly appointed to raise up issue.

क्षेत्रज्ञ पुं० आत्मा, पुरुष ; soul, Jīva.

क्षेत्रपति पुं० किसान ; farmer.

क्षेत्रपाल पुं० खेतों का रक्षक देव ; Śiva's attendant whose shrine is built on the outskirts of a village for protection of fields and the village.

क्षेत्रभक्ति स्त्री० खेत की काट या विभाजन ; division of field : द्विकाणा क्षेत्रभक्तिः.

क्षेत्राजीव पुं० किसान ; farmer.

क्षैत्रिक वि० किसान ; farmer.

क्षेत्रिय वि० बोए खेत में पैदा हुआ कबाड या घास, जन्मान्तर में चिकित्सा-योग्य व्याधि, पर-स्त्रियों में निग्राह्य व्यक्ति, पर शरीर में संक्रमित करके जिस विष की चिकित्सा की जाती है वह ; grass come out in a field (weed), a disease that can be cured only in the next birth, incurable disease, adulterer, poison that is cured after its transfer to another body.

क्षेपक वि० फेंकने वाला, प्रक्षिप्त ; thrower, interpolated.

क्षेपण न० फेंकना, गोफिया, वन्दिश (=अनध्याय) ; throwing, sling, omission of studies, holiday.

क्षेपणिक वि० नाविक ; oarsman.

क्षेपणी स्त्री० गोफिया, चप्पू ; sling, oar.

क्षेपिमन् (क्षिप्रस्य भावः) पुं० तेजी ; quickness.

क्षे-म [√क्षि निवासे, क्षेति] वि० बसने योग्य, शान्त, सुरक्षित; habitable, tranquil, safe. —मः पुं० घर, सुरक्षा, सलामती, शान्ति, प्रसाद, प्राप्त धन का रक्षण ; house, serenity, safety, place, happiness, preservation of acquired wealth.

क्षै [क्षये, क्षायति, क्षाम, cp. √क्षा] कम होते जाना, घटते जाना ; to decrease, wane.

क्षैत्र (क्षेत्र-) वि० =कैदार्य.

क्षैप्र पुं० उदात्त और स्वरित के स्थान में यण् सन्धि ; euphonic combination of an udātta and anudātta into y, v, 2 etc. 'अभ्यमि हि'.

क्षोड पुं० हाथी बांधने का खंभा ; post to which an elephant is tied.

क्षोणि [-णी] स्त्री० पृथिवी ; earth.

क्षोणीज पुं० वृक्ष ; tree.

क्षोणीपाश पुं० धरती में दबी घोड़े के पैर बांधने की रस्सी ; foot-rope for a horse.

क्षोणीभृत् पुं =क्षुधर ; mountain.

क्षोद [√क्षुद्] पुं० चूर्ण ; powder.

क्षोदक्षम वि० परीक्षायोग्य ; that can undergo investigation.

क्षोदित वि० चूर्णित ; powdered.

क्षोदिष्ठ वि० बहुत बारीक ; very minute.

क्षोभ [√क्षुभ्] पुं० संचलन, चित्त की व्यग्रता ; agitation.

क्षोदीयस् वि० क्षुद्र का तुलना में ; very insignificant.

क्षोम न० अट्ट, अटारी ; apartment on the roof of a house.

क्षौद्रपटल न० मधुच्छत्र, शहद का छत्ता ; honey-comb.

क्षौम (क्षुमा-) (1) न० अतसी या सन के सूत्रों का वस्त्र, रेशमी वस्त्र ; flexen garment, silken garment. (2) वि० मन्द, अनुकूल ; dull, accordant.

क्षौमपरिधि पुं० रेशमी वस्त्र ; silken garments.

क्षौमस्तोम पुं० रेशमी कपड़ों का ढेर ; heap of silken garments.

क्षौर (क्षुर-) न० बाल बनवाना ; shaving the head, shaving in general.

क्ष्णुत (क्ष्णु तेजने, क्ष्णौति) वि० पैनाया ; sharpened.

क्ष्मा [√क्षम्] स्त्री० धरती (सहने वाली) ; earth that endures.

क्ष्माभुज् पुं० धरती को भोगने वाला, राजा ; enjoyer of the earth, king.

क्ष्मा-भृत् पुं० =क्षोणीभृत्.

क्ष्वेड पुं० सर्पविष, विष, गरल ; snake's poison, poison.

क्ष्वेडन न० दांत किटकिटाना ; striking teeth one against the other.

क्ष्वेडा स्त्री० अव्यक्त ध्वनि ; indistinct sound (of teeth).

क्ष्वेडितनाद पुं० सिंहगर्जन ; roar of a lion.

क्ष्वेलन (=क्ष्वेलितम्) न० कूदना-फांदना, खेलना ; jumping, play, sport.

ख

ख न० आकाश, खाली स्थान, कण्ठ, छिद्र, विवर, ब्रह्म ; sky, empty place, throat, a hollow, aperture, Brahman.

खग [√गा or गम्] पुं० सूर्य, पक्षी ; sun, bird.

खगपति पुं० गरुड़ ; Garuḍa, the king of the birds.

खगाधिप पुं० =खगपति.

खगान्तक पुं० बाज ; falcon.

खगोल पुं० आकाशमण्डल ; celestial sphere.

खगोलविद्या स्त्री० तारों की विद्या ; astronomy.

खचर [-री स्त्री०] पुं० पक्षी ; bird.

खजक पुं० मथानी, रई ; churning stick.

खजप न० घी ; clarified butter.

खजाक पुं० पक्षी ; bird. —का दर्वी ; ladle (besides खजाकिका).

खज्योतिस् पुं० जुगनू ; fire-fly.

खञ्ज वि० =खञ्जन.

खञ्जक =खञ्जन.

खञ्जन (खजि गतिवैकल्ये, खञ्जति) वि० लंगड़ा, (=कुणि) पङ्गु ; lame, crippled.

खञ्जनरत न० सन्तों का मैथुन ; cohabitation of saints.

खञ्जरीट पुं० खञ्जन पक्षी ; wag-tail: cp. 'यत्रावनौ खञ्जनको विधत्ते रतं भवेत्तत्र महानिधानम्' लोकप्रवादः.

खट न० अन्धकूप ; well.

खटक वि० विवाह लाने वाला, कफ ; one who arranges marriage, phlegm.

खटखत्रिय पुं० अश्वाचार्य ; skilled in the act of training horses.

खटाखु स्त्री० बालमूषिका ; small mouse.

खटिक पुं० आधा बन्द हाथ ; half-closed hand. —का स्त्री० खड़िया, चाक ; chalk.

खट्‌टुक्ष पुं० मूर्ख, खल ; dunce, rogue.

खट्टन वि० बौना ; dwarfish.

खट्वा (or खट्टा) स्त्री० खाट ; bed-stead.

खट्टि स्त्री० अरथी ; bier.

खट्टिक पुं० खटीक, कसाई ; butcher.

खट्वाङ्ग न० महाव्रतियों के कन्धों पर रखा ध्वज ; banner on the shoulder of those who observe religious rites.

खट्वारूढ वि० चारपाई तोड़ने वाला, निषिद्ध का अनुष्ठान करने वाला ; addicted to lying on a bed : खट्वारूढो जाल्मः ; one doing what is prohibited.

खड्ग पुं० तलवार, गेंडा ; sword, rhinoceros.

खड्गकूर्म पुं० गेंडा ; rhinoceros.

खड्गधेनु स्त्री० छुरी, खुकरी ; small sword.

खड्गपात पुं० तलवार का वार ; sword-cut.

खड्गपात्र न० सींग का पात्र ; vessel made of horn.

खड्गपुत्रिका स्त्री० छुरी ; small sword.

खड्गहस्त वि० तलवार लिये हुए ; having sword in hand.

खड्गिन् वि० तलवार संभाले या लिये हुए ; armed with a sword.

√खण्ड् [भेदने, खण्डयति, खण्डते] तोड़ना ; to break.

खण्ड (1) वि० अधूरा, अपूर्ण ; incomplete, not full. —ण्डः, —ण्डम् (2) पुंन० टुकड़ा, खांड, खप्पर ; piece, part, fragment, sugar, a beggar's bowl.

खण्डगिरि पुं० भुवनेश्वर से तीन मील उत्तर-पश्चिम में एक पर्वत जिसके शिखर हैं—उदयगिरि, नीलगिरि और खण्डगिरि ; a hill about three miles north-west of Bhuvaneśvara with three peaks: Udayagiri, Nīlagiri and Khaṇḍagiri.

खण्डदेवकुल न० टूटा-फूटा मन्दिर ; ruined temple.

खण्डन (1) वि० तोड़ने वाला, नष्ट करने वाला, प्रत्याख्यान करने वाला ; breaking up, destroying, refuting. —म् (2) न० तोड़ना, टुकड़े करना, नष्ट करना, प्रत्याख्यान करना, बात काट देना ; breaking, destroying, refuting.

खण्डपरशु पुं० महादेव ; epithet of Śiva.

खण्डलवण न० काला नमक ; black salt.

खण्डविकार पुं० राब ; brown liquid sugar.
खण्डशस् क्रिवि० टुकड़े-टुकड़े ; in pieces.
खण्डाभ्र न० बादल का टुकड़ा, दन्तक्षत-विशेष ; bit of cloud, amorous bite : 'विचित्रमीपत्परिमण्डलं च क्षतैः समन्ताद् विपदैरुपेतम्। खण्डाभ्रकं तद् दशनाभ्रलेख्यं बिम्बाधरोत्सङ्गविभूषणायाः ॥'
खण्डितवृत्त वि० भ्रष्टचरित्र, आचार से च्युत ; of immoral conduct.
खण्डिता स्त्री० वह स्त्री जिसका पति अन्यत्र रातें बिताता है, टुकड़े-टुकड़े हुई, ईर्ष्याकषायित ; a woman whose husband is guilty of infidelity, broken, enraged with jealousy.
खण्डु पुंन० खांड ; sugar.
ख-तिलक पुं० सूर्य ; sun.
खदित [√खद् स्थैर्ये हिंसायां भक्षणे च, खदति) वि० विद्रावित, खदेड़ा ; repulsed, put to flight.
खदिर पुं० खैर का पेड़ ; the tree Acacia catechu having very hard wood.
खद्योत पुं० जुगनू ; glow-worm, fire-fly.
खधूप पुं० राकट ; rocket.
√खन् [अवदारणे, खनति, खात, खानयति, चिखनिषति] खोदना, निकालना ; to dig up, dig into the earth, excavate.
खन् [=खञ्, खञ्जतीति]=खञ्जः.
खनक पुं० चूहा ; mouse.
खनन (1) वि० खोदने का औजार ; digging implement. —नम् (2) न० खोदना ; digging.
खनि स्त्री० खोदना, गहरा गढ़ा, खान, आकर ; digging, deep pit, mine.
खनित्र न० फावड़ा ; spade.
खनित्रिम वि० खोदने से उत्पन्न ; produced by digging : खनित्रिमा आपः.
खपराग पुं० अन्धकार ; darkness.
खपुष्प न० आकाशपुष्प, काल्पनिक पदार्थ ; flower in the sky, chimera.
खमणि पुं० सूर्य ; sun.
खमूर्ति पुं० शिव ; epithet of Śiva.
खर (1) वि० तीक्ष्ण, सख्त, खुरदरा, दुःसह, अधिक गरम ; sharp, hard, rough, hard to bear, very hot. —रः (2) पुं० गधा, खच्चर, एक राक्षस का नाम ; donkey, name of a demon. —री स्त्री० गधी ; female ass.
खरणस् वि० नुकीली नाक वाला ; of pointed nose.
खरधार वि० तेज धार या फलके वाला ; of sharp blade.
खरनखर पुं० सिंह ; lion.
खरवृषभ पुं० चण्ड बलीवर्द, प्रचण्ड बैल ; impetuous bull.
खरांशु पुं० सूर्य ; sun.
खरु (1) पुंस्त्री० काम, अश्व, पतिंवरा कन्या ; cupid, horse, a girl choosing her husband. (2) वि० क्रूर, मूर्ख ; cruel, foolish.
खरोलिका स्त्री० परिहासक्रीडा, मजाक ; joke.
खरोष्ठी चौथी ईपू० से द्वितीय शती तक गन्धार में प्रयुक्त भारतीय लिपि ; the Kharoṣṭhī script was employed in Gandhāra (Eastern Afghanistan and Western Punjab) from the 4th BC. to AD. 200. It was written from right to left.
खर्जू स्त्री० खाज ; itching.
खर्जूर [खर्जू-र] पुं० खजूर, कीड़ा ; palm, date-tree, worm. —म् न० खजूर का फल, रूप्य ; date, palm, silver.
खर्पर पुं० खप्पर, मांगने का बरतन, चोर, टूटा घड़ा ; skull, beggar's bowl, thief, broken jar.
खर्म [खर+म ?] पुं० क्षौम, पौरुष, परंपराशुद्धि ; silken garment, manliness, purity of succession.
खर्व [√खर्व दर्पे] कटा-फटा, लुंजा, दोषग्रस्त, बौना, ह्रस्व, ओछा, अदना, खरब ; mutilated, crippled, deformed or defective, dwarfish, small, degraded, the number 100000000000.
खर्वट पुं० खेड़ा, गांव, पीठ की जगह ; village, market-place.
खर्वभाव पुं नीचता ; low-mindedness.
खल [√खल् संचये, खलति] (1) पुंन० खलिहान, पैर, स्थान, गर्द का अंबार, (तेल की) खल ; threshing floor, place, heap of dust, deposit of oil (=oil cake). (2) [√खडि भेदने, खाडयति] वि० लड़ाई कराने वाला, कलहारा, दुष्ट ; one causing discord, a mean fellow, villain.
खलति [√स्खल् or √खड्] (1) वि० गंजा, निष्केश-शिरस् ; bald-headed. (2) स्त्री० गंज : baldness.
खलधान (or धान्यम्) न० खलिहान ; threshing floor.
खलपू [-पूः] पुं० खलिहान में रड़का या झाड़ू मारने वाला, संमार्जक ; one who cleanses threshing floor.
खलभुजंग पुं० पक्का या छंटा बदमाश ; great rogue.
खलमूर्ति स्त्री० पारा ; quicksilver.
खली स्त्री० खल ; oil-cake.
खलीकृत वि० उपद्रुत ; plagued.
खलीन न० लगाम का अग्रभाग ; bit of a bridle.
खलु क्रिवि० निश्चय से, पक्की तौर से ; certainly, truly, please or pray : देहि खलु मे प्रतिवचनम् ; क्त्वान्त के साथ 'नहीं' (=अलम्) ; with gerund it means 'enough', 'do not' (like अलम्).

खले-कपोतन्याय पुं० जिस प्रकार कबूतर खलिहान के दानों पर एक साथ गिर कर उन्हें खाते हैं उस प्रकार ; the manner in which a flock of pigeons swoop on a threshing floor ; threshing floor pigeon-maxim.

ख-लेखा स्त्री० व्योमवीथी ; sky-way.

खले-दारु न० दाम (चलाने) की लकड़ी ; the wood or post round which oxen move for threshing corn.

खलेधानी स्त्री० =खले-दारु.

खल्ली स्त्री० हाथ-पैर टूटना (=करपादावमोटनम्) ; slight pain and languidness in hands and feet.

खल्य (खल-) खलिहान-संबन्धी ; relating to threshing floor.

खल्या (=खलिनी=खलानां समूहः) पैरों का समूह ; a number of threshing floors.

खल्ल पुं० =खल्व.

खल्व पुं० खरल ; stone for grinding drugs.

खल्वाट वि० गंजा ; bald-headed.

खवारि न० वर्षा, ओस ; rain water, dew.

खश पुं० भारत के उत्तर में एक पहाड़ी प्रदेश और वहां के निवासी, झल्ल ; a mountanous country in the north of India and its inhabitants, Jhalla.

खश्वास पुं० वायु ; air.

खष्प पुं० क्रोध ; anger.

खस पुं० खाज ; itch.

खसिन्धु पुं० चन्द्र ; moon.

खसूचि वि० ताकने वाला ; expression of reproach : वैयाकरण-खसूचिः.

खस्तनी स्त्री० धरती ; earth.

खाण्डववन न० यह वन कुरुक्षेत्र के समीप था। वनवास के दिनों में पाण्डव इसमें घूमे थे ; this forest formed boundary of Kurukṣetra.

खात [√खन्] पुंन० खन्दक, गढ़ा, तालाब, पोखरा ; trench, pit, small tank.

खातचक्र न० =खातभूः.

खातभू स्त्री० प्रतिकूप, खाई ; a moat, ditch.

खात्र [√खन्] न० खनित्र, जलाधार ; spade, water-reservoir.

√खाद् [भक्षणे, खादति, खादयति णि०] खाना, चबाना, कुतरना ; to eat, chew, bite, devour.

खाद पुं० भोज्य ; food.

खादिका (1) खाने वाली, ऋण लेने वाली ; eater, borrower. (2) सं० भोजन करना ; eating : मोदक-खादिका ; eating lumps of sugar.

खादित न० खाना ; eating=खाद्यम्.

खानि स्त्री० =खनि.

खानिक (खनि-) वि० खान में से निकलने वाला ; produced from mine.

खारिंपच वि० खारी-भर पकाने वाला ; cooking a Khārī by measure.

खालत्य (खलति or खालित्य) न० गंजापन ; bald-headedness.

खारीक (खारी-) वि० खारी भर बीज पड़ने वाला खेत ; field sown with corn measured by a Khārī.

खिखिनी स्त्री० चामुण्डा ; Cāmuṇḍā.

खिङ्ग पुं० विट ; paramour.

खिद् (परिघाते, खिन्दति, खिन्न) (1) मारना, पीटना, दबाना, सताना ; to strike, press down, afflict. खिद् (दैन्ये, खिद्यते, खिन्ते, खिन्त, खिन्न, खेदयति). (2) क्लेश या कष्ट अनुभव करना, दबा या थका अनुभव करना ; to suffer misery or pain, be depressed or afflicted, feel tired or exhausted.

खिद्र (1) वि० दीन ; dejected. (2) पुं० रोग ; disease.

खिन्न [√खिद्] वि० उदास, पीड़ित, हतोत्साह, रंज में अधोमुख ; dejected, depressed, downcast.

खिल न० परिशिष्ट, प्रकीर्ण, अप्रतिहत, बिना जुती धरती, ऋग्वेद के अष्टम मण्डल के 49 से 59 तक के सूक्त ; supplement, unrestrained, unploughed land, hymns 49 to 59 in the eighth Maṇḍala of the Ṛgveda.

खिलक्षेत्र न० खाली धरती, कल्लर ; barren land.

खिलीभूत वि० खाली हुआ ; deserted, emptied of—.

खिल्य (खिल—) पुं० बंजर, कल्लर ; waste land.

खुड्डाक [also खुड्डिका=क्षुद्रिका] वि० अल्प, तुच्छ ; small, a little. तु० Hindī 'Khuḍḍī'=latrine.

खुर पुं० पशुओं का खुर या पंजा ; hoof, claw.

खुरखुरली स्त्री० खुरसंचार ; stepping of the hoofs.

खुरणस् वि० खुर जैसी नाक वाला ; hoof-nosed.

खुरली स्त्री० अश्वों का बार-बार खुरन्यास ; placing of hoofs again and again by the horses.

खुराञ्चल [खुर+अ-] न० खुराग्र ; front of hoof.

खुरिन् (खुर-) वि० खुर वाले पशु ; animals with hoofs.

खेचर पुं० आकाशगामी, ग्रह, शिव ; flying, planet, epithet of Śiva.

खेचरीमुद्रा जिस मुद्रा में जिह्वा व्यावृत्त होकर कपालकुहर में जा लगती है और दृष्टि भ्रुवों के मध्य ठहर जाती है : कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा। भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ; that posture wherein the tongue is reverted to the base of the palate and the gaze is fixed in the middle of the brows.

खेट (1) पुं० श्लेष्मा, ढाल ; phlegm, shield. (2) वि० छलिया ; vile.

खेटक पुं० उत्त्रास ; fear.

खेटित वि० त्रस्त ; scared.

खेड पुं० खेलना ; play.

खेद [√खिद् दैन्ये] पुं० विकलता, बेचैनी, अशक्ति, आलस्य, व्यथा, दबाव, शोक, निर्वेद, तकलीफ, श्रम, स्त्रीसंभोग से पूर्व की मानसिक और शारीरिक दशा ; agitation, dispiritedness, lack of energy, lassitude, distress, depression, despondency, trouble, exhaustion, (=सुरतखेदः), the condition of body and mind that leads to sexual union : खेदात् स्त्रीषु प्रवृत्ति-र्भवति', Patañjali.

खेदन न० विषाद ; languidness.

खेय [√खन्] न० खाई ; trench.

खेयन [√खन्] (1) वि० खननीय, 'खोदा जाने वाला ; to be dug. (2) सं० परिखा; a trench round a town or fort.

खेल [√खेल् विलासे, खेलयति] (1) वि० झूमने वाला, खिलवाड़ करने वाला, प्रणयी, निकृष्ट ; swinging, playful, amorous, base or mean. (2) पुं० विलास ; dalliance.

—ला स्त्री० केली, क्रीड़ा, कूर्दन, बच्चों का खेल ; play, sport, dalliance, children's sport.

खेलगमन वि० झूमती चाल वाला ; of playful gait.

खेलन [√खेल् चलने, खेलति] झूमना, खेल, आंख की चञ्चल गति ; swinging to and fro, sport, restless motion of the eyes.

खोड पुं० खञ्ज, खोड्डा ; limping, lame, crippled.

√ख्या [प्रकथने, ख्याति, ख्यात] कहना, बताना ; to tell, communicate.

ख्यात वि० कहा गया, प्रसिद्ध, ज्ञात ; named, celebrated, known.

ख्यातकीर्ति वि० प्रथितयशस्, यशस्वी ; of celebrated fame, famous.

ख्याति स्त्री० यश, प्रसिद्धि, ज्ञान, संविद् ; fame, reputation, perception, knowledge.

ख्यापक [√ख्या णि०] वि० घोषक, जताने वाला ; announcer, indicator.

ख्यापन [√ख्या णि०] न० घोषणा, प्रकाशन, मान लेना, प्रसिद्ध करना ; proclaiming, manifesting, confession, making famous.

ग

गगन न० आकाश ; sky, atmosphere : 'गगनं गगनाकारम्'.

गगनकुसुम न० आकाशपुष्प, अनहोनी वस्तु : sky-blossom, unreal thing=शशशृङ्ग.

गगनगति पुं० देवता ; deity.

गगनचारिन् वि० आकाशवाणी ; voice coming from the sky='अशरीरिणी वाक्'.

गगनतल न० आकाशमण्डल ; vault of the sky.

गगनपुर न० अमरावती ; Amarāvatī, capital of Indra.

गगनसिन्धु स्त्री० गङ्गा ; Gaṅgā.

गगनस्पर्शन पुं० वायु ; air, wind.

गगनस्पृश् [-क्] वि० आकाशचुम्बी, गगनचुम्बी, अभ्रंलिह ; touching the sky, very high.

गगनाङ्गना स्त्री० अप्सरा ; nymph.

गगनाध्वग पुं० सूर्य ; sun.

गगनाम्बु न० वर्षाजल ; rain-water.

गगनेचर पुं० पक्षी, तारा ; bird, planet.

गगनोल्मुक पुं० मङ्गल ; planet Mars.

गङ्गाद्वार न० गङ्गोत्तरी ; the place where the Gaṅgā rises in the Himālaya.

गङ्गाधर पुं० शिव ; epithet of Śiva.

गङ्गाप्रपात पुं० गङ्गा का अवतरण ; descent of the Gaṅgā.

गङ्गासागर पुं० वह स्थान जहां गङ्गा समुद्र में गिरती है ; the place where the Gaṅgā enters the ocean.

गङ्गोद्भेद [-ङ्गा+उ-] पुं० गङ्गा का निकास ; source of the Gaṅgā.

गज [√गज् शब्दे, मदने च, गजति, गाजयति] पुं० हाथी ; elephant.

गजकूर्माशिन् पुं० गरुड ; name of Garuḍa.

गजगति स्त्री० हाथी जैसी चाल ; stately or majestic gait.

गजगामिनी स्त्री० मदमाती चाल वाली ; a woman of stately gait.

गजच्छाया स्त्री० श्राद्ध के लिये उपयुक्त समय ; portion of time proper for Śrāddha (as long as the shadow of elephant rests on the spot chosen for the ceremony) : 'यदेन्दुः पितृदैवत्ये हंसश्चैव करे स्थितः । याम्या तिथिर्भवेत् सा हि गजच्छाया प्रकीर्तिता ॥'.

गजता स्त्री० हाथियों का झुण्ड ; multitude of elephants.

गजदन्त पुं० हाथीदांत, गणेश ; elephant's tusk, ivory, epithet of Gaṇeśa.

गजदर्श पुं० सारे हाथी ; all elephants.

गजदान न० हाथी का मद, हस्तिदान ; fluid exuding from the temples of an elephant, gift of an elephant.

गजनासा स्त्री० सूंड ; trunk of elephant.

गजनिमीलित न० हाथी के समान (किसी चीज की ओर से) आंख फेर लेना, अवधीरणा, आंख कतरा जाना ; shutting the eyes (at anything) as an elephant does.

गजपाल पुं० पील वान, महावत, हाथीवाला ; elephant-driver, owner of elephant.

गजपुंगव पुं० विशाल हाथी ; lordly elephant.

गजमद पुं० हाथी का मद, जो उसकी कनपटी से चूता बताया जाता है ; elephant's temple-juice.

गजमुक्ता स्त्री० हाथी का मोती ; pearl said to be found in elephant's forehead=गजमौक्तिकम्.

गजवदन पुं० गणेश ; epithet of Gaṇeśa.

गजसाह्वय (साह्वय=समानाह्वय) हाथी के नाम वाला नगर, हस्तिनापुर ; elephant-named city, Hastinā-puram=गजाह्वम्, गजाह्वयम्.

गजाजीव पुं० महावत ; elephant-driver.

गजानन [गज+आ-] पुं० गणेश ; epithet of Gaṇeśa =गजास्यः.

गजेन्द्र [गज+इ-] पुं० =गजपुंगवः.

गञ्ज पुं० खजाना, खत्ती ; treasury, place where grain is stored for sale. —ञ्जा झोंपड़ी, मदिरालय या शराब-खाना, खान ; hut, tavern, mine. —म् खान, खजाना ; mine, treasury.

गड पुं० गढ़ा, बाधा, परदा, बाड़, परिखा ; ditch, impediment, screen, fence, moat.

गडु पुं० मल, पीठ पर कूबड़, गलगण्ड ; excrescence, hump on the back, enlargement of the glands of neck, goitre.

गडुक पुं० गड्डुआ, लोटा, अंगूठी ; water-pot, finger-ring.

गडुल वि० कुबड़ा ; hump-backed.

गड्डलि(-रि-)का-प्रवाह पुं० भेड़चाल ; a stream of sheep, used to signify blindly following other people as sheep do.

√गण् [संख्याने, गणयति, गणित] गिनना, गिनती करना, अनुमान या तखमीना लगाना, विचारना ; to count, number, estimate, consider.

गण [√गण्] पुं० भीड़, समूह, वर्ग, दल, टुकड़ी, सेना, मण्डली, एक कर्मोपजीवियों का व्रात, शिव के अनुचर ; crowd, multitude, group, troop, company of those who follow the same trade or sect, Śiva's attendants.

गणक [√गण्] पुं० गिनने वाला, मौहूर्तिक, ज्योतिषी ; reckoner, astrologer.

गणकार पुं० वर्गों में बांटने वाला ; classifier.

गणचक्रक न० भद्र पुरुषों का सहभोज ; dinner party of cultured men.

गणदीक्षा स्त्री० समूह की एक साथ दीक्षा ; initiation of a number or a class.

गणदेवता आदित्य 12, विश्वेदेव 10, वसु 8, तुषित 26 or 36, आभास्वर 64, अनिल 49, महाराजिक 220, साध्य 12, रुद्र 10, ये नौ गणदेवता हैं ; deities who generally appear in classes enumerated in Hindī.

गणद्रव्य न० पंचायती संपत्ति ; public property.

गणन [√गण्] न० गिनना, गिनती, विचारना ; counting, enumeration, considering.

गणनाथ [=गणनायक] पुं० गणेश, गणपति, शिव के गणों का स्वामी, शिव ; Gaṇeśa, chief of the Gaṇas (troops of Śiva), Śiva.

गणपति पुं० शिव, गणेश ; Śiva, Gaṇeśa.

गणपाठ पुं० पाणिनिप्रवर्तित प्रातिपदिक-पाठ जिसमें अष्टाध्यायी के सूत्रों में आये 'अनुशतिकादि' गणों का संग्रह है ; a collection of series of words falling under the same grammatical rule.

गणपीठक न० छाती ; breast, bosom.

गणपुंगव [=गणपूर्व] वि० गणश्रेष्ठ ; head of a tribe or class.

गणरात्र न० रात्रियों का समूह, अनेक दिवस ; collection of nights, several days.

गणशस् क्रिवि० गणों के क्रम से या गणों में ; by or in troops.

गणाधिपति पुं० प्रमथ आदि गणों का अधिपति ; Gaṇeśa, lord of gaṇas.

गणान्न न० समूह के लिये पकाया अन्न ; food cooked for a number of persons in common.

गणिका (गणयति पुरुषान्) स्त्री० वेश्या, हथिनी ; prostitute, female elephant.

गणिकादारिका स्त्री० वेश्याकन्या ; daughter of a courtesan, courtesan girl.

गणिकावाट पुं० वेश्यागृह ; mansion of a courtesan.

गणित (1) वि० गिना हुआ ; counted. (2) —म् न० हिसाब, अङ्कगणित ; calculation, Arithmetic.

गणित्रिका स्त्री० गिनने का साधन, माला ; rosary for counting *japa* (prayers).

गणेय [√गणय्] वि० गिन सकने योग्य, गिना-गिनाया, कम ; to be counted, less, scarce.

गणेश [गण+ईश] पुं० =गणपति.

गण्ड [√गड् वदनैकदेशे] पुं० गाल, गलगण्ड, हाथी की कनपटी, फोड़ा, गैंडा, चिह्न, अचानक निकला बोल, अश्वभूषण, बुद्बुद ; cheek, goitre, temple of an elephant, boil,

rhinoceros, sign, abrupt remark (in drama), ornament of a horse, bubble.

गण्डक (1) पुं० गैंडा, जोड़, फोड़ा-फुंसी, गण्ड ; rhinoceros, joint, boil, tumour. (2) —म् न० उपधान ; cushion. (3) जातिविशेष, एक नदी ; people living on Gaṇḍakī, present Gaṇḍak, rather than on the Sapta-Gaṇḍakī or Dhavalāgiri range of the Himālaya where this river rises.

गण्डकरट पुं० हाथी की कनपटी ; elephant's temple.

गण्डकाश पुं० हाथी का कपोलसंघर्षण, पेड़ आदि का वह भाग जिसपर हाथी अपनी कनपटी रगड़ता है ; rubbing of temple (by elephant), that part of an elephant's temple which he rubs against anything, that place where an elephant rubs his temple against (वृक्षस्कन्ध etc.).

गण्डभेदक वि० गिरहकट, चोर ; pick-pocket, thief.

गण्डमालिन् वि० गण्डमाला से पीड़ित ; afflicted with inflammation of neck-glands.

गण्डलेखा स्त्री० गण्डस्थल ; region of cheek.

गण्डशैल पुं० पहाड़ की भारी शिला ; massive stone or rock.

गण्डस्थली स्त्री० गाल, हाथी की कनपटी ; cheek, elephant's temple.

गण्डु पुं० तकिया ; pillow.

गण्डुक पुं० कन्दुक, गेंद ; ball.

गण्डूपद पुं० केंचुआ ; earth-worm.

गण्डूष पुं० कुल्ला, मुंह-भर पानी (=मुख-पूरणम्) ; mouthful of water for rinsing. —षा स्त्री० उन्नत या उभरी नाभि ; high navel.

गण्डोपधान [-ण्ड+उ-] न० तकिया ; pillow.

गण्डोल पुंन० गन्ना, पौंडा ; sugar-cane.

गत [√गम्-] (1) वि० गया, बीता, मरा, पहुंचा ; gone, past, dead, arrived at. (2) —म् न० गति, रास्ता, प्रकार, ढंग ; motion, way, manner.

गतघृण [-घृणा-] वि० निष्करुण ; pitiless.

गतजीव वि० मृत ; dead=परासुः, गतासुः.

गतपूर्व वि० जिस पर पहले लोग चले है ; trodden.

गतप्रत्यागत (1) वि० गया और लौटा ; gone and returned. (2) न० जाना और आना ; going and returning : cp. उपावृत्त ; returned, near-come.

गतवयस् [-याः] वि० जिसकी उम्र ढल चुकी है ; whose age is past.

गतसार वि० जिसका सार रिस चुका है, फोका, गुणहीन ; devoid of essence, worthless.

गताक्ष [गत+अक्षिन्] वि० जिसकी आंखें जाती रही हैं, अंधा ; blind.

गतागत [-त- आ-] जाना और आना ; going and coming

गताध्वन् [-त+अ-] वि० जिसने रास्ता तय कर लिया है प्राप्तलक्ष्य ; one who has completed his journey one who has reached his goal.

गतानुगतिक [-त+अ-] वि० पिछले लोगों के मार्ग की रट लगाने वाला, पैड़ का पुजारी ; addicted to follow old ruts.

गतायुस् [-त+आ-] जिसकी आयु ढल चुकी है, मृत ; whose life is past, dead.

गति [√गम्-] स्त्री० चाल, पहुंच, दौर, रास्ता, सड़क, प्रकार, सफलता, दशा, जीवन की दशा, शुश्रूषा, उत्पत्ति ; going, gait, access, course, path, way, manner, success, condition, mode of existence, obedience, birth. तु० 'एतदन्तास्तु गतयः', कु० on Manu 1.50.

गतिपरिपाटी स्त्री० सेना की ड्रिल, फौज की मार्च ; drill of army, march of army.

गतिभङ्ग [-√भञ्ज् आमर्दने] पुं० लड़खड़ाती चाल, डगमगाती चाल ; unsteady gait.

गतिला स्त्री० तांता, नदी ; succession, series, river.

गतिहीन वि० अशरण ; having no refuge or shelter.

गत्वर [√गम्-] वि० घुमक्कड़, अनित्य ; wanderer, transitory.

√गद् (1) [व्यक्तायां वाचि, गदति, गदित] बोलना, कहना, बताना ; to speak, say, tell. (2) गद् (देवशब्दे, गदयति) गरजना ; to thunder.

गद पुं० रोग, आमय, बीमारी ; sickness, disease.

गदयित्नु (1) वि० बातून ; talkative. (2) —त्नुः पुं० काम ; cupid.

गदहन् वि० बीमारी को दूर करने वाला, वैद्य ; physician.

गदा स्त्री० मोंगरी ; mace, club.

गदाधर पुं० गदाधारी ; bearing or equipped with a club.

गदिन् वि० रोगी ; sick. पुं० विष्णु ; Viṣṇu.

गद्गद (1) वि० वाष्पगल, स्खलद्गति वाणी वाला, रुंधे बोल वाला, बोलने में असमर्थ, हकलाने वाला ; choked, faltering, unable to speak. (2) पुं० वाक्-स्खलन, कण्ठमूलगत अस्फुट शब्द, खुशी या भय से साफ बोल न आना ; sound produced in the throat, (a little distinct) stammering, indistinct utterance.

गद्गदस्वर (1) वि० लड़खड़ाते बोल वाला ; of faltering speech. (2) —रः वाक्स्खलन ; faltering speech.

गद्य [√गद्-] न० पद्य का विपरीत, अबद्ध रचना, बोलचाल

की भाषा, सरल भाषा ; prose, unmetrical language, spoken speech.

गन्तु [√गम् गतौ] वि० जाने वाला ; goer, one who moves.

गन्त्री स्त्री० शकटी, गाड़ी ; cart.

गन्ध पुं० वास, बू, सौरभ, इत्र, घिसा चन्दन, लेश, नृत्य, गर्व, द्रव्य ; smell, odour, perfume, rubbed sandal, small quantity, dance, pride. —न्धाः द्रव्य, चीजें, things : पिनष्टि गन्धान्.

गन्धकेलिका स्त्री० कस्तूरी ; musk=गन्धचेलिका.

गन्धगज पुं० सात स्थानों से मदचूता हाथी ; elephant in rut=गन्धद्विपः, गन्धहस्ती, गन्धमः.

गन्धग्राहिन् [√ग्रह् उपादाने] वि० खुशबूदार ; perfumed.

गन्धन पुं० एक प्रकार का चावल ; a kind of rice. —म् न० खुशबू, सूचित करना, सूचन, हिंसा, सतत प्रयत्न ; fragrance, informing, information, injuring, continued effort.

गन्धनाली स्त्री० नाक ; nose=गन्धनालिका.

गन्धपालिन् पुं० शिव ; epithet of Śiva.

गन्धपाषाण पुं० गन्धक ; sulphur.

गन्धपुष्प पुं० वेंत, केतक ; Vetasa plant, Ketaka plant.

गन्धफली स्त्री० पीताभ चम्पककली ; yellowish bud of Campā.

गन्धमातृ स्त्री० धरती ; earth.

गन्धमादन पुंन० रुद्र हिमालय अथवा कैलास का एक भाग ; यहां मन्दाकिनी बहती है ; Gandhamādana forms part of the Rudra Himālaya, and according to the Epics, a part of the Kailāsa range. It is said to have been watered by the Mandākinī. —नी शराब ; liquor.

गन्धमाल्य [-ल्ये] इत्र और माला ; perfumes and garlands.

गन्धमृग पुं० कस्तूरी मृग ; musk-deer.

गन्धमोदन पुं० गन्धक ; sulphur.

गन्धर्व (1) [स्त्री० -र्वी, गां वाचं धरति or धारयति] देवताओं का गायक, देवयोनि-विशेष, गायक ; a celestial musician, particular gods, singer (in general). (2) पुं० गन्धार देश ; the country identical with Gandhāra.

गन्धर्वनगर न० गन्धर्वों की नगरी, मृग-तृष्णा, आकाश में तिरमिराता या तिरमिरों का नगर ; city of the Gandharvas in the sky, mirage, imaginary town in the sky.

गन्धर्वनगरलेखा स्त्री० गन्धर्वनगर की रूपरेखा, आकाश में प्राकृतिक दृश्यों के रूप में दिखाई देने वाले नगर की रेखाएं ; the margin line of Gandharva Nagara, lines of the city seen in the sky due to some natural phenomena.

गन्धर्वविद्या स्त्री० गान-विद्या, संगीत ; music.

गन्धवह वि० खुशबू ले चलने वाला, वायु ; wafting fragrance, wind=गन्धवाहः.

गन्धशालि [-लयः] पुं० खुशबूदार चावल ; fragrant rice.

गन्धसार पुं० चन्दन ; sandal-wood.

गन्धहस्तिन् पुं० मदचूता हाथी ; elephant in rut.

गन्धाढ्य वि० खुशबू-भरा ; rich in fragrance.

गन्धार (Gandarai : Ptolemy; *Strabo Gandarites*) पुं० 16 महाजनपदों में एक ; इसमें रावलपिण्डी और पेशावर संमिलित थे और यह काबुल नदी की घाटी से तक्षशिला तक फैला हुआ था। गन्धार की प्राचीन राजधानियाँ पुष्कलावती और तक्षशिला थीं ; पहली सिन्ध के पश्चिम में और दूसरी पूर्व में थी ; one of the 16 Mahājanapadas comprising present districts of Rāvalpiṇḍī and Peshāvar with two ancient capitals known as Puṣkalāvatī and Takṣaśilā, the former being situated to the west and the latter to the east of the Indus. —राः पुंब० गन्धार के निवासी ; inhabitants of the Gandhāra country.

गन्धालु पुं दे० 'गन्धशालि'.

गन्धि (समासान्त) वि० गन्ध वाला ; fragrant.

गन्धिक पुं० गन्धी ; perfume-seller.

गन्धिन् वि० गन्धयुक्त, गन्धमय ; odoriferous, full of smell or fragrance.

गन्धोत्तमा स्त्री० मद्य ; wine.

गभस्ति पुं० किरण ; ray.

गभस्तिमत् पुं० सूर्य ; sun.

गभीर [=गम्भीर] वि० निम्न, गहरा, घना, दुर्बोध ; low, deep, dense, impervious, difficult to understand.

√गम् [गतौ, गच्छति, गत, गमयति, जिगमिषति, जिगांसति] जाना, गमन करना, चलना, पहुंचना, बीतना (समय), मरना, मैथुन करना ; to go, move, reach, pass (as time), die, have sexual intercourse with.

गम पुं० मार्ग, देशान्तर-गमन, स्त्रीसंसर्ग, प्रलय ; course, going to another place, intercourse with a woman, dissolution. दे० 'आगम'.

गमक वि० बोधक ; indicator, suggestive.

गमथ पुं० यात्री, मार्ग ; traveller, path.

गमन न० जाना, प्रस्थान, संभोग, मार्ग ; going, departure, sexual intercourse, course.

गमनिकावल न० अनुमापकता, अनुमानजनकता ; capacity to cause inference.

गमिष्णु वि० गमनोन्मुख ; prone to going.
गम्भारी स्त्री० खमारी (वृक्ष) ; the tree Gmelina Arborea.
गम्भीरवेदिन् वि० अङ्कुश को न मानने वाला हाथी, हठीला या तुंद हाथी, अड़ियल, भावप्रवण ; an elephant not minding the goad : 'त्वग्भेदाच्छोणितस्रावान्मांसस्य क्रथनादपि। आत्मानं यो न जानाति तस्य गम्भीरवेदिता', quoted on Bhaṭṭi 14. 13, obstinate like an elephant, deeply sensitive.
गम्भीरार्थ वि० गहरे आशय वाला ; of deep significance =गम्भीराशयः.
गम्य (1) वि० पहुंचने या जानने योग्य, भोगने योग्य (स्त्री) ; accessible, intelligible, (a woman) to be enjoyed. (2) पुं० विट, भुजंग ; companion of a prince, dissolute person.
गय [√जि] पुं० धन, घर, परिवार ; wealth, house, family.
गया विहार में एक तीर्थ, जहां पितरों के उद्धारार्थ हिन्दू पिण्डदान करते हैं ; a district in Bihār, where Hindus offer oblations to their thirsty Manes.
गर [√गॄ] (1) वि० निगलने वाला ; swallowing. (2) —रः पुं० पेय, द्रव, विष, निगरण, गला ; drink, fluid, swallowing, throat.
गरण न० स्रवण, चूना ; dripping.
गर-द वि० जहर देने वाला ; one administering poison.
गररस पुं० विष ; poison.
गरल न० जहर (=क्ष्वेड), विष ; poison, venom.
गरिमन् (गुरोर्भावः) पुं० गरुआई, गुरुत्व, बड़प्पन, भार, महत्त्व, शक्ति ; worth, weight, dignity, power.
गरिष्ठ (गुरु का अति०) अत्यधिक गुरु ; exceedingly heavy.
गरीयस् (गुरु का तु० में) अधिक बड़ा, अधिक अच्छा, महत्त्वशाली, बहुत कठिन ; greater, better, important, very difficult.
गरुड पुं० पक्षियों का राजा ; name of a mythical bird=नीलकण्ठः.
गरुडाग्रज पुं० सूर्य का सारथि ; epithet of Aruṇa, the charioteer of Sun.
गरुडाङ्क पुं० विष्णु ; epithet of Viṣṇu.
गरुत् पुं० पक्ष ; wing.
गरुत्मन् पुं० पंखों वाला, गरुड ; winged, eagle.
गरुद्वन न० पक्षवृन्द ; mass of wings.
गर्गर पुं० मथन, भंवर ; churn, whirlpool. —री स्त्री० गगरी, कलशी ; pitcher, jar.
√गर्ज् [शब्दे, गर्जति, गर्जयति] गरजना, गड़गड़ाना, गुर्राना ; to roar, thunder, growl.
गर्ज (1) पुं० बादल की गरज या कड़क, हाथी की चिंघाड़ ; thundering, roaring of an elephant. (2) वि० चिंघाड़ता हाथी ; roaring elephant.
गर्जन न० गड़गड़ाहट, सिंहनाद या चिंघाड़ ; rumbling, roar.
गर्जा स्त्री० सिंहनाद ; roar.
गर्जित न० गर्जन, चिंघाड़, गड़गड़ाहट, शोर ; thunder, roaring, tumult.
गर्त पुं० ऊंची कुरसी, सिंहासन, रथ की गद्दी या सीट, गढ़ा, खाई ; high chair, throne, seat of a war-chariot, pit, ditch. —र्ता 32 हजार हाथ लंबी जलधारा ; flow of water about 32 thousand hastas: 'गर्ततटसंचितस्य', पञ्च० I 18. p. 91.
गर्द [√गर्द शब्दे, गर्दति] पुं० चिल्लाना, चींचू-चींचू करना ; crying.
गर्द-भ पुं० गधा ; ass. —भी गदही ; female ass.
गर्द-भाण्ड पुं० लाही पीपल, पारस पीपल ; kind of Pipal tree.
गर्ध [√गर्ध् अभिकाङ्क्षायाम्, गर्धयति] पुं० लालच ; greed.
गर्धन वि० लोभी ; avaricious.
गर्धयते माणवकम् लड़के को ठगता है ; deceives the boy.
गर्धिन् वि० लालची ; greedy.
गर्भ [√गृभ्=ग्रभ्, or ग्रह्, गिरति, गीर्यतेर्वा] पुं० गर्भ, पेट, गर्भस्थ बच्चा, भ्रूण, भीतरी भाग, कुक्षि, संधि ; womb, belly, foetus, inside, offspring, joint.
गर्भक न० बालों में सजाने की माला ; hair-wreath.
गर्भकाम वि० गर्भ (के फल) की इच्छा वाला ; desirous of the fruit of womb.
गर्भगृह न० भीतरी कोठा, पलङ्ग-कमरा, मन्दिर में देवमूर्ति का कोष्ठ ; inner apartment, sleeping-chamber, sanctuary of a temple, where the image of a deity is placed=गर्भगेह.
गर्भग्रह पुं० गर्भधारण ; conception.
गर्भदास पुं० जन्म से दास ; slave by birth.
गर्भदोहद पुं० गर्भवती की ललक ; longing of a pregnant woman.
गर्भभर्मन् न० गर्भ का भरण-पोषण ; nourishing of foetus.
गर्भभवन न० गर्भगृह, मन्दिर का वह भाग, जहां मूर्ति रहती है ; bed-chamber, inner sanctuary containing the image of a deity.
गर्भमण्डप पुं० पलङ्ग-कमरा ; bed-chamber=गर्भवेश्मन्.
गर्भमन्थरा वि० गर्भ के कारण माठी या धीमी ; slow due to pregnancy.
गर्भरूपक पुं० जवान आदमी ; young man. —काणि न० बच्चे, नया परिवार ; children, young family.

गर्भव्याकरण न० गर्भ पर विस्तृत विचार, गर्भविवेचन ; detailed exposition of womb (=procreation).

गर्भशातन [√शत् हिंसायाम्) न० औषधादि-प्रयोग से गर्भ को काट निकालना, पेट गिराना ; causing abortion.

गर्भशालि पुं० भीतर ही भीतर पक जाने वाला धान ; rice ripened inside the husk.

गर्भसंस्रवण न० गर्भपात ; abortion=गर्भस्रावः.

गर्भागार न० वासगृह, पलंग-कमरा, जच्चाघर, भीतरी भाग (घर या मन्दिर का) ; bed-chamber, lying-in chamber, inner sanctuary.

गर्भाधान [गर्भ+आ-] न० गर्भ ठहराना, गर्भाधान संस्कार ; impregnation, a ceremony performed to ensure conception.

गर्भाशय [गर्भ+आ-] पुं० स्त्री का वह अवयव, जिसमें गर्भ रहता है ; uterus (आशयः अधिष्ठानम्).

गर्भिणी स्त्री० गर्भवती ; pregnant.

गर्मेश्वर वि० कुलक्रमागत चक्रवर्ती ; hereditary sovereign.

√गर्व् [गर्वयते, गर्वित] घमण्ड करना, शेखी बघारना ; to be proud, boast.

गर्व पुं० घमण्ड, शेखी, अभिमान ; pride, arrogance.

गर्व-र (गर्व-) वि० घमण्डी ; proud, haughty.

गर्वाट पुं० पहरेदार, दरवान ; watchman, doorkeeper.

गर्वित वि० अभिमानी, अहंकारी, शेखीखोरा, घमण्डी ; conceited, proud, haughty.

√गर्ह् [कुत्सायाम्, गर्हयति, गर्हति, गर्हित] दोष मत्थे मढ़ना, निन्दा करना ; to blame, censure.

गर्हण [-णा] न० अपवाद, आक्षेप, उपक्रोश ; blame, reproach, censure=गर्हा.

गर्हित वि० दूषित, निन्दित, घृणित ; blamed, censured, despicable.

गर्ह्य वि० निन्द्य ; censurable, blamable.

(1) √गल् [स्रवणे, गलयते, गलित] बूंद-बूंद टपकना, रिसना, चूना ; to drop, trickle, drip. णि० गालयति निकालता या निचोड़ता है ; squeezes : 'अन्नमण्डमगालयत्', DKC.

(2) √गल् [अदने ; √गृ, गलति=गरति] खाना ; to eat.

गल [√गृ] पुं० गला, गरदन ; throat, neck.

गलकम्बल पुंन० =सास्ना.

गलग्रह (-णम्) पुं० गला पकड़ लेना, गला धर दबोचना, गला आ जाना, गले की एक कष्टदायक बीमारी, स्वाध्याय आरम्भ किंतु शीघ्र ही बन्द ; seizing the throat, diphtheria, study begun but stopped soon.

गलदश्रु, -म् क्रिवि० सगद्गद ; with choked throat.

गलन्तिका स्त्री० जल पिलाने का दुहना या करवा ; a small pitcher with a hole in it to pour water.

गलशुण्डी स्त्री० कागवा ; uvula, pendent fleshy part of soft palate.

गलस्तन न० गले का थन ; nipple-like protuberance on the base of the palate, or neck.

गलहस्त पुं० गले पर हाथ से पकड़ना, गलग्रह ; to seize by placing a hand on the throat.

गलहस्तिका गले पर हाथ रखकर पकड़ना या दबोचना, चन्द्र-हस्त ; seizing by the neck, collaring.

गलहस्तयते (गलहस्त का नामधातु) गले से पकड़ा जा रहा है ; is seized by placing the hand on the throat.

गलित वि० गिरा, क्षीण ; dropped, decayed.

गलितवयस् वि० जिसकी जवानी ढल या ढल चुकी है ; whose youth is past.

गलेचोपक [√चुप्] वि० गरदन मारता रहने वाला, गरदन हिलाता रहने वाला ; moving the neck.

गल्ल पुं० गाल ; cheek.

गल्वक पुं० पानपात्र ; drinking cup.

गवय (गौरिव) पुं० नीलगाय, जंगली गौ, राम का सेवक एक वानर-सरदार ; a species of ox, a monkey-chief attached to Rāma.

गवल न० भैंस का सींग ; horn of a buffalo. —लः पुं० भैंसा, भैंस ; buffalo.

गवाक्ष (गवामक्षीव) पुं० वातायन, झरोखा, रोशनदान, (गावः किरणाः, अक्षिशब्दो रन्ध्रवाची), (बैल की आखों जैसा) ; round window, air-hole.

गवाक्षित वि० झरोखेदार ; with air-hole.

गवादनी (गावः अदन्ति यस्याम्) स्त्री० गौओं (या पशुओं) के लिये रोका चरागाह, गोचर भूमि ; grazing ground.

गवांपति पुं० सांड ; bull.

गवाशन पुं० चमड़ा रंगने वाला, मोची ; tanner, shoe-maker.

गवाशिन् वि० गोमांसभक्षक ; beef-eater.

गविष [गो+इष] वि० गौ का इच्छुक, इच्छुक ; seeking cows, eager. —षी स्त्री० गरमाई गौ ; cow eager for a bull.

गविष्ठ पुं० सूर्य ; sun.

गवेधु [-का] मुनियों का अन्नविशेष ; kind of corn meant for ascetics.

गवेषण [गौ+एष-] वि० पशुओं का इच्छुक, इच्छुक ; longing for cattle, ardently desirous.

गव्य (गोर्विकारः) (1) वि० गौ से संबद्ध, गौ से पैदा, गोरस, गोदुग्ध ; relating to cattle, produced from cow, cow-milk. (2) —म् न० गोधन, चरागाह ; herd of cows, pasture. —व्या स्त्री० प्रत्यञ्चा (तांतकी बनी) ; bow-string (made of leather).

गव्यूति [गो+यूति] स्त्री० चरागाह, गोचरभूमि, 2 कोस, लगभग 7 किलोमीटर ; pasture land, distance of about 7 Kilometres.

गहन [√गाह् विलोडने] (1) वि० गहरा, बीहड़, जहां घुसा न जा सके, अंधेरगुप्प, मलीमस ; deep, dense, impenetrable, dark. (2) **—म्** न० गहराई, झाड़ी या झुंपा, छिप जाने की जगह, वन ; depth, thicket, lurking place, forest.

गह्वर [√गाह्] न० कन्दर, गुफा, दम्भ ; cave, deceit.

√गा [गतौ, गाति] जाना ; to go.

√गा [=गै शब्दे, गायति, गीत] गाना, मनाना, उच्चारण करना, कहना ; to sing, celebrate, recite, speak.

गाङ्ग (गङ्गा-) वि० गङ्गा से आया या गङ्गा से संबद्ध ; coming from or belonging to Gaṅgā.

गाङ्गायनि (गङ्गा-) पुं० गङ्गा का अपत्य, गणपति ; Gaṇapati, the offspring of Gaṅgā.

गाढ [√गाह्] वि० जो गाहा गया है, जिसमें गोता लगाया गया है, अधिक, घना, गहरा, एकत्र दबाया गया, कस कर खिंचा ; dived into, abundant, dense, deep, tightly drawn, pressed together. **—म्** क्रिवि० जोर से, कस कर, बहुत ; tightly, excessively.

गाढानुरागिन् वि० जी-जान से आसक्त ; deeply enamoured.

गाणिक्य (गणिका-) न० गणिका-समूह, रण्डीखाना ; multitude of prostitutes, brothel.

गाण्डीव न० अर्जुन का धनुष् ; Arjuna's bow.

गातु पुं० (1) गीत ; song. (2) गति, चाल, मार्ग ; gait, movement, way.

गात्र [√गा] अङ्ग, शरीर, हाथी की अगली टांगें, शकट ; limb (of the body), body, elephant's front legs, cart.

गात्रमोटन न० अंगड़ाई, जृम्भिका ; yawning.

गात्रयष्टि (यष्टिरिव कृशं गात्रम्) स्त्री० छरहरा श्लक्ष्ण शरीर, सूक्ष्म सुभग शरीर ; slender body.

गात्रसिञ्जित न० शरीर की आवाज ; sound produced by the movement of body.

गात्रानुलेपनी स्त्री० उबटन ; unguent.

गात्रिका स्त्री० तगड़ी ; girdle.

गात्रिकाग्रन्थि स्त्री० स्तनबन्धन, गाती की गांठ ; a knot between bosoms.

गात्रिकाबन्ध पुं० गाती बांधना ; tying a cloth round the body.

गायक [√गा, गै] पुं० गायक ; musician, singer.

गाथा (√गा, गै) स्त्री० एक प्राकृत छन्द, गान, कहावत, कथा, यश-गाथा, इन्द्र आदि की गाथाएं, श्लोक ; a Prakrit metrical piece, song, folklore, stories in the course of long sacrifices, verse : गाथाः प्रकुरुते= tells or relates stories.

गाथिन् वि० गाने में चतुर ; skilled in music.

गाध [गाध्यते इति, √गाह् or √गाध् प्रतिष्ठालिप्सयोर्ग्रन्थे च, गाधते] पुं० स्पृश्यमान तल या तली, तलस्पर्श, लिप्सा ; touching the bottom (in water), greed (√गर्ध्).

गाधि [-धिः, -धिन्) पुं० विश्वामित्र के पिता ; name of Viśvāmitra's father.

गान्धर्व (गन्धर्व-) (1) वि० गन्धर्वों से संबद्ध, अश्व ; relating to the Gandharvas, horse. (2) **—र्वः** पुं० प्रेम-विवाह ; love-marriage. **—र्वम्** न० संगीत, गीतिशास्त्र ; music.

गान्धार (गन्धार-) (1) वि० गन्धार देश का ; of the Gandhāra (Kandhāra) country. (2) **—रः** सिन्दूर, सात स्वरों में तीसरा ; red lead, third of the seven svaras : 'सप्त स्वरास्त्रयो ग्रामा मूर्छनास्त्वेकविंशतिः'.

गान्धिक (गन्ध-) (1) पुं० सुगन्ध-द्रव्य-व्यवसायी ; perfumer. (2) वि० गन्धसंबंधी; concerning or consisting of perfume: 'पण्यानां गान्धिकं पण्यम्'.

गामक पुं० गन्ता, पान्थ, राहगीर ; wayfarer ; cp. गमक.

गाम्भीर्य (गम्भीरस्य भावः) न० गहराई, गंभीरता, संजीदगी ; depth, seriousness.

गायत्री (गायत्र=song) (1) स्त्री० 24 अक्षरों का वैदिक छन्द=तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्, Rv. III. 62. 10. इसका दूसरा नाम सावित्री इसलिये है कि यह सविता के प्रति गाया गया है ; an ancient metre of octosyllabic verses variouly arranged, a stanza composed in the Gāyatrī metre : Rv. III. 62. 10, repeated by us at morning and evening devotion. From being addressed to Savitar it is also called Sāvitrī, the wife of Brahmā and mother of the four Vedas. With Amṛta it constitutes the essence of the hymns in general. (2) खदिर ; the tree Acacia catechu, known for its hard wood.

गायन [√गै] (1) वि० गाने वाला, गवैया ; singer=गायक. (2) **—म्** न० गाना ; singing.

गारुड (गरुडस्येदम्) पुंन० विष उतारने का मन्त्र ; spell against poison. (2) **—म्** न० मरकत, स्वर्ण; emerald, gold.

गारुडिक वि० मान्त्रिक ; charmer, a dealer in antidotes.

गारुत्मत न० मरकतमणि ; emerald.

गार्जर पुं० गाजर ; carrot.
गार्ध्य न० लालच ; greed, greediness.
गार्भ (गर्भ-) वि० गर्भ से संबद्ध ; relating to pregnancy =गार्भिक.
गार्भिण्य (गर्भिणीनां समूहः) न० गर्भिणी स्त्रियों की टोली ; a number of pregnant women.
गार्ष्टेय (गृष्टि-) गृष्टि अर्थात् पहले ब्यांत वाली का बच्चा ; son of one that has delivered for the first time.
गार्हपत्य [= गृहपतिना नित्यं संयुक्तः] पुं० गृहस्थ के घर में नित्य विराजमान अग्नि, औपासन अग्नि ; the householder's fire, one of the three sacred fires maintained by a householder, which he receives from his father and which he transmits to his successors.
गार्हमेध (गृहमेधस्येदम्) वि० गृहस्थ के लिये हित या उचित ; proper for a householder. —धः पुं० पञ्चयज्ञ ; the five yajñas to be performed by a householder.
गालन [√गल्] न० छानना ; straining.
गालि (or -ली) स्त्री० गाली ; abuse.
गालोडित (1) न० बाचा विमर्श, विचार, परीक्षण ; discussion, investigation (=गाललोडितम्). (2) वि० मूर्ख ; foolish.
√गाह् [विलोडने, गाहते, गाढ] गाहन करना, डुबकी या गोता लगाना, नहाना ; to dive, bathe.
गाहन न० स्नान ; bathing.
गिर् [=गीः] स्त्री० वाणी, सरस्वती, शब्द, गीत, वेदमन्त्र, स्तुति ; word, song, Vedic hymns (cp. Gāthā =hymns composed by Zoraster and arranged in Avesta), praise.
गिरि [√गॄ] पुं० पर्वत, टिल्ला, टिब्बा, आंख की बीमारी ; mountain, rock, an eye-disease. (perhaps= किरि √कॄ flow of water).
गिरिक पुं० शिव ; epithet of Śiva.
गिरिकाण वि० आंख की बीमारी से काणा (=किरिकाणः) ; one-eyed due to the particular eye-disease (flow of water).
गिरिकुहर न० पर्वत-कन्दरा ; mountain-cave=गिरिगह्वर, गिरिकन्धर.
गिरिक्षित् [√क्षि निवासे] वि० पहाड़ पर रहने वाला ; dwelling on the mountain.
गिरिगुड पुं० गेंद ; ball to play with.
गिरिचर वि० पहाड़ों पर घूमने वाला ; mountainroaming.
गिरिज [√जन्] वि० पर्वत पर जन्मा, शिलाजीत ; mountain-born, bitumen. —जा स्त्री० पार्वती ; epithet of Pārvatī.
गिरिणद्ध वि० पहाड़ों या चट्टानों से घिरा ; enclosed by mountains or rocks.
गिरिदुर्ग न० पहाड़ी किला ; hill-fort.
गिरिधर पुं० गोवर्धन पर्वत को धारण करने वाले श्रीकृष्ण ; Kṛṣṇa, who lifted up the Govardhana mountain (in Vṛndāvana).
गिरिध्वज पुं० वज्र ; thunderbolt.
गिरिपति पुं० पहाड़ों का राजा, हिमालय ; lord of mountains, Himālaya=गिरिराजः, गिरीन्द्रः.
गिरिप्रपात पुं० पहाड़ी ढलान ; slope of a mountain, precipice.
गिरिप्रस्थ पुं० पहाड़ पर की समतल भूमि ; table land of a mountain.
गिरिभिद् पुं० इन्द्र ; Indra.
गिरिमान पुं० हाथी ; elephant.
गिरिव्रज पुं० वर्तमान राजगृह, जो नालन्दा के समीप है ; identical with Rājagṛha, which is surrounded by a number of hills.
गिरिश (गिरौ शेते) पुं० पर्वत-निवासी, शिव ; inhabiting mountains, epithet of Śiva.
गिरिषद [√सद्] पुं० पहाड़ पर बैठने वाला, शिव ; sitting on mountain, epithet of Śiva.
गिरिसार न० लोहा ; iron.
गिरिसुता स्त्री० हिमालयपुत्री पार्वती ; daughter of Himālaya, Pārvatī.
गिरिसुभर वि० पहाड़ के भार को थामे या लिये हुए ; bearing the burden of mountain.
गिरीयकगुड पुं० पोलो की गेंद ; Polo-ball=cp. गिरिगुड.
गिरीश [गिरि+ईश] पुं० महादेव ; epithet of Śiva.
गिल (गिलतीति) वि० खा या हड़प जाने वाला ; swallowing, devouring.
गिलगिल (गिलं गिलतीति) वि० खाने वाले को खा जाने वाला ; devouring him that devours.
गिलन [√गॄ] न० निगलना, खा जाना ; swallowing, devouring.
गीतमार्ग पुं० दश-पद चंक्रमण-रूप गेंद का खेल ; to walk ten steps while playing with the ball without letting it fall.
तद्रस पुं० उसका सार ; the essence of that.
तद्रूप वि० उस प्रकार बना, वैसा दीखने वाला ; thus formed, looking thus.
तद्रूपाननुहार पुं० उसके रूप को न अपनाना ; non-absorption of the form of that (another thing).
तद्वचःप्रतीत वि० उसके कहे पर विश्वास करने वाला ; believing his words.
तद्वत् क्रिवि० उस प्रकार का, वैसा, वैसे ही ; like that, thus, like-wise.
तद्वयस् वि० उसी उम्र का ; of the same age.
तद्विद्य वि० उसका पारखी ; a connoisseur.
√तन् ['विस्तारे', तनोति, -नुते, तत, तितांसति, तितनिषति] फैलना, फैलाना, बना रहना, करना ; to stretch, extend, spread, endure, perform. (2) √तन् ['शब्दे', तन्यति] प्रतिध्वनित होना, गूंजना, गरजना ; to resound, roar ; cp. √स्तन्.
तनय [√तन्, -यः, -या] पुत्र, पुत्री ; son, daughter.
तनयित्नु पुं० स्तनयित्नु ; घोरने वाला ; thundering.
तनिका स्त्री० तनी ; strap to tie a jacket with.
तनिमन् पुं० पतलापन ; thinness.
तनु [-नुः, -न्वी -नु, तनीयस्, तनिष्ठ] (1) वि० अल्प, विरल, कृश, सूक्ष्म , बारीक, सुन्दर ; a little, thin, slender, fine, delicate, beautiful. (2) —नुः —नूः स्त्री० शरीर, त्वक् , आकार, व्यक्ति, आत्मा, प्रकृति, श्लक्ष्ण-सुन्दर स्त्री ; the body, skin, form, person, self, nature, a slender or delicate woman.
तनुकूप पुं० रोम ; pore of the skin.
तनुकेश वि० सुन्दर बालों वाला ; of beautiful hair.
तनुच्छद पुं० तनुत्र, कवच ; armour.
तनुज [√जन् -जः -जा] पुत्र, पुत्री ; son, daughter= तनुजन्मन्.
तनुत्यज् वि० मरने वाला, शरीर न्यौछावर कर देने वाला, बहादुर ; dying, one who sacrifices his body, brave=तनूत्यज्.
तनुत्र [√त्रा] न० तनुत्राण, कवच ; body-guard, armour=तनुत्राणम्.
तनुत्रिन् वि० कवची ; one equipped with armour.
तनुदान न० शरीर-दान ; offering the body [for sexual intercourse].
तनुप्रवाह [—हा] वि० पतली है धार जिसकी (नदी, नद) ; of narrow flow or current.
तनुबल वि० अल्प-बल ; of small strength. [अतनुबलः 'strong'].
तनुमध्या स्त्री० कृशोदरी ; slender-waisted=तिलोदरी, तनुमध्यमा, तनूदरी, तन्नुमध्या, तलिनोदरी.
तनुभृत् पुं० शरीरी ; human being. तनुरस पुं० पसीना, sweat. तनुरुह पुं० रोम ; hair of the body.
तनुलता स्त्री० छरेरा शरीर ; slender body.
तनुवर्तन न० शरीर का व्यापार ; bodily activity.
तनुवार पुं० कवच ; armour.
तनुवृत्त वि० क्षुद्र स्वभाव वाला, कदर्य ; of mean nature or conduct.
तनुस् न० शरीर ; body : तनुपे तनुपेऽनङ्गम् ; like धनुस् .
तनुसंचारिणी स्त्री० सुन्दर चाल वाली ; moving the body delicately, a girl.
तनूकरण न० पतला करना, छीलना, छोलना, तराशना ; making thin, chop, split.
तनूज =तनुज, तनूजन्मन्, तनूजनिः.
तनून [तनू+ऊन] पुं० वायु ; wind, air.
तनूनपात् [तनु 'स्वयम्', नपात् बच्चा or तन्वाः नपात् 'स्वयं अपना पुत्र'] अग्नि ; epithet of Agni ; but cp. बृदे०, II.25-27 =तनूनप्त्.
तनूरुच् तनूशुभ्र, प्रभावान् शरीर वाला ; brilliant in person.
तनूरुह् [or -रुह] पुंन० पंख ; wing : तनूलिखन न० देह पर खरोंच मारना ; to make scratches on the body.
तन्ति स्त्री० रस्सी, बछड़ा बांधने की रस्सी ; string, string for tying a calf.
तन्तिपाल पुं० गडरिया ; shepherd=तन्तिपालकः.
तन्तु पुं० सूत, धागा ; thread.
तन्तुकर्तृ पुं० वंश चलाने वाला ; propagating the succession of a family.
तन्तुकाष्ठ न० जुलाहे का ब्रश ; a weaver's brush=तन्त्र-

काष्ठम्. तन्तुकीट पुं० रेशमी कीड़ा ; silk-worm.

तन्तुनाभ पुं० मकड़ी ; spider 'emitting threads from the navel'.

तन्तुभ पुंन० सरसों ; sesamum.

तन्तुभूत वि० वंश-रक्षक ; being the propagator of a family.

तन्तुवान न० बुनना ; weaving.

तन्तुवाय [√वे 'तन्तुसंताने', वयति] पुं० जुलाहा, मकड़ी ; weaver, spider.

तन्तुशाला स्त्री० तन्तुवायशाला ; weaver's house.

तन्त्र [तन्यतेऽनेन, तन्यते इति वा] न० करघा, जुलाहे की तानी, धागा, संतति, प्रजातन्तु, वस्त्र, वितान, याग, कर्मों का तन्तु, वैदिक कर्मकाण्ड पर विचार करने वाला मीमांसाशास्त्र जो याग-प्रक्रिया का वितान करता है, तन्त्र-शास्त्र, शासन-तन्त्र (=स्वराष्ट्र-चिन्ता), पारिवारिक कामकाज, नियम, सिद्धान्त, पुस्तक का खण्ड (पञ्चतन्त्रम्), राज्य, जादू, राज-परिच्छद, अधीनता ; a loom, warp or threads extended lengthwise in a loom, thread, the thread or continuity of progeny, posterity, cloth, canopy आस्तीर्णं तन्त्रम्, regular order or execution of ceremonials or sacrificial acts, Mīmāṁsā that discusses the process of sacrifice, religious and mystical treatises expounding the secret import of religious acts regarding deities [तन्त्र-शास्त्रम्], government, administration of the realm, family affairs, rules, doctrine, chapter of a book, realm, magic or spell, retinue, dependence [cp. स्वतन्त्र, परतन्त्र] .

तन्त्रक न० मशीन से हाल ही उतरा कपड़ा, नववस्त्र : तन्त्रकः पटः; fresh from weaving machine.

तन्त्रकार वि० पुस्तक-प्रणेता, वैज्ञानिक लेखक ; author of a scientific work.

तन्त्रगौरव न० वंश का प्रभाव ; family dignity.

तन्त्रय् [तन्त्रि 'कुटुम्बधारणे', तन्त्रयते] शासन करना, कुटुम्ब अथवा प्रजा को थामना ; to rule.

तन्त्रवाय पुं० जुलाहा ; weaver=तन्त्रवापः.

तन्त्राध्यक्ष पुं० सेनापति ; commander of an army.

तन्त्रावाप [तन्त्र+आ -वापौ=अर्थः] पुं० शास्त्रौषधप्रयोग, स्वपरराष्ट्र-चिन्तन ; use of medicine, use of diplomacy (in one's realm and in foreign lands).

तन्त्रिन् (1) वि० बुना, सूत का, तागे का ; spun, wove made of threads. (2) पुं० संगीतकार ; musician. Cp. स्वतन्त्रिन् 'स्वशास्त्रानुसारी'.

तन्त्रिल वि० सरकारी कामकाज में फंसा ; occupied with the affairs of government.

तन्त्री [-न्त्रीः] स्त्री० डोरी, रस्सी, वीणा, धमनी ; string, cord, corded or stringed instrument, lute, vein : बहुतन्त्रीर्ग्रीवा. Note कृतन्त्री 'दण्डिका'.

तन्त्री-भाण्ड न० तानपूरा ; lute (corded).

√तन्द् आराम करना ; to relax.

तन्द्रा स्त्री० ऊंघ, थकावट, क्लान्ति ; drowsiness, lassitude, laziness, exhaustion.

तन्द्रालु वि० थका ; tired, sleepy=निद्रालु.

तन्द्रि [also -न्द्री] स्त्री० प्रमीला, अर्धनिद्रा, आलस्य ; drowsiness, laziness.

तन्मय [तद्+म-] वि० उसके साथ एक हुआ, बिलकुल वही ; absorbed in or identical with that.

तन्मात्र [तद्+मा-] (1) न० अहंकार से उत्पन्न शब्दतन्मात्र, स्पर्शतन्मात्र, रूपतन्मात्र, रसतन्मात्र एवं गन्धतन्मात्र यह पांच अविशेष अर्थात् वैशिष्ट्य-रहित चरम मूलतत्त्व, जिनसे पांच महाभूत बनते हैं ; rudimental elements in which the rudimentary property resides are : तद् 'that' +मात्र 'alone', implying that in which its own peculiar property resides without any variety. These are : species of sound, touch, colour, taste and smell. From these elemental properties develop the gross Bhūtas, i.e. earth etc. So the process is from abstract to concrete. (2) उतना ही ; only so much or so little.

तन्यतु [√स्तन् 'देवशब्दे', स्तनयति] पुं० अशनि, वायु, मेघ ; thunder, wind, cloud.

तन्वी स्त्री० कोमलाङ्गी, तनुमध्या ; comely woman, slender woman.

√तप् ['संतापे', तपति] दुखी होना, झुरना, पिराना; to suffer pain, torment oneself. (2) √तप् ['ऐश्वर्ये', तप्यते, तपते ; ज्वलनवृत्तिस्तपिरकर्मकः, संतापने विलापने च सकर्मकः] चमकना, भासित होना, ऐश्वर्यवान् होना, प्रतापी या शान वाला होना ; to shine, be prosperous, have dignity or majesty. (3) √तप् ['दाहे', तापयति, तपति] जलाना, तप करना, प्रायश्चित्तादि करना, झुरना ; to heat, burn or be burnt, consume or destroy by heat or penance, undergo penances ; cp. 'संतापेऽर्थे तपे दाहे तापयेत तपने तपेत् । ऐश्वर्ये वा दिवादित्वात् तप्यते तपतीति च ।' Daiva quoted by Raṅganātha on Harṣa. II, p. 70.

तप (1) पुं० ग्रीष्म, घाम ; summer, heat, warmth. (2) वि० तपाने वाला ; causing pain or trouble.

तपक न० चूल्हा ; oven. तपती स्त्री० सूर्य-पुत्री ; daughter of the Sun.

तपन (1) वि० जलाने वाला, चमकने वाला ; warming,

burning, shining. (2) —नः पुं० सूर्य; the sun. —नम् न० तपिश, गरमी, जलन, प्रिय-विरह में क्लेश; heat, burning, affliction in the absence of the beloved : तपनं प्रिय-विच्छेदे स्मरावेगोत्थचेष्टितम् [SD. III.106]. —नी स्त्री० गरमी ; heat.

तपनकर पुं० सूर्य-किरण ; sun-beam.

तपनीय[क] न० सुवर्ण ; gold (purified in fire). —मय वि० सुनहरा ; golden.

तपनीयसंक्रम पुं० सुवर्ण-सोपान ; steps made of gold.

तपर्तु [-प+ऋ-] पुं० निदाघ ; summer.

तपश्चरण न० तपस्या करना ; practice of austerities.

तपःश्रुतोपपन्न वि० तपस्या एवं वेद से संपन्न ; possessed of penance and Vedic lore.

तपस् न० गरमी, आग, यातना, पीड़ा, माघमास, तपस्या, तपश्चर्या ; heat, fire, suffering, pain, the month of Māgha, austerity, fervour. —तपांसि 'उपनिषदें', 'तपांसि च सर्वाणि यद् वदन्ति'. (2) —पाः वि० 'आलोचनकर्ता' [MBh. AII.318.29].

तपस पुं० पक्षी, चन्द्र, सूर्य ; bird, moon, sun.

तपस्तनूज पुं० युधिष्ठिर ; epithet of Yudhiṣṭhira.

तपस्य पुं० फाल्गुन ; Feb.-March. —स्या स्त्री० व्रतनियमादिपालन में शरीर को तपाना ; austerity, fervour.

तपस्वत् वि० गरम ; hot.

तपस्विन् वि० दवा-कुचा, तंग, क्लिष्ट, दयनीय, तप करने वाला ; depressed, to be pitied, pitiable, practising austerities=तप्ततपस्.

तपोज [or -जाः] तप से उत्पन्न; born of asceticism.

तपोधन वि० तप ही है धन जिसका ; rich in penance. —तपोवृद्धः, तपोराशिः. (2) —नम् न० तपोरूपी धन ; penance as wealth.

तपोनित्य वि० तप में रत या निमग्न ; devoted to penance (devoting one's self incessantly to austerities).

तपोनिष्ठ वि० तपोमग्न, तपोरत ; engrossed in penance; cp. तपोनिधि 'eminently pious person'.

तपोऽनुभाव पुं० तपः-प्रभाव ; power acquired by austerities.

तपोऽपहरण न० तपोभङ्ग ; annihilation of penance.

तपोभृत् वि० तपस्वी ; ascetic.

तपोमूल वि० तप पर आधृत ; founded on austerity.

तपोवन न० तपस्या करने का वन ; forest for practising penance.

तपोयज्ञ वि० तपस्या-रूप यज्ञ करने वाला ; sacrificing through austerity, offering sacrifice in the form of austerity.

तप्त वि० प्रदीप्त, पीड़ित, जिसने तप साधा है ; inflamed, distressed, one who has undergone penance. [Note तपित 'refined'] —कम् न० कड़ाही ; frying pan.

तप्तकुम्भ पुं० तप्त घड़ा ; a red-hot jar.

तप्तकृच्छ्र पुंन० एक व्रत, जिसमें पहले तीन दिन उष्ण जल, दूध और घी पिया जाता है, अगले तीन दिन गरम हवा के सांस भरे जाते हैं ; penance which consists of drinking hot water, milk and ghee for three days, and inhaling hot air for three days.

तप्तपाषाण-कुण्ड न० तपे पत्थरों का कुण्ड ; pit filled with red hot stones, a hell.

तप्तजाम्बूनदमय वि० तप्त सुवर्ण का बना ; made of refined gold.

तप्तरहस न० सुन्न या सुनसान, एकान्त ; dense solitude.

तप्तरूप न० चांदी; silver 'of refined shape'=तप्तरूपकम्.

तप्तवालुक पुं० एक नरक ; name of a hell full of burning gravel.

तप्तसुराकुण्ड न० खौलता सुराकुण्ड, एक नरक ; a basin filled with burning liquor, a hell.

तप्तसूर्मि स्त्री० प्रतप्त लौह प्रतिमा, एक नरक ; red hot iron statue, name of a hell.

तप्तहेम न० प्रतप्त सुवर्ण ; reformed gold.

√तम् [काङ्क्षायाम्, ताम्यति] चाह करते-करते काला पड़ जाना, कमजोर होते जाना, बेहोश हो जाना, चूर-चूर हो जाना ; to become darkened, languish, faint, be exhausted.

तप्ति स्त्री० गरमी ; heat. Cp. 'तप्यः सत्त्वमयः शिवः'.

तम [प्रप० तमम्] न० दे० 'तमस्'. Note तमकः 'oppression of the chest in asthma'.

तमःकिर [√कॄ 'विक्षेपे'] वि० अंधेरा फैलाने वाला ; scattering darkness. तमःप्रभ पुं० एक नरक; name of a hell.

तमःप्रवेश पुं० मनोविमोह, अंधेरे में सरक जाना ; mental perplexity, groping in the dark.

तमःस्थित पुं० एक नरक ; name of a hell situated in darkness.

तमस् [√तम, ताम्यन्ति अस्मिन्] न० अंधेरा (मीमांसकों के मत में स्वतन्त्र द्रव्य), भ्रम, अज्ञान, प्रकृति के तीन गुणों में अन्तिम गुण, राहु, प्रवृत्ति का व्याघात; darkness, gloom, illusion, ignorance, the last of the three attributes (sattva, rajas, tamas) of Prakṛti, Rāhu, obstruction to activity.

तमस [=तमस्] न० अंधेरा ; darkness=तमस्कम् 'darkness, mental darkness'.

तमसा स्त्री० अयोध्या के समीप 'टैंस' नदी ; modern 'Taims' river in the district of Ayodhyā.

तमस्कल्प वि० अंधेरे जैसा ; gloomy, like darkness.

तमस्काण्ड न० तिमिर-निकर, घनान्धकार ; mass of darkness, dense darkness=तमस्ततिः.

तमस्वत् वि० अन्धकारमय ; dark, gloomy.

तमस्विनी स्त्री० रात्रि ; night, gloomy.

तमाखु पुं० तम्बाकू ; tobacco.

तमाल पुं० आबनूस का पेड़, माथे पर तिलक-विशेष ; 'dark-barked', name of a tree with a very dark bark, sectarian mark on the forehead made with the juice of Tamāla fruit —**लिनी** स्त्री० 'a place overgrown with Tamāla trees'.

तमालपत्र न० तमाल का पत्ता, माथे पर तिलक-विशेष; Tamāla leaf, sectarian mark on the forehead. [Note –वर्णकम् 'तमालपत्रस्य विलेपनम्'].

तमितु पुं० सांस टूटना; exhaustion, gasping for breath.

तमिस्र न० तमःसमूह, अन्धकार-पटल, अन्धकार, काला नभ ; mass of darkness, dark sky. —**स्रा** स्त्री० अंधेरी रात ; dark night. —**स्रः** [or **तमिस्रपक्षः**] पुं० कृष्ण पक्ष ; dark half of the month.

तमी स्त्री० अंधेरी रात ; dark night, night.

तमोदयित पुं० चन्द्र ; moon=तमीश्वरः.

तमोघ्न [√हन्] (1) वि० अन्धकार का नाशक ; dispeller of darkness. (2) —**घ्नः** पुं० सूर्य, गुरु; sun, teacher =तमोऽरिः.

तमोज्योतिस् पुं० जुगनू ; firefly =तमोभिद्.

तमोनिष्ठ वि० अंधेरे में रहने वाला ; resting in or founded on darkness.

तमोनुद् (1) वि० अंधेरे को भगा देने वाला ; dispelling darkness. (2) —**द्** पुं० चांद [=तमोहरः], सूरज, अग्नि ; moon, sun, fire=तमोनुदः=तमोऽपहः.

तमोभूत वि० तमोमय, अंधेरे से घिरा, मूर्ख ; dark, covered with darkness, ignorant.

तमोमणि पुं० दे० 'ज्योतिरिङ्गण'.

तमोरूप वि० अज्ञान-रूप ; consisting of ignorance.

तमोलिप्ती [=ताम्रलिप्ती] ताम्रलिप्त लोगों का एक नगर ; name of a city of the Tāmraliptas.

तर [√तॄ 'प्लवनसंतरणयोः'] (1) वि० पार करने वाला ; crossing, going beyond. (2) पुं० पार जाना, पार जाने का कर ; crossing, tax for crossing=तरपण्यम्.

तरक्ष पुं० भेड़िया, चीता ; wolf, tiger.

तरक्षु पुं० चरख, बघेरा ; hyaena=तरक्षुकः.

तरंग [तरम् √गा 'cross-goer'] पुं० लहर, वीचि, अश्वों की गति-विशेष (=उत्फालः); wave, particular trot of a horse. —**मालिन्** पुं० समुद्र ; sea, ocean=तरंगकः.

तरंगापत्रस्त वि० लहरों से डरा ; afraid of waves.

तरंगिणी स्त्री० नदी ; river =तरंगवती. —**नाथः** 'sea, ocean'. Cp. तत्थ पुं० Śiva.

तरंगित वि० लहरदार, आंसुओं में तर, चलायमान; wavy, overflown with tears, moving to and fro.

तरण न० पार करना, हाथी की झूल, तैरना ; crossing over, elephant's cover, swimming. —**णः** पुं० नौका ; boat.

तरणि [√तॄ =तरणिः] (1) वि० पार करने या ले जाने वाला, आगे बढ़ने वाला ; crossing, pressing forward. (2) —**णिः** पुं० सूर्य, किरण, नौका ; sun, beam, boat. —**णी** स्त्री० नौका ; boat. —**तनया** स्त्री० यमुना ; Yamunā.

तरण्ड पुंन० तमेड़ ; float made of bamboos and floated upon jars inverted or hollow gourds.

तरतोय पुं० (जल) पार के आदमी ; people beyond the water, name of a people mentioned in MBh.

तरन्त पुं० समुद्र; ocean [=तर्पः]. —**न्ती** स्त्री० नौका; boat.

तरपण्यिक पुं० पार जाने का टैक्स वसूल करने वाला ; receiving the ferry-money or freight.

तरंबुज न० तरबूज ; water-melon.

तरल (1) वि० कम्पित, चञ्चल, उत्तरल, अव्यवस्थित, अस्थिर, आश्चर्य में पड़ा, भास्वर ; trembling, tremulous, unsteady, surprised, shining. (2) —**लः** पुं० हार का बड़ा मनका, मनका, हार ; central gem of necklace, gem, necklace. —**ला** स्त्री० लप्सी, पनिहा भात ; rice gruel, watery rice. —**लायित** made tremulous, agitated. —**लित** वि० shaking, tremulous.

तरवारि पुं० तलवार ; sword (one-edged).

तरस् [√तॄ] न० त्वरा, तेजी, शक्ति ; speed, velocity, vigour. —**सा** क्रिवि० वेग से, झटिति, एकदम, सहसा ; speedily, at once, forcibly.

तरस पुंन० मांस ; meat (=having taras 'strength'). —**पुरोडाश** (1) पुं० a cake of meat. (2) वि० offering a cake of meat.

तरसान पुं० नौका ; boat.

तरस्विन् वि० तेज, त्वरावान्, बली, प्रचण्ड ; swift, strong, violent, impetuous.

तरि [–री] स्त्री० नौका, वस्त्रादि के लिये झोला या बक्स ; boat, vessel or box for keeping clothes. —**रथ** : पुं० चप्पू ; oar.

तरिक वि० किश्ती का भाड़ा लेने वाला ; one getting fees for ferrying, ferry-man=तरिकिन्.

तरिता स्त्री० तर्जनी अंगुली ; forefinger.

तरितृ वि० पार करने या ले जाने वाला ; one who crosses a river or who carries over.

तरित्र न० चप्पू ; oar. —त्रः पुं० कर्णधार ; helmsman.
तरीश पुं० नौका, विज्ञ, समुद्र ; boat, competent person, ocean.
तरु [√स्तृ 'फैलना'] पु० पेड़ ; tree. तरुकोटर न० वृक्ष की खोह ; hollow of a tree.
तरुखण्ड पुंन० तरुषण्ड, पेड़ों की वनी ; a cluster of trees.
तरुगहन न० पेड़ों की दड़ी ; a thicket of woods.
तरुच्छद पुं० पल्लव ; leaf. तरुपंक्ति स्त्री० वृक्षों की कतार ; avenue.
तरुण वि० किशोर, जवान, मृदुल, नवीन ; juvenile, youth, tender, new. —णः पु० जवान आदमी ; young man. —णी स्त्री० जवान स्त्री ; young woman. [Cp. तरुणेन्दुः 'growing moon']. —कम् 'sprout'.
तरुवल्ली स्त्री० बेल ; a creeper.
तरुविटप पुं० शाखा ; a branch.
तरुष वि० वृक्षों से भरा ; abounding in trees.
तरुषण्ड पु० वृक्षों की दड़ी या वनी ; cluster of trees.
तरुसार पुं० कपूर ; camphor.
तरुहरिण पुं० बन्दर ; monkey=तरुमृगः.
तर्क् [तर्कयति] ताकना, जांचना, विचारना, समझना, आंकना, अनुमान करना, अंदाजा या अटकल लगाना ; to observe, see, examine, reflect, deliberate, regard as, infer.
तर्क पुं० ऊह, अंदाज, अन्वीक्षण, संशय, अटकल, विचार : तर्को विचारः संदेहात् [Daśa. V.36], न्यायशास्त्र : तर्क्यन्ते निरचीयतेऽर्थो यैस्ते तर्काः अनुमानानि ; conjecture, inquiry, doubt, speculation, deliberation, logic, inference. तर्कविद्या=न्यायशास्त्र ; science of logic. Cp. आन्वीक्षिकी.
तर्कक पुं० याचक ; a beggar=तर्कादः.
तर्कज्ञान न० तर्क-प्राप्त ज्ञान ; knowledge obtained by reasoning.
तर्कु पुं० शाणचक्र [=तर्कशाण], तकुआ या सूत्रवेष्टन ; hone, touchstone, spindle. —पिण्ड पुं० तकुए के निचले भाग में लगा पिण्ड ; a ball of clay at the lower end of a spindle to give it motion.
√तर्ज् ['भर्त्सने', तर्जति, तर्जयते, तर्जित] घुरकना, झिड़कना, धमकाना, झाड़ना ; to threaten. तर्जकः वि० 'one who threatens'.
तर्जन [or —ना] न० विग्रासन, धमकाना, घुरकना, नष्ट कर देना ; threatening, frightening, reviling, dispelling. —नी स्त्री० दक्षिण हाथ की प्रदेशनी अगुली, अंगूठे के पास की अगुली ; fore-finger of the hand. तर्जनीतोलन न० अंगुली दिखाना; showing the finger : मस्त्रविक्रियादौ तर्जनीतोलनम्.
तर्जा स्त्री० घुरकी, झाड़ ; threatening.
तर्ण[क] पुं० वत्स, सद्योजात बछड़ा ; very young calf.
तर्तरीक [√तृ] (1) वि० पार करने का आदी ; being in the habit of crossing. (2) —म् न० किश्ती ; boat =तरणिः.
तर्दन् [तृद्यत इति] न० छिद्र ; hole, cleft.
तर्पक [तृप्] वि० तृप्त कर देने वाला ; satisfying.
तर्पण (1) वि० संतोषप्रद, छका देने वाला, मन भर देने वाला, प्रसादक ; satisfying, pleasing, satiating. (2) —म् न० (पितरों का) तर्पण, श्राद्ध, इच्छापूर्ति ; presenting libation of water etc. to the deceased, satisfaction.
तर्पर पुं० पशु के गले की घण्टी ; a bell hanging down from the throat of a cattle.
तर्पिन् वि० तर्पण करने वाला ; offering libations to the manes.
तर्मन् [√तृ] न० यज्ञिय स्तूप का अग्र भाग ; the top of the sacrificial post.
तर्ष [√तृष् 'पिपासायाम्', तृष्यति] पुं० तिस, प्यास [=तर्षणम्], इच्छा, लाभ, रुचि ; thirst, desire, profit.
तर्षुल वि० पिपासित, आकाङ्क्षी ; thirsty, desirous= तर्ष्यावत, तर्षितः, तर्षुकः. [Note अतर्षलम् 'without desire, अनुतर्षलः तृष्णावृद्धिकृत्].
तर्हि क्रिवि० तब ; then.
तल [√तल् 'प्रतिष्ठायाम्'] पुंन० गाध, सतह, तली, तलैटी, एक-सा, मध्य, छत ; surface, level, bottom, flat, middle : कपाटतलप्रविष्टं कपित्थगुलिकमिव [मृच्छ० I], roof of a house. —लः पुंन० खुला हाथ, तलुआ; open hand or palm, foot. —म् न० हृदय ; heart.
तलक न० पूर, अंगीठी ; fire-tray.
तलगत वि० हाथ में ; being in one's hand.
तलघात पुं० चपेट ; a slap with the palm.
तलतस् क्रिवि० तली से ; from the bottom.
तलताल पुं० हथेली बजाना ; clapping the hands.
तलत्र न० हस्त-रक्षक ; arm-guard, leathern fence worn by archers on the left arm=तलत्राणम्, तलवारणम्.
तलपुष्पपुट न० नाचने में हाथ की मुद्रा-विशेष ; a particular position of hand in dancing.
तलबद्ध वि० बद्धतल ; having fastened one's arm round the tala of a tree.
तलमुख पुं० नाचने में हाथ की मुद्रा-विशेष ; a particular position of hand in dancing.
तलयुक्त वि० मूठ वाला ; furnished with a handle.
तलयुद्ध न० हाथापाई ; palm-fight.

तललोक पुं० निचला जगत्; lower or nether world. —पाल पुं० guardian of the lower world.

तलवर पुं० पुराध्यक्ष; superintendent of a town.

तलशय्या स्त्री० रुई का गद्दा; cotton-bed.

तलसारक न० घोड़ों को दाना देने का थैला; sort of trough to feed the horses=तलसारणम्, तलसारिकः.

तलस्थ वि० तले रहने वाला; remaining beneath=तलस्थितः.

तलहृदय न० तलुए का मध्य भाग; the centre of the sole of the foot =arch.

तलाङ्गुलित्रवत् वि० तलत्र और अंगुलित्र वाला; furnished with तलत्र and अङ्गुलित्र.

तलाची स्त्री० चटाई; mat 'spread on the ground'.

तलातल पुं० एक नरक; name of a hell.

तलातलि क्रिवि० हथेली से हाथापाई; fighting with the palms of the hands.

तलारक्ष पुं० अङ्ग-रक्षक; body-guard.

तलित वि० तला; fried : तलितं च मांसम् [मृच्छ० I].

तलिन वि० विरल, अल्प, स्वच्छ; having interstices, litte, clear. For तलिनोदरी see तनुमध्या.

तलिम न० मकान की कुरसी; ground prepared for the site of a dwelling, paved ground.

तलुन [=तरुण] (1) वि० जवान, किशोर; young. (2) —नः पुं० युवक; a youth.

तल्प [√तल् प्रतिष्ठायाम्] पुं० विस्तर, सेज, पत्नी, मद, अट्ट; bed, couch, wife, intoxication, upper story.

तल्पक पुं० विस्तर लगाने वाला; one whose duty is to prepare bed.

तल्पकीट पुं० खटमल; a bug.

तल्पग वि० स्त्रीगामी, संभोग करने वाला; having sexual intercourse with.

तल्पज वि० नियोग द्वारा उत्पादित; born of a wife by appointed substitute.

तल्पन न० हाथी की पीठ; the exterior muscles of an elephant's back.

तल्पल पुं० [=तल्पनम्] वि० पृष्ठवंश; fleshy ridge on the back of an elephant.

तल्पेशय वि० तल्प पर पड़ा; lying on a couch.

तल्लज वि० प्रशस्त, प्रकाण्ड; best, an excellent specimen of. कुमारी—'an excellent maiden'.

तवक्षीर पुंन० तवाशीर; manna of bamboo.

तविषी [√तु 'गतिवृद्धिहिंसासु', तवीति, तौति] नदी, देवकन्या, भूमि, बल; river, divine girl, earth, strength.

तष्ट [√तक्ष्] वि० छुला या छीला, तराशा, गढ़ा, पतला किया; chiselled, chipped.

तस्कर [√तंस् shake; प्रत्यक्षं परेषां धनं हरति सः, प्रच्छन्नचोरः स्तेनः] पुं० चोर; thief.

तस्थिवस् [√स्था, -वान्, -स्थुषी, -वस्] वि० बैठा, ठहरा; standing.

तस्मात् वि० [abl. of तद्] क्रिवि० इसलिये; therefore, on that account.

ताक्षशिल (तक्षशिलाऽभिजनोऽस्य) वि० जिसके पुरखा तक्षशिला में रहते थे वह; one whose ancestors lived in Takṣaśilā. ताटङ्क पुं० कान का गहना; ear-ornament=ताडीदलम्.

ताड पुं० प्रहार; blow. ताडक वि० सजा देने वाला, घातक; inflicting punishment, chastiser, killer.

ताडघ पुं० शिल्पी, सुनार; artificer, goldsmith.

ताडन न० पीटना, सजा देना, आघात; beating, striking, hitting, stroke. —नी स्त्री० कशा, कोड़ा; whip.

ताडाग वि० तडाग से संबद्ध; *being in or coming from ponds.*

ताड्य वि० ताडन-योग्य; to be beaten or punished.

ताढितगर्दभ पुं० साफ किया (मालिश किया) गदहा; an ass that has had massage.

ताण्डव [तण्डु-] न० भयानक नृत्य, नृत्य; frantic or wild dance (of Śiva), dance. —तालिक पुं० dancing and clapping the hands, epithet of Śiva's door-keeper Nandin.

ताण्डवन न० दारुण चेष्टा या नाच; frantic movement or dance.

ताण्डविका स्त्री० ताण्डवोपदेशिनी, नाटयित्री; dancing mistress.

ताण्डि स्त्री० नृत्य-विद्या; science of dancing. —ण्ड न० a manual of the art of dancing.

तात [तत-] पुं० पिता, प्रिय; father, (in voc.) form of address : my dear.

ताति [√तन्] स्त्री० संतति; offspring.

तातृपाण [√तृप् कानच्, pft. pt.] छका; satiated.

तात्कालिक (तत्काल-) वि० साथ-साथ होने वाला, तुरन्त होने वाला; happening at that time, lasting that time, simultaneous, immediate : तात्कालिको विशेषः 'immediate change' [Daśa. II.61].

तात्काल्य न० तात्कालिकता; simultaneousness.

तात्त्विक (तत्त्व-) वि० सत्य, उसी अर्थ वाला होना; true, real, being of the same meaning.

तात्पर्य [तत्पर-] न० आशय, अभिप्राय, अभिसंधि, तात्पर्य वृत्ति; *true meaning, real significance* : तात्पर्यतुलाधृतम्, 'तात्पर्य की तराजू पर तोला'; that *vrtti* which conveys the suggested meaning.

तात्पर्यवाचोयुक्ति स्त्री० शब्द का तात्पर्य-विशेष में प्रयोग; a word used in a particular sense.

तात्पर्यार्थ पुं० वाक्य का वाच्यार्थ के अलावा तात्पर्यवृत्ति द्वारा प्रकाशित अर्थ; import, purpose, suggested meaning. For तात्पर्यावृत्ति, see SD. II.20.

तात्य वि० पिता जैसा; fatherly.

तादर्थ्य [तदर्थ-] न० तत्प्रयोजनत्व, उसी अर्थ वाला होना; the being intended for that, being of the same meaning.

तादात्मक वि० तदात्मता-द्योतक; denoting the unity of nature.

तादात्म्य [तदात्मन्-] न० तदात्मता, वही होना; identity, unity, oneness.

तादृक्ष वि० वैसा; such a one, like that. [दे० 'तादृश']

तादृग्गुण वि० वैसे गुणों वाला; of such qualities.

तादृश् [—क्] वि० वैसा, उस जैसा; such like, such =तादृश.

ताद्रूप्य न० तद्रूपता; sameness of form, identity.

तान पुं० [√तन्] तान, तन्तु, एक-श्रुति; tone, thread, the natural accentless tone.

तानकर्मन् न० लय लगाना; tuning the voice prior to singing.

तानव [तनु-] न० तनुता, अल्पता, पतलापन; thinness, smallness.

तान्त [√तम्+त] (1) वि० खिन्न, म्लान, मुरझाया, दुखराया, बेहोश; downcast, faded, fainted. (2) पुं० रूक्ष स्वर; dry tone.

तान्तुवाय्य पुं० जुलाहे का पुत्र; son of a weaver.

तान्तव (1) वि० तन्तुनिर्मित; made of threads. (2) —म् न० कपड़ा; woven cloth.

तान्त्र न० तन्त्रनिर्मित वाद्य का संगीत; music of a stringed instrument.

तान्त्रिक वि० तन्त्र-शास्त्री; versed in spells, follower of the Tantra doctrine.

ताप [√तप्] पुं० गरमी, शोक, संताप, आपद्, ज्वर; heat, sorrow, distress, fever, feverishness.

तापक (1) वि० तपाने वाला; heating. (2) —कः पुं० ज्वर, चूल्हा; fever, a cooking stove. —पिका स्त्री० तलने का बरतन; frying pan.

तापटाल [√टल्] वि० ताप को टलाने वाला; dispeller of heat or sorrow.

तापतन्द्रिका स्त्री० गरमी से उत्पन्न तन्द्रा; laziness due to heat.

तापन (1) वि० तपाने वाला; causing pain, distressing. (2) —नः पुं० सूर्य, ग्रीष्म; sun, the hot season. —म् न० जलाना, तपाना, क्लेश, एक नरक; tormenting [cp. विधूत], burning, pain, torment, name of a hell. —ना स्त्री० तपस्या; austerity.

तापयितृ वि० ताप देने वाला; causing pain.

तापयिष्णु वि० संतापक; tormenting.

तापस वि० तपस्वी; ascetic : तापसः सिध्यति=तत्त्वं निश्चिनोति.

तापसतरु पुं० इंगुआ का पेड़; Terminalia Catappa.

तापसाध्युषित [—स+अध्यु- √वस्] वि० जहां तपस्वी रहे हैं; inhabited by ascetics.

तापिच्छ पुंन० तमाल; name of a dark-coloured tree =तापिच्छः, तापिञ्जः.

तापितपायित वि० तप्त-सिक्त, पहले तपाया फिर सींचा; scorched and then sprinkled.

तापिन् वि० तपाने वाला; causing pain; तापित वि० 'oppressed by heat'.

तापीतट पुं० ताप्ती का तट; bank of the Tāptī river.

ताम [√तम्] (1) वि० भयानक; terrible. (2) —मः पुं० चिन्ता, थकावट, क्लान्ति; anxiety, exhaustion, distress.

तामर न० जल, घी; water, clarified butter. —रः पुराणों में एक पर्वतीय देश का नाम; a mountainous country mentioned in the Purāṇas and outside of the Himavat in Brahmāṇḍa Purāṇa. Tamara is another name for Murmi, a Tibeto-Burmese language spoken in Nepāl.

तामरस न० कमल, सोना; a day-lotus, gold.

तामल वि० तमाल की छाल का बना; made of the bark of the Tamāla plant.

तामलिप्त पुंव० जन-विशेष और उनका देश; name of a people and their country.

तामस (1) वि० धुंधला, तमोगुणी, अज्ञानी; dark, prone to *tamoguṇa*, ignorant. (2) —सः पुं० नीच, लुच्चा, सांप, राहुपुत्र; vile, villain, snake, son of Rāhu. —सी स्त्री० कृष्णपक्ष की रात्रि, रात्रि, निद्रा; night of the dark half, night, sleep. —म् न० अन्धकार; darkness.

तामसिक वि० तमस् से संबद्ध; relating to the quality of Tamas.

तामित [√तम्] वि० क्रुद्ध, क्रोधित; angry, angered.

तामिस्र [तमिस्रं तमःसमूहः, तद् यत्रास्ति, तमिस्रा वा यत्रास्ति] पुं० कृष्णपक्ष, एक राक्षस, एक नरक, क्रोध अथवा अमर्ष; dark half of the month, name of a Rākṣasa, name of a hell, indignation or anger.

ताम्बूल न० पान; betel-leaf. —वल्लिका स्त्री० पान की बेल;

betel-plant= —वल्ली.

ताम्बूलकरङ्क पुंन० पानदान; betel-box=स्थगिका, ताम्बूलपेटिका.

ताम्बूलद पुं० पान देने वाला; one having the duty of serving betel-leaves. =ताम्बूलधरः, ताम्बूलकरङ्कवाहः.

ताम्बूलदायिनी स्त्री० पान देने वाली; a female serving betel-leaves=ताम्बूलकरङ्कवाहिनी.

ताम्बूलवीटिका स्त्री० पान का बीड़ा; a betel-leaf wrapped up, [an areca-nut wrapped in a betel-leaf].

ताम्बूलिक [or ताम्बूलिन्] पुं० पनवाड़ी; betel-leaf-seller.

ताम्र [√तम्] (1) वि० कोंपल के रंग का, तांबे के रंग का, लाल; copper-coloured, dark-red. (2) —म्रः पुं० कुष्ठ-विशेष; a kind of leprosy with large red spots. ताम्रक न० तांबा; copper.

ताम्रकार पुं० तांबे का काम करने वाला; copper-smith= ताम्रकुट्टः, ताम्रकुट्टकः, ताम्रोपजीविन्.

ताम्रचूड पुं० कलगीदार मुर्गा; red-crested cock, cock= =ताम्रशिखिन्.

ताम्रतुण्ड पुं० बन्दर; monkey 'copper-mouthed'.

ताम्रत्व न० ललाई; copper colour, redness.

ताम्रद्रु न० लाल चन्दन; red sandal wood.

ताम्रधूम्र वि० रक्तधूसर; dark tawny.

ताम्रपट्ट न० तांबे की प्लेट; copper-plate=ताम्रफलकम्.

ताम्रपत्र न० ताम्रपत्र; copper plate.

ताम्रपर्ण न० भारत का प्रदेश-विशेष; name of a part of Bhārata.

ताम्रद्वीप पुं० लंका; Cyelon. —कः पुं० Ceylonese.

ताम्रपर्णी (1) आधुनिक तंबरवारी नदी जो पश्चिमी घाट के ढाल से निकल कर तिन्नवेली जिले में से होती हुई पूनकली नामक छोटे से नगर के पास बंगाल की खाड़ी में गिरती है; the modern Tambarvāri river known for fishing. (2) ताम्रपर्णी द्वीप पाण्ड्य एवं द्रविड़ों के नीचे की ओर था। वैदूर्यक पर्वत इसी में था। अगस्त्याश्रम भी यहीं था। संभवतः इसका ही नाम मलयकूट रहा हो, जो द्रविड़ों के नीचे की ओर है और जहां पोतलक पर्वत विराजमान है; Tāmraparṇī is placed below Pāṇḍya or Draviḍa, and the mount Vaidūryaka is said to have been its rocky land-mark. The hermitage of Agastya was here. It may be identified with the Malayakūṭa.

ताम्रमृष्टानुलेपिन् वि० लाल लेप से सजा; smeared with coppery red unguents.

ताम्रलिप्त पुं० तिब्बती; smeared with coppery red; perhaps Tibetan.

ताम्रलिप्ती मिदनापुर जिले का तमलुक प्रदेश। ताम्रलिप्त सुह्म से पृथक् था; identified with Tamluk in the Midnāpur district of Bengal. Tāmraliptī and Suhma were two different countries. Robert shafer identifies the Tāmraliptakas with Tibetans, who paint their faces red. —लिप्ताः पुंब० inhabitants of ताम्रलिप्ती.

ताम्रशाटीय पुं० लाल कपड़ों वाला; 'red-clothed', name of a Buddhist school.

ताम्रशासन न० ताम्रलेख; an edict or grant inscribed on copper plate.

ताम्राक्ष [ताम्र+अ-] वि० लाल आंखों वाला; red-eyed.

ताम्राभ न० ताम्रद्रु; red sandal-wood.

ताम्राश्मन् पुं० पद्मराग; ruby.

ताम्रिक वि० ताम्रविकार, तांबे का; made of copper.

ताम्रिमन् पुं० ललाई; redness.

तायन [√तै=स्त्यै 'शब्दसंघातयोः] न० स्फीति, समृद्धि; successful progress, prosperity.

तार [√तॄ] (1) वि० पार ले जाने वाला, रक्षक, उच्च, तीखा, दीप्तिमान्, स्पष्ट, साफ, सुथरा, अच्छा; carrying across, a saviour, high (a note), loud, shrill (as sound), shining, clear, good, excellent, pure. (2) —रः पुं० पार करना, बचाना, एक दैत्य, मोती की स्वच्छता, स्वच्छ मोती; crossing, saving, name of a Daitya slain by Viṣṇu, the transparency of a pearl. —रः, —रम् पुंन० तारा, आंख की पुतली, नदी-तट, चांदी; a star, pupil of the eye, bank of a river, silver. —रा स्त्री० तारा, नक्षत्र, आंख की पुतली, आठ सिद्धियों में से एक, अतर-विशेष; a fixed star, asterism, pupil of the eye, one of the eight siddhis (in Sāṁkhya), a kind of perfume.

तारक (1) वि० तारने वाला, बचावनहार; carrying over, rescuing, saving. (2) —कः पुं० कर्णधार, एक दैत्य; helmsman, name of a Daitya conquered by Indra. —कः, —कम् पुंन० नौका; boat. —कम् न० तारा, आंख की पुतली, आंख; a star, pupil of the eye, eye. —तारका स्त्री० तारा, उल्का, आंख की पुतली, आंख; a star, meteor, falling star, pupil of the eye, eye. तारिका स्त्री० खजूर-रस; the juice of the palms.

तारकसूदन पुं० तारकारि; Tāraka-killer, Skanda=तारकजित्, तारकारिः, तारकान्तकः, तारकरिपुः, तारकवैरिन्.

तारकाक्ष पुं० तारे जैसी आंख वाला, एक दैत्य; star-eyed (name of a Daitya).

तारकाराज पुं० चांद; moon=तारकेश्वरः.

तारकिणी स्त्री० तारों-सजी रात ; starry night. Cp. तारकितं नभः 'star-spangled sky'.

तारण (1) वि० तारने वाला, बचाने वाला ; causing to cross, helping over a difficulty, saving. (2) —णः पुं० नौका ; boat, float. —म् न० पार करना, पार ले जाना, बचाना ; crossing, safe passage, carrying across, saving. —णिः स्त्री० नौका ; boat.

तारतम्य न० अनुपात ; gradation, proportion.

तारता स्त्री० शुद्धि ; purity : न मुक्तामणेः शाणस्तारतायै प्रभवति.

तारतार न० आठ सिद्धियों में से एक ; name of one of the eight siddhis (in Sāṁkhya).

तारदीर्घ वि० ऊंचा और लंबा ; loud and lasting long (a tone).

तारनाद पुं० ऊंची ध्वनि ; loud or shrill sound.

तारपतन न० तारा गिरना ; falling of a meteor.

तारल (1) वि० चञ्चल ; unsteady. (2) —लः पुं० आचारहीन व्यक्ति ; libidinous man.

तारल्य न० तरलता, चञ्चलता ; unsteadiness, fickleness.

तारवायु पुं० जोर की हवा ; loud-sounding wind.

तारवी त्वच् स्त्री० तरु अर्थात् वृक्ष की छाल ; bark of a tree.

तारशुद्धिकर न० चांदी को निखारने वाला, सीसा ; silver-refiner, lead.

तारहार न० बड़े मोतियों का हार, चमकता हार, सुच्चे मोतियों का हार ; chain of pearls, shining necklace.

तारा स्त्री० मोती ; pearl.

ताराग्रह पुं० तारा-रूप ग्रह ; star-planet : one of the five lesser planets exclusive of the sun and moon.

तारापथ पुं० आकाश ; sky.

तारापीड पुं० चन्द्रमा ; 'star-crowned' moon,=ताराधिपः, तारकाराजः, ताराधिपतिः, ताराधीशः, तारापतिः, तारा-रमणः.

ताराभ पुं० पारा ; quicksilver [but ताराभ्रः 'camphor'].

तारामण्डल न० तारों का मण्डल ; star-circle, the zodiac.

तारामृग पुं० मृगशिरस् नक्षत्र ; the constellation Mṛga-śiras ; cp. मार्गशीर्ष.

तारामैत्रक न० जन्म-समय के नक्षत्रों से प्रोद्भूत मैत्री ; friendship due to the conjuction of stars or friendship due to the (pupil of the) eye=eye-love.

तारावली स्त्री० एक अलंकार ; name of a figure of speech in rhetorics.

तारिक न० पार जाने का भाड़ा ; tax for ferrying=तार्यम्. —कः पुं० मल्लाह ; ferryman.

तारिन् वि० तारक ; enabling to cross over.

तारुण्य न० तरुणाई, जवानी ; youthfulness.

तार्किक वि० तर्क करने वाला, नैयायिक ; one versed in logic or Nyāyaśāstra. —चूडामणि 'crest-jewel of philosophers'=Raghunātha=तार्किक-शिरोमणिः.

तार्क्ष पुं० कश्यप ; the sage Kaśyapa.

तार्क्ष्य पुं० पक्षिराज गरुड, वैनतेय, रथ, घोड़ा, जनविशेष ; Garuḍa, chariot, horse, name of a people mentioned in MBh. —नायकः 'Garuḍa'.

तार्ण (तृणस्येदम्) वि० तृणमय ; made of straw.

तार्तीयक वि० तृतीय से संबद्ध ; belonging to the third. But तार्तीयीक 'the third'.

तार्य [√तॄ] न० पार करने का टैक्स ; tax for crossing.

ताल [=ताड] पुं० ताड़ का वृक्ष, विततांगुलि हस्त, ताली, हाथी के कान की फड़फड़ाहट, संगीत में गति, काल और क्रिया का मान : अयं स्वर इयत्कालप्रमाणं गेय इति ; the Palmyra tree or fan-palm, hand with extended fingers, flapping of elephant's ears, measure of time and movement in music (sixty are enumerated). —नाली स्त्री० तालपत्र; Tāla leaf.

तालकेतु पुं० भीष्म ; epithet of Bhīṣma.

तालगर्भ पुं० टोडी ; toddy=तालजम्.

तालजङ्घ (1) वि० ताल के समान लम्बी टांगों वाला ; having legs as long as Tāla. (2) —घः पुं० हैहयों की शाखा ; a branch of the Haihayas.

तालधारक पुं० नचार; a dancer. तालध्वज पुं० बलराम; epithet of Balarāma=ताललक्षणः, तालभृत्, ताललक्ष्मन्.

तालन [=ताडन] न० हथेली बजाना ; clapping hands.

तालपत्र न० कर्णभूषण-विशेष ; palm-leaf, a kind of ear-ornament.

तालरेचनक पुं० नचार ; dancer, distinguishing the measure in dancing.

तालबद्ध वि० ताल में बंधा, ताल से अन्वित ; rhythmical= तालयुक्तः.

तालवृन्त न० व्यजन, बीजना ; palm-leaf used as a fan =धवित्रम्, तालवृन्तकम्.

तालव्य वि० तालु में उत्पन्न वर्ण ; palatals=इ, च्, छ्, ज्, झ्, ञ्, य्, श्.

तालाङ्क (1) वि० शुभचिह्नों से युक्त ; marked with auspicious marks. (2) पुं० बलराम ; Balarāma.

तालावचर वि० ताली पीट-पीट कर नाचने-गाने वाला ; one who sings and dances striking palms, actor= तालापचरः, तालधारकः.

तालिक पुं० तालिका, पार्सल बांधने का कपड़ा ; palm of the hand, a cover for binding a parcel of papers or a manuscript.

तालिकातोद्य न० हस्तताल ; keeping time with striking hands=तालवाद्यम्.

तालुक न० तालु की एक बीमारी; a disease of the palate.
तालीपट्ट न० कर्णाभरण-विशेष ; a kind of ear-ornament =तालापुटम्.
तालीयक न० झांझ ; cymbal.
तालु न० तालवा ; palate. —ज वि० palatal. तालुकण्टक न० तालु में छाला ; blisters in palate=तालुपाकः.
तालुजिह्व पुं० घड़ियाल, योनि ; crocodile, the vulva. [=तालुजिह्विका]. तालुनाश पुं० ऊँट ; camel.
तालुविद्रधी स्त्री० तालु में फोड़ा या सोजिश ; swelling of the palate=तालुपुप्पुटः.
तालूर पुं० भंवरी ; whirlpool.
ताल्प वि० तल्प पर उत्पन्न ; born in a marriage-bed.
तावकीन [तवायम्] वि० तुम्हारा ; yours=तावकः, त्वदीय ; cp. मामकीनः, मामकः, मदीयः.
तावत् वि० उतना बड़ा, उतना लंबा, वहां तक फैला, उतने ; so great, as long, extending so far, so many. —वत् क्रिवि० उतना, उतनी दूर तक, उतनी देर, प्रथम, अब, सचमुच, असलियत में, अवश्य ; so much, so far, so long, first, now, truly, indeed, surely. यावत्— जितनी देर तक, इतनी देर तक, जब-तब, ज्योंही-त्योंही ; as long as, so long as, when-then, just as-then.
तावतिथी [तावतीनां पूरणी] वि० उतनवी ; that-manieth. पुं० तावतिथिः 'the somanieth'.
तावत्क वि० उतने में खरीदा ; bought for so much= तावतिकः.
तावत्कृत्वस् क्रिवि० उतनी बार ; so many times=तावद्धा, तावत्कः, तावच्छस्, like कतिकृत्वः, कतिधा, कतिकः, कतिशस्. तावद्-द्वयस वि० उतना बड़ा; so large, so long.
तावन्मात्र वि० ठीक उतना, उतने ; so much, so many.
तास्कर्य न० तस्करता ; theft.
तिक्त [√तिज् 'निशाने'] वि० तीखा, तीता, चरपरा, पटु ; pungent, bitter.
तिग्म [√तिज्] वि० पैना, तेज गरम ; sharp, pointed, very hot. —ता स्त्री० तीक्ष्णता, तेजी ; sharpness.
तिग्मतेजन वि० पैनी नोक वाला (तीर) ; sharp-pointed (arrow) =तिग्मधारः, तिग्ममूर्धन्.
तिग्मतेजस् पुं० सूर्य ; sun=तिग्मदीधितिः, तिग्मकरः, तिग्मरश्मिः, तिग्मांशुः, तिग्मरुचिः, तिग्मरोचिस्, तिग्मशोचिस्, तिग्मद्युतिः, तिग्मभास्, तिग्ममयूखमालिन्.
तिग्मयातन वि० दारुणवेदनाकारी ; causing acute pain.
तिग्मवीर्य वि० प्रचण्ड वीर्यवान ; of high valour=तिग्मवेगः. तिङ् पाणिनि के प्रत्यय-विशेष ; collective name of the personal terminations.
√तिज् ['निशाने' तेजयति but 'क्षमायाम्' तितिक्षते] तेज होना या करना, धार धरना, सहना ; to be or make sharp, bear.
तिजित पुं० चांद ; moon.
तितउ [√तंस् 'shake'] न० चलनी ; sieve.
तितनिषु [√तन्] वि० विस्तार करने का इच्छुक ; desirous of developing (one's property).
तितिक्षक [√तिज्] वि० सहनशील; enduring, forbearing.
तितिक्षा स्त्री० क्षान्ति, सहनशीलता; endurance, patience.
तितिक्षु वि० सहिष्णु ; patient, forbearing.
तितिल न० तिलों या सरसों की भेली ; sesamum cake.
तितीर्षा [तॄ] स्त्री० तैरने की इच्छा, पार जाने की इच्छा, मुक्त होने की इच्छा ; desire of crossing, desire of emancipation. तितीर्षु वि० पार करने का इच्छुक ; wishing to cross, desirous of emancipation.
तित्तिर पुं० तित्तर ; partridge. महाभारत में एक जनपद, जो कुन्तल एवं महिषक के मध्य में था ; the Tittira country — perhaps Dravidian—possibly occupied the region south of Kuntala and north of Mahiṣaka=तित्तिरिः, तित्तिरिकः.
तिथि [-थी] स्त्री० चन्द्रदिवस ; lunar day.
तिथिक्षय पुं० अमावस का दिन ; the day of new moon.
तिथिपत्री स्त्री० पत्रा, जन्त्री ; almanac.
तिथिपालन न० तिथियों पर बताए व्रतों का पालन ; observance of the rites prescribed for lunar days.
तिथिप्रणी पुं० चन्द्र ; moon.
तिथिवार पुं० त्यौहार का दिन ; festival day.
तिन्तिडी स्त्री० दे० चिञ्चा.
तिन्दुक पुं० तेंदू का पेड़; the tree Divspyros Embryo.
√तिम् ['आर्द्रीभावे' तिम्यति] गीला होना; to become wet.
तिमि [√तिम्] पुं० मत्स्य, भारी मत्स्य ; kind of large fish, fish. —कोशः पुं० समुद्र ; ocean=तिमिमालिन्.
तिमिघट्टन न० मछली से टक्कर ; striking against fish.
तिमिघातिन् पुं० मछिहारा ; fisherman.
तिमिङ्गिल [तिमिं गिलतीति] पुं० तिमि को निगल जाने वाला मत्स्य; fish-devouring fish, a large fabulous fish.
तिमिङ्गिलगिल [तिमिंगिलं गिलतीति] पुं० मत्स्य-विशेष ; particular variety of fish.
तिमित [√तिम्] वि० चुप ; quiet, steady=स्तिमित.
तिमिर [तिम] (1) वि० धुंधला, अन्धकारमय ; dark, gloomy. (2) —म् न० अंधेरा, आंखों के आगे अंधेरा आना ; darkness, (cataract), partial blindness.
तिमिरनाशन पुं० सूर्य ; sun = तिमिरच्छिद्, तिमिरनुद्, तिमिररिपुः, तिमिरारिः.
तिमिरपटल न० अंधकार का आवरण ; veil of darkness. तिमिरावगुण्ठनपटक्षेपं विधत्ते 'अन्धकार के परदे को हटाता है'.
तिरयति [तिरस् 'अन्तर्धौ', नामधातुः] छिपाता है; conceals.

तिरः करोति एक ओर करता है, बाद में करता है ; puts aside, performs after some time.

तिरःप्रसारिता स्त्री० विशालता ; expansiveness.

तिरःप्रातिवेश्य पुं० पास का पड़ौसी ; close neighbour.

तिरश्चीन वि० टेढ़ा, तिरछा, आड़ा ; side ways, oblique.

तिरश्चीनवंश पुं० छत्ता ; bee-hive.

तिरश्चीन-वाय पुं० आड़ा ताना; threads woven breadth-wise, cross-strap of a country, traverse.

तिरस् क्रिवि० तिर्यक्, अन्तर्धान, तिरोहित : [तिरः काण्ठं कुरु] तिर्यक्, एक ओर, पार, आर पार, ऊपर, अलावा इसके, प्रच्छन्न रूप से, अन्तर्धि, परिभव ; cross way, aside, across, through, over, apart from, hidingly [cp. तिरोधान], intervention, insult.

तिरस्करणि [-करिणी] स्त्री० अन्तर्धान हो जाने या कर देने की विद्या, एक परदा जिसे ओढ़ने वाला अदृश्य हो जाता है, चिक, कनात ; magic by which one can render oneself invisible, magical veil rendering the wearer invisible, chick=तिरस्करिन्.

तिरस्करिणीप्रतिच्छन्ना वि० जादू के बल छिपी हुई; concealed through magic.

तिरस्कार पुं० एक ओर रख देना, तिरस्कृति, तिरस्क्रिया, अनादर, निरादर, अन्तर्धान, त्याग देना ; putting aside, disrespect, contempt, concealment, giving up. **—कारिन्** वि० आगे बढ़ जाने वाला ; excelling.

तिरस् √कृ अवज्ञा करना, दुतकारना, हटा देना, छिपाना ; to treat disrespectfully, despise, set aside, cover, hide. **—कृत** वि० छिपा, ग्रसा, अवमानित ; concealed, eclipsed, reviled.

तिरस्क्रिया स्त्री० =तिरस्कारः, तिरस्कृतिः.

तिरिटि पुं० गन्ने की गांठ ; the joint of the sugarcane.

तिरोगत वि० तिरोहित, अन्तर्हित ; disappeared.

तिरोधान न० अन्तर्धान ; disappearance=तिरोभावः.

तिरोवर्ष वि० वर्षा से बचा ; protected from rain.

तिरोहित वि० छिपाया, छिपा, अविस्पष्टार्थ पद; withdrawn from sight, concealed, obscure word.

तिर्यक् क्रिवि० आड़े, टेढ़े, विंगे ; obliquely, *in a slanting* direction. **तिर्यक् कृत्वा** [=तिर्यक्कारं गतः] समाप्त करके (गया), एक ओर करके ; (he went) after finishing, by the side of.

तिर्यक्त्व न० तिर्यक्ता, पशु-स्वभाव ; animal nature.

तिर्यक्पातिन् वि० आड़ा गिरने वाला ; falling obliquely.

तिर्यक्प्रतिमुखागत वि० टेढ़ा मुंह की ओर आया ; come from the side in front of. **तिर्यक्प्रमाण** न० श्वास ; breath.

तिर्यक्स्रोतस् न० पशुजगत् ; animals colletively.

तिर्यगयन [-क्+अ-] न० सूर्य का वार्षिक अयन ; annual revolution of the sun.

तिर्यगपाङ्ग वि० कनखियों को टेढ़ी किये ; having the outer corners of the eyes turned aside.

तिर्यगागत वि० टेढा आया (पेट से बच्चा) ; *come out* obliquely, lying across at birth.

तिर्यगायत वि० टेढ़ा-लंबा पड़ा ; streteched out obliquely (a snake).

तिर्यगीक्ष वि० तिर्यक्प्रेक्षिन् ; looking obliquely.

तिर्यग्गत वि० पड़ा चलने वाला ; going horizontally (animal) **—गतिः** स्त्री० the state of an animal in transmigration.

तिर्यग्-गामिन् वि० आड़ा चलने वाला ; going obliquely.

तिर्यग्जन पुं० पशु ; animals collectively=तिर्यग्जातिः, तिर्यग्योनिः, [but तिर्यग्जः 'begotten by an animal].

तिर्यग्ग्रीवम् क्रिवि० गरदन मोड़ कर ; so as to have the neck turned aside.

तिर्यग्यवोदर न० जौ ; barley-corn.

तिर्यग्योनि (1) स्त्री० पशुयोनि ; animal creation. (2) वि० पशुयोनि में उत्पन्न ; born of or as an animal. **—गमन** न० sexual intercorse with an animal. **—योन्यन्वयः** पुं० पशुजाति ; the animal race.

तिर्यग्विद्ध वि० टेढा विंधा ; pierced obliquely.

तिर्यङ्निरय पुं० पशुजीवन; animal nature as a punishment for evil deeds.

तिर्यञ्च् [तिरस् √अञ्च् ; -ङ्, -ञ्ची, -क्] वि० आरपार को तिरछा, आड़ा, व्यामवान् ; directed across, lying crosswise, extensive in width, lying in the middle or between, curved, crooked. **—ञ्ची** पशुमादा ; female of an animal.

तिल पुं० तिल (पौधा या बीज), गाल आदि पर तिल ; sesamum (plant or seed), mole or spot.

तिलक पुं० फूल वाला वृक्ष-विशेष, मस्तक पर चन्दनादि का टीका, काला नमक ; a species of tree with flowers, mark made with sandal paste on forehead. **—का** स्त्री० एक प्रकार का हार ; kind of necklace. **—कम्** न० वस्ति, फेफड़ा ; bladder, lungs.

तिलकण पुं० तिल का बीज ; a sesamum seed.

तिलकल्कस्थूणिका स्त्री० तिलों के बड़े ; the vaḍās made of ground tilas.

तिलकार्षिक वि० तिलों की खेती करने वाला ; cultivating sesamum. **तिलकालक** पुं० तिल ; mole.

तिलकिट्ट [-खलिः, -ली] न० खल ; the caky sediment of sesamum after the oil is extracted=तिलपिञ्चटम्.

तिलकित वि० चिह्नित ; marked.

तिलकिन् वि० तिलक वाला ; marked with tilaka.

तिलचतुर्थी स्त्री० माघ कृष्णा चतुर्थी ; the fourth day of the dark half of Māgha.

तिलतण्डुलक न० गहरा आलिङ्गन, दूध-पानी-सा बन जाना ; close embrace in which the two are so united as sesamum seeds and rice.

तिलद्रोणमय वि० द्रोण भर तिलों का ; consisting of a Droṇa of tilas.

तिलंतुद पुं० तेली; oil-man, grinder of tilas=तिलपीडः.

तिलपर्णी स्त्री० चन्दन ; sandal-wood=तिलपर्णिकम्, तिलपर्णिकम्. तिलपिञ्ज पुं० फोके तिल ; barren sesamum=तिलपेजः.

तिलभार पुं० प्राचीन स्थान-विशेष का नाम ; perhaps Tilwārā town in Rājasthān.

तिलभाविनी स्त्री० चमेली ; jasmine. तिलमाषाः तिल और उड़द ; tilas and beans. तिलरस पुं० तैल ; oil.

तिलशस् क्रिवि० तिल-तिल करके ; in pieces as small as tilas. तिलसंबद्ध वि० तिल-मिश्र ; mixed with tilas.

तिलसृष्ट वि० तिल मिला कर बनाया भोज्य ; food prepared with tilas.

तिलांश पुं० तिल के बराबर जगह ; a piece of land as small as a tila [cp. सूच्यग्र].

तिलित्स पुं० गोनस, सामान्य सांप ; ordinary snake.

तिलोच्चिति [-ल+च-] स्त्री० तिलनिचाय, तिलों की रास या ढेर ; heap of tilas after winnowing.

तिलोत्तमा स्त्री० एक अप्सरा ; name of an Apsaras.

तिलोदक न० तिल-मिला जल, तर्पण-जल ; water mixed with tilas (as an oblation).

तिलोदरी स्त्री० कृशोदरी ; slender-waisted=संगृहीतमध्या.

तिलौदन न० तिलमिला भात ; rice mixed with sesamum. तिल्य (1) वि० तिलों के लिये अच्छा ; suited for tilas. (2) —म् न० तिलों का खेत ; sesamum field.

तिष्ठद्गु क्रिवि० उस समय जब कि गौएं दूध के लिए खड़ी हों ; at the time when cows stand for milking.

तिष्य पुं० तिष्य नक्षत्र ; the asterism Tiṣya. —म् न० कलियुग ; the Kali age. —केतुः पुं० शिव ; Śiva.

तिष्यक पुं० पौष ; the month Pauṣa.

तिष्यफला स्त्री० आंवला ; Emblica Myrobalna.

तिस्रस् [त्रि का स्त्री०] तीन ; three (fem.).

तीक्ष्ण [√तिज् ; तीक्ष्णीयांस्] (1) वि० तीखा, तीता, पटु, चरपरा, पैना, तलख, कटु, बहुत गरम, कठोर, सख्त, आत्मत्यागी ; sharp, pungent, strong, bitter, harsh, very hot, hard, self-sacrificing. (2) —म् न० समुद्री नमक, विष, लोहा, युद्ध ; sea-salt, poison, iron, battle. —क्ष्णानि कठोर वचन ; sharp language. —म् न० इस्पात, लोहा ; steel, iron.

तीक्ष्णकन्द पुं० पियाज ; onion.

तीक्ष्णकर्मन् (1) वि० तेजतर्रार, चुस्त, क्रियाशील ; active, zealous. (2) —र्मा पुं० तलवार ; sword=तीक्ष्णमार्गः, तीव्रमार्गः.

तीक्ष्णगन्धक पुं० सहजना ; resin of the Boswellia Thurefera. तीक्ष्णतण्डुला स्त्री० पीपल ; long pepper.

तीक्ष्णता स्त्री० तेजी, तेज मिजाज ; sharpness, disposition to anger.

तीक्ष्णदंष्ट्र[क] (1) पुं० तेंदुआ ; leopard. (2) वि० तेज दांतों वाला ; having sharp teeth.

तीक्ष्णधार (1) वि० पैनी धार वाला ; sharp-edged. (2) —रः पुं० तलवार; sword. तीक्ष्णप्रिय पुं० तोता; parrot.

तीक्ष्णरश्मि पुं० सूर्य ; sun=तीक्ष्णकरः, तीक्ष्णांशुः, तीक्ष्णार्चिस्, तीव्रद्युतिः.

तीक्ष्णरस पुं० विष ; poison [cp. 'शस्त्रप्रयुक्तानां च तीक्ष्णरसदायिनाम् where तीक्ष्ण means : ये जनपदे शूरास्त्यक्तात्मानो हस्तिनं व्यालं वा प्रतियोधयेयुः', रसदाः —ये बन्धुनिःस्नेहाः क्रूराश्च ; but Mudrārākṣasa I reads -दायिनाम् and not -दानाम्.].

तीक्ष्णवक्त्र वि० पैनी नोक वाला (तीर) : sharp-pointed.

तीक्ष्णवृषण पुं० पीवर अण्डकोशों वाला ; strong-testicled, name of a bull.

तीक्ष्णशूक पुं० नोकदार बाल वाला; sharpawned,'barley'.

तीक्ष्णशृङ्गी स्त्री० पैने सींगों वाली ; sharp-horned.

तीक्ष्णसार पुं० लोहा ; iron.

तीक्ष्णहृदयत्व न० कठोरता ; hard-heartedness.

तीक्ष्णोपाय पुं० तीव्र अथवा कठोर उपाय, जोर और जब्र ; a forcible means.

तीर [√तॄ] न० किनारा, तट, हाशिया, तीर ; shore, bank, margin, arrow.

तीरग्रह पुं० जनविशेष ; shore-holding, bank-seizing, people mentioned in MBh.

तीरज वि० तीर का पेड़; a tree near a shore=तीरमाण्, तीररुहः, तीरस्थः.

तीरभुक्ति स्त्री० इस नाम के प्रदेश में वर्तमान चम्पारन, मुजफ्फरपुर एवं दरभङ्गा जिले तथा नेपाल की तराई का कुछ भाग संमिलित था ; this country included present districts of Campāran, Mujaffarpur and Darbhangā and a portion of Nepāl-tarāi.

तीरान्तर न० दूसरा तीर ; opposite bank.

तीरित वि० पार लगाया, स्मृति-निर्णीत, जित : taken across, decided according to law-books, conquered.

तीर्ण [√तॄ] वि० पारित, जिसने पार कर लिया है, फैला,

हुआ ; crossed over, spread. —प्रतिज्ञ वि० 'one who has fulfilled his promise'.

तीर्थ [√तृ] न० रास्ता, स्नान-स्थान, जलावतरण स्थान, घाट, यात्रार्थ पवित्र स्थान, शास्त्र, अध्वरक्षेत्र, उपाय, उपाध्याय, मन्त्री, स्त्री का रजस्, उचित स्थान, उपयुक्त क्षण, उचित पात्र ; way, ford, bathing place, place of pilgrimage, scripture, place of sacrifice, means, teacher, minister, menses, right place or moment, person worthy of a gift.

तीर्थक वि० पवित्र ; holy, sacred. तीर्थकमण्डलु पुं० पवित्र जल भरा कमण्डल ; a pot full of holy water.

तीर्थकर [=तीर्थंकर] पुं० जैन अर्हन्त ; saint of the Jainas=तीर्थकृत्.

तीर्थकाक [तीर्थकाक इव] पुं० लालच में भटकने वाला, अयोग्य या चलाऊ छात्र ; a crow at a sacred bathing place, i.e. a greedy and fickleminded (pupil).

तीर्थकीर्ति वि० स्थायी कीर्ति वाला ; one whose fame is tīrtha i.e. carries through life=तीर्थश्रवस्.

तीर्थचर्या स्त्री० तीर्थ-यात्रा ; pilgrimage.

तीर्थदेव पुं० शिव ; epithet of Śiva=तीर्थसद्.

तीर्थध्वाङ्क्ष [=तीर्थे ध्वाङ्क्ष इव] वि० =तीर्थकाकः, तीर्थवायसः.

तीर्थपाद [-पाद्] पुं० कृष्ण ; epithet of Kṛṣṇa. —पादीयः पुं० adherent of Kṛṣṇa.

तीर्थप्रतिपादितर्द्धि वि० पात्रों में बांट दी है संपत्ति जिसने ; one who has given away wealth to deserving persons. तीर्थभूत वि० पवित्र ; sanctified.

तीर्थराज पुं० प्रयाग ; Prayāga, the best of the holy places. तीर्थराजि स्त्री० वाराणसी ; Vārāṇasī.

तीर्थवाक पुं० सिर का वाल ; hair of the head.

तीर्थशिला स्त्री० तीर्थ को जाने वाली सीढ़ियां ; stone-steps leading to a bathing-place.

तीर्थिक वि० परंपरागत विद्या पाने वाला, जिसकी विद्या संप्रदायागत है, तीर्थयात्री ; one getting knowledge through tradition, a pilgrim.

तीर्थीकरण न० पवित्र करना ; sanctifying.

तीर्थ्य वि० तीर्थ-संबन्धी ; relating to a sacred tīrtha.

तीवर पुं० समुद्र, व्याध ; ocean, hunter [cp. धीवर].

तीव्र [√तीव्र 'स्थौल्ये'] वि० शक्तिशाली, त्वरित, तीक्ष्ण, प्रचण्ड, उग्र, दारुण ; powerful, sharp, violent, impetuous, terrible. —म् क्रिवि० तेजी से, जोर से ; violently.

तीव्रातितीव्र वि० अत्युग्र; excessively severe (penance).

तीव्ररोषसमाविष्ट वि० प्रचण्ड क्रोध से भरा ; filled with fierce rage.

तीव्रानन्द पुं० शिव ; epithet of Śiva.

तीव्राभिषङ्गप्रभव वि० दारुण पराभव से उत्पन्न ; arising from severe rebuff.

तु अ० तो, अवश्य, किंतु ; indeed, but.

√तु ['गतिवृद्धि हिंसासु', तवीति तौति] तेज-तर्रार होना, बलवान् होना ; to be sharp or strong.

तुखार पुं० जन-विशेष ; name of a people. Cp. तुषार.

तुग्वन् न० उथला जल ; ford.

तुङ्ग [√तुम्ज्] (1) वि० उच्च; उन्नत; प्रमुख ; high, elevated, chief. (2) —ङ्गः पुं० ऊंचाई, पहाड़ ; height, mountain.

तुङ्गन न० उच्छलन, उछलना, ऊपर को उछालें मारना ; to throw up or be thrown up (as water).

तुङ्गनास वि० ऊंची नाक वाला ; high-nosed.

तुङ्गभद्रा स्त्री० कृष्णा की सहायक नदी; इसकी तुङ्ग और भद्रा नामक दो धाराओं का निकास मैसूर के पश्चिम में पश्चिमी घाट से है ; the most important among the lower tributaries of Kṛṣṇā ; the two streams called Tuṅga and Bhadrā have their origin in the Western Ghāṭs on the wetsern border of Mysore. —भद्रः पुं० 'a restive elephant'.

तुङ्गमुख पुं० गेंडा ; rhenoceros.

तुङ्गिमन् पुं० ऊंचाई ; height.

तुङ्गीपति चांद ; moon ; [but तुङ्गीशः sun].

तुच्छ वि० छूंछा, रीता, व्यर्थ, प्रातिभासिक ; empty, void, illusory.

√तुज् [हिंसायाम्, तोजति] हानि करना, हिंसा करना ; to hurt, injure.

तुज पुं० वज्र ; thunderbolt.

√तुञ्ज् [हिंसाबलादाननिकेतनेषु, तुञ्जयति, तोजयति] मारना, उकसाना, रहना ; to hurt or kill, incite, dwell. (2) तुञ्ज् [पालने, तुञ्जति] पालन करना, रक्षा करना ; to protect, guard.

तुण्ड न० मुंह, थोबड़ा, चोंच ; mouth, snout, beak.

तुण्डकेरिका स्त्री० बाड़ी ; cotton plant.

तुण्डि स्त्री० चोंच, सुण्डी, (=नाभि) ; beak, navel.

तुण्डिका स्त्री० सुण्डी ; navel.

तुण्डिकेर तेन्दुखेर नगर का प्राचीन नाम ; identified with Tendukhera near Narmedā in Narsiṁhpur.

तुण्डिन् पुं० नन्दी ; Śiva's bull.

तुण्डिल वि० मुखर, वाचाल, ऊंची या उभरी सुंडी वाला; talkative, having a prominent navel.

तुत्थ पुं० अग्नि, अंजन ; fire, collyrium. —त्था स्त्री० गुजरायती इलायची ; small cardamom.

तुत्थाञ्जन न० तूतिया ; blue vitriol as ointment.

√तुद ['व्यथने', तुदति, तुन्न] प्रेरित करना, पदाना, सताना;

to goad, vex, plague.

दिवामणि पुं० सूर्य ; sun=दिवापुष्टः. दिवामध्य न० दोपहर ; mid-day.
दिवामैथुन न० दिन में मैथुन; cohabition by day. —मिन् वि० 'cohabiting by day'.
दिवाशय वि० दिन में सोने वाला; sleeping by day=दिवासुप्तः, दिवास्वपनः, दिवास्वप्नः, दिवास्वापः. दिवाशय्या स्त्री० दिन में सोना ; sleeping by day=दिवाशयता, दिवास्वापः.
दिवासंकेत पुं० दिन में मिलने का संकेत ; appointment (of lovers) by day.
दिविगत पुं० देवता ; a god. But दिविगमनः 'a star' =दिविचारिन , दिविजः. दिविष्ठ [√स्था] पुं० देवता ; a god=दिवौकस्.
दिविस्पृश् [दिवं स्पृशतीति, like हृदिस्पृश्] वि० आकाश को छूने वाला ; heaven touching.
दिव्य [दिवि भवः] (1) वि० स्वर्गीय, दैवी, अलौकिक ; heavenly, divine. (2) —व्या स्त्री० नायिका की विधा; type of heroine. Cp. Bharata XXIV.7-10 : दिव्या, नृपत्नी, कुलस्त्री, गणिका.
दिव्यकारिन् वि० शपथ करने वाला ; taking oath. [Cp. दिव्यक्रिया 'application of an ordeal'].
दिव्यगन्ध पुं० गन्धक; sulphur. —न्धा स्त्री०, बड़ी इलायची;

large cardamom.

दिव्यचक्षुस् (1) न० दिव्य दृष्टि ; divine light. (2) वि० दिव्य चक्षु वाला ; endowed with divine light. =दिव्यदृष्टिः, दिव्यदर्शी, दिव्यदृक्.

दिव्यदर्शन वि० अलौकिक रूप वाला ; of divine appearance.

दिव्यदोहद न० दिव्य इच्छा, इच्छापूर्त्यर्थ देवता को भेंट चढ़ाना; divine desire, present offered to a deity for the accomplishment of one's objective.

दिव्यनारी स्त्री० अप्सरा ; Apsaras, divine woman= दिव्यस्त्री, दिव्याङ्गना.

दिव्यपञ्चामृत न० पञ्चामृत ; the five divine amṛtas : ghee, milk, curd, honey, sugar. **दिव्यपुरुष** पुं० भूत ; ghost. **दिव्यरस** पुं० पारा ; quicksilver. **दिव्यसार** पुं० साल ; the sāl tree.

दिव्यस्रगनुलेपिन् वि० दिव्य माला एवं लेप वाला ; adorned with divine garland and unguents.

दिव्यादिव्य वि० दिव्य होकर भी मानुष ; divine and yet man, as Rāma.

दिव्यावदान न० दिव्य उपलब्धि ; divine achievement, name of a Buddhist work.

दिव्योत्पात पुं० ग्रहनक्षत्रादि वैकृत ; heavenly portent boding calamity.

दिव्योदक न० वर्षाजल ; rain-water.

√दिश् ['अतिसर्जने'=दाने, दिशति, दिष्ट] देना, दिखाना, पेश या प्रस्तुत करना (गवाह), निर्दिष्ट करना, उच्चारण करना ; to give, point out, show, produce (witness), direct, pronounce 'दिशिरुच्चारणक्रियः'.

दिश् [दिशन्ति ताम् or तया] स्त्री० दिशा ; quarter, direction=दिशा.

दिशोदण्ड पुं० आकाश में दण्ड जैसा दृश्य ; sky-staff, a particular appearance in the sky.

दिशोभाज् वि० भाग खड़ा हुआ, कायर ; fugitive=दिग्भाज्.

दिश्य [दिशि भवम्] (1) वि० दिशा में ; situated in any direction. (2) —म् न० देशकालानुरूप वर्णन ; description in consonance with *deśa* and *kāla* [SD. VI.18].

दिष्ट (1) वि० दिखाया, आज्ञप्त, विहित ; shown, ordered, laid down. (2) —म् न० भाग्य ; fate.

दिष्टदृश् वि० भाग्य को ताकने वाला ; looking at fate.

दिष्टभाव [दिष्टः फलभोगाय आज्ञप्तः भावः सत्ता यस्य सः] पुंन० प्रारब्ध कर्म, मरण ; actions that have begun the cycle of their fruits, death.

दिष्टान्त पुं० मरण; death, 'end of one's appointed time'.

दिष्टि स्त्री० सुपुर्दगी, अर्पण, आदेश, भाग्य, सुख, सौभाग्य, प्रसाद, सुघटना, लंबाई का मापविशेष; assignment, command, precept, fate or destiny, good fortune, happiness, auspicious event (such as birth of a son), particular measure of length. **दिष्टिवृद्धि** स्त्री० मुबारकबाद, साधुवाद ; congratulations. **दिष्ट्या** क्रिवि० भाग्य से, सौभाग्य से, संयोग से; by good luck, luckily.

√दिह् ['उपचये', देग्धि, दिग्ध] पोतना, लहेसना, मलना; to smear, rub, anoint.

√दी ['क्षये', दीयते] क्षीण होना ; to waste, decay, perish.

√दीक्ष् ['मौण्ड्येज्योपनयननियमव्रतादेशेषु', दीक्षते, दीक्षित] किसी धार्मिक अनुष्ठान के लिये अपने आपको तैयार करना ; to consecrate.

दीक्षक वि० मन्त्र देने वाला, गुरु ; one who initiates, spiritual guide. **दीक्षण** न० दीक्षा ; consecration.

दीक्षणीय वि० दीक्षा-योग्य ; to be consecrated.

दीक्षा स्त्री० व्रतग्रहण, यज्ञ, नियम [शाक-दीक्षा 'शाकमात्रादाननियमः'] consecration, preparation for a sacrifice or ceremony, sacrifice, rule. —**गुरुः** पुं० दीक्षा देने वाला गुरु ; a teacher of initiation.

दीक्षित वि० स्वीकृतव्रत; initiated. —**विमित** [—ता स्त्री०] वि० दीक्षित के निमित्त पूर्वाभिमुख शाला या कुटी ; house or cottage made for the initiated with its front on the east.

दीति स्त्री० प्रभा ; brightness. **दीदिवि** पुं० प्रभावान् अग्नि और बृहस्पति, पका भात; shining fire and Bṛhaspati, boiled rice.

दीधिति पुं० प्रभावान् किरण, चमक ; shining ray, splendour.

दीन [√दी] वि० क्षीण-दर्प, तंगहस्त, शोकातुर, दरिद्र ; humbled, depressed, sad, indigent [Note दी स्त्री० विनाश ; ruin]. **दीनता** 'depression, indigence'. —**दासः** पुं० a Śūdra. —**निपीडना** 'extracting money from poor'. —**साधकः** 'शरणागतानामिष्टसाधकः शिवः'.

दीनार पुं० सुवर्ण की मोहर, सुवर्णाभरण ; name of a gold coin, golden ornament.

√दीप् ['दीप्तौ', दीप्यते, दीप्त, दीपयति, दिदीपिषति. Note दीपयते 'संतापयति'] लपटें मारना, चमकना, चमचमाना, झिलमिलाना ; to blaze, glow, shine, shimmer.

दीप [दीपयतीति] (1) पुं० प्रकाश, चिराग, प्रदीप ; light, lamp. (2) वि० प्रकाशित करने वाला ; illuminating.

दीपक पुं० दीया ; lamp. —**म्** न० एक अलंकार ; a figure of speech called 'illuminator' : (a) when the

property belonging to several objects that are to be described and those not to be described —occurs once—and (b) when a single substantive occurs in connection with several verbs—it is the illuminator : सकृद्वृत्तिस्तु धर्मस्य प्रकृताप्रकृतात्मनाम् । सैव क्रियासु बह्वीषु कारकस्येति दीपकम् ॥ [Kā. Pr. X,103].

दीपकिट्ट न० दीपक की लौ का काजल; soot, lamp-black=दीपध्वज : बत्ती ; wick of the lamp.

दीपकूपी [or –खोरी] स्त्री० बत्ती ; wick of the lamp.

दीपन वि० उत्तेजक, रोचक, जलाने वाला ; invigorating, kindling. दीपनीय वि० पाचक तत्त्व ; digestive.

दीपपादप पुं० मोमबत्ती ; candle-stick=दीपवृक्षः. दीपभाजन न० दीपक ; lamp=दीपमल्ली.

दीपवर्ति स्त्री० दीपक की बत्ती ; lamp-wick.

दीपवृक्ष [वृक्षाकारो दीपस्तम्भः] पुं० दीवट ; lamp-stand. दीपशत्रु पुं० पतंगा, झींगुर; moth. दीपशृङ्खला स्त्री० दीपों की कतार ; row of lamps.

दीपावलि [or दीपालिः —ली, —माला or —मालिका] स्त्री० दीवाली, जबकि रोशनी की जाती है, दीपकों का त्यौहार ; a row of lamps on the day of new moon in the month of Kārttika (Sept. Oct.) on which there is a festival in honour of Kārttikeya or Lakṣmī. This is celebrated chiefly by the Vaiśyas. =दीपोत्सवः.

दीपिका स्त्री० मशाल, टार्च, लालटैन, हस्तदीप, दीवट ; lamp, torch, lantern, lamp-stand. [—धारिणी 'female torch-bearer'].

दीप्त (1) वि० प्रकाशित, चमकीला, भासमान ; lighted, flashing, radiant. (2) —म् न० ओजस् ; vigour.

दीप्तकीर्ति [also –वर्णः,–शक्तिः] पुं० कार्त्तिकेय ; epithet of Kārttikeya.

दीप्तजिह्वा स्त्री० शिवा, पार्वती, गीदड़ी ; Pārvatī, female jackal.

दीप्तपिङ्गल पुं० शेर ; bright and yellowish, a lion.

दीप्तमूर्ति पुं० विष्णु ; epithet of Viṣṇu.

दीप्तलोह न० पीतल, कांसा ; brass, bell metal.

दीप्तांशु पुं० सूर्य ; sun.

दीप्ताक्ष (1) वि० चमकती आंखों वाला ; having bright eyes. (2) —क्षाः पुंब० जनविशेष ; name of a people. दीप्ताङ्ग पुं० मोर ; peacock. दीप्तास्य पुं० सांप; snake.

दीप्ति स्त्री० प्रभा, द्युति, सौन्दर्य, छवि ; radiance, splendour, beauty. [Note शोभा 'beauty', कान्तिः 'loveliness' दीप्तिः 'radiance'].

दीप्तिमत् वि० कान्तिमान, सुन्दर, तेजस्वी ; splendid, beautiful, lustrous.

दीप्तिवितानक न० प्रभापटल; canopy of lustre or splendour.

दीप्र वि० जलने वाला ; that which burns : दीप्रं काष्ठम्

दीर्घ (1) वि० लम्बा, ऊंचा, ऊ के समान काल वाला अच्, गहरा; long, tall, deep (as a sigh), elongated. (2) —र्घः पुं० ऊंट ; camel. —र्घा स्त्री० बड़ी झील ; long lake. —म् क्रिवि० लम्बा, देर तक ; long, for a long time, deeply.

दीर्घकाष्ठ न० शहतीर; beam. दीर्घकूर्च वि० लंबी दाढ़ी वाला, long-bearded.

दीर्घगति [also दीर्घघाटिक] पुं० ऊंट ; camel=दीर्घजङ्घः, दीर्घग्रीवः.

दीर्घजिह्व पुं० सांप ; snake=दीर्घरसनः, दीर्घजिह्व्यः.

दीर्घजीविन् वि० चिरजीवी ; long-lived.

दीर्घतपस् वि० लम्बी कठोर तपस्या करने वाला; performing long penance.

दीर्घतमस् (A) न० मृत्यु; death. (B) पुं० एक ऋषि का नाम; name of a sage.

दीर्घदण्ड पुं० खजूर, ताड़ ; palm-tree.

दीर्घदर्शिन् वि० दूरदर्शी ; far-sighted, prudent. =दीर्घदर्शनः, दीर्घदृश्वन्.

दीर्घनिद्रा स्त्री० मृत्यु, अटूट नींद ; death, long sleep.

दीर्घपर्वन् पुं० ईख ; sugarcane. =दीर्घपत्रकम्.

दीर्घपवन पुं० हाथी ; elephant. दीर्घपादप पुं० नारियल का पेड़ ; coconut tree. दीर्घपृष्ठ पुं० सांप ; snake.

दीर्घमुखी स्त्री० काकी, गदही ; female crow, female ass.

दीर्घरत पुं० कुत्ता ; dog. Cp. रतिकीलः.

दीर्घरद पुं० सुअर ; hog. दीर्घराव पुं० लम्बी चीख ; long yell. दीर्घलोहितयष्टिका स्त्री० पौंडा ; a red variety of thick sugarcane.

दीर्घवर्ण पुं० दीर्घस्वर, long vowel. दीर्घवेणु पुं० प्रदेशविशेष; long braid or stream ; name of a country and its people in the MBh.

दीर्घश्मश्रु वि० लम्बी मूंछ या दाढ़ी वाला; long-bearded=लम्बकूर्चः.

दीर्घसत्र (1) वि० चिरसाध्य याग करने वाला ; performing sacrifice of long duration. (2) —म् न० लंबा सोम याग ; continued soma sacrifice.

दीर्घसूत्र वि० चिरकारी, कालक्षेपी ; dilatory, tardy.

दीर्घायुस् वि० लम्बी आयु वाला ; long-lived.

दीर्घिका स्त्री० बावड़ी ; oblong pond.

दीर्ण [√दॄ] वि० टूटा, फटा, बिखरा, तितर-बितर, भीत; torn, rent, dispersed, frightened. Cp. दरः 'भयम्'. दीर्यत् [√दॄ] वि० फटता हुआ ; bursting.

√दीव् दे० '√दिव्'.

√दु ['गतौ', दवति] चलना; to go, move. Cp. दाव. (2) √दु ['उपतापे', दुनोति, दून, दावयति] जलना, झुरना, दुखी होना, जलाना, दुखी करना, सताना; to burn, be afflicted, torment, cause distress.

दुःख (1) न० दुःख, पीड़ा ; grief, pain. (2) वि० दुःखपीड़ित, क्लेशकर ; causing pain, painful, unpleasant.

दुःखकर वि० दुःखप्रद ; causing pain =दुःखकारिन्.

दुःखग्रह वि० दुर्बोध ; difficult to grasp=दुःखबोध.

दुःखचारिन् वि० दुःखी ; afflicted. दुःखच्छिन्न वि० दुःखों का मारा ; tossed about by pain, distressed.

दुःखदोहा वि० दुहने में कठोर ; difficult to be milked.

दुःखनिवह पुं० दुःखों का तांता ; series of pains or sorrows. Cp. दुःखाकर.

दुःखनृत्य न० कृच्छ्रसाध्य नृत्य ; *dance, difficult to perform* : ताण्डवनृत्यम्.

दुःखपरीताङ्ग वि० दुःख भरे अङ्गों वाला, अङ्ग-अङ्ग में टूटा ; one whose limbs are filled with pain.

दुःखभाज् वि० दुःख-भागी ; having pain as one's portion, unhappy.

दुःखमरण वि० क्लेशकारी मौत वाला ; having a painful death.

दुःखमोह पुं० दुःखजन्य मोह ; perplexity from pain.

दुःखलव्य वि० काटने में सख्त ; hard to be cut.

दुःखवसति स्त्री० क्लेशप्रद आवास ; difficult abode.

दुःखव्याभाषित वि० मुश्किल से उच्चारित ; pronounced with difficulty.

दुःखशील वि० मुंह चढ़ाये रहने वाला ; bad-tempered.

दुःखसंवर्धित वि० मुशकिल से पाला; reared with difficulty.

दुःखसंस्थिति वि० दुःखों में फंसा ; in a wretched condition, miserable.

दुःखसंस्पर्श वि० छूने में परुष; unpleasant to the touch.

दुःखसागर पुं० संसार ; world, the ocean of pain.

दुःखानर्ह वि० दुःख के अयोग्य ; deserving no pain.

दुःखार्त वि० दुःखों का सताया ; visited by pain. दुःखालीढ वि० दुःखों का खाया ; consumed by sorrow.

दुःखासिका स्त्री० मुसीबत; discomfort. दुःखित वि० दुःखी; pained, afflicted

दुःखोत्तर वि० दुःखान्वित ; followed by pain. दुःखोदर्क वि० परिणाम में दुःखकर ; having pain as result.

दुःखोपघात पुं० दुःख की चोट ; violent pain or grief.

दुःप्रसह वि० दुःसह ; hard to tolerate.

दुःशक वि० अशक्य ; impracticable, unbearable.

दुःशासन (1) पुं० एक राजा का नाम ; name of a king who fought in the Great War. (2) वि० दुःसाध्य, कठिनाई से वश में आने वाला ; hard to control.

दुःशील वि० बुरे शील वाला, बदमिजाज ; ill-behaved.

दुःसंपाद वि० दुःसाध्य, अप्राप्य ; difficult to attain or achieve.

दुःस्थ वि० खस्ता हालत में, पीड़ित ; pained, afflicted, in pain. =दुःखस्थ.

दुकूल न० दुपट्टा, क्षौम या पतला रेशमी कपड़ा, श्लक्ष्ण वस्त्र, वस्त्र ; cloth for covering head, fine or silken cloth, cloth.

दुग्ध [√दुह्] न० दूध ; milk. दुग्धकूपिका स्त्री० दही-भरा चावलों का केक : cake made of ground rice and filled with curd.

दुग्धजलक न० दूध-पानी जैसा आलिङ्गन ; embrace like that of milk and water.

दुग्धतालीय न० मलाई ; *cream.* =दुग्धफेनः, दुग्धाग्रम्.

दुग्धपाचन न० वज्रक, एक प्रकार का खार ; a kind of salt.

दुग्धपायिन् वि० दूध पीने वाला ; drinking milk.

दुग्धबीजा स्त्री० दूध-चावल ; rice mixed with milk.

दुण्डुभ पुं० छिपकली ; a kind of lizard.

दुत [√दु] वि० सताया, पीड़ित ; afflicted.

दुद्रुम पुं० हरा प्याज ; green or unripe onion.

दुन्दुभि पुं० नगाड़ा ; large drum. दुन्दुभ्य वि० दुन्दुभिसंबन्धी ; relating to a drum.

दुरक्ष पुं० कपट-पूर्ण पासा; deceitful dice. दुरक्षर न० गन्दा शब्द ; an evil word.

दुरतिक्रम [दुस् -अति-] वि० दुस्तर ; hard to overcome or cross : स्वभावो दुरतिक्रमः.

दुरत्यय वि० दुरतिक्रम ; hard to be overcome, hard to attain.

दुरदृष्ट न० दुर्भाग्य ; ill-luck.

दुरधीत वि० खराब पढ़ा ; badly read or learnt. Cp. निरत्यय 'having no lapse, constant'.

दुरध्यय [-अधि √इ] वि० दुष्प्राप्य; difficult to obtain.

दुरध्यवसाय पुं० खोटा या व्यर्थ काम ; bad venture.

दुरध्व पुं० खोटा मार्ग ; a bad road.

दुरनुनेय वि० मुशकिल से मनाया जाने योग्य; difficult to be won over.

दुरनुवर्त्य वि० दुरनुगमनीय ; difficult to follow.

दुरनुष्ठित वि० खराब तरह किया; badly done or acted.

दुरन्त वि० खोटे अन्त वाला; ending badly [but दुरन्तकः दुष्टानि अन्तकानि बन्धकानि यस्मिन् विघ्नाभावेऽपि दुर्मोहः, शिवः].

दुरन्वय (1) वि० दुःशक; difficult to be performed. (2) —यः पुं० गलत निगमन अथवा परिणाम ; wrong conclusion or consequence.

दुरपवाद पुं० बदनामी ; ill report, slander.
दुरपास [-अप √अस्] वि० दुस्त्याज्य ; difficult to be cast off.
दुरभिग्रह वि० दुर्ग्राह्य ; difficult to be laid hold of.
दुरभिभव वि० दुर्जेय ; hard to be overcome or surpassed.
दुरभिसंधि पुं० दुरभिप्राय ; bad intention.
दुरभिसंभव वि० दुःशक्य ; hard to be performed.
दुरवगम वि० दुर्बोध; difficult to be understood.=दुरवधारः, दुरवबोधः, दुरवधार्यः.
दुरवगाह वि० अगाध, अज्ञेय ; difficult to be fathomed or found out.
दुरवग्रह वि० असंयत ; difficult to be restrained.
दुरवधारक वि० खोटा निर्णायक ; deciding badly.
दुरवरोप पुं० खोटा अभिमान, उद्धतता; disagreeable arrogance.
दुरवाप [√आप्] वि० दुष्प्राप्य ; difficult to attain= =दुःखग्राह्य.
दुरवेक्षित न० कुदृष्टि ; improper look, evil look.
दुरह्न पुं० खोटा दिन ; bad day.
दुराक्रन्द वि० फूट-फूटकर रोने वाला ; crying bitterly, having no friends.
दुराक्रम [also दुराक्राम] वि० अमोघ, अजेय ; unfailing, hard to be approached, invincible.
दुरागम पुं० अनुचित लाभ ; illegal acquisition.
दुराग्रह पुं० अनुचित हठ, बाल हठ ; foolish obstinacy, headstrongness.
दुराचर वि० असाध्य (रोग) ; incurable (disease).
दुराचार [-चारिन्] वि० दुष्ट, कुकर्मा ; ill-behaved, of bad conduct.
दुराढ्य वि० गरीब ; poor.
दुरात्मन् वि० खोटे दिलवाला ; evil-minded.
दुरादेय वि० मुशकिल से छीनने योग्य; difficult to be taken away.
दुराधर वि० दुःसंरक्ष्य ; hard to preserve or protect.
दुराधर्ष वि० अजेय ; invincible=दुराधर, दुराबाध, दुष्प्राप.
दुराधार [मनसि धर्तमशक्यः] वि० दुर्बोध्य ; difficult to be comprehended.
दुराधि पुं० व्यथा ; distress or anxiety of mind.
दुरानम वि० मुश्किल से खींचा जाने वाला (धनुष) ; difficult to draw or bend (bow). =दुरारोपम.
दुराप [√आप्] वि० दुर्लभ ; hard to obtain=दुरापन. Note दुरापम् 'इन्द्रपदादि'; दुराम्नायम् 'वेदादि'; दुराधर्षं 'ब्रह्मपादि' ; दुरन्वयम् 'असमाधेयं महाप्रलयादि'.
दुराबाध [लयविक्षेपादिविघ्नैः संकटः] वि० कठिन बाधाओं वाला ; beset with difficulties.
दुरामोद पुं० दुर्गन्ध ; stench.
दुरारक्ष वि० रखवाली में कठिन; difficult to take care of =दुरारक्ष्य.
दुराराध वि० दुरनुनेय; difficult to propitiate=दुराराध्य.
दुरालक्ष्य वि० अलक्ष्य ; difficult to be perceived= दुरालोक.
दुरालम्भ वि० दुःस्पृश्य; hard to be touched or handled.
दुरालाप पुं० गाली ; abuse.
दुरावह वि० लाने में कठिन ; difficult to be brought.
दुरावासिन् वि० खराब डेरे वाला; having a bad dwelling.
दुराश वि० खोटी आशा वाला; having bad expectations. —शा स्त्री० खोटी आशा; bad expectation, vain hope.
दुराशंसिन् वि० अशुभशंसी ; foreboding evil. Note दुर्वदक 'stammering'.
दुरास वि० बैठने के अयोग्य, मुशकिल से फेंका या त्यागा जाने वाला ; difficult to sit on, difficult to be thrown out or expelled.
दुरासद वि० अनभिगम्य, अप्राप्य, दुःसह, अजेय, अतुल ; difficult of access, difficult to attain, hard to be borne, unequalled, unrivalled.
दुरासित न० खराब बैठना ; bad manner of sitting.
दुराहर [√हृ] वि० अनुष्ठान में कठिन ; difficult to be offered [a sacrifice].
दुरित [√इ] न० बुराई, पाप, दुर्भाग्य, आपद् ; evil, sin, misfortune. Cp. सुवित.
दुरिष्ट A. [√इष्] न० खराब इच्छा; bad wish, curse= दुरीषणा. B. [√यज्] विधिविरुद्ध विहित याग ; badly sacrificed. Cp. स्विष्ट.
दुरीक्ष [√ईक्ष्] वि० दुर्लक्ष्य ; difficult to be seen or observed=दुरुपलक्ष.
दुरीप वि० दूर ; *distant [opp. to* समीप].
दुरीहा स्त्री० खराब इच्छा या चेष्टा ; bad desire.
दुरुक्त न० खोटा बोल ; harsh word.
दुरुच्छेद [√छिद्] वि० जिसे उखाड़ना या नष्ट करना कठिन है ; hard to eradicate or destroy.
दुरुदर्क वि० निष्फल, दुरन्त ; fruitless, ending badly.
दुरुदाहर वि० दुर्वचनीय; difficult to be pronounced or uttered.
दुरुधर पुं० जब चन्द्रमा गुरु तथा शुक्र के बीच आ जाता है, वह योग ; that conjunction when moon comes in between Guru and Śukra.
दुरुन्नेय वि० अनुमान द्वारा दुर्ज्ञेय ; difficult to know through inference.
दुरुपक्रम वि० पहुंच से बाहर ; difficult of approach.

दुरुपचर वि० दुराराध्य ; difficult to propitiate.
दुरुपदिष्ट वि० अनुचित प्रकार से उपदिष्ट; badly or wrongly instructed.
दुरुपपाद वि० दुःसंपाद्य ; difficult to be performed.
दुरुपसर्प वि० पहुँच से बाहर, दुरुपस्थेय ; difficult to be approached=दुरुपसद.
दुरुपसर्पिन् वि० प्रमाद से पास आने वाला (आग के); approaching very close (to fire) by negligence.
दुरुपस्थान वि० युद्ध में कष्ट-साध्य ; difficult to oppose or fight with.
दुरूह वि० दुस्तर्क्य, ऊहा में कठिन; difficult to be inferred or grasped.
दुरेषणा स्त्री० आक्षेप, आक्रोश ; objecting.
दुरोदर न० पण, द्यूत; wager, gambling. —रः पुं० द्यूतकार; a gambler.
दुर्ग [√गा] (1) वि० दुस्तर, दुर्गम ; impassable. (2) —र्गः, —र्गम् कठिनता, किला ; difficulty, fort ; sixfold : धन्वदुर्गं महीदुर्गमब्दुर्गं वार्क्षमेव च । नृदुर्गं गिरिदुर्गं च समाश्रित्यावसेत् पुरम् [Manu]. निरुदकेन पञ्चयोजनेन देशेन समन्ततो व्याप्तं धन्वदुर्गम् । पाषाणेष्टकायुतं द्वादशहस्तोच्छ्रितेन बहुविस्तृतेन युद्धार्थमुपरिभ्रमणयोग्येन साधारणगवाक्षादियुक्तेन प्राकारेण समन्ताद् वेष्टितद्वारं महीदुर्गम् । अगाधोदकेन समन्ताद् वेष्टितमब्दुर्गम् । वृक्षजन्यं वार्क्षम् । चतुरङ्गबलजं नृदुर्गम् । गिरिणा वेष्टितं गिरिदुर्गम् ।
दुर्गत वि० निर्धन, दरिद्र, विपन्न; wretch, miserable, destitute. दुर्गति स्त्री० विपद्, नरक ; misfortune, hell.
दुर्गन्ध (1) पुं० बदबू ; bad smell. (2) —न्धिः वि० गंदी गंध वाला ; having bad smell.
दुर्गम वि० अगम, दुर्बोध ; inaccessible, difficult to be comprehended. =दुर्गम्य, दुर्गमनीय.
दुर्गा स्त्री० शिव-पत्नी ; Śiva's wife.
दुर्गाध वि० अगाध, अथाह; unfathomable=दुर्गाह. दुर्गोष्ठी स्त्री० कुसंगति ; bad association.
दुर्ग्रह (1) वि० दुर्निरोध, दुर्धर्ष ; difficult to be opposed or restrained. =दुर्निग्रहः. (2) —हः पुं० बुरा ग्रह, बाल-हठ ; omen of illness, obduracy.
दुर्घट वि० दुःसाध्य, दुःशक्य ; hard to be accomplished, difficult.
दुर्जन वि० दुष्ट व्यक्ति ; wicked person. —नी स्त्री० खोटे जन्म वाली ; of accursed birth.
दुर्जय वि० अजेय ; difficult to be overcome, invincible. दुर्जर वि० अजर ; not decaying.
दुर्जातजायिन् वि० कुजन्म-भाक् ; of evil birth. दुर्जातबन्धु वि० आपद्-बन्धु ; brother in calamity: दुर्जातबन्धुरयं गृह्यहरीश्वरो मे [Raghu. XIII.72].
दुर्जीव न० मुसीबत की जिन्दगी; difficult or wretched life.
दुर्णय पुं० अभद्र बरताव ; unseemly behaviour or act. दुर्णामन् वि० बदनाम ; ill-named.
दुर्दम वि० अदम्य ; hard to be subdued or tamed=दुर्दान्त, दुर्दम्य 'obstinate'.
दुर्दर्शकाय वि० कुरूप; ugly ; but दुर्दर्श 'difficult to be seen'.
दुर्दशा स्त्री० दुःस्थिति ; misfortune, calamity.
दुर्दिन न० मेघाच्छन्न दिवस ; cloudy day, bad day or weather=दुर्दिवसः.
दुर्दुघा [=दुर्दुहा] स्त्री० कठिनाई से दुही जाने वाली ; difficult to be milked.
दुर्दुरूट [√दुल् 'उत्क्षेपे'] वि० आसमान पर चढ़ा; atheist : मीमांसकदुर्दुरूटः.
दुर्दृष्ट वि० खराब तरह जांचा ; ill-examined. दुर्दोली स्त्री० न खुलने वाली गुत्थी; a knot difficult to be undone.
दुर्द्यूत न० धोखे का जूआ; unfair gamble. दुर्धर वि० दुर्ग्रह; beyond control.
दुर्धर्ष वि० अधृष्य ; unconquerable : दुरासदः, दुरतिक्रमः, दुर्धर्षणः.
दुर्धाव वि० धोने में कठिन ; difficult to be cleaned.
दुर्नय पुं० कदाचार ; misconduct =दुर्नीतिः. दुर्नामक न० अर्श, बवासीर ; piles.
दुर्निमित [√मा] वि० गलत नपा, डगमग ; wrongly measured, irregularly put=पदे पदे दुर्निमिते गलन्ती [Kumāra. VII.10] =दुर्णिहित.
दुर्निवार वि० जिसका निवारण कठिन हो ; hard to get rid of, difficult to ward off. Cp. दुर्निवर्त्यः, दुर्निषेधः.
दुर्न्यस्त वि० बेतरतीब, अव्यवस्थित ; badly arranged.
दुर्बन्ध वि० रचना में कठिन ; difficult to be composed.
दुर्बल वि० दुबला, निर्बल, खराब त्वचा वाला ; weak, lean, having defective skin.
दुर्बलाश वि० मरी आस वाला, निराश ; of feeble hope.
दुर्बुद्धि वि० मूर्ख, खोटी मति का, नासमझ ; foolish, evil-minded, ignorant.
दुर्बोध वि० दुर्बोध्य ; difficult to be understood.
दुर्ब्राह्मण पुं० खोटा ब्राह्मण ; a bad Brahmin : यस्य वेदश्च वेदी च उत्सन्ना च त्रिपौरुषी.
दुर्भग (1) —म् न० अनिष्ट ; misfortune. (2) वि० अभागा, भौंडा ; ill-portioned, unfortunate, ugly. —गा स्त्री० फूटे भाग वाली, जिसे पति न चाहता हो ऐसी स्त्री, वार्धक्य की मूर्ति, दुष्ट-प्रयत्ना ; unfortunate woman, a wife disliked by her husband, personified old age, of evil effort.
दुर्भङ्ग वि० तोड़ने में कठिन ; difficult to be broken=

दुर्भिद्, दुर्भेद, दुर्भेद्य.

दुर्भर (1) वि० भरण-पोषण में कठिन ; difficult to be nurtured or supported. (2) —म् न० भरण-पोषण का अभाव; want of support.

दुर्भाग्य (1) —म् न० खोटा या फूटा भाग्य; misfortune. (2) वि० अभागा ; unfortunate, unlucky.

दुर्भिक्ष [समृद्धेरभाव:] न० कहत, अकाल ; famine. दुर्मङ्गल वि० अभागा, शनीचर ; of bad luck, bringing bad luck.

दुर्मति (1) स्त्री० दुराशंसा; ill will. (2) वि० बे-समझ, दुर्बुद्धि; silly (=दुर्मेधस्), evil-minded. दुर्मद वि० मदहोश ; drunken.

दुर्मनस् वि० उदास, खिन्न, दुराशय ; dejected, depressed, evil-minded. Note गाढदुर्मना: 'अत्यन्तदुर्मना:', दुर्मनायते 'becomes dejected'.

दुर्मर वि० जीवन से चिपका ; dying hard, tenacious of life.

दुर्मित्र पुं० शत्रु ; enemy=दुर्मैत्र:. दुर्मुख वि० भौंडा, भद्दा, कुरूप, कटुभाषी; ugly-faced, ugly, speaking harsh words.

दुर्मोकहस्तग्रह (1) पुं० हाथ की मजबूत पकड़ ; catching tightly with the hand. (2) वि० मजबूत पकड़ वाला ; one who catches tightly with the hand.

दुर्यवन न० यवनों के लिये अमङ्गल; bad for the Yavanas.

दुर्यशस् न० अपकीर्ति ; disgrace.

दुर्युज् वि० जुआ न लेने वाला ; difficult to be yoked.

दुर्योग पुं० दुरुपक्रम ; bad venture or contrivance.

दुर्योधन (1) वि० अजेय ; invincible. (2) —न: पुं० महाभारत का नेता; hero of the Mahābhārata, son of Dhṛtarāṣṭra and Gāndhārī. He was killed by Bhīmasena.

दुर्योनि वि० हीन-योनि, नीच-कुलज ; of low origin or caste.

दुर्लक्ष्य वि० दीखने में कठिन ; difficult to be seen.

दुर्लङ्घन वि० दुरतिक्रम ; difficult to be overcome or crossed=दुर्लङ्घ्य:.

दुर्ललित वि० दुर्विदग्ध, लाड़-प्यार में बिगड़ा, उत्सुक, लोलुप ; fondled too much, ill-mannered, desirous, greedy of, longing for.

दुर्वस [दु:खेन वस्तुं शक्यम्] वि० जहां बसना कठिन हो ; hard to live in. दुर्वसति [गुरुकुलादिवासकृतक्लेश:] स्त्री० गुरुकुलादिवास का क्लेश; hardships of life (in a Gurukula).

दुर्वचन वि० दुर्भाष्य ; difficult to be spoken or explained. दुर्वचस् न० कटु भाषी ; harsh language.

दुर्वर्ण (1) न० रजत, चांदी; silver. (2) वि० बुरे रंग का; of bad colour.

दुर्वह वि० दुर्वाह्य, असह्य; difficult to carry, unbearable.

दुर्वाद पुं० निन्दा ; slander. दुर्वान्त (1) वि० खराब उल्टी करने वाला; having badly vomitted. (2) न० भयंकर वमन : a bad vomitting.

दुर्वारित वि० दुर्वार्य ; difficult to counteract=दुर्वार्य.

दुर्वार्ता स्त्री० बुरा समाचार ; bad news.

दुर्वाल वि० गंजा ; bald-headed.

दुर्वासस् (1)वि० खराब पोशाक वाला; having bad clothes. (2) —सा: पुं० शिव, शिवांशोत्पन्न अत्रि ऋषि का पुत्र ; Śiva (wearing hide), son of Atri an irascible sage.

दुर्वाहित न० भारी बोझ ; heavy load.

दुर्विकत्थन वि० आत्मश्लाघी ; boasting arrogantly. दुर्विगाह [or —गाह्य] वि० दुष्प्रवेश्य; difficult to enter.

दुर्विचेष्ट वि० खोटी चेष्टाओं अथवा खोटे व्यवहार वाला ; ill-behaved. Note दुश्चेष्टा 'misconduct'.

दुर्विज्ञेय वि० दुर्बोध; hard to be understood=दुश्चिन्त्य.

दुर्विदग्ध वि० नौसिखिया, मूर्ख, धूर्त ; unskilled, raw, foolish.

दुर्विध वि० बेहाल, दरिद्र; in straitened circumstances, indigent.

दुर्विनय पुं० अशिष्टाचार ; imprudent conduct. दुर्विनीत वि० असंयत, धृष्ट ; ill-behaved, bold.

दुर्विपाक (1)पुं० खोटा फल, बुरा परिणाम; evil result. (2) वि० खोटे परिणाम वाला ; producing bad result.

दुर्विभाग पुं० जनविशेष; name of a people. [MBh.].

दुर्विभावन वि० दुर्लक्ष्य ; difficult to be perceived= दुर्विभाव, दुर्विभाव्य.

दुर्विभाष (1) वि० दुर्विकल्प; with no vibhāṣā or choice. (2) —म् न० कटु वचन ; harsh language.

दुर्विलसित न० खोटा कर्म, उद्दण्डता; bad act, rudeness.

दुर्विलास पुं० खोटा भाग्य ; evil turn of fate.

दुर्विवक्तृ वि०अन्याय्य-वक्ता, विपरीत निर्णय देने वाला; he who offers wrong explanation or wrong decision.

दुर्विवेच वि० दुर्विवेच्य ; difficult to be judged or examined.

दुर्विषह वि० दु:सह, असह्य ; difficult to be borne, irresistible.

दुर्वृत्त (1) वि० दुश्चरित्र, खोटे स्वभाव का ; of bad conduct or nature. (2) न० खोटा चरित्र; bad conduct. Note दुर्वृत्ति 'distress, crime'.

दुर्वृष्टि स्त्री० वृष्टि का अभाव ; want of rain. Cp. दुर्भिक्ष.

दुर्व्याहृत न० कटु भाषित ; unpleasant speech.

दुर्व्यवसित न० खोटा इरादा; evil intention. दुर्व्यसन न०

खोटा उपक्रम ; bad pursuit.

दुर्हलि वि० खराब हल वाला : having a bad plough.

दुर्हृद (1) वि० खोटे दिल का ; evil-hearted. (2) —त् पुं० शत्रु ; enemy=दुर्हार्द् 'evil-minded'.

दुर्हृषीक वि० दुःस्थेन्द्रिय ; of uncontrolled senses.

√दुल् ['उत्क्षेपे', दोलयति] उठाना, उछालना, फेंकना, झुलाना; to lift, rock, move. Cp. आन्दोलन where *n* is not organic.

दुलि स्त्री० कच्छपी ; female tortoise.

दुश्चर वि० दुःसमाधेय, दुःसाध्य, दुष्कर, उद्वृत्त अथवा दुराचारी; difficult to be performed : दुश्चरं तपः, criminal, infamous.

दुश्चरित न० =दुरितम्. दुश्चर्मक न० कुष्ठ ; leprosy.

दुश्चिकित्स्य वि० दुःसाध्य; difficult to be cured.

दुश्छाय वि० मुरझाया; looking unwell, pulled down.

दुश्च्यवन पुं० इन्द्र ; difficult to be shaken=Indra.

दुश्च्याव पुं० शिव ; epithet of Śiva.

दुःशकुन न० अपशकुन ; bad omen. दुःशासन (1) वि० वश से बाहर ; intractable. (2) —नः पुं० दुर्योधन का भाई ; brother of Duryodhana, killed by Bhīma.

दुःश्रव वि० श्रुति-कटु ; unpleasant to hear.

√दुष् ['वैकृत्ये', दुष्यति, दुष्ट] दोषी बनना, पाप करना : to be guilty, to sin.

दुष्कर वि० दुःसाध्य, कठिन; hard to be done, difficult.

दुष्कर्मन् (1) न० बुरा काम, पाप ; sin. (2) वि० दुष्कृत, उद्वृत्त ; criminal.

दुष्कीर्ति (1) स्त्री० अपयश ; dishonour. (2) वि० बदनाम ; infamous.

दुष्कृत् वि० कुकर्मी, बदकार, पापी ; evil-doer, villain.

दुष्कृत [=दुरित, opp. to सुकृत] न० कुकर्म, बदकारी, पाप ; wrongly done, evil action, sin.

दुष्क्रमत्व न० अर्थ-दोष, अर्थ-क्रम में दुष्ट, बिगाड़ ; irregularity [KPr. VII.55-57].

दुष्ट (1) वि० गंदा, पतित, भ्रष्ट ; corrupted, wicked, defiled. —चारिन् 'दुराचारी'. (2) —म् न० पाप, किल्बिष ; sin, guilt.

दुष्टबुद्धि वि० दुर्बुद्धि : evil-minded=दुश्चित्त.

दुष्टर [√तॄ] वि० दुस्तर, पार करने में कठिन; hard to cross.

दुष्टाशय वि० अघशंसी, दुराशय, बुरे स्वभाव का; malevolent.

दुष्टु क्रिवि० बुरी तरह ; badly ; opposed to सुष्ठु.

दुष्पच वि० हजम करने में कठिन ; difficult to digest.

दुष्पद वि० भद्दे पैरों वाला ; evil-footed.

दुष्परिग्रह वि० दुर्ग्रह ; difficult to be seized.

दुष्प्रकम्प वि० अचल; difficult to be shaken= —म्प्यः:

दुष्प्रकाश वि० अस्पष्ट, धुंधला ; obscure, dim. दुष्प्रज्ञ वि० दुर्बुद्धि, अज्ञानी ; stupid.

दुष्प्रतर वि० दुस्तर ; difficult to be overcome.

दुष्प्रतिग्रह वि० दुर्ग्रह ; difficult to be seized.

दुष्प्रतीक वि० दुर्ज्ञेयावयव; whose limbs are not clear : अङ्गं प्रतीकोऽवयवः [Amara.].

दुष्प्रधर्ष [√धृष् —धृष्य] वि० अनाक्रम्य ; which cannot be assailed, unassailable. दुष्प्रभञ्जन पुं० वात्या, आंधी ; hurricane.

दुष्प्रलम्भ वि० मिथ्या फलाख्यान से कार्य में प्रवृत्त न होने वाला; one who does not act on promise of false gains, difficult to be deceived.

दुष्प्रवाद पुं० निन्दा ; slander. दुष्प्रवृत्ति (1) वि० खराब प्रवृत्ति वाला या वाली ; of bad disposition. (2) स्त्री० खराब समाचार ; bad news.

दुष्प्रसह वि० असह्य, अधृष्य ; irresistible=दुष्प्रसाहः.

दुष्प्रसाद वि० अनुनय या मनाने में कठिन ; difficult to be propitiated.

दुष्प्रसू स्त्री० कठिनाई से जनने वाली ; bringing forth (children) with difficulty.

दुष्प्राप [or -प्रापण] वि० दुराप, अप्राप्य ; hard to get, unattainable.

दुष्प्रेक्ष्य वि० कुरूप, अदृश्य, गुप्त; ugly, difficult to be seen.

दुष्वप्न्य न० खोटा स्वप्न ; a bad dream.

दुःसाक्षिन् पुं० कूट साक्षी ; false witness.

दुस्तर वि० कठिनाई से वश में आने वाला ; difficult to be controlled or overcome.

दुस्तर्क्य वि० तर्क से बाहर ; difficult to be supposed or reasoned about.

√दुह् ['प्रपूरणे' =त्याजने, दोग्धि, दुग्धे, दुग्ध] दुहना, निचोड़ना, निकालना (धरती में से), इकट्ठा करना (कर) ; to milk, squeeze, drain (the earth), collect (tax).

दूढ्य [दुःखं ध्यायति] वि० अशुभशंसी ; malevolent ; one who prays with difficulty.

दुहितृ [√दुह्] स्त्री० पुत्री ; daughter =दुहिता (आकारान्तः) 'दुहितां निमन्त्रये' [MBh. IV.72.5].

√दू ['परितापे गतौ च', दूयते] दुखी होना, दूर जाना ; to be afflicted, be aggrieved, go to a distant place.

दूडभ [दुःखेन दभ्यते] वि० अहिंस्य ; not to be injured.

दूडाश [दुःखेन दाश्यते] वि० कठिनाई से नन्दनीय; difficult to be propitiated.

दूणाश [दुःखेन नाश्यते] वि० अनाश्य, अप्राप्य ; not to be destroyed, unattainable.

दूत [√दु] पुंस्त्री० प्रैष्य, संदेशहर, हरकारा, प्रतिनिधि ; messenger, envoy. दूति [√दु] स्त्री० क्लेश ; trouble. —ती स्त्री० प्रेमियों को आपस में मिलाने वाली ; go-bet-

ween=अभिद्रुती.

दूत्य [दूतस्य कर्म] न० दूत का काम; duty of a messenger. —त्यः पुं० दूत का भाग; share of a messenger.

दून [√दू] वि० संतप्त ; afflicted, tormented.

दूर [√दु-र] वि० दूर ; far, distant=दूरकम्; —म् क्रिवि० दूर, बहुत ज्यादा; far, very much, —तस् क्रिवि० दूर से, दूर ; from afar, at a distance.

दूरक्त वि० खराब रंगा ; badly coloured or dyed.

दूरक्ष्य [दुस्+र-] वि० कठिनाई से बचाया जाने योग्य ; hard to be guarded.

दूरग वि० दूर गया ; remote, going or being far. Cp. दूरगत, दूरगमन.

दूरग्रहण न० दूर से पकड़ना ; seizing or perceiving objects from afar.

दू-रद वि० सख्त ; hard, difficult to be scratched.

दूरदर्शन पुं० गिद्ध ; vulture. —म् न० दूरदर्शिता ; far-sightedness=दूरदृष्टिः, दूरदर्शिता.

दूरपात पुं० लंबी उड़ान ; long flight, flying from a distance.

दूरबन्धु वि० भाई-बन्धुओं से दूर ; banished from wife and kindred.

दूरभिन्न वि० गहरा विंधा; deeply pierced or wounded.

दूरवस्त्रक वि० नंगा ; naked. दूरवेधिन् वि० दूर से बींधने वाला ; piercing from afar.

दूरसंस्थ वि० दूरस्थ; being at a distance=दूरस्थायिन्.

दूरान्तर न० लम्बी छीट ; long interval.

दूरारूढ वि० ऊंचे चढ़ा, गहरा ; gone very high (sun), intense : "दूरारूढः प्रणयः".

दूरी √कृ [दूरीकरोति] दूर करना, परे कर देना, वञ्चित करना ; to remove, lead away, deprive of—.

दूरेत्य [दूरे भवः] वि० दूर का ; residing at a distant place.

दूरोत्सारित वि० दूर खदेड़ा; driven far away, banished.

दूरोह वि० चढ़ने में कठिन ; difficult to be ascended or reached.

दूर्वा स्त्री० दूब ; grass. दूष्य न० तम्बू ; tent.

√दूष् [दूषयति, =कदर्थयति, दूषित, चित्तं दूषयति दोषयति वा कामः] बिगाड़ना, पत बिगाड़ना (स्त्री की), चोट पहुँचाना ; to corrupt, violate (a woman), hurt. Note चतुःशालकं दूषयामि 'I break in' [Mṛc. III.].

दूषक वि० निन्दक, अपराधी, फुसलाने वाला : offending, disfiguring, corrupter, seducer.

दूषण (1) न० दोष, अपराध, सेंध लगाना (=संधिकरणम्) ; guilt, fault, breaking into a house : परगृहदूषणं निश्चितैकवीरम् [Mṛc. III.10]. (2) वि० दूषक; defiler, violating.

दूषितता स्त्री० भ्रष्टाचार, अपराध ; corruption, fault.

दूषिन् वि० दूषक, नाशक ; spoiling, destroying.

दूषीका स्त्री० कीड़ ; secretion from the eyes=दूषिका, दूषी, पिचपड़ी.

दूष्य (1) वि० दूषित होने वाला ; corruptible. —ष्या स्त्री० हाथी का तंग; the rope for steadying the seat on an elephant. —म् न० तंबू ; tent.

√दृंह् ['वृद्धौ', दृंहति, दृढ] दृढ होना, दृढ करना ; to be firm, make firm.

√दृ ['हिंसायाम्', दृणोति, दृत, दरयति] मारना, भय दिखाना ; to kill, cause fear. (2) √दृ ['आदरे', आद्रियते, आदृत ; with *ā*] आदर करना, सत्कार करना ; to show respect, honour.

दृक न० छेद, विवर; hole. दृगञ्चल पुं० दृक्प्रान्त; corner of the eye.

दृग्गोचर (1) वि० आंख का विषय ; visible. (2) —रः पुं० आंख की पहुंच ; range of sight.

दृग्जल न० आंसू ; tears. दृग्विष पुं० सांप ; snake.

दृढ [√दृंह्, द्रढीयस्, द्रढिष्ठ, द्रढिमन्] वि० स्थिर, कठोर, बलवान्, निश्चित ; firm, hard, strong, certain.

दृढकाण्ड पुं० बांस ; bamboo=दृढग्रन्थिः, दृढपत्रः, दृढवृक्षः.

दृढकारिन् वि० इरादे का पक्का, कर दिखाने वाला ; resolute =दृढमतिः.

दृढक्रोध वि० प्रचण्ड क्रोधी ; of violent anger.

दृढगात्रिका स्त्री० दानेदार चीनी ; granulated sugar.

दृढग्राहिन् वि० पक्की पकड़ वाला ; seizing firmly.

दृढतोरणार्गल वि० जिसके दरवाजों की अर्गला पक्की है ; having the bars of the gates firmly fastened.

दृढधन्विन् वि० पक्के धनुष वाला ; having a strong bow =दृढधन्वन, दृढधनुस्.

दृढनीर पुं० नारियल का पेड़ ; coconut tree=दृढफलः. दृढपाद पुं० ब्रह्मा ; Brahmā.

दृढप्रत्यय (1) पुं० पक्की पत, पक्का भरोसा ; firm confidence. (2) वि० 'of firm confidence'.

दृढप्ररोह पुं० पीपल; the holy fig tree. दृढमुष्टि वि० कंजूस; miser.

दृढलोमन् पुं० जंगली सूअर ; wild hog.

दृढवादपराक्रम वि० कहे और किये का पक्का ; firm in words and acts.

दृढसंधि (1) पुं० पक्की संधि ; firm union. (2) वि० पक्की संधि वाला ; firmly united.

दृढसौहृद वि० मैत्री में पक्का ; firm in friendship, constant in friendship.

दृढस्थूण वि० पक्के खंभों वाला; having strong columns.

दृढानुताप वि० भारी पछतावे वाला; having deep repentance.

दृन्त वि० शीर्ण ; decrepit.

दृ-ति स्त्री० चर्मगत जलपात्र, मशक, चर्मपुट, धौंकनी, मत्स्य ; leather bag, leather bag for carrying water on back, pair of bellows, fish. Cp. दृतिकण्ठा गौः 'प्रलम्बगलकम्बला गौः'.

दृतिहार पुं० माशकी ; carrying a water-bag.

दृत्य न० आदर ; respect.

दृन्भू [√दृम् 'ग्रन्थे', दृमति] ग्रन्थकर्ता, लेखक, हिंसक, वज्र ; author, killer, thunder-bolt.

√दृप् ['हर्षमोचनयोः', दृप्यति, दृप्त, दर्पयति] घमण्ड करना ; to be crazy, be insolent or proud.

दृप्त वि० उन्मत्त, गर्वित ; intoxicated, arrogant. दृप्र [√दृप्] वि० बलवान् ; strong.

√दृभ् ['ग्रन्थे', दृभति] गूंथना; to string or tie together. (2) √दृभ् ['भये', दर्भयति, दर्भति] डरना; to fear. (3) √दृभ् ['संदर्भे', दर्भयति, दर्भति] दे० 'दृभ्'. √दृम्भ् ['ग्रन्थे', तुदादि] लिखना ; to write, compose.

√दृश् ['दर्शने', पश्यति, दृष्ट, दर्शयति, दिदृक्षति] देखना, निहारना, जांचना, खयाल करना ; to see, observe, examine, care for. Note राजानमनुदर्शय 'राजागमनं प्रतीक्षस्व' [Rām. I.9.54].

दृश् [-क्] (1) वि० देखने वाला; one who sees. (2) —क् स्त्री० आंख; eye, sight=दृशा.

दृशि स्त्री० दर्शन-शक्ति ; power of seeing ; in Vedānta.

दृश्य वि० जो देखा जाय; to be seen, scene, visible. Cp. दृश्येतरम् 'invisible'.

दृश्वन् [—श्वा, —श्वरी] वि० देखने वाला, दर्शक ; seeing, observing.

दृषद् स्त्री० चट्टान, पत्थर, निष्पेषण-शिलापट्ट, चक्की का पाट ; rock, stone, mill-stone.

दृषदुपल द्वि० स्त्री० चक्की का निचला और ऊपरला पाट ; the nether and the upper mill-stone.

दृषद्वती [Xnentā in Vendīdād on which lived the Vehrkas, who were perhaps the Yādavas.] स्त्री० आजकल की घग्घर नदी, जो सिरमौर से पश्चिम की ओर बहकर अंबाला एवं शाहाबाद के पास पहुंचती है ; a river flowing near Śāhābād in Ambālā district.

दृष्टपूर्व वि० जिसे पहले देखा है ; seen before. दृष्टरजस् स्त्री० पहले-पहल जिसका रजस् चमका है ; a woman for the first time in menses.

दृष्टलोकपरावर दे० परावर.

दृष्टवीर्य वि० जिसकी शक्ति देखी जा चुकी है ; of tried valour=दृष्टसार.

दृष्टव्यतिकर वि० जिसने उतार-चढ़ाव देखा है; one who has experienced misfortune.

दृष्टान्त पुं० उदाहरण, कृतान्त, एक अलंकार जिसमें विधेय को दृष्टान्त देकर समर्थित किया जाता है "किं चात्र बहुनोक्तेन व्रज भर्तारमाप्नुहि । उदन्वन्तमनासाद्य महानद्यः किमासते ॥" ; instance, example, a figure of speech in which a statement is illustrated with an example : 'दृष्टान्तः पुनरेतेषां सर्वेषां प्रतिबिम्बनम्' [KPr. X.102].

दृष्टि स्त्री० देखना, नजर, आंख, ज्ञान ; seeing, sight, eye, knowledge. Note दृष्टिपथः 'range of the eye'.

दृष्टिपूत —म् क्रिवि० आंख से देखकर ; having carefully observed.

दृष्टिविभ्रम पुं० आंख की मटक, कटाक्ष ; amorous play of the eyes. दृष्टिविष पुं० सर्प ; having poison in the eyes, poisoning by the mere look, sort of snake. Note चक्षुर्हन् 'क्रोधदृष्टिमात्रेण हन्ता'.

√दॄ ['विदारणे', दृणाति, दीर्ण, दारयति, दिदीर्षति] फटना, फाड़ना, चीरना ; to burst, tear, rend.

√दे ['रक्षणे', दयते] रक्षा करना ; to protect.

देय [√दा] (1) वि० दातव्य, विवाह-योग्य ; to be given, to be married, fit to be given. (2) —म् न० दान; charity, gift.

देव [√दिव्] (1) वि० दीप्तिमान्, स्वर्गीय, आदरणीय, दैवी ; shining, to be honoured, celestial, divine. (2) —वः पुं० देवता, मेघ, ब्राह्मण, राजा ; a god, deity, cloud : देवो वर्षति, a Brahmin, king. —म् न० इन्द्रिय ; senses. —वी स्त्री० कृताभिषेका, रानी ; a woman sprinkled upon, queen : देवी तत्र भवेज्ज्येष्ठा [Daśa. III.49].

देवकन्यका [~कन्या] =अप्सरस्. देवकर्मन् न० पूजापाठ ; religious acts or rite, worship of the gods. —कल्प वि० भगवान् के तुल्य ; god-like.

देवकाम वि० देवताओं को चाहने वाला, धार्मिक; loving the gods, pious =देवयुः.

देवकिल्बिष न० देवों के प्रति खोट या अपराध ; offence against the gods.

देवकी स्त्री० कृष्ण की माता ; mother of Kṛṣṇa. देवकुण्ड न० स्रोत; natural spring. देवकुल न० मन्दिर; temple =देवगृहम्, देवधामन्. —कुलपीठिका स्त्री० मन्दिर की पौढ़ी; temple-steps. —कुलिक पुं० पुरोहित, पुजारी; temple-keeper. —कुल्या स्त्री० गङ्गा ; Gaṅgā. —कुसुम न० लवङ्ग ; cloves. —क्षेत्र न० देवताओं का क्षेत्र ; domain of the gods. —खात न० गुहा, तड़ाग ; cave, pond. —तक न० मन्दिर का पोखरा ; tank for the temple.

देवगन्धर्व पुं० नारद; Nārada. —गर्भ पुं० दिव्य बाल; divine

cluld. **देवगव** पुंस्त्री० सुरभि आदि पशु ; the cow Surabhi and the like. —**गुरु** पुं० (A) कश्यप ; Kaśyapa, the father of the gods; (B) शिल्पी ; artisan. —**गुही** स्त्री० सरस्वती नदी ; the river Sarasvatī.

देवचक्र न० देवताओं का चक्र ; divine wheel, host of gods. —**चित्त** न० देवेच्छा ; the will of the gods. —**च्छन्द** पुं० १००-लड़ा हार ; necklace having 100 strings.

देवचिन्तन न० देवेच्छा ; the will of the gods.

देवजनविद्या स्त्री० भूत-विद्या ; science of the ghosts and spirits.

देवजुष्ट वि० देवों को प्रिय; agreeable to the gods. —**तरु** पुं० कल्पवृक्ष ; heavenly tree : पञ्चैते देवतरवो मन्दारः पारिजातकः । संतानः कल्पवृक्षश्च पुंसि वा हरिचन्दनम् ॥

देवतरङ्गिणी स्त्री० आकाशगङ्गा ; celestial river. =देवधुनी.

देवता स्त्री० देव, देवत्व ; divine being, divinity = देवत्वम्. **देवतुमुल** न० बिजली ; thunder. —**दारु** न० देओदार, शुक्रपादप ; a species of pine. —**दीप** पुं० आँख ; eye. —**दूत** पुं० देवताओं का संदेशहर ; messenger of the gods. —**देव** पुं० ब्रह्मा ; epithet of Brahmā. —**दैवत्य** न० देवताओं के प्रति उद्दिष्ट मन्त्र ; having the gods as divinity (stanzas). —**धानी** स्त्री० इन्द्रपुरी; name of Indra's city on the Mānasottara.

देवद्यूत न० द्यूत अथवा जूआ खेलना ; gambling. —**नागरी** स्त्री० नागर अक्षर ; divine city-writing in which Sanskrit is written. —**निकाय** पुं० देवगण ; host or assembly of the gods. —**निर्माल्य** न० यज्ञावशिष्ट माला ; a garland remaining from sacrifice.

देवपति पुं० इन्द्र ; Indra, lord of the gods. [—**पत्नी** स्त्री०] —**पथ** पुं० देव का मार्ग ; प्राकार के पीछे दुर्ग के भीतर सैनिकों की गश्त का मार्ग ; gods' path, the way for soldiers inside citadel to go round. —**पात्र** न० (A) देवों का पात्र या पेय ; a cup or drink of the gods. (B) अग्नि ; fire. —**पादाः** पुं०ब० आदरार्थक प्रयोग; the royal feet or presence. —**पान** न० देवों का पान; drink of the gods.

देवब्राह्मण पुं० देवों को प्रिय ब्राह्मण ; a Brahmin respected by the gods. —**भाग** पुं० देव-क्षेत्र ; northern hemisphere =देवविभागः. —**भोग** पुं० देवताओं का प्रसाद ; pleasure of the gods, divine joy. —**मणि** पुं० अश्वग्रीवा में आवर्त, कौस्तुभ मणि ; curl of hair on horse's neck, the Kaustubha gem. —**मातृक** पुं० वर्षाजीवी देश; country living on rain=वृष्टिनिष्पादसस्यः. —**मादन** वि० देवमादक; exhilarating the gods. —**मान** न० देवताओं का आवास ; abode of the gods. —**मास** पुं० गर्भाष्टम मास; eight month of pregnancy.

देवयज्ञ (1) वि० देवों का पुजारी ; [देवाः यष्टव्याः यस्य] ; one who offers oblations to the gods. —**ज्ञ:** पुं० अग्नि होम ; offering oblations in fire. —**यजन** [देवा इज्यन्ते यत्र] न० जिस स्थान पर देवोद्देश्यक याग किया जाय, यज्ञ-भूमि ; sacrificial place. —**याजिन्** वि० देवताओं के लिये यज्ञ करने वाला ; sacrificing to the gods. —**यात्रा** स्त्री० मूर्ति-यात्रा; idol procession. —**यान** पुं० देव-मार्ग ; way leading to the gods, serving gods as a way.

देवयानी स्त्री० असुरगुरु शुक्र की पुत्री । वह एक बार अपने पिता के शिष्य कच पर मुग्ध हो गई ; किंतु वह न माना । आपस में तू तू मैं-मैं हो गई और कच ने देवयानी को शाप दे दिया कि तू क्षत्रिय की पत्नी बनेगी । एक बार वह अपनी सखी शर्मिष्ठा के साथ स्नानार्थ गई । स्नान के समय वायुदेव ने दोनों के कपड़े बदल दिये । कपड़ों पर दोनों में झगड़ा हुआ और शर्मिष्ठा ने देवयानी को कूएं में डाल दिया । बहुत दिनों बाद उधर से गुजरते ययाति ने उसे निकाला और उससे विवाह कर लिया जिससे उसके यदु और तुर्वसु नाम के दो पुत्र हुए । कुछ दिन बाद ययाति का मन शर्मिष्ठा पर चल गया । देवयानी उसे छोड़ कर पिता के पास जा रही । शुक्र ने ययाति को बूढा बन जाने का शाप देकर बेकार कर दिया ; daughter of Śukra. Devayānī once fell in love with Kaca, a pupil of her father, but he rejected her advances, cursing her that she would become the wife of a Kṣatriya. Once she went for a bath along with her friend Śarmiṣṭhā, where the god Wind exchanged their clothes. There was a quarrel between the two and Śarmiṣṭhā hurled her into the well. There she remained until she was rescued by Yayāti, who married her and kept Śarmiṣṭhā as a maid-servant. Devayānī bore him two sons, Yadu and Turvasu. After some years Yayāti got enamoured of Śarmiṣṭhā on which Devayānī left him and reported the matter to her father. He condemned Yayāti with the infirmity of old age.

देवयुग न० कृतयुग ; the first or golden age of the world. —**योनि** पुं० देवी जन्म वाला; of divine origin: विद्याधराप्सरो यक्षरक्षो गन्धर्वकिन्नराः । पिशाचो गुह्यकः सिद्धो भूतोऽमी देवयोनयः [Amara.].

देवर पुं० पति का छोटा भाई ; younger brother of husband. **देवरत** वि० देवों का भक्त; pious. —**राज** पुं० इन्द्र ;

Indra, the king of gods. —रात [देवैर्विश्वामित्राय दत्तः] पुं० एक ऋषि; name of a sage. —रूप वि० दिव्य-रूप, अति सुन्दर ; of divine form or beauty =देवरूपिन्. देवर्षि पुं० दिव्य ऋषि, श्रेष्ठ ऋषि ; sage of the celestial class, Nārada.

देवल पुं० मूर्ति दिखाता फिरता भिक्षुक, पंडा ; one who showes images and begs, show-man of images.

देवलिङ्ग न० देवता का लक्षण, देवप्रतिमा, god's characteristic, the image or statue of a deity. —लोक पुं० देवताओं का लोक ; the world of the gods.

देववन्द वि० स्तोता ; god-praising. —देववर्णिन् वि० देववर्चस् ; having the lustre of a god.

देववर्धकि पुं० विश्वकर्मा; divine architect. =देवशिल्पिन्.

देववर्मन् न० देवताओं का कवच ; armour of the gods. देववर्य पुं० शिव ; Śiva, the highest of the gods. —वल्लभ पुं० =पुंनाग. —वाणी स्त्री० संस्कृत ; Sanskrit language. —वाहन पुं० अग्नि ; fire. —विश् स्त्री० देवों की प्रजा, देवगण; subjects of the gods, gods collectively.

देववीति स्त्री० देवों का भोज्य ; food of the gods. Note देवभोज्यम् 'nectar'. —व्रत न० देवकृत्य; any religious observance. —व्रतिन् पुं० ब्रह्मचारी ; a Brahmacārin.

देवशेष पुं० पूजोच्छिष्ट ; remnants of a god's worship or sacrifice : देवशेष-कुसुमानि.

देवसंसद् स्त्री० देवसभा ; assembly of the gods. —सत्त्व वि० दैवी प्रकृति वाला ; of divine nature. —सत्य [देवेन कल्पितं सत्यम्] न० दैवी सत्य ; divine truth. —सदन न० देवताओं का सदन ; seat of the gods. —सभ्य पुं० द्यूत का अधिष्ठाता ; keeper of a gaming-house.

देवसाक्ष्य न० देवों के संमुख साक्ष्य; testimony of the gods, i.e. before the gods as witnesses. —सायुज्य न० देवता के साथ ऐकरूप्य ; identification with a deity.

देवसुत पुं० दिव्य पुत्र ; divine son : —स्थान न० मन्दिर ; temple. —हिति स्त्री० दैवी व्यवस्था; divine arrangement. —हूति स्त्री० देवों का आवाहन ; invocation of the gods. —हेडन न० देवों के प्रति खोट या अपराध ; offence against the gods.

देवाक्रीड पुं० देवों की क्रीडा का स्थान; playground of the gods. देवाङ्ग पुं० बुनने का आविष्कर्ता ; the reputed inventor of weaving.

देवाचल पुं० सुमेरु ; the mount Sumeru. —आजीविन् पुं० पुजारी; man attending on idol and receiving fee. देवानां प्रिय पुं० मूर्ख, देवों का प्रिय; a fool, dear to the gods, i.e. a fool or a simple person. देवानां पशु पुं० मूर्ख; a fool. देवान्धस् न० देवों का भोज्य, अमृत ; food of the gods, ambrosia ; cp. देववीति.

देवायतनचैत्य न० देवगृह; temple. Cp. चैत्यानि 'रथ्यावृक्षाः', चितचैत्यः 'कृतचयनक्रतुः.' देवालय पुं० मन्दिर ; temple. =देवावसथः, देवायतनम्. देवासुर (1) वि० देवासुर-युद्ध ; the war of the gods and demons. (2) —राः पुंब० देवता और असुर ; gods and demons.

देविन् पुं० द्यूतरत ; gambler.

देवी स्त्री० कृताभिषेका रानी, पटरानी, देवपत्नी ; chief queen, wife of a god. —गृहम् 'apartment of a queen'.

देवृ पुं० देवर ; husband's younger brother.

देवोत्थानी स्त्री० कार्तिक शुक्ला एकादशी, जब श्रीकृष्ण शेषशय्या से उठते हैं; ekādaśī of the bright half of Kārttika, when Kṛṣṇa rises from his seat of Śeṣa.

देवौकस् न० सुमेरु ; mountain Sumeru.

देश [√दिश्, दिशति स्वात्माकारं ददातीति] पुं० निवास-स्थान, स्थान, क्षेत्र, देश, भूमि, प्रान्त, बिन्दु ; place, territory, country, land, province, point. Note देशाः 'भूमिभागाः', जनपदाः, 'महाजन-निवास-स्थानानि', आश्रमाः 'ऋषिस्थानानि'. देशक पुं० दर्शयिता; showing, pointing out. —कण्टक पुं० देश का कांटा ; country's thorn= public calamity. देशना स्त्री० विधि-वाक्य, प्रदर्शन, अध्यापन, आगम; injunction, showing, instruction. Note देशना लोकनाथानां सत्त्वाशयवशानुगाः । भिद्यन्ते बहुधा लोके उपायैर्बहुभिः पुनः ॥ Bodhicittavivaraṇa quoted by Vācaspati on Brahmasūtra II. 2.18.

देशभाषा स्त्री० देश की बोली, देसी बोली; dialect. देशविध्वंश पुं० देश-ध्वंस ; ruin of a country =देशभङ्गः

देशाटन न० देश-भ्रमण ; travel. देशातिथि पुं० विदेशी ; a foreigner. देशान्तर न० विदेश ; another country, abroad.

देशिक पुं० प्रदर्शक, मन्त्रसिद्ध पुरुष, आदेशक, गुरु, नमूना ; indicator, one who practises spells, guide, teacher, model : राजधर्मस्य देशिकः [Vāsava. VI, p. 54]. देशिन् वि० देशी; popular style : आद्य पदार्थाभिनयो मार्गो देशी तथापरम् [Daśa. I. 14].

देशीय वि० प्रान्तीय, प्रादेशिक ; provincial, regional, peculiar to a country. —भाषा = देशभाषा. देशोपसर्ग पुं० देश-संकट ; distress of a country. देश्य वि० देशनीय, दर्शयितव्य, उत्तम, स्थान पर उपस्थित ; to be pointed out, excellent, standard, being on the spot.

देष्टृ [-ष्टा, -ष्ट्री, -ष्टृ] वि० निर्देशक, उपदेशक, एक देवता का नाम ; indicator, instructor, name of a deity

देष्णु [√दा] वि० दाता ; giver, prone to give.

देह [√दिह् 'उपचये', cp. काय √चि] पुंन० घन, शरीर, काय, व्यक्ति ; mass, body, person. Note औपाधिकदेहाः those who assume body without contact of parents : अयोनिजाः देवविशेषाः. —त्याग पुं० मृत्यु ; death = देहपतनम्, देहपातः, देहभेदः, देहविसर्जनम्, देहान्तः, देहावसानम्.

देहदीप पुं० आंख; eye—the lamp in the body. —बन्ध पुं० शरीर का संस्थान; build of the body; cp. संनहन. देहंभरि वि० देह का दास ; intent upon only prolonging life. Cp. उदरंभरि.

देहली स्त्री० दहलीज; threshold. देहलीदीपकन्याय पुं० एक स्थान पर रहकर दो का काम करना ; just as a lamp hanging over the threshold lights up both the interior and exterior of a house, so one thing serving the purpose of two ; threshold-lamp maxim. =काकाक्षिन्यायः.

देहवत् पुं० देहवान्, मनुष्य ; living creature, man. देहातिग [देह+अति √गा] वि० देह छोड़कर बाहर गया; gone out from body.

देहिन् पुंवि० शरीरी, शारीरिक, प्राणी, आत्मा, मनुष्य ; having a body, connected with body, creature, soul, man.

दैत्य पुं० दितिपुत्र, राक्षस; descendant or son of Diti, demon=दैतेयः. दैत्यगुरु पुं० शुक्राचार्य ; epithet of Śukrācārya. दैनिक वि० प्रतिदिन का ; relating to a day. दैन्य न० दीनता, अनौजस्य, लाचारी, गरीबी, दयनीय दशा, खस्ता हालत ; depression, miserable state, poverty, pitiable condition. दैर्घवरत्र [दीर्घवरत्रेण निर्वृत्तः कूपः] वि० लम्बी रज्जु से जिसमें से पानी निकाला जाय वह कूप ; a well which requires a long rope for drawing out water.

दैव [देव संबद्धम्] (1) वि० देवों से संबद्ध, दैवी, स्वर्गीय, राजसंबन्धी ; belonging to gods, relating to deities, divine, celestial, royal. [Note दैवानि 'शकुनानि', औत्पातिकानि 'अपशकुनानि'] (2) —म् न० देवों का समूह, भागधेय, प्राक्तन कर्म (opp. to मानुषं 'सांप्रतिकं कर्म'), आभ्युदयिक श्राद्ध, देवश्राद्ध ; host of the gods, fate, deeds done previously, Ābhyudayika śrāddha, an important śrāddha in honour of the Viśvedevas.

दैवकोविद वि० भाग्य से परिचित ; acquainted with the destinies of men.

दैवचिन्तक पुं० ग्रहचारक, ज्योतिषी , astrologer [दैवचिन्ता 'fatalism or astrology']. दैवज्ञ पुं० 'ज्योतिषिक', ज्योतिषी ; astrologer. =दैवलेखकः, दैवविद्.

दैवत [देवानां समूहः] न० (A) देवगण, देव; host of deities, deity, divinity : [दैवतानि 'देवताः देवगणाः'] ऋग्भ्यो वक्ष्यामि दैवतम् [Bṛhad-de. I.1]. (B) प्रधान-देवता-संबन्धि द्रव्य; oblation meant for the chief deity. —तः पुं० भाग्यदेव ; destiny.

दैवत्य वि० किसी देवता को उद्देश्य करके उच्चारित ; addressed to some deity.

दैवदीप पुं० आंख ; eye. दैवदुर्विपाक पुं० भाग्य का खोटा फल ; evil ripening of destiny (through the effects of deeds done in the former births). दैवनिर्घात पुं० दैवी वज्रपात ; fatal blow of fate.

दैवमानुषक वि० देवों और मनुष्यों से संबद्ध ; belonging to gods and men.

दैवयोगात् क्रिवि० भाग्य से, संयोगवश ; by chance =दैववशात्.

दैवः सर्गः पुं० दैवी सृष्टि ; divine creation. दैवसिक वि० एक दिवस का ; one day old.

दैवसमाधि पुं० देवाराधन; propitiation of a god. दैवहत वि० भाग्य का मारा ; ill-fated =दैवहतकः, दैवोपहतः.

दैवाभिपन्न वि० प्रारब्धग्रस्त ; overtaken by ill luck.

दैवायत्त वि० भाग्याधीन ; dependent on destiny.

दैविक वि० देवों का, स्वर्गीय ; relating to the gods, coming from the gods, divine.

दैवोढा स्त्री० दैवी विधि से विवाहित पत्नी ; a woman married according to the Daiva ritual. दैवोपसृष्ट वि० दुर्दैवहत ; struck with misfortune.

दैव्य (1) वि० दैवी ; divine. (2) —म् न० भाग्य ; fate.

दैशिक वि० देश-संबन्धी; relating to space or country.

दैष्टिक वि० भाग्यवादी ; fatalist, predestinarian.

दैहिक वि० शारीरिक ; relating to body, corporeal.

दोग्धृ [√दुह्] वि० दुहने वाला ; milker. —ग्ध्री स्त्री० दुधारू गौ ; cow yielding good milk. दोग्ध्र न० दूध की बाल्टी ; milk-pail. दोरक न० डोरा; cord. —रिका स्त्री० डोरी ; cord. दोर्गडु वि० मुड़ी बांह वाला ; having crooked arm. दोर्दण्ड पुं० मजबूत भुजा ; strong arm. दोर्युद्ध न० बाहुयुद्ध ; duel. दोल पुं० दोला, झूला ; swing. दोलन न० झूलना ; swinging. दोला [or दोलिका] स्त्री० प्रेङ्खा, प्रेङ्ख, झूला, आन्दोलिका, डोली, पालकी, संशय ; swing, cradle, litter, palanquine for women, doubt. दोलाय् [दोलायते, -यित] हिलना-डुलना, संदेह में पड़ जाना ; to swing, be in suspense. दोलायुद्ध न० वह युद्ध, जिसमें जय-पराजय अनिश्चित हो ; indecisive battle, wavering battle.

दोलारूढ वि० झूले-चढ़ा, असमञ्जस में पड़ा ; mounted on

a swing, one in doubt or dilemma. —विहार पुं० झूला झूलना ; swinging on a swing.

निगूढ [√गुह्] वि० छिपा [अनिगूढः = प्रकटः], गुप्त; hidden, secret. Cp. **निगूढमानः**='विनयच्छद्म-गर्वः'. **निगूहन** न० गोपन, छिपाना; concealment, hiding.

निगृहीत वि० पकड़ा, वन्दी किया, रोका, निरोधित, हटाया, आक्रान्त, शास्त्रार्थ में पराजित; seized, arrested, restrained, removed, attacked, defeated (in argument). **निगृहीति** स्त्री० रोकथाम; restraint, check.

निगृह्यानुयोग पुं० प्रतिपक्षी को अपने मत से च्युत करके उसके मत का आविष्करण; clarification of opponent's point of view after making him deviate from it.

नि √गॄ [निगिरति, निगीर्ण] सटकना, मसकना, हजम कर जाना; to swallow down, devour, absorb.

नि √ग्रह् [निगृह्णाति] अपनी ओर खींचना, खींचना (लगाम), बन्द करना (आँख), रोकना, पकड़ना, हठ करना : निगृह्य 'हठं कृत्वा', कैद करना, दबाना, मारना; to draw towards one's own side, tighten (reins), close (eye), restrain, capture, insist, apprehend, imprison, subdue, kill : मा निगृह्णाः 'मा वधीः'.

निग्रह पुं० निरोध, बन्धन, ग्रहण, दबाना, कैद, पराजय, दण्ड, नाश; restraint, bond, suppression, imprison-

ment, defeat, punishment, destruction : विग्रहे प्राणनिग्रहः 'युद्धे नाशः'. Cp. निग्रहप्रग्रहौ 'निग्रहानुग्रहौ'. —स्थान न० पराजय की स्थिति; condition of defeat.

निग्राह पुं० आक्रोश, तिरस्कार, दण्ड; censuring, punishment : निग्राहस्ते भूयात्. निग्राह्य वि० निवर्तनीय, दण्डय; to be returned or restrained.

निघ (1) वि० जितना विस्तीर्ण उतना ऊंचा ; anything whose height and circumference are equal : निघानिघतरुच्छन्नः 'समारोहपरिणाहतद्भिन्नारोहपरिणाहवन्तो वृक्षास्तैश्छन्नः'. (2) —घः पुं० वृक्ष, गेंद, पाप ; tree, ball, sin.

निघट्टित [√घट्ट 'चलने', घट्टयति] वि० रगड़ा ; rubbed.

निघर्ष पुं० रगड़ ; friction. Cp. निघृष्टम् 'परीक्षितम्' ठोक बजा कर देखा ; thoroughly examined.

निघस पुं० आहार ; food=न्यादः, आहारः.

निघात पुं० अनुदात्त, सर्वानुदात्त ; anudātta, low tone= negation of udātta. निघातिका स्त्री० ठप्पा ; seal, impression.

निघृष्व [√घृष् 'संघर्षे'] पुं० खुर, सुम ; hoof.

निघ्न [√हन्] वि० अधीन, वश में ; dependent, obedient. निघ्नान वि० घातुक ; prone to kill.

निचय [√चि] पुं० घन-संचय, संग्रह, ढेर, प्रकर, भण्डार ; collection, heap, host, store-room. Cp. शरीरनिचयः 'शरीरस्यावस्थितिः'. निचाय पुं० रास, ढेर, कूंदड़ा ; heap : एकस्तण्डुलनिचायः one heap of rice.

निचाय्य विचार कर ; thinking, observing.

निचित वि० नितराम् अर्जित, उपार्जित, राशीकृत, दृष्ट, ज्ञात, निश्चित, व्याप्त ; earned very well, seen, known, collected into a mass, pervaded : निचितं खम्. निचिर वि० ध्यानी ; attentive.

निचुल पुं० ऊपरी वस्त्र, ओढ़न ; upper garment, cover. निचुलित वि० निगूहित, आच्छादित ; covered, concealed.

निचेतृ वि० द्रष्टा ; observer. निचेय वि० संग्राह्य धान्यादि ; to be gathered.

निचोल पुं० रुईदार मिर्जई, पलंगपोश; quilted jacket worn as arrow-cover, bed-cover. निचोलक पुंन० प्रच्छदपट, जाकट ; wrapper, jacket.

निच्छिवि =मल्लः=मल्लः.

√निज् ['शुद्धौ', नेजति, नेजित] धोना ; to wash. नि-ज [√जन्] वि० अपना, स्वाभाविक, निसर्गज, अपने देश, गुट या दल का ; innate, natural, native, own, of one's country or party. Cp. निजः सर्गः 'स्वस्मादनन्यः सर्गः सृष्टिः'.

निजघ्नि [√हन्] वि० घातक; killer. निजिघृक्षु [निग्रहीतुमिच्छुः] वि० वश में करने की इच्छा वाला, दण्ड देने की इच्छा वाला ; one desiring to bring under control, one desiring to severely punish. निजुहूर्षु [निह्नोतुमिच्छुः] वि० गोपनेच्छुक ; one desiring to conceal.

निटिलाक्ष पुं० मस्तक में आंख वाला 'शिव' ; Śiva having an eye in the forehead.

नितम्ब [√स्तम्भ्, निष्टभ्नाति जननेन्द्रियम्] पुं० चूतड़, नदीतट; buttocks, bank of river. नितम्बिनी स्त्री० पृथुलनितम्बा, रुचिर-नितम्बा ; having large and rounded hips.

नितराम् क्रिवि० पूर्णतया, सुतराम्, पूरी तरह; wholly, entirely, completely.

नितान्त [नि-तान्त √तम्] —म् क्रिवि० अतिशयेन, अत्यन्त ; excessively.

नित्य [नि-त्य, cp. निष्ट्य=निस्+त्य] वि० भीतरी, अपना, सतत, नियत, अपरिहार्य, निरत : धर्मनित्यः 'धर्मनिरतः', आवश्यक, ध्रुव, स्थायी ; interior, own, constant, obligatory, permanent. —म् —शस् ['नियमेन'] क्रिवि० सदा ; always : 'नियतं ध्रुवं नित्यम्'. Cp. नित्यादेयधनः 'नित्यं सर्वथा अदेयं धनमस्य'.

नित्यकर्मन् न० प्रतिदिन का कृत्य; to be observed daily : संध्या 'morning and evening prayer', तर्पण : 'presenting libations of water to the Manes or Pitṛs', बलिवैश्वदेव : 'an offering to all the deities' (by offering a little food into fire before taking meals), अतिथिसेवा : 'hospitality', वेदपाठ : 'study of the Veda', होम : 'making an oblation to the gods by offering ghee into fire'=देवयज्ञः.

नित्यकाल पुं० अविच्छिन्न काल ; uninterrupted time. —म् क्रिवि० सदा ; always. नित्यदा क्रिवि० always= नित्यशः. —नर्त [नित्यः संततो नर्तः नर्तनं यस्य] पुं० शिव; Śiva devoted to dancing. —प्रलय पुं० निद्रा; sleep. —प्रश्न पुं० ब्रह्मयज्ञ; holy sacrifice=Vedādhyayana. —युक्त वि० नित्योद्योगी, नित्यासहित; constantly occupied, constantly in samādhi; opposed to युञ्जान or यतमान. —यौवना स्त्री० Draupadī, who was ever young. —शय वि० नित्य संनिहित ; always at hand : इह नित्यशया देवाः [MBh. III. 125.20]. —श्राद्ध न० दैनिक श्राद्ध ; śrāddha offered daily. —सलिल [नित्यं सलिलवन्निर्मलः] पुं० Viṣnu, serene like water or ever devoted to water. —समास पुं० सदा-समास; necessarily compounded : जमदग्नि, जयद्रथ etc. —स्नायिन् वि० सदा स्नान करने वाला ; devoted to sacred ablutions. नित्यानुग पुं० कुल-

क्रमागत अनुचर ; family servant of old standing. नित्योदकिन् वि० सदा स्नानाचमनादि करने वाला ; one who regularly sips water and bathes.

निदग्ध [√दह्] वि० झुलसा, खाक हुआ ; burnt down.

निदर्शक वि० प्रदर्शक ; explaining. निदर्शन (1) नवि० ज्ञापक, बोधक, उदाहरण ; pointing, declaring, example, instance. (2) —म् न० प्रतिपादन, कथन, प्रत्यय ; showing, saying, knowledge. Cp. न्यदर्शयम् 'प्रत्यबोधयम्'. —ना स्त्री० एक अलंकार, जहाँ दो सदृश वाक्यार्थों में ऐक्य का आरोप होता है : "वाक्यार्थयोः सदृशयोरैक्यारोपो निदर्शना । या दातुः सौम्यता सेयं पूर्णेन्दोरकलङ्कता ॥" [अप्पयदीक्षित] ; 'क्रिययैव तदर्थस्य विशिष्टस्योपदर्शनम्'; अभवन्वस्तुसंबन्ध उपमापरिकल्पकः [KPr. X.97] ; a figure of speech in which identity is evolved of two alike things coming in two sentences : illustration.

निदाघ [√दघ्, √दह्] पुं० ग्रीष्म, प्रस्वेद ; summer, perspiration : निदाघकालः='उष्णगः'. निदाघधामन् पुं० सूर्य; sun. निदान पुं० [√दा 'बन्धने', दोहनकाले गवां पादबन्धनी रज्जुः] न० पट्टी, रस्सी, आदिकारण, कारण ; band, rope or halter, primary cause, cause.

निदिग्ध [√दिह्] वि० लिपा, पुता; smeared, plastered. निदिध्यासन [√ध्या सन्नन्त] न० गहरी समाधि, गहरा चिन्तन, अविक्षिप्त मन से सतत भावना ; profound or deep meditation.

निदेश पुं० नियोग, आदेश, आज्ञा, शासन : निदेशे वर्तमानानाम्, [MBh. I.74.], सामीप्य ; order, command, rule, vicinity, proximity. निदेशकारिन् पुं० भृत्य ; servant.

नि √द्रा [निद्रायति] सोना ; to sleep. निद्रा स्त्री० नींद, संकोचन; sleeping, contraction. Cp. जम्भनी 'तन्द्रा'. निद्राण न० निद्रा; sleep. निद्रालु वि० शयालु ; prone to sleep, sleepy. निद्रावृक्ष पुं० अन्धकार ; darkness. निद्रित वि० सुप्त ; asleep.

निधन [√धा] (1) वि० निर्धन ; poor. (2) —म् न० एक स्थान पर बस जाना, घर, कुल, परिणति, मरण, अन्त; settling, residence, family, conclusion, end : तस्य वाक्यस्य निधने [अन्ते, सद्य एव—MBh. XIV.8.26], death, destruction. —क्रिया स्त्री० अन्त्येष्टि ; funeral ceremony.

नि √धा [निदधाति, -धत्ते, -हित] नीचे रखना, लगाना (मन), मान जाना ; to put down or before, direct (mind), consent.

निधान न० नीचे रखना, निक्षेप, जमा करना, त्यागना : दण्डनिधानम् 'हिंसात्यागः' [MBh.], पात्र, सुरक्षस्थान, भूमि में निखात धन, खजाना : मौक्तिकनिधानम् [Mṛc. V.45], निधि ; putting down, depositing, giving up, receptacle, treasure. —कुम्भ पुं० धन-कलश; jar full of wealth. —गर्भा स्त्री० धनगर्भा (धरती) ; having treasure inside (earth).

निधि [√धा] पुं० निक्षेप द्रव्य, कोश, खजाना, भण्डार, शिव ; deposit, treasure, wealth, treasury, store-house, reservoir, epithet of Śiva : अक्षरैश्वर्यः. निधिपा वि० निधिरक्षक; guardian of treasure. निधिः 'वेदार्थविचारग्रन्थो मीमांसा' [MBh.].

निधुवन [√धू] न० सुरत ; coitus. —लीला स्त्री० सुरतविलास ; sport in coitus=निधुवन-विलसितम्.

नि √धू [धूनोति] झाड़ना ; to shake to and fro.

निधेय (1) पुं० घट, धड़ा ; balance, pair of scales. (2) वि० जो रखना है ; to be put.

निध्यात वि० देखा; seen : सुष्ठु न निध्यातो रात्रौ [Mṛc.VI]. निध्यान न० निर्वर्णन, दर्शन ; the act of observing. निध्वान पुं० ध्वनि; sound. निनद पुं० नाद, ध्वनि, ध्वान; sound=निनादः. निनद्ध [√नह्] वि०बंधा; tied down.

निनित्सु [निन्दितुमिच्छुः] वि० निन्दा करने का इच्छुक ; wishing to revile.

निनीषा [नेतुमिच्छा] स्त्री० ले जाने की इच्छा, लिप्सा; desire to take away, desire to take.

√निन्द् ['कुत्सायाम्', निन्दति, निन्दितम्=अपकृष्टम्] निन्दा करना ; to blame. निन्दक वि० निन्दा करने वाला ; blaming, censuring. निन्दा स्त्री० अविद्यमान दोषों का अभिधान, बुराई; blame, censure. निन्दित वि० अधिक्षिप्त; defamed, blamed. निन्द्यकर्मन् न० बुरा काम ; vile act. निन्द्यता स्त्री० अपमान ; disgrace.

निप [√पा] पुंन० घड़ा, गगरी ; water-jar. नि √पत् [निपतति, निपातयति णि०] नीचे को उड़ना, गिर पड़ना; to fly or fall down.

निपतन न० गिरना ; falling down, falling. निपतित (1) वि० डूबा, नीचे गिरा, क्षीण : ऋद्धि निपतितामिव [Rām. IV.15.34] ; sunk, fallen down, diminished. (2) —म् न० पिच्छल भूमि ; slippery ground.

निपत्या [निपतन्ति अस्याम्] स्त्री० पिच्छल धरती ; slippery piece of ground.

निपरण [√पृ] न० पितरों को भात आदि चढ़ाना; offering rice etc. to the deceased ancestors.

निपात (1) पुं० पतन, गिरावट, व्याकरण में प्रादि ; falling or coming down, downfall, particle. (2) वि० आनुषङ्गिक; incidental. Note निपाताः 'उल्कापातभूमिकम्पादयः', उत्पाताः 'गृहगुदादयो धूमकेत्वादयश्च'. निपातन न० गिराना, मारना, पछाड़ना, व्याकरण में अपवाद-रूप शब्द;

throwing down, killing, overthrowing, an irregular or exceptional word in grammar (=prescribed by Pāṇini).

निपान [आहावः] न० जलपान-योग्य स्थान, कूपोपान्तस्थ क्षुद्रजलाशय ; watering place.

निपारक वि० मृतकों को भात चढ़ाने वाला ; one who puts down or offers rice to the deceased ancestors.

निपिष्ट वि० पिसा, नष्ट हुआ ; crushed, destroyed. **निपीडन** न० निचोड़ना, सताना मार डालना ; pressing, oppressing, oppression, killing: निपीडयति 'हन्ति'.

निपुण वि० कुशल, दक्ष, प्रवीण, पूर्ण ; clever, skilful, complete : 'निपुणां शुद्धिमिच्छताम्' [Manu. V.61]. —म् क्रिवि० सम्यक्तया, भली प्रकार ; well. —संवृत वि० चतुराई के साथ छिपा या ढका ; skilfully covered or concealed.

निपुर् स्त्री० लिङ्ग-शरीर ; abstract body. **निपूत** वि० छना; strained.

निबद्ध वि० कस कर बंधा या बांधा, प्रसिद्ध; tied down, well-known : व्याहारा निबद्धाश्चानिबद्धाश्च.

निबन्ध पुं० निबन्धन, प्रबन्ध, ग्रन्थ ; fastening, essay, a literary composition.

निबन्धन न० बन्धन, बेड़ी, वीणा का उपनाह, परवशता, कारण ; binding, fetter, that part of the lute where cords are fixed, dependence, cause, origin : यार्थान्तराभिव्यक्तौ वः सामग्रीष्टा निबन्धनम् [as cause].

निबर्हण [√बृह् 'वृद्धौ', बृहति, बर्हति, बृढ] (1) न० मारना, नष्ट करना, दूर करना; killing, dispelling, taking away. (2) वि० नाशकारी ; destroying. **निबर्हित** वि० अपगत ; removed : निबर्हितांहसा 'दूरीकृतपापेन'.

निबिड वि० घना, कसा, ठोस, संकुल, परिपूर्ण, अवगाढ, आपस में सटा, दृढ; dense, compact, crowded together : निबिडचैत्य-ब्रह्मघोषैः 'वैदिकजनसंकुलेषु यज्ञस्थानेषु वेदानां पाठैः' [MBh. XII.12], close, full=निबिरीस

निबोध पुं० अर्थतः ज्ञान ; deep understanding.

निभ [√भा] पुंन० छल, व्याज, मिस; pretext, appearance 'भिक्षानिभेन द्रक्ष्यामि ताम्'. —भा स्त्री० 'उपमा'.

निभृत वि० भीत ; frightened.

नि √मज्ज् [निमज्जति, निमग्न] डूबना, गोता मारना, पानी में पैठना ; to sink down, dive, plunge into water. **निभृत** वि० नीचे रखा, विजित, निश्चल, गुप्त, नियतेन्द्रिय, विनयोपपन्न, पूर्ण, स्थिर : निभृताचारः 'निश्चलधर्मानुष्ठानः' ; borne or placed down, humbled, steady, concealed, secret, self-controlled, modest, full, firm. —तम् क्रिवि० चुपचाप, लुके-छिपे ; secretly.

निमग्नक वि० भीतर धंसा; entering deep into the flesh [MBh. I.140].

निमज्जथु पुं० शयन ; sleeping (with a woman). **निमज्जन** न० स्नान, डुबकी, डूबना; bathing, sinking.

नि √मन्त्र् ['गुप्तपरिभाषणे', मन्त्रयते] न्यौतना; to invite. **निमन्त्रक** (1) वि० न्यौतने वाला ; inviter. (2) —कः पुं० बुलावा देने वाला दूत; messenger. **निमन्त्रण** [नियोगकरणं, प्रवर्तनम्] न० आमन्त्रण, न्यौता, उपमन्त्रण ; invitation. **निमन्त्रितः** 'भोजनार्थं नियोजितः'.

निमय [√मी 'गतौ', माययति, मयति] पुं० अदला-बदली, विनिमय ; exchange.

निमा [√मा 'माने', मायते] स्त्री० परिच्छेद ; measure. **निमातव्य** वि० विनिमेय ; to be exchanged. **निमान** [येनाधिगम्यते तत्] न० माप, मूल्य ; measure, price; but **निमेयम्** 'यदधिगम्यते'.

निमि पुं० सूर्यवंश का एक राजा ; name of a king of the solar race.

निमित [√मी] वि० जमाया, निर्मित ; fixed, erected.

निमित्त [√मिद् 'स्नेहने', मेदति, मेदते, मिन्दयति, मिन्दते] न० निशाना, प्रयोजन, लक्ष्य, कारण ; target, motive, cause. Cp. **निमित्त-मरणः** 'नाशवान्'. —**सव्यपेक्ष** वि० निमित्त की अपेक्षा वाला ; dependent on cause.

नि √मिष् ['स्पर्धायाम्', निमिषति] आंख मंद लेना, सो जाना; to close eyes, fall asleep.

निमेय वि० क्रेतव्य ; to be purchased : यदधिगम्यते तत्.

निमेष [अक्षिपक्ष्मणोः संयोगजनकं कर्म ; तयोर्विभागजनकं कर्म उन्मेषः] पुं० नेत्र-संकोचन, क्षण; winking, a moment.

निमीलन [√मील् 'निमेषणे'=संकोचे, मीलति] न० मुद्रण, झपकना, प्रलय ; winking, shutting the eyes, dissolution=निमीला. **निमीलित** वि० मुद्रित; closed.

निमूलकाषं कषति [निगतं मूलमस्य निमूलम्] जड़ तक घिसता या नष्ट करता है ; rubs or destroys down to the root.

निम्न [नि √म्ना] (1) वि० नीचा, गहरा, गंभीर ; low, deep. (2) —म् न० नीची जगह ; depth, low land.

निम्नगा स्त्री० नदी; river. **निम्रुक्ति** [√म्रुच्] स्त्री० सूर्यास्त; sunset=निम्रोचनम्.

नियत [√यम्] (1) वि० निगृहीत, शमादिमान्, संयत, शौचादिपर, ध्रुव, स्थिर, आचारनिष्ठ, तपस्वी ; held back, tied, self-controlled, devoted to purity, steady, firm, observing rules of life, ascetic : प्रयतो नियतो मुनिः [Rām. VI]='प्रयतः परिशुद्धः, नियतः, नियमवान्, मुनिः मौनी'. (2) —म् न० संध्योपासनादि अवश्यानुष्ठेय कर्म ; *obligatory observances like* Saṁdhyā. —म् क्रिवि० 'नियमेन, अनिवार्यरूपेण ; invariably, always. Cp. **नियताहारः** 'निगृहीतः आहारो

विषयभोगो येन सः'.

नियति [सर्वपदार्थेष्वनुगताकारनियमनशक्तिः] स्त्री० विधि, अदृष्ट, नियमरूप तत्त्व ; a fixed order in things, fate, destiny.

नियतात्मन् वि० जितचित्त, निगृहीतचित्त, शिक्षितमनस्, वशी, संयतेन्द्रिय ; self-controlled=नियतमानसः.

नियताप्ति स्त्री० प्राप्ति का निश्चय ; certainty of success : one of the five stages in a drama.

नियतेन्द्रिय वि० संयतेन्द्रिय ; one who has controlled his senses.

नियन्तृ पुं० सारथि, शासक, पशुओं को हांकने वाला अथवा पशु-प्रेरक, गजारोही, परब्रह्म ; charioteer, governor, one who drives cattle, elephant-rider, Supreme Being.

नि √यम् ['उपरमे', नियच्छति, नियत, नियमयति] रोकना, बांध लेना, छिपाना ; to stop : किं कोपं न नियच्छसि 'अपनयसि', bind, conceal : न प्रकृतिं स्वां नियच्छति [MBh. XIV.48] 'स्वकीयां योनिं गूहितुं न शक्नोति'.

नियम पुं० निरोध, साधना, सीमित करना, 'सत्यं वदेत्' इत्यादि विधि, कर्तव्य, व्रत, योग के 5 नियम, संहार अथवा संहरण ; restraining, taming, limitation, fixed law, obligation, vow : स्नानं मौनोपवासेज्यास्वाध्यायोपस्थनिग्रहाः । नियमो गुरुशुश्रूषा शौचाक्रोधाप्रमादता ॥ [Manu. IV.204], religious observances at the second stage of Yoga : 'शौचसंतोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः' [Pat. Yoga, Sādhanapāda 32], withdrawal : नियमः संहारः विसर्गः उत्पत्तिः. Note नियमेन्द्रियवर्धनः 'नियमैः निग्रहैः इन्द्रियाणां वर्धनः हिंसकः' =लब्धसमाधिः शिवः.

नियमन न० दमन ; checking, restraining. **नियमित** वि० संयत ; restrained, disciplined. **नियम्य** वि० निरोध्य, शासन-योग्य ; to be restrained, to be instructed. **नियामक** (1) वि० नियन्त्रण करने वाला ; controlling. (2) पुं० कर्णधार ; oarsman.

नियुक्त वि० व्यापृत, संलग्न, लगाया, अधिकृत, आदिष्ट, प्रार्थित; engaged, attached, appointed, charged, ordered, requested.

नि √युज् ['योगे', नियुनक्ति, -युङ्क्ते, नियुक्त] जोड़ना, बांधना, लगाना ; to fasten, bind, appoint.

नियुत न० बहुत भारी संख्या ; very large number, 10000 0000000. See संख्या.

नियुद्ध न० बाहुयुद्ध, मल्लयुद्ध ; a close fight, wrestling.

नियोक्तृ पुं० स्वामी ; master (one who appoints).

नियोग पुं० कसकर बांधना, नियुक्ति, उपयोग, निवेदन, आज्ञा, आदेश, कर्तव्य, अवश्यंभाव, दैवयोग, अवधारण, आवश्यकता, वह प्रथा, जिसके अनुसार एक विधवा अपने देवर से पुत्रोत्पत्ति के लिये संसर्ग करती है; fastening, use, order, commission (cp. नियोगश्चानुयोगश्च etc., Bṛhad. 1.36), request, necessity, certainty, chance, providence, custom of marrying a widow of deceased brother to his younger brother to get a son. Cp. नियोग-भाक् 'आज्ञापालकः'.

नियोगिन् पुंवि० अफसर, अधिकारी, कामदार, ओहदेदार, शासक; officer, functionary.

नियोजन न० रोकना, बांधना, जोड़ना; the act of controlling, tying or fastening. **नियोज्य** 'नियोक्तुं शक्यः' दे० प्रयोज्य.

निरंशु वि० हतप्रभ ; of diminished lustre, lustreless. **निरक्षर** वि० अपढ़ ; illiterate. **निरङ्कुश** वि० स्वतन्त्र, अमर्याद, उच्छृङ्खल ; having no restraint, independent. **निरञ्जन** वि० मायारहित, निर्गुण ; free from illusion or blemish, having no attributes.

निरत [√रम्] वि० आसक्त, प्रसित, उद्यत, एकाग्र ; attached, devoted to, ready for, concentrated. **निरति** [नितरां रतिः] स्त्री० आसक्ति ; attachment.

निरत्यय वि० निर्विघ्न, निर्बाध, अविनाशी, सतत ; without hindrance or risk, without lapse or end, continuous : निरत्ययं साम न दानवर्जितम् [Kirāta. I].

निरनुक्रोश वि० निर्दय ; pitiless ; opp. to सानुक्रोशः 'दयावान्'.

निरन्तर वि० अव्यवहित, सतत, घना, घिनका,, लगातार ; without any intermediate space, having no interval, closely contiguous, close, constant. **रसभावनिरन्तरः** having uninterrupted sentiment and states of mind [Daśa.I.114]. **निरन्तराल** वि० निरवकाश, ठोस, निविड ; without interval or interstices, close, dense. **निरन्न** वि० भूखा ; hungry= निरशनः.

निरन्वय वि० आकस्मिक, अननुबद्ध, असंबद्ध, निःसंतान ; unconnected, unrelated, having no progeny. **—जने वने** [नरसंचाररहिते वने] 'in a wild forest'. **—विनाश** पुं० बिना अवशेष छोड़े वस्तु का विनाश; destruction of a substance without continuity of its essence in any form (as maintained by the Vaiśeṣikas).

निरपवर्त वि० न लौटने वाला ; not turning back. **निरपत्रप** वि० निर्लज्ज ; shameless.

निरपराध (1) पुं० अपराधशून्यता ; innocence, faultlessness. (2) वि० निरपराध, निष्पाप; faultless, guiltless.

निरपह्नव [प्रकृतगोपनमपह्नवः निरस्तोऽपह्नवो यस्मात्] वि० अपह्नव से उन्मुक्त ; free from concealment.

निरपाय वि० अपाय अथवा संकट से उन्मुक्त, नष्ट न होने वाला ; free from failure or danger, free from harm or evil, free from decay. —**संश्रय** वि० पुनरावृत्ति से स्वतन्त्र है प्राप्ति जिसकी ; after attaining which one is not born again.

निरपेक्ष वि० बेलिहाज, स्वतन्त्र; regardless, independent. —**क्षम्** क्रिवि० बिना लिहाज ; not depending on.

निरमण वि० गत-यौवन ; past youth. **निरमित्र** वि० अजातशत्रु ; having no enemy.

निरय [√इ] पुं० बन्धन, दुःख, नरक ; captivity, misfortune, distress, hell : **निरयप्रख्यम्** 'नरकतुल्यम्'.

निरर्गल [अवारित-द्वारम्] वि० खुले दरवाजे वाला, बेरोक, स्वतन्त्र ; with door open, unbarred, unrestrained. **निरर्थ** वि० अर्थहीन, धनहीन ; void of meaning, void of wealth. —**क** वि० उपयोग-रहित, निरुपभोग, निर्लाभ, अर्थरहित ; useless, unprofitable, without enjoyment, meaningless. **निरवकाश** वि० अवकाश रहित, पूर्णतः उद्युक्त ; having no space to move about, without *leisure*, fully engaged. **निरवग्रह** (1) वि० प्रतिबन्धरहित, स्वतन्त्र ; checkless, unrestrained, free. (2) —**हः** पुं० Śiva 'प्रतिबन्धशून्यो मनोरथवृष्टिदाता'. Cp. अवग्रह. **निरवद्य** वि० निर्दोष, निष्पाप ; *innocent, guiltless*. **निरवशेष** वि० संपूर्ण ; complete, whole. **निरवसान** न० बहिष्करण, छेक देना, *हुक्का-पानी गिरा देना ; banishing from the four* Varṇas. **निरवसाययन्ति** 'पृथक् कुर्वन्ति'. **निरवसित** वि० बहिष्कृत ; outcast.

निरश्व वि० अश्वरहित; without a horse. **निरस** वि० रसहीन ; without flavour, insipid.

निरसन [√अस् क्षेपणे; निरास्यत् 'उपेक्षिष्ट' √स्था] न० फेंक देना, उपेक्षा करना; to put aside or away. **निरस्त** वि० फेंका, जल्दी में बोला वचन, खण्डित, विनष्ट ; thrown away, put aside, speech spoken in haste, thrown out or away, banished, removed, refuted, destroyed. **निरहंकार** वि० अहंकार-रहित ; free from pride or egotism.

निराकरण न० अपहस्तन, खण्डन ; repudiation. **निराकरिष्णु** वि० निराकर्ता, खण्डयिता, शत्रुजेता ; expelling, repudiating, conquering enemies. **निराकार** वि० आकार-रहित ; shapeless, formless. Cp. **निराकारा** 'लज्जया पापाणभूता अहल्या'. **निराकुल** वि० अनुद्विग्न, शान्तचित्त ; serene, unagitated, not confused.

निराकृति वि० निराकार, कुत्सवेश वाला, अश्रोत्रिय, अध्ययनादिहीन, मूर्ख, व्रतहीन, पञ्चमहायज्ञानुष्ठान-रहित ; *shapless*, in a bad form, not studying scriptures, a fool, one not observing rites, one not performing the five mahāyajñas : Brahmayajña, Devayajña, Pitṛyajña, Manuṣyayajña and Bhūtayajña.

निराक्रन्द वि० रोने-धोने से आजाद, सहायक या संरक्षण से रहित, हिंस्रभयरहित ; a place or person where no crying or complaint is heard, one having no help or protection, free from fear of wild animals. Note अनाक्रन्दः 'मित्ररहितः' अनन्तरः 'बन्धुजनहीनः'. **निराक्रिया** स्त्री० अपसारण ; removol. **निराक्रोश** वि० आक्रोश से परे, वाणी का अविषय, अनभियुक्त ; beyond the ken of speech, unaccused.

निरातङ्क वि० निर्भय ; free from fear. **निरात्मन्** वि० निःस्वरूप; having no form. **निरादर** पुं० अनादर; disrespect. **निरादान** वि० अप्रतिबद्ध; free [√दा 'bind'], दूर करने में असमर्थ ; not able to keep off [√दा 'cut']. **निरादिष्ट-धन** वि० निसृष्टधन, ऐसा प्रतिभू, जिसे अधमर्ण ने उतना धन दे दिया है जितने के लिये कि वह *जामिन बना है ; paid off that amount for which* a surety committed himself. **निरादेश** वि० वार्तासंचाररहित प्रदेश ; *a place devoid of communication*. **निरानन्द** वि० उदास, उचाट, सुस्त, दुःखी ; cheerless, joyless, sad.

निराबाध [निर्गतः आसमन्तात् बाधो यस्मात्] वि० निर्बाध, प्रतिबन्धरहित; *having no obstruction*. **निरामय** (1) वि० नीरोग; free from diseases. (2) —**म्** न० कुशल ; well-being, healthfulness : **यज्ञस्य च निरामयम्** 'यज्ञस्याविकलत्वम्' [Rām.]. **निरामिष** वि० मांसरहित ; without meat.

निरायत वि० अतिदीर्घ ; very long. **निरायतन** वि० बेघर ; without a house. **निरायुध** वि० शस्त्रहीन ; weaponless. **निरारम्भ** वि० उदासीन; disinterested. **निरालम्ब** वि० निःसहाय, बेसहारा, स्वतन्त्र, एकाकी ; giving or having no support, hanging in the air, independent, alone. —**पदावलम्ब** वि० सब का आश्रय, आश्रित किसी पर नहीं ; support of all. **निरालोक** वि० आलोकरहित, अवकुण्ठिताननः dark, with faded face. **निराविशन् लोके** [MBh. XII.194.63] 'लोके सम्यगभिनिवेशं कुर्वन्' ; greatly attached to the world. **निरावृत्ति** वि० आवरणरहित, नंगा ; *with no covering* or clothes, naked.

निराश [निस्-आशा, निरस्ताशः] वि० नाउम्मेद ; devoid of hope, despairing. **निराशिष्** वि० निष्काम, काम्यकर्म-*त्यागी ; free from desire*. Cp. **निराशीर्बन्धनः** 'इच्छापाशशून्यः', निराशीः कर्म 'निष्काम कर्म'.

निराश्रय वि० बेसहारा; supportless. निरास (A) [√अस् 'क्षेपणे'] —सः पुं० निरसन, खण्डन, नाश; *refutation*, destruction. (B) [√आस् 'sit'] वि० अप्रतिष्ठ, बेसहारा; having no place of abiding, having no support. Cp. निरासः 'अप्रतिष्ठः कापत्वादिदोषाद् गार्हस्थ्यं कर्तुमशक्तः' [MBh.].

निरावह [ह्वे] पुं० बुलावा; call.

निराहार (1) पुंन० आहार का अभाव; want of food. (2) वि० आहारहीन, विषय-भोगरहित; fasting, one above the senses.

निरिङ्ग[न] वि० अचल; motionless. निरित्वर [निस्-इ-] वि० बाहर जाने वाला; prone to go out. निरिन्द्रिय वि० शक्तिहीन, पोच, बोदा, निर्बल; destitute of manly vigour, weak.

निरीक्षण न० अवलोकन, निहारना, ध्यान से देखना; looking at, seeing, inspecting. निरीक्षा स्त्री० दर्शन; view, sight. निरीति-क [निस्+ईति] वि० निरुपद्रव, निर्बाध; free from hindrance or molestation; for ईति cp. अतिवृष्टिरनावृष्टिर्मूषकाः शलभाः खगाः। अत्यासन्नाश्च राजानः षडेता ईतयः स्मृताः॥. निरीष वि० हलस-रहित हल; a plough without pole. निरीह वि० निश्चेष्ट, वितृष्ण; effortless, having no desire. निरीहावस्था: 'निस्पृह-दशा'.

निरुक्त (1) वि० आख्यात, कथित; spoken out. (2) —म् न० पदपदार्थप्रतिपादक निर्वचनात्मक व्याख्या, यास्ककृत निरुक्त; etymological interpretation of a word, the book on etymology attributed to Yāska. निरुक्ति ['निरुक्तिर्योगतो नाम्नामन्वर्थत्वप्रकल्पनम्'] स्त्री० व्याख्या, निर्वचन; etymological interpretation of a word. Note निरुच्यते 'उत्कृष्टत्वेन कीर्त्यते' [MBh. XII], निरुच्छ्वासः 'उच्छ्वासानवसरवान्'. निरुत्तर वि० उत्तर-रहित, बे-जवाब, जिसके ऊपर कोई नहीं है; answerless, having no superior.

निरुत्साह (1) वि० आलसी, सुस्त, निरुद्योग; indolent. (2) —हः पुं० सुस्ती, आलस्य; absence of effort. निरुदर वि० अतुन्दिल, तनुमध्य; slender-waisted. निरुद्धप्रकाश पुं० शिश्न-छिद्र का इतना संकोच कि उसमें से वीर्य न निकल सके; contraction of the opening of the penis. निरुद्यति वि० निरुद्योग; lazy. निरुद्राव वि० निश्चल, स्थिर; not moving, steady or permanent. निरुन्माद वि० शिष्ट, विनीत; modest: धनिनोऽपि निरुन्मादाः. निरुपक्रम वि० निर्व्यापार, मन्द-व्यापार; of slow effort or of no effort. Cp. निरुपक्रमं सोपक्रमं च कर्म [Yogavā. III. 32]. निरुपपद वि० उपपदरहित; lacking title: निरुपपदं नाम. निरुपप्लव वि० क्रूरग्रहानाक्रान्त; not subjected to the evil grahas. निरुपम वि० अनुपम; peerless. निरुपस्कृत वि० (A) *गुणाधानमलापकर्षणात्मकसंस्कारहीन*, असंस्कृत; not refined. (B) अनिन्द्य; blameless: एष इदानीं निरुपस्कृतस्य तेजसो दोषः [Pratijñā, II.]. (C) भोगवर्जित; not enjoyed [MBh. XII]. निरुपाख्य वि० निर्वक्तुमशक्य, अनिर्वचनीय, अज्ञेय, अप्रत्यभिज्ञेय; not to be explained, not to be known or recognised. निरुपाधि वि० उपाधि-शून्य; without attributes or qualities.

निरूढ [√रुह्] वि० प्रसिद्ध; famous. निरूढि स्त्री० लोक में चलन; currency of words: शब्दा निरूढिमागताः.

नि √रूप् [-पयति] मञ्च पर सांग भरना, विचारना, ढूंढना, दिखाना, व्याख्या करना; to represent (on stage), ascertain, consider, search, show, explain. निरूपण न० विविक्ततया विचारण, विचार; defining, investigation. निरूष्मता स्त्री० निष्प्राणता, मृत्यु; lifelessness, death.

निर्ऋति (1) स्त्री० अवनति, दुर्भाग्य, विनाश, मृत्यु, प्रलय; decay, bad luck, destruction, death, dissolution. (2) —तिः पुं० नैर्ऋत्य दिशा का अधिपति; ruler of the south-west: निर्ऋति-देशः; 'दक्षिण-पश्चिमः'. (3) वि० निरुपद्रव; a direction free from troubles.

निरोङ्कार पुं० शूद्र; Śūdra, not entitled to repeat *Om*. निरोध पुं० रोक, गृहादिसंवृतप्रदेश, बन्दिश, बाधा, निग्रह; check: नीते रत्ने भाजने को निरोधः [Pratijñā. IV], confinement, suppression, locking up. निरोधन (1) वि० प्रतिबन्धक, निषेधक; confining, refusing. —म् न० रोक; beneficial prevention [Daśa. I.60 हितरोधो निरोधनम्]. निरोपयति [√रुप् √रुह्] पैवंद चढ़ाता है; transplants.

निर्ग पुं० देश, मण्डल; country, region, district. निर्गत वि० निकला: निर्गते बीजे 'अङ्कुरादिरूपेण निष्पन्ने', उगा, स्वतन्त्र; gone out or come out, arisen, freed. निर्गन्ध वि० गन्धहीन; *inodorous*. निर्गम पुं० मार्ग, निकास, बहिर्भाव, प्रस्थान, उत्पत्ति, वच निकलना; way, outlet, departure, escape: समयो दुःख-निर्गमः, escape from misfortune, deliverance [Daśa. I.103], birth.

निर्गर्व वि० विनीत, शिष्ट; humble. निर्गलित वि० निरिक्त, पिघल कर बह निकला; completely drained, melted out. निर्गुण वि० बिना तागे का, सत्त्व, रजस्, तमस् से रहित, बेगुण; without string, devoid of Sattva, Rajas and Tamas, bad. निर्गुल्म वि० तृण-समूह-मूल पिण्ड-रहित; having no cluster or clump of roots.

निर्ग्रन्थ (1) वि० उन्मुक्त, बन्धन-मुक्त, जिसकी गांठ में पैसा न

द्दो, अकिंचन, एकाकी; freed from all ties, indigent, alone. (2) —न्थः पुं० संन्यासी, क्षपणक, मूर्ख; ascetic, kṣapaṇaka, who has renounced worldly possessions and wanders alone, fool, idiot. —क वि० चतुर, एकाकी ; clever, alone. निर्ग्रन्थिक (1) – कः पुं० नग्न भिक्षु, बौद्ध अथवा जैन भिक्षु ; naked mendicant, a Digambara mendicant. (2) वि० चतुर ; clever. —का स्त्री० भिक्षुणी ; Buddhist female mendicant. निर्ग्राह्य वि० ज्ञेय ; to be known= निग्राह्य.

निर्घट न० भरी मारकीट ; crowded market. निर्घात [√हन्] पुं० उत्पात, विनाश, निर्मूलन, चोट, अशनि [=व्योममुद्गरः], भूम्यन्तरिक्षगत उत्पात-ध्वनि, अशनिध्वनि, वज्रपात, हवा का झोंका ; portent, destruction, rooting out, injury, violent peel of thunder, any severe *stroke in the sky or inside the earth*, thunderstroke, violent gust of wind : यदान्तरिक्षे बलवान् मारुतो मरुताहतः । पतत्यधः स निर्घातो जायते वायुसंभवः ॥ निर्घुष्ट वि० शब्दायमान; sounding. निर्घृण (1) वि० निर्दय, निरनुक्रोश, निर्लज्ज ; merciless, shameless. (2) —णा स्त्री० नृशंसता ; cruelty. निर्घोष पुं० निनाद, ध्वान, गरज, कड़क, आवाज, शोर ; roar, sound, noise. Cp. निर्घोषोपरतम् 'उपरत-निर्घोषम्' राजनिवेशनम्

निर्जन वि० (1) शून्य, सुनसान, विविक्त, विजन; unpeopled, desolate, lonely. (2) —नम् न० सुनसान जगह ; lonely place. निर्जर पुं० अमर, देवता; ageless, gods. —रा गुडूची, गिलोय ; the shrub Cocculus Cordifolius. निर्जरायु वि० केंचुली से बाहर आया सांप; a snake that has cast its skin. निर्जित वि० विजित, पराजित; conquered, subdued. निर्जीव वि० बेजान, मृत ; lifeless, dead. निर्झर [जल-प्रवाहः] पुंन० झर, झरना ; spring. निर्झरिणी स्त्री० नदी ; river.

निर्णतोदरी स्त्री० मुष्टिमध्या; slender-waisted Sītā against 'पृथूदरी', शूर्पणखा. निर्णय [√नी] पुं० फैसला, विचारोपरान्त पक्ष-प्रतिपक्ष द्वारा अर्थनिर्धारण, अनुभूताख्या [Daśa I. 101.]; demonstration of truth after stating reasons both for and against a certain thing, decision. निर्णानिक वि० निर्धन; wretched, indigent : कत्ता-शब्दो [कौड़ी को आवाज] निर्णानकस्य हरति हृदयं मनुष्यस्य [Mṛc. II. 6]. निर्णिक्त [√निज्] वि० निखारा; washed completely or well. निर्णीत वि० निर्धारित ; ascertained, deduced, brought to a conclusion. Cp. अभिनीतार्थः 'निर्णीतार्थः'. निर्णेक [√निज्] पुं० शुद्धि ; purification.

निर्णेजक पुं० धोबी ; washer-man.

निर्दग्ध वि० दाझा या झुलसा, जला ; burnt up.

निर्दय वि० बेदर्द ; pitiless. —निपीडन न० गाढ़ आलिङ्गन ; close embrace. Cp. निर्दयावस्कन्दनम् 'कठोर आक्रमण'.

निर्दर पुंन० विदीर्ण पाषाण, विशीर्णपाषाणरन्ध्र, स्फुटित शैलरन्ध्र ; clefts in a split rock [Rām. III]. Cp. निर्दरशैलः [विदारणरहितः स्थूलपाषाणः] पुं० टूट-फूट से रहित चट्टान; unbroken large stone or a rock [MBh.].

निर्दलन न० दरड़ देना ; splitting, crushing.

निर्दश वि० दस साल या दस दिन से ऊपर का ; more than ten years or ten days old.

निर्दातृ [√दा 'cut'] पुं० निराने वाला ; one who weeds out grass.

निर्दिष्ट वि० आदिष्ट, आज्ञप्त ; pointed out, ordered. निर्देश [√दिश्] पुं० *आदेश, सुझाव, धंधा; order, instruction*, affair, business. —मात्र न० संक्षेपेण कथन; opposed to अनिर्देशः 'विस्तरः'. निर्देह वि० निकृत्तावयव; with limbs badly injured or wounded. निर्दोष वि० दोषरहित ; faultless, guiltless. —शीलवान् 'निवृत्तः *शीलदोषः आचारलाञ्छनं रागादिर्यस्य सः*'. निर्द्वन्द्व [द्वन्द्वेभ्यो निर्गतः, द्वन्द्वानि शीतोष्णमानापमानसुखदुःखादीनि तद्रहितः] वि० द्वन्द्वों से ऊपर, शीतोष्णादिसह, निष्प्रतिद्वन्द्वी ; free from pleasure and pain, free from pairs, having no adversary.

निर्धन वि० गरीब, अकिंचन ; indigent, poor. निर्धर्मार्थ वि० धर्मार्थ-विरुद्ध; contrary to Dharma and Artha. निर्धान [निष्कृष्य स्थापनम्] न० निकालकर रखना, अङ्गादि का अन्तःस्थापन अथवा संकोचन ; to place back the limbs in the body. निर्धार पुं० निर्णय, निर्धारण, निश्चय, विविच्य स्थापन ; determining, defining, ascertaining=निर्धारण. निर्धीत [√धे] वि० निष्पीत; completely drunk.

निर्धुत वि० कम्पित, पीडित, निःसारित; shaken, tormented, thrown out. निर्धूत वि० झकझोरा, अपविद्ध, उड़ाया, निष्कासित, त्यागा, तोड़ा, फैला, व्याप्त ; completely shaken, skaken off, thrown away, raised up : त्वद्वाजिराजीनिर्धूतधूलीपटलपङ्किलाम् , rejected, broken, disowned by kindred, spread, pervaded.

निर्धूनन [√धू] न० तरङ्गों का संपात ; waving. निर्धौत वि० निखारा ; washed out completely.

निर्बद्ध वि० साग्रह प्रार्थित ; asked insistently. निर्बन्ध पुं० आग्रह, दुराग्रह, हठ ; insistence, persistence. निर्बल वि० कमजोर ; weak. निर्बाध वि० बेरोक ; un-

obstructed. निर्बुस वि० भुस-निकला, गाहा-छड़ा नाज ; freed from chaff.

निर्भग्न वि० टूटा-फूटा; shattered. निर्भर वि० अधिक, बेमाप, अत्यधिक, निबिड़, गहरा, पक्का, गाढ़ (निद्रा); abounding, without measure, excessive, deep, dense, firm, sound (sleep). निर्भर्त्सन न० धिक्करण ; threatening, rebuking. निर्भाग वि० भागरहित ; portionless. निर्भाग्य वि० अभागा ; unfortunate. Cp. निर्भजति= renders portionless. निर्भास वि० प्रदीप्त, प्रभावान् ; shining forth.

निर्भित्ति [√भिद्] वि० भेद-रहित ; without diversity. निर्भिन्न वि० भग्न, परिमृष्ट, हटाया, खिला, प्रकाश में आया ; broken, shattered, removed : कुचकलशनिर्भिन्न-वसना, blossomed, manifested, unfolded : गर्भ-निर्भिन्नबीजार्थः [Daśa. I.81].

निर्भुग्न [√भुज्] वि० मुड़ा, टेढ़ा ; bent, distorted. निर्भूति स्त्री० तिरोधान ; vanishing.

निर्मक्षिक न० मक्खियों का अभाव ; absence of flies. निर्मज्ज वि० निरा हाड़-मांस ; fatless, lean and thin. नर्मथन न० मथ डालना, रगड़ना, विनाश ; churning, rubbing, destruction. निर्मथित वि० मथा, ग्रस्त, तिरस्कृत ; rubbed, eclipsed, despised. निर्मथ्नाति अरणी मथ कर आग निकालता है ; produces fire by rubbing the *aranis*.

निर्मम वि० "मैं"-रहित, ममता-रहित, असक्त ; free from ego, free from attachment, disinterested. निर्मर्याद (1) वि० मर्यादा से बाहर, उद्दण्ड, उच्छृङ्खल ; transgressing the limits of propriety, unrestrained, unruly. (2) —म् न० आपाधापी, गड़बड़ ; disorder, confusion. निर्मल वि० स्वच्छ, निखर ; free from dirt or impurities, pure.

निर् √मा ['माने', निर्माति, निर्मिमीते, निर्मित, निर्मापयति] मापना, रचना, बनाना ; to measure out, form, create, build, construct. निर्माण न० रचना, घटन, सर्जन, माप ; making, creation, measuring. निर्माणभाग पुं० ललाट-लिखित भाग्य ; fate formed at the time of birth. निर्मान वि० निरभिमान ; free from pride, humble. निर्मार्जन न० रगड़कर मांजना, भूमि-शुद्ध्यादि ; cleaning, wiping out, washing. Cp. निर्मार्जनीयः 'निर्मार्जनार्हः यतो जातः ततः कुश इति नाम'. निर्माल्य न० देवताओं का उच्छिष्ट, भोगावशिष्ट पुष्प, पवित्रता ; remains of an offering to a deity, purity.

निर्मित [√मा 'fix'] वि० रचा ; fixed, built.

निर्मुक्त (1) वि० केंचुली आदि से छूटा, आजाद हुआ, निकला; freed from slough (snake), attained salvation [जीवन्मुक्त], discharged (arrow). (2) —क्तः पुं० मुक्त-कञ्चुक सर्प ; a snake casting off its slough. निर्मुच्यमान वि० केंचुली छोड़ता हुआ ; casting off slough.

निर्मूल वि० निराधार, बिना टेक का ; rootless, baseless, unfounded. निर्मूलन [√मूल् 'प्रतिष्ठायाम्', मूलति, 'रोहणे', मूलयति] जड़ से उखाड़ फेंकना ; rooting out, eradication. निर्मृष्ट [√मृज् 'शुद्धौ'] वि० मंजा-धुला, साफ किया, सुखमंज ; rubbed out, cleansed, dry-cleansed.

निर्मोक पुं० केंचुली ; cast off skin. —च्छेदः = निर्मोक-खण्डः = निर्मोकपट्टः. निर्मोक्ष पुं० मोक्ष, निःश्रेयस; liberation, salvation.

निर्याण न० प्रयाण, प्रस्थान, मरण, मुक्ति, हाथी का अपाङ्ग, पाद-बन्धनी ; setting out, death, emancipation, outer corner of an elephant's eye, rope for tying an elephant's foot. निर्यात [√या] वि० बाहर गया ; gone out. निर्यातन [√यत् 'निकारोपस्कारयोः' निर्यातयति, —ते] बदला लेना, वैर-शोधन करना, परिहरण, ऋण चुकाना, वस्तु लौटाना ; retaliation, revenge, payment of debt, returning a thing. निर्यात्य [gd. √यत्] 'प्रत्यर्प्य', 'अपकारिणेऽपकारं कृत्वा'. निर्यातितम् 'दापितम्' : राज्यं निर्यातितं मया [Rām. II.75.15]. निर्यातृ [तृणाद्यपनयनेन शस्य-शोधकः] पुं० निराने वाला ; one who removes weeds from the field. निर्यास [निस् √यस् 'प्रयत्ने', यस्यति, यसति ; क्षतप्रसृतवृक्षरसः] पुं० निस्यन्द, गोंद, गुग्गुल, सार ; exudation, gum, a fragrant resin, essence. निर्यासकल्क पुं० कढ़ाया गोंद, क्वाथ ; decoction of exudation from a tree.

निर्यूह पुं० शर्करादि क्वाथ रस, मत्तवारण, उभार, आगे को बढ़ाव, पट्टशाला (जैसे छज्जा), शिखर ; distilled essence of sugar etc., rutting elephant, prominence, projection, turret, peak, top, summit. निर्योग पुं० संघटन : कार्यनिर्योगः, प्रसाधन ; completion, decoration. —क्षेम वि० 'योगक्षेमाभ्यां निर्गतः'.

निर्लक्ष [—क्ष्य] वि० लक्ष्य-विहीन [कांदिशीकः], विधुर; without aim, aimless, dejected. निर्लज्ज वि० बेशर्म, ढीठ; shameless, impudent.

निर्लिखित वि० कामदार (बर्तन आदि) ; scraped, inscribed. निर्लिङ्ग वि० गमक अथवा बोधकरहित ; having no attributes : निरुपाधि ब्रह्म. निर्लुञ्चन न० नोचना, उखाड़ना ; tearing out, plucking (hair). निर्लुठित वि० निर्गत ; gone out : यथा गर्भोऽनिर्लुठितः as embryo inside the womb. निर्लुण्ठन न० लूट ; robbing.

निर्लेखन न० तराशना, छीलना, नक्काशी करना, नक्काशी का औजार; scratching, scraping, instrument for scraping. **निर्लोभ** वि० उदार ; liberal, free from greed=निर्लोभिन्.

निर्वंश वि० एकाकी, छड़ा, नपूता ; without family, having no offspring.

निर्वचन न० व्युत्पत्ति-प्रदर्शन-पूर्वक व्याख्या, प्रशंसा; etymological interpretation, praise. Cp. अनिर्वचनीयः =अनुपाख्येयः. **निर्वण** वि० वृक्षरहित ; deprived of trees : निर्वणं वनम्. **निर् √वद्** निन्दा करना; to revile, censure : न निर्वदति 'न निन्दति' [MBh. IV.4.40]. **निर्वपण** [क्षेत्रे विकिरणं, गर्भाधानं, छेदनं च] न० वखेरना, अपवर्जन, प्रादेशन, दान, त्याग ; scattering, offering, giving or bestowing, presentation of funeral offerings to the Manes, libation. Cp. निरुवाप 'दत्तवान्'. **निर्वयनी** स्त्री० केंचुली ; slough. **निर्वर्णन** [√वर्ण् 'वर्णक्रियाविस्तारगुणवचनेषु', वर्णयति, इदमित्थमिति परामर्शानुमानादिना विमृश्य वर्णनम्] न० विचारपूर्वक देखना, निभालना ; looking at. **निर्वर्तक** वि० साधक; accomplishing. **निर्वर्तन** [निस् √वृत् 'वर्तने'] न० उत्पादन, पूरण, पूर्ति ; production, accomplishment, comletion. **निर्वल्कल** वि० नंगा ; uncovered (sword). **निर्वहण** न० निर्वाह, निःशेषेण परिसमापन, समाप्ति, निष्ठा, परिणमन; carrying on : नातिनिर्वहणैकिता, cessation, completion, end, conclusion (in drama) [Daśa. I.96].

निर्वाच्य [निर्विभज्य वक्तुं शक्यम्] वि० निर्वचन-योग्य ; to be explained in analysis. **निर्वाण** [√वा 'गतिगन्धनयोः'] (1) वि० बुझा, शान्त (अग्नि या दीपक), नष्ट, जीवन से मुक्त, प्राप्तमोक्ष, मृत, समाप्त ; blown out, calmed, disappeared, liberated from existence, emancipated from material life, dead, ceased. (2) —म् न० निःश्रेयस, मोक्ष, अन्त, समाप्ति ; salvation, liberation, cessation.

निर्वाण [√वण् 'शब्दे'] वि० शब्दरहित; free from sound.

निर्वाणभूयिष्ठ वि० नष्टप्राय ; nearly extinguished, almost put out.

निर्वात वि० वायु-रहित, प्रशान्त ; windless, calm.

निर्वाति शान्ति प्राप्त करता है; attains happiness. **निर्वातुकाम** वि० मुमुक्षु ; desirous of release. **निर्वाद** पुं० परीवाद, उपक्रोश, निन्दा, परिनिष्ठितवाद ; blame, censure, scandal, consummate discussion : निर्वादै निर्वदेदेनम्.

निर्वाप [√वप्] पुं० गाड़ी-भरे चावलों में से चार मुट्ठी चावल निकाल कर छाज में रखना, निर्वापण ; placing four handfuls of rice in a winnowing basket taken from the mass loaded on the cart; scattering, pouring out. Cp. पशूनां निर्वापार्थान् यवससंचयान् 'पशुभ्यो विश्राणनार्थान्'. **निर्वापक** [√वा णि०] वि० बुझाने वाला, हटाने वाला : अशुद्धि-निर्वापकः ; one who puts out, one who removes. **निर्वापण** [√वा णि०] (A) न० बुझाना, बुझवाना, शान्ति या तसल्ली देना ; putting out, extinguishing, allaying, pacifying. (B) [√वप् णिच्] न० भेंट, चढ़ावा, आहुति, पितरों को चढ़ावा, वखेरना, वोना, मारना ; offering, oblation, funeral oblation, scattering, sowing (seed), falling. **निर्वापित** [√वा णि०] वि० शान्त अथवा ठंडा किया, ताजा किया, नन्दित अथवा वढ़ाया ; cooled, refreshed, put out, extinguished.

निर्वास पुं० देश-निकाला ; expulsion, exile, banishment=निर्वासनम्. **निर्वासक** वि० निकालने वाला ; one who expels. **निर्वाह** गुजारा, सामग्री ; provision or means of living, maintenance. **निर्वाहण** (1) वि० निवाहने वाला, पूरा करने वाला; carrying out, effecting. (2) —म् न० निवाहना, पूरा करना; accomplishment. **निर्वाहित** वि० निकलने दिया; made to escape.

निर्विकल्प [निर्विशेषण विकल्पेभ्यो विशेषणेभ्यो निर्मुक्तम्] वि० अविकल्प, निर्विकल्प ज्ञान, विशेषणहीन वस्तुमात्र का ज्ञान, संवेदनमात्र (opp. to' सविकल्प ज्ञान') ; admitting of no alternative, changeless, free from distinctions, primary abstract comprehension. **निर्विकार** वि० विकाररहित ; free from modifications, unchanged. **निर्विघ्न** वि० निर्बाध ; free from impediments. —म् क्रिवि० निर्बाधम्, विना विघ्न के; without impediment.

निर्विण्ण [√विद्] वि० उदास, मुंह फेरे ; depressed, disgusted, with something, pained.

निर्विद् खिन्न होना ; to get depressed : निरविद्यत 'निर्वेदं प्राप्तः', निर्विद्यति 'विरज्यते'.

निर्विद्ध वि० अच्छिद्र, अभेद्य ; compact, not to be pierced through. **निर्विधित्स** वि० चिकीर्षा-शून्य, निरारम्भ ; not desiring to do anything, not doing anything. **निर्विनोद** वि० विनोद से उपरत, खेल-कूद से विरत ; having no interest in recreation, having no interesting pursuit or occupation. **निर्विरति** वि० सानुराग, प्रेमी ; having attachment, deeply attached. —ति क्रिवि० पूरी लगन से; passionately. **निर्विरूप** [निर्गच्छन्ति विविधानि रूपाणि यस्मात्] पुं० नाना रूपों का प्रभव ; Śiva, who creates variety of colours or forms. **निर्विवित्सु** [√विद्] वि०

विचार की इच्छा वाला, जिज्ञासु; desiring to deliberate. **निर्विशङ्क** वि० बेखटके, निःशङ्क, बेधड़क, निर्भीक; having no hesitation, with no doubts or misgivings. **निर्विशन्** [उपभुञ्जानः] वि० भोगता हुआ; enjoying. **निर्विश्य** भोग कर, —में रम कर; having enjoyed. **निर्विष्ट** वि० अनुभूत, भुक्तवेतन, आहिताग्नि; experienced or used, obtained as wages, one maintaining sacred fires.

निर्वीर वि० वीररहित; devoid of men or heroes. **निर्वीर्य** वि० पोच; impotent, powerless.

निर्वृत [√वृ] वि० तृप्त, सुखी, प्रसन्न, प्रशान्त; satisfied, happy, composed. Cp. अनिर्वृतः 'दुःखी'. **निर्वृति** स्त्री० निर्विक्षेप, शान्ति, विश्रान्ति, वृद्धि, प्रसाद; undisturbed repose, satisfaction, happiness. Note निर्वृतिः 'सुखम्', निर्वृत्तिः 'सुस्थितिः', निवृत्तिः 'उपरमः'.

निर्वृत्ति [√वृत्] स्त्री० निष्पत्ति, सिद्धि, वृद्धि, कृतार्थता, सुस्थिति; origination, growth, completion, accomplishment, good condition, well-being.

निर्वृष्टलघु वि० पूर्णतया बरस कर हलका हुआ (बादल); light due to the utmost raining.

निर्वेद पुं० स्वावमानन, अपने आप अपना तिरस्कार, मनोग्लानि, खेद, शम, वैराग्य : निर्वेदधृतकषायं भिक्षुम् [Mrc. VII.4]; disgust, depression of spirits, discouragement, the feeling which gives rise to the sentiment called Śānta (quietude) : निर्वेदस्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमो रसः [KPr. IV.35]. **निर्वेदन** वि० वेदनारहित; free from pain. **निर्वेदप्रत्यर्थिन्** वि० दुराशामात्र; counsel of despair : निर्वेदप्रत्यर्थिनी खल्वियं प्रार्थना. **निर्वेश** पुं० प्रायश्चित्त, भृति, मजदूरी, किराया, बेहोशी; expiation, wages, hire, fainting. **निर्वेश्य** [आनृण्यार्थं शोधनीयः] वि० चुकाने योग्य; to be paid or rendered : अवश्यं राजपिण्डस्तैर्निर्वेश्यः [MBh. III.111]. **निर्वेष्टन** न० जुलाहे की तुरी या नाल; weaver's shuttle. **निर्वेष्टव्य** [मुक्तस्य तदशादेरानृण्यं कर्तव्यम्] वि० चुकाना चाहिये; ought to be paid for.

निर्वोढृ [√वह्] वि० पूरा करने वाला, निर्वाहक, निबाहने वाला; accomplisher, one who carries out to the end. **निर्वोढुकाम** [दारसंग्रहार्थी] वि० स्त्री-भोगार्थी; desirous of marriage.

निर्व्यग्र वि० स्वस्थ, सुस्थ; composed, calm. **निर्व्यथन** न० यातना, छिद्र; extreme pain [=कारणा], hole. **निर्व्यपेक्ष** वि० निःस्पृह; free from desire. **निर्व्यवृत्ति** स्त्री० प्रतिष्ठान, प्रतिष्ठित होना, जम जाना; standing firmly. **निर्व्यूढ** [√वह्] वि० अन्त तक निबाहा, भली प्रकार पूरा किया, बहिर्निष्कासित; thoroughly carried out, exiled, banished. **निर्व्यूढि** [√वह्] स्त्री० निर्वाह, निर्वहण, पूर्णता, परिणति, समाप्ति; carrying on, completion, end. **निर्व्यूह** पुं० खूंटी, नागदन्त, आयुधविशेष, समूह; peg, sort of weapon, host, multitude.

निर्ह्रियते [=निराक्रियते] 'is removed'.

निर्हरण न० दूरीकरण, वातादि-दोष-शोधन, मुर्दों को श्मशान में ले जाना; doing away with the disturbance in Vāta, Pitta and Kapha, carrying dead bodies to be burnt or carrying corpses to the funeral pile.

निर्हाद [√हद् 'पुरीषोत्सर्गे', हदते] पुं० शौच जाना; evacuation. **निर्हार-निर्मुक्तं यावकम्** [गवां निर्हारः आहारनिर्गमन-मार्गः ततो निर्मुक्तं यावकं यवविकारः] गोबर में से छांट निकाले जौ; barley gleaned from cow-dung. **निर्हारयावक-व्रतिन्** 'गोशकृद्गतान् यवान् पक्त्वा भुञ्जानः'.

निर्हारिन् (1) वि० समाकर्षी, दूर से खींच लेने वाला (गन्ध), सुगन्धित, मनोहर; attracting from afar, very fragrant or pleasant. (2) —री पुं० सर्वगन्धाभिभावक गन्ध (हींग आदि का); very strong fragrance. Cp. उपनिर्हारः 'उपनिष्क्रम्य युद्ध-प्रदानम्'.

निर्हास्य वि० हास्य-रहित; non-comic : अङ्गैः सहास्यनिर्हास्यैः [Daśa. II. 82].

निर्हृत्य [अपहृत्य] दूर करके, खींच कर, निकाल कर; removing, gleaning, extracting : गृहान्निर्हरन्ति, 'दूरीकुर्वन्ति', निर्हृतैर्यवैः 'गोमयान्निर्गतैर्यवैः', निर्हरेत 'आहरेत' (चन्दनम्).

निर्हेतुत्व न० हेतु का अकथन [एक दोष]; non-statement of cause, a defect : [SD. VII].

निर्ह्राद पुं० शब्द, ध्वनि, ध्वान, गरज, गर्जन; noise : घण्टानिर्ह्रादः 'roar'.

निर्ह्रीक पुं० दिगम्बर; utterly naked : यः कौपीनमपि न परिगृह्णाति.

निलय [√ली] पुं० निलयन, आवास, गृह, अस्ताचल, विनाश; hiding place, abode, house, mountain where the sun sets, destruction. **निलाय** पुं० शरण; place of refuge, shelter.

निलिम्प पुं० देवता; a god, deity. —म्पा स्त्री० गौ; cow. **निलीन** वि० जमा, छिपा, विनष्ट; settled down, hidden, destroyed.

निवक्षस् वि० धंसी छाती वाला; one having a sunken chest. **निवचन** न० मौन; silence. **निवत्** [नि+वत्] स्त्री० घाटी; valley. —ता क्रिवि० नीचे को; downwards : cp. प्रवत्, उद्वत्.

निवपन न० निवाप, श्राद्ध ; offering to forefathers. **निवर्स** [=न्युब्जम्] 'दत्तम्' [MBh.]. **निवर्त** पुं० लौटना ; turning back. **निवर्तन** न० लौटाना, लौटना ; causing to return, turning back.

नि√वस् वसना, रहना, पहरना ; *to* dwell, put on. **निवसन** न० कच्छा-बनियान, कपड़ा ; inner cloth, cloth. **निवह** पुं० समूह, ढेर ; multitude, host, heap.

निवात [निवृत्तो वातोऽस्मात्] (1) वि० निर्वात, शान्त, सुन्न ; windless, calm. (2) **—म्** न० वातस्याभावः, शान्ति, सघन कवच; calm, stillness, dense armour. **निवाप** पुं० पितृदान, पितृतर्पण, क्षेत्र : न्युप्यते बीजमस्मिन् ; offering to the Manes, field. **निवार** पुं० निवारण, जलकदम्ब ; warding off, a particular plant. **निवास** [यत्र स्वयं वसति स निवासः, यत्र पूर्वैरुषितं सोऽभिजनः] पुं० अधिवास, आवास, गृह, वसना ; dwelling, abode, *residing*. **निवासन** न० घर, *काल-यापन* ; residence, spending time. **निवासिन्** वि० रहने वाला; one who dwells.

निविद् [निवेदनसाधनम् : देवता-संख्यावाचकानि मन्त्र-पदानि कानिचित्] स्त्री० निदेश, न्यूंख, गद्य-विशेष; instruction, name of particular sentences or short formularies inserted in a liturgy and containing epithets or short invocations of the gods, Nyūṅkha.

निविरीस वि० घना, ठुका ; compact, closely set : ऊरुनिविरीसनितम्बभारखेदि [Śiśu. VII. 20]. **नि √विश्** भीतर जाना, बैठना, जमना, बसेरा डालना, खेमा लगाना, पहरना (कपड़े), —में अपने आपको लगाना, गायब हो जाना ; to penetrate into, sit down, settle down, take up one's abode, encamp, be devoted *to* : स्वधर्मे निविशेत्, *disappear, put on* clothes. —णि० **निवेशयति** प्रवेश कराना, बिठाना (राज-गद्दी पर), विवाह कराना, बनाना, खड़ा करना, देना, लगाना किसी पद पर), लगाना (मन, आँख), लिख देना, पेंट करना ; to cause to enter, cause to sit down (on throne), cause (a man) to marry, appoint (an officer), direct (mind or eyes) towards, write, paint. **निविष्ट** वि० उपक्रान्त, प्रविष्ट, स्थित, रखा, जमा, बसा, ठहरा, समाहित, संपन्न; commenced, gone into, placed, settled down, intent upon, endowed with. **निविष्टि** स्त्री० प्रवेश, यौन संभोग ; entering into, copulation.

निवीत (1) न० यज्ञोपवीत (माला की तरह गले में डाला) ; the sacred thread round one's neck. (2) वि० टंगा, लटका (गले में) ; hung round the neck. **निवीतिन्** वि० यज्ञोपवीती ; wearing the sacred thread suspended round the neck.

नि √वृ रोक लेना, हटाना ; to hold back, remove.

नि √वृत् लौटना, पीछे जाना, फिर से पैदा होना, परे हो जाना, बचना, समाप्त हो जाना, गायब हो जाना ; to return, come back, to be born again, get away, escape, come to an end, disappear. Distinguish : निवृत्य 'परावृत्य', निवृत्य [√वृ] 'नितरां वृत्वा'.

निवृत वि० (1) (परिखा आदि से) घिरा, निरुद्ध ; besieged, held back. (2) **—म्** [निव्रियतेऽनेन] न० आवरण, ढक्कन; cover.

निवृत्त वि० लौटा, विरत, उपरत ; returned, freed from attachment. Cp. निवृत्तावकाशशयनाः 'निवृत्त-चन्द्र-शालायनावृतप्रदेशशयनाः', निवृत्तवनवासः 'समाप्तवनवासः'. **—बन्ध** वि० वीतराग ; free from attachment.

निवृत्ति स्त्री० निवर्तन, रोक, रिहाई, त्याग अथवा इस्तीफा, निषेधवाक्य, उपराम, अदर्शन ; return, abstaining, freedom, resignation, prohibitive statement [opposed to प्रवृत्तिः 'विधिवाक्यम्'], laying aside action. **—मार्ग** पुं० उपरति-मार्ग, अपवर्ग-मार्ग ; way to salvation.

निवेदन न० आवेदन, विनती, गुजारिश, चढ़ावा चढ़ाना ; submission, representation, offering oblation. **—नः** पुं० Śiva : निहीनं सर्ववृत्त्युपरमेण वेदनं ज्ञानं यस्य सः. **निवेद्य** न० भोग ; offering of food to an idol.

निवेश पुं० प्रवेश, खेमा, शिविर, पड़ाव, गृह, निवास, संस्थान, आकार, दार-संग्रह, विवाह; entering, encamping, camp, form, figure, shape, contour (of breast), home, marriage : निवेश्य 'विवाह्य'. **—परि-वेशनम्** 'स्थेव यत्र नेमिवदावरणभूता' [कालचक्रम्]. **निवेशन** न० गृह में अवस्थान, प्रवेश, पड़ाव या खेमा डालना, स्थापन, बसाना (घर), विवाह, आवास : 'निवेश्यन्ते परिगृह्णन्ते पल्योऽत्र', कैम्प, entering, entrance, encamping, forming (a household), marrying, resting place, abode, camp. **निवेशित** वि० प्रवेशित, रखा, पठाया ; made to enter, placed in or upon, sent to. **निवेष्टन** [√वेष्ट् 'वेष्टने', वेष्टते] न० आच्छादन; covering. **निव्याधिन्** [√व्यध्] वि० बींधने वाला ; piercing.

निःशङ्क वि० बेधड़क, बेझिझक, निःसंकोच, ढेठा ; unhesitating, fearless, bold. **—म्** क्रिवि० बिना झिझक, बिना डर ; without hesitation.

निःशलाक वि० निस्तृण (प्रदेश), विविक्त, निर्जन, विजन,

एकान्त ; solitary, free from grass or talking birds. निःशान न० विजय-यात्रा का वाद्य-घोष ; sound of the musical instruments played while marching for victory.

निःशाल वि० शाला से बाहर ; out of the house.

निश् स्त्री० रात्रि, हलदी ; night =निशा, turmeric. नि √शम् ['दर्शने, आलोचने, उपशमे च' निशामयति] देखना : निशामयति रूपम्, जानना, सुनना ; to see, know, hear. निशमन न० देखना ; seeing, beholding. But निशमयति शान्त करता है ; appeases, cools down.

निशा स्त्री० दे० 'निश्'. Note निशालयः 'शिवः'—'निशा अविद्या तस्या लयो यत्र'. निशानिशम् न० 'वसुरात्रः' कालोऽगच्छन्निशानिशम् [MBh. XII. 117. 6].

निशाकर पुं० चाँद ; moon. =निशाकेतुः. निशाचर पुं० राक्षस, गीदड़, उल्लू, चोर ; demon, jackal, owl, thief.

निशाट पुं० राक्षस ; demon. निशाटन पुं० उल्लू ; owl.

निशात [√शा 'तनूकरणे', श्यति] वि० पैनाया, धार-धरा ; sharpened. निशातनी [√शत् =√शद् 'शातने', शदेः-तस्वे शातनम्] स्त्री० निसान, सान ; whet-stone. निशाद पुं० नीच जाति का आदमी ; man of low caste ; दे० निषाद. निशान न० तेज करना, धार धरना; act of sharpening. निशानन [-शा+आ-] न० सायंकाल ; evening. निशानिश —म् क्रिवि० रात-दिन ; day and night. नि-शान्त (1) वि० ठण्ढा, शान्त ; tranquil, calm and peaceful. (2) न० सदन, घर ; abode, house. निशान्तोद्यान न० गृहोपवन; pleasure-garden.

निशामन न० ऐन्द्रिय ज्ञान, ज्ञान; perception, knowledge. निशामुख न० सायंकाल ; evening. निशामृग पुं० गीदड़ ; jackal. निशारण [√शृ 'हिंसायाम्', शृणाति] न० मारना, मिटा देना ; killing, destroying.

निशित (1) वि० पैनाया, पैना ; sharpened, sharp. (2) —ता स्त्री० निशीथ ; night. निशितनिपात वि० तीक्ष्ण प्रहार वाला (तीर); of sharp thrust (arrow). नि-शीथ [√शी] पुं० अर्धरात्र, सोता पहरा, रात ; midnight, time of sleep, night. निशीथिनी [निशीथः शयनम्] स्त्री० रात्रि ; night. निशोपशाय पुं० रात्रि-शयन ; sleeping at night by turn : उपशायः 'पर्यायशयनम्'.

निश्चप्रच —म् विभिवि० पीछे और आगे, सुविचारित; backwards and forwards=well-deliberated. निश्चय [√चि] पुं० निर्धारण, अवधारण, दृढ़ इरादा, फैसला, स्थिर धारणा, उपसंहार, राय, मति ; ascertainment, resolution, decision, conclusion, resoluteness, opinion. Cp. निश्चयार्थाः 'अर्थनिश्चयाः'. निश्चल वि० स्थिर, ध्रुव; firm, motionless. निश्चार पुं० चित्तविक्षेप; going out of the mind for external objects.

पञ्चसंधि [—धयः] पुं० पांच संधियां : five junctures in a drama : opening=मुख, progression=प्रतिमुख, development=गर्भ, pause=अवमर्श and conclusion=उपसंहृति or निर्वहण. —सूना पुंव० जीवहिंसा के पांच कारण ; the five things by which animals are likely to be destroyed : चुल्ही 'fire-place', पेषणी 'slab' on which condiments are ground', उपस्कर 'broom', कण्डनी 'pestle and mortar', उदकुम्भ 'water-pot'. —स्तम्ब वि० नेत्रगोलकादि पांच स्थानों में रहने वाला ; residing in five places.

पञ्चांश पुं० पांचवां भाग ; the fifth part.

पञ्चाक्षर वि० पांच अक्षरों वाला ; consisting of five syllables.

पञ्चाग्नि (1) वि० सभ्य, आवसथ्य और त्रेताग्नि वाला ; one maintaining the five fires. (2) —ग्नयः पुं० पांच अग्नियां ; the five fires : Dakṣiṇāgni, Gārhapatya, Āhavanīya, Āvasathya and Sabhya [अपरे-चत्वारोऽग्नयः पञ्चमः सूर्यः].

पञ्चाङ्ग न० नीति के पांच अङ्ग : सहाय, साधनोपाय, देशकालविभाग, विनिपातप्रतीकार ; five limbs or parts of diplomacy : allies, means, opportunity of place and time, warding off calamity or attack from enemies. —ङ्गी स्त्री० मुखरिका ; a bit for horses. —प्रणाम पुं० पांच अंग झुकाकर प्रणाम ; obeisance made with arms, knees, head, voice and looks. —वृक्ष पुं० (1) five parts of tree : root, bark, leaf, flower and fruit. —भक्ति स्त्री० five means of devotion : silent prayer, burnt offerings, libation, bathing idols and feeding Brahmins. —जन्त्री a calander treating of five things : solar days, lunar days, asterisms, yogas and karaṇas. —स्पृष्टभूमि वि० दो हाथ, दो घुटने और सिर धरती पर रख कर ; touching the earth with two hands, two knees and head.

पञ्चाङ्गीवन्ध पुं० चारों पैरों और मुंह से वांधना (घोड़े को) ; tying a horse at five places : 4 feet, 1 mouth.

पञ्चाङ्गुल न० पांच अंगुली भर, पांच अंगुलियों वाला, खलिहान में काम आने वाला सांगा ; measuring 5 fingers, wooden implement with five fingers used to rake up broken grain. पञ्चाङ्गुलि स्त्री० पांच अंगुली चौड़ा ; five fingers broad.

पञ्चातिग वि० विषयातिग, मुक्त ; above the senses.

पञ्चामृत न० दूध 'milk', दही, 'curd', घी 'clarified butter', शर्करा, 'sugar', मधु 'honey', इन का बना पदार्थ.

पञ्चायतन वि० परब्रह्म, जिसके पांच आयतन हैं ; the five

principal gods forming the nucleus of the image-worship : *Viṣṇu* and his ten incarnations, *Śiva* and his manifold forms, *Durgā* and the various Śakti forms, *Gaṇeśa* and *Sūrya*.

पञ्चार वि० पांच अरों वाला चक्र ; having five spokes.

पञ्चाल पुं० पञ्चाल लोगों में पांच जातियां थीं ; Pañcālas consisted of 5 tribes : *Krivis* (according to ŚBR. XIII.5.4.7 Krivi was the older name of the Pañcālas), *Keśins, Sṛñjayas, Somakas* and *Turvaśas* with their capital at Indraprastha near Delhi. **—देश** पुं० इसमें बरेली, बदायूं, फर्रुखाबाद और रोहिलखण्ड के मिलते जिले एवं यू० पी० का मध्य दोआब संमिलित था। इसके पूर्व में गोमती एवं दक्षिण में चम्बल नदी थी। इसका विस्तार हिमालय से चम्बल तक था। इस नाम का आधार 'पञ्चार' हो सकता है जैसा कि 'पञ्चाल' के नीचे दिखाया जा चुका है ; Pañcāla comprised Bareilly, Badāyūn, Farrukhābād and adjoining districts of Rohilkhaṇḍ and the central Doāb in U. P. It extended from the Himālayas to the Cambā river.

पञ्चाली स्त्री० गुड़िया, गीतविशेष, द्यूत का फलक ; doll, particular song, chess-board.

पञ्चावयव पुं० अनुमान के पांच अवयव ; five factors of inference : **प्रतिज्ञा** 'statement of proposition', **हेतु** 'statement of the probance', **उदाहरण** 'statement of the corroborative instance', **उपनय** 'reaffirmation' and **निगम** 'final conclusion'. In Vedānta : 'प्रतिज्ञाहेतूदाहरणरूपास्त्रय एव'.

पञ्चास्तिकाय [–याः, अस्ति इति कायन्ते शब्द्यन्ते] जैनियों के जीव और अजीव इन दो पदार्थों के पांच विभाग : **जीवास्तिकाय** [=बद्ध, मुक्त, नित्यसिद्ध], **पुद्गलास्तिकाय** (पृथिव्यादि चार भूत, स्थावर और जंगम), **धर्मास्तिकाय** (प्रवृत्ति से अनुमेय), **अधर्मास्तिकाय** (स्थिति से अनुमेय), और **आकाशास्तिकाय** (लोकाकाश, अलोकाकाश) ; the five divisions of Padārthas (=Jīva and Ajīva) of the Jainas.

पञ्चास्य पुं० पांच मुखों वाला शेर ; having five mouths, a lion. **पञ्चाह** पुंवि० पांच दिन चलने वाला ; lasting five days.

पञ्चीकरण न० पृथिवी, अप्, तेजस्, वायु और आकाश इन सबकी रचना में आधा भाग तो इनका अपना-अपना होता है और शेष आधा भाग चार अंशों में विभक्त होकर एक-एक अंश अन्य चार भूतों में मिल जाता है। इस प्रकार हर भूत में पांचों भूत मिलकर रहते हैं ; making into five i.e., causing each element to contain the five elements, the parts of the other four elements.

पञ्जर पुंन० हड्डियों का ढांचा, पसलियां, घेरा ; cage, skeleton, ribs, enclosure : 'आविशन्तीव मद्दर्शन-लज्जया पुष्पमयं पञ्जरम्' [DKC.].

पञ्जिका स्त्री० प्रत्येक शब्द की व्याख्या करने वाली टीका, पूणी; commentary explaining each word, roll of cotton from which the thread is spun.

पञ्जी स्त्री० रजिस्टर, पूणी ; register, roll from which the thread is spun=पञ्जिः.

√पट् ['गतौ', पटति, पाटयति] फटना ; to burst (अक०); सक० फाड़ना ; to split, cleave, break, pluck, remove. **पाटयन्** 'द्विधा कुर्वन्'. (2) **√पट्** ['ग्रन्थे', पटयति] बुनना, घेरना ; to weave, surround.

पट पुं० बुना कपड़ा, वस्त्र, चित्र ; woven cloth, cloth, picture. **—कार** पुं० जुलाहा ; weaver. **—कुटी** स्त्री० तम्बू ; tent.

पटच्चर पुं० यादवों का एक नाम; name of the Yādavas. **—कर्पट** न० जीर्ण वस्त्र, कूर्पास का ; ragged cloth. **—च्छेदशेष** वि० कौपीनमात्रावशेष ; reduced to utter poverty.

पटबन्धन न० पट्टी ; bandage.

पटभाक्ष पुं० देखने का उपकरण ; an optical instrument.

पटमास पुं० गवाक्ष-जाल ; air-hole.

पटर पुं० सूर्य-किरण ; ray of sunlight.

पटल न० वितान, छदि, छान, छप्पर, टोकरी, ढेर, समूह, अध्याय या भाग , आँख की नस-विशेष ; canopy, roof, basket, heap, chapter of a book, section, an enclosing membrane of the eye. **पटवास** पुं० तम्बू, सुगन्धित चूर्ण ; tent, perfumed powder.

पटह पुं० आनक, ढोल ; drum. **—घोषण** न० डंके की चोट से मनादी ; proclamation by the drum.

पटान्त पुं० कपड़े का छोर या कन्नी ; edge of a garment.

पटिमन् पुं० पटुता, चातुर्य ; dexterity, cleverness. **पटी** स्त्री० शाटिका, परदा, कनात ; strip of cloth, screen of cloth surrounding tent. **पटीर** (1) पुं० चन्दन, कण्टक, काम; sandal-wood, thorn, cupid. (2) वि० सुन्दर, प्रांशु, उच्च ; handsome, tall or high.

पटु [पटीयस्, पटिष्ठ] (1) वि० तेज, तीक्ष्ण, प्रबल : पटुशीतः 'प्रबलशीतो देशः', विशद, स्फुट, भारी, गम्भीर, प्रवीण, समर्थ, निर्दय ; sharp, shrill (voice or sound), clear, heavy or great : आटोपेन पटीयसा, deep, skilled, clever, capable, cruel. (2) **—टु** न० नमक ; salt. **—टुः, —टु** पुंन० सांप की छत्री; mushroom. **—जातीय** वि० देखने में चतुर; seemingly clever. **—त्व** न० पटुता;

cleverness, sharpness. —पर्णी स्त्री० मकोय ; a species of cucurbifaceous plant.

पटोल पुं० परवल; kind of vegetable. पटीर पुं० शरीर का भाग-विशेष ; particular part of the body.

पट्ट पुं० फट्टा, तख्ता : पट्टदोल: 'seat of the swing', लिखने की पट्टी, कपड़े की पट्टी, मलमल जैसा महीन कपड़ा; board, table for writing upon, fine cloth or silk : दुकूलपट्टम् = दुकूलतन्तुः. —न न० पत्तन, शहर, नगर ; town, city.

पट्टबन्धन न० दुपट्टा बांधना; wearing (or tying) turban. —महिषी स्त्री० महारानी ; the principal queen= पट्टराज्ञी. —भूमिबन्धन न० बोर्ड कैन्वस ; board canvas (opposed to the canvas in painting).

पट्टिका स्त्री० पताका ; banner. पट्टिश [उभयतोधारः or तीक्ष्णधारो दण्डः] पुं० पटा, खड्ग-विशेष; a kind of axe.

पठ् ['व्यक्तायां वाचि'] पढ़ना (ऊंचे स्वर में), घोखना, वांचना, अनुशीलन ; to read aloud, recite, study.

पठक वि० पढ़ने वाला, पढ़ाकू ; reader. पठन न० पढ़ना ; reading, reciting. पठि स्त्री० पठन; reading, studying, reciting. पडोहर न० शून्य वलभी-गृह ; deserted upper room in a house.

√पण् ['व्यवहारे स्तुतौ च', पणति, -ते; पणायति=पनायति 'केवलं स्तुत्यर्थे'] व्यापार करना, वणिज करना, शर्त लगाना, दाव खेलना, स्तुति करना ; to barter, bargain, buy, wager, bet : शतस्य पणति or -ते, praise.

पण पुं० व्यवहार, खेल, दाव, समझौता, प्रतिज्ञा : पणं कृत्वा 'प्रतिज्ञां निस्तीर्य', भृति, मजूरी, एक सिक्का, पैसा : क्षीणपणः 'धनहीनः', पणकालः 'द्यूतकालः', जूआ, द्यूत पर चढ़ा धन, बाजी, मुट्ठी या बंडल ; trade, playing with dice, wager, agreement, promise, wages, particular coin, money, gambling, handful or bundle ; cp. मूलकपणः, शाकपणः. Note आपणः 'हट्टः', विपणः 'विक्रयादिः'.

पणन [न्यूनेन मूल्येन विक्रेतुः प्रार्थनम्] न० खरीदना, द्यूत, व्यवहार ; purchasing, gambling.

पणबन्ध [यदि मे भवानिदं कुर्यात्तर्हीदमहं दास्यामीति समयकरणम्] पुं० संधि या समझौता करना ; making treaty, conclusion of a contract, attainment of result.

पणव पुं० छोटा ढोल, डफरी, नरसिंगा ; small drum, cymbal.

पणस पुं० पण्य द्रव्य; things for sale.

पणायित वि० स्तुत ; praised=पणितः, but पणाय्यः= स्तुत्यः.

पणि पुं० बाजार, कंजूस, शत्रु ; bazar, miser, foe. पणितव्य वि० विक्रेय वस्तु ; article for sale. पणिन् [पणो पणः सोऽस्यास्ति] पुं० जुआरी ; gambler.

पण्ड पुं० क्लीव, षण्ढ ; impotent, =पण्डकः. —ण्डा स्त्री० बुद्धि ; intelligence.

पण्डित वि० परिच्छेत्ता : परिच्छेदो हि पाण्डित्यम्, ज्ञानी, विद्वान्, परिहासक ; learned, wise, derider. —कः 'कुत्सितः पण्डितः'. पण्डितंमन्य वि० अपने आपको पण्डित मानने वाला, घमण्डी ; fancying one's self wise, conceited.

पण्य न० पणितव्य, विक्रेय द्रव्य ; article for sale. —ण्या स्त्री० सेवा; service : 'पण्यो भृतिस्तामर्हति'. —दासी स्त्री० नौकरानी ; maid-servant. —भ्रातृवध [विक्रेतव्य-सोदरवधः] वि० भाई के वध से क्रेतव्य ; one who is to be purchased by killing his brother. —वीथिका दे० विपणि.

पण्यशाला स्त्री० दूकान ; shop. पण्यस्त्री स्त्री० वेश्या ; harlot. पण्याजीव पुं० वनिया ; tradesman.

√पत् ['गतौ', पतति, पातयति, पिपतिषति, परिपतन्='पर्यटन्'] चलना : यथा महान्तमध्वानमाशया पतन् [MBh. XII.10-11], उड़ना, गिरना ; to go, fly, fall.

पतग पुं० पक्षी, सूर्य; bird, sun=शीघ्रगः. पतंग पुं० शलभ, पक्षी, सूर्य; moth, bird, sun. —गम न० पारा; quicksilver. Cp. पतंगसहचारिणः 'सूर्य-सहचरा वालखिल्याः'. पतंगिका स्त्री० छोटा पक्षी ; a small bird.

पतत् पुं० पक्षी ; bird. पतत्प्रकर्ष पुं० सौन्दर्य अथवा चमत्कार में अपकर्ष ; receding exellence; a doṣa in kāvya.

पतत्रिन् (1) पुं० पक्षी, अश्व, बाण ; bird, horse, arrow. Note पतत्रम् पंख; wing. (2) वि० प्रशस्तपत्रः पतत्रिराजः 'lord of birds'=Garuḍa=पतत्रिवरः.

पतद्ग्रह पुं० पीकदान ; spittoon.

पतन (1) न० गिरना, गिरावट, अस्त होना (सूर्य का); fall, decline : पतनान्ताः समुच्छ्रयाः. (2) वि० गिरने वाला ; one prone to fall. Cp. P. III. 2.150. —नीय वि० पातनोन्मुख काम; action causing the loss of virtue or caste.

पतयालु वि० गिरने वाला ; prone to fall=पतयिष्णुः. पतस पुं० पक्षी ; bird. —पताक दे० त्रिपताक.

पताका [√पत्] स्त्री० ध्वज, ध्वजपट, ध्वजाञ्चल, झंडा, चिह्न, प्रसिद्धि, सौभाग्य, उपनायक-चरित [नाटक का अङ्ग]; flag, banner [लतादिरेखाचित्रितपटविशिष्टाः पताकाः, मत्स्यमकराद्याकाराः ध्वजाः or पताकाः चिह्नरहिताः ध्वजाः सचिह्नाः], sign, mast, fame, fortune, episode in a drama : दूरानुबन्धि यद् वृत्तं प्रधानस्योपकारकम् । प्रासङ्गिकं च विद्भिः सा पताकेति कथ्यते [Daśa. I.22]. —स्थानक न० 'episode-indication'.

पताकिनी स्त्री० सेना ; army. पतापत =पतयालु.

पतिंवरा स्त्री० पति को वरने वाली ; a girl choosing her husband. **पति** [पातीति] पुं० स्वामी, शासक, पति ; lord, ruler, husband. **—घ्नी** वि० पतिघातिनी ; husband-slaying. **पतितसावित्रीक** वि० प्रथम तीन वर्णों का वह व्यक्ति जिसका उपनयन नहीं हुआ है ; a man of the first three classes whose thread-ceremony has not been properly performed. **पतिदेवता** स्त्री० पतिव्रता ; faithful wife. **—लङ्घन** न० अपने पति को दुतकार कर दूसरे से विवाह कर लेना; disregarding present husband by marrying another. **—वत्नी** स्त्री० जीवितपतिका ; whose husband is alive. **—वेदन** पुं० 'Śiva'. **—नम्** न० पति-संवनन, पति का वशीकरण; controlling a husband (by magical means). **पतिव्रता** [पत्यर्थं तमेव व्रतं यस्याः] स्त्री० पतिमात्रधर्मिणी ; faithful wife. **—संवनन** (1) न० पति को वश में करना ; winning a husband. (2) वि० पति को वश में करने का साधन ; means of winning a husband.

पत्कापिन् [पादौ कपतीति] वि० पदाति; walking on foot.

पत्तन न० पट्टन, नगर ; town, city ; cp. पुरम् = 'शाखानगरम्'.

पत्तस् [पद्+तस्] क्रिवि० पांव से ; from the foot.

पत्ति [पद्+ति] पुं० पदयात्री, पदाति ; pedastrian, foot-soldier. Note दशसंख्यासंख्याता **पत्तिः**, पत्तितस्त्रिगुणं **सेनामुखम्** । सेनामुखतस्त्रिगुणो **गुल्मः** । गुल्मतस्त्रिगुणो **गणः** । गणतस्त्रिगुणा **वाहिनी** । ततस्त्रिगुणा **पृतना** । पृतनातस्त्रिगुणा **चमूः** । एवं च दशोनत्रिशताधिकसप्तसहस्रसंख्यालक्षणा चमूरनीकशब्देनोच्यते' [Govinda on Rām. VI. 94.31].

पत्तिक पुं० सेना का छोटा दस्ता ; the smallest division of an army : one elephant, three horsemen and five foot-soldiers. **पत्तिन्** पुं० पदाति ; foot-soldier, foot-man. For **पत्ती** =लेखा cp. आचितां चित्रपत्तीभिः 'चित्रलेखाभिः or चित्ररचनाविशेषैः व्याप्ताम् [शिबिकाम् Rām. IV].

पत्नी [पालयित्री] स्त्री० भार्या ; wife, mistress.

पत्-मन् न० उड़ान ; flight.

पत्र [पतन्ति अनेन] न० पंख : पत्ररथः पक्षी, पर, वाहन, पत्ता, खत, शासन-पत्र, तलवार का फलक, चाकू ; wing (of a bird), feather, vehicle, leaf, document, blade of a sword, knife. Note **पत्रोर्णम्** 'धौतकौशेयम्'. **—क** न० रेखाओं से शरीर सजाना ; drawing lines on the body as decoration. **—काहला** स्त्री० परों की आवाज ; sound made by the flapping of wings. **—च्छेद्य** [=पत्रच्छेदः] दे० पत्रबन्ध.

पत्रझङ्कार पुं० नदी-प्रवाह ; current of river. **पत्रण** स्त्री० =पत्रक.

पत्रदारक पुं० आरा ; saw. **—नाडिका** स्त्री० पत्ते की नाड़ी ; fibre of leaf. **—परशु** पुं० रेता, सोना, रेती ; sand, gold, file. **—पात्र** न० पत्तल ; a plate made of leaves. **—पाश्या** स्त्री० बिन्दी, टीका ; printed mark on the forehead, an ornament. **—बन्ध** पुं० पुष्पों से सजाना ; adorning with flowers. **—भङ्ग** [or **-ङ्गिः, -ङ्गी**] पुं० गाल, गरदन तथा स्तनों पर चन्दनादि की रेखाएं बनाकर शरीर को सजाना ; drawing lines or figures on the forehead, cheeks, neck and breast with fragrant pigment of sandal, saffron and musk etc.

पत्ररञ्जन न० पृष्ठ सजाना ; embellishing a page. **—लता** स्त्री० बड़ा चाकू ; long knife. **—लेखा** स्त्री० छाप-विशेष; drawing lines or figures on the face or person with fragrant pigments consisting of sandal, saffron, musk etc. **—वाह** पुं० शर, पत्रवाहक; arrow, postman.

पत्रशाक पुं० पत्तों वाली सब्जी ; leafy vegetable. **—श्रेष्ठ** पुं० बिल्व ; the bilva tree. **—संहति** स्त्री० वाहनसमूह, पंखों का ढेर ; multitude of vehicles, heap of wings. **—सूचि** स्त्री० कांटा ; thorn. **—हिम** न० कड़ाके की सर्दी ; snowy winter.

पत्राङ्क न० लाल चन्दन ; red sandal. **पत्राङ्गुलि** स्त्री० गाल, स्तनादि पर अङ्गुलियों से चन्दनादि छापना ; drawing lines or figures with fingers on neck, throat etc. with coloured sandal, saffron and musk etc. **पत्राञ्जन** न० स्याही ; ink. **पत्रावलि** स्त्री० लाल खड़िया, शरीर पर पत्रादि बनाना ; red chalk, lines of painting made on the body to beautify it.

पत्रिन् [पत्रवान्] पुं० पंखों वाला पक्षी, तीर, धुला कौशेय ; bird, arrow, washed silken garments. **पत्रिहन्** पुं० पक्षिहा ; hunter. **पत्वन्** वि० उड़ाका ; flying.

पथक [पथि कुशलः] वि० मार्ग से परिचित ; one knowing the path well.

पथिकृत् वि० रास्ता बनाने वाला ; path-maker. **पथिक** वि० यात्री, राहगीर ; traveller, wanderer.

पथिन् [√पथ् 'गतौ', पन्थाः] पुं० रास्ता, चाल, तौर-तरीका, बरतन-व्यवहार ; road, path, manner, behaviour. Note **दाशरथः** पन्थाः 'यज्ञियो मार्गः' —'एकः पशुः द्वौ पत्नी-यजमानौ त्रयो वेदाः चत्वार ऋत्विजः इति दश रथाः प्रचरन्ति यस्मिन् सः'.

पथिप्रज्ञ [पन्थानं प्रकर्षेण जानाति] वि० मार्गनिपुण ; one who knows the path very well.

पथिल पुं० रास्तागीर ; traveller. Cp. पथिगोचरः 'मार्गवर्ती'. पथिवाहक (1) वि० निर्दय ; cruel. (2) —कः पुं० व्याध ; hunter.

पथ्य [पथोऽनपेतम्, अनपायम्] (1) वि० रास्ते में लाभदायक, शुभोदर्क, परिणाम में हितकर, उपयोगी ; good on the way, suitable. (2) —म् न० बीमारी में पथ्य ; wholesome diet for sick. —थ्या स्त्री० मार्ग, सड़क; way, road. Cp. दानपथ्यौदनः 'दानमेव पथिहितमोदनस्थानीयं यस्य सः'.

पथ्यदन न० रास्ते का चबेना ; food for the way.

√पद् ['गतौ', पद्यते, पन्न, पादयति, पित्सति] चलना, चेष्टा करना, पहुँचना, पाना, अनुष्ठान करना, गिरना, जमकर खड़ा होना; to go, move, approach, attain, practise : स्वधर्म पद्यमानास्ते [MBh.], fall down, stand fast.

पद न० कदम, डिग, विक्रम, पैर [cp. काकपदशीर्षमस्तकः : काक-पद है सिर और मस्तक पर जिसके], पैड़, स्थान : पदनीयं प्राप्यं स्थानम्, स्वरूप, अधिकार, आवास, स्थिति, ओहदा, शान, मामला, लंबाई का परिमाण, हिस्सा, पद्य का एक चरण [गेयपदम् 'song'], अर्थवत् : पद्यते अनेन, प्रत्यायक, सुप्तिङन्त शब्द, व्याज, मिस ; step, stride, foot, foot-prints, place, form or shape, authority, abode, position, rank, dignity, affair, a foot as a measure of length, part, quarter of a verse or stanza, word, pretext. Cp. कौञ्जरं पदम् 'समाधिस्थयोगिनः पदम्' [MBh. XII.], अर्थपदम् 'वार्त्तिकम् उक्तानुक्तदुरुक्तिचिन्तारूपम्', महार्थम् 'भाष्यं विस्तरविवरणरूपम्'.

पदक [पदमधीते वेद वा] वि० पदपाठाध्यायी ; versed in the pada text.

पदक्रमाध्यायिन् [पदानां क्रमेण विच्छेदेन अध्यायी] वि० पदों को पृथक् करके पढ़ने वाला ; one reading by dividing padas, or pada and krama.

पदग पुं० पदाति ; foot-soldier. —च्युत वि० पद से हटा ; dismissed from office. —त्याग पुं० इस्तीफा ; resignation. —त्राण न० जूता, खड़ाऊं, चप्पल; shoes, wooden shoes, chappals.

पदग [पदनशीलः P. III. 2. 150] पुं० पदाति ; one who is used to go on foot. पदन्यास पुं० कदम रखना, पैड़ ; step, foot-prints = पदविक्षेपः. —पंक्ति स्त्री० पैड़ ; line of foot-prints. —पाठ पुं० मन्त्रों का पदशः पाठ ; the recension of Vedic stanzas with each word shown in its independent original position [opposed to Saṁhitāpāṭha]. —पीठसमर्पण न० पदरूपी पीठ अर्थात् आसन पर समर्पण ; offering to the feet. —बन्ध पुं० पादाभरण, पाजेब ; foot-ornament of an elephant, anklet. —भञ्जिका स्त्री० समासों का विग्रह करके समझाने वाली टीका ; the commentary in which compounds are analysed. —विग्रह पुं० पदच्छेद ; separation of words. —विष्टम्भ पुं० चरणस्कन्दन, पादाक्रमण, कदम रखना ; onset of feet, stepping.

पदवी [also -विः] स्त्री० पद्या, मार्ग, प्राप्ति-मार्ग, ओहदा, डिग्री, उपाधि, आनृण्य ; way, means of obtaining, status, rank, degree, repaying the debt. पदवीं चरत 'अन्वेषणं कुरुत' [MBh.].

पदवृत्ति स्त्री० पदों के मध्य स्वरपार्थक्य ; hiatus between two words.

पदस्थ वि० उचित स्थान पर स्थित, ओहदे पर विराजमान ; being in a proper place, having a high rank.

पदाजि पुं० = पदाति. पदाति [√अत् 'सातत्यगमने'] पुं० पैदल चलने वाला, पदयात्री, सिपाही ; going on foot, pedestrian, foot-soldier = पादातः —ध्ययन न० वेद का पदपाठ पढ़ना ; reciting or studying the Veda in *Padapāṭha*. —नुग वि० पिछलग्गू, सहाय ; follower, companion, helper. —नुराग पुं० नौकर, फौज ; servant, army. —नुशासन न० शब्दानुशासन; science of words, grammar.

पदान्तर (1) न० दूसरा कदम ; another step, interval of one step. (2) वि० व्यवहित ; intervened. अपदान्तरम् 'अव्यवहितम्'. —म्भोज न० पदाब्ज, पदारविन्द, पदकमल, पदपङ्कज, पदपद्म ; lotus-like foot. पदायता स्त्री० जूती ; shoe.

पदार्थ पुं० पदों का अर्थ (अभिधेय एवं लक्ष्य), शब्द का समानान्तर तत्त्व, वस्तु, वैशेषिकों के छह पदार्थ (जिनमें न्याय के १६ पदार्थ अन्तर्भूत हैं), जैनियों के सात पदार्थ ; meaning of a word, thing corresponding to a word, a thing, object, category or predicament in logic, 6 according to the Vaiśeṣikas (called also *Arthas*) : द्रव्य 'substance', गुण 'quality or attribute', कर्म 'action', सामान्य 'genus', विशेष 'atomic individuality or particularity', समवाय 'co-inherence' or intimate relation', अभाव 'non-existence' ; these are 16 in Nyāya : प्रमाणप्रमेयसंशयप्रयोजनदृष्टान्तसिद्धान्तावयवतर्कनिर्णयवादजल्पवितण्डाहेत्वाभासच्छलजातिनिग्रहस्थानानां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसाधिगमः [Nyāyadarś.], the padārthas of the Jainas are seven : जीव 'soul' (of the measure of the body), अजीव 'stone etc.', आस्रवत् [= इन्द्रियप्रवृत्तिः = मिथ्याप्रवृत्तिः] 'organs of senses', संवर = विवेक (सम्यक्प्रवृत्तिः)

'discriminatory knowledge', निर्जर (निःशेषेण जरयतीति) 'austerity', बन्ध (अष्टविधं कर्म) 'eight varieties of action leading to birth and re-birth', मोक्ष 'salvation'. According to the Sāṁkhya padārthas are 25: प्रकृतिः, महान्, अहंकार, पञ्चतन्मात्र, पञ्चमहाभूत, एकादश इन्द्रियां मन तथा पुरुष; वेदान्तियों के मत में ब्रह्म और माया (जो अनिर्वचनीय हैं).

पदावग्रह, —म् क्रिवि० पद-पद में अवग्रह करके ; dividing word for word. **पदासन** न० स्टूल ; foot-stool.

पदिक वि० पैरों चलने वाला ; going on feet.

पदिबद्ध वि० पैर में बंधा ; bound by foot.

पदोच्चय पुं० पदसमूह ; a number of words.

पदोद्धार पुं० पैर उठाना ; raising up foot.

पद्घोष पुं० पैरों की आवाज ; sound of feet. **पद्धति** [पद्+हतिः] स्त्री० लीक, पैड़, मार्ग, रास्ता, रिवाज, प्रणाली, सरणि ; beaten track, path, way, custom, convention.

पद्म न० नलिन : पद्मगौरी 'पद्मवत् पीतवर्णा', कमल, शवालंकार, शतकोटिसंख्या ; lotus closing towards evening, decoration of dead body, hundred crores : cp. हिमवतः शृङ्गे सुरम्ये पद्मतारके [MBh. XII. 166. 32] 'पद्मानीव तारका यत्र लग्नास्तस्मिन् अतिसमुच्छ्रिते'.

पद्मक न० हाथी के मुंह पर चकत्ते, कमलव्यूह में न्यस्त सेना, पद्मासन मार कर बैठना, सुरभिकाष्ठ-विशेष ; spots on the face of an elephant, army arranged in the form of a lotus flower, particular posture in sitting, a particular fragrant wood. **पद्माकिन्** पुं० हाथी ; elephant = पद्मिन्.

पद्मगम वि० कमल से उत्पन्न ; 'Brahmā' = पद्मनन्दनः, पद्मगर्भः, पद्मजः, पद्मयोनिः, पद्मसंभवः, पद्मपाणिः, पद्मसमासनः.

पद्मनाल न० कमल-डंडी; lotus-stalk. **पद्मनाभ** [पद्मं विश्वस्यायतनं नाभौ यस्य] पुं० 'Viṣṇu' = पद्महासः, पद्मेशयः.

पद्मबन्ध पुं० पद्माकार रचना ; artificial composition in which the words are arranged in the form of a lotus-flower : 'कर्णिकायां लिखेदेकं द्वौ द्वौ दिक्षु विदिक्षु च । प्रवेशनिर्गमौ दिक्षु पद्मबन्धो भवेदयम् ॥.

पद्मराग पुंन० मानक ; ruby. —**रूपा** स्त्री० 'goddess of wealth'. —**रेखा** स्त्री० हाथ में पद्माकार रेखा, धनागम की सूचक ; a figure on the palm of the hand indicating the acquisition of wealth. —**लाञ्छन** पुं० 'Brahmā'. —**ना** स्त्री० 'Lakṣmī, Sarasvatī'. —**वत्** वि० कमलों-भरा ; rich in lotuses. **पद्मवर्णा हयः** : 'सितरक्तसमायोगात् पद्मवर्णः प्रकीर्त्यते' [Nīla : MBh. VII. 23]. **पद्मवासा** स्त्री० 'Lakṣmī' = पद्मालया. **पद्मस्नुषा** स्त्री० 'Gaṅgā'.

पद्माकर पुं० कमल-तड़ाग ; a large deep tank abounding in lotuses.

पद्मावती स्त्री० नरवर (ग्वालियर) जहां भवभूति पैदा हुए थे, एक रानी का नाम, लक्ष्मी ; Narvar (Gwāliar) where Bhavabhūti was born, name of a queen, goddess of wealth.

पद्मिन् पुं० हाथी ; elephant. —**नी** स्त्री० कमलिनी; lotus, एक प्रकार की स्त्री ; a woman of the first of the four classes into which women are divided : भवति कमलनेत्रा नासिका क्षुद्ररन्ध्रा । अविरलकुचयुग्मा चारुकेशी कृशाङ्गी । मृदुवचनसुशीला गीतवाद्यानुरक्ता सकलतनुसुवेशा पद्मिनी पद्मगन्धा ॥ [रतिमञ्जरी].

पद्मिनीषण्ड न० कमलों की ढेरी ; multitude of lotuses.

पद्य (1) वि० पैर से संबद्ध ; belonging to foot. (2) —**म्** न० कविता, श्लोक ; poetry, verse. —**द्या** स्त्री० सड़क; road.

पद्मु [पद्भ्यां युतं पद्यं पादयुक्तं श्मशानम्] वि० जंगम श्मशान, शूद्र ; a Śūdra, a moving śmaśāna.

पद्वत् पंवि० पैरों वाला, चलने वाला, जानवर ; having feet, running, animal. **पद्वन्** पुं० पन्था ; way.

√पन् ['स्तुतौ', पनायति, पनित] स्तुति करना; to praise.

पनस पुं० कण्टकिफल, कटहल, कपिभेद ; the bread-fruit or jack tree, species of monkey. —**म्** न० कटहर का फल ; fruit of the jack tree.

पनाय्य वि० स्तुत्य ; worthy of praise.

पनिष्टि स्त्री० स्तुति ; praise.

पन्थक [पथि जातः] वि० रास्ते में जन्मा ; born on the way. **पन्थास्** दे० पथिन्.

पन्नग [पन्नं पतितं गच्छति] पुं० सांप, राक्षस ; snake, a demon. **पन्नगारि** पुं० गरुड़ ; garuḍa, the killer of snakes. **पन्न-द** वि० जातदन्त; one who has cut teeth.

पन्नरूप वि० नष्ट-रूप, लुप्त ; disappeared, dead.

पपि [पिबति रसान् पाति वा] (1) पुं० सूर्य ; sun. (2) वि० पीने वाला; drinking. **पपु** स्त्री० धात्री; foster-mother. —**पी** पुं० सूर्य, चन्द्र ; sun, moon.

पम्पा स्त्री० तुङ्गभद्रा की सहायक नदी ; यह ऋष्यमुख (ऋष्यमूक) पर्वत से निकलती है : इसी के तट पर श्रीराम हनूमान् से मिले थे ; tributary of the river Tuṅgabhadrā ; rises in the Ṛṣyamukha mountain; on its bank Rāma met Hanūmān.

पयःप्लव पुं० सलिलपूर ; flood, lake.

पयश्चरु पुं० दुग्धचरु ; *Caru* made of milk.

पयस् (1) न० द्रव, जल, दूध, वीर्य, शक्ति, ऊर्जा ; any fluid, water, milk, semen, power, vigour. (2) —स

वि० रसीला, रसभरा ; full of juice or sap.

पयस्य न० घन-क्षीर, खोआ, घी-दही आदि ; essence of milk, ghee, curd etc. **—स्या** स्त्री० आमिक्षा; तप्ते पयसि दधिनिनयने कृते दधिपयसोः सारभूतं यत् कठिनं संपद्यते तत्.

पयस्वल (1) वि० दूध-भरा; rich in milk=पयस. (2) **—लः** पुं० बकरा ; goat. **पयस्विन्** वि० दूध वाला ; rich in milk. **—नी** स्त्री० दूध देने वाली गौ, नदी; a cow yielding much milk, river=पयस्वती.

पयोद पुं० बादल ; cloud. **पयोधर** पुं० बादल, स्तन, बांक ; cloud, woman's breast, udder. **—धास्** [√धा] (1) पुं० समुद्र, मेघ; ocean, cloud. (2) [√धे] वि० दूध चूसने वाला ; sucking milk. **—निधि** पुं० समुद्र ; sea. **—मुख** वि० मुंह पर दूध वाला ; having milk on the face : विषकुम्भं पयोमुखम्. **—मुच्** पुं० बादल ; raining water, a cloud = पयोवाह. **—व्रत** वि० केवल दूध पर रहने वाला ; living on milk alone.

पयोष्णी स्त्री० वर्तमान पहोज नदी, जमना की एक सहायक नदी; modern *Pahoj* river, a tributary of the Yamunā between Sindh and Betwā.

पर (1) वि० जो दूसरी ओर है, दूर, अतीत (काल), प्राचीन [opp. to अपरः 'अर्वाचीनः'], आगामी, अन्य : पर-साचिव्य-मनपेक्ष्यापि 'दूसरे की अपेक्षा किये बिना भी', भिन्न, पीछे का, अन्तिम, चरमः परा सिद्धिः 'ब्रह्मलोकः', ऊंचा, सबसे ऊंचा; on the other side of, distant, remote, time past, following [in Prātiśākhyas उदय also denotes पर], future, other, different, past, final, high, highest. (2) **—रः** पुं० दूसरा व्यक्ति : परविकत्थनम् 'परेषां गुणाख्यानम्', परदेसी, शत्रु : परावमन्ता 'शत्रुषु उपेक्षावान्', another person, foreigner, enemy. **—म्** न० उच्चतम बिन्दु, ब्रह्म, शब्द का लाक्षणिक अर्थ, the highest point or pitch, Supreme Spirit or Brahman. **—म्** क्रिवि० परे, पार, बाद में, पीछे, किंतु, अत्यन्त ; beyond, over, after, but, however, very much. **परेण** क्रिवि० परे, पार, से अधिक ; farther, beyond, more than : किं वा मृत्योः परेण विधास्यति. **परे** क्रिवि० बाद में, भविष्य में ; afterwards, in future. **परं परात्** 'दूरादपि दूरम्' [MBh. V.107.6].

परकीय वि० दूसरे का ; belonging to others. So is जनकीय 'belonging to men or public. **—या** स्त्री० अन्या, साधारण स्त्री; another's wife or a prostitute, kind of heroine, opp. to स्वा.

परकृति स्त्री० वह अर्थवाद जो दूसरों द्वारा अपनाये प्रकार का वर्णन करता है ; that Arthavāda text, which describes a contrary method of action adopted by others.

परग्लानि स्त्री० शत्रुदमन ; subjugation of enemy. **—चक्र** न० शत्रु-सैन्य, विरोधी राजा ; army of enemy, hostile king. Note परचक्राभिजातः 'परचक्रेणाभिभूतः' [परचक्रम् अभिजातमभिमुखं यस्य सः]. **—च्छन्दानुवर्तन** न० दूसरे को इच्छा पर नाचना ; following the will of another. **—च्छिद्र** वि० दूसरे की कमी ; another's fault or defect. **—जात** न० दूसरे का पलुआ ; one brought up by others=परपुष्ट. **—ज्यानि** स्त्री० दूसरों को सताना ; oppression of others. **—तन्त्र** वि० पराधीन ; dependent. **परतः प्रामाण्यवाद** पुं० 'ज्ञान का प्रामाण्य, ज्ञान की उत्पत्ति और ज्ञप्ति की दृष्टि से, 'किसी बाहरी बात पर निर्भर होता है' यह मत । यह जानने के लिये कि ज्ञात ज्ञान सही है या नहीं एक और साधन अपेक्षित है, और वह है 'संवादि-प्रवृत्ति' अर्थात् सफल क्रिया ; the doctrine that correcting of knowledge requires a factor other than itself, i.e., knowledge is not self-evident. **—तस्** क्रिवि० आगे, —से अधिक; farther, more. **—त्र** क्रिवि० दूसरी जगह, इहलोक के बाद ; elsewhere, in-another world.

परदार [-राः नित्य बहु०] दूसरे की पत्नी ; another's wife : परदारान् प्रकुरुते='forcibly enjoys another's wife'. **—दारिन्** वि० व्यभिचारी; adulterer. **—द्रव्य** न० दूसरे की संपत्ति ; another's property. **—द्रोहिन्** वि० परद्वेषी ; hating others.

परंतप वि० शत्रुतापी ; vexing foes=परमर्दनः.

परपक्ष पुं० शत्रुपक्ष, विपक्ष ; party of the foe, opposite side. **—पद** न० अन्तिम ध्येय, मोक्ष ; final beatitude. **—परिग्रह** (1) पुं० परस्व, पराया धन ; wealth of another. (2) वि० पराधीन ; dependent, under some one's control. **—पाकरत** वि० नित्यकर्म करता हुआ भी पराज्ञ पर जीने वाला ; one who performs the usual five sacrifices, but lives on others : पञ्चयज्ञान् स्वयं कृत्वा परान्नमुपजीवति । सततं प्रातरुत्थाय परपाकरतस्तु सः ॥.

परपिण्डाद वि० दूसरे का अन्न खाने वाला ; one living on another's bread. **—पुरंजय** वि० शत्रुजेता ; conqueror, hero=परंतप. **—पुष्ट** पुं० कोकिल ; cuckoo. **—पूर्वा** [=पुनर्भू] पर-पुरुष है भर्ता जिसका ऐसी स्त्री, वह स्त्री जिसका पति रह चुका है; having another man as her husband, woman who has had husband. **—प्रेष्य** पुं० नौकर; servant. **—भाग** पुं० गुणों का उत्कर्ष, भिन्न रंगों के मिश्रण से उत्पन्न द्युति ; height of merits, beauty arising from the mingling of various colours. **—भूति** स्त्री० परैश्वर्य ; wealth of others.

or enemies. —भृत् पुं० कौआ ; crow (said to nourish the cuckoo). —भृत पुं० कोयल ; cuckoo =परभृतिका.

परम् क्रिवि० अ० बहुत अधिक, अधिक से अधिक, केवल, तो भी, किंतु ; highly, greatly, very : परमनुगृहीतोऽस्मि, at the most : आयुस्तत्र मर्त्यानां परं त्रिंशद् भविष्यति, in it the life of mortals lasts at the most thirty (years), nothing but, only : विषाणे स्तः परं न ते, you only lack the horns, but, however : सर्वशास्त्रपारगाः परं बुद्धिरहिताः ; they are thoroughly versed in all learning but lack intelligence.

परम [पर+तम] वि० चरम, अत्यधिक : परमोदारः 'अतिमहान्', दूरतम, अन्तिम, श्रेष्ठ, उच्चतम, उत्तम; extreme, farthest, last, highest, best : **परमो जपः** 'सावित्री'. **परमायत्तः**, **परमोद्युक्तः** 'अतिप्रयाससयुक्तः', **परमं तत्त्वम्** 'ब्रह्मभावः'. —म् क्रिवि० बहुत अच्छा, हां ; highly, well, yes.

परमधामन् न० वैकुण्ठ ; heaven. —**होत्सव** पुं० आम ; mango tree. —**सीत्यं क्षेत्रम्** हल चलाकर ठीक किया खेत ; well-furrowed field.

परमाङ्गना स्त्री० अत्यन्त सुन्दरी ; excellent woman.

परमाणु पुं० सूक्ष्मातिसूक्ष्म अणु ; atom, an indivisible base of all the aggregate bodies : जालान्तर्गते भानौ यत् सूक्ष्मं दृश्यते रजः। तस्य षष्ठतमो भागः परमाणुः प्रकीर्तितः ॥

परमानन्द (1) —न्दः पुं० परम आनन्द; the highest bliss. (2) वि० परमानन्दकर ; giving great pleasure [वचः].

परमान्न न० पायस ; rice boiled in milk with sugar.

परमायुस् वि० बड़ी आयु वाला ; very long-lived. **परमार्थ** पुं० परम सत्य, वास्तविकता ; the highest truth, reality. **परमेष्वास** [परम+इषु+आस √अस्, 'throw'] वि० उत्कृष्ट धनुर्धर; a skilled archer. **परमेष्ठिन्** [परम√स्था] पुं० अपनी प्रकृष्ट महिमा में स्थित, ब्रह्मा; standing at the highest, Brahmā.

परंपर [परपरतराः] वि० सिलसिलेवार ; one following the other, successive. —रा स्त्री० सिलसिला, एक के बाद दूसरा, कल्लोल, तांता, रीति, मर्यादा, प्रथा ; series, succession, tradition. **परंपराक** पुं० यज्ञ में पशु-हत्या ; immolating an animal at a sacrifice. **परंपरीण** [परांश्च परतरांश्चानुभवति] वि० जिसने परंपरा देखी है ; परंपरा में ; one who has seen or experienced succession.

परयान न० मृत्यु ; death. —**रमण** वि० पर-स्त्री का यार ; gallant, paramour. —**लोक** पुं० भावी जगत्; future world. —**वत्** वि० पराधीन ; dependent=परवशः. —**वाणि** पुं० न्यायाधीश, वर्ष ; a judge, year. —**वाद** पुं० उड़ती बात, आक्षेप, बहस ; rumour, objection, controversy. —**विधि** पुं० अन्त्येष्टि ; funeral rites. —**वीरहन्** वि० शत्रु-मर्दन, परंतप ; killing enemies. —**वैशारद्य** न० परम स्वच्छता, अतिसूक्ष्म वस्तु, प्रतिबिम्बोद्ग्रहणसामर्थ्य ; complete purity or cleanliness. —**व्रत** पुं० 'epithet of Dhṛtarāṣṭra'.

परशु पुं० फरसा ; axe=परश्वधः; cp. **कालपरशु** : 'वधपरशुः' 'killing-axe'. —**राम** पुं० जमदग्नि का पुत्र, जिसने २१ बार क्षत्रियों का ध्वंस किया था; Jamadagni's son who slaughtered the Kṣatriyas 21 times.

परःशताः [शतात् पराः] सौ से ऊपर ; more than a hundred.

परश्वस् क्रिवि० आने वाला परसों ; day after tomorrow.

परस् क्रिवि० आगे, परे, —से अधिक, — के अतिरिक्त; further, beyond, more than (this), with the exception of—.

परसंवेदन न० पर का समर्पण ; handing over others : 'सुखभेष्वर्थलाभेषु परसंवेदने जनः' [Mudrā. I.]. —**संज्ञक** पुं० आत्मा ; soul. —**सात्** क्रिवि० दूसरे के वश में ; into the hands of another.

परस्तात् क्रिवि० दूसरी ओर, ऊपर, परे, पश्चात् ; on the other side, above, beyond, after.

परस्पर वि० आपस में, एक दूसरे ; mutual, one another. —म् क्रिवि० मिथः ; mutually. —**आहत** वि० परस्पर-विरोधी वाक्य, संकुल, क्लिष्ट (वचन) ; contradictory speech.

परस्मैपद न० ['लः परस्मैपदम्', P. I.4 99] जैसे भवति, पचति ; a voice for another ; one of the two voices, the other being *Ātmanepada* or middle voice, a voice for oneself : एधते.

परस्व न० पर-धन ; another's wealth.

परःसहस्र वि० हजार से ऊपर ; more than a thousand.

परा क्रिवि० दूर, आगे ; to a distance, away.

परा √इ [परैति] परे चले जाना, प्रस्थान करना, मर जाना ; to go away, depart, die.

पराक पुं० (A) दूरी ; distance. (B) व्रत-विशेष जिसमें बारह दिन उपवास करना होता है : द्वादशाहोपवासस्तु पराकः परिकीर्तितः [Malli. on Naiṣadha, XVII.170] ; penance which consists of observing complete fast for twelve days.

पराक्त्व न० अहंकारास्पद चैतन्य ; *Caitanya* vitiated by ahaṁkāra or ego, objects. See 'प्रत्यक्त्व'.

पराक्रम [युद्धे लघु-संचारः] पुं० उत्साह, हौसला, सामर्थ्य, शक्ति, शौर्य, परिश्रम ; courage, strength, energy, exertion, valour, prowess. Cp. **शौर्य** and **वीर्य**.

—मिन् वि० पराक्रम वाला ; heroic, valorous.

पराग पुं० सुमनोरजस्, पुष्प-रजस्, ग्रहण ; pollen, eclipse.

परागत वि० आ पहुँचा है, लौट आया है, व्याप्त; has arrived, has returned, pervaded.

पराङ्गव पुं० समुद्र ; ocean. पराङ्मुख वि० विमुख; whose face is turned away, unfavourable, shunning =पराङ् आवृत्तः.

पराचित वि० दूसरे का पलुआ ; fostered by another. पराजय पुं० अपजय; defeat. परा √जि [-जयते -जित] ग्लान होना, हरा देना (सक०) ; to be weary of : अध्ययनात् पराजयते ; to conquer : शत्रून् पराजयते. पराजिष्णु वि० विजेता ; victorious. पराञ्च् [√अञ्च्] (1) वि० परावृत्त, परागत, फिरा, दूर, बहिर्मुख ; turned away, distant. (2) पुं० विषय ; objects, opp. to प्रत्यक्=soul.

पराणुत्ति [√नुद्] स्त्री० खदेड़ देना ; driving away.

परात्पर पुं० ब्रह्म ; Supreme Being. परादान [परस्वहरणम्] न० दूसरों का धन ले लेना ; taking away wealth of others. पराधि पुं० शिकार, यातना ; hunting, extreme mental pain.

पराधीन वि० परवश, व्यस्त; dependent, entirely occupied with. परान्त पुं० महाप्रलय, प्राचीदिगन्तवास ; dissolution, living in the west. [Cp. अपरान्तः 'मरणम्']. —काल पुं० मोक्षकाल, अज्ञान नष्ट हो जाने पर देहपात ; death after the removal of ignorance.

परा √पत् परे उड़ जाना, उड़ना, पहुँचना ; to fly away, fly, approach. —पात —म् क्रिवि० दूर जाकर, उड़कर ; flying away.

पराभव पुं० अपजय, तिरस्कार, अनादर, नाश ; defeat, humiliation, ruin ; cp. पराभाव पुं० 'अत्यन्ताभावः'. पराभावुक वि० तिरस्कर्ता, बढ़ जाने वाला; one who humiliates, one who excels or eclipses. पराभिमर्श पुं० पर द्वारा बलात्कार ; outrage by a stranger. पराभूतः वि० पराजित, तिरस्कृत, प्रकोपित ; vanquished humiliated, enraged. पराभूति स्त्री० पराजय, तिरस्कार ; defeat, humiliation. परामर्श पुं० विचार, परीक्षण, निर्णय, दूसरों के हाथ उपमर्दन ; examination, judgement, dragging by another. परा √मृश् [-मृशति] छूना, जांचना ; to touch, consider, judge. परामृष्ट वि० विचारित, स्पृष्ट, अपहृत; considered, touched, carried away by force.

परायण [परममाप्यम] (1) न० परम आश्रय, अन्तिम उद्देश्य, परा काष्ठा, गति, मूल कारण, लयस्थान, प्रस्थान ; final support or stay, final aim, last resort, original cause, that into which anything dissolves, departure. (2) वि० पूर्णतः अवहित अथवा ध्यानावस्थ, सर्वोत्कृष्ट ; intent on, solely devoted to, the best of all. परारि [पूर्वतरे वत्सरे] क्रिवि० गतवर्ष से पहले वर्ष ; year before last. परारि-त्न वि० गतवर्ष से पहले वर्ष का ; belonging to the year before last. परारीका स्त्री० काला लहसुन ; black garlic.

परार्थ पुं० उच्चतम लक्ष्य, दूसरों का काम; highest objective, another's interest. —म् क्रिवि० दूसरों के लिये ; for others. —त्वम् न० अदृष्टार्थत्व ; the condition of being conducive to Adṛṣta. परार्ध पुंन० दूसरा अर्ध, अधिक दूर, एक शंख, सर्वान्त संख्या, एक ब्राह्म वर्ष ; the other side, the other half, more remote, the final number, one Brāhma year. परार्ध्य वि० अति श्रेष्ठ, श्लाघ्य, अमूल्य, जो दूसरे अर्ध में हो ; the last, the highest, the most precious, being on the opposite side or half.

परा √वच् [-वक्ति] मना करना, रद्द करना, खण्डन करना ; to reject. परावत् (1) वि० अत्यन्त सुखद लोक ; the world abounding in happiness. (2) क्रिवि० अत्यन्त दूर ; very far. परा √वप् दूर फेंक देना, दूर कर देना ; to throw away, remove. परावर [परश्चासाववरश्चेति] वि० सामान्य-विशेष ; general and peculiar, भूत एवं भावी ; what has been and what will be = सर्वात्मक ; having the form of all. Cp. दृष्टलोकपरावरः 'दृष्टे लोकपरावरे उत्कृष्टापकृष्ट-वस्तुनी येन सः'. परावरज्ञः 'सदसद्वस्तुविद्, त्रिकालज्ञः'. परा वाक् स्त्री० मूलाधार-चक्र में प्रवर्तित सूक्ष्मतम वाणी ; speech in its rudimentary form in *Mūlādhārackara*. पराविद्या स्त्री० ब्रह्मज्ञानदायिनी विद्या ; science leading to the knowledge of Brahman, opp. to अपरा 'that leads to the knowledge of the material world [Muṇḍokopa. I. 1. 4. 5.]. परावृक्त [√वृज्] वि० छेका ; cast off. परा √वृज् [वृणक्ति] छोड़ देना ; to give up : परावृणक्ति 'दूराद् वर्जयति'. परावृत्त वि० समुत्तान, ऊपर को उठा ; raised above [कर्णपाशः]. परावृत्ति स्त्री० परावर्तन, पुनर्जीवन ; revival, new life. परावृत्य [gd. √वृत्] 'turning around'. पराव्याध पुं० पत्थर फेंकने की दूरी ; a stone's throw. पराव्युष्टि स्त्री० महद्भाग्य; great good fortune.

पराशर [√शॄ] पुं० कुचल डालने वाला, एक नाम ; crusher, a name. —पुराण न० 'Viṣṇu-purāṇa'. —रिन् वि० भिखारी ; beggar. पराश्रय (1) पुं० दूसरे का सहारा ; dependence upon others. (2) वि० पराश्रयिन् ; one depending on others.

परासन [परा+अ-] न० मार डालना ; killing, destruc-

tion. परा √सिञ्च् अलग कर देना, फेंक देना, हटा देना ; to cast aside, remove : परासिक्तः 'निधूतः'.

परासु [परा+अ-] वि० मृत ; expired, dead. Cp. **परासुकरणम्** 'मारण-साधनम्', **परासुता** 'निद्रा-परत्वम्, मरणम्'. **परा √सृज्** [-सृजति] 'त्यजति'. **परास्कन्दिन्** पुं० चोर ; thief. **परास्त** [परा √अस्] वि० पराजित ; defeated. **पराहत** वि० उखेड़ा, फाड़-फाड़ किया, मारा ; turned over, tilled (earth), killed. **पराह्ण** पुं० तीसरा पहर ; after-noon.

परि उप० और क्रिवि० चहुँ ओर, आधिक्येन, छोड़कर; round, excessively, leaving aside. **परि √अञ्च्** 'to turn round'. **परि-अनु √नी** : पर्यनुनीयमानः 'पुनः पुनरनुनयेन पृच्छ्यमानः'. **परि+अव √धा** [पर्यवदधाति] एक पात्र में धरना, —पर रखना ; to place together in one vessel, place upon or above. **परि-अव √स्था** [पर्यवतिष्ठते] स्थिर होना, जम कर खड़ा होना ; to become steady or firm : पर्यवस्थापयात्मानम् 'मनो निश्चलं कुरु'. **परि √अस्** [पर्यस्यति, पर्यस्त, पर्यासयति] बखेरना, घेरा डालना, उखाड़ फेंकना; to scatter : अनेन पर्यासयताश्रुविन्दून्; surround, overthrow.

परि √इ [पर्येति, परीत] चहुं ओर जाना, घेरना, पहुंचना, पाना ; to go round, surround, reach, attain. **परि √ईक्ष्** [परीक्षते, परीक्षित] चहु ओर देखना, जांचना ; to look around, examine.

परिकट पुं० रोध, रोक, परिखा ; barrier, trench before the gate of a town. **परिकथा** 'that kathā which is written to expound the beauties of a single *Puruṣārtha*'. Note 'एकदेशवर्णना खण्डकथा, समस्तफलान्तेतिवृत्तवर्णना सकलकथा'. **परिकर** पुं० परिवार, परिजन, पलंग, पटका, कटिबन्ध, गात्रिकाबन्ध, सहायता, आधिक्य, भीड़, विवेक, एक अलंकार, परिक्रिया ; retinue, family, bed, piece of cloth tied round waist, covering the body with a dhotī tied round in a special way : परिकरो बद्धः, assistance, abundance, multitude, discrimination, a figure of speech, which consists in the use of significant epithets; insinuation : विशेषणैर्यत् साकूतैरुक्तिः परिकरस्तु सः [KPr. X.114], enlargement of *bīja* in a drama [Daśa. I.39]. —**श्लोकः** that śloka which presents an object that is not relevant.

परिकर्तन न० ऊपर से नीचे को कर्तन, यातना ; operating tumour etc. from above downwards, shooting pain. **परिकर्तुम्** [√कृ] 'to serve'. **परिकर्तिका** स्त्री० कैंची से काटने के समान वेदना ; cutting or shooting pain. **परिकर्तृ** पुं० वह पुरोहित जो ऐसे व्यक्ति का विवाह पढ़ाता है जिसका बड़ा भाई अभी अविवाहित है ; a priest who performs the marriage ceremony of a person whose elder brother is yet unmarried.

परिकर्मन् (1) पुं० सेवक, सहायक, दास ; servant, assistant, slave. (2) न० उपासना, प्रसाधन, चन्दनादि से शरीर को सजाना, कपड़े पहरना, इत्र आदि लगाना, स्वच्छ बनना या बनाना, स्वच्छ बनने या बनाने का साधन ; adoration, adornment, dressing, painting and perfuming the body, purifying, means of purification. **परिकर्मित-चेतस्** वि० पवित्र चित्त वाला ; of pure mind. **परिकर्मिन्** पुं० सहायक, नौकर, दास ; assistant, servant, slave.

परिकर्ष पुं० खींच निकालना; dragging out, extraction.

परिकल्क न० शठता, ठगी ; deceit, cheating. **परिकल्पन** न० कल्पना करना, बनाना, बांटना; thinking, forming, distributing. —**ना** स्त्री० रण-सज्जा; military preparations : 'परिकल्पनाव्यतिकर-प्रोच्छून-वंशान्' [Mudrā. VII. 15].

परिकालयते [पलाययति] भगाता है ; drives away.

परिकिरण [√कॄ] न० बखेरना; scattering around.

परिकीर्ण [√कॄ] वि० लिप्त, फैला, बिखरा, घिरा, भरा ; smeared with, spread, scattered, surrounded, full of. —**कीर्तन** न० घोषणा, शेखी बघारना ; proclaiming, boasting.

परिकृत वि० संपादित ; cooked (food). —**कृश** [परितः कृशः] वि० निर्बल, दुर्बल ; emaciated on all sides. —**कोप** पुं० प्रचण्ड क्रोध ; great anger.

परि √क्रम् [परिक्रामति, -क्रान्त] घूमना, परिक्रमा करना ; to go or walk around, circumambulate. —**क्रम** पुं० चारों ओर घूमना, परिक्रमा, संचार, खेल में पांवों-चलना, पदक्रमण, क्रम, पदन्यास, सिलसिला ; walking around, circumambulating, walking, succession, order. Cp. अपरिक्रमः 'संचाराक्षमः'. —**क्रयण** [द्रव्यदानेनात्यन्तस्वीकारः क्रयः, तस्य समीपं परिशब्द आचष्टे नियतकालं वेतनादिना स्वीकरणम्] न० मजदूरी पर रखना, मजदूरी; employing one on wages, wages = परिक्रयः —**क्रान्त** (1) न० कदम, पैंड़ ; foot-step, foot-print. (2) वि० घूमा ; walked around. —**क्रिया** स्त्री० परिचर्या, सेवा, नाटक में बीज का विकास ; service, enlargement of the bīja in a drama = परिकर. —**√क्री** परिक्रीणानः 'परिक्रयं विचिन्वन्'. —**क्रुष्ट** न० 'जीमने वालो जीमो' यह चिल्लाकर दिया भोजन; food served after loudly or unceremoniously inviting people. —**क्रोशक** वि० परिदेवक ; one who cries or wails.

परिक्लान्त वि० परिश्रान्त, थका ; fatigued, exhausted. —**क्लिष्ट** वि० व्याकुल, आकुल, सताया, चूर-चूर, विपन्न ; tormented on all sides, distressed, fatigued : परिक्लिष्टः किलाध्वना, dejected. —**क्लेद** पुं० सील, गीलापन ; dampness, moisture. —**क्लेश** [सर्वतो बाधनम्] पुं० हर तरह सताना, हर तरह बाधा पहुंचाना : [as in उरः प्रतिपेषं युध्यन्ते=कृत्स्नमुरः पीडयन्तो युध्यन्ते], मुसीबत, परेशानी; to cause pain thoroughly, pain, hardship.

परिक्षत [√क्षण्] वि० घायल, क्षत, लहूलुहान ; wounded. —**क्षति** स्त्री० चोट, हानि; injury, loss. —**क्षय** [√क्षि] पुं० विनाश, अदर्शन, क्षति ; destruction, disappearance, loss. —**क्षाण** वि० दग्ध काष्ठ ; burnt wood. —**क्षाम** [√क्षा √क्षै] वि० म्लान, कुराया, दुबराया ; much weakened, emaciated. —**क्षालन** (1) न० पखारना, निखारना, प्रक्षालनार्थ जल ; washing, cleansing, water for washing.

परिक्षिप्त वि० आवृत, घिरा, बद्ध; surrounded, encircled, tied : कालपाशपरिक्षिप्तः [Rām. III.]. —**क्षीव** वि० मदमस्त ; quite i ntoxicated.

परिक्षेप पुं० (A) चहुं ओर बखेरना, फैलाना, परिवेष, घेरा ; scattering, spreading, encircling. Cp. **वाटपरिक्षेप**. (B) चालक, इन्द्रिय = परितः क्षिप्यते विषयभोगवासनया यैस्ते परिक्षेपाः इन्द्रियाणि [MBh.]. —**क** वि० चहुं ओर बखेरने वाला ; one scattering around. —**क्षेपिक** पुं० प्रतिपक्षी ; contestant. —**पिन्** वि० फेंकने वाला, त्यागी ; throwing around, liberal giver. —**खात** न० परिखा ; encircling ditch or moat.

परिखा [परितः खाता] स्त्री० शहर या किले के चारों ओर खुदी खाई ; moat, ditch round the town or fort =परिखासम्. —**खिन्न** वि० परिक्लान्त ; afflicted. —**खेद** पुं० थकावट, सुस्ती ; fatigue, lassitude. —**ख्याति** स्त्री० विख्याति ; fame.

परिगणितिन् वि० जिसने भला-बुरा सब कुछ देख लिया है ; one who has counted pros and cons : परिगणिती याज्ञिके. —**गत** वि० घिरा, फैला ; surrounded, spread around. —**गम** पुं० घेरना, फैलना, फैलाना, जानना, विवेक ; surrounding, spreading, knowing, ascertaining. —**गर्हण** न० जी खोलकर दोष देना ; excessive blaming. —**गाद** =परिक्षामः. —**गूढ** वि० सुतरां गुप्त ; quite secret. —**गृहीत** वि० पकड़ा, आलिङ्गित, घिरा, लिया, अभिनन्दित ; seized, embraced, surrounded, received. —**गृहीतृ** पुं० भर्ता ; husband. —**गृह्या** स्त्री० विवाहित स्त्री; married woman.

परि √ग्रह् [-गृह्णाति, -गृहीत] पकड़ना, आलिङ्गन करना, घेरना, धर लेना, छोड़ देना, दबा लेना, कैद कर लेना, पहनना, विवाह करना; to seize, embrace, surround, catch, take possession of, put on (clothes), take as wife, marry, leaving or mking an exception. **परिगृह्य** 'वर्जयित्वा' [MBh.].

परिग्रह पुं० संग्रह, आदान, स्वीकरण, घेर लेना, आवास, परिजन, परिवार, विवाह, पत्नी, संपत्ति, समझ, नियमन, पक्षपात, आतिथ्य, सूर्य-चन्द्र का ग्रहण, भोज्य द्रव्यों का एक-एक करके परिमाण लेना, 'वसवस्त्वा परिगृह्णन्तु' इत्यादि मन्त्रसाध्य पूर्वोत्तर-परिग्रहाख्य संस्कार, परिग्रह (व्याकरण में); collecting, taking, seizing, acceptance, surrounding, residence, retinue, family, marriage, wife, property or wealth, wisdom, comprehension, control, partiality, hospitality, eclipse of sun and moon, taking measure of food article-wise [opp. to सर्वग्रह], a particular *saṁskāra* of *Vedi*, double mention of a wood both before and after *iti*. **परिग्रहण** न० चहुं ओर से नापना ; to measure on all sides. **परिग्रह** पुं० वेदी को पूरना ; fencing round the *Vedi* with lines of flour etc. [only in sacrifice, otherwise '**परिग्रहो देवदत्तस्य**']. **परिग्राह्य** वि० अनुग्राह्य, परिरक्ष्य ; to be protected : तथायं ब्राह्मणो वाच्यः परिग्राह्यश्च यत्नतः [MBh. VII. 162].

परिघ [परिहन्यते अनेन, परितो हन्तीति वा, -घा] पुं० कण्टकित लोहदण्ड, अर्गला, बाधा, परिवेष ; hammerlike weapon, bolt, iron bar for securing door, obstacle. Cp. **परिघोरुभुजः** 'अर्गल-विशालबाहुः' ; circle round the sun and moon : परिघा सूर्यमवारयत् [MBh. VI. 2. 21]. **परिघट्टन** न० उपघात, रगड़, घिसन, प्रज्वलित समित्पिण्ड को कुरेदना ; friction, stirring up. —**ना** स्त्री० तन्त्री या गले के स्वर को ऊंचा करना ; raising the *tantrī* or vice. —**घर्म** पुं० यज्ञिय घी को पिघालने का बेला ; vessel for preparing the hot sacrificial beverage. —**घातन** न० हनन, अस्त्रविशेष ; killing, striking, a club armed with iron.

परि √चक्ष् [-चष्टे] आंख फेर लेना, आंख कतरा जाना, उपेक्षा करना, रद्द कर देना, निन्दा करना ; to overlook, reject, censure. —**क्षा** स्त्री० निन्दा, त्याग ; censure, rejection. —**चक्ष्य** वि० त्याज्य ; to be despised or disapproved. **परिचतुर्दशन्** [अधिक-चतुर्दशाः पञ्चदश] पन्द्रह ; fifteen. **परिचपलः** 'सर्वतो भ्रमन्'. **परिचय** [√चि] पुं० जान-पहचान, आदत ; acquaintance, habit : इदानीं परिचयो मां विस्मययति [Cāru. VIII.].

परिचर पुं० पर्यटक, साथी, नौकर; roaming about, companion, servant = परिचरणः, परिचरिता, परिचारकः, परिचारिकः, परिचारी. —**चर्मण्य** न० चमड़े का टुकड़ा; strip of leather. —**चर्या** स्त्री० पूजा, सेवा; honour, service. —**चाय्य** [√चि, परिचीयते इति] पुं० यज्ञिय अग्नि; sacrificial fire=उपचाय्य=समूह्यः. —**चार** पुं० सेवा, टहल, राजपुर; service, attendance, king's town or city. Cp. **परिचारवृद्धाः** 'अमात्यवृद्धाः'. —**चारक** [स्त्री० **चारिका**] पुं० सेवक; attendant.

परि √चि [-चिनोति] परिचय करना, जानना, अभ्यास करना, बढ़ना; to know, practise, grow : परस्परस्योपरि पर्यचीयत [Raghu. III.25]. **परिचितविविक्त** वि० एकान्त का अभ्यासी; used to solitude. **परिचिति** स्त्री० जान-पहचान; acquaintance. **परिचुम्बन** न० अनुराग से चूमना; kissing passionately.

परिच्छद पुं० आवरण, वस्त्र, परिचर, सेवकवृन्द, परिवार, भोग्य-वस्तु-सामग्री; covering, dress, attendants, family, paraphernalia. —**च्छन्न** वि० परिवृत, आवृत, परिहित, कपड़े-पहरे; surrounded, covered over, clad. —**च्छित्ति** स्त्री० परिच्छेद, सीमन, विभाजन; accurate definition, limiting, division = परिच्छिदा. —**च्छिन्न** वि० परिमित, परिगणित, वह जो स्वनिर्भर न हो, अव्यापिन्; limited, qualified, counted. —**च्छेद** पुं० पृथक्करण, विवेक : 'दूरे परिच्छेद-कथा हि सत्यम्, एतद्गुणानामुदधेरपां च', इयत्ता, उचित निर्णय, फैसला, विभाग, विभाजन, खण्ड, अध्याय; separation, exact discrimination, limit, sound judgment, decision, section, part, chapter. —**च्छेदक** वि० सीमित करने वाला; limiting. —**च्छेद्य** वि० जिसका लक्षण या सीमन होना है; to be defined, limited or qualified.

परिच्याव [√च्यु] पुं० च्युति, पतन, पतितत्व; falling.

परिजन पुं० अनुचर-वर्ग, कुटुम्ब, परिवार, नौकर-चाकर; retinue, family, attendants. —**जन्मन्** पुं० चांद, आग; moon, fire. —**जय्य** वि० जेतव्य; one who can be conquered. —**जल्पित** न० नौकर या प्रियतमा का चतुराई दिखाना; covert indication of his or her skill by a servant or the beloved or mistress : प्रभोर्निर्दयताशाठ्यचापलाद्युपपादनात्। स्वविचक्षणताव्यक्तिर्भङ्ग्या स्यात् परिजल्पितम्॥ उज्ज्वलमणिः. —**जा** स्त्री० उत्पत्ति-स्थान; place of origin. —**जात** वि० पूरी तरह बढ़ा; completely grown.

परिज्ञप्ति स्त्री० बातचीत, पहचान; *conversation, recognition.* —**ज्ञात** वि० प्रसिद्ध; famous. **परिज्ञा[न]** न० पूरा ज्ञान, अन्तर्दृष्टि; thorough knowledge, insight.

परिज्मन् [√अज्] पुंवि० परिगन्ता; going round : air and fire. —**ज्रि** वि० चहुं ओर भागने वाला; running round. —**ज्-वन्** [√अज्] पुं० चांद, अग्नि, नौकर; moon, fire, servant.

परिडीन न० उड़ान; flight.

परिणत (1) वि० झुका, पका, बूढ़ा, पचा, बदला; bent or bowed, ripe, old, digested, transformed. (2) पुं० तिर्यग्दन्त-प्रहार वाला हाथी; elephant using his tusks slantwise. —**बुद्धि** वि० परिपक्व-बुद्धि; of mature intellect or mind. —**णति** स्त्री० परिणमन, झुकाव, परिपाक, परिवर्तन, रूपान्तरण, परिणाम, वार्धक्य, हाथी का तिर्यग्दन्त-प्रहार; bending, ripeness or *maturity, change, transformation,* result, old age, elephant's slanting thrust with his tusks. —**णद्ध** वि० विशाल, विपुल, प्रभूत, विस्तृत; large, broad : परिणद्धकन्धरः. —**णमन** न० पच जाना, शौच साफ आना, परिणति; digestion, clearing of bowels, change. Note **परिणाम्य** 'अतिवाह्य' (द्वादशवर्षाणि). —**णय** पुं० विवाह; leading bride round fire, wedding. —**णाम** पुं० परिणति, परिपाक (फल का), पकना, अन्त, फल, छोर, अलंकार-विशेष; change, transformation, ripening, end, close, result, a figure of speech allied to *Rūpaka* wherein the properties of any object are transferred to that with which it is compared: परिणामः क्रियार्थश्चेद् विषयी विषयात्मना। प्रसन्नेन दृगब्जेन वीक्षते मदिरेक्षणा॥ [Candrāloka, V. 18] ; see **भित्तिपरिणामसूचित** where परिणाम means 'end'. Cp. *also* जहद्धर्मान्तरं पूर्वमुपादत्ते यदा परम्। तत्त्वादप्रच्युतो धर्मी परिणामः स उच्यते [Pat. on P. VI. 3.46]. **परिणामिनित्यता** [यस्मिन् परिणम्यमाने तत्त्वं न विहन्यते तन्नित्यम्] परिणाम होते रहने पर भी तत्त्व वैसा ही बना रहने की दशा; no change in essence though there is change *in form etc.,* as the *Guṇas* of Sāṁkhya are eternal, though ever changing. So is gold in bangles and other ornaments. For **कूटस्थनित्यता** cp. *Puruṣa.*

परिणाय [समन्तान्नयनम्] पुं० परिणयन, गोटियां फेंकना; *leading round, moving a piece of chess* : परिणायेन शारान् हन्ति. —**क** [परितो नयतीति] वि० परिणेता, इधर-उधर ले जाने वाला; one who marries, one who carries anything here and there (as Śravana carried his parents).

परिणाह [√नह्] पुं० आभोग, पृथुलता, पारिमाण्डल्य, लंबाई-चौड़ाई, विस्तार, घेरा, परिवर्तुलता; expanse, girth : शरीरपरिणाह-सुखप्रवेशम् [Cāru.], circumference. —**णाहिन्** वि० विशाल, पृथुल, विपुल; large, big.

परिर्णिसक [√निस् 'चुम्बने'] वि० चूमने वाला, खाने वाला ; kissing, tasting, eating : 'फलानां परिर्णिसकः'. —**णिष्ठा** स्त्री० पूर्ण चतुराई ; perfect skill. —**णीत** वि० परितो नीतः [परिणीतः 'चारोऽयमिति दर्शितः'], विवाहित; taken round, married. —**णेतृ** वि० परिग्राही, पति ; leading bride round fire, husband. —**णेय** वि० विवाह्य ; to be married.

प्रतीत्यसमुत्पाद [प्रति इत्य प्राप्य इदमुत्पद्यत इति कारणे, सति तत् प्रतीत्य प्राप्य समुत्पादः] पुं० बौद्धों की प्रक्रिया में उसके होने पर उसकी उत्पत्ति, और उसके न होने पर उसकी अनुत्पत्ति : "उत्पादाद्वा तथागतानामनुत्पादाद्वा स्थितैषा धर्माणां धर्मता"; जैसे बीज होने पर अङ्कुर, अङ्कुर होने पर पत्र, पत्र होने पर कायड, कायड होने पर नाल, नाल होने पर गर्भ, गर्भ होने पर शूक, शूक से पुष्प, पुष्प से फल ; इसके विपरीत होने पर अङ्कुर नहीं होता, अङ्कुर न होने पर पत्र नहीं होता इसी प्रकार आगे; अमुक वस्तु के होने पर दूसरी वस्तु की उत्पत्ति, और उसके अभाव में तज्जन्य वस्तु की अनुत्पत्ति यह प्रक्रिया; inter-dependence i.e. the one being there, the other follows=necessary sequence.

प्रतीप [प्रतिगता आपो यस्मिन् : प्रति+आप्] (1) वि० प्रवाह के विपरीत, प्रतिलोम, प्रतिकूल, विरुद्ध ; going in the opposite direction, contrary. (2) पुं० वैरी : प्रतीपकर्त्ता 'शत्रूणां छेत्ता', शंतनु का पिता और भीष्म का बाबा ; enemy, name of the father of Śaṁtanu and grand-father of Bhīṣma : **प्रतीपायसे** 'प्रतिकूलायसे, प्रतिकूलमाचरसि'. —**म्** न० एक अलंकार ; उपमान पर निरर्थकता का आक्षेप, अथवा उपमान को अपमानित करने के लिये उपमेय बना देना ; converse : where there is discarding of the object compared to, or where that object itself is treated, with a view to its being condemned, as the object compared, it is the converse : आक्षेप उपमानस्य प्रतीपमुपमेयता। तस्यैव यदि वा कल्प्या तिरस्कारनिबन्धनम् [KPr. X.133.]. —**दर्शिनी** स्त्री० अपाङ्गदर्शिनी, वामा; looking sideways, a woman.

प्रतीपान न० खाना-पीना ; food and drink. **प्रतीप्सित** [प्रति+ई-] वि० प्रत्यभिलषित ; desired (in return). —**मान** न० प्रस्थद्रोणादि द्वारा अन्न आदि मापना ; measuring grain etc. by *Prastha* and *Droṇa* etc. (opp. to तुलामान).

प्रतीर न० तट ; bank or shore. **प्रतीवाप** [√वप्] पुं० प्रक्षेपण, महामारी, क्लेश ; inserting (as ingredient), epidemic, plague.

प्रतूर्ण [√त्वर्] वि० त्वरावान् ; quick, fleet. **प्रतोद** [तीक्ष्णाग्रलोहवान् दण्डः] पुं० पैनी ; goad. **प्रतोली** स्त्री० वीथी, सड़क; main road, road. Note प्रतोली 'वीथी'; चर्या 'अवान्तर-वीथी'.

प्रत्त [√दा] वि० दत्तम्. **प्रत्न** वि० पुराना ; ancient.

प्रत्यक् क्रिवि० विपरीत दिशा में, उलटी ओर, पीछे को, विपरीत, भीतर की ओर; in opposite direction, backwards, against, inwards or inwardly. Cp. **प्रत्यगात्मम्** 'आत्मनि प्रत्यक्षीकृतम्', आत्मनि प्रतिमुखीकृतम्'. **प्रत्यक्-स्थली** 'प्रतीच्यां स्थलं यस्याः सा वेदिः, प्रत्यङ्निम्नेत्यर्थः'

प्रत्यक्चेतन (1) वि० अन्तर्मुख, प्रत्यग्दर्शी; whose thoughts are turned upon himself. (2) **—नः** पुं० परम आत्मा, आत्मा ; Supreme Soul, soul.

प्रत्यक्ष [अक्ष्णः प्रति] (1) वि० आंखों के आगे, सामने, दृश्य ; before the eyes, visible. (2) **—म्** न० इन्द्रियार्थसंनिकर्षजन्य ज्ञान ; perception, apprehension by the senses, considered as *pramāṇa*. **—म्** क्रिवि० आंखों के आगे ; before the eyes, in the presence of, in the sight of etc.

प्रत्यक्षकृता ऋक् स्त्री० वह मन्त्र या सूक्त जिसमें प्रत्यक्षतः देवता का निर्देश है; a stanza or hymn in which a deity is directly addressed. **—ज्ञान** न० इन्द्रियार्थसंनिकर्षजन्य ज्ञान ; knowledge obtained by direct perception. **—दर्शिन्** वि० जिसने आंखों देखा है ; eye-witness=प्रत्यक्षदर्शनः, प्रत्यक्ष-द्रष्टा. **—परीक्षण** न० स्वयं परीक्षण करना; personal examination. **—वादिन्** पुं० वह बौद्ध जो केवल प्रत्यक्ष को प्रमाण मानता है; a Buddhist who admits no other evidence than ocular proof or perception.

प्रत्यक्षिन् वि० प्रत्यक्ष देखने वाला, अनदेखी देखने वाला ; possessed of direct perception, eye-witness, possessed of supernatural perception.

प्रत्यक्स्रोतस् वि० पश्चिमवाहिनी ; flowing towards the west, epithet of Narmadā.

प्रत्यगक्ष न० भीतरी इन्द्रिय ; inner organ. **—आत्मन्** पुं० आन्तर आत्मा ; inner soul. **—आनन्द** वि० आत्मिक प्रसाद वाला ; inwardly joyful =अन्तः-प्रमादः, अन्तरारामः. **—उदक्** स्त्री० उत्तर-पश्चिम दिशा ; north-west. **—दक्षिणा** स्त्री० दक्षिण-पश्चिम से या —की ओर; southwesterly. **—दृश्** (1) स्त्री० आन्तर दृष्टि; inward glance. (2) वि० 'प्रत्यग्दर्शी'. **—धामन्** वि० अन्तःप्रकाश ; internally illumined.

प्रत्यग्र वि० अभिनव, ताजा; recent, fresh. **—रूप** वि० दिव्य-रूपः ; of excellent form or beauty. **—वयस्** वि० उभरती उम्र का ; अभिनव-यौवनः ; youthful, in the prime of life.

प्रत्यङ्क वि० हाल ही दागा, दाग़ा, अथवा छापा ; recently marked : प्रत्यङ्का गावः, अभ्यङ्का गावः =नवाङ्काः.

प्रत्यङ्ग **—म्** क्रिवि० पास में, हर अङ्ग में ; near, in proximity, in every limb.

प्रत्यङ्मुख वि० अन्तर्मुख, परावृत्त, पश्चिमाभिमुख ; turned inward, having the face averted, facing west.

प्रत्यञ्च् [प्रतीपं विपरीतमञ्चति विजानातीति, or प्रतिवस्तु अञ्चति अनुगच्छतीति अविद्यावान् पुरुषः] (1) वि० —की ओर मुड़ा, सामने, पीछे (होने या रहने) वाला, बालिश, विपरीत, प्रतीपगामी, पश्चिमी, भीतरी, बाद का ; turned towards or directed towards, facing, coming from behind, ignorant, averted, turned back, moving in the reverse direction, westward, western, inner, subsequent. (2) **—ङ्** पुं० आन्तर आत्मा, परमात्मा, भविष्य ; soul, Brahman, future.

प्रत्यञ्चित वि० पूजित, आदृत ; worshipped, honoured.

प्रत्यनन्तर वि० समीपवर्ती, प्रत्यासन्न, अनुकूल ; close to, in proximity, accordant.

प्रत्यनीक (1) वि० प्रतीपगामी, विपरीतकारी ; counteracting [medicine]. (2) पुं० शत्रु ; enemy. **—म्** न० एक अलंकार : विरोधी का प्रतीकार करने में असमर्थ व्यक्ति द्वारा उससे संबद्ध व्यक्ति का तिरस्कार ; 'Hostile' is that, *when a person, unable to injure his* enemy, offers an insult to a relative of that enemy, such description tending to glorify the latter : प्रतिपक्षमशक्तेन प्रतिकर्तुं तिरस्क्रिया' या तदीयस्य तत्स्तुत्यै प्रत्यनीकं तदुच्यते' [KPr. X. 129].

प्रत्यनुयोग पुं० प्रश्न पर प्रश्न; question to a question.

प्रत्यन्त (1) पुं० सीमा, बॉर्डर, म्लेच्छ देश और वहां के वासी ; boundary, border, country of the Mlecchas, barberous peoples. (2) वि० सरहद्दी, पारका ; people living on borders.

प्रत्यपकार पुं० अपकार, दण्ड; punishment : शाम्येत् प्रत्यपकारेण नोपकारेण दुर्जनः. **—भिज्ञा** स्त्री० पहचान; recognition : संस्कारेन्द्रिययोगजन्यं ज्ञानं प्रत्यभिज्ञा ; संस्कारमात्रजन्यं ज्ञानं स्मृतिः. **—ज्ञान** न० पहचान, पहचान का साधन; recognition, token of recognition. **—भिभूत** वि० पराजित, झुका ; vanquished, subdued. **—युक्त** वि० जिस पर उलटा अभियोग चला है ; accused in return. **—योग** पुं० उलटा मुकद्दमा ; counter charge, charge, accusation in return. **—वादन** [or -दः] न० राम-राम के उत्तर में राम-राम, अभिवाद्य के मुंह से आशीर्वचन ; return salutation, blessing in the mouth of one who is saluted. **—स्कन्दन** न० उलटा मुकद्दमा ; counter-plaint or charge. **प्रत्यमित्र** पुं० मित्र ; friend.

प्रत्यय् [प्रत्ययते] विश्वास करना ; to tust : यदि न प्रत्ययध्वं तदा प्रेक्षध्वम्' [Mudrā. VII].

प्रत्यय [√इ] पुं० निश्चय, संतोष, विश्वास, भरोसा, प्रतीति [यदि मे प्रत्ययं न गच्छसि], [तीन प्रकार की : **संशय** : स्थाणुर्वा पुरुषो वेति सामान्येन पक्षद्वयोल्लेखः ; **तर्कः** पुरुषेणानेन भवितव्यमित्येकतरपक्षानुकूलकारणदर्शनेन पक्षान्तरबाधनमिव तर्कः ; **निश्चयः** पुरुष एवायमिति पक्षान्तरासंस्पर्शेनैकतरपक्षनिर्णयः], विचार या मति, रागादिमती चित्तवृत्ति, निश्चय, ज्ञान अथवा अनुभव, अभिप्राय, हेतु अथवा कारण : स्त्रीप्रत्ययो हि वै धर्मः [MBh. XIV. 46.10] 'स्त्रीहेतुकः', ख्याति अथवा प्रसिद्धि, शपथ, रिवाज, आचार, बुद्धि, अनुचर, साथी, सहायक कारण, ध्यान, पवित्र अग्नि को रखने वाला गृहस्थ ; सुप्-तिङ् आदि ; experience, conviction or settled belief, trust, faith, contentment, idea or opinion, mental disposition, certainty, knowledge or experience, meaning, cause or ground, fame, renown, oath, usage or practice, intellect, attendant, companion, cooperating cause, contemplation, house-holder who keeps sacred fire, in grammar *sup*, *tiṅ* suffixes. **—साक्षिक** वि० ज्ञान है साक्षी जिसका (ऐसा ब्रह्म); Brahman evidenced by knowledge. **—अनुपश्य** वि० बुद्धिवृत्ति-साक्षी, चित्तवृत्ति के स्वरूप का द्रष्टा; seeing the course or mode of knowledge, witness to the course of buddhi.

प्रत्ययित वि० विश्वासभाजन ; relied upon, confided in. **प्रत्ययिन्** वि० विश्वास करने वाला, विश्वसनीय, ज्ञानी ; relying upon, trusting, trustworthy, one who knows or experiences.

प्रत्ययोपनिबन्ध [हेतुंहेतुं प्रत्ययन्ते हेत्वन्तराणीति, तेषामयमानानां भावः प्रत्ययः । समवाय इति यावत्] पुं० संघात का उपनिबन्ध जैसे छह धातुओं के समवाय से बीज-हेतुक अङ्कुरः ; यहां पृथिवीधातु बीज को संगृहीत करती है, जिससे कि अङ्कुर कठिन बनता है, अब्धातु बीज को स्निग्ध करती है, तेजोधातु बीज को पकाती है, वायुधातु बीज को ढीला बनाती है, और आकाशधातु बीज को अनावृत करती है ; इन सब धातुओं के समवेत होने पर ही बीज से अङ्कुर होता है, अन्यथा नहीं। अब पृथिवी, अप्, तेजस्, वायु और आकाश इनमें से किसी को भी यह ज्ञान नहीं होता कि मैं यह काम कर रहा हूं। इसी प्रकार अङ्कुर को भी यह ज्ञान नहीं होता कि मैं बन रहा हूं। यह प्रक्रिया प्रत्ययोपनिबन्ध कहाती है; the activation of aggregate without knowledge that leads to production of effect. This is held by the Buddhists. Cp. Vācaspati on Brahmasūtra, II.2.19.

प्रत्यरि पुं० विरोधी, शत्रु ; enemy. Cp. स्वनक्षत्राद् दिननक्षत्रं यावद् गणनिया नवभिर्भागे हृते पञ्चमो तारा [MBh.].

प्रत्यर्थ (1) वि० उपयोगी ; useful. (2) **—म्** न० उत्तर, विरोध ; answer, hostility. **—म्** क्रिवि० हर वस्तु में ; in every object, in everything or case. **—थिता** स्त्री० शत्रुता, वैपरीत्य ; hostility, enmity. **—थिन्** (1) वि० विरोधी, प्रतिस्पर्धी : सरसिजप्रत्यर्थि पाणिद्वयम्; emulating. (2) **—र्थी** पुं० प्रतिपक्षी, शत्रु, स्पर्धी, प्रतिवादी अथवा मुद्दायला (बचावपक्ष); opponent, enemy, rival, match : चन्द्रो मुखस्य प्रत्यर्थी ; defendant (in law). **—र्पण** [√ऋ] न० लौटाना, वापस देना, देना ; giving back, giving.

प्रत्यवभास पुं० प्रकाशन; manifestation. **—मर्श** [or -र्ष] पुं० सहिष्णुता, एकटक ध्यान, चिन्तन, विवेक, सोपपत्तिक स्मरणजन्य ज्ञान, सलाह, विपरीत निगमन ; tolerance, deep meditation, knowledge derived from smṛti (as in सुखमहमस्वाप्सं न किंचिदवेदिषम्), advice, counter-conclusion. Cp. प्रत्यवमर्शवान् 'सारासारविवेकवान्'. **—वर** वि० हीन प्रतिपक्षी, मध्यम ; a contestant inferior to oneself, middle [MBh.]. **—रोह** पुं० उतार ; descending order : रोहात् प्रत्यवरोहः. **—सान** न० अभ्यवहार, भक्षण; eating. **—सित** (1) वि० मुक्त, खाया ; eaten. (2) **—तः** पुं० आरूढपतितः ; fallen from a higher āśrama. **—स्कन्दन** [or —न्दः] न० शर्त के साथ आरोप को मान लेना; admitting a fact, but qualifying it in such a way that it may not appear as a count of accusation : a special plea. **—√स्था** : प्रत्यवास्थित चोर्जितम् 'प्रतिपन्नवान्' [Bhaṭṭi. XIV.]. **—स्थान** न० आक्षेप, विरोध, आपत्ति, शत्रुता ; objection in discussion, hostility, opposition, enmity. **—हार** पुं० पीछे हटना, समाहरण, समेट लेना, शिविर को लौटना, प्रलय ; drawing back, withdrawing, reabsorption, returning to camp, destruction, dissolution. **—√हृ** पूरा करना, समाप्त करना; to complete, finish : प्रत्यवहारयतः 'समाप्तं कुरुतः'.

प्रत्यवाय [√इ] पुं० अपचय, ह्रास, पाप, बाधा, अपराध, निराशा, भय, विलोप ; decrease, lessening, sin, obstacle, offence, guilt, disappointment, fear, disappearance of an existing thing. प्रत्यवायिकम् 'अश्रेयः'.

प्रत्यवेक्षण [—क्षा] न० ख्याल करना, देखभाल करना; taking care of, looking after. Cp. प्रत्यवेक्ष्यः 'प्रार्थनीयः'.

प्रत्यस्तमय [√इ] पुं० सूर्यास्त ; setting of the sun. प्रत्यस्तमित=नष्टः, अनुपस्थितः, अनुपस्थापितः. Cp. प्रत्यस्तमितभेदः 'निरस्तभेदः'.

प्रत्यह —म् क्रिवि० प्रतिदिन ; daily.

प्रत्याकलन न० पुनः पुनर्विचार, गणना, प्रक्षेप ; thinking over again and again, close scrutiny, enumeration, insertion. —**लित** वि० गिना, प्रत्युपस्थापित ; enumerated, introduced (as a step in legal proceedings). —**क्षेपक** वि० अधिक्षेपक, उपहासी ; deriding, jeering. —**ख्यात** वि० निराकृत ; rejected, refuted. —**ख्यान** न० खण्डन, निषेध ; refutation, refusal. —**गत** [आभिमुख्यमत्यजत एवापसरणम्] (1) न० युद्ध में सामना करते हुए पीछे हट जाना, लौटना ; to get back while facing the enemy, returning. (2) वि० लौटा ; returned. —**गम** पुं० वापसी, पहुँच ; return, arrival. —**चीर्ण** वि० प्रत्याचरित, प्रतिकृत, प्रत्यर्पित ; retaliated. प्रत्याचरणं 'वैरनिर्यातनम्'.

प्रत्यादान न० वापस लेना ; *taking or receiving back.* —**दिष्ट** वि० प्रतिपिद्ध, प्रत्याख्यात, निराकृत, निर्जित ; rejected, repulsed, set aside, conquered. —**देश** पुं० आदेश, निराकरण, निराकृति, प्रत्याख्यान, धिक्कार, धिक्कारपूर्वक उपदेश, भर्त्सन ; order, repudiation, rejection, scolding, insult, instruction with insult. —**नयन** न० वापस ले आना, फिर से पा लेना ; bringing back, recovery. Note प्रत्यानेयम् 'प्रतिकर्तव्यम्'.

प्रत्यापत्ति स्त्री० वापसी, स्वदेश लौट आना, विरति, वैराग्य, अपराध से मुक्ति, निर्यातन, प्रतिविधान ; return, return to one's country, indifference to worldly objects, freedom from guilt, substitution (as in अः अ where *Vivṛta a* is made *Saṁvṛta a*).

प्रत्याम्नाय पुं० पुनर्वचन ; repetition of the first preposition : cp. Pañcāvayava.

प्रत्याय [√इ] पुं० कर, टैक्स ; toll, tax. —**क** [√इ] वि० साधक, बोधक, विश्वास दिलाने वाला ; proving, expressing (meaning : गमकम्), producing confidence. —**न** न० विश्वास दिलाना, वधू को घर लाना, विवाह, अर्थबोधन, प्रतिपादन, व्यञ्जन, द्योतन, ध्वनन, अवगमन ; creating confidence, leading home (a bride), marrying, expressing (meaning). Cp. प्रत्यायितः 'प्रत्ययं विश्वासं प्रापितः' विश्वसनीयः. —**य्य** वि० बोध्य, अवगमनीय ; to be expressed or understood.

प्रत्यारम्भ पुं० फिर से आरम्भ, निषेध, प्रत्याख्यान, भङ्ग; recommencement, prohibition, annulment. —**लीढ** [√लिह्] न० तीर छोड़ते समय वाम पैर आगे को और दक्षिण पीछे को तानना ; posture in shooting : the left foot advanced and right drawn back. —**वर्तन** न० वापसी ; return.

प्रत्याश्वस्त वि० आश्वस्त, ढाढस बंधाया, तरो-ताजा किया, पुनरुज्जीवित, पुनरनुप्राणित ; consoled, comforted, refreshed, revived, re-animated. —**श्वास** पुं० फिर से सांस आना ; recovery of breath. **श्वासन** [√श्वस् णि०] न० ढाढस बंधाना, तसल्ली देना ; consoling.

प्रत्यासत्ति [√सद्] स्त्री० संनिधि, सामीप्य ; proximity, contiguity. —**सन्न** [√सद्] वि० समीपस्थ, पास आया ; near, come near. —**सार** पुं० सेना का पृष्ठ ; rear of army. —**स्वर** [√स्वृ 'शब्दोपतापयोः'] वि० लौट कर चमकने वाला ; one that comes back to shine (as the sun). —**हृत** वि० पीछे फेंका, हटाया, निवारित, अवरुद्ध, कुण्ठित; thrown back, repulsed, checked, made ineffective : प्रत्याहतास्त्रो गिरिशप्रभावात् [Raghu. II.41.].

प्रत्याहार [विषयेभ्य इन्द्रियाणामपकर्षणम्] पुं० प्रत्याहरण, हटा लेना, पीछे रोक लेना, इन्द्रियनिग्रह, पीछे हटना, प्रलय : 'प्रतीपमुत्पत्तिक्रमविपरीतमाहरणम्', संक्षेप, पाणिनि के अच्, हल् आदि प्रत्याहार; bringing back, withdrawing, withholding, restraining the senses, retreat, abridgement, *ac*, *hal* and other *Pratyāhāras* in Gr. : compression of more than one letter into one syllable, effected by combining the first letter of a sūtra with its final indicatory letter or in the case of several sūtras with the final letter of the last sūtra ; thus अण् is the Pratyāhāra of अइउण्, and अच् of the four sūtras : अइउण्, ऋऌक्, एओङ्, ऐऔच् and so on.

प्रत्युक्त वि०उत्तरित; answered, replied. —**क्ति** स्त्री०उत्तर; reply. —**ज्जीवन** [मरणात् परं जीवनम्] न० पुनरुज्जीवन; reviving, restoring to life. —**त** अ० बल्कि ; on the contrary, rather, even. Cp. अथो = अथ+उ 'and then'. —**त्क्रम** पुं० मुख्य प्रयोजन के लिये प्रयत्न, शत्रु पर आक्रमण, युद्ध-घोषणा; secondary effort made for a main object, setting out to assail an enemy, declaration of war = प्रत्युत्क्रमणम्, प्रत्युत्क्रान्तिः. —**त्तर** न० उत्तर ; reply. —**त्थान** न० संमानार्थ उठकर आगे बढ़ना, युद्धोद्योग ; rising up to receive, making preparation for war. —**त्पन्नमति** वि० तुरत सूझ वाला ; ready-wit = प्रत्युपपन्नमति. —**दाहरण** न० विपरीत दशा का उदाहरण (-जहां सूत्र नहीं लगता) ; counter-example. —**द्गत** वि० प्रत्युद्यात ; gone forth to receive. —**द्गमनीय** न० स्वच्छ वस्त्र-युगल ; clean pair of garments. —**द्धरण** न० फिर से पा लेना ; recovering, reobtaining. —**द्यम** पुं० प्रति-

श्रम, बदले में प्रयत्न ; counteraction. —द्यात वि० = 'प्रत्युद्गतः'. —पकार पुं० उपकार के बदले उपकार ; returning a service or kindness = प्रत्युपक्रिया. —पविष्ट पुं० ऋण वसूल करने के लिये अधमर्ण के दर पर बैठा साहूकार ; one who sits obstructing the indebted. —पमान न० नमूना ; model, pattern. —वेशयितृ पुं० निरोधकारण, वह अधमर्ण अथवा कर्जदार जिसे उत्तमर्ण अथवा साहूकार ने रोक रखा है ; the indebted person by whom the debtor is sitting in order to force him to pay. Cp. प्रत्युपवेशनम् 'निरोधनम्'. —पस्थान न० सामीप्य, पड़ौस ; vicinity, neighbourhood. —पहार पुं० अर्पण, भेंट; respectful offering. —प्त [√वप्] वि० निखात, खचित, जटित, जड़ा ; dug in, studded. —पस् न० प्रभात ; early morning. —ह्य [√वह्, gd.] समाप्त करके ; finishing.

प्रत्यूप पुंन० =गोसर्गः, अहर्मुखम्, प्रभात ; day-break, morning. —षः पुं० प्रातःकाल ; morning. —ह [√ऊह्] पुं० बाधा, अन्तराय ; obstacle, impediment. Cp. प्रत्यूहरूपकम् 'विघ्नरूपम्'.

प्रत्यृच —म् क्रिवि० हर मन्त्र के साथ; with each stanza.

प्रत्येक वि० हर एक ; each one. —नस् वि० विगतपाप, धूतकल्मप, दूसरा उत्तराधिकारी ; free from sin, next heir.

√प्रथ् [प्रथते, प्रथयति] प्रकट करना, रचना, बढ़ाना, फैलाना; reveal, make manifest, make, increase, spread.

प्रथन न० विस्तार, फैलाव, बखेरना, दिखाना ; spreading, scattering, showing.

प्रथम पुंवि० पहला, गत, मुख्य ; first person [=third person in modern grammar]. —मा स्त्री० प्रथम विभक्ति ; nominative. —म् क्रिवि० पहले ; at first. —क वि० सबसे प्रथम ; first, foremost.

प्रथमः कल्पः उत्तम विचार; good idea, the best course to adopt.

प्रथमकल्पिक वि० छोटी श्रेणी का छात्र ; small pupil, a beginner. — मज वि० बड़ा भाई; elder brother. —जा स्त्री० बड़ी बहिन ; elder sister. —भक्ष पुं० सोम की प्रथम घूंट ; first draught of Soma after the rest has been offered in fire. —वृत्तान्त पुं० पुरावृत्त, पुराण-कथा; former happenings or circumstances. —वैयाकरण पुं० उत्कृष्ट वैयाकरण ; the most distinguished grammarian. —श्री वि० पहले पहल पाई है लक्ष्मी जिसने ; one who has acquired wealth for the first time. —साहस पुं० भारी से भारी दण्ड ; the first of the three degrees of punishment or fine.

प्रथा स्त्री० ख्याति, रिवाज, चलन ; fame, usage. प्रथित [प्रथां गतः] (1) वि० ख्यात, विश्रुत, विनीत ; famous, modest : प्रथितं 'विनययुक्तं वाक्यम्'. Cp. प्रथितोदरी 'स्थूलोदरी शूर्पणखा' against निर्णतोदरी 'संगृहीतमध्या सीता'.

प्रथिति स्त्री० ख्याति; fame, celebrity. —मन् पुं० विस्तार, महत्त्व ; expanse, extension, greatness.

प्रदक्षिण (1) वि० दाहिनी ओर का, आदृत, भद्र, शिष्ट, क्षेमंकर, अनुकूल, छन्दोनुवर्ती, सेवाप्रवण ; placed or moving to the right side, respectful, auspicious, of good omen, favourable, skilled in service. (2) —णा [or —णम्] परिक्रमा, आदर के साथ नमस्क्रिया (बाईं ओर से दाईं ओर घूम कर); salutation by circumambulation from left to right so that the right side is towards the person saluted = प्रदक्षिणक्रिया. —म् क्रिवि० बाएं से दाएं ; from left to right. Note अभिप्रदक्षिणम् 'अभितः संचारम्'. —पट्टिका स्त्री० आंगन ; court-yard.

प्रदक्षिणावृत्क [प्रदक्षिणा आवृत् अनुष्ठानपद्धतिर्यस्य] वि० बाएं से दाईं ओर घूम वाला ; one turned from left to right, towards the right=प्रदक्षिणावर्तः.

प्रदग्ध वि० जल कर राख हुआ ; burnt up.

प्रदर [√दृ] पुं० भङ्ग, दरी, स्त्रियों की धातु की बीमारी (पुरुषों की 'प्रमेह'), बाण, गढ़ा, निम्न मार्ग ; cleft, a venereal disease of women, arrow, pit, hole, low way.

प्रदर्प पुं० अभिमान; arrogance. प्रदर्शक वि० दिखाने वाला; one who shows, guide. —नी स्त्री० नुमाइश ; exhibition.

प्रदल [प्रदारयतीति] पुं० तीर ; arrow. प्रदव पुं० जंगल की आग ; great conflagration [दवदावौ वनारण्यवह्नौ= प्रदव्यः].

प्रदा स्त्री० प्रदान, देना ; giving. —न न० दान ; giving, granting : अनुक्रोशकृतैः प्रदानैः='दयाकृतैः दानैः' [Mṛc. II.]. —नकम् न० तोहफा ; gift. —यिन् वि० दाता ; granting=प्रदायकः.

प्रदिग्ध [√दिह्] वि० सना, लिपापुता ; besmeared, anointed. प्रदिव् अ० प्राचीन ; ancient, old.

प्र √दिव् : प्रादेवीत् [विजिगीषितवान् प्रद्युतवान्] खेलना, अस्त्र फेंकना ; to throw forth (missile).

प्र √दिश् [-दिशति, दिष्ट] निर्देश करना, दिखाना, बताना, जताना, लगाना, पढ़ाना, सिखाना, लेना ; to point out, show, tell, make known, appoint, instruct, receive : प्रदिशन्तः 'प्रगृह्णन्तः' [Rām.].

प्रदिश् [दिशामन्तरालानि] स्त्री० आज्ञा, शिक्षण, दिशा, विदिशा; pointing out, order, instruction, quarter,

intermediary quarters.

प्रदिष्ट वि० निर्दिष्ट, विहित, उपदिष्ट, प्रदर्शित, आज्ञप्त; pointed out, laid down, shown, ordered.

प्रदीप [प्रदीपयतीति] पुंवि० प्रकाश, उद्योत, दीपक, प्रकाशक (भास्करी, विवरण, विवृति, वृत्ति आदि); light, lamp, illuminator (commentary etc. as that of Kaiyaṭa on Patañjali's Mahābhāṣya). Cp. प्रदीपघटन्यायः—'यथैव हि प्रदीपद्वारेण घटप्रतीतावुत्पन्नायां न प्रदीपप्रकाशो निवर्तते तद्वत्'.

प्रदीपिका स्त्री० मशाल ; torch.

प्रदीप्त वि० प्रज्वलित : मिथिलायां प्रदीप्तायां न मे दह्यति किंचन (जनक), प्रकाशित, संतप्त ; kindled, set on fire, illuminated, afflicted with sorrow. —**शिरस्** वि० उदीर्ण फण वाला (सर्प); with expanded hood (a snake).

प्रदीप्ति स्त्री० प्रकाश, दमक, प्रभा, नूर ; lustre, splendour, brilliance.

प्रदुष्ट (1) वि० दूषित, पतित, भ्रष्ट, पापी, दुश्चरित्र ; spoiled, corrupted, wicked, sinful, wanton. प्र √दु : प्रदूयेत 'ज्वलितं भवेत्' [MBh. XII.].

प्रदूषण (1) न० गन्दा करना, पतित या भ्रष्ट करना, सत या पत बिगाड़ना; spoiling, corrupting, defiling. (2) वि० दूषित करने वाला; spoiling, corrupting.

प्रदेय वि० प्रदातव्य ; to be given. —**या** स्त्री० विवाह में देय; to be given in marriage. —**श** पुं० प्रदेशन, क्षेत्र, देश; direction, region, country. —**भाज्** वि० प्रदेश में सीमित ; of short duration : प्रकरी च प्रदेशभाक् [Daśa I.13.]. —**शि** [or शिक-] स्त्री० तर्जनी, अंगूठे के पास की अंगुली; index finger, forefinger. —**ह** पुं० अ-क्लेदशोषक लेप, पलस्तर ; ointment that does not remove liquidity (of wound); cp. प्रलेप.

प्रदोष (1) वि० भारी दोष अथवा अपराध वाला, पतित ; having great or marked blemish, bad qualities or guilt. (2) —**षः** (A) भारी दोष, उल्लङ्घन, बगावत जैसा उपद्रव ; great fault or guilt, transgression, disorder such as mutiny. (B) रजनीमुख ; evening, nightfall. —**क** [प्रदोषे जातः] वि० शाम के समय जन्मा (name) ; born in the evening (a name) otherwise=प्रादोषिक. —**ह** पुं० दुहना ; milking ; cp. दोह : आश्चर्यो गवां दोहोऽगोपेन.

प्रद्यु [प्रकृष्टा द्यौर्यस्मिन् तद् दिनम्] न० खुला दिन ; a day of bright sky. —**तित** वि० प्रकाशित, प्रदीप्त; lighted up, illuminated. —**म्न** पुं० कामदेव, कृष्ण-रुक्मिणी-पुत्र ; Cupid, son of Kṛṣṇa and Rukmiṇī.

प्रद्योतन (1) पुं० सूर्य ; sun. —**म्** न० प्रकाश ; light. (2) वि० प्रकाशक ; brightening, illuminant.

प्रद्रव [√द्रु] (1) वि० द्रव, रसदार, स्नेहदार ; liquid. (2) —**व** पुं० भागना ; running.

प्रद्राणक वि० लाचार, निदाल; sorely distressed, indigent.

प्रद्राव पुं० भगदड़ ; fleeing, flight, great commotion. —**विन्** वि० भगोड़ा, भाग-निकला ; running away, fugitive.

प्रद्वार न० दरवाजे के सामने की जगह; place before a door.

प्रद्विष् वि० दुश्मन, द्वेष्टा ; hating, disliking. **प्रद्वेष** पुं० जलन, खार, घृणा ; dislike, hatred, aversion.

प्रघन [√घा] न० लड़ाई, युद्ध ; battle, war.

प्रधर्ष (1) पुं० प्रधर्षण, आक्रमण; attack. (2) वि० आक्रान्ता, प्रधर्षक ; one who attacks or outrages.

प्रधा स्त्री० रखना ; placing, putting. **प्रधान** (1) वि० प्रमुख, अग्रणी ; chief, leader. (2) —**न** पुं० अध्यक्ष, सभापति ; chairman. —**म्** [प्रधीयते सर्वमस्मिन्, प्रकर्षेण धीयन्ते गुणा यस्मिन्, प्रथमं धीयत इति वा] सांख्यों की प्रकृति अर्थात् सत्व-रजस्-तमस् इनकी साम्यावस्था, विश्व-प्रपञ्च का स्रोत ; the complete equilibrium of Sattva, Rajas and Tamas, the original source of the material universe, or primary unevolved matter, or nature as principle.

प्रधान-धातु वि० वीर्य ; semen. —**पुरुष** पुं० Śiva, the most eminent person (in a state). —**वासस** न० भव्य वस्त्र ; the best clothes (befitting a chief).

प्रधावन [√धू] पुं० वायु ; wind or air. —**म्** न० रगड़ना, धोना ; rubbing, washing.

प्र-धि [प्रधीयत इति] पुं० पहिये की पुट्ठी ; circumference of a wheel.

प्र-धी [प्रध्यायतीति] (1) वि० प्रकृष्ट ध्यान वाला, प्रबुद्ध ; one of acute concentration, of good intellect. (2) —**धीः** स्त्री० प्रकृष्ट बुद्धि ; keen intelligence.

प्रधूपित वि० धूप दिखाया ; fumigated, heated. —**मित** वि० सुलगा, सुलगाया ; kindled.

प्र√धृष् धमकाना, डराना, बलात् करना, हराना : प्रधर्षितः 'पराजितः', मारना ; to threaten, kill, violate a woman, defeat, kill. Cp. प्रधर्षयितुम् 'हिंसितुम्'. **प्रधृष्ट** वि० अभिमानी, घमण्डी, ढीठ ; arrogant, bold.

प्रध्मात वि० फूंका या बजाया, ध्वनित, प्रतिध्वनित ; blown (conch), cried aloud, resounding : 'प्रध्मातपतत्रिगणो देशः'.

प्रध्मापन [√ध्मा णिच्] सांस टूटने पर उसे धौंकना ; remedy for assisting respiration.

प्रध्वंस पुं० विनाश, क्षय, अभाव; destruction, ruin, non-existence. —**अनित्यता** स्त्री० सर्वात्मना विनाश ; utter destruction. —**अभाव** पुं० नैयायिक-वैशेषिकों के अभाव

पदार्थ की एक विधा ; अभाव की विधाएं हैं : **प्रागभाव** घड़े की उत्पत्ति से पूर्व जब केवल मिट्टी होती है या घट के दो कपाल होते हैं, तब घट का अभाव; यह अभाव अनादि है, किंतु सान्त है ; **प्रध्वंसाभाव** : जब घट नष्ट हो जाता है और उसके टुकड़े ही रह जाते हैं; यह अभाव सादि किंतु अनन्त है; **अत्यन्ताभाव** जैसे भूमि पर घट का न होना; यह अनादि एवं अनन्त है; अन्तिम विधा '**अन्योन्याभाव**' है जो कि स्वरूपतः पृथक् दो वस्तुओं के पारस्परिक भेद का ही दूसरा नाम माना जा सकता है ; one of the four varieties of non-existence maintained by the Naiyāyika Vaiśeṣikas ; non-existence due to destruction of the thing, as of ghaṭa. **—सिन्** वि० विनाशी, क्षणिक ; perishable, transitory.

प्रनप्तृ [–प्ता, –प्त्री] पड़पोता, पड़पोती ; the son and daughter of a grandson.

प्र √नम् [–णमति, –णत] झुकना, प्रणाम करना; to bend, bend down before, make obeisance to.

प्रनर्तित वि० नचाया, प्रकम्पित ; set in motion, shaken.

प्र √नश् [–णश्यति, –णष्ट] नष्ट हो जाना, भाग जाना ; to disappear, flee ; cp. Puñjābī नस्सना 'running'.

प्रनायक वि० नायक-रहित, जिस देश से नायक चला गया हो वह ; the place wherefrom its leader has gone away, destitute of a leader or guide.

प्रनिघातन न० मारना ; killing, slaughter.

प्रनि √धा [–णिदधाति, –णिहित] सामने रखना, लगाना, (आंख) ; to place in front, direct (eye).

प्र-नि √पत् [–णिप–] झुकना, दण्डवत् करना ; to bend oneself down, bow to, salute.

प्र √नी [–णयति, –णीत] देना (दण्ड), रचना ; to inflict (punishment) : यदि न प्रणयेद् राजा 'if the king does not inflict punishment on, compose.

प्रनृत्त (1) न० नाच ; dance. (2) वि० नाचने वाला ; dancing.

प्रपक्ष पुं० प्रधान पक्ष ; main wings of a bird. **प्रपञ्च** [पच् 'व्यक्तीकरणे' पञ्चते, 'विस्तारवचने' पञ्चयति, पञ्चति] पुं० विस्तार, नानात्व, प्रपञ्चजात, नामरूप का प्रस्मार, विश्व-प्रपञ्च, व्याख्या, टीका, पारस्परिक झूठी प्रशंसा ; expansion, spreading out, diffuseness, manifoldness, phenomenon, phenomenal world, explanation, elucidation, compliment i.e. mutual praise that is untrue, a subdivision of Vīthī [Daśa. III.17.].

प्रपण पुं० व्यवहार, विनिमय ; trade, barter. **प्रपतन** न० उड़ान, पतन, अवसरण, मृत्यु ; flying forth, fall, alighting, death.

प्रपत्ति [√पद्] स्त्री० प्रपदन, भक्त का भजनीय के प्रति आत्मसमर्पण, आत्मनिक्षेप; whole-hearted submission or complete surrender of the devotee to God; six requisites of *Prapatti* are : आनुकूल्यस्य संकल्पः, प्रातिकूल्यस्य वर्जनम्, रक्षिष्यतीति विश्वासः, गोप्तृत्ववरणम्, आत्मनिक्षेपः and कार्पण्यम्.

प्र √पद् [प्रपद्यते, प्रपन्न] —की ओर जाना, किसी काम या वस्तु को हाथ में लेना, पाना, स्वीकार करना, —पर पहुंच जाना ; to go to, undertake, obtain, arrive at, accept : न प्रपत्स्यते 'नाङ्गीकरिष्यति'.

प्रपद पुं०न० पञ्जा, पैर का अग्र भाग, उपस्थ : प्रकर्षेण पद्यते सुखमनेन ; front of foot, penis. **—दीन** वि० पञ्जे तक पहुंचने वाला ; reaching up to the fore-foot.

प्रपन्न [समीपं प्राप्तः] वि० प्राप्त, समीपागत, शरणागत ; arrived at, reached, taking refuge with. Note **अभिप्रपन्नौ** "अन्योन्यशरणौ" रामसुग्रीवौ [Rām.].

प्र-पर्ण [प्रपतितपर्णः] वि० निष्पत्र वृक्ष ; a tree with its leaves all fallen.

प्र-पलायन न० भगदड़ ; flight, retreat.

प्रपा स्त्री० पानीयशाला, मण्डप; roadside shed to supply water to travellers, watershed, pavilion : **प्रपामध्ये** 'मण्डपमध्ये' [Rām.]. **प्र-पाक** पुं० फोड़े का पकना ; ripening (of a boil). **प्र-पाठक** पुं० पाठ, आह्निक, अवसान ; lesson, division, end.

प्र-पाणि[क] पुं० हाथ का अग्र भाग ; forepart of hand.

प्रपात पुं० प्रस्थान, प्रयाण, कूच, आक्रमण, पतन, निकास, तट, पर्वताग्र से भ्रंश, गर्त : प्रपतन्त्यस्मिन्; departure, starting off, sudden attack, fall, discharge of waterfall, steep bank or shore. **प्रपातं मा प्रपत** पतित्वा मा प्रपत, like समूलघातं न्यवधीत् : fall from mountain top, pit, hole.

प्रपातिन् पुं० सीधा पहाड़ ; precipitous mountain. **—तुक** वि० पतनशील ; prone to fall : प्रपातुका गर्भाः. **—थ** पुं० सड़क ; road.

प्र-पादिक (1) पुं० मोर ; peacock. **—न** न० घोड़े के ऊपरी ओठ का निचला भाग ; underpart of a horse's upper lip. **—नक** न० प्रकृष्ट पान अर्थात् जल-जीरा आदि; a special drink for appetite : प्रपानक-रसन्यायाद्. [SD. III. 16.].

प्रपा-पाली स्त्री० प्याऊ पर बैठने वाली; a woman managing the water-shed **—शाला** स्त्री० 'watershed'.

प्रपित्सु [प्रपत्तुमिच्छुः] वि० 'desiring to get'.

प्र-पीत [√प्यै] वि० फूला ; swollen up, distended.

प्र-पीति [√पा] स्त्री० पीना ; drinking.

प्रपूरण न० भरना, पायस उतरवाना, डुबाना ; filling, induc-

ing a cow to yield milk, milking.

प्रपूर्वग पुं० परब्रह्म ; the Supreme Being.

प्रपृष्ठ वि० ऊंची पीठ वाला, सधी पीठ वाला ; having prominent back, a trained horse.

प्रपौत्र पुं० पड़पोता ; great grandson. —**त्री** स्त्री० पड़पोती ; great grand-daughter.

प्रप्याण न० चारदीवारी में वहिर्द्वार. दे० 'तोरण'. —**यन** न० फुलाना ; causing to swell.

प्रफुल्त [–ल्ल] वि० विकच, उद्भिन्न; full-blown, expanded.

प्रबन्ध पुं० अटूट प्रयत्न, क्रिया-प्रबन्ध, सातत्येन अनुष्ठान, पूर्वापर-संतति, सातत्य, व्यवस्था, भाषण, लेख, निबन्ध, काव्य (दृश्य-श्रव्य) ; continued effort, continued series, continuance, arrangement, speech : अनुज्झितार्थसंबन्धः प्रबन्धो दुरुदाहरः [Śiśu.], connected with the preceding and following, literary composition, article, poetical composition. —**क** वि० 'manager'. —**वर्ष** पुं० अटूट वर्षा; continuous rain. —**अर्थ** पुं० पुस्तक का विषय ; subject-matter of a work.

प्रबर्ह वि० श्रेष्ठ, उत्कृष्ट ; most excellent, best.

प्रबल वि० अतिबली ; very strong or powerful.

प्रबाधन न० परिबाधन, दबाना, इनकार; tormenting, oppressing, refusing. —**हु** पुं० बाहु का अग्र भाग, पहुंचे से कुहनी तक, बाहु ; fore-arm, arm. —**कम्** क्रिवि० ऊंचे, उसी समय ; high, at the same time.

प्रबुद्ध वि० जागृत, जागरूक, चौकस, ज्ञानवान्, विकच; awakened, awake, wise, blossomed. —**ध** वि० महाज्ञानी; great sage. **प्रबोध** पुं० जागरण, जागृति, विबोध, उन्मेष, ज्ञान, चौकसी, खिलना ; awaking, awakening [= विबोध in drama], perception, knowledge, knowing, wakefulness, vigilence, expanding (of flowers). —**धक** पुं० प्रबोधयिता भाट ; bard, who awakens a king in the morning. Cp. **प्रबोध्यः** 'विज्ञाप्यः'. —**न** (1) वि० प्रबोधक, उठाने वाला; awakening, rousing. (2) —**नम्** न० जगाना, उठाना, होश में आना या लाना, ज्ञान, प्रकाशन ; awakening, rousing, recovery of senses, knowledge, enlightenment.

प्रबोधिनी स्त्री० कार्तिक शुक्ला एकादशी, जब विष्णु चातुर्मासी निद्रा से जागते हैं ; ekādaśī of the bright half of Kārttika, when Viṣṇu awakes from his four months' sleep.

प्र √ब्रू [–ब्रवीति] बोलना, बांचना, घोषणा करना, प्रशंसा करना, पढ़ाना, समझाना, बताना ; to speak, tell, read before, announce, praise, teach, instruct.

प्रभङ्ग पुं० भञ्जन, तोड़ना, विनाश, निपट पराजय ; breaking, destruction, utter defeat. —**ञ्जन** पुं० तूफान, वात्या, वायु ; stormy wind, gale, wind.

प्रभद्र पुं० 'the Nimba tree'. —**क** (1) वि० नेत्रोत्सव, भाग्यशाली ; very handsome or lucky. (2) —**कः** पुं० एक प्रदेश और जाति ; a division of Pañcālas.

प्रभव पुं० कारण, उत्पत्तिस्थान, उत्पत्तिनिमित्त, जन्म, नदी का निकास, लेखक, कर्ता, विधाता, विष्णु, शक्ति, अभ्युदय, ऐश्वर्योत्कर्ष, माहात्म्य ; cause, source, birth : प्रभवाभवकोविदः 'उत्पत्तिविनाशज्ञः', production, source of river, author, creator, Viṣṇu, power or energy, height of dignity [प्रभावः], magnanimity or greatness. —**परायण** [–णे द्वि०] उद्गम एवं प्रलय, सृष्टि और प्रलय ; rise and dissolution.

प्रभविष्णु वि० उत्पादक, प्रतापी, शक्तिसंपन्न, शानदार ; prone to create, influential, mighty, glorious.

प्रभा स्त्री० कान्ति, काचकच्यरूपा कान्ति, तेजोविशेष, ज्योति ; lustre, radiance, refulgence. Note **प्रभा** 'कान्तिः', **वर्णः** 'रूपम्', **प्रसादः** 'प्रसन्नता औज्ज्वल्यं वा'. —**कर** पुं० सूर्य, प्रसिद्ध मीमांसक आचार्य, पद्मराग ; sun, the founder of a school of Mīmāṁsā, padmarāga jewel. —**कीट** पुं० शलभ ; fire-fly.

प्रभात (1) —**म्** न० अहर्मुख ; day-break, dawn. (2) वि० खिला ; shone forth : प्रभाता शर्वरी. —**तरल** वि० प्रकाश से चमचमाती, प्रभा के तिरमिरों वाली ; of radiant lustre : 'अरुणोदयेनोद्दीपिता'. **प्र-भान** वि० प्रतापन ; warming, heating.

प्रभाप्रभु पुं० सूर्य ; sun. —**प्ररोह** पुं० प्रभा की फूट, किरण अथवा लश्कार ; ray or flash of light. —**मण्डल** न० प्रकाश का मण्डल, दायरा, अथवा वृत्तक्षेत्र; circle or halo of light. —**लेपिन्** वि० प्रकाश की लश्कारों वाला; emitting lustre.

प्रभाव पुं० कान्ति, दमक, धाक, शक्ति : प्रभावपिहिता 'द्रव्यशक्तिद्वारा अन्तर्हित', कोश एवं दण्ड से उत्पन्न शक्ति, अभिजन-धनमन्त्ररूप संपद्, महत्ता, असर ; lustre, majesty, glory, valour, efficacy born of wealth and power, regal power, grandeur, influence. **प्रभावात्मा** 'प्रकृष्टो भावः सत्ता तद्रूपः शिवः'. **प्रभावन** (1) पुं० निष्पादक, जगत्सृष्टिकर्ता; creator. (2) वि० प्रापक 'स्वर्गमार्गस्य प्रभावनम्'. —**ना** स्त्री० प्रकाशन; disclosing. **प्रभाविन्** (1) वि० प्रभावशाली ; having power or influence. (2) पुं० अध्यापक ; teacher.

प्रभाषण न० अधीत शास्त्र का व्याख्यान ; thorough explanation of what has been studied. —**षित** वि० अधिक्षिप्त; insulted : मिथ्यावादीति प्रभाषितः. [MBh.].

प्र √भास् [–भासते, –भासित, –] चमकना ; to shine.

प्रभास [प्रा–] पुं० (A) प्रभासपत्तन अथवा सोमनाथपातन

जो काठियावाड़ के दक्षिण तट पर है; well-known Prabhās Pāṭan or Somanātha Pāṭan on the south coast of Kāṭhiāvār called also Prabhāsa Tīrtha. (B) पुं० कान्ति, प्रभा, दमक, सौन्दर्य, प्रदीप्ति; splendour, beauty, lustre. —न न० प्रदीपन, प्रकाशन; illumining, brightening. **प्रभास्वर** वि० दीप्तिमान्, झिलमिलाता, कान्तिमान्; brilliant, bright.

प्रभिन्न (1) —न्नः पुं० मदस्रावी हस्ती, वर्षक बादल; elephant in rut, raining cloud. (2) वि० टूटा, टूक टूक हुआ, कटा, अलग हुआ, फूला, खिला, मत्त [मदेन भिन्नः], विरूपित, प्रविद्ध, पराजित; broken, split into pieces, cut, severed, expanded, burst or blossomed : नाभिप्रभिन्नाम्बुरुहासनेन, in rut, changed or deformed, pierced, defeated.

प्रभिन्नकरटामुख [प्रभिन्नं मदस्रावि करटा मदोद्भेदस्थानं गण्डस्थलैकदेशस्तस्य मुखमुपरिभागः यस्य] मदस्रावी हाथी; elephant in rut.

प्रभु [प्रकृष्टं भवनं सत्ता यस्य, प्रभवतीति वा] (1) वि० शक्तिशाली, समर्थ, नियन्ता [cp. विभुर्व्यापकः], जगत् का कारण, प्रभूत; mighty, competent, controller, cause of the world : प्रभवत्यस्मादिदं जगत्, abundant. (2) —भुः पुं० ईश्वर, अधिष्ठाता, स्वामी, शासक, अन्तर्यामी, विष्णु, शिव, पारा; master or lord, ruler, Viṣṇu, Śiva, quicksilver. —त्व न० स्वामित्व, आधिपत्य, शासन; lordship, sovereignty. —शक्ति स्त्री० अनुभाव, राजा का तेजोविशेष, राजा का कोश और दण्ड से उत्पन्न प्रताप; kingly majesty born of Koṣa-Daṇḍa.

प्र-√भू : प्रभवन् 'वृद्धिं गच्छन्'. —त वि० प्रचुर, अधिक, परिपूर्ण, उच्च, लंबा; much, abundant, perfect or mature, high or lofty, long : प्रभूतोत्कलिकाकुलः 'बहुत उत्कलिकाओं (कलियों अथवा उत्कण्ठाओं) से पूर्ण'. **प्रभूतवयस्** वि० उम्र में चढा, बूढ़ा; advanced in age.

प्रभृति स्त्री० आदि; beginning, commencement : इन्द्रप्रभृतयो देवाः. —ति क्रिवि० —से आरम्भ करके; beginning with.

प्रभेद पुं० 'sub-division'. **प्रभ्रंश** पुं० पतन; fall. **प्रभ्रंशथुः** पुं० नाक बहना; a disease of the nose. **प्रभ्रंशित** वि० अपविद्ध, फेंका, गिराया, निकाला, च्युत, वञ्चित; cast down, expelled, thrown away, deprived of—. **प्रभ्रष्ट** (1) वि० प्रच्युत, गिरा, भागा; fallen down, fled. (2) —म् न० चोटी में लटकाई माला; chaplet as wreath of flowers suspended from the lock on the crown of head.

प्रमग्न [√मज्ज्] वि० डूबा; drowned.

प्रमणस् वि० संतुष्ट-चित्त, प्रफुल्ल-मनस्; delighted.

प्रमत वि० विवेकी, दूरदर्शी; wise, prudent.

प्रमत्त [√मद्] वि० मस्त, पागल, गाफिल, अनवहित (अप्रमत्तः 'अवहितः'], व्यग्र, असावधान, आपे से बाहर, जोश में भरा, बेखबर, कामार्त, मोहित, दिलचला; mad, drunk, intoxicated, thrown off one's balance, heedless, inattentive, swerving from : स्वाधिकारात् प्रमत्तः [Megha. I.1.], wanton, infatuated, passionate. —ता स्त्री० गफलत, असावधानी; carelessness, inattention.

प्रमथ [-थाः] पुं० शिव के गण; attendants of Śiva. **प्रमथन** (1) न० मथ डालना, मार डालना, मथन, पराजय; crushing, killing, churning, defeating. (2) वि० मथने वाला; crushing.

प्रमथाधिप पुं० Śiva, lord of Pramathas.

प्र √मद् [प्रमाद्यति, प्रमत्त] शराब में मस्त होना, गफलत या असावधानी बरतना, प्रमाद करना; to be drunk, be careless or inattentive, be indifferent to.

प्रमद पुं० हर्ष, प्रमोद, धतूरा; delight : कन्यानां प्रमदः, pleasure, Dhaturā plant. (2) वि० पिये, कामार्त, दिलचला, असावधान, चरित्रभ्रष्ट; drunk, impassioned, careless, wanton. Cp. अप्रमदः 'प्रमदया स्त्रिया रहितः ऊर्ध्वरेताः शिवः'. —दा स्त्री० कामप्रवण युवती; a young sensuous woman. **प्रमदक** पुं० इन्द्रिय-दास; sensual, wanton. **प्रमदन** न० कामेच्छा; amorous desire.

प्रमदवन न० अन्तःपुरोपवन, क्रीडोद्यान; pleasure grove.

प्रमद्वर वि० गाफिल, प्रमादी; careless.

प्रमनस् ='प्रमणस्'. **प्रमनस्तरः** 'प्रसन्नतरमनाः'.

प्रमन्यु वि० अतिदीन; very sorrowful. —न्यु क्रिवि० 'with extreme sorrow' or anger.

प्रमय [√मी] पुं० विनाश, मृत्यु; destruction, death. **प्रमर्द** पुं० पेषण, कुचलना, रगड़ना; crushing, trampling=प्रमर्दनम्.

प्रमा स्त्री० यथार्थ ज्ञान; accurate knowledge.

प्रमाण न० माप (लंबाई का), डीलडौल, फैलावट, साक्ष्य, दलील या सबूत, निर्णायक : 'श्रुत्वा देवः प्रमाणम्', प्रमा-करण, शास्त्र, कारण, नियम; measure of length, measure, size, extent, evidence, proof, authority, means of correct knowledge : प्रत्यक्ष 'perception', अनुमान 'inference', उपमान 'analogy' and शब्द 'Vedic word' according to Nyāya-Vaiśeṣika; the Vedāntins and Mīmāṁsakas add two more : अनुपलब्धि 'non-perception' and अर्थापत्ति implication or inference from circumstances'. The Sāṁkhyas however admit Perception, Inference and Vedic word only. —गोष्ठी स्त्री० न्याय-

शास्त्र-संबद्ध गोष्ठी ; assembly relating to Nyāya-śāstra. —पत्र न० आज्ञापत्र, फरमान; written warrant. —पुरुष पुं० मध्यस्थ, पञ्च, निर्णायक; arbitrator, judge. —शास्त्र वेद, वैदिक-शास्त्र; scripture. —संप्लव पुं० प्रमाणों का मिश्रण ; intermixture of Pramānas. The Naiyāyikas hold that the same object can be grasped by any of the Pramāṇas under different conditions. This is opposed to the Buddhist theory of Pramāṇavyavasthā, which restricts the sphere of Pramāṇas.

प्रमातामह पुं० परनाना ; maternal great grandfather.

प्रमातृ वि० प्रमाकर्ता ; having the right notion.

प्रमाथ [निपात्य पेषणं भूमौ प्रमाथ इति कथ्यते । यत्तूत्थाप्याङ्ग-मथनं तदुन्मथनमुच्यते] पुं० प्रमथन, यातना, दारुण वेदना देना, वध, विनाश, हिंसा, बलात्कार, अपहरण; thrashing, excessive paining, torturing, killing, slaughter, destruction, violence, rape or forcible abduction. —थिन् वि० मथने वाला, झकझोर देने वाला, विनाशक ; tormenting, torturing, destroying.

प्रमाद पुं० व्यग्रता, असावधानी, गफलत, चूक, गलती, उलझन, पागलपन ; negligence, distraction, inattention, carelessness, madness or intoxication, confusion, mistake or blunder. —दिन् वि० असावधान, गाफिल ; negligent, inattentive.

प्रमापण [√मी णि०] न० मारण ; killing. —पयितृ वि० घातक ; causing murder.

प्रमार्जन न० मिटा देना, भूल जाना, दूर करना ; foregetting, removal : अपराधप्रमार्जनम्.

प्रमार्ष्टि [मृज्] स्त्री० हाथ से अर्पण करना, रंग लगाना, लेपना; to offer with hand, rub the unguent Note अनिमित्तं प्रमार्जयति [Mṛc.VI.] अपशकुन को दूर करता है.

प्रमिताक्षर वि० अल्पाक्षर ; brief (speech).

प्रमिति [√मा] स्त्री० प्रमा, सम्यक् ज्ञान; right perception.

प्र √मी [-मिनाति, -मीत, -मापयति] नष्ट करना, मारना, भङ्ग करना (कानून) ; to destroy, kill, transgress or violate (law). **प्रमीत** वि० मृत, संस्थित ; dead.

प्रमीला स्त्री० तन्द्री, तन्द्रा, ऊंघ, आलस्य ; drowsiness, laziness.

प्रमुक्त वि० शिथिलित, बरखास्त ; loosened, relieved. —कण्ठ —म् क्रिवि० धाड़ मार कर, जोर से ; bitterly : प्रमुक्तकण्ठं रुरोद.

प्रमुख (1) वि० मुख्य, अग्र्य ; chief, foremost, first. (2) —म् न० मुख, अध्याय आदि का आरम्भ, अग्र; mouth, opening of a chapter, front : सीतायाः प्रमुखे स्थितः [Rām. VI.136.22]. —तस् क्रिवि० सामने ; in front of, before.

प्रमुग्ध [√मुह्] वि० भोला एवं मोहक, अजान; very lovely, unconscious.

प्रमुदित वि० प्रसन्न, प्रमनस् ; delighted, happy. Cp. यमर्थं न प्रमोदते 'अनुमोदते' [MBh. XII.142.25.].

प्रमृत न० मरणान्तर; another death. **प्रमृष्ट** [√मृज्] वि० मांजा, रगड़ा, साफ किया, दूर किया; cleaned, wiped off, rubbed off : पार्श्वे प्रमृष्ट इव [Mālavikā.],removed: प्रमृष्टकिल्बिषः ; cp. प्रमृष्ट-मागधा 'संमार्जितगृहोपकरणा'. —मणि पुं० दमकता मणि ; polished or bright gem.

प्रमेय [√मा] (1) वि० माप-योग्य ; measurable. (2) —म् न० प्रमा का विषय ; an object of certain knowledge : in Nyāya these are : **आत्मन्** 'soul', **शरीर** 'body', **इन्द्रिय** 'sense-organs', **अर्थ** 'objects', **बुद्धि** 'apprehension', **मनस्** 'mind', **प्रवृत्ति** 'activity', **दोष** 'defect', **प्रेत्यभाव** 'rebirth', **फल** 'fruition', **दुःख** 'pain' and **अपवर्ग** 'salvation'.

प्रमेह [√मिह् सेचने] पुं० वीर्य-स्राव ; discharge of semen with urine.

प्रमोक [√मुच्] पुं० प्रमोचन, मुक्ति, रिहाई ; setting free, release. —द पुं० प्रहर्ष, आठ सिद्धियों में एक; delight, one of the eight perfections (in Sāṁkhya). Cp. **प्रमोहः** 'विसंज्ञता'. —ष पुं० अभाव, अपनयन ; absence, removal : स्मृति-प्रमोषः. Cp. **प्रमोहो** 'लयः', **भ्रमो** 'विक्षेपः', **आवर्तः** 'उभयस्पर्शी कषायः'.

प्रम्लान वि० म्लान, मुरझाया, कुम्हलाया ; faded, withered, dejected.

प्रम्लिष्ट [√म्लेच्छ्] वि० अस्फुट; faded, faint, indistinct.

प्रयत [√यम] वि० शुद्ध, पवित्र, पूत, जितेन्द्रिय, हिंसादि से उपरत, मन्द; pure, disciplined, restrained, slow. Cp. **प्रयतात्मन्** 'योगी, शुद्धचित्तः, शिवश्च'.

प्रयत्न पुं० कोशिश, उद्योग, उच्चारण में प्रयत्न; effort, endeavour, effort in the production of articulate sounds (in Gr.). —प्रेक्षणीय वि० कठिनाई से दीख पड़ने वाला ; hardly visible.

प्र √यम् [प्रयच्छति] देना, लौटाना, चुकाना, सुपुर्द करना ; to give, return, pay, hand over.

प्रयमण न० शुद्धिकर आचमन ; sipping of water=conducive to cleanliness.

प्र-यस्त वि० विकीर्ण, बिखरा, रंधा, संस्कृत, सिद्ध ; thrown, scattered, seasoned, dressed with condiments.

प्रयाग प्र० प्रयाग नगर; Prayāga, the city of holy sacrifices=Kālakavana : "प्रागादर्शात् प्रत्यक् कालकवनाद् दक्षिणेन हिमवन्तम् उत्तरेण पारियात्रम् आर्यावर्तः" [Pat. on P. VI. 3.109].

प्रयाज पुं० पांच आज्य जो प्रायणीय के मार्ग हैं ; libations which form part of the Prāyaṇīya or introductory ceremony in a Soma sacrifice and are generally five : समिध्, तनूनपात्, इडा, बर्हिस् and स्वाहाकार.

प्रयाण न० प्रस्थान, कूच, यात्रा, आक्रमण, उपक्रम, मरण ; departure, march, attack, beginning, death. —कम् 'journey'. —भङ्ग पुं० यात्रा में पड़ाव ; halt.

प्रयाम पुं० दीर्घता, निग्रह, रोक, न्यूनता, प्रतिद्वन्द्विता; length, restraint, checking, dearth, competition.

प्र-यास [√यस्] पुं० प्रयत्न, जो-तोड़ कोशिश ; effort, exertion.

प्रयुक्त [√युज्] (1) वि० जुता, उपयुक्त, नियुक्त, लगाया, ध्यानरत, चढ़ाया (धन सूद पर), प्रेरित; yoked or harnessed, used, applied, appointed, lost in meditation, put to earn interest (money), urged or prompted. (2) —क्तः पुं० दूत ; messenger. —म् न० कारण ; cause.

प्रयुक्ति स्त्री० प्रयोग, प्रेरण अथवा उकसाना, लक्ष्य, परिणाम ; use, incitement, motive, result.

प्र √युज् [-युनक्ति, -युङ्क्ते, -युक्त] प्रयोग करना, काम में लाना, नाटक खेलना ; to use, produce or enact a drama. Cp. धर्मा: प्रयोक्तव्याः 'धर्मा वाच्याः श्रद्धानाय' [MBh.]. **प्रयुत** (1) वि० जोड़ा, पृथक् किया ; united, separated. (2) —म् न० दस लाख ; a million. **प्रयुद्ध** वि० युद्धार्थ उपक्रान्त ; ready to fight : तौ प्रयुद्धौ तदा वीरौ [Rām. VI.90.2.]. **प्रयुत्सु** [प्रयोद्धुमिच्छुः] (1) पुं० योद्धा, तापस; warrior, ascetic. (2) वि० युद्धेच्छुक; desiring to fight.

प्रयोक्तृ वि० प्रयोग करने वाला, अभिनेता, सूद पर पैसा चलाने वाला ; one who uses or employs, actor, one who lends money on interest. **प्रयोग** पुं० उपयोग, चलाना (अस्त्र), चाल : शत्रोः प्रयोग एषः [Mudrā. V.], अनुष्ठान, व्यवहार, अभ्यास, उपाय, अभिनय, व्याकरण में प्रयोग, औषध देना ; use, application, throwing (arrow or missile), strategy, practice or experiment (of a subject), means, usage (in Gr.), administering drug, acting, show, exhibition, drama. —ग्रहण न० कर्तव्यता-शिक्षण ; training how to do a particular thing. —अतिशय पुं० प्रयोग-विशेष ; particular presentation in a drama, a subdivision of Vīthī [Daśa. III.12.].

प्रयोजक वि० प्रेरक ; prompting, impelling. —न [येन प्रयुक्तः प्रवर्तते, प्रयुज्यते प्रवर्त्यते अनेन] न० उद्देश्य, हेतु, मतलब, प्रयोग; aim, reason, purpose, motive, application [Daśa. I.111.]. **प्रयोज्य** [प्रयोक्तुं शक्यः] (1) पुं० भृत्य ; servant. (2) वि० प्रयोग-योग्य ; to be used or employed.

प्ररूढ वि० पाठा, पोढ़, पूरी तरह बढ़ा, पैदा हुआ, पूरी तरह भीतर गया, जैसा आरम्भ में हो वैसा ही अन्त में भी; full grown, produced, rooted deep : प्ररूढपौनरुक्त्यं दोषः. Cp. प्ररूढः 'प्ररूढवृक्षः पर्वतः' [Rām.]. **प्ररूढि** स्त्री० वृद्धि ; growth, increase.

प्ररोचन (1) वि० रोचक, उत्तेजन, उकसाने या फंसाने वाला ; exciting, enticing. (2) —म् न० उकसाना, प्रेरण, व्याख्या, वरगलाना, फुसलाना, प्रदर्शन (किसी पुरुष में लोगों की रुचि बढ़ाने को), ड्रामा में किसी भाग को पहले दिखाना; exciting, urging, explanation, seduction, exhibition (of a person for being liked and commended as an encouragement for becoming more beautiful or in order to be thoroughly acquainted with the world), favourable description of that part which is to follow in a play. —ना स्त्री० स्तुति, प्रशंसा करके लोगों को किसी आदमी के प्रति उन्मुख करना; laudation : उन्मुखीकरणं तत्र प्रशंसातः [Daśa. III.7.], description or trailor of that which is to follow in a drama [Daśa. I.93.]. Cp. **प्ररोचितः** 'स्वीकृतः'.

प्ररोह पुं० अंकुराना, गाभे आना, उगना, अङ्कुर ; sprouting forth, sprout, shoot. —क न० घोड़ों को दाना आदि देने की कूंड ; trough to feed horses. —ण न० वृद्धि, प्ररूढि, अङ्कुरण ; growth, increase, sprouting. **प्ररोहशाखिन्** पुं० फूट वाला पेड़, जैसे वट ; trees having new shoots or sprouts (as banyan).

प्रलपन न० प्रलाप, विलाप ; speaking, lamentation, wailing=प्रलपितम्.

प्रलब्ध [√लभ्] वि० वञ्चित, प्रतारित, ठगा ; deceived, cheated. —ब्धृ [-ब्धा] वि० वञ्चक, प्रतारक ; cheat.

प्रलम्ब (1) वि० अधिक लम्बा ; very long. (2) पुं० एक राक्षस जिसे बलराम ने मारा था ; a demon killed by Balarāma. Note 'उल्लम्बितः', 'ऊर्ध्वं लम्बमानः, त्रि-प्रलम्बः' 'त्रिषु प्रलम्बः' 'त्रयश्च यस्य विद्यन्ते प्रलम्बा मेढ्रबाहवः'.

प्र √लम्भ् [-म्भते] किसी का अवलंबन या सहारा लेना : to take recourse to : त्वामेव कुरवो व्यक्तं प्रलम्भन्ते जनार्दन [MBh. II.37.]. **प्रलम्भ** पुं० प्राप्ति, प्रवञ्चना, वञ्चन ; obtaining, deceiving. **प्रलम्भन** न० ठगी, विसंवादन, मिथ्या फलाख्यान ; cheating, deceiving, telling false results.

प्रलय [√ली] पुंन० संहार, विनाश, मरण : प्रकृष्टो लयः अदर्शनं गस्मात्, नष्टचेष्टता, बेहोशी ; dissolution, destruction,

death [MBh.], unconsciousness, fainting (involuntary state).

प्रललाट वि० उन्नत ललाट वाला; having high forehead. प्रलाप पुं० अनर्थक वचन, गपशप, विलाप, रोना-धोना; prattle, useless talk, lamenting, raving, a stage of Vipralambha.

प्र √लिख् : प्रलिखते चित्र बनाता है; paints.

प्रलुञ्च्य [√लुञ्च् gd.] मसल कर, नोच कर; rubbing or crushing with hand, plucking. प्र √लुठ् धरती पर लोटना; to roll, wallow. प्र √लुप् ['छेदने', लुम्पति] तोड़ना, खींच निकालना; to pluck, pull out.

प्रलुब्ध [√लुभ्] वि० फुसलाया, बहकाया, वरगलाया; seduced, allured.

प्रलेप पुं० ठण्डा और पतला लेप, मरहम; local and thin application of ointment, ointment, opp. to प्रदेह. —क वि० मलने या लगाने वाला; smearing, anointing. प्रलेह पुं० अवलेह, चटनी; kind of broth : कासावलेहः.

प्रलोठित वि० घूर्णित; whirled [मदेन]. —भन (1) न० लुभाना, वरगलाना, फुसलाना, ललचाना, आकर्षण; allurement, seduction, temptation. (2) वि० प्रलोभक; attracting, alluring. —भित =प्रलुब्धः. —ल वि० उद्भ्रान्त (सागर), अति चञ्चल अथवा व्याकुल, प्रकम्पित; greatly agitated, stirred or tremulous.

प्रवक [√प्लु] वि० कूदने वाला; one who springs.

प्रव-ग पुं० वन्दर; monkey=प्रवंगः, प्रवंगमः, प्लवंगमः.

प्र √वच् [-वक्ति, -उक्त] प्रवचन करना, व्याख्या या भाष्य करना, पढ़ाना, घोषणा करना, स्तुति करना; to say, expound, explain, teach, instruct, announce, praise.

प्रवचन न० भाषण, घोषणा, अध्यापन, वेद का व्याख्यान, वक्तृत्व, धार्मिक ग्रन्थ, पारिभाषिक शब्द, बौद्धों का मौलिक सिद्धान्त; speaking forth, declaration, teaching, exposition, interpretation, eloquence, sacred treatise, fundamental doctrine of Buddhists. —नीय वि० व्याख्यातव्य, पाठनीय; to be explained or taught : प्रवचनीयो गुरुणा स्वाध्यायः.

प्रवट पुं० गेहूं; wheat. प्रवण [√प्लु] (1) वि० निम्न देश, ढलवां, ढालदार, क्रमनिम्नोर्वी, नीचे को प्रवाहित, सीधा, झुकावदार, प्रह्वः, नम्र, अभिलाषुकः, पुत्रोत्पत्तौ तत्परः, उदार; sloping down, inclined, flowing downwards, steep, precipitous, humble, desirous, liberal, tending to, disposed to, humble or submissive, eager, waning, generous. (2) —णः पुं० चौराहा; place where four roads meet. —म् न० ढलान; पहाड़ का ढलान, पेट; steep descent, slope, belly. Cp. मनसः प्रवणायितम् 'मनसोऽनुरागः'.

प्रवणीकृत वि० अनुकूलित, जित; made favourable, overcome, won over.

प्रवत्स्यत्पतिका स्त्री० वह स्त्री जिसका भर्ता प्रोषित होने को है; one whose husband is about to depart, a heroine. =प्रोष्यत्पतिका.

प्र √वद् बोलना, बुलाना, घोषणा करना, आवाज उभारना, प्रसन्न करना; to speak forth, speak, declare, call, name, raise voice, cheer. णि० प्रवादयति बाजा बजाना; to play on a musical instrument. प्र √वप् फेंकना; to throw : 'प्रवपामि वपुर्वह्नौ' [Rām.].

प्रवदत् (1) वि० बोलने वाला; speaking. (2) —न् पुं० अध्यापक; teacher.

प्रवयण [√वे] न० प्रतोद, दण्ड, पैनी, कपड़े का ऊपर का भाग; goad, stick or club, upper part of a piece of woven cloth. प्रवयस् वि० भरी आयु का, वृद्ध; aged, advanced in age.

प्रवर (1) वि० श्रेष्ठ, प्रशस्त, प्रमुख; chief, most excellent or distinguished. (2) —रः पुं० बुलावा (ब्राह्मणों को यज्ञार्थ, अग्न्याधान के समय ब्राह्मण द्वारा अग्नि का आवाहन-विशेष, ब्राह्मण द्वारा अग्नि हव्यवाहन का आवाहन (इसमें अग्नि से हव्य को देवताओं तक पहुंचा देने की प्रार्थना की जाती है, तब चार या पांच पूर्वजों का नाम लिया जाता है), पूर्वज लोग, 49 गोत्रों में एक, गोत्र 'वत्सादि' और प्रवर जैसे शाण्डिल्य गोत्रियों के शाण्डिल्य,असित और देवल ये तीन प्रवर [कुलप्रवरत्वात् प्रवराः]; call, summons, a particular invocation addressed to Agni by a Brahmin at the consecration of his fire, invocation addressed by a Brahmin at the consecration of his own fire to *Agni Havyavāhana* (Agni is there invited to bear the oblations to the gods as he did for the sacrificer's ancestors, and the names of the first four or five of these ancestors must then be added to each invocation of Agni), a line of ancestors, one of the 49 *gotras*, opposed to the eight original *gotras*, an ancestor.

प्रवरण न० बुलावा, समन्द; call, summons. प्रवर्ग [√वृज्] पुं० यज्ञिय अग्नि; sacrificial fire. प्रवर्ग्य पुं० आरादुपकारक कृत्य-विशेष, सोमयाग से पूर्व अनुष्ठेय कृत्य; ceremony preliminary to the Soma sacrifice.

प्रवर्त पुं० आरम्भ, प्रेरणा; commencing, stimulus. —क (1) वि० आरम्भ करने वाला, उत्पादक, वर्धक, प्रेरक; one who commences, producing, promoting,

प्रियक पुं० नरम लंबे बालों वाला मृग-विशेष, कदम्ब वृक्ष ; deer with long and tender hair, Kadamba tree. प्रियकर वि० अनुकूल ; accordant. प्रियकलत्र पुं० पत्नीरत पति ; a husband devoted to his wife=प्रियजानिः. प्रियकाङ्क्षिता [प्रियः काङ्क्षितो यस्याः] स्त्री० प्रेमी की चाह वाली; longing for her lover. प्रियकाम वि० उपकारी; desirous of rendering service = प्रियकारः, प्रियकारकः, प्रियकारी, प्रियकृत्. Cp. प्रियेतरः 'दुःखतरः'.

प्रियंगु स्त्री० कङ्गुनी, टांगुन ; a medicinal plant = प्रियवर्णी.

प्रियजीव वि० चिरायु; long-lived. —यता स्त्री० प्रेम; love. —तोषण पुं० रतिबन्ध-विशेष ; particular posture in coitus. —दर्श[न] वि० चारुदर्शन ; lovely, handsome. —दर्शिन् (1) वि० प्यार से देखने वाला; looking kindly on all. (2) —र्शी पुं० 'epithet of Aśoka'. —देवन वि० द्यूतप्रेमी ; fond of gambling. —धन्व पुं० 'Śiva, fond of bow'. —प्राय (1) वि० अतिशिष्ट अथवा भद्र ; exceedingly courteous. (2) —म् न० वाग्मिता ; eloquence. —प्रायस् न० नर्मवार्ता, जैसी एक प्रणयी अपनी प्यारी से करता है; very agreeable speech as of a lover to his beloved. —मण्डना स्त्री० अलंकारों की शौकीन ; fond of ornaments. —म्-भविष्णु वि० वल्लभ बनने वाला ; becoming dear. - संवास पुं० प्यारे का सहवास ; society of beloved. —सखीवृत्ति स्त्री० सहेली का बरताव ; attitude of a dear friend. —सहचरी स्त्री० प्राणप्रिया; beloved wife. —स्वप्न वि० सोने का शौकीन ; fond of sleeping.

प्रियाख्यान न० अनुकूल वचन ; agreeable speech. —प्रिय [-ये द्विव०] आराम और बेआरामी, प्रिय और अप्रिय ; comfort and discomfort, pleasant and unpleasant. —भ्युपगत [प्रियेण साम्ना न तु हिंसया अभ्युपगतं प्राप्तम्] वि० सान्त्व से प्राप्त ; obtained by sweet words.

√प्री ['प्रीतौ', प्रीयते, प्रेष्यति 'तर्पयिष्यति'] प्यार करना, खुश करना ; to please, delight. (2) √प्री ['तर्पणे, कामनायां च', प्रीणाति, -णीते] खुश करना, चाहना ; to delight, please, love, show kindness or favour. (3) √प्री ['तर्पणे', प्रीणयति, प्राययति, प्रयते] अनुग्रह या प्यार दिखाना ; to show favour or love.

प्रीण वि० प्रीत, प्रसन्न, तुष्ट, वृद्ध ; pleased, gratified, old.

प्रीणन (1) न० प्रसादन, परितोषण; pleasing, satisfying. (2) वि० प्रसादक, प्रिय ; that which pleases, dear.

प्रीणित वि० प्रसादित, प्रसन्न ; pleased. प्रीत वि० प्रसन्न, तुष्ट, मेहरबान ; pleased, glad, kind.

प्रीति (1) स्त्री० अभिरुचि, प्रेम, स्नेह, प्रमोद, संतोष, तृप्ति, कृपा, मैत्री, रति ; love, affection, pleasure, delight, gratification, contentment, favour, friendship. (2) वि० प्रिय ; beloved : यद्यप्येषा मम प्रीतिः [Rām. II.2.16.]. प्रीतिरूपः 'प्रियरूपः'. —करण न० 'संमानः'. —तृप् पुं० 'Cupid'. —दत्त न० वधू को संबन्धियों से प्राप्त संपत्ति; property given to a woman by her relatives at marriage. —दान न० प्रेमोपहार; gift with

love, friendly gift=प्रीतिदायः.

प्रीतिपुरोग वि० प्रणयी ; affectionate, loving. —प्रमुख वि० प्रेमपूर्ण ; full of love. —वाद पुं० मधुर विवाद ; friendly discussion. —श्राद्ध न० एक प्रकार का श्राद्ध; a sort of Śrāddha. —स्निग्ध वि० प्रेम से भीना; moist through love.

√प्रु ['गतौ'] : प्रोद्रवम् 'प्रगच्छत' [Ipve.].

√प्रुथ् [प्रोथति] पर्याप्त होना ; to be sufficient : पुप्रोथास्मै न कश्चन [Bhaṭṭi. XIV.84.].

√प्रुष् ['दाहे', प्रोषति] जलाना ; to burn. (2) √प्रुष् ['स्नेहनसेचनपूरणेषु', प्रुष्णाति] गीला होना, गीला करना, छिड़कना, भरना; to become or make wet, sprinkle, fill. प्रुषित वि० आर्द्र, जला ; wetted, burnt ; but प्रुष्ट 'burnt'. प्रुष्व पुं० बरसात, सूर्य ; rainy season, sun.

प्रेक्षक वि० द्रष्टा, सामाजिक ; one who sees, spectator.

प्रेक्षणिक पुं० पात्र, प्रेक्षक ; actor, one who sees. प्रेक्षणीयक न० दृश्य ; show, spectacle. प्रेक्षा स्त्री० देखना, उपलब्धि, प्रज्ञा, रूपकादि : करुणप्रेक्षासु पुनरप्रवृत्तिः स्यात् [Abhinavagupta]; seeing, intelligence, show. प्रेक्षावत् वि० बुद्धिमान् ; wise, learned. प्रेक्षित (1) न० दृष्टि, निगाह; gaze, look, glance. (2) वि० दृष्ट; seen.

प्रेङ्ख पुं० पींग, डोलती नौका ; swing, rolicking boat. —ङ्खा जव, वेग ; speed, rush. प्रेङ्खकेलि स्त्री० झूला झूलना; swing-dalliance. प्रेङ्खन न० एक प्रकार का उपरूपक ; a kind of uparūpaka : गर्भावमर्शरहितं प्रेङ्खणं हीननायकम् । असूत्रधारमेकाङ्कमविष्कम्भप्रवेशकम् [SD. VI. 286.]. प्रेङ्खोलन न० झूला झूलना; swinging, moving to and fro. प्रेङ्खोलिका स्त्री० दोला ; swing.

प्रेत [प्रकर्षेण इतः पितृलोकं गतः] (1) पुं० मृतात्मा, भूत-परेत; departed spirit, dead, ghost=प्रेतनरः, प्रेतिकः. —कर्मन् न० मृतककृत्य ; obsequial rite = प्रेतकृत्यम्, प्रेतकृत्या. —गत वि० 'dead'. —गृह न० श्मशान; cemetery=प्रेतभूमिः, प्रेतवनम्. —चारिन् [प्रेतैर्भूतैश्च सह चरतीति] 'epithet of Śiva'. —निर्यातक वि० निर्हारक, शववाहक ; one who carries dead bodies for living. —धूम पुं० चिता-धूम्र ; funeral smoke.

प्रेतपक्ष पुं० भाद्र का कृष्णपक्ष; the dark half of Bhādrapada, when offerings in honour of the Manes are usually performed=पितृपक्षः. —पटह पुं० प्रेत के लिये नगाड़ा ; drum beaten at a funeral. —पति 'Yama, the lord of the dead'. —पुर न० 'the city of Yama'. —मेघ पुं० अन्त्येष्टि ; funeral sacrifice. —रङ्क पुं० नंगा मृत ; a beggarly ghost. —राक्षसी स्त्री० तुलसी ; the Holy Basil. —राज् पुं० 'Yama ; the king of departed'. Note यमः 'शास्ता', मृत्युः 'प्राणान्तकरी देवता'. —वाहित वि० प्रेत से धरा; possessed by a ghost. —शरीर न० 'body of a departed spirit'. —शुद्धि स्त्री० श्मशान से लौटकर स्नान ; purification after death = प्रेतशौचम्. —श्राद्ध न० मृतक का वर्ष के भीतर श्राद्ध ; Śrāddha to a departed relative during the year of his death. —हार पुं० अरथी में कन्धा देने वाला ; one who carries a dead body.

प्रेति [प्र+इति] स्त्री० मृत्यु ; death. प्रेत्य [प्र+इत्य] मर कर, दूसरे लोक में ; having departed from the body, in the next world or birth. प्रेत्यदोष पुं० हिंसाजन्य नरक ; hell allotted on account of hiṁsā. Cp. प्रेत्यफलम् 'आमुष्मिकं सुखम्' [Rām.]. —भाव पुं० जन्मान्तर ; rebirth. —भाविकम् 'जन्मान्तरीयम्'.

प्रेत्वन् [प्र+इ-] पुं० 'wind, Indra'.

प्रेप्सा [प्राप्तुमिच्छा] स्त्री० desire of obtaining, assumption. प्रेप्सु [प्राप्तुमिच्छुः] वि० 'wishing to obtain'.

प्रेमन् [√प्री] पुंन० प्यार, स्नेह, दया, अनुग्रह; love, affection, kindness, favour. —पर वि० 'loving'. —पातन न० स्नेहाश्रु, आंख ; tears of joy, eye that sheds them. —भाव पुं० अनुराग ; affection, love. —वती स्त्री० प्यारी, रखैल ; beloved, mistress.

प्रेयस् [=प्रियतर] पुंवि० प्रियतम, प्रणयी, पति ; beloved, lover, husband. प्रेयोऽलंकारः, विभावादि से व्यंग्य होकर यदि स्मृति सादृश्यातिरिक्त निमित्त से हो; ['गुरुदेवनृपतिपुत्रविषयप्रीतिवर्णनं प्रेयोऽलंकारः'] ; a variety of *Smaraṇālaṁkāra*.

प्रेरण [-णा] उकसाना, बढ़ावा देना, आवेग, आवेश, भाव; *urging on, impelling, inciting, impulse, passion.*

प्रेषण [प्र+इष-] न० भेजना, पठाना, आदेश ; sending, charge, command.

प्रेष्ठ [प्रियतमः] अतिप्रिय, नेत्रोत्सव, दिलबर, मन-बसा, अपना आपा ; very pleasing, very dear, dearest, most beloved.

प्रेष्य पुं० जिसे आदेश दिया जाय, दासीदासादि ; to be sent or ordered. Cp. प्रेष्यकरः 'इच्छानुविधायी'. —समुदाचार पुं० भृत्योचित व्यवहार ; treatment becoming a servant.

प्रैष [प्रेषणम्] पुं० आदेश, आज्ञा, वचन, निमन्त्रण, यातना, वाचालापन ; injunction, command, distress, madness or frenzy. Note : अज्ञातज्ञापनं विधिः, प्रेषणं प्रैषः. —कर पुं० नौकर ; servant. प्रैषणिक वि० आदेशकारी ; executing orders or commissions.

प्रैष्य पुं० नियोज्य, किंकर; servant, menial slave. —ष्या

स्त्री॰ maid-servant. —म् न॰ दासता ; servitude.

प्रोक्षण [√उक्ष्] न॰ छिड़काव, वधार्थ पशु का संस्कार, पशुवध, ऊर्ध्वमुख होकर दक्षिण हाथ से पानी छोड़ना, संस्कार करना; act of sprinkling, consecration of an animal and killing of it at a sacrifice, slaughter, pouring out water with the right hand with one's face upwards, purification. Cp. अभ्युक्षण 'अधोमुख होकर दक्षिण हाथ से जलक्षेप'. —णि [-णी] स्त्री॰ छिड़काव का जल ; water used for sprinkling or consecrating=प्रोक्षणीयम्. प्रोक्षितः 'वधार्थं संस्कृतः'.

प्रोच्छलित वि॰ बाहर उछला या निकला; risen or flowing above : वेलाप्रोच्छलितस्य वारां निधेः'. प्रोच्छून [शोथमघ्नाः] वि॰ फैला, फूला ; dilated, swollen. प्रोच्छ्रित वि॰ ऊंचा; lofty, high. प्रोज्जासन [√जस्] न॰ मारण; killing. प्रोज्झित वि॰ त्यक्त ; abandoned. प्रोञ्छति [√उञ्छ्] पोंछता है; wipes off. प्रोञ्छन न॰ 'wiping off'. प्रोड्डामर वि॰ उत्पतनशील, उत्पातुक; prone to fly up. प्रोड्डीन वि॰ उड़ गया ; flown up.

प्रोत [√वे] (1) वि॰ स्यूत, सिला, टांका लगा, प्रेमबद्ध : सूत्रे मणिगणा इव, फैला, व्याप्त, पूरित अथवा पूर्ण ; sewn, stitched, fastened, bound by love, extended, pervaded, full. (2) —म् न॰ बुना वस्त्र, वस्त्र; woven cloth. प्रोत्कट (1) वि॰ अतिप्रभूत या विशाल ; very great, huge. (2) —टः पुं॰ मुंह-लगा भृत्य ; favourite servant. प्रोत्कण्ठ वि॰ आगे को गरदन वाला, उत्क ; stretching out neck, very keen. प्रोत्कर्ष पुं॰ भारी उत्कर्ष ; prominence, pre-eminence.

प्रोत्फाल पुं॰ उच्छलन, उछलना ; springing up. प्रोत्सारण न॰ झाड़ू या बुहारी से सांभरना ; sweeping with a broom. प्रोत्सारितः 'दूरमपनीतः'. प्रोत्साहना स्त्री॰ प्रोत्साहन ; urging on [Daśa. I.49.].

प्रोथ पुंन॰ ओष्ठाग्र, तुण्डाग्र, घोण, नासिका, घोड़े की नाक, the front or top of the mouth (of a horse), nose. प्रोथयित्वा [=प्रमथ्य] युद्ध में मथ कर अथवा मारकर ; crushing in battle.

प्रोदक वि॰ गीला ; wet. प्रोद्गत वि॰ आगे को निकला ; projected. प्रोद्दाम वि॰ प्रचण्ड, अत्युत्कट, विशाल, विपुल, उच्छृङ्खल ; immense, huge, unrestrained.

प्रोद्बोध पुं॰ साक्षात्कार-रूप ज्ञान ; awakening, correct knowledge. प्रोद्भव पुं॰ उत्पत्ति, जन्म ; coming into being. प्रोद्भिन्न वि॰ प्रोद्भूत ; come into being, become manifest or prominent : प्रोद्भिन्नसान्द्रपुलके भवतः शरीरे. प्रोद्यमान [उदयं गच्छन्] वि॰ उदय होता हुआ ; rising.

प्रोन्मण [√उम्म्] न॰ पूरा भरना ; filling up well, complete filling.

प्रोर्णुविन्नी स्त्री॰ अभिव्यापक ; covering on all sides.

प्रोल्लास पुं॰ प्रतीति, प्रत्यय, ज्ञान ; perception : प्राज्यं प्रोल्लासमात्रम् [Abhinava.].

प्रोल्लास्य [gd. √लस् णि॰] पूरी तरह या पूरी खोलकर ; having fully dilated [ऊरुयुगम्].

प्रोषित [√वस्] वि॰ विदेश गया, अनुपस्थित, प्रास्त, अपगत; gone away, gone out, absent, removed. —पतिका स्त्री॰ वह स्त्री जिसका पति विदेश गया है ; a woman whose husband is abroad ; type of heroine = प्रोषितभर्तृका, -प्रिया, -नाथा, -प्रेयसी. Note प्रोष्यत्पतिका=प्रवत्स्यत्पतिका. —मरण न॰ परदेश में मृत्यु ; death in a foreign land.

प्रोष्ठ [प्र+अवस्थ] पुं॰ आसन, बेंच, काचच, बैल ; bench, couch, bull. —ष्ठी स्त्री॰ पोठिया मछली ; a variety of fish. —पद (1) वि॰ बैल के खुर जैसे पैरों वाला; ox-footed. (2) —दः पुं॰ 'the month Bhādrapada'. प्रोष्ठेशय वि॰ बेंच पर पड़ा ; lying on a bench.

प्रोष्य [√वस्-ल्यप्] प्रवास के अनन्तर, अनुपस्थित रह कर ; having been out on a journey, after absence. —पापीयस् [-यान्] वि॰ प्रवास के कारण पापी; having sinned by living abroad.

प्रोह [प्र√ऊह्] (1) पुं॰ हाथी का पैर या टांग ; elephant's foot or ankle. (2) वि॰ तार्किक ; reasoner, disputant.

प्रोहणीय वि॰ ऊहा-योग्य ; to be guessed or inferred.

प्रौढ [प्रकर्षेण ऊढः] वि॰ प्रवृद्ध, पाठा, पूरी तरह बढ़ा, पूर्णतः उभरा, परिपूर्ण, परिपक्व, अधेड़, युवक, भरा-पूरा, स्थूल, पीन, गहन, शक्तिशाली, अभिमानी, ढेठा, प्रगल्भ, तेज, उत्तेजक : प्रौढाः कदम्बानिलाः ; full-grown, matured, ripened, perfected, full, adult, grown up, thick, fat, dense : तमः, mighty, impetuous, proud, bold, quick, exciting. —ढा स्त्री॰ प्रगल्भा अथवा परिपक्व स्त्री, प्रगल्भ नायिका; a bold and grown up woman no longer timid in the presence of her lover : आषोडशाद् भवेद् बाला त्रिंशता तरुणी मता। पञ्चपञ्चाशता प्रौढा भवेद् वृद्धा ततः परम्. Cp. प्रौढोक्तिः 'उचितप्रागल्भ्यं कवीनाम्'. —वाद पुं॰ अभिमान-भरा भाषण ; bold or defiant speech.

प्रौढि स्त्री॰ परिपूर्णता, परिनिष्ठा, पूर्णवृद्धि, उत्कृष्टता, महत्ता, पर्याप्ति, संतोष, अभिमान, धृष्टता, जोश, विवाद; maturity, full growth, excellence, greatness, ampleness, contentment or satiety, pride or arrogance, boldness, zeal, discussion. —वाद पुं॰ साहसोक्ति; bold assertion.

प्रौष्ठपद (1) वि० प्रोष्ठपद-नक्षत्र-संबन्धी ; relating to Prosṭhpada nakṣatra : P. VII.3.18. (2) पुं० 'the month Bhādrapada'. —दी स्त्री० 'the full moon in the month of Bhādrapada'. Note प्रौष्ठपादो माणवकः 'प्रोष्ठपदासु जातः'.

प्लक्ष पुं० दे० पर्कटी. प्लव [√प्लु, तरणसाधनम्] कूदना, कूद, छलांग, तैरना, छोटी नौका, सेतु, स्थूलबक-विशेष अथवा जल-कुक्कुट; jumping, jump, swimming, small boat, bridge, an aquatic bird. Cp. आप्लव: 'ablution', but आप्लाव: 'flood'. —वक (1) पुं० मेंढक, वन्दर ; frog, monkey=प्लवग:, प्लवगति:, प्लवंगम:. Note प्लवमुख: 'मण्डूकवक्त्रः'. (2) [कूर्दनपरः] वि० कूदने का शौकीन ; fond of jumping. —कुम्भ पुं० तमेड़, पार करने के लिये या तैरने के लिये घड़ा ; a pitcher for swimming.

प्लवन [√प्लु √प्रु] न० कूदना, छलांग मरना, तैरना ; jumping, swimming, प्लवाका [√प्लु] स्त्री० नौका ; raft. प्लवानुप्लव [-वौ] पुं० सृष्टि एवं संहार ; creation and dissolution. प्लविक पुं० मल्लाह ; ferryman.

प्लावन A. (1) न० ऊपर से वह निकलना, कूदना ; flowing over, leaping. (2) वि० ऊपर से वह निकलने वाला ; overflowing (flood). B. न० स्वर को प्लुत करना, प्लुति; protraction of a vowel as in calling from distance : देवदत्ता 3. (C) स्नान, ऊपर तक भरना, वाढ़ ; bathing, filling to overflowing, flood. Cp. प्लावयिता 'कर्णधारः'. प्लावित न० वाढ़, प्रलयकालिक वाढ़ ; flood, inundation, deluge.

प्लीहन् [प्लेहते गच्छतीति] पुं० तिल्ली ; spleen=प्लीहा स्त्री. —हशत्रु पुं० गुलनार ; the holy fig tree. प्लीहोदर न० तिल्ली वढ जाना ; enlargement of spleen.

√प्लु [प्लवते, प्लुत] तैरना, पाल लगा कर नौका खेना, उड़ना, कूदना, उछलना ; to swim, sail, fly, jump, spring. पोप्लूयमानः 'भृशं पुनः पुनर्वा प्लवमानः'.

प्लुक्षि [√प्लुप्] पुं० अग्नि ; fire.

प्लुत (1) वि० वहा, तैरा, वाढ़ आया, कूदा, प्लुत हुआ, स्नात ; swimming, inundated, overflowed, jumped, lengthened or protracted (a vowel), bathed. (2) —म् न० कूद, छलांग, उछाल, घोड़े की दुलकी; jump, leap, spring, one of the paces of a horse. प्लुति स्त्री० कूद, छलांग, ऊपर से वह निकलना, घोड़े की चाल-विशेष, स्वर का प्लुत भाव ; spring, jump, overflowing, one of the paces of a horse, protraction of a vowel.

प्लुष्ट [√प्लुप्, 'दाहे', प्लुष्यति] वि० जला, झुलसा ; burnt, scorched, singed.

प्लोत [=प्रोत] न० कपड़ा; cloth. प्लोष पुं० दाह; burning.

प्सा स्त्री० भोज्य ; food. प्सान न० खाना ; eating.

प्सुर वि० सुन्दर, रुचिर ; lovely, beautiful.

फ

फक्क [√फक्क् 'नीचैर्गतौ=मन्दगमने असद्व्यवहारे च', फक्कति] वि० विकृताङ्ग, विकलाङ्ग, क्षुद्र अथवा ओछा आदमी ; cripple, a low person.

फक्किका स्त्री० पंक्ति, व्याकरण में कठिन सिद्धि ; a difficult or tortuous problem (specially in grammar, as the paṅkti of अचीकमत].

फटाटोप पुं० फणाटोप, फण का फैलाव ; expansion of a snake's hood.

फडिङ्गा पुं० फतिङ्गा ; cricket, locust.

फण [√फण् 'गतौ', -णः -णा] सांप का फण ; hood of a serpent. —आटोप पुं० = फटाटोपः.

फणितल्पग पुं० 'Viṣṇu'. फणिन् पुं० फणियर सांप, सांप ; snake. —पति पुं० शेषनागः=फणीन्द्रः. —प्रिय 'wind'.

फर्फरीक पुं० खुला हाथ ; palm of the hand with fingers extended. —म् न० अंकुआ, मार्दव ; young shoot, softness.

√फल् ['विशरणे', फलति, फुल्ल] फलना, फटना, विशीर्ण होना ; to bear fruit, burst.

फल न० मेवा, परिणाम, लक्ष्य, पारितोषिक, दण्ड, तीर की नोक, द्यूत-फलक, हल की फाली; fruit, consequence, result, object, reward or punishment, point of arrow, gaming-board, plough-share. फलगृध्या 'फलाशा'.

फलक न० बोर्ड, तख्ती, पट्ट, फट्टा, ढाल ; board, dice-board, tablet for writing, shield. —शयन न० तख्त ; plank-bed. —पाणि वि० ढाल वाला ; equipped with shield.

फलकोश पुं० अण्डकोशों का ऊपरी चर्म ; scrotum or covering of testicles=-षः, -शकम्. —च्छदन न० खोखा, लकड़ी का मकान ; house built of wooden boards. —वन्ध पुं० पात्र में दान की इच्छा ; desire to give to a deserving person. —योग पुं० दे० 'फलागम'. —राजन् पुं० तरबूज ; watermelon = फलवर्तुलम्. —शाडव पुं० अनार का पेड़ ; pomegranate tree. —श्रेष्ठ पुं० आम का पेड़; mango tree. —संस्थ वि० सफल मृत्यु वाला ; of useful death. —स्वाम्य न० फल पर स्वत्व ; possession of the desired result in a

drama. —हेतु [फलमेव हेतुः प्रवर्तनं यस्य] वि० फल-तृष्णावान्, फलार्थी; desirous of fruit or result of action.

फलागम पुं० फल-प्राप्ति ; attainment of result in a drama [Daśa. I.21.] =फलयोगः. —नुबन्ध पुं० परिणाम-परंपरा ; succession of fruits or results. (2) वि० फलान्वित ; attended by fruit or success. —नुमेय वि० फल से अनुमेय ; to be known from results. —न्त पुं० बांस; bamboo. —पेत वि० निष्फल, विफल ; fruitless, useless. —राम पुं० बगीचा ; orchard. —हार (1) पुं० फलों पर रहना (व्रत में) ; living on fruits. (2) वि० फलाहारी ; one living on fruits.

फलितार्थ पुं० सारांश, पिण्डार्थ ; essence, sense. फलिन वि० फलदार वृक्ष ; fruitful tree [for form cp. वर्हिण] =फलिन्. फलीकरण न० छानना, गाहना, अथवा नाज से भुस को अलग करना ; *straining, separating husk from grain.*

फलेगृह्नुः वि० फललिप्सु ; desirous of fruit. —ग्रहि [फलानि गृह्णातीति] वि० फलदार ; fruitful tree=फलेग्राहिन्, फलेग्रहिष्णु. —रुहा स्त्री० पाटला ; Bignonia suaveslens : पाटला-फलेरुहा-सुरूपा-पाकलेति पर्यायाः.

फलोच्चय पुं० फलों का ढेर ; *mass or heap of fruits.* —त्तमा स्त्री० बेदाना ; stoneless grape. —द्देश पुं० फलापेक्षा ; regard to result. —द्गम वि० फलोन्मुख ; about to bear fruit. —पजीविन् पुं० मेवाफरोश ; fruitseller.

फल्गु वि० फोक्का, तुच्छ, नाचीज, वृथा ; small, pithless, insignificant. —न पुं० गुडाकेश, अर्जुन वृक्ष, फाल्गुन मास ; Arjuna, Arjuna tree, Feb.-March. —नी स्त्री० फाल्गुन की पूर्णिमा ; *full moon day of* Phālguna.

फाणि [√फण् 'गतौ', फणति] स्त्री० सीरा ; molasses. फाणित (1) न० खण्ड-शर्करा, राब, गन्ने की कच्ची मिठाई, गोरसविकार ; *inspissated juice of sugarcane,* sweetmeat made of it, sweetmeat made of milk. (2) वि० तीव्रगन्धासवयुक्त ; *mixed with pungent āsava.*

फाण्ट न० अर्क, कुटी-पिसी जड़ी-बूटियों को गरम जल में उसे कर छाना रस, रञ्जक द्रव्य-विशेष : फाण्टचित्रास्त्रपाणिः 'कषायभेदशबलशस्त्रपाणिः', कच्चे दूध से निकला मक्खन ; essence obtained by filtered infusion, a sort of dye, butter from fresh milk.

फाल पुंन० कन्दमूलादिखनन-साधन, कुठार, फाली, भाग ; an implement to dig out roots etc., axe, ploughshare, division. Cp. फालकुद्दाललाङ्गलिन् 'फालं द्वैधीकरणसाधनं कुठारादि, कुद्दालः खननसाधनं खनित्रं, लाङ्गलं हलं तद्वान्'.

फालकृष्ट (1) वि० हलचला, खेती से उत्पन्न ; tilled or ploughed, produced by cultivation. (2) —म् न० जुता खेत ; ploughed field. —दती वि० प्रलम्बदती; long-teethed. फालिका स्त्री० (मांस आदि का) टुकड़ा; bit (of flesh).

फाल्गुन [फल्गुनी-नक्षत्रेण युक्ता पौर्णमासी यस्मिन् मासे, -निकः] पुं० फागन, अर्जुन ; the month Feb.-March, when *the full moon is in the constellation* Phalgunī, Arjuna : उत्तराभ्यां फल्गुनीभ्यां नक्षत्राभ्यामहं पुरा । जातो हिमवतः पृष्ठे तेन मामर्जुनं विदुः ॥ [MBh.]. —नी स्त्री० फाल्गुन की पूर्णिमा; the full moon day of Phālguna.

फुप्फुस पुं० 'lungs'.

फुल्लोत्पल न० विकच पद्म ; blooming lotus.

फूत्करोति [*onomatopoetic*] फूक मारता है ; *blows.*

फूत्कार पुं० फूक ; blowing.

फे-न [√स्फाय् 'वृद्धौ', स्फायते] पुं० झाग ; *foam, froth.* —धर्मन् वि० निःसार ; sapless, having no substance. —नप वि० घास न खाने वाला वत्स ; a very young calf : फेनपांश्च तथा वत्सान् [MBh. I. 64.]. —वाहिन् पुं० छानने का कपड़ा, समुद्र ; filter-cloth, ocean.

फेनिल (1) वि० झागदार ; *foaming.* (2) —लः पुं० रीठा, बेरी का पेड़; ziziphus, jujube. —म् न० बेर ; jujube *fruit.* फेनोत्कर पुं० *अग्रासमूह* ; *mass of fresh corn.*

फे-रव [√स्फाय्] पुं० सियार ; jackal.

फेला स्त्री० उच्छिष्ट ; *remnant of food.*

व

√वंह् ['वृद्धौ', वंहते] घना, ठोस, या मोटा होना, बलवान् बनना ; to be thick, solid or dense, be strong.

वंहिमन् पुं० प्राचुर्य, बाहुल्य, समूह ; abundance, plenty, multitude.

वंहीयस् वि० और अधिक ; more numerous or abundant, much more; super. वंहिष्ठ:

वक [=बक √वक् 'कौटिल्ये', वङ्कते =वञ्च्] (1) पुं० बगुला, एक राक्षस; crane, a demon killed by Kṛṣṇa. (2) वि० ठग ; a cheat, rogue. Note वकालीनः 'वकवद् आलीनो निश्चलः'. —वृत्ति वि० बगुला भगत ; acting

like a heron, deceiver, hypocrite : अधोदृष्टिर्नैकृतिकः स्वार्थसाधनतत्परः । शठो मिथ्याविनीतश्च=बकचरः, बकव्रतचरः, बकव्रतिकः, बकव्रतिन्.

बकुर [√बक्] (1) वि० भयंकर ; horrible. (2) —रः पुं० वज्र ; thunderbolt. —ल पुं० मौलसरी ; कहावत है कि यदि कुमारियां इस पर शराब का कुल्ला कर दें तो फूल आ जाते हैं ; a kind of tree, said to put forth blossoms when sprinkled by young ladies with mouthfuls of wine.

बटु [√बट् 'परिभाषणे', बटति] पुं० विद्यार्थी, माणवक ; student, boy. बटूकरण न० छात्र बनाना, यज्ञोपवीत ; investiture with the sacred thread.

बडिश न० मत्स्यादिधरणार्थ गलग्रह, मत्स्यवेधन ; fish-hook.

बत अद्भुतखेदानुकम्पासंतोषविस्मयावरणसूचक अव्यय ; particle expressing sorrow, pity, contentment, surprise : alas ! ah ! oh !

बदर पुं० बेरी ; jujube tree. —म् न० बेर ; jujube fruit. —रा स्त्री० कपास; cotton. —कुल पुं० बेर पकने का समय; time when the fruit of jujube ripens.

बदरिकाश्रम पुं० (A) हिमालय पर आश्रम ; a sacred hermitage on the Himālaya. (B) कौशाम्बी के समीप एक आश्रम जहां बुद्ध ने निवास किया था ; a secluded hermitage near Kauśāmbī where the Buddha dwelt.

बदरी स्त्री० बेरी, वाडी ; jujube tree, cotton plant. —पत्र न० एक अतर ; particular perfume. =नखरी. —वासा स्त्री० 'epithet of Durgā'.

बद्धकक्ष [or —कक्ष्य, वस्त्रादिना संवृतांसपृष्ठोदरः —कक्षा बाहुमूलम्] वि० गाती-बंधा, कमर-कसा ; one who has his loin girt, ready. =बद्धपरिकरः. —कटा [कटैर्बद्धकुड्या पर्णशाला] स्त्री० चटाई की दीवार वाली, बांधी है घोड़ों के सिर पर कलगी आदि जिसमें (यात्रा) ; having mats for wall, the march for which usual decorations have been tied on the heads of horses. —गुद न० मलावरोध ; obstruction of bowels. —गोधाङ्गुलित्र वि० (वाम हस्त एवं अंगुलियों पर) बांधा है चमड़े का दस्ताना जिसने ; having fastened a leather guard (on the left arm and fingers). —चित्त वि० किसी लक्ष्य पर बद्धमनस् ; having the mind intently fixed on : बद्धचेतस्, बद्धदृष्टिः —तूणीर वि० तरकस-कसे ; equipped with quiver. —निश्चय वि० व्यवसित, दृढ-निश्चय; having firm determination. —पीठ वि० दृढ-मूल ; of firm base. —पुरीष वि० कब्ज अथवा अजीर्ण वाला ; having the bowels constipated. —भू स्त्री० निचली मंजिल, धरती की कुरसी जिस पर मकान बनना है ; the lowest floor, ground prepared for the site of a house. —मण्डल वि० बांधा है मण्डल जिसने ; having made circles. —मुष्टि वि० कृपण, सूम; close-fisted. —ष्टिता स्त्री० 'अत्यागः'. —मूल वि० जड़-जमा ; deeply rooted. —वैर वि० मन में खार खाये; having developed deep enmity. —स्नेह वि० अनुरक्त, अभिषक्त; having deep affection.

बद्धापीड वि० परिहितालंकार ; wearing ornaments.

बद्धोद्यम वि० करतब का पक्का ; having the energy or effort intently fixed.

बद्ध [संख्याविशेषः, अर्बुदम्] न० एक अरब ; 100 crores.

बधिर [√बध् 'बन्धने', बधते, √बध् 'संयमने,' बाधयति] वि० बहरा ; deaf. —रित वि० बहराया ; deafened.

बन्दि =बन्दिन्. —ग्राह —म् क्रिवि० बन्दी की तरह पकड़कर; seizing like a captive. बन्दिन् पुं० कैदी, स्तोता, भाट; prisoner, panegyrist. बन्दी स्त्री० कैद-दासी ; captive slave-girl.

√बन्ध् ['बन्धने', बध्नाति, बन्धयति] बांधना ; to bind.

बन्ध पुं० बन्धन, बांध, संसार-रचना : काव्यबन्धः 'काव्य-रचना', बन्धच्छाया 'रचनासौष्ठवम्', हथकड़ी आदि, आसन मारकर बैठना, रति में नागपाशादि मुद्राएं, हिरासत, गिरवी, निक्षेप ; a tie, bond, dam, world : बन्धकर्ता 'संसार-निर्माता शिवः', composition, fetters etc., posture of sitting, particular postures in sexual intercourse [16 described in Ratimañjarī], confinement or captivity, custody, pledge. Cp. बन्धवैकटयम् 'रचना-विकटता' [पदों की नाचने की सी अवस्था, horribleness of composition].

बन्धक (1) पुं० बांध, निक्षेप; dam, pledge. (2) वि० पकड़ने वाला, सत या पत बिगाड़ने वाला ; catcher, ravisher. —म् न० बन्धन, गिरवी ; confinement, pledge. —की स्त्री० वेश्या ; harlot.

बन्धकरण न० कैद करना ; imprisoning. —कोटि स्त्री० प्रकृत्यादिबन्धनधारा; continuity or flow of *Prakṛti* and *Mahat* etc., the source of bondage of *Puruṣa*. —तन्त्र न० समग्र सेना ; complete army having elephants, horses, chariots and foot-soldiers.

बन्धन न० बांधना, बन्ध, हथकड़ी, बांध, गांठ, कैद, रचना, डण्ठल ; binding, bond, fetters, dam, knot, prison, construction : गोपुच्छाग्रसमाग्रं तु बन्धनं तस्य कीर्तितम् [SD. VI. 11.]. stalk of flower. Note आबन्धनम् 'अलंकारः'. Cp. बन्धनेशः 'बन्धनं द्रष्टुं समर्थः'. —ग्रन्थि स्त्री० गांठ, फंदा, रस्सी ; knot, noose, rope. —पत्र न० रुक्का या तमस्सुक जिसमें ऋण-संबन्धी शर्तें लिखी

जाती हैं; promissory note. —पालक पुं० जेलर; jailor. =गुप्तिपालक; बन्धनरक्षी. —स्थान न० अस्तबल, हृदय; stable, heart. —आगार न० जेल; prison.

बन्धव्युत्पत्ति स्त्री० रचना-चातुरी; skill in construction, composition or arrangement.

बन्धित्र पुं० 'Cupid'. बन्धु [√बन्ध्] पुं० कुटुम्बी, संबन्धी, मित्र; kinsman, friend. —जीव पुं० गुलदुपहरिया का फूल; a kind of flower. —न्धुता स्त्री० बन्धुजन, परिवार; relatives (collectively). —दग्ध वि० बन्धुओं का सताया, निकृष्ट बन्धु; consumed by relatives, wretch, a base relative. Note क्षत्रबन्धुः 'क्षत्रियाधमः'. —दायाद पुं० रिक्थहर; inheriting ancestral property=ज्ञातिः.

बन्धुर [√बन्ध्] (1) वि० (A) बांध लेने वाला, मोहक, मनोहारी, सुन्दर, वर्तुल, हानिकर; binding, attractive, winsome, pleasant, handsome, rounded, low or injurious. (B) नत, झुका, उन्नतावनत : बन्धुरगात्री, ऊंचा-नीचा; bent, bowed : प्रणिपातबन्धुरपाणिपादशिराः. (2) —रः पुं० हंस; goose. —म् न० रथतल्प; cart-seat. —रा स्त्री० वेश्या; harlot. —रित वि० खर्वित, वक्र; crippled, bent.

बन्धुल [=—र] (1) वि० आनत, मनोहारी; bent, inclined, handsome. (2) —लः पुं० हरामी, वेश्यापरिचर; bastard : 'परगृहललिताः परान्नपुष्टाः परपुरुषैर्जनिताः पराङ्गनासु। परधननिरता गुणेष्ववाच्या गजकलभा इव बन्धुला ललामः', attendant in a harlot's chamber.

बन्धूक पुं० दुपहरिया वृक्ष; a particular species of plant.

बन्ध्य वि० बन्धनीय; to be bound, under arrest. —न्ध्या स्त्री० बांझ; a barren woman.

बभ्रु (1) वि० गरड़ा, बभ्रुकौशेयवर्णः : 'पिङ्गगौरः', लाली को लिये भूरा, विशाल: reddish brown, brownish, massive. (2) —भ्रुः पुं० Mahādeva, Viṣnu, Saturn.

बर्कर (1) पुं० अज; goat. (2) वि० तरुण; grown up.

बर्बर पुंवि० हकला, विपन्न, विदेशी, केशविन्यास; stammering, wretch, foreigner, sinful people [MBh. XII. 207.], 'low and barberous' [MBh. XII. 65.], 'foreigners' in Jain literature, dressing of hair.

बर्बरिन् वि० घुंघराले या लच्छेदार बालों वाला; curly-haired.

बर्स पुं० रस्सी के छोर पर उसके न खुलने के लिये मारी मटराकार गांठ; knot tied at the end of a rope. —र्सनद्धि स्त्री० गांठ मारना; to tie a knot.

बर्ह पुंन० पक्ष, शिखण्ड, पिच्छ, मोरपंख; wing, tail-feather of a peacock. —भार पुं० मोर की पूंछ; peacock's tail.

बर्हिण पुं० मोर; peacock : cp. फलिन for form. —णवाज पुं० मोर-पंख-लगा तीर; an arrow furnished with peacock's plumes.

बर्हिन् पुं० मोर; peacock.

बर्हियान पुं० epithet of Kārttikeya=बर्हिवाहनः. बर्हिर्मुख [बर्हिस्—] पुं० देवता; deity. —र्ज्योतिस् पुं० अग्नि; fire. —षद् वि० बर्हि पर बैठने वाला; seated on the Barhis grass (Pitṛs.). बर्हिष्ठ [superal. of बृहत्] वि० महत्तम, शक्तिमत्तम; largest, strongest. बर्हिष्मत् वि० पुजारी; worshipper. बर्हिस् न० कुशा; Kuśa grass, layer of Kuśa grass. —र्हिः पुं० अग्नि; fire.

√बल् ['प्राणने धान्यावरोधे च', बलति] बल देना, धान्यादि रोक लेना; to strengthen, stop supply of grain.

बल न० शक्ति, स्फूर्जा, साहस : बलसमीरणम् 'बलप्रवृद्धिकरम्', सेना: बलसंवर्तसंभवः 'सैन्यैकीभावोत्पन्नः', हस्त्यश्वरथपादातरूपबल, अक्ष, उद्रेक : कामबलम् 'कामोद्रेकः'; strength, energy, vigour, army, elephants-horses-chariots-foot-soldiers as army, dice, excess. —लः पुं० 'Balarāma'. Note अधिबल 'outwitting' : अधिबलमभिसंधि [Daśa. I.76.]. —लः पुं० 'a crow'. —कर वि० बलकारी; strengthening=बलकृत्. —कृति स्त्री० ऊर्जस्वी क्रियाकलाप; mighty activity. —क्षोभ पुं० फौज में बगावत; mutiny in army. —चक्र न० राज्य, सेनाचक्र; dominion, collected army. —ज न० खेत, पुरद्वार; field, gate of town. —जा स्त्री० सुन्दर रमणी; winsome woman. —द पुं० बलद; ox. —दर्प पुं० शक्ति का अभिमान; pride of strength. —निषूदन 'Indra the killer of Bala-rākṣasa=बलभिद्. —प्रवेक वि० सैन्यश्रेष्ठ; best of the army. —बर्ह न० स्थूल पक्ष; thick feather. —वलभि स्त्री० कूटागार; cp. वलभि.

बलवत् वि० बलवान; strong=बलस्थः. —वत् क्रिवि० अत्यन्तम्; powerfully, strongly; cp. बलवदपि 'अत्यन्तमेव' [अपिशब्द एवार्थः]. —वायस पुं० बलोदग्र काक; violent crow. —वीर पुं० [बलेन सामर्थ्येन वीरः विक्रान्तः] पुं० 'Śiva'. —व्यसन न० सेना-विनाश; destruction of army. —संनिभ वि० गन्धक-रसवत्; resembling sulphur.

बला स्त्री० मन्त्रविशेष; name of a powerful incantation taught by Viśvāmitra to Rāma. —क पुं० बगुला, व्याध; crane, hunter. —का स्त्री० बकपंक्ति, प्रेमिका; row of cranes, beloved woman, mistress. —ग्र न० उदीर्ण शक्ति; excessive force. —ग्रः पुं० सेनामुख; the head of an army. —क्षिका स्त्री० 'lute of Balarāma'. —त्कार पुं० जबर्दस्ती, अन्याय, शीलभङ्ग, जबरन ऋण वसूल करना; doing any thing by force,

injustice, outrage, violation of chastity, employment of forcible means to recover debt. —धिक वि० बल में अधिक ; superior in strength. —धिकरण न० फौजी मामले; army affairs. —ध्यक्ष पुं० सेनाध्यक्ष, सौ पत्तिकों या पदातियों का नायक ; leader of army, leader of 100 foot-soldiers. —न्वित वि० शक्तियुक्त, सेनायुक्त ; accompanied by force. —पकर्ष —म् क्रिवि० जबर्दस्ती; by force. —लावल न० जोर और कमजोरी ; strength and weakness. —लय पुं० शिविर; camp. —वलेप पुं० दे० 'बलदर्पः'. —स पुं० कफ; phlegm.—सिन् वि०क्षयी; consumptive. —हक पुं० बादल, प्रलयकालीन बादलों में से एक ; cloud, name of one of the seven clouds appearing at the dissolution of the world=संवर्तकः.

बलि [√भृ] पुं० भेंट, आहुति : भूमौ होमः, टैक्स, कर ; offering, tribute, tax. —कर्मन् (1) न० बलिवैश्वदेव; offering oblations to all creatures. (2) वि० बलिप्रद; paying taxes. —दान न० भेंट चढ़ाना; sacrifice.

बलिन् वि० शक्तिशाली ; mighty. Note बलिमन् 'बलम्'.

बलिन [वलि =वलि] वि० झुर्रीदार ; one whose skin is wrinkled.

बलिदम पुं० 'Viṣṇu, who sent Bali down to nether region'.

बलिपुष्ट पुं० काक ; crow=feeding on offerings= बलिभुज्, बलिभोजः, बलिभोजनः. —बलिर पुं० दे० 'केकर'. —भृत् पुं० करद ; paying tax.

बलिवर्द पुं० बैल; strong bull or ox=बलीवर्दः. —सद्मन् न० पाताल ; nether region.

बलीपलित (1) न० त्वक्-शैथिल्य और केशधवलता; wrinkles and white hair. (2) वि० बूढ़ा ; old. —लीमुख पुं० बन्दर; monkey 'having wrinkled face'=वलिमुखः. बलीश [काक इव वञ्चकदृष्टिः] वि० वञ्चक ; a cheat.

बलोन्मत्त वि० बल में चूर ; crazed with strength; cp. मदोन्मत्त. —पाधिनिर्वृत्त वि० बलात्कार अथवा भयादि से निष्पन्न ; brought about by force or fear.

बल्लव पुं० ग्वाला, सूपकार ; cow-herd (mentioned as people taking part in the great battle in MBh.), cook.

बल्वज पुं० बलई ; Elusione Indica, a sort of grass.

बल्हिजाता वाजिनः — काम्बोजसमसंस्थाना बल्हिजाताश्च वाजिनः। विशेषः पुनरेतेषां दीर्घपृष्ठाकृतोच्यते ॥ [Nila, on MBh. VII.23.].

बष्कयणी [तरुणवत्सा गौः] बकेनी या बाखड़ गौ ; cow having a grown up calf.

बस्त [√बस्त् 'अर्दने', बस्तयते] पुं० बकरा ; goat. बस्ति [also वस्ति] पुंस्त्री० मूत्राशय, नाभि से निचला भाग; bladder, lower belly, pelvis. —मूलम् न० 'मूत्राशयः'.

बहल [√बंह्] वि० गाढ़ा, सान्द्र, घन, मोटा, सख्त; thick, dense, hard.

बहिर्द्वार न० बाहरी दर ; outer gate.

बहिर्यूति स्त्री० बहिः-स्थापित ; placed outside.

बहिर्व्यासङ्ग [पुत्रपश्वादिपूजा] पुं० बहिर्मुखता ; attachment with the outer world; opp. to अन्तर्व्यासङ्गः 'अहं ज्ञाता अहं कर्ता इत्यात्मपूजा'.

बहिः परिधि क्रिवि० सीमा, घेरे या दायरे से बाहर ; outside the enclosure.

बहिः पुष्प न० आर्तव; menses: cp. अन्तःपुष्पम् 'ovum'.

बहिष्कार्य वि० निकालने या छेक देने योग्य ; to be banished or ex-communicated.

बहिष्कृत वि० छेका, बाहर किया : ex-communicated, thrown out. Cp. दुष्कृतबहिष्कृतः 'निष्पापः'.

बहिस् क्रिवि० बाहर ; outside.

बहु [-हुः, -ह्वी, -हु, भूयान्, भूयिष्ठ, भूयस्] अधिक, अनेक, महान् ; much, many, great. Cp. बहुमालः 'बहु निरवधि मालते शोभते इति 'शिवः'; कुटीचकबहूदकौ 'त्रिदण्डिनौ। एको गृहे वसति अपरस्तीर्थान्यटति। इतरौ एकदण्डिनौ। तयोराद्यः आश्रमधर्मनियतः परो निस्त्रैगुण्यः इति भेदः. बहुदर्शनः 'अनेकोपायज्ञः'.

बहुक [बहुभिः क्रीतः] वि० बहुतों से खरीदा ; bought by (giving) many.

बहुकर वि० बुहारने वाला, बोझा वाला; one who sweeps, a sweeper. —कण्टक वि० अनेकोपद्रववान्, काँटोंभरा ; full of thorns or impediments. —कल्याण वि० अति भद्र ; most noble. —काल —म् क्रिवि० बहुत देर तक ; for a long time. —क्षम (1) वि० अतिक्षमी ; enduring much, patient. (2) —मः पुं० 'Buddha'. —गन्ध न० दालचीनी ; cinnamon. —जल्प वि० बहुभाषी ; talking much, garrulous. —ज्ञ वि० प्राज्ञ ; knowing much. —तराम् क्रिवि० अत्यन्तम्; exceedingly, much. —तिथ वि० बहुगुण, विविध, बहुत से, प्रचुर; manifold, various, many, much. —थी स्त्री०. —तृण वि० तृणतुल्य ; like grass : 'लघुर्बहुतृणं नरः' [Śiśu.II.50.]. —त्व न० प्राचुर्य, अनेकता; abundance, multiplicity. —द वि० उदार ; liberal. —दुग्धा स्त्री० दुधारू (गौ) ; yielding much milk (a cow). —देय न० प्रभूत धन ; much wealth (to give). —धा क्रिवि० नाना प्रकार से ; in many ways.

बहुपण्डित वि० ईषदून पण्डित ; slightly less learned. —पाद पुं० वटवृक्ष ; banyan tree. —प्रजाता स्त्री० जिस

स्त्री ने अनेक बच्चे जने हैं; a woman having delivered several children. —प्रत्यनीक वि० अनेक शत्रुओं वाला ; having many opponents. —प्रत्यर्थिक वि० बहुत से याचक हैं जिसमें ; abounding in beggars. —प्रद वि० बहुत देने वाला, उदार : giving much, generous. —बाहु वि० सहस्रबाहु ; having thousand arms (a name). —मूल्य वि० कीमती ; very valuable. —मत वि० अतिमान्य ; highly esteemed. —मान पुं० भारी संमान ; high esteem.

बहुरूप वि० शबल, अनेक-रूप, बहुफलप्रद ; variegated, maniformed, resulting in various fruits. —रोमन् वि० बहुत बालों वाला ; having much hair.

बहुल (1) वि० घना, चिनका, मोटा, विशाल, विपुल, पृथुल ; dense, thick, large, ample, wide-spread. (2) —लः पुं० कृष्ण पक्ष, अग्नि; dark half, fire. —ला स्त्री० इलायची, गौ, कृत्तिका ; cardamom, cow, the constellation Kṛttikā.

बहुलदोषा स्त्री० कृष्णपक्ष की रात्रि ; night of the dark half. बहुलासुत पु० Skanda Kārttikeya. बहुलीकृत वि० रास लगाया नाज, बहुतों को बताया ; corn thrashed and gathered in one mass, made known to many. बहुलीभूत वि० that has gained wide currency. बहुविक्रम वि० अतिपराक्रमी ; of great prowess. —व्रीहि (1) वि० बहुत धान वाला; possessed of much rice. (2) —हिः पुं० बहुव्रीहि समास ; a compound : अन्यपदार्थप्रधानः, as श्वेताम्बरो हरिः. —सस्य वि० भरी फसल वाला ; rich in grain. —सुता स्त्री० सतावर ; a kind of herb (invigorating). —सूति वि० अनेक बार ब्याई; a cow that has calved several times. बहूदक in कुटीचकबहूदकौ.

बह्वङ्गुलिस्फोट —म् क्रिवि० बार-बार अंगुलियां चटकाकर ; again and again breaking fingers.

बह्वृच् (1) वि० अनेक ऋचाओं वाला ; having many verses. (2) —क् स्त्री० the Ṛgveda. —च वि० अनेक ऋचाओं वाला, ऋग्वेद का ज्ञाता; having many verses, one conversant with the Ṛgveda.

बह्वेनस् वि० अति पापी ; very sinful.

बाक [बकानां समूहः] न० बकों का समूह ; multitude of cranes. So is काकम् 'काकानां समूहः'.

बाढ [√बंह्, साधीयस्, साधिष्ठ] वि० ऊंचा, दृढ़ ; loud, strong : बाढविक्रम 'अत्यर्थपराक्रमः'. —म् क्रिवि० भृशम्, अत्यन्त, भली प्रकार, पक्का तौर से, निश्चय से, जी हां, [अङ्गीकारे] ; certainly, assuredly, indeed, expresses consent : very well, expresses assent : so it is, yes.

बाण [√बण् 'शब्दे', बणति] पुं० तीर, बांस (creating sound), बाणासुर ; arrow, bamboo [cp. 'कीचका वेणवस्ते स्युर्ये स्वनन्त्यनिलोद्धताः', bamboo, creating, sound], a demon of this name ; बाणवरोत्पीडात् 'क्षतस्थानात्', बाणान्तरम् 'बाणक्षतविवरम्'. —धि पुं० तूणीर ; quiver. —लिङ्ग न० बाणासुर द्वारा नर्मदा-तट पर स्थापित शिवमूर्ति; *Śiva's image set up by Bāṇa* on the bank of Narmadā.

बाणासन न० धनुष् ; bow. —नभृत् = धनुर्धरः.

बादरिक [बदराणि उच्छति] वि० बेर चुगने वाला ; one who gleans jujube fruit.

√बाध् ['विलोडने प्रतीघाते च', बाधते, बाधित] बाधा डालना, दबाना, सताना; to obstruct, press hard, torment.

बाधक (1) वि० पीडाकर, विघ्नकर ; causing pain, creating impediment. (2) —कः पुं० प्रतिषेध: an exception to rule. बाधना स्त्री० पीडा, यातना ; pain, torment. बाधा स्त्री० विघ्न, अन्तराय ; obstruction, impediment. बाधित वि० पीडित, अपविद्ध, दबाया, निवारित; hardpressed, oppressed, made exception to, warded (rule).

बान्धकिनेय [बन्धक्या अपत्यम् = कौलटेरः] पुं० कुलटा-पुत्र, हरामी ; son of an unchaste woman.

बार्हस्पत वि० बृहस्पति-देवताक ; having Bṛhaspati as deity.

बाल (1) पुं० बालक ; child. (2) वि० बालिश, नव ; ignorant, new : प्रासादबालाग्रप्रतोलिका [Mṛc. X.]. Cp. बालोऽयं पश्यतेऽमितिरिश्मद्भिस्तु कुमारकः. —कृमि स्त्री० जूं ; louse. —क्रीडनक न० बच्चों का खिलौना ; child's toy. —क्रीडनकः पुं० गेंद ; ball. —खिल्य पुं० अङ्गुष्ठाकार 60 हजार देवता जो सूर्यरथ के आगे चलते हैं ; class of divine personages of the size of a thumb and produced from the creator's body and said to precede the sun's chariot. They number 60 thousand. —गर्भिणी स्त्री० पहली बार ग्याभन हुई गौ ; a cow with calf for the first time. —गोपाल पुं० ग्वाल-बाल ; youthful cow-herd. —ग्रह पुं० बच्चों का ग्रह ; any planet tormenting a child. —चन्द्र पुं० नन्हा चांद ; waxing moon.

बालतन्त्र न० कुमारभृत्या, शिशुचर्या; midwifery. —पाश्या स्त्री० मांग का गहना ; *ornament worn in the hair* when parted. —पुष्पिका स्त्री० एक प्रकार की चमेली ; kind of jasmine = बालपुष्टी, बालपुष्पी. —भार पुं० भारी पूंछ; large bushy tail. —भृत्य पुं० बचपन से ही नौकर; servant from childhood. —लीला स्त्री० बच्चों का

खेल ; children's sport. —वत्सा स्त्री० अनिर्दशा गौ, दस दिन से कम बच्चे वाली गौ ; a cow with its calf less than ten days old. —वायज न० लाजवर्द ; lapis lazuli. —वासस् न० ऊनी कपड़ा ; woollen garment. —व्यजन न० चंवर; chawrie. —संध्या स्त्री० संध्या का पूर्व भाग ; early twilight.

बाला स्त्री० 16 वर्ष से कम आयु की लड़की, नित्यनूतना ; a girl below sixteen years, evernew. —रुण पुं० पूर्व प्रभात ; early dawn.

बालिन् पुं० किष्किन्धा का राजा, सुग्रीव का बड़ा भाई ; king of Kiṣkindhā, elder brother of Sugrīva.

बालिश [बालवद् वृथा हठी] वि० वृथा हठी, बाली उम्र का, अज्ञ, मूढ, पाक ; obstinate like a child, young, childish, of tender years, ignorant, foolish. बालिश्य न० बालिशता, मूर्खता ; foolishness.

बालोपवीत न० लंगोटी, यज्ञोपवीत ; piece of cloth used to cover the privities, sacred thread.

बालेय (1) वि० बलि-योग्य ; good for offerings. (2) —यः पुं० गदहा ; ass.

बाल्य न० बचपन, चापल, अज्ञान, अविवेक ; boyhood, infancy, fickleness, ignorance.

बाल्हीक [O. Pers. Bāxtrī, Gk. Baxtria, MIran. Bāxl, Pers. Balx, Bactria : पञ्चानां सिन्धुषष्ठानां नदीनां यत्र संगमः। बाल्हीका नाम ते देशाः] पुं० आधुनिक बल्ख, ऊनी एवं रेशमी वस्त्रों के लिये प्रख्यात ; modern Balkh, known for woollen and silken clothes. —काः पुंब० 'inhabitants of Balkh'.

बाष्प पुंन० भाप, आंसू ; steam, tears. बाष्पगलः 'बाष्पगद्गदः', बाष्पविप्लुतभाषिणी 'गद्गदभाषिणी'.

बाहीक [=बाह्यः, बहिषष्टिलोपश्च' on P. IV.1.85.] (A) —काः आर्य संस्कृति से बाहर ; outside the pale of Aryan culture or=वाहीक [√वह्]. (B) वाही करने वाला, हाली ; a ploughman with no culture. (C) —कः सिन्ध तथा सतलज का मध्यवर्ती प्रदेश ; the region between Sindh and Satluj rivers.

बाहु पुं० बाहु, बांह; arm (specially the fore-arm). Cp. बाहुव्यस्तपरिग्रहः 'प्रसारितोभयबाहुपरिणाहः'. —कण्टकं युद्धम् 'बाहुयुद्ध करके विपक्षी के शरीर को फाड़ डालना ; to tear into the body of the opponent while fighting with arms : एकां जङ्घां पदाक्रम्य परामुद्यम्य पाटयेत्। केतकीपत्रवच्छत्रुर्यद्ध तद् बाहुकण्टकम् [Nīla on MBh. XII.5.4.]. —कातर (1) वि० निर्बल; coward. (2) —कातराः पुं० जनविशेष ; a people mentioned in the MBh. —ज पुं० Kṣatriya, born of the arm of Puruṣa. —द्रविण न० भुजबल ; strength of arm. —मध्यानि कर्माणि [बाहुबलसाध्यानि कर्माणि मध्यमानि] 'actions done by physical force are in the middle. Note जङ्घाजघन्यानि 'कपट-साध्यानि नीचानि'. —मूल न० कक्ष ; armpit. —युद्ध न० 'arms fight'. —योधिन् पुं० 'a wrestler'=मल्लः. —रक्ष पुं० कवच; armour for the upper arms. Note बाहुव्यामः 'बाहुव्यामप्रमाणः, व्यामो बाह्वोः सकरयोस्ततयोस्तिर्यगन्तरम्'.

बाहुल पुं० बाहुरक्ष, कार्त्तिक ; armour for arms, the Kārttika month.

बाहुलेय [बहुलानां कृत्तिकानामपत्यम्] पुं० बहुलासुत, 6 कृत्तिकाओं का पुत्र ; Kārttikeya the son of six Kṛttikās=षाण्मातुरः. बाहुश्रुत्य न० बहुश्रुतता; great learning. बाहुल्य न० बहुलता, प्राचुर्य ; abundance. बाहुसंरम्भ —म् [बाहू संरभ्येते आस्फोटयेते यस्यां क्रियायाम्, यथास्यात्तथा] क्रिवि० भुजा ठोककर; stroking the arms.

बाहूत्क्षेप —म् क्रिवि० भुजा उठा कर ; lifting up the arms. बाहूपपीड —म् क्रिवि० बांह भर कर ; clasping the arms=भुजोपपीडम्.

बाहूबाहवि [बाहुभ्यां प्रहृत्य प्रवृत्तं युद्धम्] न० बाहुयुद्ध; hand to hand fight.

बाह्य [बहिर्भवम्] (1) वि० बाहरी; external. (2) पुं० उग्रनिषादादि, कैवर्तम्लेच्छादि ; people of low castes. —म् क्रिवि० बाहर ; outside. —तस् क्रिवि० बाहर ; out of doors : बाह्यतो वसति.

बाह्यार्थानुमेयवादिन् वि० वैभाषिकों के अनुसार अर्थ क्षणिक होने के कारण इन्द्रियों का विषय नहीं बन सकता ; फलतः वह स्वयं अप्रत्यक्ष है ; किंतु उसका ज्ञान क्षणिक होते हुए भी स्वप्रकाश होने से साकार रूप में प्रत्यक्ष विदित होता है। उसके आकार से उसे अपना आकार अर्पित करने वाले अर्थ का अनुमान होता है ; those who maintain that the object of perception is in reality inferred from the knowledge of it.

बाह्याली स्त्री० घुड़दौड़ का मैदान, रेसकोर्स, राजपथ ; racecource or highway.

बाह्लीक cp. बाल्हीक. According to MBh. [VIII.44.] the Bāhlīkas are offsprings of two Piśācas and no respectable person should dwell among the Āraṭṭas and Bāhlīkas even for two days. May be they were doubly evil.

बाह्वृच्य [बह्वृचानामाम्नायः] न० ऋग्वेद ; Ṛgveda.

बिडाल पुं० बिल्ली, वृषदंशक ; cat, gad-fly. —ली स्त्री० female cat. —व्रतिक वि० दम्भी, धर्मध्वजी, गृध्नु एवं छाद्मिक ; cheat, hypocrite.

बिन्दु [√विद् 'अवयवे', भिन्दति or √bhid] पुं० बूंद, रेतस् : बिन्दुन्यासः 'रेतः-सेकः', बिन्दी, ओठ पर काट लेने

का विन्दु जैसा चिह्न, हाथी के मस्तक का मध्य भाग, नाटक में अवान्तरार्थ का विच्छेद हो जाने पर उसे फिर से आगे बढ़ाने का साधन ; drop, semen, mark on forehead, the middle of elephant's forehead, spherical sign of bite on lower lip (in drama), expansion, i.e. the sudden development of a secondary incident *which, like a drop of oil in water,* quickly diffuses itself and thus supplies important elements in the development of the plot. It is the source of an intermediate object, while the Bīja is that of the principal one : अवान्तरार्थविच्छेदे विन्दुरच्छेदकारणम् [SD. 319 ; Daśa. I.28.].

विन्दुतन्त्र पुं० द्यूतफलक, गोटी ; chess-board, dice. **—सरस्** न० कैलाश, मैनाक एवं हिरण्यशृङ्ग-नामक हिमालयीय शिखरों के मध्य में स्थित पावन सरोवर, जहाँ से नलिनी, पावनी, सरस्वती, जम्बू, सीतागङ्गा एवं सिन्धु नदियाँ निकलती हैं ; a lake between Kailāsa, Maināka and Hiraṇyaśṛnga peaks of the Himālaya.

विव्वोक [=विब्बोक] पुं० दिखावटी उपेक्षा, कटाक्षादि का विलास ; affected indifference towards one's lover, coquetry. Cp. कुट्टमित 'pretended anger'.

विभीषण [√भीष् √भी] (1) वि० भयानक ; terrifying. (2) **—णः** पुं० रावण का भाई ; brother of Rāvaṇa so called due to his formidable stature. **विभीषिका** स्त्री० भीति; terror. **विभ्रक्षु** [भ्रष्टुमिच्छुः] 'desirous of parching'. **विभ्रत्कोप** वि० निमित्त बिना कोपपर ; ever-angry.

विम्ब पुंन० सूर्य तथा चन्द्र-मण्डल, कोई भी वर्तुल वस्तु, साँचा; disc of the sun and moon, anything round : श्रोणिविम्बम्, नितम्बविम्बः. **—प्रतिविम्बभाव** पुं० भिन्न होने पर भी साम्य के कारण अभेद-भाव, उपमानोपमेयत्व ; unity of two different things due to similarity between them, the being *Upamāna* and *Upameya* [प्रतिवस्तु-भाव में ज्ञानधारा प्रातिभासिक भेद से पारमार्थिक अभेद की ओर बढ़ती है जबकि विम्बप्रतिविम्ब भाव में पारमार्थिक भेद से प्रातिभासिक अभेद की ओर].

विम्बानुविम्ब-न्याय पुं० विम्बप्रतिविम्ब-न्याय, विम्ब और प्रतिविम्ब अधिकरण की दृष्टि से भिन्न होने पर भी उद्रिक्त साम्य के कारण अभिन्न प्रतीत होते हैं यह न्याय ; maxim of that which is reflected and the reflection. Cp. **विम्बानुविम्बत्व** न० विम्ब अथवा साम्य का अनुविम्बत्व ; साम्य का अनुविम्बत्व अर्थात् प्रणिधानगम्यत्व ; जहाँ साम्य प्रणिधानगम्य हो—स्पष्ट शब्दों में न कहा गया हो वहाँ विम्बानुविम्बत्व होता है ।].

विल [√विल् 'भेदने'] न० विवर, गुहा, छेद ; hollow, cave, hole, pit. Cp. उद्विलः 'उद्भिन्नविलः मूषकः'. **विलेशय** पुं० साँप ; snake.

विल्व पुंन० बेल का पेड़ और फल ; the wood-apple (tree and fruit). **—कीया** स्त्री० विल्वस्थली ; the place planted with Bilva trees. **—तिक्त** न० तीखा बेल ; *bitter Bilva fruit (unripe).* **—दण्ड** पुं० 'epithet of Śiva'. **—पेशी** [-शिका] बेल का गूदा ; shell of the Bilva fruit

विस न० कमलतन्तु, कमलनाल ; fibre of a lotus, stalk of lotus. **—च्छद** पुं० मृणालसूत्र, भिस ; fibres of the stalk of waterlily, that part of the stalk of lotus which is under ground = *Bhis* in Hindī. **—तन्तु** पुं० कमल का रेशा ; lotus-fibre. **—नाभि** स्त्री० कमल ; lotus-plant. **—प्रसून** न० कमल-पुष्प ; lotus. **—सल** न० अंकुआ; sprout, young shoot. **—लता** स्त्री० कमल-ककड़ी ; lotus-plant.

विसिनी स्त्री० कमल, बावड़ी, दीर्घिका; lotus plant, lotus-fibres, assemblage of lotuses, oblong pond. **—विसर** पुं० पद्मपराग ; multitude of lotuses.

विसोर्ण स्त्री० =विसतन्तुः.

विस्त पुंन० सोने का तोल-विशेष ; a weight of gold [= 80 Raktikās].

बीज [cp. वीर्य] न० बीज, कारण, लिङ्ग, अनुमापक, नाटक में कार्य का हेतु ; semen, origin, characteristic sign, germ, cause of denouement (in a drama).

बीजकणिशन्याय [स्वल्पकालेनैव बहुगुणा वृद्धिः] पुं० थोड़े समय में अधिक वृद्धि; quick prosperity. **—जकर्तृ** पुं० 'epithet of Śiva'. **—कोश** पुं० अण्डयैली ; ovary. **—शी** स्त्री० शिम्बा, बीज की पोटली ; sheath of corn. **—दर्शक** पुं० सूत्रधार ; stage-manager. **—न्यास** पुं० नाटकीय कथा का उपक्षेप ; making known the germ of the plot of a play=उपक्षेपः [Daśa I.39.]. **—पूर** पुं० नींबू का पेड़ ; the Citron tree. **—मति** स्त्री० विश्लेषक बुद्धि ; mind capable of going deep into the very first principles. **—मन्त्र** पुं० बीजभूत मन्त्र ; seed-spell, mystical syllable with which a mantra begins. **—वाप** (1) पुं० बुआई, ओरना ; sowing seeds. (2) वि० बोने वाला, कृषीवल ; one who sows. **—वाहन** पुं० 'epithet of Śiva'. **—भू** स्त्री० धरती ; earth.

बीजाकरोति बीज छिड़क कर जोतता है ; ploughs after scattering seeds in a field.

बीजाक्षर न० वह अक्षर जिसमें सारे मन्त्र का सार होता है ; the germ-syllable or syllable containing the

primary principle.

बीजाङ्कुरन्याय पुं० बीज और अङ्कुर की भांति परस्पर कारण एवं कार्य-भाव ; maxim of seed and sprout; the Nyāya takes its origin from the relation of mutual causation which subsists between seed and sprout (seed being the cause of sprout, which in turn is the cause of seed); this Nyāya is used in those cases where two things stand to each other in relation of both cause and effect.

बीजाध्यक्ष पुं० 'epithet of Śiva'. —पहारिणी स्त्री० जादूगरनी; witch. —वृष पुं० घुड़सांड़, वृषाश्व ; stallion, stud-horse.

बीजोत्कृष्ट न० खरा बीज; good seed. —जोदक न० ओले ; hail. – प्ति [√वप्] स्त्री० बीज ओरना ; sowing seed.

बीज्य वि० अभिजात, श्रेष्ठकुल में उत्पन्न; of good lineage.

बीभत्स [√बध् 'बन्धने', नित्यं सन्नन्तः निन्दार्थकश्च, बीभत्सते] (1) वि० गर्हित, घृणा-जनक ; odious, loathsome, disgusting. (2) —त्सः पुं० साहित्य में एक रस ; disgust, or odious sentiment (in poetry). —त्सा स्त्री० घृणा ; disgust.

√बुक्क् ['भषणे', बुक्कति] भौंकना; to bark. बुद्बुद पुं० बुलबुला ; bubble.

√बुध् ['अवगमने', बोधति, बुध्यते ; बुध् 'बोधने', बोधति, बुभुत्सति] जानना, समझना, देखना, ध्यान देना, जागना, होश में आना ; to know, understand, perceive, recognise, attend to, wake up, rise from sleep.

बुद्ध (1) वि० जगा, अभिज्ञ ; awakened, wise. (2) —द्धः पुं० ज्ञानी पुरुष, बुद्ध भगवान् ; a learned man, sage, Buddha the awakened one, enlightened one. —म् न० ज्ञान ; knowledge.

बुद्धि [बुध्+ति, जानाति वस्तुतत्त्वमनया] (1) स्त्री० मति, प्रज्ञा, अन्तःकरण, मन, ज्ञान, समझ, विवेक, विचार, खयाल. राय, इरादा, अध्यवसाय : कृतबुद्धिः 'कृताध्यवसायः', खबर, सांख्य में महान् अथवा महत्तत्त्व ; intelligence, mind, inner organ, perception, understanding, discrimination, thought, discernment, opinion, intention, decision, *Mahat*, the second of the 25 elements in Sāṁkhya. (2) वि० बुद्धिमान् ; wise : बुद्धिकृतः 'बुद्धिमदाचरितः'. Cp. बुद्ध्यविच्छेदः 'आसत्तिः' [प्रकृतोपयोगी पदार्थों की अव्यवहित उपस्थिति], परमा बुद्धिः 'पराविद्या'. Note अबुद्धिपतितेन 'अकस्माज्जातेन नादेन'. बुद्धेः पश्चात् 'बुद्ध्यनुसारी'.

बुद्धिगम्य वि० अन्तःकरण-ग्राह्य; within reach of intellect. —जीविन् वि० ऊहापोहकुशल, तर्क से काम लेने वाला ; employing reason. —पर्येषण [बुद्धेः साकल्येन संग्रहणम्] न० बुद्धि का एकत्रीकरण अथवा अवधान ; withholding mind from all. —मत्ता स्त्री० समझ ; wisdom. —मयं वसु ज्ञानरूप धन; wealth consisting of knowledge. —मोह पुं० बुद्धिवैकल्य ; confusion of mind. =बुद्धिविप्लवः. —योग पुं० परमात्मा को बुद्धि द्वारा देखना ; intellectual communion with God. —शस्त्र वि० बुद्धिमान् ; equipped with understanding. —शुद्ध वि० दिल का साफ ; frank-minded. —श्रेष्ठानि कर्माणि [MBh. बुद्धिरेव येषां फलसिद्धौ कारणं तानि], 'actions done with cool deliberation'.

बुद्धीन्द्रिय न० ज्ञानेन्द्रिय, श्रोत्रं त्वक्, चक्षुषी, जिह्वा, नासिका, चेति पञ्चमी, to these is added 'mind'. Cp. बुद्धेः परं गतः 'निर्विकल्पसमाधिस्थः'.

बुद्ध्यन्तर [बुद्धेः विपर्ययः] न० बुद्धिविपर्यय ; reversal of mind or intelligence [MBh. XII.].

बुध (1) वि० बुद्धिमान् ; wise. (2) —धः पुं० विद्वान् आदमी; बुध नक्षत्र ; learned man, Mercury planet.

बुधतात पुं० 'moon'. —वार पुं० Wednesday=बुधवासरः.

बुधान वि० वेदज्ञ, विद्वान्, धर्म-शिक्षक; one who is versed in the Vedas, wise, holy teacher. बुधिल wise.

बुध्न पुं० मूल, तल, तलैटी, रुद्र ; bottom, Rudra [cp. Kāśmīrī 'bunn'].

बुभुक्षा [भोक्तुमिच्छा] स्त्री० भूख ; hunger, desire to eat. बुभुक्षित वि० भूखा ; hungry = बुभुक्षुः 'भोक्तुमिच्छुः'.

बुभूर्षा [भर्तुमिच्छा] भरण-पोषण की इच्छा ; desire to support.

बुभूषक [ऐश्वर्यमिच्छुः] वि० ऐश्वर्येच्छुक ; desirous of glory or prosperity.

बुस [√बुस् 'उत्सर्गे', बुस्यति] न० फोक्कस, नाज-निकला छिलका, निस्तण्डुल फल; chaff, empty grain-sheath.

बुस्त पुं० भुना मांस ; fried meat.

√बृंह् ['वृद्धौ', बृंहति] बढ़ना, घना होना, चिंघाड़ना; to grow, become thick, trumpet.

बृंहण (1) न० बढ़ाना; increasing. (2) वि० शरीर का पोषक तत्त्व ; conducive to the increase of the body. बृंहणीय वि० भार बढ़ाने वाले तत्त्व ; weight-promoting drug or roborant. बृंहा स्त्री० वृद्धि, करिगर्जित ; increase, roar of elephant.

बृंहित न० करिगर्जित ; roar of an elephant.

√बृह् ['उद्यमने' बृहति] उखाड़ना ; to root out. Note उद्बर्ह 'उच्चकर्ष' : उद्बर्ह शरावरम् [MBh. VII.]. बृगल न० भिदल, अर्ध-भाग; another half : 'अर्धबृगलं फलस्य'.

बृन्दबृन्दाः [संभूय स्थिता जनाः] आदमियों का जमघट; crowds

of men; see. वृन्द.

बृसी स्त्री० व्रतियों का आसन ; seat of the consecrated, seat. **बृसीं चरमशैपिकीम्** 'पश्चिमाग्रमासनकूर्चम्', seat facing the west.

बृहत् [अतिशये बर्हिष्ठ] वि० बड़ा, विशाल, विपुल ; massive, great, large.

बृहतिका स्त्री० ऊपरी ओढ़न, कंधों से पैरों तक का प्रावरण, चोगा अथवा शाल ; upper garment, mantle from shoulder to feet [also बृह-]. —**हती** स्त्री० नारद की वीणा, चोगा, वारिधानी, मटकी, एक छन्द ; lute of Nārada, mantle, reservoir, water-jar, a metre.

बृहत्क [अबृहन्नपि बृहन्निव प्रसृतप्रभत्वात् यो लक्ष्यते स मणिः] पुं० बड़ा दीख पड़ने वाला मणि ; looking great or massive : बृहत्को मणिः, चञ्चत्को मणिः.

बृहत्कथा स्त्री० गुणाढ्यरचित विपुलाकार कथा-संग्रह, जिसके आधार पर क्षेमेन्द्र ने अपनी बृहत्कथामञ्जरी रची थी ; a collection of stories written by Guṇāḍhya in Paiśācī Prakrit, now extinct, on the basis of which Kṣemendra wrote his *Bṛhat-kathā-mañjarī*. —**कुक्षि** वि० तुन्दिल ; pot-bellied.

बृहद्भानु पुं० अग्नि; fire. **बृहद्वृक्षमिवास्रवत्** [बृहन्तो वृक्षा यत्र तद् बृहद्वृक्षं तालवनम्, आस्रवत् रसं प्रस्रवत् रसग्राही, स यथा प्रदेशविशेष एव प्रहृत्य रसं गृह्णाति न तु कृत्स्नवृक्षच्छेदेन].

बृहस्पति पुं० बुद्धि का देवता, प्रार्थना का स्वामी, देवताओं का स्वामी : 'शिष्याय बृहतां पत्युः प्रस्तावमदिशद् दिशा' [Śiśu.]; god of wisdom, lord of prayer or gods, teacher of Indra. —**वार** पुं० बृहस्पतवार, गुरुवार ; Thursday.

बैजिक (1) वि० बीज अर्थात् वीर्य से संबद्ध, मौलिक, मैथुन-संबन्धी; seminal, original, relating to conception or sexual union. (2) —**कः** पुं० अङ्कुर; sprout. —**म्** न० कारण ; cause, origin.

भूरिकाल —म् क्रिवि० बहुत समय तक ; for a long time. —दक्षिण वि० प्रभूत दक्षिणा वाला; attended with rich presents. —दावन् वि० उदार दाता ; liberal. —द्युम्न वि० प्रभूत-दीप्ति-संपन्न ; possessing great glory. —धामन् वि० प्रभूत तेज वाला ; possessing great splendour. —माय पुं० सियार ; jackal. —वर्चस् वि० हिरण्य-वर्चस् ; having the lustre of gold. —वर्धन बहुतों को काटने वाला ; killing many : √वृध् 'cut'.

भू-रुह पुं० वृक्ष ; a tree =earth-growing=भूरोहः.

भूर्ज पुं० भोजपत्र ; a kind of birch. —कण्टक पुं० व्रात्य ब्राह्मण से ब्राह्मणी में उत्पन्न संतान ; born of a Vrātya Brahmin in a Brāhmaṇī.

भूलिङ्ग पुं० बिलशायी पक्षि विशेष ; a kind of bird sleeping in a hole.

भूवलय न० भूवृत्त ; circumference of the earth.

√भूष् ['अलंकारे', भूषयति, भूषित, बुभूषिति] सजाना ; to adorne. Note स्वकचानुत्कचयांचकार भर्त्रा 'उद्दीप्तान् सुभूषितान् कारितवती'; कश्चिद्दीप्त्यर्थः.

भूषक वि० सजाने वाला; one who decorates. भूषण (1) न० गहना ; ornament. (2) वि० सजने का शौकीन ; one fond of adornment. [Cp. P. III. 2.150.]. —संप्रयोग 'looks or joints of ornaments' : एतेन मोचयति भूषणसंप्रयोगान् [Mṛc. III. 16.]. भूषणोन्मिश्रः 'भूषणस्थानमिश्रः'.

भूषा स्त्री० भूषण ; ornament : —स्थानविपर्ययः 'misplacing ornaments' [Daśa. II. 63.].

भूषित वि० अलंकृत ; adorned, ornamented.

भूष्णु वि० वर्धिष्णु ; desirous of prosperity : भूष्णुरात्मा फलेग्रहिः.

भू-सुर पुं० 'god on earth', a Brahmin.

√भृ ['भरणे', भरति, भृत, स० बुभूर्षति, बिभरिषति; न भरेयम् 'धारणपोषणे न कुर्याम्'] सहना, रखना, भरना, पालना ; to bear, hold, nourish, maintain. बुभूर्षुः 'भर्तुं पूरयितुमिच्छुः'.

भृकुटि स्त्री० भौंह चढ़ाना ; contraction of eye-brow =भ्रूकुटिः, भ्रकुटिः.

भृगु [—गुः, —गवः, भृज्जति पावयतीति भृग् ज्वाला, भृगेव भृगुः] भृगुवंश का प्रथम ऋषि जिसने अग्नि का ज्ञान पाया था, भृगुवंशी ; name of the sage of Bhṛgu race, who is said to have found the fire. भृगुतुङ्गः —तुङ्गनाथ इति प्रसिद्धो गिरिः, भृग्वङ्गिरसकः कालः 'यदा भृगवो अङ्गिरसश्च वर्तन्ते नान्ये'.

भृगुनन्दन पुं० शुक्र, उशनस् ; Śukra, Uśanas. —पतन न० अतटप्रपात; fall from precipice. —शार्दूल पुं० 'most excellent of the Bhṛgus, Paraśurāma'.

भृङ्ग पुं० भौंरा ; large black bee. —राज पुं० भंगरा ; particular shrub good for hair.

भृङ्गार [कनकालुकाख्यः सौवर्णः उदपात्र-विशेषः] पुं० गडुक, गडुआ, सोने का टुहना, करवा ; a particular vessel for water, a particular golden vessel with a hole to pour out water.

भृङ्गीश पुं० 'door-keeper of Rudra'.

√भृज् ['भर्जने', भर्जते] भूनना, तलना; to roast, fry, parch.

√भृज्ज् दे० √'भ्रस्ज्'.

भृत (1) वि० धारित, रक्षित, जिसकी सहायता की है, पालित, प्राप्त, भरित; born, kept, supported, nourished, acquired, filled with. (2) —तः पुं० भृत्युपजीवी ; servant. —क [वित्तेन क्रीतः] पुं० नौकर, सेवक; a hired servant, a mercenary.

भृतकहारिक पुं० भृत्यर्थ ढोने वाला ; porter. भृतकाध्यापक वि० फीस या नौकरी लेकर पढ़ाने वाला ; a teacher charging tution fee.

भृति स्त्री० भरण-पोषण, वेतन ; *supporting*, wages.

भृतिभुज् पुं० मजदूर ; wage-earner.

भृ-त्य (1) वि० भरणीय, पोषणीय ; to be nourished or maintained. (2) —त्यः पुं० नौकर ; servant. Note भृत्यबलम् 'तादात्विकभृतिप्रदानोपजीविबलम्'; यस्य भृत्याश्च दासाश्च [Rām. II. 24.13.] 'hired soldiers'. —त्या स्त्री० भरण, जीविका, सेवा, चिकित्सा; treatment, looking after : कुमारभृत्याकुशलैः [Raghu. III. 12.]. —त्यदण्ड पुं० फौजी शक्ति; military force : भृत्यदण्डाननीजपत् [Saundara. I. 45.].

भृत्यन्न [भृति+अ-] न० नौकरी और खाना ; wages and food.

भृमि [√भ्रम] पुं० वायु ; wind.

भृश [√भृश्] (1) वि० प्रचुर, बली, उत्कट, शक्तिशाली, स्थिर; abundant, strong, intense, powerful, firm : दिवा भृशा भवन्ति. (2) —शः पुं० नक्षत्रादि; luminaries. —शम् [अभीक्ष्णशः] क्रिवि० बार-बार, जोर से, अधिक,

जल्दी ; again and again, strongly, intensely, much, very quickly.

भृशदारुण वि० अति क्रूर; very terrible or cruel. —दुःखित वि० अति दुःखी ; exceedingly pained.

भृशायस्त वि० अति प्रयत्नवान् ; putting forth the very best effort.

भृशार्त वि० अति पीड़ित ; very much afflicted.

भृष्ट [√भृज्ज् =भृस्ज्] वि० भुना ; roasted.

भेक [बिभेतीति] पुं० मेंढक ; frog. —भार्य [भेका भार्या यस्य] वि० भीरु पत्नी-वाला; one having a very timid wife, one whose wife croaks (like a frog).

भेतव्य वि० जिससे डरना चाहिये ; to be feared.

भेद पुं० विदारण, विनाश, भगडा-फोड़, (स्कीम का), भिदा, पार्थक्य, जुदाई, वैमत्य, वैर, कामोद्गम, भगा ले जाना, फुसलाना, दरार, दर्रा, भाग, जाति, प्रकार या विधा, नाटक में 'प्रोत्साहना' ; splitting, destruction, betrayal (of a scheme) parting, separation, discordance, dissension, difference of opinion, enmity, rise of kāma, seduction, cleft, fissure, part, species, variety, 'incitement' [in a drama : भेदः प्रोत्साहना मता Daśa. I. 50.].

भेदक वि० भेत्ता, तोड़-फोड़ करने वाला ; one who breaks open or divides. भेदन न० विघटन, विदारण, प्रकाशन ; breaking, breach of friendship, splitting, disclosure [Daśa. I. 48.]. Cp. गूढभेदन [=परिभावः] disclosure of something previously hidden.

भेदाग्र न० भेद का परिमाण अथवा मात्रा ; measure of difference. भेदिका =भेदनम्. भेदिन् =सारकः.

भेद्य वि० विदारणीय, तोड़ने या फोड़ने योग्य; to be broken, or divided, or seduced, or betrayed.

भेरी स्त्री० बृहद्ढक्का, नगाड़ा, आनक, दुन्दुभि ; kettledrum. भेरुण्ड वि० भयानक ; fierce, awesome.

भेषक [√भेष् 'भये गतौ च'] पुं० कुत्ता ; dog. भेषज वि० भिषक् ; healing. —जम् न० औषध, उपचार; remedy, medicament.

भैक्ष (1) वि० भिक्षा पर जीने वाला ; living on alms. (2) —क्षम् न० भिक्षालब्ध अन्न, भीख मांगना ; alms, asking alms, mendicancy. —क्षः पुं० भिक्षाजीवी यति अथवा ब्रह्मचारी ; a mendicant or a Brahmacārin.

भैक्ष्यचर्या स्त्री० पारिव्राज्य, ब्रह्मचर्य, भिक्षावृत्ति ; to live on alms, life of a mendicant or a Brahmacārin. Note भैक्ष्याश्रमः 'ब्रह्मचर्यम्', क्षेमाश्रमः 'गार्हस्थ्यम्',दीक्षाश्रमः 'वानप्रस्थम्', सत्याश्रमः 'संन्यासः' [MBh. XII.].

भैरव [भीरोर्भवः] (1) वि० भयजनक, भयंकर [note दारुणम् 'घोरम्']; terrible, frightening. (2) —वः पुं० रुद्र, राग-विशेष ; Rudra, a particular Rāga. —वी स्त्री० goddess Durgā. —वम् न० 'terror, horror'.

भैषज्य =भेषजम्.

भोक्तृ वि० उपभोक्ता ; one who enjoys.

भोग [भुज्यते इति भोगो विषयः] (1) पुं० विषय, भोज्य, उत्सव, धन, खाना, उपभोग, प्रमोद, लाभ, उपयोग, शासन ; objects, food, festival, wealth, eating, enjoyment, delight, profit, utility, governing. (2) वि० भोग्यवर्ग ; that which is enjoyed. 2. भोग [√भुज्] पुं० लपेट, मोड़, लच्छा, सांप की काया ; winding, curve, coil, snake's body. Note. उपभोगः 'passionateness' in रूपोपभोगतारुण्यैः [Daśa. II. 53.].

भोगलाभ पुं० सूद के बजाय गिरवी रखी चीज को काम में ले आना ; profit by enjoyment, i.e., making use of a house or taking produce of a field in lieu of interest in the case of a mortgage.

भोगवत् वि० आनन्द लेने वाला, लपेट वाला (सांप) ; having enjoyment or curves. —ती स्त्री० सर्पराजधानी, सरस्वती नदी ; capital of the Nāgas, name of Sarasvatī [MBh.].

भोगावती स्त्री० पाताल-गङ्गा ; Ganges of the Pātāla or nether world.

भोगावलि[-ली] स्त्री० स्तुति-प्रबन्ध या स्तोत्र ; panegyric of a professional encomiast.

भोगावास पुं० पलंग-कमरा ; inner apartment.

भोगिन् (1) वि० उपभोक्ता, धनिक, गांव का मुखिया, लपेटदार ; eating, wealthy, headman of a village, having curves or coils. (2) पुं० सांप ; serpent. —नी स्त्री० पटरानी के अतिरिक्त रानियां, अनभिषिक्त रानी ; queens other than the chief one, mistress.

भोगिवल्लभ पुं० सांपों को प्यारा=चन्दन ; sandal wood : dear to serpents.

भोगीन्द्र पुं० सर्पों में श्रेष्ठ ; lord of serpents Vāsuki.

भोग्य (1) वि० उपभोग्य, उपजीव्य ; to be enjoyed, to be resorted to. (2) न० संपद्; possession, property. Cp. भोग्यं 'वस्त्रादि', भोज्यम् 'अन्नादि', प्रवचनम् 'वेदाध्ययनम्', लोकनिदर्शनम् 'लोक-शिक्षा' [MBh. XII.].

भोज [सुखानां भोजयिता] (1) वि० भोक्ता, आनन्द लेने और देने वाला, उदार दाता ; enjoying, liberal giver, leading the life of enjoyment, bountiful. (2) —जः पुं० Kṛtavarman and the people, who were a division of the Yādavas, Bhojarāja. —जम् न० भोजन, भोज्य ; food.

भोजक वि० पालक, अधिकारी ; one who maintains or

nourishes, authority : अधिकरणभोजक पुं० न्यायालयाधिकारी; man incharge of court. —त्व न० भट्टनायक के अनुसार शब्द का वह व्यापार जो अभिधा तथा भावना से भिन्न है और जिसके द्वारा सामाजिक को रस का आस्वादन होता है; that function of the word which leads a sahṛdaya to the enjoyment of Rasa. भोजन (1) वि० खिलाने वाला, जिमाने वाला; feeding, one who offers a feast. (2) —म् न० खाना, उपभोग, भोज्य; eating, enjoying, food, drink : भुज्यत इति खाद्यं पेयं च.

भोजन-कण्टक वि० पंगत के जीमते जो खाना बन्द कर दे; one stopping eating while others are still eating.

भोजनार्थिन् वि० भोजनेच्छुक ; wishing to eat.

भोजित [√भुज् णि०] वि० जिमाया; entertained. भोज्य (1) वि० खाद्य, उपभोग्य; to be eaten or enjoyed. (2) —म् न० भोजन, भोग ; food, enjoyment.

भोस् अ० संबोधन में : श्रीमन्, हुजूर ; in addressing : sir, hallo ; cp. भगोस्.

भौत वि० भूतप्रेताविष्ट, पागल, उन्मत्त, मूर्ख ; possessed by spirits, mad, idiot. भौतिक वि० भूतों से बना, भूतमय; coming from or relating to the elements.

भौम (1) वि० भूमि से संबद्ध; relating or belonging to the earth. अन्तर्भौमानि 'भूमेरन्तर्जातानि'. (2) पुं० [भूमिरेव भौमः] भूरूप नरक; earth as hell, मङ्गल; Mars. Note भौमं ब्रह्म 'वेदाः, ब्राह्मणाः, यज्ञाश्च'. —म् न० =सस्यम्.

भौमन पुं० 'Viśvakarman'. भौमवार पुं० मङ्गलवार; Tuesday.

भौरिक वि० खजानची, सोने का अधिकारी ; treasurer.

√भ्यस् ['भये', भ्यसते] डरना, कांपना; to be afraid, fear.

√भ्रंश् ['अधःपतने', भ्रंशते, भृश्यति, भ्रष्ट, भ्रंशयति, भ्राशयति] गिरना, फिसलना, पिछलना, डूबना, गायब हो जाना ; to fall down, slip, sink, disappear.

भ्रंश पुं० पतन, च्युति, अन्तर्धान, क्षति, अनुपस्थिति, अभाव; fall, dropping down, disappearance, loss, absence; cp. भ्रेष.

भ्रकुटि [भ्रुवः कुटिः कौटिल्यम्] दे० 'भ्रूकुटि'.

भ्रकुंस [भ्रुवा कुंसः शोभा यस्य] पुं० स्त्री के वेश में पुरुष नचार; dancer=भ्रुकंसः, भ्रूकुंसः.

√भ्रज्ज् [=√भृस्ज्, भृज्जति, भर्जयति णि०] तलना, भूनना; to fry, parch.

√भ्रम् ['चलने', भ्रम्यति भ्रमति ; 'अनवस्थाने' भ्राम्यति, भ्रान्त] इधर-उधर फिरना, घूमना, व्यग्र होना, डगमगाना, उड़ना, उलझन में पड़ जाना, गलती कर बैठना ; to move to and fro, wander about, flutter, be confused or agitated, err.

भ्रम पुं० भ्रमण, भ्रान्ति, भूल, चूक, गलती, यन्त्र, जल का निकास ; revolving, confusion, error, mistake, delusion, machine, outlet for water. भ्रमण न० घूमना, सैर करना ; walking, roaming, touring. Note भ्रमणं 'सातत्येनानियतदेशपर्यटनम्', वल्गनं 'नियतदेशगमनम्', उद्भ्रमणम् 'परिवर्तनम्'.

भ्रमर पुं० भौंरा, कामुक, ललाट का अलक; large black bee, lover, a curl on the forehead. —क न० लट्टू, माथे पर पड़े अलक ; humming top, hair falling on the forehead. —करण्डक न० दीपनिर्वापणार्थ (शलभ-) भाण्ड; a vessel or box used by thieves to put out light. — पेटिका स्त्री० भौंरों का समूह; swarm of bees.

भ्रमि स्त्री० भ्रमण ; movement, भ्रमिभरः 'भ्रमणातिशयः'.

भ्रमिकण पुं० विलास-गति, मटक, हेला, रंग-रली ; a little of dalliance, graceful gait.

भ्रष्ट [√भ्रंश्] वि० पतित, नष्ट, वञ्चित ; fallen off, lost, deprived of.

√भ्राज् ['दीप्तौ', भ्राजति, -ते, भ्राजयति] चमकना, लशकार मारना ; to shine, be radiant.

भ्राजकाग्नि पुं० त्वचावर्ती पित्त ; bile in the skin.

भ्राजथु पुं० दीप्ति, कान्ति; lustre. भ्राजथुमती 'दीप्तिमती'.

भ्राजिष्णु वि० चमकदार, झलार मारने वाला ; फुलझड़ी-सा ; shining, gleaming.

भ्रातरौ भाई-बहिन; brother and sister. भ्रातृक वि० भाई से प्राप्त; coming from a brother. भ्रातृज पुं० भतीजा; brother's son. भ्रातृभार्या भाभी ; brother's wife.

भ्रातृव्य पुं० भाई का पुत्र, शत्रु ; brother's son, enemy; भ्रातृव्यः कण्टकः.

भ्रातृश्वशुर पुं० पति का ज्येष्ठ भाई ; husband's eldest brother.

भ्रातृस्थान वि० भाई का प्रतिनिधि, भाई जैसा; representative of brother.

भ्रात्र्य न० भाईचारा ; brotherhood.

भ्रात्रीय पुं० भाई का पुत्र ; brother's son.

भ्रान्त वि० घूमा, फिरा, चक्कर में पड़ा, भ्रम में फंसा, गलती में, उलटे मार्ग पर ; having wandered, wandering, confused, *mistaken*, *perplexed*, gone astray, in error. Cp.उद्भ्रान्तम् frenzy. Note : मण्डलाकारतः खड्गभ्रामणं भ्रान्तमुच्यते । तदेव बाहुमुद्यम्य कृतमुद्भ्रान्तमीरितम् ॥ भ्रामणं स्वस्य परितः खड्गस्याविद्धमुच्यते । परप्रयुक्तशस्त्रस्य वारणार्थमिदं त्रयम् ॥ शत्रोराक्रमणार्थाय गमनं त्वाप्लुतं मतम् । खड्गस्याग्रेण तद्देहस्पर्शनं प्रसृतं मतम् ॥ वञ्चयित्वा रिपौ शस्त्रपातनं गदितं सृतम् । परिवृत्तं भवेच्छत्रोर्वामदक्षिणमागतः ॥ पश्चात् पदापसरणं निवृत्तं संप्रचक्षते । अन्यो-

न्यताडनं प्राहुः संपातमुभयोरपि ॥ आधिक्यमात्मनो यत्तत् समुदीर्णमुदाहृतम् । अङ्गप्रत्यङ्गदेशेषु भ्रामणं भारतं स्मृतम् ॥ विचित्रखड्गसंचारदर्शनं कौशिकं स्मृतम् । निलीय चर्मणि क्षेपो यदसेः सात्वतं हि तत् ॥ [Nīla on MBh. VII. 191.].

भ्रान्ति स्त्री० विपर्यय, उलझन, भ्रम, गलती, (वेदान्त में) अविद्या अथवा माया, अयथार्थ ज्ञान ; wandering, roaming, confusion, mistake, (in Vedānta) illusion, false idea. —**मत्** पुं० एक अलंकार : सादृश्य के कारण किसी वस्तु में दूसरी वस्तु की प्रतीति; a figure of speech in which one thing is taken for another on account of the close resemblance between the two : 'साहश्याद् वस्त्वन्तरप्रतीतिर्भ्रान्तिमान्' [Asa.19.].

भ्रामक (1) वि० भ्रम में डाल देने वाला, मोहक, धूर्त, ; one causing doubt or confusion, pleasant, a cheat. (2) —**कः** पुं० सियार ; jackal.

भ्रामर (1) न० मधु ; honey. (2) वि० भ्रमर-संबन्धी ; belonging to a bee. —**रिन्** वि० घुमेरी में पड़ा, अपस्मारी ; affected by giddiness, epileptic. —**री** स्त्री० घुमेरी, अपस्मार ; giddiness, epilepsy.

भ्राष्ट्र न० भाड़ ; frying pan.

भ्रियमाण वि० भरा जाता हुआ ; being filled with : 'भ्रियमाणकर्णविवराम्' [Uttara. III.14.].

भ्रुकुंस पुं० 'भ्रकुंस', भ्रूकुंसः.

भ्रू स्त्री० भौं ; eye-brow. Cp. भ्रूमध्यदृष्टिः 'अन्तः कपालविवरे जिह्वां व्यावृत्य धारयेत् । भ्रूमध्यदृष्टिरप्येषा मुद्रा भवति खेचरी' [Nīla on MBh. XII.284.13.].

भ्रूकुटि [—**टी**] स्त्री० भौंहों की वक्रिमा अथवा कुटिलता, भौंह चढ़ाना ; knitting of the eye-brow, a frown.

√**भ्रूण्** ['आशाविशङ्कयोः', भ्रूणयते] आशा करना, शक करना, डरना ; to hope, desire, to doubt or fear.

भ्रूण [√भ्रूण्] पुं० गर्भ, बच्चा, षडङ्ग वेद का अध्येता, श्रुताध्ययनसंपन्न, सूत्रप्रवचनाध्यायी ; embryo, one who has studied the Veda. —**हन्** 'भ्रूणस्य हन्ता'.

भ्रूभङ्ग पुं० भौंहें चढ़ाना; contraction of the eye-brows.

भ्रूविक्षेप —**म्** क्रिवि० भौंहें तान कर ; contracting the eye-brows : भ्रूविक्षेपं कथयति. Cp. भ्रूसमुन्नयनम् 'knitting of the brows'.

भ्रेष पुं० पतन, नाश ; falling, slipping, deviation from rectitude, destruction.

म

√**मंह्** ['वृद्धौ', मंहते, मंहयति] (A) बढ़ना, फलना-फूलना, समृद्ध होना ; to grow, increase, prosper. (B) देना; to grant. (C) बोलना, चमकना ; to speak, shine : महति, महयति, मंहयति.

मंहनीय वि० स्तुत्य; praiseworthy. **मंहिष्ठ** वि० परम उदार; most generous.

मकर पुं० मगरमच्छ, काम का प्रतीक, नक्षत्र-विशेष ; dolphin or crocodile, emblem of the god Kāma, Capricornus. Cp. **मकरमुखम्** 'जानुसंधिः'. —**केतन** पुं० कामदेव, Cupid. =मकरकेतुः, मकरकेतुमत्, मकरध्वजः.

मकरन्द पुं० पुष्परजस्, पुष्परस ; pollen, flower-juice.

मकरिन् पुं० समुद्र ; sea =मकरावासः, मकरालयः.

मकुट न० Cp. मुकुट.

मक्ष [√मक् 'मण्डने' मङ्कते] पुं० मक्खियों के हर छत्ते में एक रानी मक्खी होती है, हजारों श्रम करने वाली मक्खियां होती हैं और सौ के लगभग मक्ष अथवा नर-मक्खी होती हैं। जब रानी मक्खी अपनी प्रेमयात्रा पर उड़ती है तब यह मक्ष भी साथ उड़ते हैं। इनमें से जो सबसे अधिक वीर्यवान् होता है, रानी-मक्खी उसमें मिलती है; संयोग कर चुकते ही नर-मक्ष मर जाता है और रानी-मक्खी छत्ते में आकर चार वर्ष तक अण्डे देती रहती है ; each beehive contains a single queen-bee, thousands of worker-bees (imperfect females) and a few hundred Drones. When the Virgin queen goes out on her mating flight, she is followed by all the Drones, out of whom she selects the most vigorous male and unites with him in the high sky. After meeting the Drone immediately dies, while she returns to her hive and settles down to lay eggs for three or four years. **मक्षक** [मक्षिक, —**का**] दे० 'मक्ष'. Makṣikās are : भ्रमराः पुत्तिकाः क्षुद्राः मक्षिकाश्चेति । एतैः संवृत्तानि मधूनि भ्रामर-पौत्तिक-क्षौद्र-माक्षिकाणि.

मख [√मख् 'गतौ', मखति, मंखति] ज्योतिष्टोमादि, यज्ञ ; Jyotiṣṭoma and the like, sacrifice.

मखद्विष् पुं० यज्ञ में बाधा डालने वाला, राक्षस ; enemy of sacrifice, a demon. —**द्वेषिन्** पुं० दक्ष के यज्ञ का नाशक, शिव ; epithet of Śiva.

मखांशभाज् पुं० देवता ; a deity, god : having share in sacrifice.

√**मग्** ['शोमागाम्'] : ममङ्गिरे 'शुशुभिरे'.

मगध [मग —ध having magicians, having priests of the Sun] पुं० सोलह महाजनपदों में से एक, जिसकी राजधानी गिरिव्रज (राजगिर) थी और बाद में पाटलिपुत्र । अथर्ववेद में ज्वर को आर्यों से हटकर अङ्ग और मगध चले जाने को

कहा है। यास्क के अनुसार 'कीकट' एक अनार्य देश था, किंतु बाद के आचार्यों ने उसे 'मगध' बताया है; the Magadha people were known for their magic as the name implies, with their capital at *Girivraja* (Rājgir) and later at *Pāṭaliputra.* The Atharvaveda prays that fever should go away from the Aryans to the Aṅgas, Magadhas etc. According to Yāska, Kīkaṭa was the name of a non-Aryan country, while later authorities identify Kīkaṭa with Magadha. The Āpastamba Śrautasūtra classes the Magadhas with outlying tribes like the Kaliṅgas, Gāndhāras, Pāraskaras (or Kāraskaras) and the Sauvīras. Baudhāyana says that the inhabitants of Magadha were of mixed origin *[Dharmasūtra I.1.32-33], while according to* Manu [X.11.] the Magadhas are sons of a Brahmin or Kṣatriya (white) father, and a Vaiśya (yellow) mother. Magadha rose to prominence in the fourth century B.C. and at an earlier date had been intimately associated with the rise and development of Jainism and Buddhism. According to MBh. [VIII.30. 79 ff.] the Magadhas were famous for minstrelsy and dancing and were naturally adept at reading gestures expressing thought. —धाः मगध के निवासी ; inhabitants of Magadha.

मग्न [√मज्ज् 'शुद्धौ', मज्जति] वि० गोता लगाया, आपन्न ; plunged, immersed, afflicted.

मग्नोन्मग्न वि० गोते मारता हुआ, स्नान करता हुआ; bathing.

मग्नोपसृत वि० गोता मारकर आगे बढ़ा ; advancing while still in water.

मघ [√मघ् 'गतौ, गत्यारम्भे, मण्डने च', मंघति] न० उपहार, इनाम, दान, धन ; gift, reward, bounty, wealth, riches. —घा स्त्री० नक्षत्र-विशेष ; name of the tenth lunar mansion containing five stars.

मघवन् (1) वि० दानी, उदार ; bountiful, munificent. (2) —वा पुं० 'Indra'.

मङ्कुर [√मक् 'मण्डने', मङ्कते] पुं० आदर्श, आरसी, प्रसाधन का साधन ; mirror.

मङ्क्षु [√मक्] (1) वि० सजा-सजाया, मनोज्ञ ; graceful. (2) क्रिवि० शीघ्रता से ; quickly.

मङ्ख [√मख् 'गतौ'] पुं० राजा का चारण, वन्दी या स्तुति-पाठक ; royal bard.

मङ्गल [√मग् 'गतौ', मङ्गति] (1) वि० भद्र, कल्याणकारी, भाग्यवान् अथवा शुभ : मङ्गलदिवसः, मङ्गलपाठक, समृद्ध, बहादुर ; auspicious, propitious, lucky, one who recites maṅgala-verses, prosperous, brave. (2) —म् न० भाग्य, कल्याण, मङ्गलसूक्त : मङ्गलैरभिमन्त्रितम् 'मङ्गलसूक्तैर्मन्त्रितम्', स्वस्तिवाचन, मङ्गलकर्म, मणिमन्त्रौषधिप्रभृति माङ्गलिक द्रव्य, तावीज, शुभ शकुन, आशीष, बधाई, माङ्गलिक अवसर, उत्सव : कृतकौतुकमङ्गलः 'अनुष्ठिताभिषेकार्यमङ्गलः' ; luck, welfare, auspicious mantras, recitation of the benedictory stanzas, auspicious objects, amulet, good omen, benediction, congratulation, religious ceremony, aupicious occasion, festival. —लः पुं० मङ्गलग्रह ; the planet Mars. —ला or —ली स्त्री० Pārvatī, faithful wife.

मङ्गलक्षौम न० उत्सव पर पहरने का रेशमी जोड़ा ; pair of the silken cloth worn on festivals. —मह पुं० माङ्गलिक उत्सव; *auspicious festival.* —संविधा स्त्री० मङ्गल-रचना, माङ्गलिक संभार; auspicious decoration: उद्भासितं मङ्गलसंविधाभिः [Raghu. VII.11.]. —आचरण न० शुभकृत्य के आरम्भ में कल्याण-कामना ; prayer for the auspicious issue of any undertaking. —आचार पुं० जो कल्याण के लिये किया जाय, इष्टदेव की वन्दना ; *repeating a prayer for success, praise* of god for welfare.

मङ्गलादेशवृत्त वि० धनपुत्रादि का लाभ बताकर जीविका कमाने वाला, ज्योतिषी ; one living on prediction of son and wealth etc. **मङ्गलालम्भन** न० मङ्गलालंकरण ; providing auspicious ornaments. —नीयम् न० मङ्गलरूपानुलेपन, तैलोद्वर्तनादि ; smearing, rubbing and kneading with auspicious things. **मङ्गलीय** वि० मङ्गलावह, भद्र, भाग्यकारी; *auspicious, fortunate.*

मङ्गल्य (1) वि० मङ्गल-प्रयोजन, माङ्गलिक, कल्याणकारी, शुभ, भाग्यवान् ; auspicious, fortunate. (2) —ल्यः पुं० अश्वत्थ, बिल्व ; the Aśvatha, Bilva. —ल्या स्त्री० 'Durgā, the Śamī tree'. —म् न० दही, अभिषेक-जल, चन्दन ; curd, auspicious water for coronation, sandal-wood.

मङ्गिनी [√मग् 'गतौ'] स्त्री० किश्ती ; boat. **मङ्गोल** [√मग्] न० चूर्ण [√चर्] ; powder.

मचर्चिका स्त्री० प्रशस्त ; best : ब्राह्मणमचर्चिका.

मच्चित्त [अहमेव चित्ते यस्य] वि० मैं ही हूं चित्त में जिसके ; *with me alone in his mind.*

मच्छ पुं० मत्स्य ; fish.

मज्जक वि० स्नान करने वाला ; one taking bath. Cp. उन्मज्जकाः 'शिरोमात्रमुद्धृत्य सदा जलायगाढास्तपस्विनः'.

मज्जन् [√मज्ज्] पुं० अस्थिसार, मज्जा, गूदा; marrow of

the bones and flesh, pith.

मज्जन न० स्नान, डूबना, गोता मारना, दबाना ; bathing, going under water, overwhelming. मज्जनगतः 'स्नानार्थं गतः'. मज्जनोन्मज्जने 'संसारमोक्षौ' [MBh.XII.].

मज्जा [आकारान्तः] =मज्जन.

मञ्च [√मच् 'धारणोच्छ्रायपूजनेषु', मञ्चते] पुं० मचान, पलंग, खाट, ऊंचा स्थान, टांड, नाटक का रङ्गमञ्च ; platform, couch, raised place, stage in drama. —आश्रय पुं० खटमल ; bed-bug. मञ्चकगतः 'खट्वाश्रितः'.

मञ्जर न० गुलदस्ता ; cluster of blossoms. मञ्जरि स्त्री० बाल, वल्लरी, बौर, पेड़-पौधों की कोंपल या फूल, फूलों का गुच्छा ; flower-ear, flower-bud, cluster of blossoms.

मञ्जिका स्त्री० वेश्या ; horlot.

मञ्जिमन् पुं० मञ्जुलता ; loveliness, grace.

मञ्जिष्ठ (1) वि० तेज लाल ; bright red. (2) —ष्ठा स्त्री० मजीठ; Indian madder. —ष्ठामेह पुं० लाल मूत्र आना; passing red urine.

मञ्जीर पुंन० पाजेब, पैजनिया ; anklet, foot-ornament.

मञ्जु वि० रमणीय, रुचिर, सुन्दर, मनोहर, प्यारा ; lovely, charming, beautiful. —गर्त पुं० नेपाल ; name of Nepāl. —गुञ्ज पुं० मधुर गुंजार ; charming hum. —नाशी स्त्री० कमनीय स्त्री ; comely woman. —ल वि० सुन्दर, प्यारा ; beutiful, pleasing. —वादिन् वि० मधुरभाषी ; speaking sweetly.

मञ्जूषा स्त्री० पिटारी, पेटी, पिटक, पेटक, पेटा; chest, box.

मटची स्त्री० ओला ; hail.

मटस्फटि स्त्री० अभिमान का आरम्भ; beginning of pride.

मठ [√मठ् 'मदनिवासयोः] पुंन० मढ़ी, छात्रावास ; hut, solitary residence of ascetics, monastery, students' residence. —आयतन न० अखाड़ा; monastery. मठर √मठ् 'मदनिवासयोः'] वि० मत्त, उन्मत्त ; intoxicated.

मठिका स्त्री० छोटा मठ, मढ़ी, कुटी ; hut, a small house

मडक न मेरठ ; modern Meerut in U. P.

मडमडायित वि० तोड़ा-मरोड़ा ; broken with मडमड sound (onomatopoetic).

मणि [√मण् 'शब्दे', मणति] पुं० मोती, रत्न, आभूषण, तावीज; pearl, jewel, ornament, amulet. Cp. मणिप्रवरः 'इन्द्रनील, नीलरत्नम्', मणिप्रवेकः 'मणिश्रेष्ठः', मणिविग्रहा 'मणिप्रचुरा स्रक्'. —क पुंन० मटका, कुए की मन, करवाहुसंधि =कलाई ; large water-jar, built-in place on well, wrist. —कः =संगमरमर का महल ; crystal palace. मणिकर्णिका स्त्री० बनारस का एक पवित्र घाट ; burning place on the bank of Gaṅgā in Vārāṇasī. —कार [मुक्तापद्मरागादिसंस्कारकः] पुं० सर्राफ ; jeweller. —कुट्टिमालि स्त्री० रत्न-खचित निबद्ध-भूपंक्ति ; line of floor studded with gems. —ग्रीव (1) वि० गले में हार वाला ; having jewel-necklace. (2) —वः पुं० 'name of Kubera's son'.

मणित [√मण् 'शब्दे'] न० रति-कूजित ; sound in coitus.

मणिदर्पण पुं० रत्नजटित शीशा ; jewelled mirror.

मणिधनुस् न० इन्द्रधनुष ; rain-bow. —पाली स्त्री० रत्नों की चौकसी करने वाली ; female keeper of jewels. —पूर पुं० नाभि ; navel (the source of Vāk). —बन्ध पुं० कलाई, पहुंची बांधने की जगह, मणि बांधना ; wrist, fastening of jewel. —बीज पुं० अखरोट का पेड़ ; pomegranate tree. —भूमिका स्त्री० मणियों से खचित कमरा ; a room inlaid with jewels : 'आतपप्रातिकूल्यार्थं मणिभूमिकायां प्रवेशय' [Pratiñjā. II.]. मण्डप पुं० शेष का आवास ; name of the residence of Śeṣa. —माला स्त्री० कण्ठहार, कण्ठ पर दन्तक्षत ; necklace, a series of jewel-like marks of biting on neck. —मुकुल न० खिलती कली ; bursting bud. —मेखल वि० रत्नों से घिरा, रत्नवेष्टित ; girdled with jewels. मणिरशना स्त्री० मणिजटिता रशना ; jewelled girdle. —व पुं० नाग-विशेष ; a particular Nāga. —शिला मणिखचिता शिला ; a jewelled slab. —सूत्र न० रत्नों की लड़ी ; string of pearls. —हार पुं० (A) मणिमाला, हार, वर्तुल दन्तक्षत ; string of jewels or pearls, a circular mark made by a bite in amorous dalliance. (B) —रः वि० मणि ले जाने वाला; carrier of gems.

√मण्ड् ['भूषायाम्', मण्डति, मण्डयति] सजाना ; to adorn.

मण्ड पुं० मांड, सुरान्तर्गत सारांश, गहना ; scum of boiled rice, essence of liquor, ornament. —म् न० मांड, मस्तु ; whey. —ण्डा स्त्री० मद्य ; liquor.

मण्डन (1) वि० सजने सजाने का शौकीन ; one fond of decoration : cp. P. III.2.153. (2) —म् न० प्रसाधन, आभूषण ; adorning, ornament.

मण्डप [मण्ड-प] पुंस्त्रीन० मड़वा, शामियाना ; open hall, pavilion. —पिका स्त्री० छोटा सायवान ; small shed.

मण्डयन्त पुं० भूषण, अभिनेता ; ornament, actor.

मण्डल (1) वि० वृत्ताकार, वर्तुल, गोल ; circular, round. (2) —म् न० चक्र, बिम्ब, वृत्त, परिवेष, सैन्य, अमात्यादि प्रकृति, देश, स्वराष्ट्र एवं परराष्ट्र, जिला, महेन्द्रादि-देवतायतन; wheel, disc, circle, troop or army, one's own dominion and that of another, district, country, ministers etc., abode of a god. —लः पुं० 'a dog'. —क न० कुष्ठ का चकत्ता; spots of leprosy.

मण्डलबन्ध पुं० गोल-गोल इंडवी बांधना (सांप का); winding of the body (by a serpent). **मण्डलाकार** वि० गोल; round. **मण्डलाग्र** पुं० असि-विशेष ; sort of sword : **मण्डलाग्रलता** 'sword'.

मण्डहारक पुं० कलवार ; wine-dealer.

मण्डुक पुंन० ढाल बांधने की रस्सी ; strap for fastening a shield.

मण्डूक पुंस्त्री० मेंढक ; frog. Cp. **मण्डूकशायिन्** 'मण्डूकवत् पाणिपादं संकोच्य न्युब्जः शेते' इति.

मण्डूकप्लुतयोऽधिकाराः पाणिनि के अधिकार मेंढक की तरह कूद-कूद कर चलते हैं, अर्थात् बीच के सूत्र या सूत्रों को छोड़ कर अगलों पर जा लगते हैं ; Pāṇini's 'adhikāras' sometimes skip over a sūtra or sūtras and reach further sūtra or sūtras.

मण्डूर न० लोहे का मुर्चा ; rust of iron.

मत [√मन्] न० विचार, राय, सिद्धान्त ; thought, opinion, doctrine.

मतंग [मतम्-ग] (1) वि० मरजी से फिरने वाला ; roaming at will. (2) **—गः** पुं० शूद्र से ब्राह्मणी में उत्पन्न, हाथी, एक ऋषि का नाम; born of a Śūdra in a Brāhmaṇī, elephant, name of a sage. **—ज** पुं० हाथी ; elephant.

मतभेद पुं० मतद्वैध, विभिन्न राय ; difference of opinion.

मतल्लिका ='मचर्चिका' : 'मतल्लिका मचर्चिका प्रकाण्डमुद्धतल्लजौ' [Amara.].

मतविरुद्ध वि० 'contrary to religion'.

मताक्ष वि० ज्ञात-द्यूत-तत्त्व ; well versed in gambling.

मतानुज्ञा स्त्री० जब वादी अपने मत में प्रदर्शित दोष का निराकरण न करके प्रतिपक्षी के मत में दोष निकालने लगे, वह स्थिति ; यह एक प्रकार की पराजय है ; when a Pakṣin, being unable to answer objections raised on his pakṣa, starts finding out defects in his Pratipakṣin's view then he comes to *matānujñā*.

मतावलम्बिन् वि० संप्रदायावलम्बी, धर्मानुयायी ; one following a particular sect or religion.

मति [√मन्] स्त्री० बुद्धि, विचार : मतिं दधाति, इरादा, ख़याल, राय, अर्थनिश्चय, तत्त्वधी, उद्देश्य, आदर ; mind, intelligence, discerning, idea, thought, intention, opinion, decision : मतिं करोति, assurance [Daśa. IV.33.], purpose, respect. **मत्या** क्रिवि० जान बूझ कर ; intentionally, wilfully.

मतिप्रकर्ष पुं० मतिवैशद्य, मति का उत्कर्ष, समझ का आलापन ; superiority of intellect. **— भ्रंश** पुं० समझ का फेर ; perplexity. **— भ्रम** पुं० = मतिविपर्यास, delusion. **—मत्** वि० बुद्धिमान; intelligent. **—मन्द** वि० मन्दबुद्धि; of small intelligence. **—विभ्रम** पुं० मति-विपर्यय ; mental confusion. **—हीन** वि० बुद्धि-शून्य ; destitute of understanding.

मत्क वि० मेरा ; my, mine. Cp. मदीय.

मत्कुण वि० खटमल, बिना दाढी का आदमी, बिना दांत का हाथी; bed-bug, beardless man, elephant without tusk.

मत्कृते [मन्निमित्तम्, मदर्थम्] मेरे लिये ; for me.

मत्त [मद्यादिना प्रमत्तः, विषयान्तरासक्तया अनवहितः, धातुदोषादुन्मत्तः] वि० प्रमत्त, अनवहित, उन्मत्त, मदच्युता, क्रुद्ध, उद्वृत्त, गर्वित, अतिप्रसन्न, आपे से बाहर, प्रेम में दीवाना, बावला; drunk, inattentive, mad, in rut, furious, transgressing propriety, proud or arrogant, excessively delighted, lost in love, senseless.

मत्तकाशिनी [मत्तेव काशते] वि० मदमस्त, मनमोहक, मोहिनी, वरवर्णिनी, स्वैरिणी, उत्तमाङ्गना ; appearing intoxicated, fascinating, bewitching, excellent woman, wanton Note मत्तगजः 'गन्धगजः'.

मत्तमयूरक पुंब० आयुधजीवी यौधेय क्षत्रिय, जो रोहितक (वर्तमान रोहतक) में रहते थे ; the Āydhajīvin Yaudheyas, who lived in the country of Rohitaka (modern Rohtak) in Haryāṇā. **—वारण** न० मदस्रावी हाथी ; a rutting elephant. **—मृ** न० राजप्रासाद का बरामदा; veranda of a palace. **—विक्रम** वि० मस्त हाथी के बल वाला ; having the might of a mad or rutting elephant.

मत्वर्थी लक्षणा वह लक्षणा, जिसमें पदार्थ से पदार्थ वाले का बोध होता है ; the Lakṣaṇā (indication or implication) by which a word signifying an object is interpreted as signifying what possesses that object : कुन्ताः प्रविशन्ति=कुन्तिनः प्रविशन्ति.

मत्संस्थ वि० 'मदधीनः' ; in my control.

मत्सर [√मद्] (1) पुं० मात्सर्य, परोत्कर्षासहिष्णुता, डाह, जलन, क्रोध; envy, jealousy, hostility, anger. (2) वि० मात्सर्य वाला, परोत्कर्षासहिष्णु, जलने वाला, क्रोधी ; envious, jealous, grudging, hostile, angry. **—रा** स्त्री० मक्षिका ; fly. **— रिन्** वि० ईर्ष्यालु ; envious.

मत्स्य [=मत्सः] (1) पुं० मछली ; fish. (2) (totemic) मत्स्य देश ; प्राचीन 16 महाजनपदों में एक ; मनुस्मृति [II. 19-20.] के अनुसार मत्स्य देश ब्रह्मर्षि देश में अन्तर्भूत था। प्राचीन काल में यह क्षेत्र अलवर के अरावली पर्वत एवं जमना के मध्य में इस प्रकार विभक्त था : मत्स्य पश्चिम में, शूरसेन पूर्व में, दशार्ण दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व सीमा पर। प्राचीन मत्स्य देश में सारा अलवर, एवं जयपुर और भरतपुर के क्षेत्र संमिलित थे। बाद में यही क्षेत्र 'विराट' देश कहाया ;

Matsya country was one of the 16 Mahājanapadas of ancient India with its capital at Upalavya or Virāṭanagara (modern Vairāṭ, 160 kilometres south-west of Delhi and 64 kilometres west of Jaipur). It was included in Brahmarṣideśa. In ancient times the country lying between the Arāvali hills of Alwar and the river Yamunā was divided between Matsya on the west and Śūrasena on the east with Daśārṇa on the south and south-east border. The Matsyadeśa included the whole of Alwar territory with portions of Jaipur and Bharatpur. The Matsya country was called Virāṭadeśa in later times.

मत्स्यकरण्डिका स्त्री० मछली-बास्कट; fish-basket. **—घातिन्** पुं० मछिहारा ; fisherman : मत्स्याजीविन्, मत्स्यजीविन्, मत्स्यबन्धः, मत्स्यबन्धिन्. **—जीविन्** पुं० fisherman= मत्स्यहन्.

मत्स्यण्डिका स्त्री० राब, खांड ; unrefined sugar.

मत्स्यनारी स्त्री० 'half-fish half-woman : epithet of Satyavatī'. **—वेधन** न० मछली पकड़ने की कंटिया; fish-hook, angle= -वेधनी. **—संघात** पुं० मछलियों का ढेर; shoal of fishes.

मत्स्याद वि० मछली खाने वाला ; feeding on fish= मत्स्याद्, मत्स्यादनः, मत्स्याशनः, मत्स्याशी. **—धानी**= 'मत्स्यकरण्डिका'. **—वतार** पुं० मत्स्य के रूप में विष्णु का अवतार ; Fish-incarnation.

मत्स्योदरिन् पुं० epithet of Virāṭa. **—दरीय** पुं० 'epithet of Vyāsa'.

√मथ् [मन्थ् 'विलोडने', 'हिंसासंक्लेशनयोः' मथति, मन्थति, मथ्नाति, मथयति] चलाना, मथना, रिड़कना (दही), आग निकालना (अरणियों से), मिलाना, सताना, नष्ट कर देना, मारना ; to stir, whirl, churn, produce fire (by friction), mix, destroy, kill.

मथन (1) न० मथना, मथ देना, नष्ट कर डालना; churning, destroying. (2) वि० मथने वाला, नाशक; harassing, destroying. **—नी** स्त्री० मथानी ; churning rod.

मथित (1) न० मट्ठा ; churned milk : मथितामृतफेनाभम् 'मथितं तक्रममृतं धारोष्णं तयोर्यत् फेनं तदाभम्'. (2) वि० मथा; churned.

मथिन् [NS. मन्थाः, like पन्थाः] पुं० रई, वज्र, वात ; churning stick=मथिः, thunderbolt, wind.

मथुरा [Ptolemy Modura, Arrian Methora, east of Śūrasenas] यमुना के तीर पर एक नगर, जहां कृष्ण ने कंस को मारा था: a town on the bank of Yamunā, where Kṛṣṇa killed Kaṁsa.

(1) **√मद्** ['हर्षे', माद्यति] मस्त हो जाना, खुश होना ; to rejoice, be delighted. (2) **√मद्** ['तृप्तियोगे', मदयते] छक जाना, तृप्त हो जाना; to be satiated or satisfied. (3) **√मद्** ['हर्षग्लेपनयोः', मदयति = हर्षयति ग्लेपयति वा] प्रसन्न होना, उदास हो जाना ; to be glad or dejected. (4) **√मद्** ['स्तुतिमोदमदस्वप्नकान्तिगतिषु', मन्दते] स्तुति करना, खुश होना, मस्त हो जाना, चमकना, चलना ; to praise, be glad, be intoxicated, sleep, shine, go.

मद [मद्यपानात् आनन्दसंमोहयोः समवायः] पुं० नशा, मस्ती, भूम (हाथी की), शराब, क्षरण, मदजल, बावलापन, काम, अभिमान, हर्ष, कस्तूरी ; intoxication, drunkenness, liquor, rut, rut-juice of an elephant, madness, passion, pride, hilarity, intoxicating power, musk. Note *mada* without an upasarga ; with upasargas the form will be : un-māda, pramāda etc. Note **मदपटुः** 'प्रवहन्मदो हस्ती'.

मदकर पुं० नपुंसक ; eunuch. **—कल** वि० अनुराग-स्रावी (गान), प्रेम की बातें या फुस-फुस करने वाला, स्नेहभीना, कामविकल, शराब में भूमता, मदच्युता (हाथी) ; passionately sweet (note), uttering whispers of love, drunk with passion, reeling with intoxication, being in rut. **—कोहल** पुं० छुटा सांड ; a bull set at liberty. **—खेलपद** [गतम्] वि० स्नेहलीला के कारण डगमगाती (चाल) ; the gait with steps graceful through passion. **—ज्वर** पुं० कामाग्नि, अभिमान का नशा ; fever of passion or pride. **—द्विप** पुं० प्रवहन्मदो हस्ती ; rutting elephant.

मदन पुं० यौन प्रेम, काम, कामदेव, पिण्डीतक, मैनफल; sexual love, love, god of love, the tree Vangueria spinosa. **—कण्टक** पुं० कामजन्य रोमहर्ष ; horripilation due to passion. **—कदनखेद** पुं० प्रेम-पीर की विकलता ; excitement caused by the pangs of love, languidness caused by the pangs of Cupid. **—दहन** पुं० = मदनान्तक, मदनारि, मदनदमन, मदननाशन, मदनरिपु='burner of Kāma 'Śiva'. **—नालिका** स्त्री० छनाल ; faithless wife. **—बाण** पुं० 'arrow of Cupid'. **—बाधा** स्त्री० प्रेम-पीर ; love-pangs. **—महोत्सव** पुं० काम की पूजा में महोत्सव; great festival in honour of Kāma. **—मोहन** पुं० काममोहक; confounder of Kāma. **—ललित** न० प्रेम की रंगरलियां, इश्क के नाज-नखरे; play of love. **—लेख** पुं० प्रेमपत्र ; love-letter. **—शलाका** स्त्री० काम-प्रबोधिनी सन्यष्टी (फुलझड़ी सी), विदग्ध स्त्री, प्रगल्भ वनिता, शारिका,

वाजीकरण औषध ; experienced woman, female of cuckoo, stimulating medicine.

मदनातुर वि० कामार्त ; love-sick. मदनायुध न० योनि ; pudendum Muliebre=मदनालयः, मदनगृहम्.

मदनीय वि० मदकारी ; intoxicating.

मदनोत्सव पुं० कामोत्सव ; a vernal festival celebrated in honour of Kāma=मदनमहोत्सवः. मदनोद्यान न० केलि-उपवन ; garden of love.

मद्-अन्तरे =मया विना. मदन्ती स्त्री० पानी गरमाने का यज्ञिय पात्र; sacrificial vessel for heating water. —मत्ता स्त्री० काम में मस्त : विदग्ध स्त्री; experienced woman. —प्रसेक पुं० मदिरा का कुल्ला ; flow of liquor.

मदयित्नु (1) पुं० कामदेव ; Cupid. (2) वि० मस्त कर देने वाला, मादक ; maddening. —त्नु न० शराब ; liquor.

मदर्थे क्रिवि० 'for me, for my sake'.

मदलेखा [–रेखा] स्त्री० मद की लीक; streak of temple-juice. —विह्वल वि० मदनातुर ; mad with lust. —वृन्द पुं० हाथी ; elephant. —स्थान न० मधुशाला ; drinking place.

मदात्यय पुं० उत्कट मद ; excess of intoxication = मदामोगः. मदामद वि० नशे में चूर; excessively drunk, or excited. मदार [√मद् 'हर्षे'] पुं० वराह, हाथी, प्रणयी; hog, elephant, lover. मदालस वि० काम-मन्थर ; languid with lust.

मदिर [मदयति दर्पयतीति] वि० मस्त कर देने वाला, मादक, आनन्द-जनक, प्रसादक, सुन्दर ; gladdening, lovely. —रा स्त्री० दारू : मदिरोत्कट. 'मदिरया मत्तः', दृष्टि-विशेष ; wine, particular type of glance, मदकरी : आघूर्णमानमध्या या क्षामा चञ्चितलोचना। दृष्टिर्विकसिता पाङ्गा मदिरा तरुणे मदा ॥.

मदिरागृह न० शराब-खाना ; a tavern=मधुशाला.

मदिष्ठा स्त्री० शराब ; liquor.

मदीय वि० मेरा ; my, mine. मदृते क्रिवि० मेरे विना ; without me.

मदोत्कट (1) वि० कामोन्मत्त, मस्त, अभिमान में चूर ; excited by lust, furious, mad, arrogant, ruttish. (2) – टः पुं० मत्त हाथी ; elephant in rut.

मदोदग्र वि० = मदोद्धतः. —द्धत वि० मदमत्त, प्रचण्ड ; intoxicated, excited with passion, furious. —न्मत्त वि० मदान्ध ; mad with rut, furious. —न्मादौ द्वि० नशा और विक्षेप ; intoxication and distraction (of the mind).

मद्गु [√मज्ज् 'शुद्धौ'] पुं० जलकाक, जलमुर्ग, युद्धपोत ; watery crow (=काकमद्गुः, श्मश्रवान् जलपक्षी), war-ship.

मद्गुर [√मज्ज्] पुं० मांगुरी मछली; a kind of fish.

मद्गोत्राङ्क वि० मेरे परिवार से संबद्ध ; relating to my family. मद्गोत्रापदिष्ट वि० मेरे नाम से ख्यापित; called by my name.

मद्य न० शराब ; spirituous liquor. —प वि० शराबी ; *drinking spirituous liquor.*

मद्र [√मद्] पुं० रावी-झेलम का दोआब। यह जनपद वाहीक प्रदेश का उत्तरी भाग था। राजधानी इसकी शाकल या स्यालकोट थी ; the region between Rāvī and Jhelum with its capital at Siālkoṭ; 'low and barberous' [MBh. XII. 65.], 'sinful people' [MBh. XII. 207.] Mlecchas in Garuḍapurāṇa. —द्राः पुंब० मद्र देश के निवासी ; inhabitants of the Madra country. —द्रम् न० प्रसन्नता ; happiness.

मद्रक न० कल्याणोत्सव ; joyous festival.

मद्रकार वि० खुश कर देने वाला ; giver of joy.

मद्-वन् पुं० 'epithet of Śiva' [=drunk with joy].

मद्विध वि० मुझ जैसा ; like me.

मधु (1) वि० मीठा (भोज्य एवं पेय) ; sweet : food and drink. (2) —धु न० शहद, क्षौद्र, दूध, जल, अमृत, सोम, मद्य, पुष्प-रस, ऋतंभरा प्रज्ञा ; honey, milk, water, nectar, Soma, wine or liquor, flower-juice, *true wisdom in Madhumatīka* [मधुमतीकः 'योगि-विशेषः']. —धुः पुं० वसन्त, पुष्प-रस, एक दैत्य, महुआ ; spring, flower-juice, name of a demon, Madhūka tree. —क (1) वि० मीठा; sweet. (2) —कः पुं० कोयष्टिक पक्षी, महुआ ; a particular bird, Madhūka tree. —म् न० टीन; tin. Cp. मधुकलोचनः 'मधुकः कोयष्टिकाख्यः पक्षी तद्वल्लोचने यस्य स शिवः'. —कण्ठ पुं० कोयल; cuckoo. —कर पुं० मधुमक्खी, भौंरा, प्रणयी ; bee, lover. —कार पुं० भ्रमर ; bee=मधुकारी, मधुफेरुदः. —कोश पुं० शहद का छत्ता, महाल ; bee-hive =मधुपटलम्. —क्रम पुं० दारू का समय, time for drinking liquor. गोल न० =मधुकोशः. —घोष पुं० 'cuckoo'. —च्छत्र न० =मधुगोलम्, मधुजालकम्. —च्युत् वि० शहद-टपकता ; dripping with honey=मधुच्युत, मधुश्च्युत्. —तृण पुंन० गन्ना, इक्षुकाण्ड ; sugar-cane. —त्रय न० तीन मीठे पदार्थ ; the three sweet things : sugar, honey, clarified butter. —दूत पुं० दे० 'चूत'. —दोह पुं० शहद चुआना ; extracting honey. —द्रुम आम का पेड़ ; mango tree. —धूलि स्त्री० सीरा ; molasses. —प पुं० मधुकर ; bee=मधुभुज्.

मधुपर्क [√पृच् 'संपर्के'] पुं० मधु-दुग्ध-दधि का मिश्रित देय ; an offering of honey, milk and curd mixed together. —र्किक वि० माङ्गल्योपस्थापक; procuring

what is auspicious. —पर्क्य वि० मधुपर्कयोग्य ; one deserving madhuparka. मधुपर्णिका=गम्भारी.

मधुपानकल वि० मधुपान-पटु-स्वरः; indistinct through sipping of nectar (of flowers). —पायिन् 'bee' =मधुनेता. —पुरी 'Mathurā'. —पुष्प पुं० 'Aśoka tree'. —प्रतीका स्त्री० मनोजवादि योग-सिद्धियां ; accomplishments derived from Yoga. —प्रमेह पुं० मधुमेह; diabetes. —प्रिय पुं० 'Balarāma'. —फल वि० स्वादु फल वाला ; of sweet fruits. —मक्ष पुं० honey bee= -मक्षा, -मक्षिका. —मत् वि० मीठा ; sweet, honeyed. —मद पुं० 'intoxication of liquor'. —माधवी स्त्री० मधुवृक्षज मदिरा ; liquor extracted from Madhu tree. —माधवौ पुं० 'the two months Caitra and Vaiśākha'.

मधु-र (1) वि० मीठा, प्रमादक, सुरीला (स्वर) ; sweet, pleasant, melodious. (2) —रा स्त्री० सौंफ ; a species of plant and its fruit. —म् न० माम ; conciliation : मधुरेण प्रशाम्यति [MBh. V.4.1.]. —रक पुं० जहरमोहरा; a sort of poison. —रसा स्त्री० द्राक्षा ; grapes. मधुराभाष [मधुरा आभाषा भाषणं यस्य सः] वि० मधुरभाषी ; speaking sweetly. —रिपु पुं० 'epithet of Viṣṇu; destroyer of Madhu demon =मधुजित्, मधुद्विट्, मधुरिपुः, मधुपतिः. —लिह् [=मधुलेहः] (1) वि० मधु चाटने वाला ; one who licks honey, bee=मधुलेही, मधुलोलुप used as adj. —वत् [मधुनेव मत्तः] वि० मदमत्त, विवश ; mad, uncontrolled [MBh. II.]. —वन न० मधुदैत्य का जंगल ; Madhu-forest near Mathurā. —वार पुं० मद्य का दौर; turn of drink, drinking bout. —विलुलित वि० शहद में सना ; mixed with honey.

मधुविद्या शहद बनाने की विद्या ; science of bee-keeping, known to the Vedic Aryans and still practised in the villages of the Himālayas, for which cp. Maeterlinck's classic "The life of the Bee and Honey and Bees-wax". (2) मद्य बनाने की विद्या ; science of distilling wines ; this can be termed alcoholic beverages because of containing ethyl alcohol, the product resulting from the fermentation of sugars and yeasts. Three types : (1) malt beverages, (2) fermented fruit juices and (3) distilled liquors. Three different processes are involved in making them. Malt beverages including bear and ale, are made by brewing cereal grains (often barley). Wines are commonly produced by fermenting crushed grapes or their juice under controlled conditions. Distilled liquors are produced from a variety of grains, fruits and vegetables. (3) रसरूप मधु अथवा परब्रह्म को पाने की विद्या; science of realising the meadful Supreme Being, the source of bliss and all that is meadful. The word Madhuvidyā does not occur in the Ṛgveda, but it is in the AV., [IX.1.] which treats of the mythic honey-whip of the Aśvins and honey; this hymn is styled Madhu Sūkta in Vaitānasūtra[XVI.12]. The Śāṅkhāyana Śrautasūtra [XV.4.1] describes the RV. III.54; 55 as Madhunadī hymn, which would seem to be significant as some of the verses of both actually relate to honey. —व्रत [मधु व्रतयति] पुं० दे० 'मधुकर'. —श्री स्त्री० 'beauty of spring'. —ष्ठील पुं० दे० 'मधूक'. —सख पुं० 'Cupid'=मधुसहायः, मधुसारथिः, मधुसुहृद्. —सूदन =मधुरिपुः, मधुनिषूदनः. —स्रज् स्त्री० 'garland of the flowers of Madhūka.

मधूक पुं० मधुद्रुम, महुआ ; Bassia Latifolia.

मधूच्छिष्ट न० मोम ; wax=मधुजम.

मधूलक पुं० पानी में या पहाड़ पर होने वाला महुआ ; the Madhūka tree grown in water or on mount.

मध्य (1) वि० केन्द्रीय, बीच में, पक्षपात-रहित, बिचरासा, उचित, न बहुत बड़ा और न बहुत छोटा, न अत्युत्कृष्ट और न अत्यपकृष्ट ; middle, central, impartial, medium. (2) —ध्यः पुं० कटि; hips, waist. —म् न० केन्द्र, बीच, अभ्यन्तर ; centre, middle, interior. —ध्या स्त्री० 'partly self-controlled and experienced heroine'. —ध्ये क्रिवि० बीच में, भीतर ; in the middle, between, inside, within. —तस् क्रिवि० बीच से, बीच में ; from or in the middle.

मध्यग वि० बीच का; situated in the middle. —चारिन् वि० बीच में चलने वाला; moving in the middle. —देश पुं० विनशन से पूर्व में, प्रयाग से पश्चिम में, पारिपात्र से उत्तर में और हिमालय से दक्षिण में स्थित देश ; the country lying to the east of the region where the river Sarasvatī vanishes, to the west of Kālakavana, identified with a tract somewhere near Prayāga, to the north of Pāripātra (or -yātra) and to the south of the Himālayas.

मध्यंदिन [-नः] पुं० बीच दिन ; mid-day.

मध्यम [मध्य+तम] (1) वि० बिचला, बीच का, केन्द्रीय, मध्यवर्ती, बिचरासा, निष्पक्ष ; middle, central, in the

middle, middle-sized, impartial. (2) —मः or —मम् पुंन० कमर, कटि; waist. —मः पुं० मध्य देश, स्वर-विशेष, मध्यम पुरुष ; the Midland country, particular musical *rāga*, second person (in Gr.). —माः माध्यमिक बौद्ध ; *followers of the* Mādhyamika school of Buddhism. —मा स्त्री० मध्याङ्गुलि, विवाह-योग्य लड़की [=कर्णिका], हृदयस्थ वाणी, साहित्य में मध्यमा वृत्ति [=ग्राम्या or कोमला, इसमें न तो सुकुमारता होती है और न परुषता ही] ; the middle finger, a girl arrived at puberty, marriageable girl, speech in the region of heart, one of the three Vṛttis, the other two being नागरिका, उपनागरिका. —म् न० मध्य, शतपथ का 12वां काण्ड ; the middle, the 12th Kāṇḍa of the Śatapatha-Brāhmaṇa. —कक्षा स्त्री० मध्य का वगड़ ; the middle court-yard. —दर्शन न० माध्यमिकों का शून्यवाद ; philosophy of nihilism or non-existence of things, maintained by the Mādhyamikas. Note that the Vaiśeṣikas are '*Ardha-Vaināśikas*.

मध्यमणिन्याय पुं० जिस प्रकार मध्यवर्ती मणि का दोनों ओर प्रकाश रहता है ऐसे ; mid-jewel maxim=देहलीदीपकन्यायः. **मध्यम-पुरुष** पुं० व्याकरण में प्रथम और उत्तम पुरुष का मध्यवर्ती ; second person. —लोक पुं० 'the earth'. —लोपिन् वि० मध्यमपदलोपी समास ; that Tatpuruṣa in which the mid-member is omitted : शाकपार्थिवः=शाकप्रियः पार्थिवः. —वृद्ध पुं० सामान्य जन, भृत्यादि ; inferior persons, servants *etc.* —संग्रह पुं० *किसी की पत्नी के पास भेंट पहुंचा कर उसे* फुसलाना; intrigue of a middling character such as sending presents to another's wife : प्रेषणं गन्धमाल्यानां धूप-भूषण-वाससाम् । प्रलोभनं चान्नपानैर्मध्यमः संग्रहो मतः ॥ Vyāsa quoted by Apte. —साहस पुं० मध्यम दण्ड ; middlemost penalty. —मिका स्त्री० रजोधर्म में प्रविष्ट लड़की ; a girl arrived at puberty.

मध्यरात्र [मध्यं रात्रेः] पुं० बीच रात ; *midnight* = मध्यरात्रिः. —वर्तिन् वि० बीच का, मध्यस्थ ; neutral, impartial. —वृत्त न० 'navel'. —शरीर न० धड़; trunk. —स्थ वि० बीच का, बिचौलिया, निर्णायक, निरपेक्ष, निष्पक्ष, उदासीन, विरक्त ; neutral, impartial, arbitrator, judge, indifferent, having no attachment. मध्यस्थता 'औदासीन्यम्'. —स्थवर्ण पुं० निरपेक्ष, यण्; indifferent, semivowels : अन्तस्था यणः ; situated in the middle of vowels and consonants; so impartial, indifferent : किमिदानीमार्यो मध्यस्थवर्ण इव दृश्यते' [Madhyma. I.].

मध्याह्न पुं० दोपहर ; mid-day, noon.

मध्येगङ्ग —म् क्रिवि० गङ्गा के बीच ; *in the middle of* the Ganges. —सभ —म् क्रिवि० सभा के बीच; in the midst of assembly.

मध्व पुं० मध्वाचार्य जिन्होंने वेदान्त पर भाष्य लिखा था ; the founder of Mādhva sect of Vaiṣṇavas and author of a Bhāṣya on the Vedāntasūtras. **मध्वष्टीला** स्त्री० मिश्री, डलीदार शहद; lump of honey, clotted honey. **मध्वाधार** पुं० मोम, wax=मधूत्थम्, मधूत्थितम्. **मध्वापात** वि० आरम्भ में मधु जैसा ; honey at the beginning : मध्वापातो विषास्वादः [Manu. IX.19.].

मध्वासव पुं० महुए की दारू ; *liquor of* Madhūka.

√मन् (1) ['ज्ञाने', मन्यते, मत] सोचना, विचारना, मानना; to think, reflect, believe, fancy. अभिमन्यसे देवान्. 'बहु मन्यसे'. (2) √मन् ['अवबोधने', मनुते] जानना, समझना ; to know, consider : यन्न मनसा न मनुते येनाहुर्मनो मतम्, आमनत् 'मन्त्रमावर्तयत्'.

मनन (1) न० सोचना, विचारना, अनुशीलन, उपपत्तियों द्वारा निरूपण ; thinking, reflection, ascertaining by reasoning. (2) वि० विचारशील ; thoughtful.

मनःकान्त वि० मनोरम ; beautiful. **मनःक्षेप** पुं० चित्त-विक्षेप ; mental confusion.

मनःपूत वि० मन द्वारा पवित्रित, सुविचारित (कर्म) ; purified by the mind (action); approved by mind. —प्रसाद पुं० मन की शान्ति ; serenity of the mind. —शय पुं० काम ; Cupid. —शिला स्त्री० मैनसिल ; red *arsenic.*

मनश्चिन्ता स्त्री० 'reflecting in mind'.

मनःसंकल्प पुं० इरादा, मनोरथ ; intention, desire of the heart. Cp. मनःसंपातविक्रमः 'मनोवेगतुल्यगतिः'.

मनःसंताप पुं० मानसिक क्लेश ; mental anguish.

मनस् [संकल्पविकल्पात्मकम्] न० मन, बुद्धि, अन्तःकरण, ज्ञानेन्द्रिय, ज्ञानप्रत्यभिज्ञान-साधन, विचार, इरादा, इच्छा, झुकाव अथवा रुझान, चित्तवृत्ति; mind, intellect, inner sense, organ of perception and recognition, thought, intention, desire, inclination, disposition. *Cp.* मनसाभिजाता 'अयोनिजा सीता', मनः-समाधानविचारचारिन् 'मनःसंकल्पितदेशगमनः'.

मनसाज्ञायिन् [मनसा आज्ञातुं शीलमस्य] वि० मन से भाप लेने वाला (कामदेव); perceiving *with intellect (Cupid).*

मनसिज पुं० प्रणय, प्यार, काम ; love, passion, Cupid.

मनस्कान्त वि० मन को प्यारा लगने वाला ; pleasant.

मनस्कार पुं० पूर्ण चेतना, पूर्ण बोध, सुख एवं दुःख का बोध, सुखलाभेच्छा; perfect consciousness, full percep-

tion, consciousness of pleasure and pain, desire for happiness.

मनस्यति [मनस् : नाम-धातुः] मन में रखता है; इरादा करता है ; has in mind, intends.

मनस्विन् वि० दृढ़-मनस्क, जित-चित्त, प्रीत-मनस्, स्थिर-मति ; self-respecting, of controlled mind, of good cheer, wise, of steady mind.

मनाक् क्रिवि० ईषत्, कुछ-कुछ, संक्षेप में ; a little, slightly, shortly, briefly.

मनित वि० ज्ञात ; known

मनीषा [मन्+ई-, मनस्+ईषा] बुद्धि, मति, बुद्धिमत्ता, स्तोत्र, स्तुति, चाह, इच्छा ; thought, reflection, wisdom, hymn, prayer, desire, wish.

मनीषित [मनीषामभिनिविष्टम्] (1) वि० अभिलषित; desired. (2) —म् न० इच्छा ; desire.

मनीषिन् वि० शास्त्रकृतमनीषावान् ; intelligent, wise.

मनु पुं० [स्त्री० मनावी, मनायी] मानव जाति का आदिम पुरुष, 14 आदि मनु, वैवस्वत मनु जिससे वर्तमान मानव जाति चली है, आदमी, मानव जाति, विचार, प्रार्थना ; a celebrated personage regarded as the representative man and father of the human race, 14 successive progenitors or sovereigns of the earth : 1. स्वायंभुव, 2. स्वारोचिष, 3. औत्तमि, 4. तामस, 5. रैवत, 6. चाक्षुष, 7. वैवस्वत, 8. सावर्णि, 9. दक्षसावर्णि, 10. ब्रह्मसावर्णि, 11. धर्मसावर्णि, 12. रुद्रसावर्णि, 13. रौच्य-देवसावर्णि, 14. इन्द्रसावर्णि; the 7th वैवस्वत मनु, being born from the Sun, is regarded as the real progenitor of the present human race ; man, mankind, thought, prayer, spell.

मनुज पुं० मनु की संतान, मनुष्य; descendant of Manu, man=मनुजातः. Cp. मनुजेन्द्रः 'king of men'. मनुजाद [√अद्] पुं० राक्षस; demon. मनुज्येष्ठ पुं० तलवार; sword.

मनुश्रेष्ठ वि० मनुष्यों में श्रेष्ठ ; best among men, epithet of Viṣṇu.

मनुष्य (1) पुं० [मनोरपत्यम्, स्त्री० मनुषी] मनु का अपत्य मर्द ; human, man, mortal. (2) —म् पुरुषकार ; effort, opp. to दैवम्, ऐश्वरम्. —कार =पुरुषकारः. —गणना स्त्री० मर्दुमशुमारी, जनगणना ; census. —ता स्त्री० मानवता ; humanity. —देव पुं० 'Brahmin, king'. —धर्मन् पुं० धनद; Kubera. —यज्ञ पुं० अतिथिपूजा ; service of the guests, hospitality. —लोक पुं० मानव-जगत् ; world of men. —विश् स्त्री० मानव-बस्ती या जाति; human race=मनुष्यविशा, मनुष्यविशम्.

मनुष्वत् क्रिवि० मनु की तरह ; like Manu.

मनु-संहिता स्त्री० मनुस्मृति; the code of laws, ascribed to Manu.

मनोगत वि० मन में स्थित; existing in the mind. —गवी स्त्री० इच्छा ; desire. —ज पुं० दे० 'मनसिज'=मनोभवः, मन्मथः, कामः, मनोभूः, मनोजन्मन्, मनोमथनः, मनोद्भवः. —जव (1) पुं० मन की तेजी; speed of the mind. (2) वि० मन की तरह तेज ; swift like mind. —जिघ्र वि० भांप लेने वाला ; guessing the thoughts : मनोजिघ्रः सपत्नीजनः. Cp. ईहालिह्. —ज्ञ वि० मनोहर; charming, pleasing. —दण्ड पुं० मन पर आधिपत्य ; complete control over the mind. —ऽभिनिवेश पुं० मानसिक लगन; tenacity of purpose, close application of the mind = व्यासङ्गः. —ऽभिराम =मनोज्ञः. —मयः कोषः पांच कोषों में दूसरा; mental sheath, the second of the five koṣas, which are supposed to enshrine the soul. —यज्ञ पुं० मानस पूजन ; mental sacrifice = चिन्तायज्ञः. —रञ्जन [cp. क्रीडारसच्छेदः 'मनोविनोदभङ्गः'] (1) न० मनो-विनोद ; recreation of the mind. (2) वि० मनोनन्दन ; pleasing the mind. —रथ [= मनोऽर्थः] पुं० आशंसा, इच्छा, संकल्प; wish, desire. —रम वि० मनमोहक ; charming = मनोहरः. —राज्य न० कल्पना-जगत् ; the realm of fancy. —वल्लभा स्त्री० प्राणप्यारी, मन की रानी ; mistress of one's heart.

मनोवहा नाडी [हृदयस्य मध्ये हृदयान्तर्वर्तिमनःप्रीणनकरी नाडी] स्त्री० ब्रह्मनाडी, उदर और उरस् के मध्य एक अष्टदल पद्म अधोमुख रहता है ; उसे रेचक प्राणायाम द्वारा ऊर्ध्वमुख करके उसमें चित्त को एकाग्र करे। इस पद्म की कर्णिका में मनोवहा नाडी का मूल है ; इसी की एक ऊर्ध्वमुखी शाखा सुषुम्ना है ; योगी लोग अपने चित्त को इसी में एकाग्र करते हैं ; the holy vein, called *Manovahā* (vehicle of mind) or Brahmanāḍī is situated in the heart-lotus in between breast and stomach ; it is there that a Yogin concentrates his mind. —वृत्ति स्त्री० मनोव्यापार ; working of the mind.

मनो व्याहर्षयति मन को विक्षिप्त कर देता है ; confuses or upsets the mind.

मनोहत वि० निराश ; disappointed.

मन्तव्य (1) वि० विचारणीय ; to be thought or considered. (2) —न् न० विचार, धारणा ; thought.

मन्ति स्त्री० बुद्धि, भक्ति ; thought, devotion. मन्तु पुं० अपराध, असूया ; fault, envy. मन्तूयति 'असूयति'.

√मन्त्र् ['गुप्तपरिभाषणे', मन्त्रयते] मन्त्रणा करना, बोलना : अनर्हं मन्त्रयसि [Mṛc. I.], गुनगुनाना ; to advise, speak, tell : संदेशं मदर्हं मन्त्रये [Cāru. IV.], to

mutter : किमेकाकिनी मन्त्रयसे. Note आमन्त्र्य 'अभिमुखीकृत्य', निमन्त्र्य ; 'inviting'.

मन्त्र पुं० कार्याकार्य-विचार, मन्त्रणा, पवित्र विचार, प्रार्थना, भजन, वैदिक मन्त्र, कथन, इरादा, जादू, योजना ; deliberation, pious thought, prayer, hymn, Vedic stanzas, saying, charm, intention, plan. Cp. मन्त्रसंहननो राजा 'मन्त्रकवचः', मन्त्रसिद्धं मनः 'प्रणवोपास्तिसिद्धं मनः'. Note मन्त्रः 'कार्याकार्यविचारः', व्यूहः 'सेनावस्कन्दनिवेशः', नयः 'निश्चितानामुपायानां प्रयोगः', चारः 'गूढप्रेषणम्'.

विलोकक [√लोक् 'दर्शने', लोकते] वि॰ द्रष्टा; spectator. —कन न॰ देखना; seeing. —चन (1) न॰ नेत्र; eye. (2) वि॰ विपरीत दृष्टि वाला; of hostile eye. Cp. विषमः 'विद्वेषकर्ता'. —डयति [√लुड् √लोड् उन्मादे=चित्तविभ्रमे] मथ देता है, विभ्रान्त कर देता है; stirs, confuses, perplexes, confounds. विलोडितः 'आलोडितः'. —लोप पुं॰ लोप, नाश; loss, destruction. —भ पुं॰ आकर्षण, फुसला ले जाना; attraction, seduction. —भन न॰ प्रलोभन; allurement, i.e., mentioning of the good qualities of the hero [Daśa. I. 2.]. Note क्रोधः 'anger', व्यसनम् 'passion', विलोभनम् 'temptation'. —म (1) वि॰ प्रतिकूल, प्रतिलोम, विपरीत; reverse, contrary, opposite. (2) —मः पुं॰ विपरीत क्रम, कुत्ता, सर्प, वरुण; reverse order, dog, snake, Varuṇa. —म् न॰ हरद; water-wheel. —मजिह्वः 'हस्ती'. —लोल वि॰ चञ्चल, अस्थिर, शिथिल, खुशामदी, गृध्नु; tremulous, unsteady, loose, flattering, greedy. —लन न॰विलोडन, चलाना; shaking, stirring. Cp. —लितः 'powdered'. विलोलयष्टि वि॰ हिलते हार वाला; with rolling necklace. —हित पुं॰ 'रजोगुणो शिवः'.

विवक्षा स्त्री॰ वक्तुमिच्छा; desire to speak. —क्षुः वि॰ 'वक्तुमिच्छुः'. —क्षित वि॰ विवक्षा-विषय, ख्यात; what is desired to be said, famous. =क्षिपु 'वञ्चयितुमिच्छुः'; crafty, deceitful. विवत्सु वसितुमिच्छुः 'desirous of dwelling'. —√वद् विवाद करना, झगड़ना; to dispute, quarrel. —दन न॰ मृषावाद; false statement. —दितम् =विवादः. —वध [=वीवधः √वह्] पुं॰ बंहगी; yoke for carrying burden. —वर पुंन॰ दराड़, छेद, गुहा, उद्घाटन: एपोऽस्र द्वारविवरः; fissure, hole, cave, opening. Cp. विवरानुगः, 'छिद्रदर्शी'. —वरण न॰ विवृत्ति, व्याख्या, टीका; uncovering commentary. Note विवरणम् 'वप्रस्य विदारणम्' [MBh. XII.]. —वर्जन न॰ वचना (पाप से), छोड़ना; avoiding, desisting (from evil), abandoning. —वर्जित वि॰ परित्यक्त, मुक्त, वञ्चित; left out, free, destitute or deprived of. —वर्ण वि॰ बेरंग, बेरौनक, पीला, श्वेत, उदास, मुंह-उतरा, अधम, नीच जाति का; colourless, cheerless, pale, white, dejected, of low caste. —वर्णभाव पुं॰ उदासीनता; dejection. Cp. विवर्णच्छदनाः 'विविधवर्णपक्षाः पतत्रिणः'. —वर्त [√वृत्] पुं॰ नृत्य, समवाय, अतात्विक अन्यथा-भाव, विस्तार, अभाव; dance, mass, unreal appearance (opp. to विकार) as snake in a rope, extension: कीर्तिविवर्तः 'यशोविस्तारः', non-existence: अतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विवर्त इत्युदीरितः। सतत्त्वतोऽन्यथाप्रथा विकार इत्युदीरितः। —र्तन (1) न॰ करवट लेना, धरती पर लोटना, एक ओर हो जाना; to turn sides in bed, rolling on the ground, turn aside from. (2) वि॰ आयुः-क्षपयितृ (कालचक्रम्); causing life to waste away. —वर्तितभ्रू वि॰ चढ़ाई हैं भौं जिसने; with knitted brows. —वर्धन वि॰ बढ़ाने वाला; increasing. —वलति, वेल्लति, कूणति प्रिया प्रेयसी चितपुट होती, करवट लेती एवं सिकुड़ती है; the beloved rolls, turns aside and contracts. —वलित वि॰ उलटा, पलटा; turned opposite: शुनी विवलिते रते [Yoga. Uttara. 116. 62.]. —वश वि॰ विचेष्ट, वश से बाहर, स्वतन्त्र, मौत से डरा, मौत चाहने वाला; motionless, unrestrained, uncontrolled, independent, apprehensive of death, desirous of death. —वसन पुं॰ दिगम्बर जैन; a Jaina, who has removed garments. Cp. मुक्तकच्छाः 'बौद्धाः'. —वस्वत् पुं॰ प्रकाश-रूप सूर्य; sun that shines. —√वह् [विवाहयति] परे ले जाना, विवाह करना; to lead away, marry.

विवाक [√वच्] पुं॰ निर्णायक; judge. Cp. प्राड्विवाक. —वाचस् वि॰ विविध वाणी वाला; speaking in various ways. —वाद [विरुद्धो वादः] पुं॰ बहस, झगड़ा-टएटा; dispute, discussion, quarrel. —वादिन् (1) झगड़ालू; disputing. (2) —दी पुं॰ कानून के अनुसार वाद करने वाला; litigant, party in a law-suit. —वार [√वृ] पुं॰ गले का विकास या खोलना; opening of throat. —वास पुं॰ अलग बसना, देश-निकाला; dwelling away, banishment. —सन न॰ नग्नीकरण, गृहभङ्ग, देश-निष्कासन; to make one naked, ruin of one's dwelling, expulsion. —वासति [√वन् स॰] पाना चाहता है; wishes to win or get. —वाह [√वह्] पुं॰ शादी; marriage; eightfold: (1) ब्राह्म, ब्रह्मा से आया, सजाकर अपने हाथों श्रुतिशीलवान् वर को कन्या सौंप देना; related to Brahmā, in this the bride properly clothed and decorated is given to the bride-groom without anything being required from him. (2) दैव =देवताओं का; पुत्री को अलंकृत करके यज्ञ में ऋत्विक् का काम करने वाले वर को सौंप देना; related to the gods: in this the father gives his daughter as a gift at a sacrifice to the officiating priest. (3) आर्ष =ऋषियों से संबद्ध; एक या दो गौ शुल्क के रूप में लेकर धर्मपूर्वक वर को कन्या सौंप देना; Arṣa related to the sages: in this the father of the bride receives one or two pairs of cows from the bride-groom. (4) प्राजापत्य,

प्रजापति से संबद्ध : 'दोनों साथ मिलकर रहोगे' यह कह कर, वर की अर्चना करके उसे कन्या सौंप देना ; related to Prajāpati : in this the father of the bride gives her to the bride-groom without any present from him, but with the injunction that the two will live faithfully together. (5) आसुर, असुरों से संबद्ध : ज्ञातियों और कन्या को यथाशक्ति धन प्रदान करके स्वच्छन्दता से कन्या को वर के हाथों सौंप देना ; related to the Asuras : marriage in which the bride-groom purchases the bride. (6) गान्धर्व, गन्धर्वों से संबद्ध : इच्छापूर्वक कन्या एवं वर का परस्पर संबन्ध ; related to the Gandharvas : this depends on the mutual consent of the bride and bride-groom. (7) राक्षस, राक्षसों से संबद्ध : कन्या के संबन्धियों को मारपीट कर न चाहने पर भी कन्या को भगा ले जाना ; here the bride-groom forcibly seizes and rapes the bride. (8) पैशाच, पिशाचों से संबद्ध : सोती, बेहोश अथवा अन्य किसी प्रकार से एकान्त में पाई लड़की को भ्रष्ट कर देना ; Paiśāca; in this the bride-groom assaults the bride, while she is either asleep or intoxicated. —कौतुक न० विवाह-मङ्गल, माङ्गलिक सूत्र; auspicious thread worn on the occasion of marriage.

विविक्त [√विच् 'पृथग्भावे', विनक्ति, विङ्क्ते] वि० पृथग्भूत, शुद्ध, विशिष्ट, खालिस, निःसहाय, विजन, विमक्तान्न, लटभ, सुन्दर; separated, clean, pure, distinct, unmixed, alone, lonely, handsome : रागं विविक्ता इति वर्धयन्तीः. —आख्यायिका-रस पुं० कथाओं में जीवट रस ; sparkling interest in romances. —विग्न [√विज् 'भयसंचलनयोः'] वि० भीत; afraid. —विप्सु वि० प्राप्तुमिच्छुः, ज्ञातुमिच्छुः ; one desiring to get or know. —विध [विभिन्ना विधा यस्य] वि० विभिन्न, अनेक प्रकार का ; of various sorts, diverse. Cp. विविधवृत्तः 'अस्थिरः', —व्यञ्जनाः वि० 'नानावेशाः'. —वीत [विशेषेण वीतम्] वि० भली प्रकार बाड़ से घिरा (खेत या भूप्रदेश) ; field or a piece of ground well guarded against trespass.

वि √वृ [√वृ 'आवरणे', वारयति, वरति, वरते] खोलना, दिखाना, प्रकाशित करना ; to uncover, open, show. —√वृत् ['वर्तने', विवर्तते, विवृत्त] चक्कर काटना, घूमना, मंडराना (बादलों का), परे हट जाना, भटक जाना, नीचे जाना, —से निकलना, विकसित होना, आक्रमण करना ; to revolve, roll, move about (said of clouds), turn away, go astray, go down, come forth, develop, attack. —वृत वि० लोकप्रत्यक्ष, विस्पष्ट, व्याख्यात, अवहित ; uncovered, bare, explained (opp. to संवृत), attentive : न शत्रुर्विवृतः कार्यः [MBh. XII. 103. 8.]. (2) —म् न० प्रकाश ; open : विवृते 'प्रकाशे', विवृतान्तरः 'प्रकाशित-भावः'. —त्त [√वृत्] वि० पलटा, विघूर्णित, तोड़ा-मरोड़ा, विभ्रान्त, खुला ; turned round, distorted, turning, opened. Cp. विवृत्तविध्वस्तविशाललोचनाः 'विवृत्तानि विघूर्णितानि विध्वस्तानि विपर्यस्तानि विशालानि लोचनानि येषां ते'. —पार्श्व वि० तिरछे हिल रहे हैं पार्श्व जिसमें ; with sides moving round (churning the curd). —त्ताक्ष वि० भ्रान्त-नेत्र ; of rolling eyes. —वृत्ति स्त्री० अपसरण, पृथग्भाव, घूम ; moving away or round. —√वृध् बढ़ना ; to increase. —वेक [√विच्] पुं० असल और नकल की पहचान, ज्ञान, प्रकृति और पुरुष के भेद का ज्ञान ; discrimination, knowledge of the difference between Puruṣa and Prakṛti. —√वेष्ट् : रुक्मपृष्ठानि चापानि विवेष्टन्ते [Rām. III. 24. 5.] 'विशेषेण वेष्टन्ते, स्वयमेव शराः संसक्ता भवन्ति'.—वोढृ पुं० जामाता; son-in-law. —व्वोक [or विब्बोक] पुं० तिरस्कार, इष्ट-प्राप्ति पर गर्व से उसका अनादर, स्त्रियों की शृङ्गार-चेष्टा-विशेष ; affected indifference, disrespect on obtaining the lover, sport, fun.

√विश् ['प्रवेशने', विशति, विष्ट, वेशयति, विविक्षति] अन्दर जाना, आना, घुसना, व्यापना, घर जाना, आराम करना, बैठना, जमना, बसना, हाथ में लेना, आरम्भ करना, किसी दशा में जा पहुँचना ; to enter, go into, come, pervade, go home, go to rest, sit down, settle down, take up one's abode, undertake, begin, get into any state or condition. विश् [–ट्] स्त्री० बस्ती, घर, बिरादरी, कौम, जन, वैश्य, प्रजावर्ग=विशः ; settlement, house, community, tribe, people, a man of third varṇa, [pl.] subjects. —शकलितार्थ वि० विविक्तार्थ वाणी; speech whose content is well analysed. —शकलीकृत वि० टुकड़े-टुकड़े किया; broken into pieces. —शङ्क वि० निर्भय ; fearless. —शङ्कट वि० विशाल, विपुल, प्रभूत, विस्तृत, पृथुल, भीषण ; large, great, massive, terrible or exciting terror. —शद (1) वि० उज्ज्वल, शुक्ल, स्वच्छ, स्पष्ट, भास्वर, चतुर, प्रवीण, प्रसन्न, नीरुज ; white, clear, clean, bright, skilled, happy, free from pain or disease. (2) —दः पुं० श्वेत रंग ; white colour. —दाक्षरेण क्रिवि० साफ शब्दों में ; in plain words. —दाभास पुं० साक्षात् ज्ञान ; direct perception. —दिमन् पुं० अवदातिमा ; whiteness, clearness. —शन न० प्रवेश ; entrance. —शब्दन न० स्वीकृति,

सहमति, संविद् ; admission, assent, agreement. —शय पुं० संशय ; doubt; but विशायः 'turn'. —शर [√शॄ 'हिंसायाम्'] पुं० हत्या, भिदा, घात ; killing, splitting, slaughter. —शरारु [√शॄ] वि० विशरणशील ; prone to destruction. —शरीक न० पेचिश ; gripe. —शल्य वि० निर्लक्ष्य, निःशर ; pointless (as arrow), freed from an arrow-head. —शल्यकरण वि० वह औषध जो शल्य को निकाल दे ; medicine that takes out an arrow. —ल्या स्त्री० 'गुडूची, अजमोदा'. —शसन [√शस् 'हिंसायाम्', शसति] (1) न० पशु के अङ्ग अलग-अलग कर देना, मारना, संग्राम ; separating limbs of an animal, killing, fight. (2) वि० घातक, हिंसक ; killing. —शस्त [√शंस् 'स्तुतौ, दुर्गतौ च', cp. नृशंस] वि० प्रगल्भ, धृष्ट, छिन्न, भिन्न ; bold, impudent, cut. —शस्तृ वि० घातक ; immolator.

विशाख पुं० वायु देवता; wind-god. Skanda (Fire-god) and Viśākha both appear on Kaniṣka's coins. —खा स्त्री० नक्षत्र-विशेष; a particular constellation. Cp. Vaiśākha. —शातन (1) न० फाड़ना, काटना ; splitting, cutting. (2) वि० संहर्ता ; destructive, causing dissolution. —शांपति पुं० 'king'. —शाय [√शी] पुं० सोने की बारी या पर्याय ; turn for sleeping : तव विशायः; otherwise विशयः=संशयः. —शारण [√शॄ] न० मारण ; killing. —शारद वि० प्रयोग-कुशल, ऊहापोह-कुशल, चतुर, पटु, प्रवीण, समर्थ ; skilful, dexterous, capable. —शारदिमन् पुं० 'पाण्डित्यम्'.

विशाल [वेशन-योग्यम्] (1) वि० पृथुल, विपुल, महान्, बहल, अधिक, प्रभूत ; large, great, spacious, much. (2) —ला स्त्री० 'name of Ujjayinī'. —लः पुं० 'epithet of Śiva='अत्यन्तं शोभमानः'. —त्वच् पुं० दे० सप्तपर्णो विशाल-त्वक् शारदो विषमच्छदः [Amara.]. —लाक्ष (1) वि० बड़ी आंखों वाला ; large-eyed. (2) —क्षः पुं० 'महादेवः, विष्णुः, गरुडश्च'.

विशिख (1) पुं० तीर ; arrow. (2) वि० बिना चोटी का ; crownless. —खा स्त्री० प्रतोली, रथ्या, सड़क, अपत्य-मार्ग (योनि) ; carriage-road, highway, vagina. —आसन न० धनुष् ; bow. —शित [√शा 'तनूकरणे'] वि० तेज, पैना ; sharp. —शिष्ट वि० विशेष गुणों वाला, चिह्नित ; distinguished, marked by, endowed with (विशिष्टात्मन् वि० 'श्रेष्ठरूपः'). विशिश्न्य [-शिश्न-] वि० बिना पूंछ का ; tailless. —शिष्टाद्वैत न० रामानुज द्वारा प्रवर्तित यह मत कि अचित्, चित्, और ईश्वर तीनों समान रूप से अन्तिम हैं और इनमें पहले दो तीसरे पर इसी प्रकार आश्रित हैं जैसे शरीर आत्मा पर। इस प्रकार जो कुछ भी है वह ईश्वर का शरीर है, और ईश्वर न केवल जड़ प्रकृति का, अपितु जीवों का भी आत्मा है। रामानुज का मत ब्रह्म-विवर्तवाद न होकर ब्रह्मपरिणामवाद अधिक है इस मत को उभयवेदान्त भी कहा जाता है, क्योंकि इसका आधार उपनिषदों तथा तमिल में पाया जाने वाला वह साहित्य है जो अधिकांशतः वेद पर आधृत है, किंतु जिसमें अवैदिक तत्त्व भी आ मिले हैं; the doctrine propounded by Rāmānuja, which regards Brahman, Prakṛti and Jīva as identical and real.

विशीर्ण [√शॄ] वि० छिन्न-भिन्न, जीर्ण ; broken into pieces, old. —शीर्षन् वि० बिना सिर का ; headless. —शील वि० दुर्वृत्त ; ill-behaved.

विशुद्ध वि० सुतरां शुद्ध, अति पवित्र, निष्कलङ्क ; cleansed, purified, spotless.

विशेष (A) [विशिष्यत इति, विशेषयतीति वा] पुं० भेद, विशेषता, विधा, किस्म, प्रकार, गुण, उत्कृष्टता, अतिशय, आधिक्य, अपवाद, सुधार, स्फुटता : अतोऽविशेषविज्ञानं विशेषमुपगच्छति [Maitry. VI.] 'स्फुटत्वमुपगच्छति'; difference, distinction, peculiarity [विशिष्यते व्यावर्त्यते द्रव्यान्तराद् एभिरिति विशेषणानि विशेषगुणाः], sort, kind, merit, excellence, superiority, exception of rule (Gr), improvement : अस्ति मे विशेषः, clearness. (B) 'नित्यद्रव्यवृत्तयोऽन्त्या विशेषाः' ; वैशेषिक मत में नौ द्रव्यों के परमाणुओं में रहने वाली और उनके पार्थक्य को बनाये रखने वाली विशेषता, जो स्वयं भिन्न-भिन्न परमाणुओं की भिन्न-भिन्न होती है ; इसी के कारण एक द्रव्य का परमाणु दूसरे द्रव्य के परमाणु में नहीं परिवर्तित होता। वस्तुतस्तु मुक्त आत्माओं में भेद बनाये रखने के लिये अन्तकालीन अर्थात् प्रलयकालीन विशेष तत्त्व की कल्पना की गई थी। वही विशेष परमाणुओं के भी भेदक मान लिये गये; in the Vaiśeṣika school of philosophy the eternal distinguishing nature or individual essence of each of the nine dravyas or substances (i.e. of each atom of the elements : earth, water, air, fire, ether and mind, time, space, and soul). These are said to be so essentially different from one another that one can never be the other. This is the basis of the *Vaiśeṣika* philosophy. (C) एक अलंकार : प्रसिद्ध आधार के बिना आधेय की स्थिति; एक पदार्थ की एक साथ अनेक स्थानों में अवस्थिति; एवं अन्य कार्य कर रहे व्यक्ति द्वारा अन्य अशक्य वस्तु का निष्पादन ; extraordinary : 1. when the contained is represented as existing without its container ; 2. when one thing is represented as subsisting in several places and 3. where *a person* engaged in doing one thing is described as

accomplishing a different thing, it constitutes Extraordinary : विना प्रसिद्धमाधारमाधेयस्य व्यवस्थितिः । एकात्मा युगपद्वृत्तिरेकस्यानेकगोचरा । अन्यत् प्रकुर्वतः कार्यमशक्यस्यान्यवस्तुनः । तथैव करणं चेति विशेषस्त्रिविधः स्मृतः ॥ [KPr. X. 135-36.]. —षक [विशेषयति] (1) वि० भेदक, परिचायक ; distinguishing, distinguishing feature. (2) न० तिलक, चिह्न ; a mark on the forehead made with sandal paste, a mark. Note 'त्रिभिः श्लोकैर्विशेषकम्'. —षण (1) न० भेद करना, पहचानना, अतिशायन, गुणाख्यापक पद, विशेषता-प्राप्ति ; act of distinguishing, distinction, attributing, a word qualifying another, adjective, specialisation : श्रुतिविशेषणार्थम् [Vāsava. I.]. —षतस् क्रिवि० विशेषेण, विशेषात् ; specially, particularly. —षयन्ती 'surpassing' : मदनमपि विशेषयन्ती'. —षविद् वि० तारतम्यज्ञ ; knowing proportion. —षित वि० भेदित, विशिष्ट ; distinct, distinguished. —षोक्ति स्त्री० एक अर्थालंकार : कारण एकत्र रहने पर भी कार्य का अकथन; peculiar allegation consists in omission to affirm the effects, even when its causes are present in full force : विशेषोक्तिरखण्डेषु कारणेषु फलावचः. [KPr. X. 118.]. —षचय पुं० गुणों की वृद्धि; increase in merit. —शेष्य वि० परिच्छेद्य, अवच्छेद्य ; to be distinguished or particularised.

विशोक (1) प्रसन्न ; happy. (2) — का स्त्री० विशोका सिद्धि, सर्वज्ञता की प्राप्ति; omniscience derived from yoga. — शोधन न० सफाई करना, शोधन; cleansing, purifying. —ध्य साफ करके, संतुष्ट करके, नष्ट करके; cleansing, satisfying, rooting out : रिपून् विशोध्य.

विश्‌-न पुं० प्रभा, दीप्ति ; lustre, splendour. —श्पति पुं० घर का स्वामी ; lord of the house. स्त्री० विश्पत्नी.

विश्रब्ध म् क्रिवि० निःशङ्कम्, बेधड़क ; without hesitation.

वि √श्रम् ['तपसि खेदे च', श्राम्यति, णि० श्रमयति] आराम करना, उपरत होना, मनोरञ्जन करना ; to rest, repose, stop, recreate oneself. —श्रम्भ पुं० विश्वास, भरोसा, प्रणय, केलिकलह ; confidence, trust [=विस्रम्भः], love-quarrel. —म्भालाप पुं० प्रेमालाप; confidence-talk. —श्रयिन् [√श्रि 'सेवायाम'] (1) पुं० सेवक ; servant. (2) वि० निश्चिन्त बैठा ; sitting without anxiety. —श्राणन [√श्रण् 'दाने'] न० दान ; giving away. —न्ति स्त्री० विराम : वृत्तीनां विश्रान्तेः 'स्वार्थबोधनेन विरामात्', प्रशम, [cp. भावप्रशम in rhetorics]; cp. विश्रान्तिधाम 'अन्तिम आस्वाद का विषय'. —म पुं० आराम, विसराम, विराम, अवस्थिति, रहना, निवास ; rest, relaxation, pause, abiding, residence ; cp. स्वात्मविश्रामप्रकाशकारी 'स्वात्मनि विश्रान्तस्य रसस्य प्रकाशयिता'. —श्राव पुं० विश्रुति, ख्याति, विराव, प्रवाह; great fame, sound, flow. See विस्राव. विश्रुत वि० सुना, ख्यात, यशस्वी ; heard far and wide, famous. —ति स्त्री० ख्याति ; fame.

विश्लथ [√श्रथ् 'शैथिल्ये', श्रन्थते] वि० ढीला, मन्द, उदास; loose, languid. —विश्लिष्ट [√श्लिष् 'आलिङ्गने'] वि० पृथक्-कृत, वियुक्त, विभक्त ; disjoined, analysed, separated. —श्लेष पुं० विभाग, वियोग, पार्थक्य ; disjunction, separation.

विश्व [सर्व०] पुं० गणदेवता, सब, हर एक, समष्टि ; all, every, whole, universal. —म् न० जगत्; universe. Note विश्वधृक् 'विश्वं धृष्णातीति शिवः'.

विश्वक-द्रु पुं० शिकारी कुत्ता ; hunting dog. —श्वकर्मन् पुं० शिल्प-पण्डित, संसार का निर्माता, देवशिल्पी, सूर्य ; all-creator, divine creator, sun. —केतु पुं० 'Cupid'. —श्वक्सेन पुं० 'epithet of Viṣṇu'. —गोप्त पुं० 'Viṣṇu'. —चक्र न० महादान ; gift of pure gold. —जनीन वि० सर्वजनीन ; good for all = विश्वजन्यः, विश्वजनीयः. —जित् पुं० याग-विशेष, विष्णु ; a particular sacrifice, Viṣṇu. —तस् क्रिवि० हर जगह, हर तरफ से ; everywhere, from all sides. —देव [-वाः] पुं० सर्वदेव, देवगण ; the all-gods, a group of deities. —धारिणी स्त्री० 'पृथिवी'. —धेन [√धा] (1) वि० सबको खिलाने वाला ; all-feeding. (2) —ना स्त्री० 'earth'=विश्वधारिणी, विश्वसहा.—प्सत् [√प्सा√मस्] पुं० अग्नि, चन्द्र ; fire the all-eater, moon. —भावन पुं० 'Viṣṇu'. —भेषज न० सोंठ; dry ginger. —श्वंभर (1) वि० जगद्धारक ; maintaining all. (2) —रः पुं० अग्निरीशश्च. —रकुलाय पुं० अग्नि का स्रोत अरणि ; Araṇi, the source of fire. —रूप वि० बहुरूप, विविध, सब रूपों का निर्माता ; many-coloured, omni-formed, various, creating all forms. —रेतस् पुं० 'Brahmā'. —वाह वि० सबका पोषक; all-sustaining. स्त्री० विश्वौही. —वेदस् पुं० 'Indra'. —वैलक्ष्य वि० विलक्षण ; extraordinary. —शंभु वि० सबका कल्याणकारी; salutary far all.

वि √श्वस् ['प्राणने', श्वसिति] चैन से सांस लेना, भरोसा करना, निडर होना ; to breathe freely, confide in, be fearless. —सनीय वि० भरोसे-योग्य ; reliable. —श्वसृज् पुं० सबका स्रष्टा ; creator of all, Brahmā. —श्वस्त (1) वि० भरोसे वाला, निःशङ्क, विश्वासभाजन ; full of confidence, unsuspecting, trusted. (2) —स्ता स्त्री० विधवा ; widow.

विश्वहा क्रिवि०=विश्वधा, सर्वदा; always 'विश्वानि अहानि'.

—श्वाची स्त्री० एक अप्सरा ; a particular nymph. —नर पुं० सब नरों में रहने वाला, अग्नि ; fire, existing in or belonging to all men. —मित्र एक महर्षि ; name of a great sage who attained Brahmanhood after sustained penance. —आश्रम पुं० विहार में शाहाबाद के समीप ; situated at Buxur in the district of Śāhābād in Bihār. —राज् वि० जगच्छासक; universal monarch. —वती स्त्री० 'विश्वं पालयन्ती गङ्गा'. —वसु पुं० 'name of a Gandharva'.

विश्वास पुं० भरोसा, प्रत्यय, श्रद्धा ; confidence, trust. —घातक वि० धोखेबाज ; treacherous. —सन (1) न० विश्वास बिठाना ; inspiring confidence. (2) वि० विश्वास पैदा करने वाला ; one inspiring confidence. —सह् [-षाट्] वि० सब का जेता; all-overpowering.

विश्वासिन् वि० भरोसा करने वाला, विश्वास-योग्य ; trustful, trustworthy.

√विष् (1) ['व्याप्तौ', वेवेष्टि, वेविष्टे, विष्ट] व्याप्त होना, फैलना, घेरना, आलिङ्गन करना, पूरा करना, खाना ; to pervade, extend, spread through, surround, embrace, accomplish, eat. (2) √विष् ['विप्रयोगे', विष्णाति] पृथक् करना ; to separate, disjoin. (3) √विष् ['सेचने', वेषति] सींचना, गीला करना ; to sprinkle, pour out.

विष् [-ट्, √विष् 'विप्रयोगे'] स्त्री० विष्ठा, मल ; excrement, what is evacuated. **विष** [√विष् 'व्याप्तौ'] न० जल, जहर ; water, poison. —प: पुं० नौकर ; servant. Cp. विषाग्निपाः 'विषरूपमग्निं पिबतीति शिवः'. —कुम्भ पुं० विषपूर्ण घट ; jar of poison. —सक्त वि० लग्न, अन्यासक्त; attached, busy with another. Cp. विषक्ततूणः 'बद्धतूणीरः'. —घ्न (1) वि० जहर मारने वाला; counteracting poison. (2) —घ्नः पुं० 'विभीतकः'. —चूर्ण न० जहर-भरा चूर्ण; poisoned powder. —जिह्व वि० कटुभाषी, जहर-भरी जीभ वाला ; speaking harshly, venom-tongued. —जुष्ट वि० जहरीला ; poisonous. —ज्वर पुं० 'महिषः'.

वि-षण्ण [√सद्] वि० खिन्न, उदास, शोकातुर, मुरझाया ; downcast, sorrowful, sad. Cp. विषण्णाङ्गः 'विशेषेण सन्नाः छिन्नाः अङ्गाख्याः भूम्यादयोऽष्टौ मूर्तयो यस्य स शिवः'. —मनस् वि० खिन्नचेताः ; dejected, sad.

विष-द (1) पुं० बादल ; cloud. (2) वि० गरद ; administering poison. —दन्तक पुं० 'सर्पः'=विषधरः. —दिग्धमुख [√दिह्] वि० जहर-बुझी नोक वाला ; having envenomed point (arrow). —पीत वि० पीत-विषः; who has drunk poison. —पुष्प न० नील कमल ; blue lotus.

विषम [वि+सम] (1) वि० असम, निम्नोन्नत, ऊंचा-नीचा, ऊबड़-खाबड़, संकट प्रदेश, अनमेल, अयुग्म, भयानक, कष्टसाध्य, असह्य, दुर्निवह, विद्वेषी, भ्रष्ट; uneven, unequal, unsuitable, difficult to control (vyādhi), terrible, intolerable, inimical, defiled : विषमशीलः 'भ्रष्टचरित्रः'. (2) पुंन० (A) संकट, प्राणसंकट, आपद् : विषमस्थितः 'आपद्गतः', आपत्काल : विषमेष्वेकपातिनम् [MBh. I. 74.], वैर, नरक ; calamity, time of calamity, enmity, hell. (B) —मः एक अलंकार : (1) अत्यन्त वैधर्म्य होने से वस्तुओं का संबन्ध न फबना; (2) कर्ता को क्रियाफल की प्राप्ति के बजाय अनर्थ-प्राप्ति होना; (3) कार्य के गुण तथा क्रिया, कारण के गुण एवं क्रिया से विरुद्ध हों तो विषम अलंकार बनता है; Incongruous : (1) when between two things no compatibility is found; (2) when an agent does not obtain the fruit of his action, but gets an adverse result; (3) when the quality and action of the cause are incompatible respectively with the quality and action of the effect, it is held to be the Incongruous : क्वचिद् यदतिवैधर्म्यान्न श्लेषो घटनामियात् । कर्तुः क्रियाफलावाप्तिर्नैवानर्थश्च यद् भवेत् ।। गुणक्रियाभ्यां कार्यस्य कारणस्य गुणक्रिये । क्रमेण च विरुद्धे यत् स एष विषमो मतः [KPr. X. 126-7]. —मकाण्ड पुं० =विषमेषुः 'Cupid'. —मच्छदः see सप्तपर्ण. —षमन्त्र पुं० जहर खींचने का मन्त्र; spell for snake-bite. —मरूपाविद्ध वि० विषमरूपेण वेणीरूपेण वा बद्धः (केशपाशः); tied into a braid (hair). —मशिष्ट वि० अनुचित-रूपेण दण्डितः ; unduly punished. —मस्थ वि० संकट में पड़ा, दुर्दशापन्न ; being in difficulty or misfortune. —मार्चिस् पुं० सप्तार्चिस् अग्नि ; fire having seven flames or tongues.

विषय [√सि 'बन्धने'] पुं० गोचर, इन्द्रिय-ग्राह्य (शब्द, रूप, रस, स्पर्श, गन्ध), अतिपरिशीलित अर्थ, ज्ञेय : देवदत्तस्य विषयोऽनुवाकः, अभाव : मत्स्यानां विषयो जलम्, ग्रामसमुदाय : विषयो लब्धः, जिला, मण्डल, देश : विषयान्तः 'स्वदेशाद् बहिः', क्षेत्र, राज्य : राजानो मलयकेतोर्विषयमभिलषन्ति, क्षितिज, क्षेत्र, दायरा (काम का) ; scope, object of senses : चक्षुर्विषयो रूपम्, subject well-known, absence, *collection of villages, district, country, territory*, realm, dominion, horizon, sphere (of action). —गोचर [विषया गोचरे वशे यस्य] वि० विषय हैं वश में जिसके ; one who has the objects under his control : युवा विषयगोचरः [MBh. I. 85.]. =निवासिन् वि० राज या राष्ट्र में रहने वाला; residing in the dominion. —यानुवर्तिन् वि० विषयगामी; following objects of senses. —यान्त पुं० देश की सीमा;

end or the boundary of a country. —याभिज वि० अनुकूल देश में होने वाला ; growing in appropriate country (herbs). —यिन् वि० ज्ञाता, इन्द्रिय, इन्द्रियदास ; knowing, organ of senses, addicted to enjoyment. —पविसर्प [√सृप्] पुं० विष का प्रसर या लहर; diffusion of poison. —वैद्य पुं० जहर खींच लेने वाला वैद्य ; physician curing people of snake-bite. —शूक पुं० भिरड, बर्रे ; wasp = विषशृङ्गिन्, विषतुकन्. —षहते [√षह् 'मर्षणे'] शक्त है, सहता है, प्रतिरोध करता है ; is capable of, bears, resists. Note विषह्यः 'वशगः'. —षाक्त [√अञ्ज्] वि० विष-बुझा (बाण); arrow smeared with poison. —षाण [√विष् 'be active', 'accomplish'.] पुं० सींग ; horn, tusk. —णविघट्टन न० शृङ्गाघात ; striking of the horn. —णिन् (1) वि० सींग वाला ; horned. (2) —णी पुं० हाथी ; elephant. —षाद पुं० सत्त्वसंक्षय, अवसाद, मनस्ताप, निराशा, शोक; despair, lassitude, depression, despondency, weakness, sorrow. —दिन् 'अवसन्न-स्वभावः'. —षानन पुं० सांप ; snake = विषायुधः, विषास्यः, विषदन्तकः. —राति पुं० 'कृष्णधुस्तूरः'.

विषित [√सि 'बन्धने'] वि० खुला या खोला, ढीला ; opened, loose.

विषु क्रिवि० नाना, दोनों ओर या कई तरफ ; in both or various directions. —ण [विष्वग्गतान्यस्य सन्तीति विषुणः, विषु नाना अञ्चन्ति इति विष्वञ्चि दिनानि तान्यस्य सन्तीति वा ; दिनान्तराणां न्यूनाधिकभावस्य तन्मूलत्वात्] पुं० विषवत् काल, अनवस्थित प्रकृति वाला वायु, मृत्यु, मनुष्यादि ; wind, death, anything of unsteady and changing nature. —वत् वि० दोनों ओर से संबद्ध, जब रात-दिन दोनों बराबर होते हैं, अर्थात् जब तुला और मेष की संक्रान्ति होती है, अथवा जब सूर्य मेष और तुला राशि में संक्रान्त होता है ; sharing both sides equally, when day and night are equal. —वद्रेखा स्त्री० भूमध्य-रेखा ; equinoctial line ; circles of celestial sphere, whose plane is perpendicular to earth's axis. —व [विषुवत् का संक्षेप] न० जब रात और दिन बराबर होते हैं, समपार्थक्य बिन्दु ; point of equal separation, the equinoctial point of Aries or Libra into which the sun enters at the vernal or automnal equinox. —षूची वि० नानामुख, नानागति ; various, diverse : दूरमेते विपरीते विषूची.

विष्क [√विष् 'व्याप्तौ'] पुं० 20 बरस का हाथी ; 20 years old elephant. —ष्कन्तृ [√स्कन्द्] वि० विष्कन्दनशील, चञ्चल ; prone to fidget. —ष्कम्भ [√स्कम्भ् 'रोधने, स्तम्भे'] पुं० सहारा, टेक, टेकन, विस्तार, नाटक का गौण अथवा व्याख्यात्मक दृश्य ; support, width, expanse, interlude, the explanatory scene. —ष्किर पुं० चोंच से खाद्य को बखेर कर खाने वाला पक्षी, जैसे लाव, तित्तिर, मुर्गा, इसी प्रकार का अन्य प्राणी ; a bird that scatters its food before taking it as a cock, any other animal doing like that =विकिरः.

विष्टप [वि √स्तम् ?] न० विगत-संताप, भुवन, जगत्, स्वर्ग, कूब; free from pain, firmament, heaven, world, hump. —ष्टपन्ती स्त्री० संतापयन्ती ; tormenting. —ष्टब्ध [√स्तम्भ्] (1) वि० स्थिर, दृढ़, सुन्न, सहमा, निश्चेष्ट, हक्का-बक्का, जडीभूत; firm, fixed apart, fixed, motionless, paralysed, made stiff. (2) —ब्धः पुं० दण्ड ; staff. Cp. त्रिविष्टब्धम् 'त्रिदण्डम्'. —ब्धता स्त्री० स्थिरता, पक्कापन, जडता ; steadiness, firmness, fixedness. —ष्टम्भ पुं० घनता, अनवकाश, कब्ज, कोष्ठबद्धता, निरोध, निश्चलता ; density, obstruction, constipation, stoppage, lack of movement. Note विष्टम्भः 'हेलया सहनम्', उपयोगः 'आहार-संकोचः', चर्या 'पर्यटनम्'. —ष्टम्भिन् वि० रोगकारी, प्रतिबन्धी ; causing disease, obstructing. Cp. समुद्रं विष्टम्भयित्वा [Rām.] 'स्तब्धं कृत्वा निश्चलं कृत्वा'. —ष्टर [√स्तृ] पुंन० दर्भमुष्टि, विस्तर, सांथरा, कुशासन, आसन; handful of darbha grass, bed, bed of kuśas, seat. Cp. विष्टरासनम् 'अविच्छिन्नाग्रपञ्चविंशतिदर्भनिर्मितासनम्'. —रश्रवस् पुं० विस्तृत कानों वाला विष्णु ; Viṣṇu having broad or far-catching ears. —राजि स्त्री० आसनपंक्ति ; row of seats. —विष्टि स्त्री० (A) स्त्री० बलात् नरक में डालना, बेगार, बिना वेतन सेवा ; to force into hell, forced labour. (B) कर्मकर ; servant. Cp. विष्टिकर्मान्तिकाः 'विष्टयः भृतिं विना कर्मकृतः, कर्मान्तिकाः भृतिगृहीतारः'. —ष्टिकर वि० बेगार लेने वाला ; one enjoying forced labour : यो भृतिमदत्त्वा कार्यं कारयति सः.

विष्ठल न० दूर-प्रदेश ; distant place. —ष्ठा [-ष्ठाः] पुं० स्थान, पद, प्रकार, भेद; place, position, kind, variety. स्त्री० मल ; faeces. —ष्ठित वि० विविधाकारेण स्थित, अनेकत्वेन स्थित, विकीर्ण, प्रस्थित ; standing in various forms or in various places, scattered, set out. Cp. विष्ठितः 'विपरीतं स्थितः अकर्तृत्वेन स्थितः आत्मा' [MBh. XII.].

विष्णु [√विष् 'व्याप्तौ', वेवेष्टि, वेविष्टे, वेषति] पुं० जगद्व्यापी, जगद्रक्षक, वैकुण्ठवासी, जो कल्पों के मध्य में कमल पर तथा शेष के फण पर आराम करता है। लक्ष्मी उनकी स्त्री हैं। उनके अनेक अवतार हैं; Viṣṇu, the all-pervading, preser-

vative God, who lives in Vaikuṇṭha during the interval between Kalpas, or days of Brahmā; while creation pauses, he reclines on a lotus or on coils of the thousand-headed serpent Śeṣa. His wife Lakṣmī accompanies him. In Vedic literature Viṣṇu resembles Indra in heroic exploits; nevertheless he is overshadowed by him, becoming his younger brother (=Indrāvarajaḥ) in later literature. In the Purāṇas, however, he supplants Indra and appears in his ten forms : (1) *Matsya*, the Fish, associated with the Flood-legend. (2) *Kūrma*, the tortoise : associated with the legend of churning the ocean. (3) *Varāha*, the Boar ; in this form he saved the earth from the clutches of a demon. According to Śatapatha [6.7.4.3.5, 14 ; 1.4.1.2.11] Prajāpati assumed this form and also that of kacchapa. (4) *Nṛsiṁha*; Man-lion; in this form he came out from a house-pillar and tore Hiraṇyakaśipu into pieces. (5) *Vāmana*, Dwarf ; connected with his three strides. As Dwarf he sent Bali to hell. (6) *Paraśurāma*=Rāma with axe. In this form he suppressed the tyrannous Kṣatriyas. (7) *Rāmacandra*, the hero of Rāmāyaṇa. (8) *Kṛṣṇa*, who plays the leading role in the Mahābhārata. (9) *Buddha*, the founder of Buddhism, who died about 487 B.C. (10) *Kalki* (white horse) ; at the close of the present yuga Kalki will appear seated on a white horse, with a gleaming sword in his hand, to restore the world to its primitive purity. —क्रम पुं० विष्णु का कदम ; Viṣṇu's stride. —गुप्तः पुं० 'name of Cāṇakya'. —नारायण पुं० रुद्रशिव की भांति विष्णु और नारायण का अभेद ; Viṣṇu identified with Nārāyaṇa, the son of Nara on the pattern of Rudra-Śiva. —पद न० आकाश ; sky. —पदी स्त्री० 'the Gaṅgā'. —रथ पुं० 'Garuḍa the vehicle of Viṣṇu'. —रात पुं० परीक्षित् ; Parīkṣit who was revived by Viṣṇu in embryo.

विष्फार पुं० टंकार ; twang of a bow. —रित [√स्फर् 'संचलने'] (1) वि० फाड़ा, खोला, निर्घोषित ; rent asunder, opened, sounded. (2) —म् न० निर्घोष ; sound. —स्फुलिङ्ग पुं० चिनगारी; spark, fire. —ष्क वि० चिनगारीदार ; scattering sparks.

विष्-य वि० विषेण वध्यः ; to be killed with poison. —ष्यण्ण [√स्यन्द् 'प्रस्रवणे'] वि० स्रुत, बहा ; flowed. —ष्यन्दन न० वह निकलना ; act of overflowing (of gharma).

विष्वक्सेन [विषूची सेना अस्य] पुं० कृष्ण ; Kṛṣṇa, having army on all sides. —ष्वञ्च् [विषु √अञ्च्] वि० विषुगामी ; going on all sides. —ष्वक् क्रिवि० चहुँ ओर ; on all sides : विष्वग् वृतो भोगिभिः. Cp. विष्वग्वाताहता नौः 'अनेकदिग्वाताहता'. —द्रीची [विष्वद्र्यञ्च् =विष्वग् अञ्चतीति] स्त्री० सर्वव्यापिनी; pervading all. —ष्वाण [√अन्] न० भोजन ; food.

विसंयुक्त वि० वियुक्त, रहित, हीन, त्यक्त ; separated, devoid of, abandoned. —संवाद पुं० असत्य कथन, अन्यथाबुद्धि, प्रतिज्ञाभङ्ग, विप्रलम्भ, प्रतारण, आशाभङ्ग, प्रतिख्यान, असंगति, व्याघात, प्रातिकूल्य, मतभेद; false assertion, opposite state of case, breaking promise, deceiving, cheating by a false assertion, disappointing, contradiction, disagreeing.

विसंवादन न० प्रलम्भन, मिथ्याफलाख्यान ; deceiving, attracting by false promises. —दित वि० अन्यथाकृत, असत्यीकृत, बिगाड़ा ; made false, falsified, spoiled. —दिता स्त्री० भिन्नता; difference. —संष्ठुल [√स्था] वि० अस्थिर, व्यग्र, अनवहित, असंबद्ध, विषम, विपरीत : सर्वमेव विसंष्ठुलं पश्यामि [Mṛc. VII.], छूंछा; unsteady, agitated, incongruous, uneven, contrary, divested : वासपादपविसंष्ठुलतया [Mṛc. II.]. —सर्पिन् वि० फैलने वाला ; spreading, moving. विसंकट पुं० 'lion'. —संचारिन् वि० विषयगामी; attracted by the objects : विसंचारि मनः. —संज्ञ वि० संज्ञाहीन ; unconscious : विसंज्ञाश्रुकलाः 'विगतसंज्ञाः अश्रुक्लिन्नाश्च'.

वि √सद् [-षीदति, -षण्ण] डूबना, उद्विग्न हो जाना, आस खो बैठना ; to sink, be agitated, despair.

विसनाभि स्त्री० पद्मिनी, पद्म-संघ ; lotus, assemblage of lotuses. Cp. बिसिनी. —संधायिन् वि० अपहारक ; remover, putting away, keeping out. —संधि [संधिमकुर्वाणः] (1) वि० विग्रही; fighter. (2) पुं० संधि न होना, प्रतिकूल संधि, असंधि ; absence of saṁdhi, bad saṁdhi.

विसप्रसून न० 'lotus'. विसमाप्ति स्त्री० असमाप्ति ; incompleteness. —सर [√सृ] पुं० विस्तार, प्राचुर्य, आधिक्य, समवाय, विक्षेपण, संचरण (रोग का) ; expansion, abundance, large quantity, dispersion, multitude, infection. —सर्ग [√सृज्] पुं० निकास, मलमूत्रादि-विसर्जन, दान, रचना, सृष्टि, औदार्य, छितभित होना या करना, छुटकारा, छुट्टी, मुक्ति, रिहाई, अन्त, प्रलय,

एक ध्वनि जिसे (:) इस प्रकार लिखा जाता है ; emission, pouring out, creation, liberation, dismissal, release, final emancipation, leave, dissolution, the sound expressed through the mark (:) in grammar. —र्गिन् वि० दाता; giving : संचयाश्च विसर्गी स्यात् 'कोशाद् धनं न दद्यात्' [MBh. XII. 120. 33.]. —सर्जन न० विसर्ग, दान, प्रसार, प्रेषण ; giving, extension, sending. —सर्प [√सृप्] पुं० फैलना, व्यापना, अनिष्ट फल देने वाला प्रारब्ध ; pervasion, spreading, Prārabdha that brings in bad things : विसर्पो यत् समारब्धकर्मानिष्टफलं भवेत् [SD. VI. 704.]. —र्पण न० प्रसार, क्षेपण ; expansion, throwing : मेरोरिव विसर्पणम् [MBh. VII. 9. 11.]. —सर्पिन् वि० पलों की तरह फैलने वाला ; very much spreading (wound, sore, pain), creeping. —सहचरत्व न० साहचर्याभाव, संबन्धाभाव ; lack of relation.

विसामग्री स्त्री० प्रतिबन्ध; obstruction. —सार [√सृ] पुं० मत्स्य, विस्तार ; fish, extension, diffusion. —रिन् वि० विशेषतः फैलने वाला, खिसकने वाला, सरकने वाला ; very much spreading, escaping, creeping.

वि-सिच पुं० दिगम्बर जैन ; a Jaina devoid of garments. —सिनी [बिसानां समूहः] स्त्री० कमलिनी, कमलों की दही ; lotus, assemblage of lotuses. —सूचिका [विपू] स्त्री० हैजा ; cholera.

वि √सृज् [-सृजति, सृष्ट, cp. विसर्जयितव्य : पायुश्च विसर्जयितव्यं च; प्रश्नोप०] फेंकना, छोड़ना, जाने देना ; to throw away, leave, give up, let go. Cp. पाणिसर्ग्या रज्जुः, समवसर्ग्या रज्जुः. Cp. व्यसर्जयत् 'अमोचयत् बद्धवान्' : गजपुष्पीं तां तस्य कण्ठे व्यसर्जयत् [Rām. IV. 12. 40.]. —सृत वि० विस्तृत ; expanded. Note विसृतः 'अपरावर्ती', प्रसृतः सूक्ष्मार्थगामी' [MBh. XII]. —सृत्वर वि० फैलने वाला ; spreading about.

वि √सृप् [विसर्पति] व्यापना ; to pervade.

विसृमर वि० फैलने वाला ; spreading : विसृमरो गन्धः = विसृत्वरः. —सृष्ट [√सृज्] वि० छोड़ा, उड़ेला, फेंका, छुट्टी दिया, प्रस्थापित, त्यक्त, उत्पादित ; let go, poured forth, thrown, given leave, seen off, given up, produced. —ष्टि स्त्री० वीर्य-स्राव, छुट्टी, रचना, सर्ग, संतान ; emission of semen, leave, creation, offspring. —सोढ [√सह् 'मर्षणे'] वि० सहा, झेला ; borne, tolerated.

वि √स्कम्भ् [विष्कम्नोति -ष्कम्भ] अलग-अलग थामना, पृथक् करना, रोकना ; to hold asunder, separate, impede, obstruct.

विस्त पुं०न० एक सुवर्णमान=80 रत्ती, a weight of gold= 80 *Raktikās*, about half an ounce.

वि √स्तम्भ् [-ष्टभ्नाति] अलग-अलग थामना, टिका देना, सहारना, शक्ति देना, रोकना, —पर झुकना ; to hold asunder, prop, strengthen, stop : वीर्यस्तम्भनम्, lean on.

विस्तर [√स्तृ] पुं० (A) शब्दप्रपञ्च, विस्तार, प्राचुर्य, विवरण; extent, extensiveness, high degree, detail : उच्यतां रणविस्तरः [Pa. p. 393.], ग्रन्थस्य विस्तरः, but पटस्य विस्तारः=प्रथनम्. (B) रचयिता; maker, author. (C) विस्तराः 'वैतानिकान्यग्निहोत्रादीनि' [MBh.]. —स्तार पुं० पटादि का विस्तार या प्रथन, शाखाओं का फैलाव, चौड़ाई ; expansion, width, breadth. Cp. विस्तर-संक्षेपौ 'सृष्टि-प्रलयौ'. —स्तीर्ण वि० फैला, विस्तृत; spread out, extensive. —√स्तृ ['आच्छादने', स्तृणोति, स्तृणुते, स्तृणाति, -णीते] फैलाना, बढ़ाना, खोलना, प्रकट करना ; to spread out, extend, divulge.

वि √स्था [वितिष्ठते, विष्ठित] अलग खड़े हो जाना, –से पृथक् हो जाना, –में या –पर बिखर जाना, चुपचाप खड़े होना, बसना, –में व्यस्त या व्यापृत हो जाना, प्रस्थान करना ; to stand apart, be separated from, be scattered over or through, stand still, dwell, be engaged in, depart.

विस्पन्द पुं० कण ; a bit. —स्फार पुं० धनुष् की टंकार, आस्यान, विस्तार ; twang of bow, expansion : विस्फारश्चेतसो यस्तु, विस्फारयांचकार 'आरोप्य आकृष्टवान्', विस्फारितसर्वाङ्गः 'पृथग्भूतसर्वाङ्गः'.

वि √स्फुर् ['चलने'] फड़कना, चमकना ; to throb, quiver, shine : विस्फुरन् 'दीप्यमानः'. —स्फुलत् [उत्साहाच्चलन्] वि० डगमगाता; tottering, deviating. विस्फुलिङ्ग पुं० 'वह्निकणः'. —स्फूर्जथु पुं० उद्रेक, उच्छलन, उमाहा, उमड़ना, बिजली; excess, swell : महोर्मिविस्फूर्जथुनिर्विशेषाः [Raghu. XIV. 12.], thunder : विस्फूर्जथुप्रख्यः 'वज्रनिर्घोषतुल्यः'. —र्जित न० 'roar, thunder'. —स्फोट पुं० फोड़ा; blister, boil. —स्मय [√स्मि] पुं० आश्चर्य, चित्तविस्ताररूप चमत्कार, अद्भुत रस ; astonishment, the sentiment of wonder caused by supernatural things. Cp. स्मयो गर्वस्तदभावो विनयः 'humility'. —स्मरण [√स्मृ 'चिन्तायाम्, आध्याने' -स्मरति] न० विस्मृति, भूलना ; forgetting. विस्मापन पुं० इन्द्रजाल, कुहक, गंधर्वपुर ; jugglery, city of Gandharvas.

वि √स्मि [विस्मयते, विस्माययते] अचरज में पड़ जाना ; to wonder, be astonished. —त वि० चकित, हैरान ; astonished, perplexed.

वि √स्मृ [विस्मरति, -स्मृत, -स्मारयति] भूलना ; to for-

get. —ति स्त्री० =विस्मरण. —स्मेर वि० मुस्कराने वाला, चकित ; smiling, perplexed. —स्यन्दन न० प्रस्रवण ; flowing.

विस्र [√स्र 'गतौ'] (1) वि० आमगन्ध वाला ; smelling of raw meat. (2) पुंन० कच्चे मांस का गन्ध ; smell of raw meat.

विस्रंस [√स्रंस्] पुं० स्खलन, पतन, च्युति, खिसक पड़ना, शरीर टूटना या सो जाना; *deviation, fall, that condition in which the body feels exhausted and dejected.* Cp. विस्रस्य वि० खोलने योग्य ; to be loosened or untied. विस्रंसयति 'भेदयति मित्राणि'. —स्रब्ध [√स्रम्भ्=श्रम्भ्] वि० स्थिर, आश्वस्त, विश्वस्त, स्निग्ध, निर्विशङ्क; steady, confident, dear, fearless. —म्भ पुं० विश्वास, प्रत्यय, प्रणय, रति-कलह ; trust, confidence, affection, amorous quarrel of man and wife at the time of coitus. —म्भिन् वि० विश्वासी, प्रेमी ; one who usually trusts, loving. —स्रसा [√स्रंस्] स्त्री० जरा ; old age. —स्त वि० खिसका, सरका या लुढ़का, ढीला ; *slipped, loosened.*

विस्राव्य [√स्रु णि०] वि० रक्त चुआने योग्य रोगी ; a patient whose blood should be taken out to heal him. Cp. विस्राविता 'अन्यनिर्गमितजला' सरित्.

विहग [विहायसा गच्छति] पुं० पक्षी ; bird = विहंगमः. —हतभूयिष्ठ वि० नष्टप्राय ; virtually destroyed.

वि √हन् ['हिंसागत्योः', हन्ति, -हत, घातयति, जिघांसति] दे मारना, तोड़ देना, दे पटकना, फैलाना, रोक लेना, मना करना, नष्ट करना ; to strike asunder, shatter, throw away, smite down, extend, withhold, refuse, destroy.

विहर पुं० वियोग; separation. विहनन न० 'अन्तरायः', विहन्तुम् 'दूरीकर्तुम्' [MBh.]. —हरण [√हृ 'हरणे', -हरणं प्रापणं स्वीकारः स्तेयं नाशनं च] न० विहार, यानगमन, सैर-सपाटा, विनोद, मनोरञ्जन, तफरी ; passing time, recreation. —हव्य [√ह्वे] (1) पुंन० आङ्गिरस विहव्य ऋषि द्वारा देखा नौ मन्त्रों का सूक्त ; RV. X. 128 seen by Āṅgirasa Vihavya. (2) वि० बुलाने योग्य, आवाहन योग्य ; to be invoked.

विहसित (1) वि० जिसकी हंसी उड़ाई गई है, अवमानित ; laughed at, derided. (2) —म् न० मध्यम-हास्य, शिष्ट हास्य; a gentle laugh : 'आकुञ्चितकपोलाक्षं सस्वनं निस्वनं तथा । प्रस्तावोत्थं सानुरागं प्राहुर्विहसितं बुधाः' quoted by Bhānuji Dīkṣita on AK. 1. 7. 35. —सतिका स्त्री० मन्द-हास, स्मित ; gentle laughter. —हस्त (1) वि० हस्त-रहित, अवहित, निहत्था, व्यग्र, पराभूत, शोक-परिप्लुत, पण्डित ; handless, completely engrossed, perplexed, insulted, unable to act due to sorrow, wise, learned. (2) —स्तम् न० पराभव; disrespect : यद्विहस्तं जनस्य सर्वस्य [Mṛc. II. 17.]. —हस्तता स्त्री० व्याकुलता, सहायाभाव, हस्ताभाव ; confusion, helplessness, handlessness.

वि √हा ['त्यागे', जहाति, हीन, हान, हापयति, विहापितः 'त्याजितः'] छोड़ना, खो देना, करने से बाज आ जाना ; to *leave, lose, desist.*

विहायन न० दान ; donation, gift. —हायस् [-यः] न० खुला स्थान, आकाश ; free space, sky. —हायसा क्रिवि० आकाशेन, आकाशे ; in the sky. —हार पुं० बहिर्गमन, उपवनसंचार, मनोविनोद, मल्ल-स्थान, क्रीडास्थल, बौद्ध या जैन देवालय, यज्ञकर्म ; roaming, walking in a garden, wrestling arena, Buddhist or Jaina monastery or temple, sacrifice. —व्याकुल वि० क्रीडा-निरत ; engrossed in sport or play.

विहिंसा स्त्री० अहिंसा ; non-violence [MBh. XII.].

विहित [-धा] वि० निष्पन्न, विभक्त, निश्चित, जिसका विधान हुआ है ; *made, divided, fixed, prescribed.* Cp. प्रतिविहिता 'विनिर्मिता', विहितानोत्तरः 'विहितमनस्य प्राणस्य उत्तरं येन सः'; *living on fruits.* —हित्रिम वि० विधिपूर्वक निष्पाद्य ; to be done according to rules : विहित्रिमं कर्म.

विहीन [√हा] वि० रहित, वञ्चित, रिक्त, -से स्वतन्त्र, ग्रामीण, क्षुद्र ; abandoned, deprived, empty, free from, vulgar, low. —हीनर [=विहीनो नरः, haplology] वि० कामोपभोगहीन नर; a man unable to enjoy life.

वि √हृ [विहरति -ते] पकड़ ले जाना, हर लेना, गिराना (आंसू), गुजारना (समय) : स चायं विहृतस्त्वया [कालः MBh. I. 17.], तफरी या मनोविनोद करना, इधर-उधर डोलना, बदलना, नष्ट करना; to take away, remove, let fall (tears) : बाष्पं विहरति, amuse or recreate, go in various directions, change : न वीरपत्नीं विहरेत नारीम् [MBh. XII. 269. 2.] 'पत्नीं यज्ञसंबन्धवर्तीं नारीं न विहरेत, न विभजेत्, तदुपरि स्त्र्यन्तरकरणेन धर्मार्थकामेषु विभागवर्तीं न कुर्यात्'.

विहृत (1) न० लाज, लज्जा, प्रेम-प्रकाशन में हिचकिचाहट, हेला, लीला ; bashfulness, hesitation or reluctance to show feelings to a lover, sport. (2) वि० नीत; lead. —हृतान्त पुं० क्रीडासमाप्ति ; end of sport. —हेठक वि० हेठी दिखाने वाला, निन्दक, परोपतापक ; backbiter, tormenter (Prakritism of अपस्तात्).

वि √ह्वल् : विह्वलन् 'मूर्छन्', wretched. विह्वल वि० परेशान, विकल, विवश, विस्मय ; agitated, perturbed,

confused. वि √ह्वे ['स्पर्धायाम, शब्दे च', ह्वयति, -ते] अलग-अलग बुलाना, आवाहन करना, लड़ना ; to call variously or at different places, invoke variously, quarrel.

√वी ['गतिव्याप्तिप्रजननकान्त्यसनखादनेषु', प्रजननं गर्भग्रहणम् वेति, वीत] जाना, व्यापना या व्याप्त होना, गर्भ धारण करना, फेंकना, खाना, भोगना, चाहना, —के लिये प्रयत्न करना, सहारा देना, आक्रमण करना ; to go, move, pervade, conceive, throw, eat, enjoy, shine, desire, strive for, support, attack.

वी-क [विविधमश्नतीति] पुं० वायु; wind. —काश [=विकाश:] पुं० रहस्, एकान्त, प्रकाश ; solitude, privacy, shining. —क्षण [वि √ईक्ष्] न० देखना, नजर भरना, आंख ; seeing, looking at, eye. —क्षित (1) वि० देखा ; seen. —मृ न० नजर ; glance.

वीचि [वि √अञ्च्] पुंस्त्री० तरंग, लहर ; wave. Note अवीचि=नरकविशेष:. Cp. वीचीकूचीति वारयन्त: शारिका वेश्मसु स्थिता: [Rām. VI. 35. 33.] where 'वीची-कूची' is onomatopoetic. —चिमालिन् पुं० 'समुद्र:'.

वीचीतरंगन्याय पुं० जलाशय में पत्थर फेंकने पर उसके चहुं ओर एक लहर उठती है, उस लहर से दूसरी और दूसरी से तीसरी ; इस प्रकार अनेक लहरों का तांता ; wave-wavelet maxim. Cp. कदम्बमुकुल-न्याय=कदम्ब का कुड्मल जब खिलने लगता है तब उसके चारों ओर अनेक पुष्पदलों की पंक्ति बनती है, फिर उस पंक्ति के चहुं ओर भिन्न-भिन्न पुष्पदलों की दूसरी पंक्ति और दूसरी पंक्ति के चारों ओर भिन्न-भिन्न पुष्पदलों की तीसरी पंक्ति बनती है। इस क्रम से पुष्पदलों की अनेक पंक्तियों से एक पूरा पुष्प खिल कर तैयार होता है ; यह क्रम ; Kadamba-bud-maxim.

वीज न० शुक्र, कारण, अङ्कुर ; semen, origin, sprout.

वीजन न० हवा करना, पंखा, झोजना ; fanning, fan.

वीटा स्त्री० गेंद, पाषाण, कवल ; ball, bit of stone. वीटिका स्त्री० चाली की गांठ, पान का बीड़ा; knot of the bodice, betel-leaf. वीटी स्त्री० बीड़ा (पान का) ; betel-leaf.

√वीड् [वीडयति] दृढ़ बनाना, बांधना ; to strenghten, fasten. —यते मजबूत बनता या होता है; becomes strong or stout.

वीडु वि० दृढ़, हृष्ट-पुष्ट, हट्टा-कट्टा ; strong, stout. —ड्वङ्ग वि० दृढ़ या बलवान् अङ्गों वाला ; strong-limbed, firm in body.

वीणा स्त्री० विपञ्ची, सितार, बिजली ; lute, lightning. —वादक वि० वीणा बजाने वाला ; one who plays on lute=वीणिन्.

वीत (1) वि० (A) गत, प्रस्थित: gone, departed : वीतोत्तरं ताम्यतो: 'वीतं विगतमुत्तरमुक्तिप्रत्युक्तिरूपं यथा स्यात्तथा ताम्यतो: 'हृदि क्लिश्यमानयो:'. (B) इष्ट, मनोरम, ऋजु ; desired, pleasant, straight. (2) —त: पुं० हाथी द्वारा पादाघात एवं अङ्कुश का वारण, निर्बल हाथी या घोड़ा ; warding off the foot-thrust and goad by an elephant, elephant or horse unfit for war. —तजीवित वि० गया-बीता, मृत ; dead. —दर्प वि० खण्डित-दर्प ; humbled. —निष्ठ वि० परिच्छेद-शून्य ; unlimited. —राग वि० विरक्त, उदासीन ; disinterested, dispassionate, free from desires.

वीतंस पुं० पिंजरा, रस्सी, कटघरा, जाल ; cage, chain or net for confining birds and animals.

वीति पुं० घोड़ा ; horse. —ति: स्त्री० गति, उपभोग, भोज ; moving, enjoyment, feast. —होत्र [वीतये पुरोडाशादिभक्षणाय हूयन्ते देवा अत्र] न० अग्नि; fire, in which oblations are poured. —तीभाव पुं० अत्यन्त क्षीणता; extreme emaciation (of a patient). —तोन्नटा-बन्धा स्त्री० खुल चुकी है नीवी की गांठ जिसकी ; with her girdle-knot loosened.

वीथि [or —थी ; √वी 'गतौ' or √व्यथ्] स्त्री० रथमार्ग, मार्ग, पंक्ति, घोड़े की चाल, एक प्रकार का रूपक ; road, line, gait of the horse : 'वल्गनं नीचैर्गतं लङ्घनं धोरणं नारोष्टमित्यौपवाह्यं वीथिपञ्चकम्', अन्यत्र : 'चतुरस्रं कार्ष्णं मायूरमर्धमायूरमिति सांनाह्यं वीथिचतुष्टयम्', a variety of drama (in one act, and to be performed by one or two actors) subdivided into उद्घात्यक 'abrupt dialogue', अवलगित 'continuance', प्रपञ्च 'compliment', त्रिगत 'triple explanation', छल 'deception', वाक्केली 'repartee', अधिबल 'outvying', गण्ड 'abrupt remark', अवस्यन्दित 're-interpretation', असत्प्रलाप 'incoherent chatter', व्याहार 'humorous speech' and मृदव 'mildness' [Daśa. III. 13.]. वीथ्यङ्गानि 'subdivisions of Vīthī'.

वीथिका स्त्री० चित्रभित्ति ; picture gallery. —मार्गमण्डल न० युद्ध के पैंतरे-विशेष ; particular movements in fight. —थीकृत [धान्यराशिवत् पृथक् पृथक् राशीकृतम्] वि० रास लगाया; collected or arranged into heaps. वीध्र (1) वि० विमल, उज्ज्वल ; pure, white. (2) —ध्र: पुं० 'वायुरग्निश्च'. वीनाह [कूपस्य मुख-बन्धनम्] पुं० कूपमुखपिधान ; top or cover of a well.

वीप्सा [वि √आप् स०] स्त्री० पौन:पुन्य, कार्त्स्न्य : वृक्षं वृक्षं सिञ्चति, अनुक्रम, प्रत्येक के साथ ; repetition, entirety, successive order or series, arrangement of things each by each.

वीर [√वी, like नी-र] (1) पुं० मनुष्य, पति, पुत्र, नरपशु,

वीररस, खस; man, husband : वीरविहीना योषित्, son, the male of an animal, heroic sentiment, the root of uśīra. —म् न० मिर्च ; pepper. —रा स्त्री० 'आमलकम्, पतिपुत्रवती स्त्री, रम्भा, द्राक्षा च'. (2) वि० बहादुर; hero. अपावृत्तकर्मवीरः : 'अपगतमावृत्तकं कुत्सितं संग्रामात् परावर्तनं यस्य सः', 'a hero who never flees the battlefield' ; वीरासनम् 'वीरशय्या'=सद्योपवेशनम्='रण-स्थानं महारण्यं च'. —र-क पुं० क्षुद्र व्यक्ति ; little man, manikin. —रकुक्षि स्त्री० पुत्र जन्मने वाली ; a woman bearing forth sons only. —रण न० खस ; root of uśīra : सुकटंकराणि वीरणानि. Cp. वीरणस्तवकः 'तृण-स्तम्बः, वंशस्तम्बः'. Note वीरणपुष्पप्रचायिका 'to collect khasa flowers and play with them'. —रपत्रा स्त्री० 'भांग, विजया'. —रपाण न० युद्धारम्भ में उत्साहवर्धनार्थ वीरों का मद्य आदि पीना; drink taken by soldiers at the start of fight. —रप्रजायिनी स्त्री० 'mother of heroes'. Cp. वीरकुक्षिः. —रप्रसू स्त्री०='वीर-जननी'. —भद्र पुं० शिवपुत्र, अश्वमेधाश्व ; 'son of Śiva, horse of Aśvamedha. —वत् वि० पुत्रों तथा सरदारों वाला ; abounding in sons and heroes. Cp. वीरसमितिः 'वीरसंघः'. —सेन पुं० बहादुर फौज वाला, नल का पिता ; possessing an army of heroes, father of Nala.

वीराशंसन न० वीरों की इष्ट जगह, रणक्षेत्र ; the place wished for by heroes, battle-field.

वीरुध् [छिन्ना अपि या विविधं प्ररोहति, प्रतानवती स्तम्बिनी च] स्त्री० विस्तारिणी लता ; creeping plants=वीरुधा. —ध न० वृक्ष ; plant : अकारान्तो वृक्षवाची. वीरेश्वर पुं० 'Śivaliṅga at Kāśī'.

वीर्य न० मानस उत्साह [=वीर्यातिमारः 'वीर्यातिरेकः'], ऊर्जा, नरपन, शक्ति, प्रभाव, वीरकर्म, प्रयत्न, करेर, कण, बीज; manliness, virility, heroic deed, endeavour, semen.

वीर्यवत् वि० प्रबल, शक्तिशाली ; strong, powerful=वीर्य-शालिन्. —शुल्का [वीर्यं धनुरारोपणरूपं शुल्कं विवाहे देयं यस्याः सा] वि० शक्ति से जीती ; purchased or won by valour (Sītā). —संदिग्ध वि० संदिग्ध-वीर्य; whose valour is in doubt. —र्यविधूत वि० विक्रमाभिभूत ; surpassed by prowess. —र्योत्सिक्त वि० 'दृप्तः'.

वीवध [=विवध =विवह, √वह्] पुं० वंहगी, अन्नप्राप्ति ; yoke worn across shoulders for carrying a load, acquisition of corn or eatables in the town. —धिक पुं० वंहगी ढोने वाला; one who carries a vīvadha.

वीहार पुं० बौद्धों अथवा जैनों का मठ ; a Buddhist or Jaina sanctuary.

वुवूर्षु [वरितुमिच्छुः] वि० चुनने का इच्छुक ; desirous of choosing.

वूर्ण [√वृ 'वरणे'] वि० चुना ; chosen.

√वृ [वरणे, वृणाति, वृणीते, वृणोति, वृणीते,] छांटना, पसन्द करना, वर के रूप में मांगना, विवाहार्थ पसन्द करना, मांगना, प्यार करना ; to choose, select, select as a boon : वृतं तेनेदमेव प्राक् [Kumāra. II. 55.], ववार रामस्य वनप्रयाणम् [BK. III. 6.], to choose in marriage, woo, court : अयोनिजां राजसुतां वरीतुम् [MV. III. 28.], to beg, solicit, ask for, love, adore : Note आवृणोति वेदम् 'अनुगृह्णाति वेदम्'. (2) √वृ ['आव-रणे', वारयति, वरति, वरते] ढकना, छिपाना, वोच लेना, घेर लेना, हटाना, रोकना, सामना करना ; to cover, conceal, hide, catch, envelop, surround, ward off, restrain, oppose, prevent, hinder. (3) √वृ ['संभक्तौ', वृणीते [ग्रहण करना, वर देना ; to take, grant a boon to. (4) वर् ['ईप्सायाम्' वरयति] चाहना, पसन्द करना, विवाहार्थ पसन्द करना; to choose, select, choose in marriage, ask for, solicit.

वृंहित न० =बृंहित.

वृक [√वृ 'आच्छादने', one who covers=subdues] पुं० भेड़िया ; wolf=कोकः, ईहामृगः. —तिः स्त्री० प्रशस्ता वृकी ; a fine she-wolf. —दंश पुं० कुत्ता; dog. —धूप पुं० अनेक द्रव्य मिलाकर बनाई धूप, धूप ; a compound incense, incence. —धूर्त [वृक इव धूर्तः] पुं० गीदड़ ; jackal. —कोदर [वृकनामा बहुभक्षोऽग्निरुदरे यस्य] पुं० 'Bhīmasena'.

वृक्क पुं० हृदय ; heart. —क्कौ गुरदा ; kidneys. —क्ण [√व्रश्च् 'छेदने'] वि० छिन्न ; broken; वृक्णपात्रम् 'भग्न-पात्रम्'. वृक्तबर्हिस् [√वृज्] वि० फैलाई है बर्हि जिसमें ; with the sacrificial litter spread.

वृक्ष [वृश्च्यत इति] पुं० पेड़ ; tree. Cp. वृक्षमूलिकः 'वृक्ष-मूलवासी'. वृक्षषण्डः 'वृक्षसमूहः'. —च्छाय न० 'वृक्षाणां छाया'. —निर्यास पुं० वृक्ष का गोंद ; exudation of trees. —क्षका स्त्री० यक्षी, वृक्षदेवता जो भारहुत, बोध गया और सांची के स्मारकों में सामान्य है ; nude or semi-nude female figures associated with trees, found at Sānchī, Bhārhut and Bodha Gayā ; not dancing girls but Yakṣīs or Vṛkṣadevatās, regarded as auspicious emblems of vegetative fertility, divinity of fertility. —वाटिका स्त्री० वेश्यागृहों या मन्त्रिभवनों का बगीचा, बगीचा ; garden near the houses of prostitutes or ministers, garden. —भेदिन् वि० वृक्ष काटने वाला ; one who cuts trees.

वृक्षादन [√अद्] न० कुल्हाड़ा ; hatchet, chopper.

—क्षाम्ल पुं० इमली ; tamarind.

√वृज् ['वर्जने', वृङ्क्ते, वृङ्क्ते, वृणक्ति, वर्जयति, वजति, वृक्ण, वर्जित] परिहार करना, छोड़ना, मरोड़ना, तोड़ना, छीनना, दूर करना ; to avoid, leave, twist, pluck (as grass), divest, remove.

वृजन न० वि० परिहृत, रिक्त, जनशून्य, टेढ़ा, झूठा, अनित्य एवं परिवर्ती ; empty, crooked, false, transient. (2) —म् न० घेरा ; enclosure.

वृजि पुं० सोलह महाजनपदों में एक ; विहार में गङ्गा से उत्तर का प्रदेश ; इसी का नाम वज्जि या वृजिक भी था। इसकी राजधानी वैशाली थी ; one of the sixteen mahājanapadas, allied to Licchavis, with their capital at Vaiśālī in Muzaffarpur district.—जिन [√वृज्, 'वर्जनीयम्'] (1) न० पाप, स्खलन, क्लेश, व्यसन; sin, deviation, distress. Cp. वृजनाभिसंहितम् [MBh. XII. 140. 10.] 'आपत्कालाभिप्रायेणोक्तम्'. (2) वि० झुका ; bent. —नवेणी स्त्री० केश-पाश ; braid of hair. —जिनाग्र वि० कुटिलाग्र ; curved in tip or top.

सब आशाओं को पूरा करने वाला ; fulfilling all hopes (of his teacher). —र्वान्नमोजिन् वि० परमहंस ; a perfect ascetic, who eats all or from all=सर्वाशीनः. —र्वाभिसार पुं० पूरी फौज के साथ धावा ; attack with a complete army. Cp. सर्वसंनहन. —स्तिवादिन् पुं० बौद्धों का एक स्कूल; बोधिसत्त्व का उत्थान इसी में हुआ था; besides the schools *Theravāda* and *Mahāsaṁghikas*, Buddhism had a third school called *Sarvāstivādin*. They were originally closely connected with the *Sthaviravādins*. In later times their stronghold became Kāśmīr and Pañjāb. Due to this strategic position this school came to exert a considerable influence in Central Asia and in China in the first centureis of the Christian era. It is probable that the *Bodhisattva* doctrine, a fundamental aspect of *Mahāyāna* Buddhism, had its origin in this school.

सर्वास्त्र [सर्वमस्यते क्षिप्यते अनेन] न० टैंक ; tank that throws away everything. —ह्ण —म् क्रिवि० सारा दिन ; whole day.

सर्वे [=सर्वात्मनि ईश्वरे] 'in God' : सर्वं समाप्नोषि ततोऽसि सर्वः (not a pronoun). —न्द्रियनिग्रह पुं० 'अनुत्तरं नाम तपः=मौनम्' ; silence, 'controlling all the senses'.

सर्वोघ पुं० =सर्वसंनहनम्.

सर्षप पुं० सरसों ; mustard seed.

सलक्ष्मन् वि० सलक्षण, समान-चिह्न, ज्ञाति ; having the same mark, related closely. सलातुर न० पाणिनि का जन्म-स्थान, पेशावर के पश्चिमोत्तर सिन्ध तथा कुभा के संगम पर स्थित ओहिन्द से चार मील दूर आज का लहुर ; the modern *Lahur*, near Ohind situated on the confluence of Sindh and Kubhā; Pāṇini's birth-place.

सलिल [√सृ] न० जल; water (that flows). सलिलस्य महोदधिः 'जलसमुद्रः'. सलिलोत्पीडाः 'सलिलसमूहाः', सलिलप्रवाहाः'. —लेशायिन् पुं० 'Viṣṇu, couched on water.

सलील —म् [साधकम] क्रिवि० खेल खेल में, आसानी से ; playfully, with ease. —लैग्न —म् [सनूचनम] क्रिवि० सूचन के साथ; with a submission or humility : गोप्यैः गदितः सलेशम. —लोमन् वि० सदृश : alike. —लोकता स्त्री० एक-स्थान-निवास; living in the same place.

सव [√सु 'अभिषवे', प्रेरणे] पुं० सवसंज्ञक-याग, यज्ञ, अभ्यनुज्ञा, संतान, सोमसवन, सोम, प्रेरण ; sacrifice, permission, offspring, pressing of the soma-juice, soma, impulsion. —न न० सुत्या, अभिषव, सोमपेषण, अध्वर, स्नान, उत्तेजन ; bath, pressing of soma, sacrifice, instigating or stimulating. Cp. प्रातः-सवनम्=प्रातः-सवनम्. सवनिन् 'त्रिषवणस्नायी'.

सवयस् (1) वि० वयस्य, स्निग्ध, सखा ; of the same age, of the same vigour, friend. (2) —याः पुं० समसामयिक ; contemporary. सवर पुं० 'epithet of Śiva'.

सवर्ण [समानो वर्णो यस्य] वि० समान-रूप, सरूप, समान-जाति, तुल्यास्यप्रयत्न वर्ण, तुल्य, समान, उदय-अस्त में एक वर्ण वाला सूर्य ; of the same class, of the same class of sounds, of the same colour, like, resembling, sun having the same glow at rise and fall. —र्वाचस् वि० समान वाणी वाला; of like speech.

सविकल्पकं ज्ञानम् न० विशेषण-युक्त वस्तु का ज्ञान, अर्थात् 'गौ श्वेत है' यह ज्ञान; नैयायिकों के मत में सविकल्प ज्ञान से पूर्व अनिवार्यतः एक निर्विकल्प प्रत्यक्ष होता है, जिसमें निर्विशेष वस्तुमात्र का ग्रहण होता है । उदाहरणार्थ, यदि हमें यह ज्ञान होता है कि 'गौ श्वेत है' तो हमें अनिवार्यतः इससे पूर्व गौ का अलग, शुक्ल का अलग, और इनके समवाय संबन्ध का अलग ज्ञान हो चुका होता है, अतः सविकल्पक प्रत्यक्ष एक राशि के अन्दर की वस्तुओं को अलग-अलग करने की प्रक्रिया न होकर अलग-अलग दी हुई इकाइयों को संयुक्त करने की प्रक्रिया बन जाता है ; किन्तु मीमांसा में इन्द्रियार्थ-संनिकर्षजन्य ज्ञान की आरम्भिक अवस्था को निर्विकल्पक और बाद की अवस्था को सविकल्पक कहा गया है ; knowledge of a thing along with its attributes as in 'श्वेतो गौः, नीलं कमलम्'.

सविकाश वि० प्रफुल्ल ; a-bloom. —विग्रह [शत्रावुत्थिते पुनस्तेन सह विग्रहकरणम्] न० शत्रु के उठ खड़ा होने पर फिर लड़ना, शरीरी ; fighting with the enemy on his getting up to fight, having a body. —वितर्क —म् क्रिवि० सविमर्श ; thoughtfully. —वितर्दीक वि० सवेदिक, ससोपान ; having a Vedī, having stairs.

सवितृ [√सू] विपुं० प्रेरक, सूर्य ; stimulator, sun. —प्रसूतः 'stimulated by the sun'. —वित्र [√सू, सुवन्त्यनेन] न० पैनो ; goad. —विध वि० समान विधा वाला, उसी प्रकार का ; of the same kind. —म्-धे क्रिवि० 'near'. —विनय वि० 'accompanied by a definite decision or resolve, humble'. —वर्ंश वि० उत्तम जनों से भी अनिर्यातित ; (debt) not paid even by the highly placed persons. —भ्रम वि० भ्रान्त, नखरेबाज ; confused, coquettish. —मर्श वि०

विचारशील, साशङ्क ; thoughtful, fearful [Rām. VI. 118. 13.]. —विशेष —म् क्रिवि० 'सातिशयम्'. —श्रम्भ —म् क्रिवि० विश्वास के साथ ; with confidence. —स्तर वि० विस्तृत, विवरण में ; diffused, detailed. —स्मय वि० वीक्षापन्न: ; astonished, surprised.

सवीर्य वि० सम-शक्तिसंपन्न; of equal strength or power.

सवेश वि० सविध, समीप ; near to.

सवैक्लव्य —म् क्रिवि० 'with despair'. —वैयाख्य वि० व्याख्या-ग्रन्थ-सहित ; along with commentary.

सव्य (1) वि० शरीर का वाम भाग, दक्षिणी; left, southern. (2) —व्य: पुं० वाम हाथ; left hand. Cp. 'अपसव्यं तु दक्षिणे'. —व्येन क्रिवि० बाईं ओर ; on the left side =सव्या, सव्ये. —तस् क्रिवि० बाएं से ; from left side.

स-व्यथ वि० व्यथित; with agony, with anxiety. —व्यपत्रप —म् क्रिवि० सलज्जम्, शर्म के साथ ; with shame.

सव्यसाचिन् [सव्येन वामेनापि हस्तेन सचितुं ज्याकर्षणादि क्रियां कर्तुं शीलमस्य] पुं० वाम हस्त से भी धनुष चढ़ाने वाला, अर्जुन ; drawing a bow with the left hand as well as with the right=Arjuna. —व्यापवृत्त वि० अप्रदक्षिण-वेष्टित; strung or tied, or dressed on the left side : सव्यापवृत्तं जटामण्डलम्. —पसव्य वि० बायां-दायां, गलत-सही; left and right, wrong and right. —म् क्रिवि० left and right.

सव्येतर पुं० दक्षिण ; right. —ष्ठ [सव्ये तिष्ठति दक्षते सर्वस्मिन् कार्ये संनह्यति इति] पुं० सूत, सारथि ; charioteer =सव्यष्ठा.

सव्रत वि० समान-व्रत, सहमत ; following the same law, concordant. —व्रीड वि० शर्मीला, लजालु ; bashful, shy. —म् क्रिवि० लज्जा के साथ, संकोच या झिझक के साथ ; bashfully.

सशङ्क वि० भीत, पोच, संशयालु ; timid, fearful, doubtful. —म् क्रिवि० संदेह के साथ, शङ्का के साथ ; suspiciously, fearfully. (1) —शल्क वि० छिलका, छाल या वक्कल वाला, खपरेदार ; with scales. (2) —क: पुं० खपरेदार मच्छी ; scaly, a kind of fish. - शल्य वि० तीर-लगा, शर-क्षत:; wounded with arrow-point (in body), wounded (with arrow). —शूक्र वि० आस्तिक; one who believes in the Vedas. —संग्रह वि० सरहस्य ; along with what is secret. —सत्त्वा स्त्री० अन्तर्वत्नी, गर्भिणी ; pregnant. —संनति वि० सनमस्कार; with homage. —मन न० पशुमारण ; killing animal in sacrifice. —भ्रम वि० जल्दबाज, भीत; with excited haste, alarmed. —म् क्रिवि० जल्दबाजी में, घबराहट के साथ ; in excited haste, excitedly. —मद वि० हर्षाप्लुत ; exceedingly glad. ससानुप्रग्रह [उपरि-देशे सपताकम्] वि० ऊपर पताकाओं से सजा ; decorated with banners on the upper parts (प्रेक्षागारम्). —स्थान वि० तुल्य; alike. —स्फुर वि० फिर से फड़कने वाला ; breathing again, revived. —स्मित वि० 'smiling'. —म् क्रिवि० 'smilingly'.

सस्य [=शस्य, 'to be cut' or √सस् 'स्वप्ने', सस्ति ; शस्यम्, 'sleeping'] न० फसल, नाज, गुण ; crop of corn, corn, virtue. —मञ्जरी 'धान्यकोशः'. —क [सर्वैर्गुणैरविकलम्] वि० अतिगुणी ; very virtuous. Cp. P. V.2.64. —संवर पुं० the sāl tree. —स्यावतारणी स्त्री० खेत में घुसती (गौ) ; a cow entering the field.

√सह् ['मर्षणे', सहते, साहयति, सहति] सह जाना, शक्तिशाली होना, -पर हावी होना, हरा देना, सामना करना, रोके रखना, समर्थ होना, होने देना, करने देना ; to tolerate, be powerful, prevail, defeat, withstand, hold out, hold against, be capable, endure, allow. (2) √सह् ['चक्यर्थे=तृप्तौ', सह्यति] तृप्त होना, तृप्त करना ; to be satisfied, satisfy.

सह [√सह्] वि० शक्त, समर्थ, विजयी, सोढा ; able, victorious, one who can bear. सह अव्यय, साथ ; together with, along with. —कार पुं० अति-सौरभ आम्र, कलमी आम, सहयोग, सहायता; fragrant mango, co-operation, help. —कारित्व न० सहयोग; co-operation. —कृत्वरी स्त्री० सहकारिणी ; acting in co-operation with. —चर वि० 'going together, comrade'=सहचारः. —चरीधर्म पुं० मैथुन ; copulation. —चारिन् पुं० 'companion, comrade'. —ज [√जन्] वि० समानोदर्य, साथ उत्पन्न, आन्तर, पैतृक, नैसर्गिक, अविकृत ; real brother, born at the same time, innate, hereditary, not changed. स्त्री० सहजा. —जित् [सद्यो जयशीलः] पुं० तुरत जीतने वाला; readily conquering.

सहता [सह-] सहन-शक्ति ; power of endurance. —दायाद वि० ज्ञाति-सहित ; along with kindred. —देव (1) वि० देवों समेत; together with the deities. (2) —व: पुं० 'a name'. —धर्मिणी स्त्री० 'legally married wife'. —हन (1) वि० सहिष्णु ; patient, enduring. (2) —म् न० सहना ; enduring.

सहपांसुकिल वि० बचपन में धूल में साथ खेला हुआ, बचपन का साथी ; one who has played with another in the sand, friend from childhood. —प्रम वि० प्रमा या माप-समेत ; with the measure. —भोजन न० दे० 'सग्धि'. —यज्ञ [यज्ञैः सह, कर्माधिकृतः] वि० यज्ञ के साथ; accompanied by sacrifice. —युध्वन् [√युध्] वि०

साथ लड़ने वाला ; comrade in arms. —योगिन् पुं० comrade; cp. सहसेविन् 'संसर्गिन्=मैथुनं कृतवान्', सहवासिकः 'प्रतिवेशी'.

सहस् [√सह्] न० शक्ति, ऊर्जा, तरस्, शौर्य, स्यामन् ; might, superior power. —हाः पुं० अगहन, मार्गशीर्ष, हेमन्त; Nov.-Dec. —सा क्रिवि० बलात्, प्रसभम्, अतर्कितम् ; forcibly, suddenly, at once. —हस वि० हास्योपेत ; laughing. —हस्य [सहोमासानन्तरं भवतीति] पुं० पौष, तैष ; Dec.-Jan.

सहस्र [सहस्-र] न० 'one thousand'. —कृत्वस् क्रिवि० हजार वार ; one thousand times. —कोटि [सहस्वत्यौ वलवत्यौ कोटी प्रान्तौ यस्य] वि० दृढ प्रान्तों वाला ; having strong ends (a bow). —गुण वि० 'thousandfold'. —दंष्ट्र पुं० पाठीन, पहिना मछली ; kind of fish. —दान वि० 'having a thousand gifts'. —नयन पुं० 'इन्द्रः'=-नेत्रः, सहस्राक्षः. —पत्र न० 'कमलम्'. —पाद पुं० 'sun'=सहस्रकरः, सहस्रांशुः. —बाहु पुं० सहस्रार्जनः= सहस्रभुजः 'कार्तवीर्यार्जनः'. —मन्यु वि० हजारगुने साहस वाला ; having a thousandfold courage. —वीर्या स्त्री० दूर्वा ; young grass. —वेधिन् पुं० अम्लवेध ; Rumex Vesicarius. —वेधि न० हींग; Asa Foetida. —शस् क्रिवि० by thousands, in a thousand ways, thousandfold. —समित वि० सहस्ररथतुल्य ; equal to a thousand chariots. —सोम-प्रतिम [सोमसहस्रप्रतिमः] वि० सौम्यतम ; exceedingly courteous. —स्तुक वि० हजार शिखाओं या जुल्फों वाला ; having a thousand tufts or curls of hair.

सहस्राणि अधिरथानि हजारों छकड़े; a thousand wagon-loads. —स्रार न० भ्रूमध्य ; place in between the eye-brows. —स्राश्वीन पुं० इतनी दूरी जिसे एक तेज घोड़ा हजार दिन में तै करे; the distance to be covered by a swift horse within one thousand days. —स्रिन् (1) पुं० हजार सिपाहियों पर अफसर ; officer commanding one thousand soldiers = साहस्रः. (2) वि० 'numbering a thousand'. —स्रिय वि० 'beneficial to thousands'. —स्वत् वि० शक्तिशाली ; powerful.

सहा स्त्री० पृथ्वी, घीकुआर ; earth, a species of plant. —नुभूति 'sympathy'. —हाय [सह एति, 'अनुसारः'] पुं० सहभावी, अनुप्लव, प्रग्रह, अनुचर, अभिसर, सहायक ; companion, follower (of a warrior), helper. —यता [सहायानां समूहः] स्त्री० 'multitude of helpers, help'. —हार पुं० 'mango tree'.

सहित वि० परंपरागत, संबद्ध, एकत्रित, संपन्न; connected, united, assembled, accompanied by, furnished with. —सहितृ वि० 'सोढा'. —हिष्णु वि० सहन, क्षन्ता ; patient, enduring. —ष्णुता 'क्षमा'.

सहुरि [√सह्] (1) पुं० सूर्य ; sun. (2) वि० शक्त ; mighty.

सहृदय [समान-हृदयः] (1) वि० स्वहृदय-संवादभाक् अर्थात अपने हृदय के साथ संवाद वाला, समान दिल वाला, प्रशस्तचित्त, रसज्ञ ; with the heart, having a like heart, hearty, good-hearted, one appreciating sentiment. (2) —म् न० सौमनस्य ; like-heartedness, like-mindedness. —हृल्लेख (1) वि० संशयित ; doubtful. (2) —खः पुं० संशयास्पद भोज्य ; questionable food. —हेल [सलीलम्] —म् क्रिवि० सुगमता से, खेल-खेल में; sportively, without much ado, easily, playfully.

सहोक्ति स्त्री० एक अलंकार, जहां एक पद दो पदार्थों का प्रतिपादक हो ; connected description, where one word is expressive of two things : सा सहोक्तिः सहार्थस्य बलादेकद्विचक्रकम [KPr. X. 112.]. —होटज न० पर्णशाला; an ascetic's hut. —ढ [सह ऊढा येन] पुं० (A) विवाह के समय गर्भवती का पुत्र ; the son of a woman pregnant at marriage. (B) चोरो के माल के साथ पकड़ा चोर; a thief caught with the stolen property in his possession. —दर पुं० सगा भाई ; co-uterine. —पपतिवेश्मन् वि० पिशुन, परदोषख्यापक ; backbiter, slanderer. —होर वि० अच्छा ; good, excellent.

सह्य (1) पुं० पश्चिम भारत का प्रमुख पर्वत, इसकी शृंखला ताप्ती से लेकर नीलगिरि तक चली गई है; the famous western mountain, which extends from Tāptī to the Nīlagiris. (2) वि० 'that can be tolerated'. सह्योत्तर पुं० पश्चिमी घाट का उत्तरी भाग ; the northern part of the Western Ghāṭs : Garo Hills (?)

सांयात्रिक पुं० पोतवणिक् ; sea-farer, trader by sea. —युगीन [संयुगे साधुः] वि० रणकुशल, अजेय ; skilled in warfare, not to be conquered in battle. —राविण न० संमिलित रव या आराव, कोलाहल, कलकल ; mixed noise (of birds) : सांराविणं वर्तते. —वत्सर [संवत्सरं वेत्ति] पुं० ज्योतिषी, देवलेखक, कार्तान्तिक ; astrologer=सांवत्सरिकः, ज्यौतिषीकः. —वर्तक [संवर्तं प्रलयं कुर्वन्तः मेघाः] पुं० प्रलयकारी मेघ ; dissolution-clouds. —वादिक पुं० नैयायिक, तार्किक ; one skilled in logic. —वाशिन न० गौओं और बछड़ों की मिली रांभ; bellowing together of the cows and calves. —शयिक वि० संशयापन्न-मानस, संशयालु ; suffering from doubt, doubtful. —सारिक वि० संसारि ;

worldly, mundane. —सिद्धिक वि० स्वभावसिद्ध, स्वतः-सिद्ध, स्वाभाविक, पशुवत् दण्डार्ह अथवा साध्य; natural, innate, to be tamed like an animal : एवं सांसिद्धिके लोके सर्वं दण्डे प्रतिष्ठितम् [MBh. XII. 15. 6.]. —हित वि० संहिता का व्याख्यान, संहिता की वृत्ति; work explaining the Saṁhitā, i.e. Ṛgveda.

सा अधिवेत्तव्या स्त्री के रहने पर भी वह स्त्री विवाह लेनी चाहिये ; one should remarry though one's first wife is alive.

साकम् क्रिवि० एक साथ, उसी समय, साथ ; together, at the same time, jointly.

साकंज वि० साथ उत्पन्न; being born together. साकमेध पुं० चातुर्मास्य का तृतीय पर्व ; name of the third parvan of Cāturmāsya. साकंभरि [-रि, -री] स्त्री० शाकंभरी देवी ; the goddess Śākambarī, whose *shrine is worshipped in Ghāṛ of Sahāranpur* district in U. P.

साकार वि० मूर्तिमान् ; having form or shape. —कृत, —म् क्रिवि० साभिप्राय, ध्यान से ; intentionally, attentively. —केत वि० ज्ञानवान् ; knowing.

साक्ष वि० आंखों वाला ; having the eyes. —क्षात् क्रिवि० प्रत्यक्ष, स्पष्टतः, साफ तौर से, सीधे ; plainly, exactly, directly. —क्षिन् पुं० साक्षात् द्रष्टा, अनुदर्शी, गवाह, (आत्मा की तरह) द्रष्टृमात्र ; the eye-witness, mere spectator and not doer. —क्षिप्त [आक्षिप्तमाक्षेपो मनोवैकल्यं तेन सह] —म् क्रिवि० विकलता के साथ; with a confused mind. —क्षिप्रत्यय पुं० गवाह का बयान ; evidence of witness. —क्ष्य [साक्षिणि भवम्] न० गवाही ; evidence. —क्ष्य [सख्युर्भावः कर्म वा] (1) न० साहचर्य; association. (2) वि० सखि-संबन्धी; pertaining to a friend.

सागद [स+अ-] वि० औषध के साथ ; accompanied by medicine. —गर पुं० वेलालय, समुद्र ; ocean (said to have been dug by the sons of Sagara). Sāgaras are seven : लवणोदः सुरोदश्च क्षीरोदश्च घृतोदकः । इक्षुदश्च जलोदश्च दध्योदः सप्त सागराः. —रमेखला 'ocean-girdled earth'. —राम्बरा (1) वि० 'ocean-clad'. (2) स्त्री० 'earth'. —ग्नि वि० सदारः; married : अनग्निः 'स्नातको ब्रह्मचारी वा', साग्निपुरोगमाः 'अग्निना पुरःसरेण सहिताः'. —ग्निचूर्ण न० 'a machine emitting fiery balls with the force generated by fiery compound'. साग्र वि० समग्र ; whole, complete.

सांकाश्य न० फर्रुखाबाद जिले में इक्षुमती [=ईखन] नदी के तट पर बसा 'संकसिया' नगर ; modern 'Saṁkasiyā' town in Farrukhābād district (U. P.).

सांकृटिन न० व्यापक क्लेश ; distress on all sides.

सांख्य [आत्मनो जडवर्गात् पृथग् ग्रहणम्] न० (A) प्रकृति-पुरुष-विवेक ; discrimination between Prakṛti and Puruṣa. (B) कपिल द्वारा प्रवर्तित, तच्छिष्य आसुरि द्वारा प्रचारित, तच्छिष्य पञ्चशिख द्वारा ग्रन्थरूपेण प्रवर्तित शास्त्र, संख्या से संबद्ध शास्त्र, सांख्य शास्त्र का तीन गुणों से संबन्ध है: सत्त्व, रजस्, और तमस्, जिनकी साम्यावस्था में विक्षोभ आते ही महत्तत्त्व, अहंकार, पञ्च तन्मात्राएं, और उनसे महाभूतादि की सृष्टि-प्रक्रिया चल पड़ती है । सांख्य मूलतः प्रकृति तथा पुरुष इन दो तत्त्वों पर आधृत है; the Sāṁkhya philosophy which admits *Prakṛti* and *Puruṣa* as two independent entities; the former being the perfect equilibrium of *Sattva*, *Rajas*, and *Tamas*, which, the moment they are disturbed, give rise to *Mahat*, *Ahaṁkāra*, the five *Tanmātrās* etc. *Puruṣas are numberless and they have* absolutely nothing to do with the creation. सांख्यज्ञानम् 'विवेकजं विज्ञानम्', सांख्यप्रसादः'आत्मानात्मविवेकेन प्रसीदतीति, ज्ञानैक-लभ्यः शिवः'. —प्रवचन न० योगदर्शन, सांख्योक्त तत्त्व-ज्ञान का सिंहावलोकन करके तदनुकूल क्रिया-योग का विस्तार करता है ; इसी कारण इस का 'सांख्य-प्रवचन' यह नाम पड़ा है ; the Yogadarśana accepts the philosophy of Sāṁkhya to which it contributes Yoga, i.e. the science of the concentration of mind for which it adopts Īśvara, whom Sāṁkhya does not expressly admit and for whom there is no necessity in the Yoga either; for, Yoga does not mean 'joining with God', but concentration of mind on one's own self. —वृद्ध पुं० कपिलमुनि; the hoary Kapila. —सप्तति स्त्री० ईश्वरकृष्णरचित 70 कारिकाओं की सांख्यकारिका; name of Sāṁkhyakārikā of Īśvarakṛṣna, having 70 kārikās.

सांगतिक वि० वृत्यर्थं संगत में रहने वाला ; one living in association for his living.

सांग्रामजित्य न० युद्ध में विजय ; victory in battle. —मिकत्व न० रणकौशल ; skill in battle.

सांघात्य न० संधिभङ्ग ; breach of alliance [Daśa. II. 55.]. —घिक पुं० [बौद्ध] संघ का सभासद ; member of a community of Buddhist monks.

साचि अ० क्रिवि० तिर्यक्, तिरस्, तिरछे; crookedly, obliquely. —विलोकित न० तिर्यक् देखना ; looking at sideways.

साचिव्य न० सचिवपन, साथ, मैत्री, सहायता; companionship, fellowship, the office of a counsellor,

assistance.

साचीकृत वि० वक्रीकृत, तिरछा या टेढ़ा किया, एक ओर को किया; made crooked, inclined, averted. —चीन वि० तिर्यक् चलने वाला ; going obliquely. —जात्य न० सजातिता ; community of race with. —ञ्जन वि० अञ्जन-सहित ; having pigment.

साट्टहास, —म् क्रिवि० ऊंची हंसी के साथ ; with a loud laughter. साढ वि० विजयी ; conquering. साण्ड [स+अण्ड] पुं० सांड ; uncastrated bull.

सात न० शात, मङ्गल, भद्र ; welfare. —तला स्त्री० थोहर ; a leafless plant whose sap is used in treating ring-worm etc.

सातत्य न० अविच्छेद; continuity, non-intervention.

सातवाहन पुं० यक्ष है वाहन जिसका, सप्तशतीकार हाल का नाम; riding on Sāta (a Yakṣa), name of Hāla, the author of Saptaśatī (in Prākrit).

साति [√सा or √सन्] स्त्री० अवसान, प्राप्ति, दान ; end, acquiring, giving away. —तिसार [स+अ-] पुं० अतिसारग्रस्त ; one suffering from dysentery.

सात्मता स्त्री० समानात्मता, समानरूपता, सायुज्य ; community of essence or nature.

सात्वत [सत्त्वेन तायते पालयति वा, सत्त्वं तनोति विस्तारयति वा सत्वतः, सत्वत एव सात्वतः, स्वार्थे तद्धितः] (1) पुं० मनु (X. 23.) के अनुसार सात्वत लोग व्रात्य वैश्यों की संतान थे। पार्जिटर के अनुसार सात्वत यादव थे ; according to Manu (X.23) the Sātvatas descended from Vrātya Vaiśyas, which would indicate a mixture with a yellow race. The Sātvatas were, however, held to be Yādavas. (2) वि० भक्त ; devoted. —ती स्त्री० चार वृत्तियों में से एक; the grandiose style of composition. —तीसूनु पुं० 'Kaṁsa, the son of Sātvatī'.

सात्त्विक वि० वास्तविक, अकृत्रिम, गुणी, सत्त्वगुण वाला, सत्त्व से उत्पन्न स्तम्भ आदि; real, not artificial, virtuous, having sattvaguṇa as predominant, natural indication of feelings or emotions in lit. —गुण पुं० आङ्गिकगुण, सत्त्वजन्य स्तम्भादिगुण आठ हैं ; eightfold indication of feeling : स्तम्भः 'निष्क्रियाङ्गता' 'inability to move (involuntary state or paralysis), स्वेदः 'perspiration', रोमाञ्चः 'horripilation', स्वरः-विकारः 'change of voice', वेपथुः 'tremour', वर्णः-विकारः 'change of colour' = वैवर्ण्यम्, अश्रु 'tears', प्रलयः 'mental absorption or fainting.

साद [√सद्] पुं० खेद, क्षय, दौर्बल्य, पतलापन, निर्वेद ; weariness, decay, weakness, slenderness : शरीरसादादसमग्रभूषणा [Raghu. III. 2.]. —न [in यमसादन] पुं० मृत्यु, मृत्यु की मृत्यु = विष्णु ; epithet of Viṣṇu=सादनम्, सदनम्. —दर वि० आदर वाला, खयाल करने वाला ; respectful, careful. —म् क्रिवि० 'respectfully'.

सादि [-दि] पुं० सादिन्, अश्वारोह ; rider. —त [√सद् णि०] वि० पीडित, छिन्न, नाशित, विजित; afflicted, cut, destroyed. Note उत्सादितम् 'विजनीकृतम्' [वनम्]. —दिन् (1) पुं० अश्वारोह; rider. —न् (2) वि० घुड़सवार; rider of a horse. —बल न० अश्वबल, घुड़सवारों की टुकड़ी ; army of horsemen.

सादृश्य [समाना दृक् दर्शनं ययोस्तौ सदृशौ, तयोर्भावः] न० तुल्यता, समानता ; resemblance, likeness. —देश्य न० समानदेशता, एकदेशता; commonness of position.

साद्य पुं० सादनीय शत्रु ; enemy (to be crushed). —स्क (1) पुं० ज्योतिष्टोम का विकार सोमयाग-विशेष ; a particular Soma sacrifice. (2) वि० सद्यः-फलकारी; readily yielding fruit.

√साध् ['संसिद्धौ', साध्नोति, साधयति, -यते] लक्ष्य पर आना या लाना, साधना, सफलता पाना, पूरा करना, लेना, जाना, मारना, कर्ज वसूल करना; to come or bring to goal, succeed, accomplish, go, kill : साधयस्व पितामहम् [MBh. VI. 108. 56.], to realise debt : शुल्कमिव साधयन्तः [Mṛc. VII. 1.].

साधक (1) वि० साधना या तपस्या करने वाला, साधने वाला, निष्पादक, प्रवीण; practising penance, accomplishing, effecting, skilful. (2) —कः पुं० ओझा; magician. —धन (1) वि० काम साधने वाला ; लक्ष्य पर पहुँचाने वाला ; leading to a goal, accomplishing, effecting. (2) —म् न० साधना, निष्पादन, निर्वर्तन, अभियोग दायर करना, पूर्णता, प्राप्ति (किसी उद्देश्य की), प्राप्ति का जरिया, उपाय, कारण, उपकरण, इन्द्रिय, लिङ्ग, मेढ्र, औषध, सैन्य, हेतु, व्याप्य, तपस्या, मोक्षप्राप्ति, धन अथवा जादू से वशीकरण, मारण : मत्साधनेच्छया प्राप्तः [Hari. II. 22. 46.], धातु का शोधना, मारना या फूकना, शवदाह ; the act of accomplishing, effecting, taking action, suing in a court of law, completion, means, efficient cause, instrument, bodily organ, penis, drug, army, a reason or premise leading to a conclusion, middle form or *hetu* in a syllogism, penance, deliverance, subduing by charms or magic, killing or heating metals, burning on the funeral pile.

साधर्मिक वि० समानधर्मा ; of the same faith. —धर्म्य [समानो धर्मो ययोस्तौ सधर्मौ तयोर्भावः] न० सधर्मता ;

sameness of nature, likeness.

साधारण [सह धारणया] वि० समान, निर्विशेष, सामान्य, विश्वजनीन ; belonging to many, common to many, alike, similar, universal. —णी वेश्यानेत्री ; courtesan as heroine. —णधर्म पुं० सामान्य धर्म : अहिंसा, सत्य, अस्तेय, शौच, इन्द्रियनिग्रह, क्षमा, आर्जव, दान; universal duties : non-injury, truth, non-stealing, self-control, patience or forbearance, straightness and charity. —णीकरण न० साधारणत्वापादन ; नाटक में विभावानुभावव्यभिचारी भावों तथा स्थायी भावों का सामान्यीकरण: समुद्रोल्लङ्घन तो हनूमान् करता है, किंतु प्रेक्षक का उसके साथ निर्विशेषीकरण हो जाने से प्रेक्षक उस व्यापार को स्वयं करता अनुभव करता है ; the unity of the hero, actor and spectator in a drama.

साधित वि० निष्पादित, निराकृत, दण्डित, दापित, वशीकृत, हत ; accomplished, humbled, punished or caused to pay, controlled, killed.

साधिष्ठान न० सुषुम्णा नाड़ी के मध्य चक्र-विशेष ; a particular wheel in the middle of Suṣumṇā in the midst of six cakras. साधीयसी संधा दृढ़तर प्रतिज्ञा ; very firm resolve or oath. साधु [साधीयस्, साधिष्ठ] (1) ऋजु, भद्र, शिष्ट, शोभन, कान्त, पवित्र, गुणवान्, कुलीन, वार्धुषिक; straight, right, righteous, good, beautiful, pure, virtuous, meritorious, of high lineage, usurer. (2) —धु पुं० भला व्यक्ति, ऋषि ; a good and virtuous man, saint, sage. —ध्वी स्त्री० सुचरित्रा, पतिव्रता ; faithful wife. —धु क्रिवि० अच्छा, खूब, ठीक, अवश्य, लोट् के साथ 'आओ'; bravo, rightly, indeed, with imperative 'come' : दमयन्त्याः पणः साधु वर्तताम्, come, let Damayantī be played for as a stake, साधु यामि, well, I shall go. Note साधुजाता 'सुरूपा' सीता. —कर वि० साधुकर्ता ; causing the good. —कार पुं० साधु साधु यह कथन ; saying साधु, साधु. —कारिन् वि० चतुर, प्रवीण; clever, skilled. —देविन् वि० खेल में प्रवीण ; having luck at play. —वाद पुं० प्रशंसा-सूचक वाहवाह; praise, exclamation of (approval or) surprise [Daśa. IV. 85.]. —वाहिन् पुं० सधा घोड़ा ; well trained horse. —वृत्त (1) न० सच्चरित्र ; good conduct. (2) वि० सदाचारी ; of good conduct.

साध्य (1) वि० निष्पाद्य, अनुमेय, विजेय, चिकित्स्य (रोग); to be accomplished, feasible, to be inferred or concluded : अनुमानं तदुक्तं यत् साध्यसाधनयोर्वचः [KPr. X.], to be subdued or conquered, curable. —ध्य पुं० प्राचीन देव, आरुरुक्षु यति ; a class of gods, ascetic seeking salvation. —म् न० निष्पत्ति, परिपूर्णता, साधनीय वस्तु ; accomplishment, perfection, the thing to be proved or established, the matter at issue. —पक्ष पुं० शिकायत, इस्तगासा ; the plaint in a law-suit. —पाद पुं० निर्णय ; judgement, decision.

साध्वस [=स-ध्वसता] न० संरम्भ, डर, उत्त्रास, भय, हर्षातिरेकजन्य विकलता ; perturbation, perplexity, fright, perplexity due to excess of joy. Note विस्मयानन्दसाध्वसाः 'surprise, joy and perturbation'.

सानसि [√सन्] पुं० हिरण्य ; gold. —नाथ्य न० उपकार, सहायता ; doing good to others. सानिका [√सन्] स्त्री० पाइप, मुरली; pipe, flute=शानेयिका, सानेयी.

सानु [√सन्, स्नुः] पुं० प्रस्थ, चोटी, शृङ्ग, पर्वतशिखर, ढलान या किनारा, मार्ग, वात्या, वन ; summit, mountain-top or slope, way, storm, forest. —क्रोश [स+अनु-] वि० दयालु ; kind, favourably disposed. Note अनुकम्पा 'परदुःखेन दुःखित्वम्', कृपा 'परदुःखपरिहारार्थो यत्नः'. —ग [स+अ-] वि० भृत्यसमेत ; with attendants. —वादिन् वि० 'accompanied by echo'. —नीति क्रिवि० 'with conciliation or courtesy'. —बन्ध वि० सतत, अटूट, ससहाय, सपरिवार, सपरिजन ; continuous, uninterrupted, accompanied by friends : सानुबन्धं पराजितम् [MBh. I. 133.]. Cp. सानुबन्धा उल्का 'सपुच्छा उल्का'. —बाधन वि० दीर्घकालीन रोगोत्पादक; producing long-standing disease (leprosy etc.). —मत् पुं० पर्वत ; mountain : having peaks. —यात्र [शिबिरमापदाद्याहर्तुमिरनुगतः] वि० सानुचर ; with attendants. —सृतास्रकण्ठी स्त्री० अनुगतबाष्पकण्ठी ; choked with weeping (Sītā, Rām.).

सानूकर्ष वि० जुता ; yoked : रथाः सानूकर्षाः.

सांतपन (1) —म् न० व्रतविशेष ; penance in which *Pañcagavya* and *Kuśodaka* are taken on the first day and fast is observed on the second. (2) वि० संतापकारी; heating, tormenting. —न्तराल वि० संकीर्ण सहित वर्ण, व्यवहित, सच्छिद्र; varṇas including mixed castes, having interstices. —न्तर्देश वि० उपदिशाओं समेत ; accompanied by the intermediate quarters. —र्हास —म् क्रिवि० 'smilingly'.

सांतानिक (1) वि० संतानी अर्थात् प्रसारी, संतान-संबन्धी ; extending, spreading, relating to offspring. (2) —कः पुं० विवाहार्थी ब्राह्मण ; a Brahmin, who wishes to marry for the sake of issue. —सांता-

निकाय्यो लोकः [ब्रह्मलोकादनन्तरो लोकः] a particular heaven. —म् न० सांतानिक कर्म, संतत कर्म ; flowing unbroken, but with a beginning and with an end.

सान्त्व [√षान्त्व् 'सामप्रयोगे', सान्त्वयति] पुंन० साम, अत्यर्थ मधुर-वचन, तसल्ली, निष्कपट प्रिय-वचन, अनुनयन, प्रणति, दिलासा; conciliatory speech, consolation, conciliation = सान्त्वनम्, सान्त्वना

सांदीपनि पुं० 'a sage, who was the tutor of Kṛṣṇa and Balarāma'. —दृष्टिक (1) वि० तात्कालिक, वर्तमान दृष्टि से संबद्ध, सद्यः-फल ; relating to the present perception, visible at the same time, immediate result. Cp. चदर्कः 'फलमुत्तरम्'. (2) —दृष्टिकम् न० तुरत फल ; immediate consequence.

सान्द्र (1) वि० घन, निरन्तर, निविड, अव्यवहित, ठोस, प्रचुर, उत्त्वण, उदीर्ण, श्लक्ष्ण, चिकना, मृदु, प्रसादक ; close, compact, thick, abundant, intense, smooth, soft, pleasing. (2) —न्द्रः पुं० ढेर, राशि ; heap, cluster. सान्द्रानन्दनिर्भरः 'निरतिशयानन्दः'. —स्निग्ध वि० =मेदुरम्.

सांधिक पुं० शराव खींचने वाला ; distiller. —धिविग्रहिक पुं० परदेश-मन्त्री या विदेश-मन्त्री, संधि और विग्रह का अधिकारी ; minister for foreign affairs, minister in charge of peace and war.

संधिवेल वि० संध्या-संबन्धी ; relating to evening or produced in the evening. सान्ध्य वि० संध्याकालिक ; relating to evening.

सान्नमक्ष [अन्नमोदकहस्तः] वि० भोज्य-सहित ; together with eatables.

सांनहनिक वि० संनहन अर्थात् युद्ध की तैयारी से संबद्ध; relating to preparation for war. —नाय्य [सम्यङ्नीयते होमार्थमग्निं प्रति] न० साकल्य, समष्टि, हवि, हविष्य, दध्यादि आज्य ; entirety, curd and milk offering. —य्यपात्र न० सांनाय्य के पात्र ; sacrificial vessels for curd and milk. —हिक वि० समरोद्यत ; ready for war. —की [संनद्धाः सर्वे भवतेति सूचयन्ती] स्त्री० युद्धघोषक भेरी; drum announcing war. —सांनाह्यः पुं० समरोचित हस्ती ; elephant fit for war. —हुक वि० संनाहशील, कवचधारी ; prone to put on armour. —निध्य न० संनिधि, सामीप्य, उपस्थिति, स्थान ; nearness, presence, place. —पातिक वि० (A) संनिपत्योपकारक ; coalescing. (B) संनिपातजन्य ; associated with typhoid.

सापत्न (1) वि० सौत से पैदा ; born of a co-wife, half-brother=पत्न्यः. (2) —म् न० जातिवैर ; inherent enmity : मूषक-मार्जारयोः.

सापाय [स+अ-] वि० हानिकारक, क्लेशापन्न ; harmful, dangerous, undergoing misfortune : घोर-प्रशान्तं सापायम् [Daśa. III. 44.]. —पेक्ष [=सावेक्षः] वि० निम्न दृष्टि वाला ; with his eyes looking downwards. —क्षत्व न० सहेतुकता ; condition of being dependent on a cause.

साप्तपदीनक न० सख्य ; friendship formed by seven steps. —पौरुषी वि० सप्त पुरुष अर्थात् सात पीढ़ियों तक पहुंचने वाली ; extending to seven generations.

साफल्य न० सफलता, लाभ ; fruitfulness, success, advantage. —बाध [स+आ-] वि० रोगी ; ill, sick. —भिसर वि० स-सहाय ; accompanied by helpers. Note साभ्रसंप्लवा 'समेघसंचारा द्यौः'.

साम [स+आ-] वि० कच्चा, अनपचा ; connected with indigestion, undigested. —ग पुं० 'Udgātṛ priest'. Cp. सामिकव्रतधर 'सामिकानां सामगानां व्रतं वेदव्रतं धारयतीति'. —मग्री स्त्री० संभार ; goods and chattels. —मज पुं० 'elephant'. —ञ्जस्य न० औचित्य, संगति ; propriety, consistency.

सामन् [√सम् 'अवैकल्ये', समति or √सन्+मन्] न० ऋचाओं में गान [साम ऋक्षु गानं, गीतं लौकिकं गानम्], सान्त्व, शान्ति, समाई, मैत्री, स्थिर मति, सूनृत वाणी ; music applied to *ṛks*, tranquillity, conciliation, fixed understanding, sweet speech. सामनी स्त्री० रस्सी; rope for tying cattle = साम्नी. Note सामप्रकर्षः 'शान्तरसः' [Daśa. IV. 53.].

सामन्त [समीपदेशे स्थितः] पुं० पड़ौसी, समीपविषयवासी राजा, माण्डलिक कर-द राजा, प्रतिपक्षी राजा ; neighbour, vassal paying tribute, hostile chieftain. —न्तराज पुं० सीमावर्ती राजा ; a border chieftain. सामन्य [सामसु साधुः] वि० सामज्ञ ; a man good at chants.

सामय वि० आतुर ; ill=अभ्यान्तः, व्याधितः, ग्लास्नुः.

सामयिक [समयः प्राप्तोऽस्य] वि० समयानुकूल, कृत्रिम ; timely, created [opp. to नैसर्गिक].

सामयोनि पुं० 'हस्ती'=सामजः.

सामर्थ्य न० शक्ति, प्रभाव, अनुभाव, बल, उपयुक्तता; strength, ability or capacity for, influence, suitableness.

सामवायिक [समवाये भवः] (1) पुं० संघमुख्य सचिवादि ; chief of servants, minister etc. (2) वि० समवाय से संबद्ध ; belonging to an assembly, relating to Samavāya sambandha. —वाद पुं० शान्ति-वार्ता ; talk of conciliation.

सामवेद पुं० गीतियों का वेद; इस वेद में 1549 मन्त्र हैं जो, 75

मन्त्रों को छोड़कर, सब के सब ऋग्वेद से लिये गये हैं। सामवेद के दो भाग हैं : पूर्वार्चिक और उत्तरार्चिक। पूर्वार्चिक में 6 प्रपाठक हैं जबकि उत्तरार्चिक में 9। सामवेद के सभी मन्त्र सोम-यागों पर गाने के लिये हैं ; the Veda of chants. The Sāmaveda consists of 1549 stanzas, distributed in two books called Ārcikas or collections of *ṛks*. The first Ārcika is divided into 6 Prapāṭhakas, while the second has 9. This Veda was compiled exclusively for ritual application; for the verses of which it consists are all meant to be chanted at the ceremonies of the Soma-sacrifices. Note गानप्रमापम्='गान्धर्व-शास्त्रम्'.

सामाजिक [समाजं रक्षति] (1) वि० समाज-संबन्धी, सभ्य ; belonging to an assembly, social. (2) पुं० समासद्, member, spectator.

सामात्य वि० अमात्य-समेत ; with ministers : अमात्याः 'कर्मसहायाः'.—**नाधिकरण्य** [भिन्न-प्रवृत्ति-निमित्तप्रयुक्तस्यानेकस्य शब्दस्यैकस्मिन्नर्थे प्रवृत्तिः] न० एक ही अर्थ में प्रयोग, समानाधिकरणता ; the being in the same predicament, grammatical co-ordination. Cp. समानाधिकरण. —**मानिक** [समाने भवम्] न० समानता, तुल्यता; equality, the being equal.

सामान्य (1) वि० समान, साधारण, सबके लिये एक सा, दैनिक, मामूली, समग्र, अशेष ; common, general, equal, of daily occurrence, commonplace, magnificent, entire, whole. (2) —**म्** न० (A) जाति अर्थात् गो आदि विभिन्न पिण्डों में विद्यमान गोत्व : 'सामान्यमेकत्वकरं विशेषस्तु पृथक्त्वकृत्। तुल्यार्थता हि सामान्यं विशेषस्तु विपर्ययः' ; the Idea of Plato and not Genus, generic property. (B) एक अलंकार जिसमें गुणगत साम्य के आधार पर प्रस्तुत की अप्रस्तुत के साथ एकरूपता बताई जाती है; a figure of speech : identification where the object described is represented as identical with another (not being described) : प्रस्तुतस्य यदन्येन गुणसाम्यविवक्षया। ऐकात्म्यं बध्यते योगात् तत् सामान्यमिति स्मृतम् [KPr. X. 134.]. —**लक्षण** न० स्वलक्षण के विपरीत, कल्पित, सामान्य, गुण, कर्मादि से संपन्न ज्ञान ; the universal is opposed to svalakṣaṇa; it immediately follows 'Svalakṣaṇa'. The universal is only a generalized form imposed by our mind on the svalakṣaṇa or unique particular grasped in pure sensation. This is savikalpaka pratyakṣa of the Nyāya-Vaiśeṣika. —**शास्त्र** न० सामान्य नियम; general rule.

सामि अ० अर्ध, बीच में, निन्दित; semi, too soon, contempt : सामिकृतम् 'अकृतम्'. —**घटित** वि० अर्धनिर्मित ; half-built or half-made. —**मित** न० गोधूम चूर्ण ; wheat-flour. —**धेनी** [अग्निसमिन्धनसाधनभूता ऋक्= धाय्या] स्त्री० अग्नि जलाने में प्रयुक्त ऋचा : प्र वो वाजा: RV. 3.2.15; 11 ऋचाएं ; stanzas used in kindling fire Masc. : सामिधेन्यो मन्त्राः. —**भुक्तविषय** वि० जिसने आधा उपभोग किया है ; with half enjoyed pleasure.

सामीची स्त्री० प्रशंसा, स्तुति; praise. —**मीप्य** न० नजदीकी; nearness, proximity.

सामुद्र (1) वि० समुद्र-संबन्धी, समुद्रज ; oceanic, marine : सामुद्रं लवणम्. (2) —**द्रः** पुं० समुद्री, समुद्र-यात्री, समुद्र-द्वीपवासी ; mariner, inhabitant of island. —**म्** न० समुद्री नमक, शरीर पर चिह्न, शरीर-लक्षण-ग्रन्थ ; sea-salt, marks on the body, treatise dealing with those marks. —**द्रक** न० शारीरिक चिह्नों से संबद्ध शास्त्र, समुद्री नमक ; work describing the various marks on the body, sea-salt. —**कुक्कुट** पुं० समुद्र-तटवर्ती शूद्र राजा ; the Śūdra kings of the sea-coast. —**निष्कुट** पुंवि० समुद्र-तीर-वासी ; inhabitants of the sea-coast [mentioned in MBh.]. —**द्रिक** (1) —**म्** न० शरीर-रेखाशास्त्र ; science dealing with the marks on body. (2) —**कः** पुं० हस्तरेखाविद्, समुद्रोपान्तवर्ती ; palmist, one residing on the sea-side. —**द्रिका** स्त्री० समुद्री बोट ; oceanic boat.

सामेधिक वि० भावी उदय का ज्ञाता; one knowing future prosperity.

सांपन्निक वि० धनिक ; having wealth : संपन्नम् 'धनम्'. —**राय** [√इ] (1) पुंन० समूह, संग्राम, संकट, आपत्काल, परलोक, भविष्य, भविष्य-विषयक जिज्ञासा, जिज्ञासा, लयाधिष्ठान ; conflict, danger, moment of danger, next world, future, inquiry into the future, inquiry, that into which everything merges. (2) वि० युद्ध संबन्धी, पारलौकिक ; relating to war or the future world. —**रायान्तराय** पुं० युद्ध में बाधा ; obstruction in battle. —**रायिक** [संपरायाय प्रभवति] वि० परलोक बनाने वाला, युद्ध-योग्य, युद्धार्थक, आपत्ति में हित ; conducive to the next world, fit for battle, useful in calamity. —**यिककल्प** पुं० युद्ध-विधि ; methods or ways for waging war.

सांप्रत वि० युक्त, उचित, हित; beneficial. —**म्** क्रिवि० अधुना; now. —**तिक** वि० न्याय्य, युक्त, उचित, सम; just, proper, moderate. —**दायिक** वि० संप्रदाय-संबन्धी, परंपरागत ; relating to traditional doctrine, traditonal.

सामनस्य न० ऐक्य, मन मिलना, आनुकूल्य, संमनस्कता; like-mindedness. —मातुर पुं० वह जिसकी माता तो वही हो किंतु पिता दूसरा हो; son born of the same mother but from a different father.

साम्य न० समानता, समता, अवैषम्य, पद की बराबरी, साम [साम्नो भावः]; likeness, equality, equality of position, conciliation [MBh.].

साम्युत्थान न० आधा पूरा करके उठ बैठना ; to give up in the middle.

साम्राज्य [धर्मेण देशपालनम्] न० प्रभुता, आधिपत्य ; sovereignty.

साय [√सो] पुंन० दिनान्त, सांझ ; evening. —यम् अ० 'evening'.

सायंप्रातर् क्रिवि० सांझ-सवेरे ; in the evening and morning.

सायक [√से] पुं० वाण, खड्ग ; arrow, sword.

सायंगोष्ठ वि० सांझ के समय जो पशु वाड़े में रहते हैं ; cattle enclosed at night in the enclosure or pen.

सायंतन वि० संध्याकालीन ; belonging to the evening; so are : प्राह्णेतनम्, प्रगेतनम्=प्रत्नम्.

सायंधूर्त पुं० 'evening as lover'.

सायाह्न [सायोऽह्नः] पुं० दिनान्त ; evening.

सायुज्य [सयुग्भावः] न० ऐक्य, तादात्म्य, सहभाव ; oneness, sameness, togetherness, company.

सार [√सृ] (1) वि० यथार्थ, असली, उत्तम : चन्दनसारः 'चन्दनोत्तमः', प्रधान : कृष्णसारः 'कृष्णप्रधानः प्रायशः कृष्णः', दृढ [opp. to असार 'feeble'], ठोस, निविड : सारगात्रः 'निविडावयवः', न्याय्य ; real, essential, best, most excellent, predominant, solid, firm, just. (2) —रः, —रम् पुंन० तत्त्व, स्थिरांश, शरीर की उत्कृष्ट धातु, उपादेय तत्त्व या वस्तु : सारसाधनसमुदयेन 'शत्रुविजयसमर्थचतुरङ्गबल संनाहेन [Mudrā. VI.], गूदा, नवनीत, मलाई, स्यामन्, तात्त्विक ऊर्जा, ग्रन्थ का सार, विषय : निरभिभवसाराः परकथाः [Niti. 57.] 'अनिन्दापराः परकथाः' ; the core of a thing, marrow or the real constituent of the body, a thing to be desired, sap, butter, cream, strength, stamina, excellence, summary, content. —रः पुं० एक अलंकार, जिसमें पूर्व-पूर्व की अपेक्षा उत्तरोत्तर का उत्कर्ष दिखाया जाता है ; a figure of speech : climax : is the successive rising in the excellence of things to the highest pitch : उत्तरोत्तरमुत्कर्षो भवेत् सारः पराषधिः [KPr. X. 123.]. Cp. अनुसारः 'पृष्ठतो धावनम्'.

सारक पुं० रेचक, दस्तलेद ; purgative. अपसारः 'escape', अभिसरः 'attack'. —गन्ध पुं० 'sandal-wood'. सारग्रीवः 'दृढकन्धरः शिवः'. —घ न० सरघा अर्थात् मधुमक्षी का बनाया मधु, माक्षिक ; derived from bees, honey.

सारंग [=साराङ्ग:] (1) वि० शवल, कर्बुर, चित्रवर्ण ; spotted, variegated. (2) —गः पुं० हिरण, चातक, भ्रमर, चित्र वर्ण, धनुष; deer, cātaka bird, bee, variegated colour, bow. Note कृष्ण-सारंगः 'भ्रमरः', सारंगशवलः 'सारंग इव अन्तरे विन्दु-चितः'. —जग्ध वि० जिसने चातक या हिरण खा लिया है ; one who has devoured a cātaka or a deer. —गिक पुं० व्याध ; hunter.

सारज न० 'नवनीत' ; butter. —रण (1) वि० प्रवाहक ; causing to flow. (2) —णः पुं० पेचिश ; dysentery. —म् न० एक प्रकार का अतर, लोहे का मुर्चा ; kind of perfume, iron-rust. —णा स्त्री० मूर्छना ; regular rise and fall of tone, modulation. —णि स्त्री० कुल्या, नाली, नदी, नलकी, टाइम-टेबल ; canal, drain, stream, water-pipe, time-table = —णी. —णिक पुं० यात्री ; traveller.

सारतस् क्रिवि० धन या शक्ति को देखते हुए, प्रकृत्यनुसारम्, संक्षेपेण, संग्रहेण; with regard to riches or strength, according to nature, in short. —रता स्त्री० उत्कृष्टता ; excellence. —रथि पुं० रथवाहक, नियन्ता, सूत ; charioteer (driving on the same chariot). —रथ्य न० सईसी ; coachmanship. —रनिर्व्यूह वि० दृढ; firm.

सारफल्गुत्व न० सार और असार; substance and emptiness, importance and insignificance. —भाण्ड न० कस्तूरी आदि ; musk etc. precious objects. —मेय पुं० कुक्कुर, कुत्ता; dog : offspring of Saramā, of Saramā's race. —म्म —म् क्रिवि० जोर-शोर से ; vigorously. —योग पुं० ऊर्जा का प्रयोग; use of vital force. सारव वि० सरयू संबन्धी ; relating to Sarayū river. —वत् वि० स्थिर, मूल्यवान, रसवान्; hard, firm, valuable, containing sap. —वत्ता स्त्री० शक्ति, ऊर्जा; force, strength. —शून्य पुं० बांस; दे० त्वचिसार.

सारस (1) वि० सरस्-संबन्धी; pertaining to a lake. (2) —सः पुं० सारस पक्षी ; Indian crane. —म् न० 'पुष्करम्, पङ्केरुहम्'. —सी 'female crane'. —सन न० कटिसूत्र, कमरबन्द, काञ्ची ; strap to tie the armour with, girdle=संसप्तकी.

सारस्वत [सरस्वती देवता यस्य] वि० सरस्वती-देवताक, सरस्वती संबन्धी ; having Sarasvatī as deity, belonging to Sarasvatī. (2) —तः पुं० वह कवि जिसने सरस्वती को सिद्ध कर लिया है ; the poet who has duly devoted himself to Sarasvatī. —म् न० वाङ्मय, साहित्य ; literature.

सारांश [=प्रधानकार्थः] पुं० पिण्डार्थ; gist. —रासार [-रौ] पुं० सार और असार ; valuable and worthless.

सारि स्त्री० चौपड़ खेलने वाला, मैना ; chess-man, mainā bird. —का स्त्री० चौपड़ का खेल, मैना ; play of the chess, the bird mainā=शारिका ; cp. शार. —रिन् [-णः, काष्ठाग्निसंयोगान्निःसरन्तः कृत्रिमा अष्ट-गन्धादयः] पुं० काष्ठाग्नि-संयोग से निकलने वाले अष्ट-गन्धादि ; fragrant things coming out of burning wood. —णी स्त्री० कृत्रिम कुल्या ; canal = सारिणिः. —रिव =सारव. —रिसृक्क [सारिणी सृक्के गल्ल-गर्मौ यस्य] वि० वाह्य-भोगासक्त ; devoted to external enjoyment.

सारूढ [आरूढं सर्वत्र ख्यातिस्तद्युक्तः] वि० विश्रुत ; very famous. —रूप्य न० समानरूपता, समता ; sameness of form, similarity, likeness. —रोपा [लक्षणा] स्त्री० इस लक्षणा में आरोप्यमाण एवं आरोप-विषय दोनों का सामानाधिकरण्येन निर्देश होता है; this *lakṣaṇā* expresses both 'the imposed' as well as 'that is imposed upon' in the same case.

सार्गल वि० अर्गला से अवरुद्ध, रुका ; obstructed, closed. —र्जव वि० ऋजु, सीधा, भोला, सच्चा, निष्कपट; straightforward, honest, simple.

सार्थ [समानार्थः] पुं० संघ, सङ्गिवर्ग, पथिक, वणिक्-समूह, व्यापारियों का काफला, एक-जातीय प्राणिवर्ग ; travelling company of traders, caravan, multitude. —क वि० अर्थवान्, सफल; having meaning, fruitful. —घात पुं० संघ-भ्रंश ; wreck of the company of merchants or caravan. —र्थवाह पुं० काफले का सरदार, मार्ग-दर्शक, व्यापारी, वणिक् ; leader of the caravan, leader, merchant, trader. सार्थिक वि० काफले में चलने वाला ; travelling with caravan.

सार्द्र वि० क्लिन्न, रसीला, कामुक ; wet, moist, juicy, passionate. —र्ध वि० ड्योढ़ा ; plus a half. —म् क्रिवि० साथ ; together, jointly. —र्धंकार वि० साथ देने वाला ; collaborator. सार्पिष्क वि० घी में बना ; cooked in ghee.

सार्व वि० विश्वजनीन; good for all. —जनीन वि० 'सर्वलोकख्यातः'=सार्वलौकिकः. —ज्ञ न० सर्वज्ञता; omniscience. —त्रिक वि० 'सर्वत्रभावी'. —दिक्क वि० सर्वदिश्य ; pertaining to quarters.—धातुक [तिङ्-शित्सार्वधातुकम् P. III. 4. 113.] तिङ् और शित् = लट्, लोट्, लङ्, विधिलिङ् ; name of the verbal terminations of the four conjugational tenses (strictly, the personal terminations of all tenses and moods *except the Perfect and Benedictive*, and the affixes distinguished by a mute ś). —भौतिक वि० 'relating to all the elements'. —भौम (1) वि० समग्र या समस्त-भूमि-संबन्धी ; relating to or consisting of the whole earth. (2) —मः पुं० सर्वभूमीश्वर, सम्राट्, चक्रवर्ती, उत्तर दिशा का दिग्गज ; emperor, universal monarch, quarter-elephant of north. —वर्णिक वि० हर प्रकार का, हर वर्ण या कौम से संबद्ध ; of every kind, belonging to all the tribes or classes. —वेदस पुं० प्रजापति-देवताक याग, सर्वस्व दान वाली इष्टि ; a sacrifice wherein one gives away all his possessions. —वेद्य [सर्वे वेदाः सर्ववेदास्तानधीते सर्ववेदः स एव सार्ववेद्यः] पुं० सर्व-वेदाध्यायी ; one who has studied all the Vedas. —र्वायुष वि० परिपूर्ण आयु भोगने वाला ; enjoying full life. सार्षप न० सरसों का तेल ; mustard oil.

सार्ष्टिता [ऋष्टि-] स्त्री० समानैश्वर्यता, समानगतिता, तुल्यता ; the condition of having equal wealth, like gait, likeness.

साल पुं० सखुआ, वृक्ष, वरण अथवा वृति, प्राकार ; the Sāl tree, tree, wall, fence, rampart. सालकटंकटा 'माल्यवदादीनां पितामही विद्युत्केश-पत्नी', तस्या : संबन्धी सालकटंकटः. —निर्यास पुं० राल ; exudation from Sāl tree. —पर्णी स्त्री० सरिवन, 'विदारिगन्धा'. —भञ्जिका स्त्री० स्तम्भ पर उत्कीर्ण पुत्तलिका, पुतली या पुत्रिका, वेश्या; a puppet made on a pillar, courtesan. —वलय न० प्राकार-मण्डल; rampart : 'प्राकारो वरणः सालः' इत्यमरः.

सालावृक पुं० आरण्य श्वा, भेड़िया; wild dog, wolf; स्त्री० —वृकी. सालूर पुं० 'मण्डूकः'. सालोक्य न० सलोकता, समान-लोकवत्ता, सादृश्य, रम्यता ; the condition of belonging to or living in the same world, likeness, beauty.

साल्व पुं० सौम देश, संभवतः अलवर से उत्तरी बीकानेर तक का प्रदेश ; the region from Alwar to the northern Bikāner. —ल्वावयव पुं० साल्व जनपद के अवयव; division of the Sālva country : उदुम्बरास्तिलखला मद्रकारा युगंधराः । भुलिङ्गाः शरदण्डाश्च साल्वावयवसंज्ञिताः [Kāśikā on P. IV. 1. 173.]. —ल्विका स्त्री० साल्व देश की लप्सी ; rice-gruel of the Sālva region.

सावकाश वि० अवकाशवान्, कुशादा, जिसमें स्थान की कमी न हो, फ़ुरसत वाला; having plenty of room, not short of room, having leisure. —म् क्रिवि० फ़ुरसत से ; leisurely. —धान वि० 'attentive'. —वनीय वि० यज्ञीय ; belonging to or fit for sacrifice. —वमर्द —म् क्रिवि० औद्धत्येन ; insolently. —रोह वि० जटावान् ; having roots=banyan tree.

सावर्ण [in मेरुसावर्णः ; ब्रह्मसावर्णिः, रुद्रसावर्णिः, मेरुसावर्णिः,

दक्षसावर्णिश्च। एते मेरौ तपः कृत्वा सिद्धिं प्राप्ता इति सर्वेऽपि 'मेरुसावर्णा' इत्युच्यन्ते] पुं० 'the 8th Manu born of Saṁjñā wife of Sun, of the same varṇa'. सावर्ण्यकरणी स्त्री० खुरंड को साफ करके चमड़ी को एकसा करने वाली औषध ; ointment which removes scars.

सावलेप वि० अभिमानी, उद्धत, उल्ललित ; proud, arrogant. —म् क्रिवि० 'proudly'. —हर्म्य वि० सुघटित संस्थान वाला, कद्दावर ; of good build. —हित्यादरा स्त्री० दिखावटी आदर वाली ; pretendedly respectful (a woman in love).

सावित्र वि० सवितृ-देवताक, सवितृ-संबन्धी ; having Savitṛ as deity, belonging to Savitṛ. (2) —त्रः पुं० 'Hasta nakṣatra, Hara'. —त्रः —त्रम् 'यज्ञोपवीतम्'. —त्री [परमो जपः] स्त्री० (A) सविता के प्रति कही ऋचा : तत् सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात् [RV. III. 62. 10.] =गायत्री ; verse or prayer addressed to Savitṛ, name of the celebrated RV. stanza III. 62. 10, regarded as the most sacred verse of the Veda, and called Sāvitrī, being addressed to the Sun=Gāyatrī. (B) यज्ञोपवीत संस्कार, पार्वती, कश्यप-पत्नी, सूर्यपुत्री सूर्या, सत्यवान् की पत्नी ; name of Pārvatī, of the wife of Kaśyapa, epithet of Sūryā (daughter of Savitṛ), name of the wife of Satyavat, king of Sālvas. She was the only daughter of Aśvapati. Suitors that came to woo her were repulsed by her dazzling lustre, with the result that she found no one to espouse her. Thereupon her father permitted her to choose her own husband. She did so ; and having made her selection returned to her father and told him that she had chosen Satyavat. When Nārada heard her decision he told her that Satyavat was fated to die within a year. Hearing this her parents tried to dissuade her from this marriage; but she stuck to her resolve and ultimately she married him. She had hardly spent a year with him, when Yama came on the appointed day and took out the soul from Satyavat's body. But Sāvitrī entreated Yama to return his soul, which he did after he had tested her devotion to her husband. Sāvitrī is regarded as the ideal or the highest pattern of conjugal fidelity. —पतित वि० परिभ्रष्ट; one who has not been purified by the Sacred-thread ceremony. —व्रत न० 'ज्येष्ठकृष्णा-चतुर्दश्यां कर्तव्यं व्रतम्'.

साविष्कार वि० साहंकार; proud, arrogant. सावीचि पुं० नरक; hell. सावेग —म् क्रिवि० सत्वरम्; immediately.

साश्रुवर्ष —म् क्रिवि० आंसू दारते हुए ; shedding tears, cp. सासारा 'सधारापाता वर्षा'. —सूय वि० ईर्ष्यालु, क्रोधी ; envious, irascible. सास्ना स्त्री० गलकम्बल ; dew-lap.

साहस न० सहस्, शक्ति, हठ, बल, आकस्मिक अकार्यकारिता, प्रसह्य धनादिहरण, बलात्कार, हिंसा, सताना, चयिष्ठमा, क्रूरता, दम अथवा दण्ड, जुरमाना, डाकाजनी ; force, boldness, taking away wealth etc. by force, robbing, rape, violence, oppression, cruelty, punishment, burglary : त्वत्स्नेहात् साहसं कृतम् [Cāru. IV.]. —सानुवादिन् वि० साहस-सूचक; indicative of energy. —साध्यवसायिन् वि० साहसी ; bold. —सिक वि० अकार्यकारी, अविमृश्यकारी, डाकू ; bold, impetuous, robber, burglar. —सिक्य न० बलात्कार, प्रसभकारिता ; daring : अहो महीयस्तव साहसिक्यम्. —सैकरस वि० साहस ही है जीवन जिसका; whose only passion is boldness or cruelty, brutal.

साहस्र [-स्राः, सहस्रशः संख्याताः] (1) वि० हजारगुना, हजारों; thousandfold, consisting of thousands. (2) —स्रः पुं० एक हजार की टुकड़ी का अफसर ; officer commanding a thousand soldiers. —म् न० एक हजार का समूह ; aggregate of a thousand.

साहायक न० सहायता, सहकारिता ; assistance, help, co-operation. —हाय्य (1) न० सहायता ; help. (2) —य्यः पुंवि० सहायक ; helper.

साहित्य [सहितयोर्भावः] न० नियत संबन्ध, संघ, वागर्थैक्यमयी साहित्यिक रचना ; association, literary composition in which words assume the form of artha, poetry. साह्य न० सहकारिता, सहायता; help, co-operation. —ह्वय वि० समाननामा ; of the same name : गजसाह्वयम् 'हस्तिनापुरम्'.

सिंह पुं० शेर, सिंह-नक्षत्र; lion, Leo. —खेलगतिः 'सिंहस्येव खेलो युद्धक्रीडा गतिर्गमनं च यस्य सः'. —तल पुं० प्रतल, खुली अंगुलियों वाले मिले वाम और दक्षिण हाथ; left and right hands joined with the fingers extended. —नाद पुं० सिंहगर्जन, वीरों का नाद, क्ष्वेडा; lion's roar, war-cry of heroes. —पुच्छी स्त्री० पिठिवन ; Glycise Debils. —ल पुं० लङ्का; Ceylon. —वाहिनी 'Durgā'. —विक्रान्त सिंह-पराक्रमः; having a lion's prowess. —शाव पुं० 'lion's cub'. —शावविमर्द पुं० सिंह के बच्चे की झपट ; crushing or violent stroke of the

lion's cub. —संहनन वि० 'वराङ्गरूपोपेतो यः सिंहसंहननो हि सः'. —संकाश वि० 'resembling a lion'. सिंहाण पुंन० सिंघाणक, नासोत्थ मल; mucus of nose = सृणिका, सृणीका. —हावलोकन सिंह का पीछे की ओर देखना, पिछले विषय को फिर से देखना; lion's backward glance, revision. —सन न० हैम नृपासन, राजासन, आसन, चतुरङ्ग क्रीडा में जब एक राजा दूसरे राजा का स्थान ले लेता है वह स्थिति; throne, a lion's seat, when the king comes to occupy another king's position then it is called the *Siṁhāsana*=entering the domain of another king, enemy or enemy's ally. —स्य (1) वि० 'lion-faced'. (2) —स्यः पुं० अडूसा; a species of herb=सिंही.

सिंहिका स्त्री० 'wife of Kaśyapa and mother of Rāhu'. सिंहीसुत पुं० 'Rāhu'.

सिंही स्त्री० भण्टा; eggplant.

सिकत [-ता, ताः नित्यबहुवचनान्तः] न० वालुका, वालिका, वालू; grain of sand, sand. Cp. सिकताः 'सूक्ष्म-पाषाण-पांसवः', शर्कराः 'कर्करसहिता मृद्', वालुकाः 'लघूपलमिश्राः सिकताः'. —तावल वि० रेतीला; sandy = सिकतिलः 'सिकताप्रायः'.

सिक्त [√सिच्] वि० 'sprinkled'. —क्ति [√सिच्] स्त्री० 'watering, sprinkling, effusion'.

सिक्थ (1) वि० सीजा, रंधा; well-boiled : सिक्थास्तण्डुलाः. (2) —म् न० मधु; honey. —क न० मधूच्छिष्ट, मोम, मधुकोश; bees wax.

सिंघिनी स्त्री० नासिका; nose.

√सिच् ['क्षरणे', सिञ्चति, -ते, सिक्त] सींचना, आप्लावन करना, तर करना, छिड़कना, पानी देना; to pour out or into, sprinkle, to water. Note प्रसिच्यते चित्तम् 'क्लिन्नं श्लथं भवति', सिञ्चति वाचि सत्यम् 'आप्लावयति'.

सिच् [-क्] स्त्री० कपड़ा, गोट, छोर, कन्नी; cloth, border of cloth. सिचय पुं० 'cloth'.

स्वानुभूत्येकसार वि० स्वानुभूति ही है एकमात्र सार जिसका ; whose only essence consists in self-enjoyment.

स्वान्त [बाह्यविषयेष्वनाकुलं मनः] पुंन० अपना क्षेत्र, मानस, मन, हृदय, अपना अन्त ; own territory, heart, own end or death.

स्वाप पुं० संवेश, शयन, सुप्ति ; sleeping. स्वापतेय [स्वं धनं तस्य पतिरग्निः तस्येदम्] (1) वि० आग्नेय, स्वपति के लिये हित ; pertaining to fire, good for one's lord. (2) —यम् न० रिक्थ, धन, स्वर्ण ; wealth, gold. —पन [स्वापयतीति] न० मोहन अस्त्र अथवा मन्त्र ; inducing sleep (weapon, spell). —प्यय [√इ, स्वमपीतो भवति] पुं० सुषुप्ति ; deep sleep.

स्वाभाविक वि० नैसर्गिक, प्राकृतिक ; natural, inborn. —भास [स्व+आ- ;] —स्वयं-प्रकाश ; self-luminous.

स्वामिन् [स्व+मिन्, स्वाचारः] (1) वि० स्वस्य वाला, अपनी इच्छा से बरतने वाला ; acting according to one's

own self. (2) —मिन् पुं० ईशिता, शासक, राजा ; owner, master, ruler, king. स्वामीयति स्वामी की तरह बरतता है ; regards one self as master.

स्वायत वि० अति-पीवर ; very fat, well-grown. स्वायंभुवो योगः, cp. हैरण्यगर्भी धारणा.

स्वारसिक [स्वरसे चरति] वि० स्वरस वाला, स्वाभाविक, प्रत्यक्ष ; possessing inherent flavour or sweetness (poetical composition), natural, evident. —स्य न० स्वरसता, फसाहत, खूबी ; condition of possessing natural flavour, elegance.

स्वाराज् [-ट्, स्वयं राजते] पुं० 'epithet of Indra'. —ज्य न० स्वर्ग, मोक्ष, ब्रह्मात्मैक्य ; heaven, liberation, identification with the self-luminous [Brahman. Note बृहदारण्यक I. 1-2.]. स्वारोचिष पुं० 'name of the second Manu'.

स्वार्थ पुं० अपना लक्ष्य ; one's own object, aim, wish. —र्थपण्डित वि० मतलब साधने में कुशल; clever in one's own affairs. —र्थलिप्सु वि० 'desirous of gaining one's own object'.

स्वालक्षण्यपरीक्षा स्त्री० स्वैरिता का ज्ञान ; knowledge of wanton nature (of women) : स्वालक्षण्यपरीक्षार्थं तासां शृणुत निष्कृतीः [Manu. IX. 19.]. —शितंभव [स्वाशितस्य भावः] पुं० पूर्ण तृप्ति ; full satisfaction. Cp. स्वाशितः 'सुष्ठु आशितवान्'. —स्थ्य न० स्वस्थता, सेहत, धैर्य ; health, steadiness. —स्वाहा [सु+आह] 'देवताभ्यो हविर्दाने'; auspicious word in pouring an oblation in fire.

स्वित् अ० प्रश्ने वितर्के च, तब ; perhaps, indeed, then.

√स्विद् ['गात्रप्रक्षरणे', स्विद्यति, स्वित्त, स्विन्न] पसीना आना; to sweat, perspire. (2) स्विद् [स्नेहनमोचनयोः, स्वेदते] मालिश करना, छुड़ाना ; to be anointed, cause to leave. स्विन्नालिक-तल वि० प्रस्विन्न-ललाटः ; with his forehead perspired. स्विष्टकृतो देवाः [स्विष्टं शोभनमिष्टं दिव्यस्त्र्यन्नपानादिकं ये यागेन प्रीताः सन्तो यजमानाय कुर्वन्ति] यजमान की इच्छा पूरी करने वाले देव ; gods bestowing the choicest things on the sacrificer.

स्वीकार [स्व √कृ] अपना बनाना, मानना, विवाह करना ; accepting, assenting, agreeing, marrying = स्वीकरणम्, स्वीकृतिः, cp. प्रतीच्छति-'अङ्गीकरोति'. —रग्र पुं० बलात् अपना बनाना, पकड़ लेना; forcible seizure.

स्वेच्छा स्त्री० अपनी इच्छा ; one's own will or wish —च्छया क्रिवि० 'according to one's own wish' स्वेच्छया स्वस्य चिच्छक्तौ विश्वमुन्मीलयत्यसौ' Nandikeśvara. —चार पुं० स्वैरिता ; acting as one likes —विहारिन् वि० यथेच्छ विहार करने वाला; wandering at will = केलिकिलः.

स्वेद [√स्विद्] पुं० घर्म, निदाघ, पसीना, सील ; sweat moisture. —दाः बहु० पसीने की बूंदें ; drops of sweat. —ज पुं० ऊष्मा से उत्पन्न, कृमि-दंशादि; born of sweat, bug etc. —दनी स्त्री० कन्दु, मद्य बनाने का बरतन भट्ठी, कड़ाही ; vessel used in brewing liquor, frying pan, saucepan. —युत् वि० पसीने में तर covered with perspiration. —यु वि० पसीना आया ; sweating. स्वेद्य वि० पसीना आकर ठीक होने वाला ; to be treated with sweat : स्वेद्यमामज्वरं प्राज्ञः कोऽम्भसा परिषिञ्चति [Māgha II. 54.].

स्वैर [स्वेन ईरितुं शीलमस्य ; note कामगमः 'इच्छया गन्तुं शीलमस्य' used in a good sense] वि० स्वेच्छाचारी, स्वच्छन्द, खुदसर, मन्द, कुन्द ; self-willed, sluggish. मन्दस्वच्छन्दयोः स्वैरः 'Amara'. —रा स्त्री० दुराचारिणी; wanton. —म् क्रिवि० मन-मरजी, धीरे-धीरे ; according to one's pleasure, slowly. स्वैरालापाः 'नर्मोक्तयः, स्वैरसुप्तम् अभिसारिका'. —रिन् (1) वि० स्वच्छन्द, निरवग्रह, अपावृत ; self-willed —णी स्त्री० सर्वजनोपभोग्या, कुलटा, नर्तकी ; unchaste woman, female dancer. —रिता स्त्री० स्वतन्त्रता, यदृच्छा; self-willedness = स्वैरता.

स्वोपार्जित वि० स्वयं कमाया ; self-earned. स्वोरस [स्वः+र-] पुं० कुटे अथवा पिसे तिल आदि की गाद, कल्क; residue or sediment of oily substance when ground with a stone. —वशीय [for श्वोवसीयः] न० प्रसन्नता, क्षेम, श्वःश्रेयस, समृद्धि; happiness, prosperity (as regards future life) = श्वः+वसीयस्, comp. of वसु. Pāṇini's श्वसो वसीयः श्रेयसः [V. 4. 80.] is redundant.

ह

हंस [√हन् 'हिंसागत्योः', हन्ति गच्छति विश्वं संहरतीति वा] पुं० मानसवासी पक्षी, चक्राङ्ग, श्वेत गरुत, परमात्मा, आत्मा, सूर्य, शिव, विष्णु, काम, योगिभेद, अनुत्साही राणा, गुरु, पावन पुरुष, पर्वत ; swan, living on the Mānasa lake, goose, Supreme Being [soul, sun, Śiva, Viṣṇu, Cupid, a particular type of yogin, unambitious king, preceptor, pure man, mountain. Cp. घातपाथि=घातेण समुदायेन व्यवहरन्ति चरन्तीति

'हंससारसादय:'. Note हंस 'शिखाधारी', परमहंस: 'एकदण्डी', महाहंस: 'दण्डादिहीन:'.

हंसक पुं० पाद-कटक, पाजेब, बिछुआ; bracelet of foot= घर्घरी. —कीलक पुं० रतिबन्ध-विशेष; a particular posture in coition. —कूट पुं० 'a peak of the Himālaya'. —गद्गदा स्त्री० प्रियंवदा; sweetly speaking. —गामिनी स्त्री० 'having graceful gait like that of a hamsa'. —नादिनी स्त्री० अपूर्व सुन्दरी; an excellent woman: गजेन्द्रगमना तन्वी कोकिलालापसंयुक्ता। नितम्बे गुर्विणी या स्यात् सा स्मृता हंसनादिनी॥ —मत्तस्वर वि०='मत्तहंसस्वर:'. —मार्ग पुं० 'name of a mountainous country, situated on the side of Himavat [Brahmāṇḍa 69] the modern Magara(?). If so West Central Himālayish and Mongoloid. —मुखप्रसेका स्त्री० हंस के मुंह जैसी नाली वाली; having channel like the mouth of a goose. —रथ पुं० 'Brahmā'=हंसवाहन:. —लोहक न० पीतल; brass.

हंसोदक [शारदं सलिलम्] न० सूर्य-चन्द्र की किरणों से भावित जल; water purified by the rays of the sun and moon: 'बह्नितप्तमह्निमांशुरश्मिभि: शीतमम्बु शशिरश्मिभिर्निशि। एवमेवतदहर्निशं स्थितं तच्च हंसजलनामकं स्मृतम्', द्रव्यरत्नमालायाम्।

हंहो अ० 'hallo'. ह अ० सचमुच, निश्चय से, अलबत्ता, तब; verily, indeed, of course, then. हञ्जिका स्त्री० नौकरानी, मारङ्गी; female attendant, Clerodendrum Siphonantus. हञ्जे चेरी अथवा दासी के लिये संबोधन; form of address of a slave girl.

हट्ट पुं० बाजार, मारकीट, पैंठ; market, a petty market or fair. —ट्टी स्त्री० 'a small market'. —विलासिनी स्त्री० अञ्जनकेशी; a vegetable perfume.

हठ [√हठ् 'प्लुतिशठत्वयो:, बलात्कारे च'] पुं० जोर-जबर, बलात्कार, प्रसभ, जिद्द, प्रतिबन्ध; violence, force, pertinacity. —ठेन —ठात् क्रिवि० जबर्दस्ती; by force, forcibly. —वादिक पुं० 'Cārvāka' अचिन्तितस्यातर्कितस्य च लाभे विश्वासकर्ता.

हण्डिका स्त्री० हंडिया; earthen pot.

हण्डे नाटक में नीच के लिये संबोधन; form of address of a man of low caste (in drama).

हत वि० प्रहृत, निवर्हित, पटका, पीटा, क्षत, घायल, सताया, नष्ट, मनोहत, प्रतिहत, फटे-हाल, मारा, दईमारा, शप्त: हत: पञ्चेषुपावक: [Śṛṅg. 76.]; hit, hurt, injured, struck, beaten, destroyed, wretched, dejected, killed, accursed. —क वि० क्षुद्र पातकी, गया-गुजरा, डरपोक, दब्बू, पोच, हताश, हतभाग्य; a low person, miserable, coward, disappointed, ill-fated. —दैव वि० दईमारा, अभागा, हतभाग, हतभाग्य, दैवोपहत, हतविधि, दैवहतक; ill-fated. —त्विष् वि० मन्दकान्ति; diminished in lustre=हतप्रभ:. —द्विष् वि० नष्ट-शत्रु; one who has destroyed his enemies=हतशात्रव:. —मूर्ख पुं० वज्र मूर्ख; block-head. —लक्षण वि० कुलक्षणी; unlucky. —वृत्त न० जो छन्द लक्षणानुकूल होने पर भी सुनने में ठीक न लगे, अथवा जो रस के विपरीत हो; defective metre [SD. VII.]. —शौण्डा 'हतमत्तजना नगरी'. —श्री वि० नष्ट-धन, पानीमरा; one whose property is blighted, one whose manliness is blunted. —साध्वस वि० निर्भय; dauntless. —स्वस्ति 'नष्टकल्याणा:'. —ार्चि: 'रात्रि:' = पैशाची, शर्वरी, तमि:. Cp. हताहता: 'मुमूर्षव:'.

ह-ति [√हन्] स्त्री० हत्या, अपकर्म, दोष, क्षत, प्रहार; killing, defect or detraction, blow, stroke. हत्-त दे० हत. हत्-नु पुं० व्याधि, शस्त्र; disease, weapon. हत्या स्त्री० वध; killing, slaying.

ह-थ [√हन्] पुं० प्रहार, चोट, मृत्यु; stroke, blow, death.

√हद् ['पुरीषोत्सर्गे', हदते; in Hindī √हग् with change of *d* into *g*] हगना, शौच जाना; to evacuate or discharge faeces.

√हन् ['हिंसागत्यो:', हन्ति, हत, जिघांसति, घातयति, but कंसं घातयति=कंसवधमाचष्टे] मारना, पीटना, डंडे से मारना, चोट मारना, घायल करना, नष्ट कर डालना, दबाना, दूर करना, शान्त करना (भूख); to strike, beat, hit, hurt, wound, destroy, overcome or subjugate, repress, drive away (hunger), kill.

हन [हन्तीति] वि० घातक; killer: यज्ञहन:. —न न० मारना; killing.

हनु [हन्ति or हन्यते] पुंस्त्री० अधर मुखफलक, ठोड़ी, अस्त्र, व्याधि, मृत्यु, वेश्या; chin, weapon, sickness, death, prostitute. —मूल न० जबड़े की जड़; root of jaw. —नूमत् [प्रशस्तहनु:] (1) पुं० 'Hanūmān, the best of the monkeys: 'पतितस्य कपेरस्य हनुरेका शिलातले। किंचिद् भिन्ना दृढहनोर्हनूमानेष तेन वै' [Govinda on Rām. VI. 28. 15.]. (2) वि० 'having a beautiful jaw

हन्त हर्ष, खेद, विषाद, अनुकम्पा, आश्चर्य, शीघ्रता एवं वाक्यारम्भद्योतक अव्यय: हन्त ते कथयिष्यामि 'ले अब मैं तुझे सुनाता हूं', शृणु हन्त 'सुनो भाई'; come, look, pray; expresses joy, grief, pity, surprise and hurry.

हन्-तु पुं० हत्या, मृत्यु; killing, death. —काम वि० 'wishing to kill'. हन्तृ वि० हत्यारा; a slayer,

murderer, destroyer. हन्न [√हद्] न० शौच ; excrement=हत्तं, गूतं, गूनम्.

हम्मारव पुं० ढंगरों की रांभ ; lowing=हंबारवः.

हय [√हि 'गतौ वृद्धौ च'] पुं० घोड़ा ; horse. स्त्री० हयी, हया. —कोविद वि० घोड़ों का पारखी ; skilled in horses. —गर्दभि [हयमश्वं गर्दभीं च स्वयोनित्वेनाचक्षते ता अश्वगर्दभ्यः अश्वतर्यः, ताः रथस्थं वहन्त्येनम्] पुं० जिसके रथ को खच्चर खींचते हैं ; Śiva, whose chariot is drawn by mules. —ग्रीव वि० घोड़े जैसी गरदन वाला; horse-necked, an incarnation of Viṣṇu. —यंकष पुं० कोचवान; charioteer. —चर्या स्त्री० अश्वमेधयागानुष्ठान ; performing the horse-sacrifice. —यान न० पालकी, वहली, पीनस; palanquine, covered carriage for women. —यपुच्छी स्त्री० मूंग ; beans called *mūṅg*. —माण्ड न० काठी, अश्वभूषण ; saddle, horse-ornament. —मारक पुं० कनेर ; Oleander. —मेघ पुं० 'horse-sacrifice'. —यानविद् वि० अश्वगतिज्ञ ; one skilled in horse-trot. —शाला स्त्री० अस्तबल ; stable of horses. —शास्त्र न० अश्व-विद्या ; science of horses. —शिरस् पुं० 'Viṣṇu'.

हयायुर्वेद पुं० अश्वशास्त्र ; veterinary science. —रूढ वि० घुड़सवार ; mounted on a horse. हये 'ho'.

हर [हरतीति] (1) वि० हरने या ले चलने वाला, दूर करने वाला, नाशक, आकर्षक, हकदार ; taking away, removing, depriving of : खेदहरः, carrying, grasping, attracting, claiming : रिक्थहरः. (2) —रः पुं० 'शिवः, अग्निः, ग्रहणं च'. —क पुं० चोर ; thief. —चूडामणि पुं० चन्द्र ; Śiva's crest-gem, moon. हरण (1) न० पकड़ना या ग्रहण, हर ले जाना, अपहरण : चिन्ताहरणम्, यौतकादि सुदाय, जप्त करना, छीन लेना, डाका डालना, भगा ले जाना, नष्ट करना ; act of seizing, carrying off or removing, offering gifts of love [=प्रीतिदायः, यौतकम्], confiscating, robbing, abduction, Note कालहरणम् 'विलम्बः', अमृताहरणम् : misstatement, deception [Daśa. I. 68.]. —णः पुं० हाथ; hand. (2) वि० लेने वाला ; taking. —णहारिका स्त्री० दाय-समानयन ; bringing in dāya or inheritance. —णीय वि० जिसे हरना है ; to be taken away. —शेखरा स्त्री० 'Śiva's crest, Gaṅgā'. हराहर पुं० म्रियमाण का श्वास ; the breath of a man dying in a battle-field.

हरि [√हृ] (1) वि० हरा, हरेपन को लिये, पीला, धूसर, लाल-भूरा, गरहा; green, greenish, yellow, reddish-brown. (2) —रिः [संहर्ता नारायणः] 'Viṣṇu, Vaikuṇṭha [विगतं कुण्ठनं गतिप्रतिघातः यस्मात् सः, स्वार्थेऽण्], Indra, Śiva, Yama, Vāyu, sun, moon, wind, lion : हरीक्षणः 'सिंहप्रेक्षणः', ray, horse, parrot, snake, monkey, frog, next world, yellow colour : हरिपर्यन्तम् 'पिङ्गलवर्णपर्यन्तचक्षुः', हरिकर्णी 'कपिकर्णी राक्षसी'. —केलि स्त्री० 'name of Bengal'. —केलीयाः 'inhabitants of Bengal'. —केश [हरयो रश्मयः इन्द्रियाणि वा केशा इव स्वरूपान्तर्गता वहिर्भूताश्च यस्य, or हरिकाणामीशः, or हरयः इन्द्रियाण्येव केशा इव केशा रश्मयो यस्य] 'Śiva'. हरि-चन्दन पुंन० पीत चन्दन; yellow sandal-wood, one of the five *devatarus* : मन्दार, पारिजातक, संतानक, कल्पवृक्ष, हरिचन्दनाख्याः.

हरिण [हरि-ण or हर्-इन] (1) वि० पाण्डुर वर्ण वाला, पीला-सफेद, हलके बादामी रंग का, धूसर, पीलेपन को लिये श्वेत ; pale, whitish, reddish or yellowish white. (2) —णः पुं० (A) कुरंग, सारंग, बारहसींगा : पांच प्रकार का : हरिणश्चापि विज्ञेयः पञ्चभेदोऽत्र भैरव। ऋष्यः खड्गो रुरुश्चैव पृषतश्च मृगस्तथा, श्वेत रंग; antelope, deer, white colour. (B) श्वेतः शुद्धः शिवः ; epithet of Śiva. —णी (1) वि० हिरण्मयी, सुनहरी ; golden. (2) स्त्री० मृगी, स्त्रियों की चार जातियों में से एक [=चित्रिणी], सुवर्ण-प्रतिमा, एक छन्द, हरा रंग ; a female deer, one of the four classes of women, also called *citriṇī*, golden image, name of a metre, green colour. —धामन् पुं० 'moon'=हरिणकलङ्कः. —हृदय वि० 'timid'. —णाश्व पुं० 'wind, air'.

हरित् (1) वि० हरा, हरेपन को लिये, पीला [cp. हरिद्रा], पीलेपन को लिये, पालाश ; green, greenish, yellow, yellowish. (2) —त् पुं० हरा अथवा पीला रंग, सूर्य का घोड़ा, तेज घोड़ा, शेर, सूर्य, विष्णु, दिशा ; green or yellow colour, horse of the sun, swift horse, lion, sun, Viṣṇu, quarter. —त [स्त्री हरिता, हरिणी] (1) वि० पीला, हरा, हरे रंग का, सब्ज, गरहा ; pale, yellow, green, of green colour, verdant, tawny. (2) —तः पुं० हरित् अथवा हरा रंग, शेर; green colour, lion. —ता स्त्री० दूर्वा, भूरे रंग का अंगूर अथवा दाख ; *dūrvā* grass, grape of brown colour.

हरितक न० शाक, शिम्ब, भाजी; green vegetable. —तपत्र न० मेंहदी; a species of plant. —तभेषज न० पीलिये की औषध ; remedy against jaundice.

हरिताल न० हरताल; orpiment=हरिबीजम् : हरितालं हरिबीजं लक्ष्म्या बीजं मनःशिला. —ताश्मन् पुं० पन्ना, नीला थोथा ; emerald, blue vitriol. —रिदश्व पुं० हरे-पीले घोड़ों वाला सूर्य, हरिश्चन्द्र ; sun having green-yellow horses, Hariścandra.

हरिद्-रा स्त्री० हलदी ; turmeric. —रागक पुं० अस्थिर प्रेम; fickle love. —द्राभ पुं० पीला रंग ; yellow colour. —द्रु पुं० दारुहल्दी ; a kind of plant. —द्वार न० 'Hari's gate, Viṣṇu's gate, a famous place of pilgrimage in Sahāranpur district. —नेत्र न० श्वेत पद्म, विष्णु का नेत्र, पेचक ; white lotus, Viṣṇu's eye, owl. —न्मणि मरकत ; emerald=गारुत्मतम्. —प्रस्थ पुं० 'name of Indraprastha'. —प्रिय पुं० 'उशीरम्'. —प्रिया स्त्री० 'Lakṣmī, wife of Viṣṇu'. —भुज् पुं० सांप (मेंढक खाने वाला) ; snake : frog-eater. —रिम पुं० पीतवर्ण अश्व; a yellowish horse. —मणि पुं० इन्द्रनील मणि ; sapphire. —मन् पुं० पीलापन, पीलिया रोग, काल; yellowness, jaundice, time. —मन्थक पुं० चणक, चना ; the thick pea.

हरिवंश पुं० विष्णु का वंश, हरिवंश पुराण (=महाभारत का परिशिष्ट) ; family of Viṣṇu or Kṛṣṇa, name of a work supplementary to Mahābhārata. It has three Parvans : Harivaṁśaparva containing 55 adhyāyas, Viṣṇuparva containing 128 adhyāyas and Bhaviṣyaparva with 135 adhyāyas. —वर्ष न० 'Hemakūṭa mountain', Kailāsa, where Northern Kurus lived. —वस् [=हरिवत ; हरयो विद्यन्ते यस्य] पुं० घोड़ों वाला ; sun. —वासरः पुं० 'ekādaśī'. —वाहन पुं० (A) 'bearer of Viṣṇu, Garuḍa'. (B) 'epithet of Indra'. —शयन न० 'Āṣāḍhaśuklā Dvādaśī to Kārttika Śuklā Dvādaśī when Viṣṇu sleeps'.—श्चन्द्र विपुं० सुनहरी छवि वाला, एक राजा; having golden colour, name of a king. —सख पुं० 'Gandharva'. —हय पुं० (A) सुनहरे अथवा श्याम अश्वों वाला ; having coloured horses, Indra. —हयानुजः 'इन्द्रावरजो विष्णुः'. (B) Uccaiḥśravas. —हर पुं० 'Hari and Hara combined into one'. —हरक्षेत्र न० 'confluence of Gaṅgā and Gaṇḍakī near Paṭnā'.

हरीतकी स्त्री० हैमवती = हरड़ ; yellow Myrobalan tree, Terminalia Chebula. हरेणु पुं० मटर ; peas. —णुः स्त्री० रेणु का बीज, कुलयोषित् ; a sort of drug, a respectable woman.

हर्तृ वि० हरने वाला ; one who takes away, thief. हर्म्य न० धनिकावास, कोठी ; dwelling of a rich man, palace.—र्म्यतल न० कुट्टिम, फर्श; floor. —र्म्यष्ठा वि० घर में टिका ; dwelling in a house. हर्यक्ष पुं० पिङ्गाक्ष कुबेर, केसरी ; Kubera, lion : having greenish eyes. —श्व [हरिद्वर्णा अश्वा यस्य] पुं० हरे घोड़ों वाला रथ, इन्द्र ; having tawny horses (chariot of Kṛṣṇa), Indra.

हर्ष पुं० चेतः-प्रहर्ष, प्रहर्ष, प्रमद, प्रसन्नता, कामपुत्र ; bristling of hair, excitement, joy, pleasure, son of Kāma. —क्षय पुं० धातुक्षय ; debility, loss of semen. —र्षण (1) वि० हर्षक, प्रमोदक, रोमाञ्चकारी ; gladdening, delighting, causing bristling. (2) —णः पुं० 'कृतान्तः'. —माण वि० प्रमनस् ; delighted.

हर्षयिन्नु पुं० सुत, सुवर्ण; son, gold. —र्षल वि० प्रसन्न, प्रवृद्ध, कामुक ; very glad, increased, puffed up, intensely amorous.

हर्षवर्धन [or Harṣa, 606-647 A.D.] प्रभाकरवर्धन का पुत्र, थानेसर का सम्राट् जिसने बाद में कन्नौज को अपनी राजधानी बनाया था। 16 बरस की अवस्था में राज्यभार संभाल कर इसने 6 वर्ष तक संग्राम किया और संपूर्ण उत्तर भारत पर विजय प्राप्त की। वलभी के साथ लड़ाई करके पश्चिम भारत को अधिकार में किया, किंतु दक्षिण में पुलाकेशिन् द्वितीय के साथ युद्ध में इसकी पराजय हुई। युवनच्वांग ने हर्ष के विषय में विस्तार से लिखा है, और बाण ने अपने हर्षचरित में इसका यशोगान किया है; Harṣa or Harṣa-Vardhana was the younger son of Prabhākara-Vardhana, king of Thānesar. Harṣa succeeded his father only when he was about 16 years of age. Assuming kingship in 606 A. D. he was constrained to wage wars for about 6 years. Soon he gained control of Kannauj and subdued other kings of the north. He waged a successful war with Valabhī which resulted in the recognition of his suzerainty by the western powers. He fought Pulākeśin II, but was defeated and obliged to accept Narmadā as his southern frontier. Hiuen Tsang has written enough about Harṣa, and Bāṇa has praised him highly in his *Harṣacarita.*

हर्षित वि० आनन्द-गद्गद, रोमाञ्चित ; glad, delighted, having the hair of the body erect. —र्षिन् वि० प्रसादक ; delighting. हर्षुक दे० हर्षण. हर्षुल पुं० प्रणयी, परिहासशील ; lover, given to jokes.

√हल् ['विलेखने', हलति] धरती वाहना; to plough land.

हल पुंन० 'plough'. —ला 'form of addressing a female friend'. —गोलकः 'दीर्घपुच्छो गोलरूपो कीटविशेषः'. —धर पुं० 'Balarāma'=हलायुधः. —वाह पुं० हलवाहा ; ploughman. —लाह पुं० चित्रित अश्व ; a variegated horse. हलाहल [हलमिव आहलति] पुंन० हलाहल, कालकूट ; deadly poison.

हलि पुं० बड़ा हल ; large plough. —प्रिया स्त्री० मदिरा ; wine, dear to Balarāma. —न् (1) वि० हल वाला ; a ploughman. (2) पुं० Balarāma.

हलीषा [=हलेषा, हल+ईं-] स्त्री० हलस ; pole of a plough. हले 'vocative for a female friend'. हल्य [हलस्य कर्षः] पुं० खूड, हलाई ; furrow made by a plough. —ल्या [हलानां समूहः] स्त्री० हलों की लार ; number of ploughs. —वत् न०=सीत्यं, कृष्टम्.

हल्लक न० लाल कमल, रक्त-संध्यकम् ; red lotus. हल्लीश न० उप-रूपक की विधा-विशेष ; a form of minor drama. —ल्लीशक पुं० नचार ; dancing in a ring. हल्लीसकक्रीडन न० एक पुरुष को अनेक स्त्रियों के साथ क्रीडा, नृत्य, या रास ; sporting of one man with several women.

हव [1. √हु] पुं० याग; sacrifice. [2. √ह्वे] हूति, बुलाना, आवाहन, आज्ञा; calling, call, invocation, command. —न [√हु, √ह्वे] न० होम, आह्वान, आवाहन ; sacrifice, call, invocation. —नी स्त्री० होमदर्वी ; sacrificial ladle.

हविर्भ्री स्त्री० हवन-कुण्ड ; a hole made in the earth to hold sacrificial fire.

हविर्धान [हविषः स्थापन-स्थलम्] न० हविः-स्थापन-मण्डप, सोमाभिषवशाला, यज्ञिय सामग्री का पात्र, आहुति ; place for keeping oblation or pressing Soma, holder of oblation, oblation. —धान्ना स्त्री० यज्ञिय सामग्री की गाड़ी ; oblation-cart. हविर्धानमन्तरेण 'हविर्गृहस्य मध्ये'. —र्भुज् पुं० हविर्भक्षी अग्नि ; fire, eating ghee. —र्मथि वि० यज्ञविघातक ; disturbing sacrifice. हविःशेष पुं० 'residue of oblation'.

हविष्पंक्ति स्त्री० पांच हवि ; five oblations. Cp. दशार्धहविरात्मक. —मत् वि० याजी ; offering oblations. हविष्य [हविषे हितम्] (1) वि० हविर्योग्य ; fit for oblation. (2) —म् न० हविस् ; oblation. —भुज् वि० नीवारादि हविष्य अन्न को खाने वाला ; one eating sacred food.

हविस् [√हु 'दानादनयोः'] न० होम में डाली जाने वाली सामग्री, समिदाज्यादि, घृत ; anything offered as an oblation into the fire, ghee. Note दशार्धहविरात्मकः 'दशार्धानि पञ्चधानाः [करम्भः परिवापः पुरोडाशः पयस्येति] पञ्च हवींषि तदात्मकः'.

हव्य [दैवं कर्म] न० आज्य, दैवी कृत्य ; oblations offered to gods, holy rites. —कव्याभिवाह्य न० हव्य और कव्य (देव एवं पितृ सामग्री) को ले जाने की गाड़ी ; cart for carrying what is offered to gods and Manes. —वाह् पुं० हव्य को वहन करने वाला=अग्नि ; fire which bears oblations=हव्यवाहनः.

√हस् ['हसने', हसति] मुसकराना, हंसना, उपहास करना ; to smile, laugh, ridicule.

हस पुं० हास, हास्य : द्विषां हसैर्दूतपथः सितीकृतः, हास्य-रस ; mirth, mirth as a sentiment. —सनी स्त्री० अंगीठी; portable fire-place=हसन्ती, हसन्तिका, अग्निका, अङ्गारधानिका. —सित न० हंसी, मजाक, कामधनुष् ; laughter, joke, bow of the god of love.

हस्त [√हस्] पुं० कलाई-समेत हाथ, हाथ, हाथ-भर परिमाण =एक किष्कु, सूंड, समूह, 13वां नक्षत्र ; the hand, a measure of length, trunk of elephant, mass : केशहस्तः, कचहस्तः, a particular Nakṣatra. Note अग्रहस्तः 'right hand', वामहस्तः 'left hand', रक्तचन्दनहस्तक 'लाल चन्दन की छाप = हस्तचिह्नम्', करिहस्तः—तर्जन्यनामिके युक्ते मध्यमा स्याद् बहिष्कृता । करिहस्तः समुद्दिष्टः कामशास्त्रविशारदैः । कठिनयोनिशैथिल्यापादनाय करिहस्तस्य प्रयोगमामनन्ति कामशास्त्रज्ञाः. हस्तो हस्तं परिमुषेत् 'एकोदरजोऽपि भ्राता भ्रातरं वञ्चयेत्'. —कौशल न० = 'हस्तलाघवम्'. —गत वि० 'come to hand, obtained, secured'. —ग्राहम् 'seizing by hand' : हस्तग्राहं युध्यन्ते. —चटकारोप पुं० अंगुष्ठ और मध्यमा अंगुली का शब्द; sound produced by thumb and middle finger. —चापल्य न० = हस्तकौशलम्. —च्छेद पुं० 'amputation of a hand'. —तल न० 'palm of hand'. —ताल पुं० ताली बजाना ; clapping of hands. —दक्षिण वि० दानादि द्वारा प्रशस्त ; good on account of giving charity. —दोष पुं० हाथ बहक जाना ; slip of hand. —धारण न० वार को रोक लेना ; warding off a blow. = हस्तवारणम्. —धूनन न० हाथ पटकना ; shaking hands : वृथा ते हस्तधूननम्. —पुच्छ न० कलाई से निचला हाथ ; hand below the wrist. —पृष्ठ न० 'back of hand'. —प्राप्य वि० अनायासलभ्य ; easily obtainable. —बन्ध पुं० = हस्तपीडनम्. —मणि पुं० 'a jewel on the wrist'. —मात्र वि० 'a cubit in length'. —युगल न० 'the two hands'. —रोध (1) पुं० हाथ रोक लेना; control of hand, warding off a blow. (2) वि० हाथ से रोका ; controlled by hand (धनुष्). —म् क्रिवि० हाथ से रोक कर ; controlling with hand : हस्तरोधं दधद् धनुः [Bhaṭṭi. V.]. —लेख पुं० (प्रथम) अभ्यास ; (first) exercise : अमुष्य विधातुः खलु हस्तलेखः [Naiṣadha. VII. 15.]. —वत् वि० हाथ-सधा ; quick in operation, skilled. —वर्त वर्तयति क्रिवि० हाथ से गोली बनाता है ; twisting with hands he makes pills. हस्तवर्तंवर्तयतिगुलिका

[Bhaṭṭi. XIV.] 'हस्ताभ्यां वर्तितत्रान्'. —वाप पुं० हस्तक्षेप; hurling numerous arrows with one discharge from the bow (Arjuna). —वारण न० वार को रोकना; warding off a blow. —संवाहन न० मुट्ठी मींचना; massaging, rubbing with hands. —सूत्र न० डोरी, कंगन; hand ribbon, a bracelet worn on the wrist.

हस्ताक्षर न० 'signature'. —दान वि० 'हस्तपतितमोजी'. —मर्ष पुं० कर-स्पर्श; touching with hand. —मलक न० हाथ पर का आंवला, आंखों-आगे, शंकर के चार शिष्यों में से एक; anything quite clear, as clear as the fruit Emblic Myrobalan held in the hand, one of the four pupils of Śaṁkara. —रूढ वि० हाथ में रखा (आंवला आदि), प्रत्यक्ष; clear. —वसेचन न० हस्तोदक; hand-water. —वाप पुं० (A) हस्तत्राण, हस्तमुष्टिग्राह्य वाण-गण; hand-guard against bow-string, handful of arrows. (B) हस्तनिगड, बेड़ी, fetters : हस्तौ अवाप्येते प्रवेश्येते अस्मिन् [MBh. XII.]. —हस्ति अ० हाथापाई; hand to hand (fight).

हस्तिकक्ष्य पुं० बाघ, सिंह; tiger or lion. —कर्ण पुं० अरण्डी का पेड़; castor-oil plant. —चारिन् पुं० महावत; elephant-driver. —द्वयस वि० हाथी के बराबर; as big as an elephant.

हस्तिन् (1) वि० 'having hand or trunk'. (2) पुं० द्विरद; elephant. —नी स्त्री० female elephant, a particular perfume, a woman of one of the four classes of women : स्थूलाधरा स्थूलनितम्बविम्बा स्थूलाङ्गुलिः स्थूलकचा सुशीला । कामोत्सुका गाढरतिप्रिया च नितान्तमोक्त्री खलु हस्तिनी स्यात्' Ratimañjarī. Note गन्धहस्तिन् : यस्योग्रमदगन्धेन हस्तिनो मयविह्वलाः । दूरादेव पलायन्ते गन्धहस्ती स उच्यते. —नख पुं० पुरद्वार के सामने की ढलवां भूमि; sloping land in front of city-gate. —नापुर न० 'a city founded by king Hastin near Delhi = गजसाह्वयम्. —प(क) पुं० = हस्तिचारिन्, हस्तिपालः, हस्तिवाहः. —मल्ल पुं० 'ऐरावतः'. —यूथ न० 'herd of elephants'. —वर्चस न० 'dung of an elephant'. —शाला स्त्री० 'elephant-stable'. —शुण्डा 'elephant's trunk'.

हस्तीकृत वि० वशीकृत; taken. हस्त्य वि० हस्त-संबन्धी, हस्तकृत; relating to hand, done by hand, manual. हस्त्यायुर्वेद पुं० हस्तिचिकित्सा-शास्त्र; work on the treatment of elephants' diseases. हस्त्यारोह पुं० हस्तिपक, महावत, हाथी पर सवार; elephant-driver, elephant-rider. हस्-र (1) वि० प्रफुल्ल-बदन, मूर्ख; used to laugh, fool. —स्रा स्त्री० 'नर्महास्यम्, वारवनिता वा'.

हा विशाद, शोक एवं दुःखबोधक अव्यय; ah! oh! expresses pain and sorrow.

√हा ['त्यागे', जहाति, हीन, हापयति, जिहासति] छोड़ना, किनारा कर लेना, खो बैठना, फेंक देना, उपेक्षा करना, आंख बचाना; to leave, abandon, loose, cast away, neglect, avoid. (2) √हा ['गतौ', जिहीते, हान] जाना, छोड़ देना, पाना; to go, give away to, obtain.

हाटक [√हट् 'दीप्तौ', हटति] न० कनक, कनक-वलय; gold, golden bangle. —टकेश 'Śiva, lord of gold'.

हात [=हान] वि० परित्यक्त, अपविद्ध; abandoned. —ति स्त्री० क्षति; loss.

हायन [√हा 'गतौ';] पुं० वर्ष, धान, किरण; year, rice, ray. हायिक पुं० हयाध्यक्ष; one in charge of horses.

हार [√हृ] पुं० हरण, हानि, प्रालम्ब, मुक्ता, वाली; taking away : कालहारः, loss of time, necklace, हारपाशः 'हारमाला', हाराक्रान्तम् 'हारोपशोभितम्' : देवच्छन्दः शतं साग्रमिनच्छन्दः सहस्रकम् । तदर्धं विजयच्छन्दो हारस्त्वष्टोत्तरं शतम् [Kalpadru.]. —क वि० लूटने या हरने वाला; ravishing. —गुटिका स्त्री० 'pearl of a necklace'. —यष्टि स्त्री० 'necklace'. —रावली स्त्री० 'pearl-necklace'.

हारि (1) वि० हर, मनोरम, रुचिर, आकर्षक; attractive, pleasing. (2) —रिः पुं० 'Skanda, son of Hara'. —रिः स्त्री० पराजय, पथिकसार्थ; defeat, body of travellers, caravan. —त वि० हृत, खोया, लुटा; carried off, lost. —रित्व न० आकर्षण; charm. —रिद्र न० हलदी के रंग का = सुवर्ण; gold : cp. Nārāyaṇa on Naiṣadha VI. 45. —रिन् [हरणशीलः] वि० ले जाने या हरने वाला, ले उड़ने वाला, मनोहर, आकर्षक, हारवान् : मनोहारिणि हारिणि [Śṛṅg. 38], जो मानता है कि मुझे दान देना है; taking away, abducting, attracting, wearing a garland of pearls, one who owns that he has to give or offer. —रीत पुं० कपोत, चोर, ठग, मञ्चक, हारीत स्मृति का प्रवर्तक; a dove, thief, cheat, rogue, author of Hārīta-smṛti.

हार्द [हृत्स्यम्] न० स्नेह, दोहद, कौतूहल; love, desire, curiosity [Rām.]. —र्य [हरतीति] वि० आकर्षक; attracting senses : हार्योऽयं विषयः [MBh. XIV. 13.49.]. हाल पुं० शालिवाहन राजा, मद्य; king Śālivāhana, liquor. हाला स्त्री० मद्य; wine, liquor. हालक पुं० पीतहरित अश्व; a yellowish horse. हालाहल न० कालकूट; strong poison. —लिक पुं०

सैरिक, हल वाहने वाला ; plough-man.

हाव [√ह्वे, ईषद्दृष्टविकारः स्याद् भावो हावः प्रकीर्तितः] पुं० आवेग, शृङ्गारजन्य लीला, शृङ्गारचेष्टा, स्त्रियों का कामजन्य चेष्टाकलाप; emotion, any feminine or coquettish gesture tending to excite amorous sentiment =विलासः बिब्बोकः, विभ्रमः, ललितम्, हेला, लीला.

हास पुं० हंसी, विकाश, शीघ्र गति ; mirth, laughter, blooming, swift movement or walk. —क वि० परिहासक, मसख ; jester, one cutting jokes.

हासिका [cp. हस्रा] स्त्री० हंसाने वाली ; one causing to laugh. —सित वि० विकच, उद्धासी ; burst open, a-bloom. —न् वि० 'smiling'. Cp. चारुहासिन्.

हास्तिक [हस्तिनां समूहः] न० गजता ; herd of elephants. —न वि० हस्ति-संबन्धी ; elephantine.

हास्य (1) वि० हंसी-योग्य ; *to be laughed at.* (2) —म् पुंन० हंसी, मजाक, एक रस [=हास्यः]; laughter, mirth, jest, one of the Rasas = हसः, हासः, हास्यम्, हास्यः.

हाहा [onomatopoetic] पुं० 'Gandharva'. —कार पुं० विलाप, क्रन्दन; making the exclamation hāhā, general lamentation, wailing.

√हिंस् ['हिंसायाम्', हिनस्ति, हिंसित, जिघांसति घातयति] चोट पहुँचाना, मारना, पातिव्रत्य खण्डित करना; to hurt, kill, violate a woman : न त्वां हिंसामि 'पातिव्रत्यान्न-च्यावयामि [Rām. V. 66. 17.].

हिंसक वि० घातक; injurer, killer. —कर्मन् न० अभिचार-कर्म ; magic used for the ruin of an enemy, employment of mystical spells for injurious purposes.

हिंसा स्त्री० वध, हत्या, डाका, हानि, ईति ; killing, slaying, robbing, injuring, any calamity of any season. —गवी स्त्री० यज्ञ में आलम्भनीय गौ ; a cow to be slaughtered at a sacrifice.

हिंसित (1) वि० क्षत, मारित ; injured, hurt, wounded, killed. (2) —म् न० हिंसा, क्षति ; injury, hurt, killing. हिंसीर पुं० व्याघ्र, दुष्ट ; tiger, rogue. हिंस्य वि० हिंसा-योग्य ; to be killed.

हिंस्र [=घातनः] (1) वि० शरारु, घातक ; destructive. (2) —स्रः पुं० 'beast of prey'. —वृत्ति वि० घातुक ; one given to violence.

हि हेतु एवं अवधारण-द्योतक अव्यय : लोट् के साथ, अरे भई, प्रसिद्धयर्थक, तु, ह, स्म, के समान पादपूरक ; because, to be sure, indeed : 'हर्षं हि तस्य प्रियवयस्यः'; with interrogatives or imperatives : pray, कथं हि देवान् जानीयाम, 'pray, how shall we know the gods', तद्धि दर्शय pray, show it; expresses familiarity, common knowledge.

√हि ['गतौ वृद्धौ च', हिनोति, हित] हरकत देना, प्रेरणा करना, हांकना, फेंकना, मारना, छोड़ना (तीर), छोड़ना ; to set in motion, drive, throw, shoot (arrow).

हिक्का [विरम्य विरम्य कण्ठात् पवनोद्गमः] स्त्री० हिचकी ; hiccup. हिङ् हिङ् यह ध्वनि; the sound hiṅ. हिङ्कार [उद्गात्रा पठितव्यः साम्न आदौ हिङ् इत्येवं शब्दः] to make the sound hiṅ. हिङ्गु पुंन० हींग ; substance prepared from the plant Asa Foetida = रामठम्, जतुकम्, सहस्रवेधि. —निर्यास पुं० 'निम्बवृक्षः'. —ङ्गुल न० ईंगुर ; vermilion. —ला स्त्री० वनमंहा. Cp. मंहाकी. —ङ्गुविद्ध वि० हींग से छुंका ; seasoned with hiṅgu.

हिज्जल पुं० जलवेंत, समुद्र-फल ; *watercane, hijjal tree.*

हिण्डक पुं० नग्नाचार्य ; a naked mendicant.

हिण्डीर पुं० अब्धि-कफ, झाग ; sea-foam : हिण्डीरपिण्ड-रुचिशीतमरीचिबिम्बम्.

हित [√धा] (1) वि० रखा, धरा, टिकाया, संभाला, तैयार किया, बनाया, उचित, लाभकारी, सुखोदर्क, कल्य, उपयुक्त ; put, set, placed, prepared, constituted, suitable, beneficial, advantageous. (2) —तः —तम् मित्र, opp. to अहितः 'शत्रुः', कल्याण, लाभ ; friend, welfare, benefit. —ता स्त्री० पुल के किनारों की ऊंची सड़क ; causeway. Note उपहितः 'रक्षितः'. (2) हित [√हि 'गतौ'] वि० भेजा, पठाया, प्रेरित; sent, set in motion. —कर वि० 'beneficial'=हितकारिन्. —प्रेप्सु वि० परहितैषी ; desirous of effecting other's welfare. —वाक्य न० 'a friendly or good advice'. —वादिन् वि० 'giving good counsel'. —सुख न० क्षेम और आनन्द ; welfare and happiness.

हिताभङ्ग पुं० पुल तोड़ना ; breaking a bridge. —र्थिन् वि० 'seeking welfare'. —श्रय वि० युक्त्यनुकूल ; reasonable.

हिति [√धा] स्त्री० व्यवस्था, दैवी नियम ; arrangement (of the gods).

हितेश्वर वि० हितकर्ता; able to afford welfare. —षिन् वि० 'well-wishing'.

हितोदर्क वि० हितफलक ; resulting in welfare. —पदेश पुं० सदुपदेश, एक पुस्तक का नाम ; friendly advice, name of a book of fables.

हिन्ताल पुं० ताल ; marshy date tree.

हिन्दोल पुं० हिण्डोला ; swing, swing-cradle.

हि-प्र [हिनोति प्रासि च] पुं० प्रेरक एवं दाता ; impeller

and filler ; epithet of Śiva.

हि-म (1) वि० शीतल, शिशिर, जड ; cold. (2) —मः पुं० शरद्, जाड़ा, ठण्डक, पाला, हिमालय, चन्दन ; cold season, Himālaya, sandal tree. —मा स्त्री० शरद्, वर्ष, रात्रि, तमी, तमा ; the cold season, a year, night. —मम् न० तुहिन, पाला, बरफ, ओस, ठण्डक ; frost, snow, ice, dew, cold, coldness.

हिमकर पुं० 'moon'. —कोश पुं० 'घनीभूतं हिमम्'. —गिरि पुं० =हिमालयः, हिमधराधरः, हिमाद्रिः. —गाद्रिसंश्रय 'taking refuge in Himālayas' : 'Śiva'. —दीधिति पुं० 'having cool rays, the moon' = हिमरश्मिः, हिमांशुः. —दुर्दिन न० 'a cold and bad weather day'. —द्युति पुं० 'having cool radiance, the moon'. —प्रस्थ पुं० 'having snowy table-land= Himālaya'. —वालुक पुं० कर्पूर; camphor=वालुका. —वत् (1) वि० बर्फीला; frosty, snowy. Cp. हिमविद्धः 'हिमयुक्तः'. (2) —वत् पुं० 'the Himālaya mountain'=हिमशैलः, हिमाद्रि'. हिमशैलजा स्त्री० 'Pārvatī, born of Himālaya'. —श्रय पुं० चन्द्रमा ; moon =हिमसारः. —संहति स्त्री० हिमानी ; mass of frost or snow.

हिमाङ्क पुं० कर्पूर ; camphor = शाम्भवः, शंकरावासः. —नी [महत् हिमम्] स्त्री० हिम-संहति ; mass of snow. —म्बु न० 'cold water'. —म्भस् न० ओस, पाला, शीतल जल ; dew, frost, cold water. —रि पुं० अग्नि ; fire. —र्त वि० बरफ का मारा ; pinched with cold, chilled = हिमार्दितः. —लय पुं० 'abode of snow, Himādri'. —वती स्त्री० मकोय; cp. स्वर्णक्षीरी. हिमोस्र [हिमा उस्रा यस्य] 'moon'.

हिरण्मय वि० स्वर्णमय, रजतमय ; golden, silvery. Cp. हिरण्मयमृक्षदर्शनम् 'मरण-चिह्नम्'.

हिरण्य न० सुवर्ण, सुवर्ण का सिक्का, स्वर्णाभरण, रजत, धन ; gold, a gold-coin, golden ornament, silver, wealth. —कशिपु पुं० कश्यप मुनि का पुत्र और प्रह्लाद का पिता ; Kaśyapa's son and father of Prahlāda. —गर्भ पुं० 'Brahmā'. —जिह्व (1) वि० 'golden-tongued'. (2) —ह्वः पुं० 'fire, having a golden tongue'. —पाणि (1) वि० 'golden-handed'. (2) —णिः पुं० 'fire having golden hands'. —बाहु पुं० 'the great river Śoṇa'. —मय [=हिरण्मयः] वि० सुनहरी, सुवर्णभरित, स्वर्णभरा ; golden, abounding in gold. —रेतस् पुं० 'fire, having gold as seed'. —व पुं० निधि-विशेष, कुंजर ; a particular treasure, elephant. —वत् वि० 'possessing gold, rich'. —वर्ण वि० 'golden-coloured, self-luminous, luminous in knowledge, pure. —ण्याक्ष पुं० 'name of the younger brother of Hiraṇyakaśipu'.

हिरुक् अ० वर्जन, दूर, परे, पृथक्, अन्तर्धि, छिपे, समया, निकषा ; away, off, concealed, hidden, near. हिलमेचिका स्त्री० हिलसाल ; Enhydra Hingcha. हिलि स्त्री० लड़ाई ; fight. ही विस्मयबोधक अव्यय ; expresses wonder.

हीन [√हा] वि० च्युत, त्यक्त, क्षीण, गरीब, रहित, न्यून, गर्ह्य, जघन्य, अस्पष्ट ; fallen, abandoned, indigent, destitute, inferior, mean, base, low, indistinct : हीनव्यञ्जना वाक् 'अस्पष्टाक्षरा वाणी', हीनबुद्धिगुणः 'सद्गुणबुद्धिरहितः', हीनार्थः 'हीनबलः'. —कर्मन् (1) वि० 'acting badly or shabbily. (2) न० कदर्यत्वादि ; base or mean act. —काल, —म् क्रिवि० गते काले ; after the lapse of time. —जाति वि० 'of low caste'. —यान न० बौद्ध मत के दो संप्रदायों—महायान और हीनयान—में से एक, जिसमें महायान के अतिरिक्त अन्य सभी स्कूल आ जाते हैं ; 'the small or inferior vehicle' denotes all schools of Buddhism except Mahāyāna. It has a slightly depreciatory sense and is therefore rejected by the adherents of southern Buddhism, who prefer to be called Theravādins (=Sthaviravādins), after the Pāli name of the old school of which they profess to be the continuation. —वृत्ति (1) स्त्री० अदना बरताव, ओछी आजीविका ; base conduct, bad livelihood. (2) वि० 'of low conduct, having bad livelihood.

हीर पुं० हीरा ; diamond. —म् न० श्लक्ष्ण वस्त्र ; fine cloth. —राङ्ग पुंन० वज्र ; Indra's bolt.

√हु ['दानादनयोः', जुहोति, जुहुते, हुत, हूयते, हावयति, जुहूषति] होम करना, यज्ञ-याग करना ; to pour ghee etc. into fire, perform sacrifice.

हुंकार पुं० हुम् की ध्वनि, गर्जन ; the sound hum, growl.

हुड पुं० मेष, योधाश्रय-स्थान, बुरुज, खुड्डी, शौचालय ; a male sheep, the place where a battalion stands or guard mounts, place for voiding excrement.

हुण्डा [√हुड् 'संघाते'] स्त्री० एकत्रण ; collecting.

हुत (1) वि० अग्नि में प्रक्षिप्त ; cast into fire. (2) —म् न० होम, यज्ञ ; sacrifice. —भुक्प्रिया स्त्री० अग्निपत्नी स्वाहा ; Svāhā the wife of Fire. —भुज् पुं० अग्नि; fire = हुताशनः, हुताशः, but हुतहुताशनः 'कृतहोमः'.

हुम् वितर्क, प्रश्न, अधिक्षेप, अनिच्छा-द्योतक, अव्यय; particle

expressing doubt, interrogation and reproach.

हुल न० द्विफलपत्राग्र आयुध-विशेष ; a particular missile. —हुली स्त्री० 'मुखमारुत', सीटी ; whistling.

हूण [Uigur Xunu or Xūnu, * Turkish Xūrnu, the Purāṇic * Urṇa, together with epic Hūṇa should suggest Indic *Hūrṇa. Hūṇa is identical with Xoūnoi of Ptolemy] सामान्यतः तुर्क एवं मंगोल ; usually applied to Turks or Mongols. There has been a wide difference of opinion on the composition of the peoples going under this name. Scholars have suggested that it included some Iranians, Mongols, Paleo-Siberians, ancestors of the Yenissei-Ostyaks. But Paul Pelliot suggests that the Hūṇas were Turks, or they were under Turkish dominion. Mention may be made here of the Tibetan term Hor, which means Turks. On the Sino-Tibetan border-land, about 500 miles E. and a little N. of Tengri-nor are the five Hor states on the Nyagchu or Upper Yalung. It is difficult to determine as to how the term Hūṇa or Hor, usually applied to Turks or Mongols, came to designate these districts or communities. Did the Turks once live in or dominated all those areas ? But there are no natural barriers to have prevented the people of Hor states from migrating to the sources of the Indus and down that river and upto its tributary, the Zanskar, to where the ancient Hūṇas are to be placed; or conversely to have prevented the Hūṇas from migrating later to Hūṇa deśa or Hor province.

हूत [√ह्वे] वि० 'called, invoked'. —ति स्त्री० अभिमन्त्रण, आकारण, हव, आह्वान ; calling, inviting, invoking. Cp. हूत्कार पुं० 'आर्तशब्दः'.

हूर्छन [√हुर्छ् 'कौटिल्ये 'कौटिल्यमपसरणम्', हूर्छति] कुटिल होना, या बनाना ; to be crooked or make crooked, be dishonest or fraudulent.

हूहू [onomatopoetic, singing हूहू] पुं० 'class of Gandharvas'. Cp. हाहा.

√हृ ['हरणे', हरणं प्रापणं स्वीकारः स्तेयं नाशनं च', हरति, हृत, हारयति, जिहीर्षति, ह्रियते] लाना, लेना, ले चलना, परे ले जाना, हर लेना, चुरा लेना, पकड़ लेना, मन हर लेना, नष्ट कर देना, हार जाना ; to bring, fetch, carry away, carry off, take, seize, steal, rob, deprive of, captivate (mind), destroy, lose. (2) √हृ ['प्रसह्यकरणे', जिहर्ति, हृत] बलात् करना; to use force. Note उज्जिहीर्षति उद्धर्तुमुन्मूलितुमिच्छति.

हृच्छय [हृदि शेते] पुं० काम ; Cupid.

√हृणी ['रोषणे, लज्जायां च', 'हृणीयते' √हृ] क्रोध या शर्म करना ; to be angry or ashamed. —या स्त्री० घृणा, अधिक्षेप, लज्जा ; aversion, reproach, shame, bashfulness.

हृत-मानस वि० वशीकृत-चित्त ; whose mind is captivated. —तोत्सेक [केदारान् प्रति प्रापितोदकं सरः] वि० वह ताल जिसका पानी खेतों में देकर खाली किया जा चुका है; reservoir of waters with its water drained out.

हृद् न० हृदय, मानस, मन, चित्त, बुद्धि, आशय, यथार्थता ; heart, mind, intelligence, sense, reality.

हृदय [कदम्बगोलकाकृतिर्मांसखण्डः] न० मन, हृद्, मध्य, सार ; heart, middle, essence. —ग्रन्थि [हृदयं ग्रथ्नीते बध्नाति इति कामादयो विषयाः] दिल की गांठ ; knot of the heart. —ग्राहिन् वि० दिलकश, सुन्दर ; captivating the heart. —यंगम (1) वि० संगत, मन को जंचा, आकर्षक, सुन्दर ; appropriate, going to the heart, beautiful. (2) —म् न० स्वानुभूति, संगत वाणी ; one's own experience, proper speech, agreeable speech. —संवाद पुं० अनुभूतिगत ऐक्य, ऐक्यानुभव; hearty agreement, concord, oneness.

हृदयाग्निः वर्धयति कामाग्निश्छिनत्ति ; passion is gnawing(me). —नुबन्ध पुं० अभिसङ्ग, अभिरति ; attachment of heart. —स्नु वि० सहृदय ; sympathetic. —विध् वि० दिल को सालने वाला; piercing the heart. Note हृदयोदङ्कसंस्थान 'उदरसंदंशतुल्यः'. —स्थ वि० 'set in the heart'.

हृदयोत्क्लेद पुं० जी मिचलाना; nausea=हृल्लासः. —द्वेष्टन न० दिल में ऐंठन ; convulsive pain in the heart.

हृदिस्पृश् [हृदयं स्पृशतीति] वि० मर्मस्पर्शी; touching the heart.

हृद्गोलीय वि० हृद्गोल-पर्वत पर बसे आयुधजीवी ; the warriors whose ancestors lived on the Hṛd-gola mountain.

हृद्-य [हृदयादनपेतम्] वि० अभीष्ट, हृदयंगम, हृदिस्पृश्, प्यारा ; agreeable, desired. (2) —म् न० वशीकरण-मन्त्र, ईप्सित ; spell, desire.

हृन्-मेद पुं० वपा ; fat. हृल्लास पुं० मिचली ; nausea. —ल्लेख पुं० मनोव्यथा, तर्क; heart-ache, reasoning. —खा स्त्री० रसरयः, वासना ; impressions on the

mind. Cp. अनुशयिन् 'पूर्वकर्मवासनावान्'.

√हृष् ['तुष्टौ', हृष्यति] खुश होना, खिल उठना, रोंगटे खड़े हो जाना ; to be glad, be delighted or horripilated. (2) √हृष् ['अलीके', हर्षति] भड़क उठना, धोखा देना ; to be excited, deceive or pretend. Cp. हर्षमाणः 'विकुर्वाणः'.

हृषीक [√हृष्] (1) न० विषयिन्, इन्द्रिय, विषयस्रोत, करण ; one who experiences, organ of sense, soul. (2) वि० हिंस्र; prone to kill. —केश पुं० इन्द्रियों का स्वामी, केशव ; Kṛṣṇa having control over senses : भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया [Bhag. XVIII. 61.].

हृष्ट वि० पुलकित, मत्त, तृप्त, प्रसन्न, प्रीत, प्रमुदित, आनन्द-गद्गद, उत्फुल्ल ; horripilated, thrilled, enraptured, delighted, satisfied, opened wide. —रोमन् वि० 'horripilated'. —लाङ्गूललोचनः 'with his tail and eyes raised and opened wide'.

हृष्यत्करुण वि० उद्यत्करुण ; one with pity rising in mind.

हे संबोधनार्थक अ०; vocative particle=है. हेति [√हि] स्त्री० ज्वाला, आयुध, सूर्यकिरण ; flame, weapon, ray of the sun. —पटुता स्त्री० शस्त्रलाघव; skill in wielding weapons. —संहति स्त्री० शस्त्र-संदोह ; mass of missiles. —हति स्त्री० शस्त्र-कृत व्रण ; marks of wounds caused by weapons.

हेतु पुं० कारण, प्रमाण, युक्ति : हेतूपचारकुशलः 'युक्तिप्रयोगसमर्थः', कर्ता ; cause, reason, proof, probans, agent, twofold : कारक जो पहले से असिद्ध वस्तु को निष्पन्न करते हैं ; जैसे चक्र घट को ; ज्ञापक अथवा व्यञ्जक जो पहले से सिद्ध वस्तु का ज्ञान कराता है, जैसे दीपक घट का. —वाद पुं० कपट, वञ्चना ; fraud. —शास्त्र न० तर्कशास्त्र; logic or Nyāya = हेतुविद्या. —श्लेष पुं० हेत्वलंकारसहित श्लेष; śleṣa accompanied by *hetu*. —हेतुमद्भाव पुं० कार्यकारण-भाव ; the relation between cause and effect.

हेत्वपदेश पुं० हेतु-कथन statement of the probans. —त्वाभास पुं० केवल देखने को हेतु; mere appearance of a reason, fallacious probans : सव्यभिचार 'inconclusive', विरुद्ध 'contradictory', प्रकरण-सम 'neutralised', and साध्यसम 'unknown'.

हेम न० सुवर्ण ; gold ; of nine kinds : जाम्बूनद, शातकौम्भ, हाटक, वैणव, शृङ्गीशुक्तिज, जातरूप, रस, बिल, आकरोद्गतभेदात्. —कर पुं० (A) रुक्मकारः ; goldsmith. (B) 'Śiva, सुवर्णस्य कर्ता, जम्बूद्वीपचिह्नभूतो जम्बूवृक्षस्तस्य कर्ता'. —कुम्भ पुं० 'golden jar'. —कूट पुं० 'a particular mountain'. —केश पुं० 'Śiva, having golden hair'. —च्छदच्छाय वि० कनक-पराग-वर्ण ; having the colour of gold-dust. —ज्वाल पुं० अग्नि ; fire. —दुग्धक पुं० दे० यज्ञाङ्गः. हेमन् न० स्वर्ण ; gold. —मन्त पुंन० शीतकाल, अगहन-पौष ; winter season from middle of Nov. to middle of Jan. —पर्वत पुं० 'the mount Meru=हेमाद्रिः, रत्नगिरिः. —पुष्पक पुं० दे० चम्पक. —पुष्पिका स्त्री० पीतपुष्पा जूही; yellow jasmine. —प्रतिष्ठान वि० हेममय-पादयुक्त; having golden feet. —बद्ध वि० धन-भरा ; full of wealth=न्यूष्टः. —बल न० मोती ; pearl. —भद्रिका वि० सुवर्णमङ्गलसूत्र वाली ; having golden maṅgalasūtra. —मय वि० 'consisting of gold, made of gold'. —मालिन् पुं० सूर्य ; sun, having golden garland. —मृग पुं० 'Mārīca, a golden deer'.

हेमल पुं० स्वर्णकार ; goldsmith. —वत् वि० सुनहरा ; golden. —विकच वि० हेमवदुज्ज्वल ; shining like gold. —सूत्र न० 'golden string'.

हेमा वि० सुन्दरी, अप्सरा; handsome woman, Apsaras. —ङ्गद पुं० सुनहरा बाजूबन्द, गन्धर्व-विशेष ; golden bracelet, name of a Gandharva.

हेम्य वि० सुनहरा ; golden. हेय [√हा 'त्यागे'] वि० त्याज्य, वर्जनीय ; fit to be abandoned, to be avoided.

हेरम्ब पुं० 'Gaṇeśa'. हेरिक पुं० दे० नैष्किक. हेला [√हेड 'अनादरे' or √हिल् 'भावकरणे'] स्त्री० सुकरता, अनायास, अनास्था, अवज्ञा, विलास, उत्कट संभोगेच्छा, प्रगल्भा का विलास, शृङ्गारजन्य चेष्टा; ease, facility, indifference or unconcern, contempt, disregard, passion, keen sexual desire or amorous sport of experienced woman, coquetry. Cp. अवहेलम्, 'अनादरः', खेलम् 'कान्तम्'. —विकार पुं० लीलानुकृति, रास ; amorous representation or acting. हेलि [√हिल्] स्त्री० सूर्य, इन्द्राणीमह ; sun, festival in honour of Indrāṇī.

हेवाक [√हिव् 'प्रीणने', हिन्वति] पुं० अध्यवसाय, उत्कट अभिलाष ; great effort, ardent desire. —कस वि० 'capricious' [Daśa. II. 5.]. —किन् वि० प्रयत्नशील, तीव्राभिलाषी ; industrious, keenly desirous.

हेषा [√हेष् 'अव्यक्ते शब्दे'] स्त्री० हेषा, अश्वनिःस्वन ; neighing=हेषितम्.

हैतुक पुं० (A) तार्किक, हेतुवादी, युक्तिबलेन सर्वत्र संशयकारी, तर्कशास्त्री; logician, a follower of the Mīmāṁsā doctrine, a man causing or raising doubt in all things. (B) प्रवर्तक, तार्किक; causative, rationalistic.

हैम (1) वि० सुनहरा, सोने का; golden, made of gold.